PR
80
[illegible]

PR
८०
गु ई६ गु.२८

76018

विज्ञान महाविद्यालय पुस्तकालय,
गुरुकुल कांगड़ी

१. पुस्तक केवल १४ दिन को वितरित की जाती है

२. १४ दिन के अन्दर पुस्तक न लौटाने पर ५ पै० प्रतिदिन अर्थ दण्ड लगेगा।

३. पुस्तक पर निशान लगाना पृष्ट, फाड़ना सर्वथा मना है। ऐसा करना दण्डनीय है।

४. पुस्तक को साफ तथा सुन्दर रखें।

76018

76018

पुस्तकालय

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

वर्ग संख्या ------ आगत सं० 76018

पुस्तक - वितरण की तिथि नीचे अंकित है। इस तिथि सहित 15वें दिन तक यह पुस्तक पुस्तकालय में वापिस आ जानी चाहिए। अन्यथा 5 पैसे के हिसाब से विलम्ब - दण्ड लगेगा।

9 APR 1983

वि

१. पुस
की

२. १
पर

३. पुस
स

४. पु

गुरुकुल-पत्रिका

नेहरू-अंक

अक्टूबर-नवम्बर
१९७५

कार्तिक-मार्गशीर्ष
२०३२

स्व० पंडित जवाहरलाल नेहरू तत्कालीन कुलपति स्व० पं० इन्द्र जी विद्यावाचस्पति एवं अन्य अधिकारियों के साथ गुरुकुल कांगड़ी गौशाला का निरीक्षण करते हुए।

विषय-सूची

सं०	विषयः	लेखकाः	पृष्ठाङ्काः
१	श्रुति-सुधा		३४५
२	अग्निमन्त्र-माला	श्री अरविन्दः अनु०श्री जगन्नाथो वेदालंकारः	३४६
३	महाकवी रत्नाकरः	श्री निगम शर्मा	३५०
४	श्रद्धाञ्जलिः	श्री प्रा० हरिश्चन्द्र रेणापुरकर एम·ए·	३५६
५	वैदिक-साहित्य-सौदामिनी	श्री वागीश्वरो विद्यालंकारः	३५८
६	सम्पादकीय टिप्पण्यः	श्री भगवद्दत्तो वेदालङ्कारः	३६२
७	साहित्य-समीक्षा	,, ,,	३६३
८	महर्षि दयानन्द की विश्व-दर्शन को देन	श्री जयदेव वेदालंकार	३६६
९	उड़ान कल्पना लोक से वास्तविकता की ओर	श्री विजय शंकर अध्यक्ष वन०वि०गु०कु०वि०	३७०
१०	युग पुरुष नेहरू	श्री सत्यवीर विद्यालंकार	३७५
११	नई चेतना आई है !	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	३७६
१२	राष्ट्रपिता के सन्दर्भ में पं० नेहरू की विदेशी शब्दावली	श्री रामनरेश मिश्र प्रा०हिन्दी विभाग गु०कु०कां०विश्व०	३७७
१३	कर्मवीर चाचा नेहरू	श्री सतीशचन्द विद्यालंकार एम·ए·	३८२
१४	कुलपति का संक्षिप्त परिचय	श्री प्रस्तुतकर्ता महावीर 'नीर' विद्यालंकार	३८५
१५	गुरुकल की यज्ञस्थली से	श्री बलभद्र कुमार कुलपति	३८७
१६	गुरुकुल-समाचार	श्री महावीर 'नीर' विद्यालङ्कार	३८९

--गुरुकुल पत्रिका का वार्षिक मूल्य --

देश में ६ रुपये विदेश में १० रुपये एक प्रति ६० पैसे

कालय

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुलकांगड़ीविश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

कार्तिक-मार्गशीर्षः २०३२, अक्टूबर-नवम्बर ७५, वर्षम्-२८, अङ्काः १, पूर्णाङ्काः ३२२

श्रुति सुधा

ऋ० ९ मं० ११३ सूक्त.

पवमान सोम

पवमान पवित्र हुआ सोम रस-(भौतिक क्षेत्र)

उपासक के हृदय में पवमान-शान्त प्रवाह रूप में सोमरूप परमात्मा (आध्यात्मिक क्षेत्र)

शर्यणावति सोममिन्द्रः पिबतु वृत्रहा ।
बलं दधान आत्मनि करिष्यन् वीर्यं महदिन्द्रायेन्दो परिस्रव ॥१॥

(वृत्रहा इन्द्रः) पाप आदि आसुरी शक्तियों का हननकर्ता आत्मा (महत् वीर्यं करिष्यन्) महान् पराक्रम करने हेतु (आत्मनि बलं दधानः) अपने में बल धारण करता हुआ (शर्यणावति) प्रणव जप के प्रवाह समय अथवा मस्तिष्क द्रव में ध्यान द्वारा (सोमं पिबतु) सोमपान करे । (इन्दो) हे मधुर रस भगवन् ! तू (इन्द्राय परिस्रव) मुझ जीवात्मा के लिये बहता हुआ सा आ ।

शर्यणावति-शर्यः=शरमयः बाणः । शर्या इषवः शरमय्यः-निरु. ५।४

१. शर्याय बाणाय नता=शर्यणा=ज्या तद्वति ज्यावति धनुषि । धनुः=प्रणव=ओ३म् ।

प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते
अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत्तमयो भवेत् । मुण्ड २।२।४

२. शर्या अङ्गुलयो भवन्ति, अङ्गुलयोऽत्रनाड्यः ता नताः प्राप्ताः, यत्रासौ मस्तिष्कः तद्वति सरसि मस्तिष्कस्थद्रवे । शर्यणावन्नाम कुरुक्षेत्रस्य जघनार्धे सरः इति सायणाचार्यः ।

वृत्र :- पाप्मा वै वृत्रः । शत. ११।१।५।७

सितम्बरमासांकतोऽग्रे--

अग्निमन्त्रमाला

(श्री अरविन्दप्रणीत "Hymns to the Mystic Fire" ग्रन्थस्य धारावाहिकोऽनुवादः, अनुवादकोपज्ञेन भावार्थेन तदुपज्ञनानाविधटिप्पणीभिश्च संवलितः)

अनु० श्री जगन्नाथो वेदालंकारः

व्याकरणम्

[1]घना-इव । घनशब्दात् तृतीयायाडादेशः । [5]अराव्णः । द्र· १·३६·१५[7] । पदमिदमत्र द्वितीया-बहुवचनान्तम् । [6]तपुः-जम्भ । तप सन्तापे इत्यस्मात् करणे औणादिक उसिन् । तपुरिति सन्तापो वा सन्तापकबलं वा, तज्जम्भयति विनाशयतीति तस्य सम्बोधने ।

[8]अस्म-ध्रुक् । अस्मभ्यं द्रुह्यतीति विग्रहे द्रुह जिघांसायाम् इत्यस्माद् दैव दिकाद् अस्मद्युपपदे 'क्विप् च' (पा. ३. २· ७६) इति कर्तरि क्विप् । उपपदसमासः (पा. २.२· १९) । धातो र्हस्य पाक्षिको घः दकारस्य भष्भावः । घस्य जश्त्वं, तस्य च वैकल्पिकं चर्त्वम् ।

[12]अति, [11]शिशीते । अतीत्युपसर्गोऽव्ययं गति-संज्ञम् । अनेन युक्तः शीङ्धातुरतिक्रमणार्थे प्रसिद्धः तस्माल्लटि प्रथमपुरुषैकवचने 'बहुलं छन्दसि' इति विकरणस्य श्लुः । द्वित्वम् । यद्वा शो तनूकरणे इत्यस्माद् व्यत्ययेनात्मनेपदम्, विकरणस्य श्लुः ।

[43]अक्तु-भिः । अञ्जू व्यक्ति-मुक्षण-कान्ति-गतिषु इत्यस्माद् धातो-रौणादिकस्तुप्रत्ययः । 'पः किच्च' (उणा· १. ७०) इत्यनेन विधीयमान-स्तुप्रत्ययः कित्त्वञ्च बाहुलकादत्रापि भवति । कित्त्वादनुनासिकलोपः । 'अक्तु' शब्दात् तृतीया-बहुवचनम् ।

यद्वा, 'वा ऽञ्जि-नृभ्यः क्तुः' इति श्रीभोजो-क्तरीया अनक्तेः क्तुप्रत्ययः । अत्र 'निरुक्तविवृतिः' द्रष्टव्या (पृ· २६५) ।

कण्वो घौरः । अग्निः । बृहती

१. ३६. १७

अग्निर्वव्ने सुवीर्य-
मग्निः कण्वाय सौभगम् ।
अग्निः प्रावन् मित्रोत मेध्यातिथि-
मग्निः साता उपस्तुतम् ॥

[1]अग्निः । [2]वव्ने । [3]सु-वीर्यम् ।
[4]अग्निः । [5]कण्वाय । [6]सौभगम् ।
[7]अग्निः । [8]प्र । [9]आवत् । [10]मित्रा । [11]उत । [12]मेध्य-अतिथिम् ।
[13]अग्निः । [14]सातौ । [15]उप-स्तुतम् ।

[1,4]Agni, [2]has won[3] perfected energy, [5]for Kanwa, and has won, [6]perfected Injoyment; [7]Agni, [8,9]protects. for him all [10]friendly things, [[11]and] [13]Agni, Keeps ever [14]in safe being [12]Medhyatithi, [15]who has Confirmed him by the song of praise.

[1]अग्निः । [5]मेधाविने यजमानाय । [3]पूर्णत्व-सम्पन्नबलं । [2]विजितवान् । [4]अग्निः । तस्मै [6]पूर्णत्वसमृद्धमुपभोगं । च वव्ने (विजिग्ये) इति शेषः । [7]अग्निः तस्मै [10]मैत्रीपूर्ण (हितकर)-वस्तूनि

[9]रक्षति । [11]अपि च । [13]अग्निः । [15]उपस्तोतारं पवित्रात्मानं । [12]मेध्यातिथिं । तस्य [14]सत्तायाः सुरक्षार्थं । प्रावति, परिपाति ।

भावार्थः

अग्निः मेधाविनेऽन्तर्याजकाय, स्तुतिकारिणे भक्ताय पूर्णत्वसम्पन्नशक्तिमुपलब्धवान्, प्राप्तवांश्च विशुद्धां परिपूर्णमुक्तिम् । सर्वाणि प्रीतिपूर्णहितकरवस्तूनि स तस्मै रक्षति । उपस्तुतं मेध्यातिथिं, पवित्रात्मानं स्तोतारं स सर्वदा रक्षति, तस्य सत्तां सदा सुरक्षितां विदधाति ।

व्याकरणम्

[2]वन्ने । वन शब्दे संभक्तौ (संभजने) च इत्यतो लिट् । व्यत्ययेनात्मनेपदम् । उपधालोपश्छान्दसः ।

[6]सौभगम् । 'सुभगान्मन्त्रे' इत्युद्गात्रादिषु पाठात्, सुभगशब्दात् 'तस्य भावः' इत्यर्थे अञ् ।

[9]आवत् । अवते वर्तमानेऽर्थे लङ् । प्रथमपुरुषैकवचनम् ।

[14]सातौ । षण संभक्तौ इत्यस्माद् भावे क्तिन् नकारस्य आत्वम् । 'सुपां सुलुक्' इत्यादिना ङेराकारादेशः ।

कण्वो घौरः । अग्निः । सतोबृहती ।

१. ३६. १८

अग्निना तुर्वशं यदुं परावत
उग्रादेवं हवामहे ।
अग्निर्नयन्नववास्त्वं बृहद्रथं
तुर्वीतिं दस्यवे सहः ॥

[1]अग्निना । [2]तुर्वशम् । [3]यदुम् । [4]परा-वतः । [5]उग्र-देवम् । [6]हवामहे ।
[7]अग्निः । [8]नयत् । [9]नव-वास्त्वम् ।[10]बृहत्-रथम् [11]तुर्वीतिम् । [12]दस्यवे । [13]सहः ॥

[1]By Agni, [6]we call, [2]Turvasha, and [3]yadu, and [5]ugradeva, [4]from the upper kingdoms, [7]Agni, [8]has led, [9]to a new dwelling, [10]Brihadratha, and "Turviti, (or "Turviti, [10]of wide delight), [13]a power, [12]against the foe.

[1]अग्निद्वारा । वयं [2]तुर्वशं । [3]यदुम् । [5]उग्रदेवम् । इत्येतान् शक्ति-विशेषान् । [4]ऊर्ध्वलोकेभ्यः [6]आह्वयामः । [7]अग्निः । [10]बृहद्रथं । [14]तुर्वीतिम् । इत्येतौ (यद्वा [10]बृहदानन्दमयं [11]तुर्वीतिम् । एतदन्वर्थनामयोग्यं यजमानं) [12]शत्रोः पराभवाय [13]शक्तिस्वरूपम् [9]नूतनावासं, [8]नीतवान् ।

भावार्थः

अग्निद्वारा वयं तुर्वशं च यदुञ्च उग्रदेवञ्च ऊर्ध्वलोकेभ्य आह्वयामः–क्षिप्रजयदायिनीम् उद्बोधिनी, विघ्नबाधाविनाशिनीं सर्वसीमाविभञ्जिनीञ्च शक्तिं, तत्तच्छक्तिसम्पन्नं सिद्धात्मानं वा परार्द्धात् आह्वयाम इति भावः । अग्निः बृहद्रथं शत्रुनाशकशक्तिस्वरूपं तुर्वीतिञ्च नवं गृहं, नवीकृतदिव्यशरीरं प्रापितवान्, यद्वा विशालानन्दसम्पन्नं शत्रुनाशकशक्तियुक्तं तुर्वीतिनामकं सिद्धं नूतनदिव्यशरीरं प्रापयत् तस्यात्मनोऽनुरूपदेहमन्दिरत्वेन ।

टिप्पणी

अस्मिन् मन्त्रे यदुतुर्वशादीनि बहूनि यौगिकविशेषणात्मकनामानि प्रयुक्तानि । तानि तत्तच्छ-

क्तिविशिष्टान्, तत्तद्गुणधर्मसंपन्नान् यजमानान् ऋषीन्वाऽभिदधति सामान्येन, न तु व्यक्तिविशेषान् एषां यौगिकार्था अत्र विव्रियन्ते ।

तुतोर्ति च वशयति चेति [2]तुर्वशः, त्वरितगतिर्यवेगशाली च सिद्धात्मा । यतते इति [3]यदुः । यत्नार्थको यती वेदे उद्बोधनार्थेऽपि दृश्यते, तस्मादुद्बोधकः सिद्धो यदुरिति ज्ञेयः ।

विघ्नबाधाविनाशकोग्रदेवविशेषोपासक एव [5]उग्र-देवः ।

तुर्वशवत् तूर्वते निष्पन्नः [11]'तुर्वीति' शब्दः अन्तःशत्रूणां पराभवे पटुं सिद्धात्मानमभिदधाति ।

व्याकरणम्

[2]तुर्वशम् । तुतोर्ति च वशयति चेति तुर्वशः । तुर्त्वरणे जौहोत्यादिकश्छान्दसः । तस्माद् वशयतेश्चेति धातुद्वयात् संयुक्तात् कर्तरि अच् ।

[3]यदुम् । यतते इति यदुः । यती प्रयत्न इत्यस्माद् औणादिक उः प्रत्ययो बाहुलकात् । तकारस्य दकारः ।

[5]उग्र-देवम् । उग्रो देवो यस्य तम् । पूर्वपदान्तस्य दीर्घश्छान्दसः ।

[6]नयत् । णीञ् प्रापणे इत्यस्माल्लङि अडभावश्छान्दसः ।

१. [9]नव-वास्त्वम् । नवो नूतनो वास्तु गृहमिति नववास्तुस्तम् । अमि पूर्वत्वाभावश्छान्दसः, ततो यणादेशः ।

२. [10]बृहत्-रथम् । बृहन् रथ रमणम् आनन्दो वा यस्य तम् । रमयतीति रथः आनन्दः ।

३. [11]तुर्वीतिम् । तूर्वति हिनस्तीति तुर्वीतिस्तम् । तुर्वी हिंसायाम् इत्यस्माद् भौवादिकात् कर्तरि औणादिक 'ईति' प्रत्ययो बाहुलकात् ।

४.

कण्वो घौरः । अग्निः । बृहती ।

१. ३६. १९

नि त्वामग्ने मनुर्दधे
ज्योतिर्जनाय शश्वते ।
दीदेथ कण्व ऋतजात क्षितो
यं नमस्यन्ति कृष्टयः ॥

[1]नि । [2]त्वाम् । [3]अग्ने । [4]मनुः । [5]दधे ।
[6]ज्योतिः । [7]जनाय । [8]शश्वते ।
[9]दीदेथ । [10]कण्व । [11]ऋत-जातः । [12]उक्षितः ।
[13]यम् । [14]नमस्यन्ति । [15]कृष्टयः ॥

[4]Man, [5]establisheth, [2]thee, [1]within, [3]O Agni, [6]as light, [8]for the eternal, [7]birth, [9]mayest thou, burn, brightly, [10]in Kanva, [11]manifested in the truth, and [12]increased in being, [13]thou to whom, [15]the doers of action, [14]bow down.

[3]अग्ने, । [4]मनुष्यः । [2]त्वाम् । [8]नित्याय । [7]जन्मने । [6]ज्योतीरूपेण । स्वान्तरे [15]निदधाति [11]सत्ये प्रादुर्भूतः, । [12]सत्तायां वर्द्धितः, अभिवृद्धसत्त्वः । त्वं [10]मेधावियजमाने । [9]भास्वरतया समुज्ज्वलितो भव, । [13]यं त्वां । [15]कर्मिणो जनाः । [14]प्रणमन्ति । तादृशस्त्वं दीदेथ इति पूर्वेणान्वयः ।

भावार्थः

हे अग्ने, त्वं शाश्वतजन्मनो ज्योतिरिति कृत्वा त्वां मननशीलो मनुष्यः स्वात्मनि स्थापयति । कर्ममार्गप्रवणाः जनास्त्वां प्रणमन्ति । सत्येऽभिव्यक्तः सत्तायां संवर्द्धितश्च त्वं कण्वे देदीप्यमानो भव ।

व्याकरणम्

[5]दधे । दधाते लंडर्थे लिट् छान्दसः ।

[9]दीदेथ । दीदेतिश्छान्दसो दीप्तिकर्मा । तस्माल्लिटि थलि द्विर्वचनाभावश्छान्दसः ।

[15]कृष्टयः । कृष्टय इति मनुष्यनामसु पठितं निघण्टौ (२·३) । कृष विलेखने इत्यस्मात् संज्ञायां क्तिच् ।

कण्वो घौरः । अग्निः । सतोबृहती ।

१. ३६. २०

त्वेषासो अग्नेरमवन्तो अर्चयो
भीमासो न प्रतीतये ।
रक्षस्विनः सदमिद् यातुमावतो
विश्वं समत्रिणं दह ॥

[1]त्वेषासः । [2]अग्नेः । [3]अम-वन्तः । [4]अर्चयः ।
[5]भीमासः । [6]न । [7]प्रति-इतये ।
[8]रक्षस्विनः । [9]सदम् । [10]इत् । [11]यातु-मावतः ।
[12]विश्वम् । [13]सम् । [14]अत्रिणम् । [15]दह ॥

[1]Impetuous, [2]aO Agni, and [3]forceful, are [2]bthy, [4]flames, [5]terrible, and [6]not, [7]to be approached, [9],[10]always, [15]thou do burn, [15]utterly, [8]the powers who detain, and [11]the powers who are vessels of suffering, yea [12]every, [14]devourer.

[2]अग्निदेवस्य । [4]ज्वालाः । [1]प्रचण्डवेगशालिन्यः [3]बलवत्यः । [5]भयङ्कर्यः । च । अतस्ताः । [7]अभिगतये । [6]न । अस्माभिरभिगन्तुं न शक्याः इत्यर्थः । हे अग्ने! [8]प्रतिरोधकशक्तीः । [11]यातनाजनकशक्तीः। च [12]सर्वं, प्रत्येकं । [14]भक्षकं । च त्वं [9]सदा । [10]एव । [13]सम्यग् । [15]भस्मीकुरु ।

भावार्थः

हे अग्ने ! तव ज्वालाः अदम्यवेगपूर्णाः शवितमत्यश्च, भीषणा अनभिगम्याश्च । त्वं बाधाशक्तीः, विरोधिनीरवरोधिनीः कष्टदायिनीश्च शक्तीः भस्मसत्कुरु सदैव,त्वं सर्वा भक्षकशक्ती विनाशय ।

व्याकरणम्

[1]त्वेषासः । त्विष दीप्तौ इत्यतः पचाद्यच् । जसेरसुगागमः । धातूनामनेकार्थत्वात् त्विषिरत्र तीव्रगतिपरः ।

[3]अम-वन्तः । अमति रुजति शत्रूनिति अमोबलम् । स आसामस्तीति अमवन्तः (अर्चयः) इत्यर्चीनां विशेषणम् । भूम्नि मतुप् । मतोर्वः (पा·८.२.१)। प्रथमाबहुवचनम् । अमवत्य इति वक्तव्ये लिङ्गव्यत्यः ।

[8]रक्षस्विनः । रक्षांसि एषां सन्तीति तान् । मत्वर्थीयो विनिः । अन्तरर्थे विघ्नबाधाः, विरोधा अवरोधाश्चैव रक्षांसि ।

[11]यातु-मावतः । यातवो यातनास्तान् मिमते निर्मिमते इति यातुमा राक्षसव्यापारास्तद्वतः । मतुप् ।

———oo———

महाकवौ रत्नाकरः

निगम शर्मा

काश्मीर देशः खलु नयनरञ्जनैः कुङ्कुमैः, सुरसार्थ-सार्थवचनैः सज्जनैः कविभिश्चालङ्कृतः। यत्र सझङ्काराणि पद्मानि झरझरायमाणानि नदी-जलानि, किरणविद्धघना तुहिनावली, सोल्लासा वीराः साश्रयाः श्रेयांसः पुरुषायुषाः प्रजाः सततं मानवं कविम् आकारयन्ति। ललनाश्च चङ्गानि पुण्यान्यङ्गानि धारयन्त्यः वाचामगोचरं लावण्यं चन्दनयन्ति। प्रतिदिनं प्रभाते च मेघावरणं दूरी-कृत्यानुपमं सौंदर्यं चोरीकृत्याऽऽत्मानमुषा विवासयति।

काव्ये व्याकरणे शिवागमदर्शने च भूयसः प्रतिभाशालिनः पुरुषानुत्पाद्येयं भूमिर्नूनं रत्नगर्भा। अस्यामेवामृतभानुसूनू रत्नाकरोऽजायत। यस्याति-रमणीया सूक्तिसुधा, विचित्रा व्याकरण प्रयोगाः सुष्ठुविन्यस्ता पदावली च पुरातनान् कवीन् आह्वयन्त इवाधिक्षिपन्त इवोल्लासयन्त इव दरी-दृश्यन्ते। रत्नाकरः स्वयं कथयति मम काव्य पठने-नाकविः कविः स्यात् कविश्च महाकविः।

कालक्रमाद् रत्नाकरं कविं विस्मरन्तीव स-हृदयाः। तस्य कानि चिन्निदर्शनानि ददमानोऽहं तं कविं स्तोतुमिच्छामि। अस्य हरविजयं महाकाव्यं यत्र कुत्र चिदुपलभ्यते। तत एवोदाहरणानि दीयन्ते।

१. असुरा असुरान् युद्धे चेतयन्ति—

२. अनल्पपक्षप्रसरं पतद्भि,
विपक्षनाराचपतङ्गचक्रैः।
३. समिद्धतां संदधती कथं वो,
निर्वापिता दीपशिखेव शक्तिः।
४. ४५–५

स देवो गुरुरसुरान् रुद्रो निहन्ति सरलेनैव मार्गेण—

स प्रांशुरोजस्यसुरान् स्म हन्तुं,
न हस्तिरोधी यतते नवेऽगात्।
सेनारजोभिः समरे च तस्मि-
न्नहस्तिरोधीयत तेन वेगात्॥
४६–२३

अर्थात् नवे विषये ओजसि प्रांशुरुन्नतो हस्ति-रोधी च। स देवो दैत्यान् हन्तुं न यतते स्म। तानवज्ञयैवावधीत्। तेन च अगाद् रणे तस्मिन् गिरे रजोभिः अह दिनं वेगात् तिरोधीयत स्थगितम्।

अभाजि सक्रेङ्कितमस्य कार्मुकं,
नमत्सरेणावहितस्य सादिनः।
रणे पृषत्कान् किरतोऽस्य शम्भुना,
न मत्सरेणावहितस्य सादिनः॥
४६–२७

अत्र अहितस्य रिपो र्नमत्कार्मुकं सरेणौ सरजसि सादिनोऽश्वारोहस्य सादिनोऽवसादकान्। मत्सरेण हेतुना नावहितस्य।

कीर्तिष्वनस्थितमना भयदो भुवाथ,
सद्योगजासु रवधूनितया समांसः।
कीर्तिश्रिया समुदितः समरे चचार,
सद्यो गजासुरवधूनितया समांसः॥
४६–२९

सद्योगजासु कीर्तिषु साधुसम्बन्धिजनितासु स्थिरचेताः स हरो रणे चचार। रवेण धूनितया

कम्पितया भुवा भयप्रदः। समांसः पीवरः। न गजासुरवधूभिः ऊनितया परित्यक्तया ताभि र्वैधव्यचर्यया प्रकाशितया। अकारोऽत्र प्रश्लिष्टः। समांसः लोकोत्तरस्कन्धः।

स गुणै रणेष्वपि यशः पटं ततो-
ऽमृदुवायसेषु समदो रसं गतः।
रुचिमान् धनु र्मुखरयन्द्विषच्चमू
मृदुवाय सेषु समदोरसङ्गतः॥
४६–३३

अमृदुवायसेषु क्रूरकाकेषु रणेषु स देवो यशः पटमुवाय। व्यूतवान्। वेञ् तन्तुसन्ताने। गुणाः शौर्यादय स्तन्तवश्च। समदो मदेन सह वर्तमानः। रसंगतः रणरागं प्राप्तः। असङ्गतोऽप्रसक्तया अवहेलयैव सेषु सशरम्। धनुश्चालयन् रिपुसेनां मृद्नाति यः।

रत्नाकरः कथयति केचन सत्स्वपि लोचनेषु अन्धीभवन्ति। ते के?

येषां निसर्गविमलत्वमुपादधाना,
नार्थान् प्रकाशयति दीपशिखेव बुद्धिः।
क्रोधान्धकारगहने प्रजृम्भमाणे,
तेऽन्धीभवन्ति ननु सत्स्वपि लोचनेषु॥
१०–१४

विशेषपूजां प्रति रत्नाकरस्य महानाग्रहः। तेऽन्य एव भवन्ति ये सामान्यमतिक्रम्य स्वबुद्ध्या शक्त्या च किमपि दुःसाध्यमपि कर्म साधयन्ति। पारसमणिः कोऽप्यन्य एव यतः स्वर्णाशा क्रियते–

'शातकुम्भं वमति यो मणिः,
स कश्चिदेव स्यमन्ताख्यो नापरः।'
१०–१३

भगवति शंकरे क्रोधप्रसादयो र्महानुल्लासः। अनुभूतः कामदेवेन।

दग्धेऽस्य कामे नयनाग्निनेत्थं,
क्रोधः प्रसादश्च तथा जजृम्भे।
अङ्गेषु लावण्य सुधा ह्रदेषु
यथा स लेभे पदमङ्गनानाम्॥
९–६५

यः कालकूटं विषं कलिन्दकन्यासाहितमिव बिभर्ति। गौर्या सह च सुरस्रवन्त्या गङ्गाया जलं बिभर्ति—

स कालकूटं वहतीव योगलं,
कलिन्दकन्यासहितं सहार्यया।
सुरस्रवन्त्याश्च जलं समीरयन्-
कलिंदकन्यासहितं सहार्यया॥
४६–१

दकन्यासेन हितम्। इतरनदीनामुदकन्यासेन हितं बद्धं जलं गंगाया विभर्ति, हि गतौ वृद्धौ च' सहार्यया हार्यं हरणं तत्सनाथया मनोहरया इत्यर्थः।

यत्र प्रथमार्धद्वितीयाऽर्धमेकैकेनाक्षरेणान्तरितं निर्गच्छति स बन्धो हि समञ्जसो नाम यथा दुर्गारणविमर्दप्रस्तावे—

या हतारिगणाजस्रमवदाता न सुन्दरान्।
याता गजमदानन्द हरिणास्रवता सुरान्॥
४३–७१

या सततं हतारिवर्गा अवदाता च निर्मला। गजमदेनानन्दो यस्य तादृशेन हरिणा सिंहेन असुरान् याता तान् प्रति धाविता। न सुन्दरान् दुर्निरीक्ष्यान्। अस्रवता गजरुधिरलिप्तेन।

सा दुर्गा भर्तुरङ्के शिवस्य क्रोडे आरतया क्रीडितयाऽनया नितरां संग्रामसदोऽगाहि विलोडितम्। या च श्रुतिरिव न नाभात् अपितु शुशुभे एव। श्रुति र्वेदः। सदोङ्कारो रणप्रवेशसमये पाठकाले यस्य तद्भावेन अहीना सहिता।

नाभाच्छ्रुतिरिवाहीना सदोङ्कारतया न या।
अगाहि भर्तुः संग्रामसदोऽङ्कारतयानया॥
४३–५७

अग्रे कविः प्रथयति सा देवी देवानां नौरिव अभवत् । तयैव तेषां ततो निस्तारितत्वात् । सा हि दुर्गा अरित्रासकृत् अरीणां भयजननी । अरित्रस्य च केनिपातनस्यासकृत्क्षेपकारणं यस्याम्–

रणसिन्धुं सुमनसां तदानीमुत्तितीर्षताम् ।
सारित्रासकृदुत्कृष्टकर्णान्ता नौरिवाभवत् ।।
४३–६२

कवि स्तस्या रणकौशलं वर्णयन् कथयति–

रथमर्दो भुवस्तस्या नतस्थावरता मदात् ।
अनिर्जितरिपुः सापि न तस्थावरता मदात् ।।
४३–६५

तदीयो रथमर्दः क्षिते र्नतस्थावरताम् अदात् नताः स्थावरा अद्रिद्रुमादयो यस्य तद्भावं ददौ । सापि मदात् अनिर्जितरिपुः अरता क्रीडारहिता न तस्थौ ।

ये निनमनशीलाः सुशीला देवास्तान् प्रतीयं देवी नितरामुदारा ये च दुष्टास्तान् प्रति कोपनस्वभावाः–

नतानामनतानां च समं व्यवजहार सा ।
निनायौर्जित्यमेकेषामन्येषां जीवितं क्षयम् ।।
४३–१०३

नतानामौर्जित्यं क्षयं निवासमकल्पयत् । तेषां गृहाण्यैश्वर्यमयानि चक्रे । अन्येषामनतानां तु जीवितं क्षयं विनाशं निनायेति सम्बन्धः ।

१. अहन्यत बलं तेषां सदा नगजया तया ।
रेजे वीरवरुथिन्या सदानगजयातया ।।
२. ४३–१०४

नगजया पार्वत्या । सदानं समदं गजानां यातं यस्याः । तया वीराणां वाहिन्या च भ्राजितम् ।

३. विषाणिनो गजस्य रणे वीरेण नैर्गुण्यमाकलयताऽकिंचित्करत्वमाश्रयतोऽदन्तता प्रत्यज्ञायि ।

४. यथा पिबेर्धातोः तत्रापि पिबादेशस्य लक्ष्ये गुणाभावं भजतोऽदन्तता अकारान्ततैव पाणिनिना प्रतिज्ञाता-अन्यथा लघूपधत्वाद् गुणः स्यात्–

प्रत्यज्ञायि प्रसरता वीरेणाजावदन्तता ।
नैर्गुण्यमाशु भजतः पिबेरिव विषाणिनः ।।
४३–१०

नाकस्त्रिया रणधूल्या च कीदृशो विमर्दः–

अभावि रभसान्नाकस्त्रिया मानवतां तया ।
रणधूल्या दधे तस्यास्त्रियामा नवतान्तया ।।
४३–१३

मानवतां शूराणां रभसोऽभिलाषस्तस्मात्तया नाकस्त्रियाऽप्सरसा भावितम् श्रितोत्कण्ठितया स्थितम् ल्यब्लोपे पंचमी । तस्याश्च तदभिसरणोद्यताया रणधूल्या त्रियामा रात्रिरादधे कृता । तयेति वा हेतुतृतीया । अहमनयावृतोऽहमनया वृत इति यस्तद्धेतुकस्तेषां रणस्तद्धूल्येत्यर्थः । नवेन स्तुत्या तान्तया खिन्नया शूराणां पुनः पुनश्चाटुकरणात् ।

व्याकरणचमत्कारप्रयोगे श्रेष्ठाचातुरी कवे राजानकरत्नाकरस्य––

उपसर्गा इव गताः क्रियायोगेन शून्यताम् ।
आसंस्तस्य हता बाणैरप्राप्तगतिसंज्ञकाः ।।४३–४६

तस्य बाणैराहता असुरा अप्राप्ता गति र्गमनं संज्ञा च चेतना यैः क्रियायोगेण च शून्यतां गताः निर्व्यापारा आसन् । उपसर्गाः प्रादय इव । ते हि नियायोगमन्तरेण गतिर्संज्ञां न प्रतिलभन्ते । 'उपसर्गा क्रियायोगे,' 'गतिश्च' इति वचनात् ।

भगवतो हरेरपि रणे वर्णनमतिचमत्कारकारि–

मणिशतकरभासुराङ्गनानां,
दितिजचमूघटमानसंसदं सः ।
अकृत च समरं सुराङ्गनाना-
मतनु दधच्छुचि मानसं सदंसः ।। ४६–५७

स हरि र्दितिजानां चमूभि र्युज्यमाना संसदा यत्र तादृशं समरं धारयन्नप्सरसां मानसमतनु कृत्वा शुचि प्रीत्या विशदमकरोत् । सदंसः सुस्कन्धः ।

जेता वेगांस्तीव्रभा वायवीयान्,
वृत्रारात र्बद्धभावा यवीयान् ।
श्रुत्वा हृष्यत्तत्र चाणूरपीडाः,
प्राक्कर्तासौ दृप्तचाणूरपीडा ॥
४६–५८

वृत्रारातेरिन्द्रस्य यवीयान् अनुजो विष्णुः अणूरपीडाः (अणुरपि ईडाः) स्वल्पापि स्तुतीराकर्ण्याहृष्यत् । यतस्ता बद्धभावाः । साकूता । असौ तु वायवीयान् वेगान् जेता वायोरपि चतुरगतिः । तीव्रभा दुःसहद्युतिः । चाणूराख्यस्य दैत्यस्य पीडाः प्रथममेव विधाता ।

पंचशिखाचार्यस्यापरं नाम चूलिक इति । तस्य मतं प्रतिपादयन् कविराह--

प्रकृतेः पृथग् विकृतिशून्यतां गतः,
प्रतिषिद्धवस्तुगतधर्मनिष्क्रियः ।
पुरुषस्त्वमेव ननु पंचविशकः
स्फुट चूलिकार्थवचने निगद्यसे । ६–१८

परमात्मा प्रकृतिकूपाज्जीवमुद्धरति कविरेवमाह–

प्रकृतिः पुमान् प्रणव इत्यमी त्रयः,
सुरनाथ कूपघटरज्जुवत् स्थिताः ।
अपकर्षसि त्वमुपरिस्थितो दृढं,
करणप्रपंचरहितोऽणुमद्भुतम् ॥
६–१४२

संसारे दृश्यते यथा रसायनप्रयोगाद् रसघृष्टं ताम्रं स्वर्णताम् आसादयति । स्वर्णभावापन्ने न पुनस्ताम्रतां व्रजति । एवं शिवत्वेन युक्तः पुरुषो न पुनः पशुतामासादयति–

परिमृष्टकालिकमवाप्य हेमतां,
न यथैति ताम्रमिह ताम्रतां पुनः ।
विमलीकृतं सदणुतत्त्वमिच्छया
तव नाथ नर्च्छति तथा स्ववासनाम् ॥
६–१३७

संस्कृतभाषायां प्रौढिं प्रतिभां चाप्तुमेवंविधानि ग्रन्थरत्नानि चावश्यमनुशीलनयोग्यानि । अस्य कवेः स्निग्धा वाक् नानार्थावगाहिनी सूक्तिः संस्कृते जागरूको विन्यासः सालङ्कारा चमत्कृतिरित्येतानि सर्वाण्यपि लोकशास्त्रावेक्षणनिपुणतां घोषयन्ति । प्रभातकालवर्णनप्रसङ्गे कविः कथयति--

कुमुदमुषसि संकुचत्सखेदः,
कमलमहो विकसत्प्रहृष्टचेताः ।
उभयरसविसंस्थुलो रसायु,
र्मधुरमधुस्रुतिनिर्भरं लिलेह ॥
२८–३०

रसायुरत्र भ्रमरः । यो हि संकुचत्कुमुदं निरीक्ष्य खेदमाप्नोति अथ च विकसत्कमलं प्राभातिके पश्यन् नितरां मोदते ।

जातिरूपं सामान्यं समानो धर्मः गुणाक्रियासामान्ययो रपि संभवात् उभयपदप्रयोगः । अत्रिनेत्रादुदगतः शशी न तस्यैव सुतत्वादानन्दकरः, अपितु नेत्रजातिमिवाश्रित्य सर्वमेव नयनजातं सुखयति–

आश्रित्य शीतरुचिना सकलेन जाति
सामान्यमुत्थितवता नयनान्महर्षेः ।
आनन्दभारभरमन्थरता व्यधायि,
तत्पक्षपातरभसादिव लोचनानाम् ॥
२०–२७

वर्वर्मतेऽसाधुकार्यमसाधुकाव्यवद्धेयं भवति—

अपार्थतादोषपरीतमक्रमं
ससंशयं संधिविहीनतां गतम् ।
न देशकालादिविरोधिपण्डितैः
प्रशस्यते कार्यमसाधुकाव्यवत् । १२-३२

नयप्रकारस्तु मन्दरभ्रमणश्रमं विनैव देवासुरमन्थसंभ्रमं विनैव श्रियः समाकर्षणोपायः—

अमन्दरभ्रान्तिकदर्थितोदधि
विलुप्तदेवासुरमंथसंभ्रमः ।
सचेतसः कस्य न वल्लभोऽर्जने
नयप्रकारोऽपर एव वा श्रियः ॥१२-३४

न सर्वे कवयो महाकवयः । यस्य सूक्तिषु सुधासिक्तानि कान्यप्यक्षराणि भवन्त्यद्भुतानि स कोऽप्यपर एव मनीषी स्वयम्भूः कविः—

उत्पद्यते जगति कोऽपि स एक एव
यस्योक्तिषु स्फुरति सर्वमनोरमोऽर्थः ।
अन्यः सकल्पविटपी मणिमञ्जरीषु
चिन्तामणिः स्तबकतामुपयाति यस्य ॥
११-११

यः पुरुषः कृत्यसम्पादनेऽक्षतं नयात्मकं ज्योतिर्गृह्णन्नपि मोहं प्राप्नोति स दीपहस्तोऽपि कूपे पतति—

मुह्यति य इह कृत्यवस्तुनि
ज्योतिरक्षतनयात्मकं दधत् ।
अन्धकूपकुहरे परिस्फुटं
दीप्रदीपककरः पतत्यसौ ॥ १४-५४

स्फुटशृंगाररसं शंकरं चैकेनैव काव्यवाक्येन वर्णयति—

अविपन्नविभावसूचितत्वं
दधदुद्दीपितमीनकेतु चक्षुः ।
श्रियमापदमुष्य चित्रभेद-
स्फुटशृंगाररसप्रबन्धकल्पम् ॥ १५-४९

अत्र विभावसुरग्निः । तस्याविपन्नस्योचितत्वम् । उद्दीपितः ज्वलितः कामो येन । अत एव संभोगाभिलाषविरहशापादिभिर्भेदैः प्रसिद्धस्य शृंगाररसस्य सदृशम् । शृंगारोऽपि बध्यमानः सन्निहितैरालम्बनोद्दीपनरूपैर्विभावैः सूचितत्वं प्रकटतां धत्ते । अत्र भरतोक्तनाट्यशास्त्रकोहलोक्तरासकाङ्कमणिशास्त्रादीन्यवेक्षणीयानि ।

यमनानुप्राणने कवेरस्य महती प्राणप्रतिष्ठा—

अस्य क्षिति नूतन कानना सा
न काननासादितभङ्गुरश्रीः ।
हरत्यहो बन्धुरतालतालीं-
रतालतालीभृति यत्र भृंगाः ॥ ५-४

बन्धुरतालान्ति गृह्णन्ति या स्ताल्य स्तरुभेदास्तत्र रता भवन्ति यस्य ।

सरसि कौमुदं कुमुदसमूहसौन्दर्यमभिनिभाल्य वधू दयिता नानाभाववासितापि मनस्विन्या यत्रानन्दं प्राप्नोति । तौ च नानाविलासरसिकौ रमणीयं रमणीविलासं निर्भरं निर्भयं च कुर्वाते—

वीक्ष्य प्रसीदति वधू दयितेऽपिमाना-
न्नानाविलासरसि कौमुदमत्र सन्तौ
कान्तौ कुलं कलयतश्च रतावमन्दं
नानाविलास रसिकौ मुदमत्रसन्तौ ॥
५-१२५

स्कन्दस्वामिनः शौर्यप्रदर्शनप्रस्तावे कविर्निभालयति—

स सेनया जगन्मनोमृदुर्वशीकया जितः ।
अविस्खलंस्तदा रुषा मृदु वशी कया जितः ।
४६-५३

जगतां मनः प्रमाथिन्युर्वशी यत्र तादृश्या सेनया कुमारः कया जितः ? न कयापि । इत्यर्थः । रुषा कोपेन अमृदुः । क्रूरः । वशी जितेन्द्रियः । आजितः समरे । आद्यादित्वात्तसिः ।

शब्दास्तु सेवका इवास्य कवे निरन्तरं द्वारवर्तिनो वन्दिन इव प्रस्तुतसेवावसरं प्रतीक्षन्ते—

76018

मधुप राजि पराजितमानिनी-
जनमनः सुमनः सुरभिश्रियम् ।
अभृतवारितवारिजविप्लवां
स्फुटिततामरसताम्रवर्णं जगत् ॥३-२

अर्धनारीश्वररूपं भगवतः परमेश्वरस्य रूपं प्रदर्शयतः कवेर्वाचोयुक्तिः—

मुष्णन्तं जीवितधनं स व्यंसकुसुमालकम् ।
जघान भर्ता देहार्धं सव्यं सकुसुमालकम् ॥
४३-२२२

जीवितमेव धनं मुष्णन्तं रिपुं स भगवान् जघान । अंसकौ स्कन्धभुवि शोभमाना विचित्रा माला यस्य । सकुसुमाश्चालकाश्चूर्णकुन्तला यस्य तादृशं सव्यं वामं देहार्धं भर्ता धारयिता ।

अक्षरद्वयमाश्रित्य चित्राणि पद्यानि कवेरस्य यत्र तत्र बहुत्र काव्ये दरीदृश्यन्ते । दिङ्मात्रं यथा—

गरागारोरगोग्रोरा गौरीरामी गुरुर्गिराम् ।
गौरागुरुगिरीरागो गौररे गुरुरोगरूक् ॥
४३-२३८

गरस्य विषस्यागाराणि गृहाणि ये उरगास्तैरुग्रं तीक्ष्णमुरो वक्षो मध्यभागो यस्य । गौर्या रागी व्यसनी वत्सलश्च गौराः शुभ्रा अगुरवः तरुभेदा यासां तथाविधा गिरीराः पर्वतभुवः गच्छति श्रयति यः । अरे गौ वज्र इव । गुरून् महतो भक्तानां रोगान् रुजति यः ।

ईदृशोऽयं महाकविः संस्कृतनन्दने कल्पविटपीव भावसमृद्धिं द्योतयति । विस्तीर्णेऽस्य काव्यगगने श्लोके-श्लोके प्रति दीप्तिं चारुतां निभालयामः । अलकोऽपि कविर्धन्यः, येन टीकां कृत्वा कविरयं साहित्यरसिकेष्वग्रे समुल्लासितः । यथाऽस्य कवेर्नित्यनूतनदर्शनलोलुपा प्रतिभा तथैव शास्त्रालोडनपाण्डित्यमपि महद्दुर्जस्वि । एकतो बुद्धेरुर्वरताऽन्यतश्च शासोद्बुद्धा बुद्धिः । सम्यक् परिशीलनं सम्यगवगाहनम् सम्यग् दृष्टिः सम्यग् दर्शनं च ।

यं कविं वाग्देवतावतारो राजानकमम्मटः स्थाने स्थाने पद्यान्युद्धृत्य सशिरःकम्पं श्लाघते, यस्य कवेरुत्कर्षद्योतनार्थं राजानकजयानकसूनोरलकसूरिणः प्रतिभानोद्घोषणपराऽतिसमीचीना शुभैर्नवीना टीका समुल्लासं तनुते, यः कविश्चत्वारिंशत्सर्गैर्हरमहाविजयं महाकाव्यमुरसि निषेकचन्दनमिव सारस्वते पथि समर्प्य धन्यमात्मानं मनुते, यस्य सुप्रगल्भा पदविन्यासाः, श्लेषगर्भा वाग्विभूतय ऊतय इव रहस्यवेदिनः सहृदयस्य कस्य हृदयं नावर्जयन्ति ?

पदेऽवदातता स्वरे मधुरता पुष्णन्नयं कविः सूक्तरत्नानां मेरुरिव, अर्थमुक्तोत्पादने शुक्तिसमूह इव, अध्यात्म मुनिरिव बहुधारणक्षमो वसुधाक्रोड इव स्तुतोऽभिनन्दितश्चास्ति ।

धन्यास्ते सहृदयाः, धन्यं तत्कुलम्, धन्यास्ते दिवसाः, येषु कवितोद्यानाम्रतरुमञ्जरीषु कविकोकिलोऽयं स्वरेण मधुरेण चुटुलयामास, भावयामास, आनन्दयामास । कवी रत्नाकरस्तु सूक्तिरत्नरत्नाकर एव ।

श्रद्धाञ्जलिः

(वृत्त–वसंततिलका)

श्री प्रा० हरिश्चन्द्र:रेणापुरकर एम· ए·

।ग्ला धिराज्य–खलशासनदास्यपङ्के
मग्नात्म भारतभुवं हि समुद्धिर्षु:
आजीवनं निजतनुं क्षपयन्निरोधे
स्वातंत्र्यवीरपरमो गतवान् दिवं हा ! ।।१।।

यत्त्याग–शौर्य–बलिदान–समर्पणानां
श्रुत्वाऽद्भुतां परमहर्षण दिव्यगाथाम् ।
स्फूर्तिर्ह्यसंख्य–नर वीरगणेरवाप्ता
तं क्रांतिवीर--तिलकं शतशो नमामि ।।२।।

१चाफेकर-द्वितय-शासन-दिष्टघातं
श्रुत्वांग्लदास्य–निगडान्निजदेशमुक्ते:
दुर्गा समक्षविधिवद्विहित––प्रतिज्ञं
स्वातंत्र्यवीर–परमं शतशो नमामि ।।३।।

दुष्टांग्लशासन–विनाशधिया सशस्त्रं
पूर्वै: कृतं विफल भारतमुक्ति युद्धं
संचालयन् तरुण भारत-संस्थयाऽसौ
स्वातंत्र्य वीरमुखरो गतवान् दिवं हा ! ।।४।।

वैदेशिकानि बसनानि विदाह्य तेन
प्रक्षोभकानि हि विधाय सुभाषितानि
ऊर्जस्वलानि च विलिख्य सुगीतकानि
विद्यार्थिनाऽपि विहितं महनीयकार्यम् ।।५।।

२तत्प्रेरिताद् मदनलालकृताद्विधातात् ।
सेनाधिपस्य किल 'वायलि' नामकस्य
भूकंपकंपितसमा चलिताऽऽङ्ग्लभूमिर्
यस्माच्च लंडनपुरे स बभूव बद्ध: ।।६।।

आनीयमान इह भारतवर्षदेशम्-
आरक्षिदृष्टिमपहृत्य ललंघ सिन्धुं ।
गोलाभिवर्षं परितोऽपि जगाम पारं
फेञ्चाप्तिसन्धिवशतस्तु पुनर्गृहीत: ।।७।।

३ स्वत्वापहारसहितं युगजन्मदण्डं
निर्णीय स्वैरमतिभि: प्रहितोऽण्डमानम्
निष्पेषयंत्र-जलयन्त्रघरट्टकर्ष-
प्रायातिघोरतमकष्ट मसावदापि ।।८।।

मृत्युञ्जयेन खलु वीरवरेण तेन
गौराङ्गराज्यरविरस्तमयानलक्षि
स्वप्नांशपूर्तिरपि तस्य बभूव तस्माद्
एकोह्यखण्डविषय: समभूद् द्विखण्ड: ।।९।।

अस्या हि भारतभुव: परदास्यमुक्त्यै
यावन्ति क्लेशकर-दारुण-पीडनानि
सोढानि तेन नरपुंगव-शार्दुलेन
केनापि नेतरजनेन विमर्षितानि ।।१०।।

शल्यं दुनोति मम मानसमेतदेव
त्यागो हिमाद्रिसदृशोऽप्रतिमो वरिष्ठ:
सम्मानितो नहि स भारतशासनेन
सामान्यनर्तकनटानपि मानयित्वा ।।११।।

---

1. two चाफेकर brothers were hanged by the British Govt. for treason in 1997 .

2. In Landon at his instigation C-Wyle the brain behind the British policy in India was shotdead by मदनलाल Sawarkar opposed the resolution Condeming the Act of Madanlal So he was arrested on several charges. While being brought to India for trial he escaped through the port hole at Marssels.

3. He was tried and sentenced with two life Imprisonments of 54 year with consfication of all property.

कामं भवन्तु शतशोऽपि विचारभेदाः
सामाजिका अपि च राजनयप्रदिष्टाः
कस्यापि देयविषये तु कदर्यदृष्टिः
तत्रापि राजनयजा हि नितान्तगर्हा ॥१२॥

राष्ट्रीय-सामरिक-शक्ति-विवर्धनस्य
तद्दूरदृष्टिकृत-बोधनमाचरिष्यत्
चेन्नैव नूनमभविष्यदयं विपाकः
यच्चीन-पाकसमराष्ट्रगणाभिमुक्ताः ॥१३॥

[1]आंग्लानुमोदित-विभक्त-मतप्रणालीम्
आराधनं च सततं लघुसंख्यकानाम् ।
नूनं हि सावरकरो व्यरुणद् यथार्थं
देशस्य खण्डनमभूद् द्वितयाद् ह्यस्मात् ॥१४॥

अत्यन्त वीररस-निर्भर-भाषणानि
तत्क्रान्तिकारिकवनानि च पुस्तकानि ।
आंग्लाधिराज्यगृहमूल-विचालनानि
सन्तीति शासकगणैः प्रतिबन्धितानि ॥१५॥

[2]अष्टावृत-त्रितयमात्रवयः प्रणीतात्
तस्याद्भुतात् "प्रथम भारत मुक्तियुद्धात्" ।
आजादहिन्द-गत-वीरभटैस्तथाऽन्यैः
सत्प्रेरणा ह्यधिगता निजदेशमुक्तेः ॥१६॥

सेनापरागकलहो न तु लोकयुद्धम्-
इत्यांग्लधूर्त पुरुषैरपदिश्यमानम् ।
सत्यं ह्यभूत् प्रथम-भारत-मुक्तियुद्धम्-
इत्युत्कटैरलमसाध्युपपत्तिजातैः ॥१७॥

आचार्य भीष्म इव संगरशीर्णकायः
रोमांञ्चकारि-निज सैनिक-शौर्यगाथाम्
श्रोतुं रुरोध मरणं ननु युद्धकाले
सम्प्राप्य पुण्यमयनं च जहौ स्वप्राणान् ॥१८॥

राष्ट्रीयता-ज्वलन सन्निभ-दीप्तमूर्तिः
प्रत्यक्षदेशगरिमा प्रतिमा हि धाम्नः
देशानुराग बलिदाननवावतारः
क्रान्तेरजस्वी-विमलः प्रभवः प्रशान्तः ॥१९॥

कांग्रेस पक्ष मुखरैरपि पञ्चशीलैर्
हिंसातिरिक्त हृदयैरपि मुक्तशस्त्रैः ।
यस्माच्च सैन्यबलवर्धनमिष्यतेऽद्य
तस्माद्धि सावरकरस्य जितं विचारैः ॥२०॥

वागीश्वरोऽपि विदितश्च बहुश्रुतोऽपि
साहित्यिकोऽपि च समाजसुधारकोऽपि
स्वातंत्र्ययज्ञ-हुतजीवितवैभवोऽपि
सत्यं बभूव सहि भारत हीरकोऽपि ॥२१॥

---

1. He opposed the Communal award seperate electorate and also the appeasement of muslim minority at the cost of Hindus, which intimately led to the division of the country.
2. He wrote his famous work "1857 the war of Independence" at the age of 24 when he was studying in Englend. Here he proved conclusively that it was not a sepoy mutiny but it was first war of independnce against B--imperialism

वैदिक-साहित्य-सौदामिनी

श्री वागीश्वरो विद्यालंकारः साहित्याचार्यः

अथ अर्थशक्त्युद्भवध्वनेः कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिसिद्धेन वस्तुनाऽलङ्कारध्वनिरूपो **दशमो भेदः**--

ओषधयः समवदन्त सोमेन सह राज्ञा ।
यस्मै कृणोति ब्राह्मणस्तं राजन् पारयामसि ॥
यजु० १२।९६॥

ओषधय इति–सोमश्चन्द्र ओषधिविशेषो वा । स हि ओषधीनां राजा । चन्द्रस्तासु रसानाधत्ते । सोमलता च सर्वौषधीनां प्रमुखत्वात् राजवत् । तेन स्वस्वामिना सह ताः समवदन्त संवादं चक्रुः । तं संवादं वर्णयति–हे राजन् ब्राह्मणः ब्राह्मणवृत्तिः न तु धनलोलुपो भिषक्पाशः । भेषजानां सम्यक् प्रयोगकुशलो वैद्यः यस्मै रोगिणे कृणोति अस्मान् दातुं मनः कृणोति निश्चिनोति, तं वयं पारयामसि रोगस्य पारं नयामः, 'इदन्तोमसि' (पा.णि०७।१-४६)। यथा अनुशासने वर्तमानानां शस्त्रास्त्रैः सम्यक्संनद्धानां कुशलसेनानां विजयः संग्रामे निःसन्दिग्धस्तथा परस्परमविरुद्धानां निपुणेन भिषजा सुविचार्य प्रयुक्तानामोषधीनां प्रयोगेण रोगिणो रोगनिवारणमपि सुनिश्चितमित्युपमालङ्कारो व्यज्यते । अथाऽर्थशक्त्युद्भवध्वनेः कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिसिद्धेनाऽलङ्कारेण वस्तुध्वनिरूपः **एकादशो भेदः**--

ओषु स्वसारः कारवे शृणोत
ययौ वो दूरादनसा रथेन ।
नि षू नमध्वं, भवता सुपारा,
अधो अक्षाः सिन्धवः स्रोत्याभिः ॥
ऋ० ३।३३।९ ।

आ ते कारो शृणवामा वचांसि
ययाथ दूरादनसा रथेन ।
नि ते नंसै पीप्यानेव योषा,
मर्यायेव कन्या शश्वचै ते ॥१०॥

ओषुस्वसारः इति । ओ इति सम्बोधनार्थको निपातः । 'ओ औ शब्दौ तु हो हौ व सम्बुद्धावाह्वानयोर्मतौ" इत्यनेकार्थसंग्रहे श्रीहेमचन्द्राः । स्वसारः भगिन्य इव हे सरितः इत्यत्र वाचकलुप्तोपमा । कारवे स्तुतिकर्तुः शिल्पिनो वेति श्लेषः । षष्ठ्यर्थे चतुर्थी । कारुः कर्ता स्तोमानाम् इति निरुक्ते (अध्या०६, पा० २ । खं० ५) श्री यास्कः । "कारुस्तु कारके शिल्पे विश्वकर्मणि शिल्पिनि ।" इत्यनेकार्थ-संग्रहः । कृवापाजिमिस्वदिसाध्यशूभ्य उण् । (उणादि० १) इत्यनेन कृधातो रुण् प्रत्यये । कारोर्मम वचनं शृणोत शृणुत । अहम् अनसा शकटेन, रथेन स्यन्दनेन च । दूरात् ययौ अतिदूरप्रदेशादागतः । भारवहनाय अतः आरोहणाय च रथः प्रयुज्यते तस्मादिह पुनरुक्तिदोषो न शङ्क्यः । रममाणोऽस्मिन् तिष्ठतीति रथः । ममागमनक्लेशं विमृश्य यूयं षु सु सम्यक्, निनमध्वम् निम्नोदका भवत । न केवलं निम्नाः प्रत्युत सुपाराः सुखेन पारगमनार्हा अपि । तत्कृते किमस्माभिः कर्तव्यम् इत्याह—हे सिन्धवो, यूयं स्रोत्याभिः प्रबलवेगेन स्रवन्तीभिरद्भिः अधो अक्षा भवत मदीयरथस्य अक्षात् अधःप्रदेशपरिमाणोदका भवत । युष्माकं जलं रथस्याऽक्षान्नीचैरेव वहतु । षू--सुनिपाते सकारस्य मूर्धन्यत्वम् उकारस्य दीर्घत्वं च छान्दसम् । कारुं प्रति नदीना-

मुत्तरम्—हे कारो स्तोतः शिल्पिन् वा । कारुः कर्ता स्तुतीनाम् । "कारुः शिल्पी ।" इत्यमरः । वयं ते तव वचांसि आशृणवाम शृणुमः प्रतिजानीमहे च । किं कारणम् ? यतस्त्वं दूरादति विप्रकृष्टात् प्रदेशाद् अनसा रथेन च ययाथ प्राप्तोऽसि । या प्रापणे धातोर्भूतमात्रे लिटि थलि 'एकाच उपदेशे ऽनुदात्तात्' (पाणि० ७।२।१०) इतीट् प्रतिषेधे-रूपम् । तवागमनक्लेशं सुदृढमध्यवसायं च विलोक्य दयार्द्रमनुकूलं च नो हृदयम् । अतो वयं ते त्वदर्थे निनंसै नीचैर्भवाम निम्नोदका इत्यर्थः । णम् प्रह्वत्वे इति धातोः लेटि उत्तमपुरुषे 'लेटिसिब्ब-हुलम् (पाणि० ३।१।३४) इत्यनेन सिपि, 'वै तो-ऽन्यत्र' (पाणि० ३।४।९६) इत्यैत्वे रूपम् । 'ते इत्यत्र प्रत्येकमभिलक्ष्य पृथक् कथनादेकवचनम् । कथं वयं नीचैर्भवेम—इत्याकांक्षायाम्-यथा पीप्यानां शिशुं पयः पाययन्ती योषा यथा वा मर्याय पुरुषाय "पित्रे मात्रे वेति" तद्भाष्ये श्रीसायणः । तमनुकूल-यितुं कन्या शश्वचे परिष्वजनाय नम्रा भवति । मर्यायेत्यत्र "क्रियार्थोपपदस्य कर्मणि स्थानिनः" (पाणि० २।३।१४) इति सूत्रेण अप्रयुज्यमानस्य तुमुनः कर्मणि चतुर्थी । यथा पितरं भ्रातरं वा अनुकूलयितुं परिष्वजनाय कन्या नमति यथा वय-मपि ते—तव अनुकूलमाचरितुं निनंसै नम्रा भवामः । मर्यो मनुष्यो मरणधर्मा इति श्रीयास्कः (निरु० अध्या० ३, पा० ३, खं० १५) शश्वचे० स्वञ्ज परिष्वङ्गे इति धातो र्भावे संपदादिलक्षणे क्विपि पृषोदरादित्वादिष्टरूपसिद्धिरिति सायणभाष्ये । अथवा श्वच् गतौ इति धातुः स्यात् ।

"शिशुं पयः पाययन्ती मातेव, पितरं भ्रातरं वाऽनुकूलयितुं कन्येव वयं तव समीहितं संपादयितुं प्रह्वीभवामः" इति कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्ति-सिद्धेन नदीवचनस्थितेनोपमालंकारद्वयेन समुचिते-ऽवसरे शरदादौ, समुचिते च प्रदेशे—यत्र नदीनां विस्तारो नात्यधिकः प्रवाहश्च न तीव्रः—तत्र सेतु-बन्धादिभिर्याताऽऽयातव्यवस्थां सुसम्पाद्येति वस्तु व्यज्यते । **अथवा** – कस्यचित्प्रार्थनामात्रेण नदीनां गाधता सुपारता वा न स्वतः संभवी अर्थः सोऽत्र कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्त्या वर्णितः – वयं तव कृते शिशुं पयः पाययन्तीमातेव पितरं भ्रातरं वाऽनुकूल-यितुं नमन्ती कुलमर्यादायां स्थिता कन्येव वा तव समीहितसंपादनाय प्रह्वीभवाम इत्युपमालंकार-द्वयेन व्यंजकेन सेतुबन्धकुल्यानिर्माणविद्युदुत्पादना-दिभिरुपायैः सम्यगुपचरिताः सरितः कूलमर्यादायां स्थापिता स्तथैव राष्ट्रस्य श्रीवृद्धयेऽन्यथा विनाशाय भवन्तीत्युपमाव्यञ्जनाद् अलंकारेण अलंकारध्वनि-रूपो द्वादशो भेदोऽत्र संभवति ।

अथाऽर्थशक्त्युद्भवध्वनेः कविनिबद्धवक्त-प्रौढोक्तिसिद्धेन अलङ्कारेण अलङ्कारध्वनिरूपो द्वादशो भेदः—

वयः सुपर्णा उपसेदुरिन्द्रं
प्रियमेधा ऋषयो नाधमानाः ।
अपध्वान्तमूर्णुहि पूर्धि चक्षु-
र्मुमुग्ध्यस्मान्निधयेव बद्धान् ॥

ऋक्० १०।९३।११॥

देवता-इन्द्रः । ऋषिः-गौरवीतिः शाक्त्यः । छन्दः-त्रिष्टुप् ।

वयः सुपर्णा इति-सुपर्णाः सुपतनाः सुख-पतनाः सुखकरं भूमौ पतनमागमनं येषाम्, शोभन-गतयो वा । प्रियमेधाः प्रियसङ्गमाः । मेधृ सङ्गमे चेति धातोः । सूर्यस्य सप्तवर्णा रश्मयो निसर्गत एव सङ्गमनप्रकृतयस्ते स्वभावतो विभिन्नवर्णा अपि संभूय श्वेतवर्णं प्रकाशं जनयन्ति । ऋषयो द्रष्टारो

दर्शयितारो वा सूर्यकिरणाः। "ऋषिर्वेदे, वसिष्ठादौ दीधितौ च पुमानयम्।" इति मेदिनी। ऋषी गतौ धातोः। ज्ञानं गमनं प्राप्तिश्चेति गत्यर्थाः। सुपर्णः (सप्त) ऋषयश्चेति पदं निघण्टौ रश्मिवाचकपदेषु पठितम्। वयः गन्तारः। रश्मयोऽपि नादिकाः खगा इव गगनगतयः। तदुक्तम् स्त्रान्तरे -- ईर्मान्तासः.....हंसा इव श्रेणिशो यतन्ते० ऋक्० १।१६३।१०। वा गतिगन्धनयोः इति धातोः "वातेर्डिच्च" (उणा० पा० ४। सू० ५८३) इति सूत्रेण डिःप्रत्यये विः, तस्य बहुवचने वयः। 'विः विष्किरपतत्रयः। इत्यमरः। अथवा वयः खगा इवेत्युपमा। नाधमानाः इन्द्रम् उपसेदुः याचमाना इव आदित्यं प्राप्ता इत्युत्प्रेक्षा। 'इन्द्रः शक्राऽऽदित्यभेदे योगभेदाऽऽन्तरात्मनि।" इति मेदिनी। किं याचमानाः? हे इन्द्र त्वं ध्वान्तं तिमिरम् अपोर्णुहि अपसारय। चक्षुः प्राणिनां नेत्रं च पूर्धि पूरय प्रकाशेनेति शेषः। तन्मया कथं कर्तव्यमित्यपेक्षायां ते प्रोचुः—हे आदित्य सकलां रात्रिं तव मण्डले निधया पाशसमूहेन बद्धानिव निगडितानिव। निधा पाश्या भवति, यन्निधीयते। पाश्या पाशसमूहः इति निरुक्ते (अध्या० ४, पा० १, खं० २) श्रीयास्कः। अस्मान् मुमुग्धीति पूर्वेणाऽन्वयः। विमुक्तान् नः कुरु। **पक्षिपक्षे**--सुपर्णाः शोभनपक्षाः। वयः पक्षिणः। प्रियमेधाः प्रियो मेधः संङ्गमनं येषामिति। ते हि संगत्य समूहे सञ्चरन्ति। ऋषयः गन्तारो गगनगतयः। ऋषी गतौ धातोः "इगुपधात् कित्०" (उणा० पा० ४, सू० ५६९) इति सूत्रेण साधुः। तेऽपि रात्र्यन्धकारे स्वनीडेषु बद्धा इव ब्राह्ममुहूर्ते शिशूनां कृते आहाराऽऽहरणोत्सुकाः प्रकाशं याचमाना इव सूर्यं प्रतीक्षन्त इत्युत्प्रेक्षालङ्कारः।

एवमभिधावृत्त्या मन्त्रस्यास्य रवि रश्मिपरके प्रथमेऽर्थे निर्धारितेऽपि उभयत्र तुल्याभ्याम् ऋषिप्रियमेधविशेषणाभ्याम् नाधमाना इन्द्रमुपसेदुः इति तुल्येन कार्येण प्रस्तुतेषु रविरश्मिषु अप्रस्तुतानाम् गुरुकुले ब्रह्मचर्यव्रतग्रहणपूर्वकं विधिवदधीतनिगमागमानाम् प्रत्यासन्नसमावर्तनसंस्काराणाम् प्रियमेधानां[1] प्रियबुद्धीनाम् ऋषीणाम्[2] ऋषिकल्पानाम् दृष्टशास्त्रार्थानाम् मेधा आशुग्रहणे। आशुग्राहिणी मतिर्मेधा सा प्रिया येषाम्। तेषां विद्याव्रतस्नातकानाम्, इन्द्र च[3] सूर्ये च आचार्यस्य व्यवहारसमारोपात् समासोक्तिरलङ्कारः। समासोक्तिः समैर्यत्र कार्यलिङ्गविशेषणैः। व्यवहारसमारोपः प्रस्तुतेऽन्यस्य वस्तुनः। इति तल्लक्षणात्, (साहित्यदर्पणे दशमपरिच्छेदे षट्पञ्चाशत्तमा कारिका) सा समासोक्तिश्च समारोपिताऽप्रस्तुतव्यवहारैः सुपर्णैः रविरश्मिभि र्द्राक् करिष्यमाणेन ध्वान्तनिवारणरूपेण, ज्योतिषालोकचक्षुषा पूरणरूपेण कार्येण च इन्द्रद्वारा करिष्यमाणस्य बन्धनमोचनरूपस्य कारणस्य समर्थनाद् अर्थान्तरन्यासमलङ्कारं

---

१ यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते,
तया मामद्य मेधयाग्ने मेधाविनं कुरु॥
यजु० ३२।१४
धीर्धा णवती मेधा संकल्पः कर्म मानसम्।
इत्यमरः।

२ ऋषि र्वेदे वसिष्ठादौ दीधितौ च पुमानयम्।
इति मेदिनी।

३ प्रसङ्गेऽस्मिन् उपनयनसंस्कारे आचार्यब्रह्मचारिणोः संवादोऽवधानयोग्यः।
आचार्यः—कस्य ब्रह्मचार्यसि?
ब्रह्मचारी—भवत।
आचार्यः—इन्द्रस्य ब्रह्मचार्यसि। अग्निराचार्यस्तव। अहमाचार्यस्तव। इह आचार्यः अग्निरूपेणोक्तः। संस्कारविधावुपनयनप्रकरणे।

व्यनक्ति । न चाऽत्र–'न विव्यथे तस्य मनो न हि प्रियं प्रवक्तुमिच्छन्ति मृषा हितैषिणः" इति वत् अथवा–पृथ्वि स्थिराभव भुजङ्गमधारयैनां, त्वं कूर्मराज तदिदं द्वितयं दधीथाः दिक्कुञ्जराः कुरुत तत् त्रितये दिधीर्षां–देवः करोति हरकार्मुकमाततज्यम्। इति वद्वा विशेष्यस्य सामान्येन कार्यस्य वा कारणेन समर्थनात्[1] अर्थान्तरन्यासो वाच्यः । स तु व्यञ्जनयैवोपलभ्यः । एवमिह कविनिबद्धवक्तृभावानां सुपर्णानां कविप्रौढोक्तिसिद्धेन समासोक्त्यलङ्कारेण अर्थान्तरन्यासव्यञ्जनाद् अलङ्कारेण अलङ्कारध्वनिः ।

प्रकाशं याचमाना इव सूर्यं प्रतीक्षन्ते इत्युत्प्रेक्षालङ्कारः ।

एवमभिधावृत्त्या मन्त्रस्याऽस्य रवि रश्मि परके ऽर्थे निर्धारितेऽपि उभयत्र तुल्याभ्याम् ऋषिप्रियमेध विशेषणाभ्याम् "नाधमाना इदमुपसेदुः" इति तुल्येन कार्येण च प्रस्तुतेषु रविरश्मिषु अप्रस्तुतानाम् गुरुकुले ब्रह्मचर्यव्रतसाधनपूर्वकं विधिवदधीतनिखिलनिगमाऽऽगमानाम् प्रत्यासन्नसमावर्तन[2]संस्काराणाम्, प्रियमेधानाम् प्रियबुद्धीनाम् । विद्याव्रतस्नातकानाम् [3]इन्द्रे च आचार्यस्य व्यवहारसमारोपात् समासोक्तिरलङ्कारः । समासोक्तिः समैर्यत्र कार्यलिङ्गविशेषणैः । व्यवहारसमारोपः प्रस्तुतेऽन्यस्य वस्तुनः ।" साहि० द०, परि० १०, कारि० ५६ । सा समासोक्तिश्च समारोपिताऽप्रस्तुतव्यवहारैः सुपर्णैः करिष्यमाणेन ध्वान्तनिवारणरूपेण, लोक चक्षुषाँ ज्योतिषा पूरणरूपेण कार्येण च इन्द्रेण करिष्यमाणस्य बन्धनमोचनरूपस्य कारणस्य समर्थनाद् अर्थान्तरन्यासमलंकारं व्यनक्ति । इह कविनिबद्धवक्तृभावानां सुपर्णानां प्रौढोक्तिसिद्धेन समासोक्त्यलङ्कारेण अर्थान्तरन्यासव्यञ्जनादलङ्कारेण अलङ्कारध्वनिः । न चाऽत्र–पृथ्वि स्थिरा भव, भुजङ्गमं धारयैनां त्वं कूर्मराज तदिदं द्वितीयं दधीथाः । दिक्कुञ्जराः कुरुत तत्त्रितये दिधीर्षां देवः (श्रीरामः)करोति हरकार्मुकमाततज्यम् ।। इत्यत्र वत् कार्यस्य कारणेन अभिधोपस्थापितोऽर्थान्तरन्यासः, तथाविध स्फुटत्वाऽभावात् ।।

अथ अष्टादशः (अर्थान्तर संक्रमितवाच्य० इत्यारभ्य) शब्दार्थोभयशक्त्युत्थितो ध्वनेः एकोभेदः स च केवल वाक्यगतः । वाक्यगतत्वादेव इह केचन शब्दाः परिवर्तनसहाः यतः स्तेषां पर्यायवाचकपदप्रयोगेऽपि व्यङ्ग्यार्थस्य न क्षतिः । अपरे अपरिवर्तनसहाः येषां पर्यायवाचकपदप्रयोगे विवक्षितो व्यङ्ग्योऽर्थो न प्रतीयते क्षीयते हि सः । एवमस्य अनेकपदगतत्वात् वाक्यगतत्वमपरिहार्यमेवं ।

व्यङ्ग्याऽर्थप्रसङ्गे यद्यपि सर्वत्रैष शब्दशक्तेरर्थशक्तेश्च सहकारिता, शब्दश्रवणतदर्थाऽनुसन्धानयोरभावे व्यङ्ग्याऽर्थस्यैपाऽनध्यानात् । तथाऽपि परिवर्तनाऽसहानां पदानां प्राचुर्ये, तत्र सत्यामप्यर्थशक्तौ तस्या गुणीभावात् तत्र शब्दशक्तिमूलकतया व्यवहारः । परत्र, परिवर्तनसहानां पदानां प्राचुर्ये

(क्रमशः)

---

१ यत्र कारणभूतं हरकार्मुकाततज्याकरणं पृथिवी स्थैर्यादेः कार्यस्य समर्थकम् ।।
साहि० ६, परि० १०, कारि० ३१, ३२ ।।

२ धीर्धारणावती मेधा । मेध आशुग्रहणे । ज्ञेयं विषयमाशु आत्मसात्करोति या मतिः सा मेधा ।

३ इन्द्र इह सूर्योऽनिश्च । इन्द्रः शक्रादित्यभेदे योगभेदान्तरात्मनि । इति मेदिनी, आचार्यः सूर्यवत् अग्निवद्वा ब्रह्मचारिणः पथप्रदर्शक आदर्शश्च ।

सम्पादकीय टिप्पण्यः

खेदप्रकाशनम्

सखेदं लिख्यते यत् समयेऽर्थमुद्रणादीनां सुचारु-व्यवस्थाया अभावात् पत्रिकाप्रकाशनं विलम्बेन जातम् । अद्यापि पूर्णनिश्चयेनेदं वक्तुं न शक्यते यत् कदाऽव्याहतगतिं प्राप्स्यतीयं पत्रिका । अस्माकं प्रयत्नो विद्यते यत् अधुना यथासमयं प्रकाशमेष्यति पत्रिका ।

महाभारतयुद्धं न कल्पनाविजृम्भितम्

कुरुक्षेत्रप्रदेशादतिदूरस्थितेन केनापि महाराष्ट्रदेशीय पण्डितेन महाभारतयुद्धं कल्पनाप्रसूतिमिति प्रोक्तम् । वयमभिनन्दामस्तमैतिह्यकरं पण्डितमहाभागं यत् किञ्चिन्नवीनं तूक्तम् । यस्मिन् कस्मिन्नपि विषये प्राक्तनैर्विद्वद्भिराचार्यवर्यैर्महर्षिभिर्वा क्षुण्णां पद्धतिं परित्यज्य यद्यभिनवा सरणिरनुस्रियते सा काऽपि स्यात् सैव गवेषणेति वक्तुं युक्तम् ।

किञ्चित्कालानन्तरमेतादृशा आर्यैतिह्यविदः प्रादुर्भविष्यन्ति ये तारस्वरेण कथयिष्यन्ति शिवाजी-महाराणाप्रतापादयो हिन्दुधर्मरक्षका नासन्, तेषां मुस्लिमैर्युद्धं कविकल्पनाप्रसूतम् 'हिन्दु मुस्लिम भाई भाई, का जोश" किं एतिह्यग्रन्थेषु परिवर्तनं न कारयिष्यति ? एवमव पाश्चात्यप्रभावायत्ताः भारतीया नानाविचित्रकल्पनापत्या सर्वमपि वैदिकं तदितरं च साहित्यं न जाने कुत्र गर्ते प्रक्षेप्स्यन्ति ।

किं लोकतन्त्रं भारतवर्षाय हितकरम् !

अस्मिन् स्तम्भेऽस्माभिः पूर्वं लिखितमासीत् यत् लोकतन्त्रं देवतन्त्रं भवति । यत्र देशे स्थाने वा देवा निवसन्ति तत्रैव तस्य चरितार्थतेति वक्तुमुत्सहामहे वयम् । भारतवर्षो नाद्यापि देवकोटिं भजते । अत्र भ्रष्टाचारोत्कोचादिविषवल्लरीणामतनुप्रतानैः सर्वतः सञ्छन्नं विद्यते भारतम् । परःसहस्राद् वत्सराद् दासतानिगडितोऽयं भारतदेशो हीनवीर्यः स्वात्माभिमानशून्यः परभाषावेशसंस्कृतिं प्रति समासक्तचित्तोऽत्यल्पावशिष्टगुणलवः पूर्वं तु स्वतन्त्रतार्ह एव नासीत् । यथा तथा महात्मनां तत्कालोत्पन्ननेतृवर्गाणां तपसा त्यागेन चाधिगतस्वराज्यो भौतिकक्षेत्रे सक्षमः सम्पन्नः परमाध्यात्मिके सामाजिके च क्षेत्रेऽवनतिं गतः । अद्य भारते मर्यादामतीत्यैषणा त्रयं बलवद् विजृम्भते। पाटच्चराणां तस्कराणां च साम्राज्यं सर्वत्रासीत् । बलात्काराय वित्तापहरणाय च स्त्रियो बाला वाऽपह्रियन्ते स्म । एवमन्यान्यपि महान्ति दूषणानि सर्वत्र प्रसृतान्यासन् । कारणमत्र शिथिलं लोकतन्त्रमासीत् । अत्र कस्य दोषः कस्य नेति विवादकरणं नोचितम् । अधुना यत् आपात्कालीनानुशासनं प्रवृत्तं तेन सिद्धं यत् "दण्ड शास्ति प्रजाः सर्वाः" इति पूर्वाचार्याणां नीतिकाराणां कथनमेव साधु विद्यते । यावत् जनप्रकृतौ त्वनुशासनं स्वभावसिद्धं न भवेत् तावत् आपातस्थितिः रक्षणीया शासकैरिति ।

—भगवद्दत्तो वेदालंकारः ।

———oo———

साहित्य समीक्षा

१- दयानन्दीय लघु ग्रन्थ संग्रह

मूल्य-- २०-००

२- उणादि कोषः

मूल्य-- १०-०० सजिल्द
७-०० अजिल्द

[आर्यसमाजशताब्दीसंस्करणम्]

लेखक--श्रीमत्स्वामी दयानन्द सरस्वती

सम्पादक-श्री युधिष्ठिर मीमांसक

प्रकाशक--रामलाल कपूर ट्रस्ट, बहालगढ़ सोनीपत

उपर्युक्त दोनों पुस्तकें विद्वद्वर्य श्री पं० युधिष्ठिर मीमांसक के सम्पादकत्व में प्रकाशित हुई हैं। प्रथम पुस्तक में स्वामी दयानन्दकृत १४ लघुग्रन्थों का संग्रह है। इन लघुग्रन्थों का महत्त्व भी बहुत है। मानव जीवन के आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक राजनैतिक आदि सभी क्षेत्रों में नयी २ समस्याएं पैदा होती रहती हैं। उन सब के समाधान में सत्यार्थप्रकाश आदि के अतिरिक्त ये लघुग्रन्थ भी बहुत सहायक हैं। प्रगतिशीलता के प्रेमी स्वामी जी के ग्रन्थों में प्रगतिशीलता तथा क्रमिक विकास की झांकी देखते हैं। उनका यह आग्रह है कि स्वामी जी कृत आदिम सत्यार्थ-प्रकाश आदि का भी प्रकाशन होना चाहिये। अस्तु! संस्करण में निम्न १४ ग्रन्थों का संकलन किया गया है।

१. स्वामी दयानन्द सरस्वती का आत्मचरित्र।
२. आर्याभिविनय
३. वेदभाष्य का प्रथम (नमूने का) अंक
४. भ्रान्ति निवारण
५. भ्रमोच्छेदन
६. पञ्चमहायज्ञविधि
७. वेदान्ति ध्वान्त निवारण।
८. वेदविरुद्धमत खण्डन।
९. शिक्षापत्रीध्वान्त निवारण।
१०. भागवत खण्डनम्।
११. व्यवहार भानु।
१२. गोकरुणानिधि।
१३. आर्योद्देश्यरत्नमाला।
१४. चतुर्वेदविषयसूची।

इस संस्करण में संपादक महोदय ने कई विशेषताएं दर्शायी हैं जिनमें कुछ निम्न हैं:--

मूल ग्रन्थों के पाठों पर सहस्राधिक टिप्पणियां।
ग्रन्थोंका ऐतिहासिक विवरण
१० अत्युपयोगी परिशिष्ट (सूचियां)

२- उणादिकोषः--

बहालगढ़ (सोनीपत) स्थित रामलाल कपूर ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित यह उणादि कोष भी अत्युपयोगी तथा महत्त्वपूर्ण है। यह पाणिनीय व्याकरण का ही एक प्रकार से खिल भाग है। इस कोष पर प्राचीन वृत्तियां भी अनेकों हैं। परन्तु उन प्राचीन वृत्तियों में तथा स्वामी दयानन्दकृत वृत्ति में भेद यह है कि प्राचीन व्याख्या में औणादिक शब्दों को रूढ मानकर वृत्तियाँ लिखी गईं, उनसे वेदार्थ में कोई सहायता नहीं मिलती। परन्तु स्वामी दयानन्दकृत वृत्ति में वैदिक शब्दों को भी स्थान दिया गया है और उन्हें यौगिक व योगरूढ मानकर व्याख्या की गई है। लौकिक संस्कृत में औणा-

दिक शब्दों को रूढ मानकर वाचक शक्ति व संकेत से काम चल सकता है। परन्तु वेदार्थ में तो योग व योगरूढि को मानकर सब शब्दों को धातुज ही मानना पड़ेगा। वाचक शक्ति व संकेत से वैदिक शब्दों के नानाविध क्षेत्रों में गूढार्थ नहीं हो सकते। इस दृष्टि से उणादिकोष की स्वामी दयानन्दविरचित वृत्ति का सर्वाधिक महत्त्व है और यही उपादेय है। हमारे विचार मे तो वेदों के अध्येताओं, उपाध्यायों व अनुसन्धानकर्ताओं को निरुक्त के साथ २ इस उणादि कोष का भी अपने पुस्तक भण्डार में अवश्य संग्रह करना चाहिये। विद्वान् संपादक ने इस कोष में भी अनेकों परिशिष्ट व टिप्पणियां आदि दी हैं। इस दृष्टि से भी यह सर्वाधिक महत्त्वशाली हो गया है। हमारी यह अभिलाषा है कि सम्पादक महोदय स्वामीकृत समग्र वेदाङ्गप्रकाश को भी इसी भाँति टिप्पणी, परिशिष्ट आदि से समलङ्कृत कर प्रकाशित करें और पुण्य के भागी बनें। मीमाँसक महोदय स्वस्थ व दीर्घायुष्य प्राप्त कर इसी भाँति साहित्यसेवा में संलग्न रहें। यह हम भगवान् से प्रार्थना करते हैं।

ऋग्वेदभाष्यम्

दशमं मण्डलम् (प्रथमो खण्डः)

(अशीतिसूक्तपर्यन्तम्)

भाष्यकार–श्री स्वामी ब्रह्ममुनि परिव्राजक, विद्यामार्तण्ड। मूल्य– ३०-००

प्रकाशक–वैदिक पुस्तकालय, श्रीमती परोपकारिणी सभा, आर्यसमाज मार्ग, केसरगंज, अजमेर (राजस्थान)

महर्षि दयानन्द सरस्वती ने ऋग्वेद १० म. ६१ सूक्त के २य मन्त्र तक का भाष्य किया था, उसके आगे नवम मंडल तक का भाष्य महामहोपाध्याय श्री पं० आर्यमुनि जी तथा पं० शिवशंकर जी काव्यतीर्थ ने किया था। किन्तु दशम मण्डल पर अभी तक किसी ने महर्षि की शैली पर भाष्य नहीं किया था। उसकी पूर्ति अब श्री स्वामी ब्रह्ममुनिजी परिव्राजक ने करदी है। उनका दशम मण्डल का भाष्य दो भागों में विभक्त है। जिसमें से यह प्रथम भाग प्रकाशित हुआ है। वेदों के विद्वानों से यह छिपा नहीं है कि यह १० वां मण्डल एक तो बहुत बड़ा है और दूसरे कई विवादप्रद विषय इसमें सम्मिलित हैं। यमयमी देवापि शन्तनु तथा अन्य अनेक दुरूह सूक्त हैं जिन पर स्वामी जी महाराज ने अपनी दृष्टि से उत्तम प्रकाश डाला है। स्वामी जी महाराज ने ऋषिशैली का अनुसरण करते हुए, समाज राजनीति तथा विज्ञानादि क्षेत्रों में मन्त्रों के अर्थ दर्शाये हैं। जिस प्रकार स्वामी जी महाराज के अन्य सभी ग्रन्थ वेद के विद्वानों व छात्रों के लिये मार्गदर्शन करते हैं। उसी प्रकार यह भी ग्रन्थ प्रामाणिक बन पड़ा है। अतः वेदप्रेमी सज्जनों को स्वामी जी के ये दोनों भाग अवश्य क्रय कर अपने पास रखने चाहियें।

सुधानिधि

शिशुरोग चिकित्साङ्क

सम्पादक–आचार्य रघुवीर प्रसाद त्रिवेदी

प्रकाशक–मुरारीलाल गर्ग धन्वन्तरि कार्यालय विजय गढ़, अलीगढ़, मूल्य–१५-००

यह विशेषांक फरवरी तथा मार्च १९७५ का संयुक्ताङ्क है। यह विशेषांक निम्न खण्डों व उपखण्डों में विभक्त है:––

१	आर्षखण्ड	२५-९३ पृष्ठ
२.	शारीरखण्ड	९९-१२४ पृष्ठ
३.	शिशुसंपोषणखण्ड	१३३-१५३ पृ०

४. शिशुरोगनिदानखण्ड १५८-१८२ पृ०
५. चिकित्साखण्ड १८३-३६० पृ०
क- शिशुऊर्ध्वजत्रुरोगोपखण्ड
ख- श्वसनसंस्थानीयबालरोगोपखण्ड
ग- शिशुकोष्ठकोष्ठांगरोगोपखण्ड
घ- बालहृद्रोगोपखण्ड
ङ- मूत्रवहसंस्थानबालरोगोपखण्ड
च- शिशुसप्तधातुरोगोपखण्ड
छ- शिशुत्वग्रोरोपखण्ड
६. विविध चिकित्सापद्धतियां तथा शिशुरोग ३६३-४१९पृ० शिशु औपसर्गिक रोगोपखण्ड
७. अनुभव खण्ड ४२५-४७२ पृ०

इस प्रकार यह वृहत् विशेषाङ्क अनेकों खण्डों व उप खण्डों में विभक्त है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वैद्य तथा छात्रजगत् तो इससे लाभान्वित होंगे ही सामान्य जन भी ज्ञानवृद्धि के साथ इससे अपने को महान् उपकृत समझेंगे।

कल्याण

(श्री हनुमान अङ्क)

सम्पादक– श्री स्वामी रामसुखदास

प्रकाशक–श्री मोतीलाल जालान, गीताप्रेस गोरखपुर। मूल्य–१२) भारत में २०) विदेश में

भारतवर्ष की आधुनिक अति शोभनीय स्थिति में बाल ब्रह्मचारी, भगवान श्री राम के अनन्य भक्त महापराक्रमी, वीरवर श्री हनुमान का विशेषाङ्क प्रकाशित कर 'कल्याण' सम्पादक मण्डल महान् पुण्य का भागी बना है। भक्ति की पराकाष्ठा, सेवाभाव, अटूट ब्रह्मचर्य तथा वीरभावना आदि अनेक गुण व शक्तियां श्री हनुमान जी में दृष्टि गोचर होती हैं। सन्त कवि तुलसीदास जी ने अनेकों स्थलों पर इन्हें मंगलमूर्ति लिखा है। इसी कारण हिन्दुजाति में प्रायः हनुमान जी की पूजा, अर्चना व उपासना प्रचलित है। विकासशील भारत देश के नौजवानों को अपना आदर्शभूत आराध्यदेव बजरंगबली, नैष्ठिक ब्रह्मचारी, परम सेवक, शास्त्रनिष्णात, अभिमानशून्य, विनयी, महाबली हनुमान ही को बनाना चाहिये। हम इस उत्तम विशेषाङ्क के लिये सम्पादकमण्डल को हार्दिक धन्यवाद देते हैं। आशा है भविष्य में इसी प्रकार धर्म, समाज तथा राष्ट्रोन्नतिकारक साहित्य सस्ते मूल्य पर 'कल्याण' द्वारा उपलब्ध होता रहेगा।

--भगवद्दत्तो वेदालंकारः।

—०—

——०——

सितम्बर १९७५ से आगे--

महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन

(*Contribution of Dayananda to world philosophy*)

जयदेव वेदालंकार

अष्टम अध्याय

यहाँ पर भोग और मोक्ष का संगम होता है क्योंकि शुरु किए हुए कर्मों से भोग तथा विवेक से मोक्ष दोनों एक ही समय में कहे हैं। भोग व मोक्ष की इस सन्धिकाल की अवस्था में आत्मज्ञानी को जीवन-मुक्त कहा जाता है। इस अवस्था को समाज में आवश्यक माना है। यदि ऐसी अवस्था न आए तो विवेक ज्ञान होते ही उनका शरीर नष्ट हो जावे तो सब व्यवस्था हमेशा के लिए नष्ट हो जावेगी क्योंकि साक्षात्कार करने वाले ऋषियों के उपदेश तथा शास्त्र ही तो समाज को सुरक्षित रखते हैं। जितने भी उपवेद या ब्राह्मणग्रंथ आदि हैं इन सब को बनाने वाले आत्मज्ञानी ही थे। इस अवस्था का वर्णन हम इस प्रकार कर सकते हैं कि जिस प्रकार कुम्भकार का चक्र हाथ हटा लेने पर भी वेग के कारण घूमता रहता है, उसी प्रकार मोक्ष प्राप्ति के अनन्तर भी कर्मों की गति के कारण शरीर बना रहता है। अथवा जिस प्रकार भूमि में कुछ जल के रहते हुए भी बीज अंकुर को पैदा कर देता है उसी प्रकार संस्कारों या शुरु किये हुये कर्मों की समाप्ति के लिए शरीर बना रहता है। बस यही जीवनमुक्ति है।

जीवनमुक्ति के समय शुरु किये हुए कर्म तथा उनके फल-भूख-प्यास-निन्द्रा आदि भी जब समाप्त हो जाते हैं तब शरीर नष्ट हो जाता है। इसी को विधेय मुक्ति कहते हैं। भूख, प्यास आदि का प्रभाव उसी प्रकार शरीर पर नहीं पड़ता जैसे ऊसर भूमि में डाले हुए बीज का प्रभाव नहीं पड़ता। विज्ञान भिक्षु के अनुसार विधेय मुक्ति ही एकमात्र मुक्ति है। क्योंकि जब तक आत्मा शरीर में रहता है तबतक उसका शारीरिक व मानसिक विकारों से पूर्ण सम्बन्ध नहीं टूटता।

इस उपरोक्त विवेचन से हमें स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि सांख्य दर्शन के अनुसार मुक्ति में जीवात्मा की सत्ता अपने शुद्ध रूप में बनी रहती है। वह ब्रह्म नहीं हो जाता। सांख्य दर्शन के अनुसार मुक्ति में केवल दुःखाभाव ही नहीं, अपितु मोक्षानन्द की प्राप्ति होती है। परन्तु इस संसार में रहते हुए योगीजन दुःखनिवृत्ति ही चाहते हैं, सुख की अभिलाषा नहीं करते। क्योंकि सांसारिक सुख में दुःख किसी न किसी रूप में मिश्रित रहता है। मोक्षानन्द एक ऐसा आनन्द है जिसकी तुलना संसार के किसी पदार्थ से अथवा सांसारिक अनुभूति से नहीं की जा सकती।

यही दृष्टिकोण महर्षि दयानन्द जी का भी है कि मुक्त अवस्था में जीव ब्रह्मानन्द को प्राप्त करता है और जब तक जीव मुक्ति में रहता है तब तक उसे एक स्थिर आनन्द की प्राप्ति होती है।

योग दर्शन के अनुसार बुद्धि और पुरुष के शुद्ध होने पर मोक्ष होता है। जब बुद्धि रजस् और तमस् के मेल से छूट जाती है अथवा छूट कर पवित्र हो जाती है उस समय पुरुष के अन्दर अपने स्वरूप में ठहरने की शक्ति उत्पन्न हो जाती है। यही कैवल्य है। योगदर्शनकार के इस कथन से ऐसा प्रतीत होता है कि यह उन्होंने जीवन मुक्त के स्वरूप का वर्णन किया है क्योंकि कैवल्यपाद के अन्तिम सूत्र में कैवल्य का जो हमें वर्णन मिलता है वह इससे भिन्न सा है। जब योगी के सत्व-रज-तम आदि गुण अपने कारणों में लीन हो जाते हैं अथवा पुरुषार्थहीन हो जाते हैं या फल देना बन्द कर देते हैं तब चिति शक्ति अपने स्वरूप में स्थित होकर ब्रह्म को प्राप्त हो जाती है। बस यही मोक्ष है। क्योंकि चिति शक्ति पर जब तक गुणों का प्रभाव रहता है तब तक मैं दुःखी और सुखी हूं आदि की भावनायें बनी रहती हैं। परन्तु जब चिति शक्ति पर किसी गुण अथवा प्रकृति का किसी प्रकार का प्रभाव नहीं रहता तब आत्मा विमुक्त हो कर के अपने स्वरूप में स्वतन्त्र विचरता है। मुक्ति की अवस्था में जीवात्मा मोक्षानन्द को प्राप्त कर लेता है। शेष मुक्ति का वर्णन इसका भी साँख्य दर्शन की भांति है जिस का हम पीछे वर्णन कर चुके हैं अतः उस वर्णन की यहां लिखने की आवश्यकता नहीं है।

उपनिषदों में भी मुक्ति के विषय में इस प्रकार आता है कि जो परमात्मा सब प्रकार के पाप, मृत्यु, जरा, शोक आदि से रहित है उस की खोज अथवा उसको जानने का प्रयास करना चाहिए। उस ब्रह्म के ही कारण मुक्त जीवात्माएँ सब प्रकार के काम को प्राप्त होता है अथवा जानता है[1]। जो परमात्मा को प्राप्त करके मोक्ष साधनों के द्वारा अपने को शुद्ध करता है, वह मुक्ति को प्राप्त कर के दिव्य नेत्र और शुद्ध मन से सब को देखता है और सर्वत्र विचरता है[2]।

इस प्रकार हमने देखा कि उपनिषदों में भी मुक्ति का वर्णन स्पष्टतया मिलता है। उपनिषदों में कई जगह मुक्ति के लिए अमृत शब्द का प्रयोग किया गया है। और संसार में किसी प्रकार के सुख दुःखों का लेशमात्र भी नहीं रहता, वहाँ मुक्तात्मा सदा ब्रह्मानन्द में रहता है। महर्षि दयानन्द जी ने सत्यार्थ प्रकाश के नवम समुल्लास में यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है कि मुक्ति में जीवात्मा इन्द्रियों के साथ न होकर भी अपने सामर्थ्य से सब प्रकार के आनन्द को भोगता है। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि वह आनन्द विषयानन्द नहीं है, अपितु एक ऐसा आनन्द है जो मुक्ति में तब तक बना रहता है जब तक कि जीवात्मा मुक्ति में बना रहता है। उस आनन्द के अनुभव करने के लिए महर्षि दयानन्द जी जीवात्मा की

१–यः आत्मा अपहत पाप्मा––सत्यकामः सत्यसंकल्पः सो अन्वेष्टव्यः–––– लोकानाप्नोति सर्वाश्च कामान् यस्तमात्मानमनु विद्यविजानातीति।
(छान्दोग्य ८।७।१) (स० ९ समु०)

२–स एव एषः एतेन दैवेन चक्षुषा मनसैतान् कामाने पश्यन् रमते। यः एते ब्रह्मलोपे–––विजानातीति।　　(छान्दोग्य ८।१२।५)

स्वशक्ति मानते हैं। जिस को वे बल, पराक्रम, आकर्षण, प्रेरणा, गति, भाषण आदि २४ प्रकार के मानते हैं१।

पाश्चात्य दर्शन में मोक्ष के प्रश्न पर लोग मौन हैं। क्योंकि पाश्चात्य दर्शनकार उस सूक्ष्म विवेचना तक नहीं पहुंच पाये थे, जिस सूक्ष्म विवेचना का वर्णन भारतीय ऋषियों ने समाधि अवस्था को प्राप्त कर के किया। इस का यही कारण हो सकता है कि पाश्चात्य दार्शनिकों के लिए वह साहित्य उपलब्ध न हो सका जो भारतीय ऋषियों को प्राप्त हुआ। अस्तु, जो भी हो यद्यपि पाश्चात्य दर्शन में भी भौतिकवाद के धरातल से ऊपर उठ कर हैगल और काण्ट आदि दार्शनिक पूर्ण प्रत्ययवाद में प्रवेश करने की चेष्टा करते हुए दिखाई देते हैं, परन्तु भारतीय दर्शनों के तारतम्य और उनके सदृश गम्भीरता का लेश उनके दर्शनों में हमें तनिक भी प्राप्त नहीं हो पाता। यह अन्तर इस लिए है कि भारतीय दार्शनिक अन्दर से बाहर की ओर आते हैं अर्थात् आध्यात्मिक जगत् से बाह्य जगत् की ओर पदार्पण करते हैं अथवा बाह्य जगत् की व्याख्या करते हैं२। परन्तु पाश्चात्य दर्शन के अन्दर हम इस चीज का अभाव पाते हैं। वे पहले जगत् की व्याख्या करते हैं, फिर मन की व्याख्या करने का प्रयास करते हैं। पाश्चात्य देशों में भी आजकल के दार्शनिक कुछ आत्मा और उस के स्वरूप के विषय में जानने का प्रयास कर रहे हैं। परन्तु इतना स्पष्ट है कि, मुक्ति के विषय में उनकी कुछ स्पष्ट भावनाएं प्राप्त नहीं होती हैं।

मुक्ति के स्वरूप का वर्णन करने के पश्चात् संक्षेप में मुक्ति के साधनों का वर्णन करते हैं। मुमुक्षु वही हो सकता है जो श्रवण, मनन, निधिध्यासन और साक्षात्कार, जिसको श्रवण चतुष्टय कहते हैं, इनका पालन ध्यानपूर्वक न किया जावे, क्योंकि जो गुरु ने कहा उसको ध्यान से सुना न जाए और सुने हुए का मनन न किया जावे मनन करने के पश्चात् जैसा निश्चय हुआ हो, उस के अनुसार चला न जावे, उसके अनुसार आचरण करके उसके साक्षाधर्थ रूप से जान न लिया जावे तबतक साधक मुक्ति के साधनों का पालन नहीं कर सकता। हमारे शास्त्रों में पांच कोशों का वर्णन आता है। १–अन्नमय कोश–जो हमारी त्वचा से लेकर समस्त स्थूल शरीर का भाग माना जाता है। २–प्राणमय कोश जिस में प्राण–अपान आदि दसों प्रकार के प्राणों का वर्णन है। जब योगी एकान्त-स्थान में जाकर के प्राणायाम का अभ्यास करता है तो उसके शरीर की सब धातुएँ निर्मल हो जाती हैं और मन पवित्र हो जाता है। ३–मनोमय कोश–इस कोश में मन के साथ पांचों कर्मेन्द्रियाँ हैं। मन और पाँच कर्मेन्द्रियों की शुद्धि और उनकी रचना के रहस्य को जान लेता है। ४–विज्ञानमय कोश-जिसमें बुद्धि व पांचों ज्ञानेन्द्रियां सम्मिलित हैं। ५–आनन्दमय कोश–जिस में सब

---

१ – पूर्व-पक्ष–उसकी शक्ति कै प्रकार की और कितनी है?

उत्तर-पक्ष–मुख्य एक प्रकार की शक्ति है, परन्तु बल, पराक्रम आकर्षण, उत्साह, स्मरण, निश्चय, इच्छा, प्रेम ये २४ प्रकार के सामर्थ्ययुक्त जीव हैं। इस से मुक्ति में भी आनन्द की प्राप्ति होती है। (स० प्र० ९ स मु०)

२– यत्पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे।

का आधार कारणरूप प्रकृति है, उसके रहस्य को अच्छी प्रकार जानता है। इस प्रकार ये पांच अवस्थायें हैं, जिनकी मुक्तिप्राप्ति के लिये जानना अथवा पांचों कोशों के रहस्य को जानता हुआ साधक सूक्ष्म शरीर में प्रवेश करता हुआ वैराग्य को पूर्ण रूपेण धारण करता हुआ, परमात्मा की सभी प्रकार की आज्ञाओं का पालन करता है। इस प्रकार साधक स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर जाता हुआ सभी गुप्त रहस्यों को जानने का प्रयास करता है।

पाँच प्रकार के क्लेश हैं, जिनके कारण हम बन्धन में फंसे रहते हैं। वे हैं – अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश१। जो मुक्ति प्राप्त करना चाहते हैं। वे इन पाँच प्रकार के क्लेशों से दूर रहें। अनित्य में नित्य बुद्धि, अपवित्रता में पवित्रता की बुद्धि। जैसे हम इस हाड मांस के शरीर को पवित्र समझ कर इसी में फंसे रहते हैं। जो वस्तुएं दुःख देने वाली ही हैं उन्हें सुखदायी समझना। जैसे संसार के भोग दुःख देने वाले ही हैं परन्तु इनको सुखदायी समझ कर इनमें ही मग्न रहना। इसी प्रकार जड पदार्थों में चेतन बुद्धि करना और चेतन में जड़भाव करना२। अपने को ही सब कुछ समझना, अहंकार भाव को सदा बनाये रखना। यह चार प्रकार की अविद्या सभी जीवों को नचाती रहती है। इसके विपरीत विद्या कहलाती है। इन उपरोक्त प्रकार की अविद्याओं से मनुष्य जब छूटता है तभी वह मुक्ति प्राप्त करता है१। जब योगी समाधि-योग के द्वारा अविद्या आदि मलों को नष्ट कर देता है, आत्मस्थ होकर जो जगदीश्वर का ध्यान करता है उस समय जो योगी को ज्ञान प्राप्त होता है वह वाणी द्वारा नहीं बतलाया जा सकता है।२

मुक्तिप्राप्ति के लिए योगदर्शन में अष्टांगयोग का वर्णन आता है। जिसमें यम, नियम, प्रणायाम, आसन, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि हैं। यम, पांच प्रकार का होता है–अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह। नियम–शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान, पांच प्रकार का होता है। यम, नियमों का पालन अत्यन्त आवश्यक बतलाया है। देश, काल और परिस्थिति आदि सभी दृष्टियों से यमों का पालन करना अत्यन्त आवश्यक है।

शटक सम्पत्ति मुक्ति के साधनों में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। १–शम–मन को अशुभ कर्मों से हटा कर पुण्य-कर्मों में लगाना शम कहलाता है। २–दम-इन्द्रियनिग्रह करने का नाम दम है। ३–उपरति–दुष्ट पुरुषों से उपराम होना अर्थात् विलासी मनुष्यों का संसर्ग न करना।

(क्रमश.)

१–अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पंच क्लेशाः अ० १–पा०२ सूत्र ३

२–अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या (१–२–५ ऋग्वेद आदि भाष्यभूमिका)

१–जब विद्या से अविद्या की निवृत्ति होती है, तब बन्धन–––मुक्ति को प्राप्त होता है। (ऋग्वेद आदि भाष्यभूमिका मुक्ति प्रकरण)

२–समाधिनिर्धूतमलस्य चेतसो निवेशितस्यात्मनि यत्सुखं भवेत्।
न शक्यते वर्णयितुं गिरा तदा स्वयन्तदन्तःकरणेन गृह्यते॥(मै० ४।३।९)

अन्तरिक्ष उड़ान का इतिहास--

उड़ान-कल्पना-लोक से वास्तविकता की ओर

श्री विजय शंकर, अध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

अकस्मात पटाखों का विस्फोट हो जाता है और साइरेनो यान के साथ बेअख्तयार हवा में उड़ने लगता है। वह ऊपर उठता चला जाता है और इस प्रकार गल्प में साइरेनो पहला आदमी होता है जो राकेट प्रघात द्वारा चांद पर पहुंचा। अपनी उड़ान के मध्य वह चांद की आकर्षण शक्ति से चांद की ओर खिंचता है। तत्पश्चात वह चांद की सैर करता है और केपलर तथा गांडविन के चांद के काल्पनिक वर्णनों को और अधिक नमक-मिर्च मिलाकर बताता है। केपलर की तरह साइरेनो पृथ्वी पर अति प्राकृतिक साधन द्वारा वापस आता है। बाद की उड़ानों में वह सूर्य तक भी पहुंचता है। **वैज्ञानिक गल्प में साइरेनो की राकेट की सहायता से चांद की उड़ान बेमिसाल है।** साइरेनो के समय में आतिशबाजी (fireworks) और हवाई राकेट अत्यधिक प्रचलित थे।

उड़ान का प्रारम्भ :

एक ओर खगोल विज्ञान और विज्ञान के बढ़ते हुए चरणों ने मनुष्य में पृथ्वी के परे की दुनियां में रुचि और जागरूकता पैदा की और दूसरी ओर **विल्किन्स, गाँडविन** और **साइरेनो** के लेखों ने उड़ान के विचारों को बढ़ावा दिया।

१६७० में फ्रेन्सेस्को लेनाटर्जी (Fransasco Lana Tarzi) ने हवा से हल्के जहाज का विचार प्रस्तुत किया। इस पर विचार विमर्श करने से **गुब्बारा** (baloon) **का आविष्कार हुआ जो मनुष्य के उड़ान का सर्वप्रथम व्यावहारिक साधन बना। गुब्बारा (बैलून) की सर्वप्रथम सफल उड़ान का प्रदर्शन ५ जून १७८३ में फ्रांस में जोसेफ** और **एटोने मांटगोल्फिअर** ने किया। ३५ फीट व्यास का कपड़े का बैलून जिस में कागज़ अस्तर लगा था गरम हवा और धुएं के द्वारा फुलाया गया। यह गुब्बारा ६००० फीट की ऊंचाई तक उड़ा और १० मिनट बाद नीचे उतरा फ्रेंच अकादमी ने मांटगोल्फिअर भाईयों को अपने सनसनी पूर्ण एवं नाटकीय प्रयोग के प्रदर्शन के लिये पेरिस बुलाया। इस पर ९ सितम्बर १७८३ को **लूई** और उनके दरबारियों की उपस्थिति में एक सुनहरे रंग का कागज और कपड़े का बना हुआ गुब्बारा छोड़ा गया जिसमें जीवित भेड़ और बत्तख भी थे। यह प्रथम जैव भारयोग सुरक्षा के साथ वापस प्राप्त हुआ। यह कहा जाता है कि भेड़ ने बत्तख के लात मारी थी। फिर भी बत्तख प्रथम अन्तरिक्ष कुत्ते :**'लाइका''** से अधिक अच्छी रही। लाइका जिसने १९५७ में स्पुटिनिक में अन्तरिक्ष का चक्कर लगाया था जीवित न रह सका, जब कि बतख जीवित रही।

संसार का सर्वप्रथम पुरुष जो हवा में उड़ा लुई का कोर्ट इतिहासकार पिलेटे डी रोज़िअर (Pilatae de Rosier) **था।** १५ अक्टूबर १७८३ को मांटगोल्फिअर टाइप गरम हवा के गुब्बारे (बैलून) में डी रोजिअर ८५ फीट की ऊंचाई तक उड़ा। २१ नवम्बर को १७८३ डी रोजिअर और मार्क्विस एरलेन्डिस चमकदार सुनहरे और नीले रंग के गुब्बारे में ३००० फीट की ऊंचाई पर पेरिस शहर के ऊपर उड़े। १ दिसम्बर १७८३ को प्रोफेसर चार्ल्स और राबर्ट हाइड्रोजन गैस के गुब्बारे में पृथ्वी से १०,००० फीट की ऊंचाई तक उड़े। इस प्रकार १७८३ तक आदमी उड़ने लगा

था और लोगों पर गुब्बारे (बैलून) का भूत सवार हो चुका था ।

मनुष्य की सर्वप्रथम बैलून उड़ान के १४ मास पश्चात 'जनवरी १७८५ को' **जीनपियरे ब्लेन्कार्ड** और **डाक्टर जांन जेफ्रीज डोवर** से केलेस (Dover to Calais) तक इंगलिश चैनल के आर पार उड़े । **यह प्रथम सफल अन्तर्राष्ट्रीय उड़ान थी** । इससे पूरे योरोप में अब बैलून की धूम मच गई । १८ वीं शताब्दी के अन्त तक सैकड़ों बैलून उड़ाने हो चुकी थीं ।

हवा से उड़नें वाले बलून की उपयोगिता धरती का दृश्य देखने और साहसिक रोमांच के अतिरिक्त सीमित थी । १८७४ में गैस्टन टिसेन्डियर और अनेक वैज्ञानिक ऊपरी वायुमण्डल के अध्ययन के लिये २९००० फीट की ऊंचाई तक पहुंचे । बैलून से हवाई निरीक्षण का सैनिक मूल्य भी था । १७९४ तक फ्रांस की सेना ने बैलून निरीक्षण स्क्वाड्रन संगठित कर लिया । बैलूनों का प्रयोग अनेक लड़ाइयों में हुआ । जैसे अमरीकी गृह युद्ध, फ्रेंको प्रूशन युद्ध (१८७०-७१), और प्रथम तथा द्वितीय महायुद्ध में । **१८७१ में पेरिस के घेरा** (Seige of Paris) **के दौरान बैलून के द्वारा पहली हवाई डाक भेजी गई** । बैलून की लोकप्रियता समय के साथ २ बढ़ती चली गई और शीघ्र ही पूरे योरोप में बैलून एक सर्वप्रिय क्रीड़ा यन्त्र बन गया और लगभग एक शताब्दी तक हवा के साथ क्षेत्रपार (Cross Country) बैलून दौड़ों की एक धुन सी चलती रही ।

१९वीं शताब्दी के अन्त तक बैलून अन्तर्दहन इंजन (internal combustion engine) द्वारा चलाये जाने लगे । पार्श्विक स्थिरता (lateral stability) के लिये वह सिगार की तरह लम्बे बनाये गये । १९०१ में ब्राजील निवासी **सेन्टोस डयूमांट** ने पैरिस में ईफल टावर के चारों और अपने वायुपोत में चक्कर लगाकर पैरिस वालों के दिल मोह लिये । १९०० में जर्मनी के काउन्ट वान जेप्लिन ने अनम्य ढांचे वाले वायुपोत (rigid frame deregeble) उड़ाना आरम्भ किया जिसमें यात्रियों के लिये बन्द केबिन थे । इस तकनीक से बड़े आकार के **जैपेलीन** (Zeppelin) बनाये जाने लगे और इनमें से एक ने (ग्रेफ जैपेलीन ने) १९२७ में संसार का चक्कर लगाया । लेकिन १९३७ में वानहिंडेनवर्ग नामक जेप्लिन लेकहर्स्ट (Lakehurst) पर टकरा कर आग की लपटों को समर्पित हो गया और इसके साथ डिरिजिबल के दिन भी समाप्त हो गये ।

२०वीं शताब्दी में भी बैलून के बहुमूल्य उपकरण बने रहे । वे वायुमण्डल में वायुयान की अपेक्षा अधिक ऊंचाई तक पहुंचे । १९२७ में अमरीकी **कप्तान एच० ए० ग्रे०** बैलून द्वारा समताप मण्डल (स्टेटोस्फियर) में पहुंचे जबकि बेल्जियन **आगस्टे पिक्कार्ड** १९३२ में बैलून द्वारा ५३,१५२ फीट ऊंचाई तक उड़े । हीलियम गैस द्वारा फुलाये गये बैलून **एक्सप्लोरर II** में सेना के कप्तान **ओ० ए० एन्डरसन** और **ए० डब्ल्यू० स्टीवेन्स** १९३५ में ७२,३९५ फीट की ऊंचाई तक उड़े । ऊंची उड़ानों का यह ऐसा एक रिकार्ड था जो ४० वर्ष तक कायम रहा । द्वितीय महायुद्ध के बाद हल्के और मजबूत प्लास्टिक के बैलूनों का विकास हुआ । यह मनुष्य को १००,००० फीट से अधिक की ऊंचाई तक ले जा सकते थे । अन्तरिक्ष युग में भी यह एक उपयोगी प्राप्ति बनी रही थी ।

अन्तरिक्ष को वैमनिकीय (aeronautical) **मार्ग**

जबकि बैलून और डिरिजिबल से मनुष्य की उड़ने की साध पूरी हुई, उसकी तेज रफ्तार से और सपक्ष उड़ने का स्वप्न फिर भी स्वप्न ही बना रहा। अपने इस स्वप्न को साकार करने के लिये वह निरन्तर प्रयत्न करता रहा और २० वीं शताब्दी के प्रारम्भ में उसने बैलून से अधिक तेज रफ्तार वाला और कम खर्चीला हवाई रथ (aerial chariot), वायुयान (एयर प्लेन) बनाया। **दिसम्बर १७, १९०३ विमान के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन था।** इस दिन डेटन के **राइट भाइयों** ने किट्टी हाक नार्थ केरोलिना में अपने बाइप्लेन में सफल उड़ान भरी। **यह यन्त्रशक्तियुक्त वायुयान** (powered aeroplane) **में मनुष्य द्वारा नियन्त्रित प्रथम उड़ान थी।** मनुष्य के इतिहास पर विमान का प्रचुर प्रभाव पड़ा। बड़े देशों का यह महत्वपूर्ण सैनिक हथियार बना। २० वीं शताब्दी के दो महायुद्धों के मध्य वैमानिकी (aeronautics) में तेजी के साथ प्रगति हुई। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि जहाँ अनेक अन्य लोग वायुयान बनाने में असफल रहे वहाँ राइट भाइयों को आश्चर्यजनक सफलता मिली। राइट भाइयों की सफलता का कारण उनका कठिन परिश्रम, लगाव, इंजीनियरिंग का ज्ञान और इस क्षेत्र में हुए पिछले काम का गहन अध्ययन था। इस सिलसिले में यहां १५ वीं शताब्दी के महान् कलाकार, वैज्ञानिक और इंजीनियर **लेनार्द दी विन्सी** का नाम उल्लेखनीय है। उनके महत्वपूर्ण कार्य जो उनकी नोटबुक में दर्ज थे लगभग ३०० वर्ष तक संसार के सामने नहीं आये। इन में घूर्णक पंख (rotary), पैराशूट, नोदक (propeller) के चित्र और उन पर टिप्पणी थीं। राइट भाइयों से पूर्व जिन अनेक लोगों के नाम विमानन (एवियेशन) के इतिहास में आते हैं उनमें सर्वप्रथम सर जार्ज केली (Sir George Cayley) है जिन्हें ब्रिटिश एवियेशन का पिता माना जाता है। इन्होंने १८०४ में स्थिर पंख वाले ग्लाइडर (fixed wing glider) अन्तर्दहन इंजन (interal combustion engine), पेचदार नोदक (screw propellers) और घूर्णक पंख के एक के बाद एक, अनेक डिजाइन बनाये और परीक्षण आरम्भ किए। १८४३ तक केली के १ नोदक और ४ नोदक पंख वाले हवाई रथ (एरियल कैरेज) में वायुयान और हैलीकप्टर दोनों के लक्षण सम्मिलित थे। १८४७ में स्टिंगफेलो ने भाप चलित २० फ़ुटा सपक्ष क्रेफ्ट (winged craft) को सफलता से उड़ाया। १८६६ में ग्रेट ब्रिटेन की वैमानिकीय सोसाइटी (एयरॉनाटिकल सोसाइटी) बनी और इसी समय फ्रांस में **पैनूड** (Peneud) ने एलीरिया में **मोइलियार्ड** ने और इंगलैण्ड में **एल्डर** एवं **मैक्विजम** ने यह अनुभव किया कि सपक्ष उड़ान की समस्या का हल निकलना निश्चित है। १९ वीं शताब्दी के अन्तिम दिनों में यूनाइटेड स्टेट्स (अमरीका) में **आक्टेव चन्यूटे** और **जांन मांटगामरी** ने, तथा जर्मनी में **आटोलीलियेन्थाल** ने ग्लाइड (सर्पण) उड़ान आरम्भ की।

स्मिथसोनियन संस्थान के सचिव और विख्यात वैज्ञानिक **सेम्युएल पो० लेंगले** ने विमान विज्ञान के विकास के लिए अपनी सूझबूझ, और राइट तथा अन्य लोगों के लिये शोध कार्य में आर्थिक सहायता प्रदान की। १८९६ में **लेंग्ले** ने भाप से चलने वाला एयरोड्रोम का माडल बनाया जो आधे मील से अधिक दूरी तक उड़ा। इस महान प्रदर्शन से प्रभावित होकर यूनाइटेड स्टेटस के आर्डनेन्स तथा

PR
८०
गु ९ गु.२८

76018

फर्टिफिकेशन के आर्मी बोर्ड ने लेंग्ले को मनुष्य ले जाने वाले एयरड्रोम के विकास के लिये ५०,००० का अनुदान दिया। किन्तु ८ दिसम्बर १९०३ को राइट भाइयों की सफ़ल उड़ान के ९ दिन पूर्व लेंग्ले का एयरोड्रोम जिसे चार्ल्स मेनली चला रहे थे एनाकोस्टिआ के निकट पोलोमक नदी में जा गिरा।

अप्रैल १९०८ में आर्विले राइट फ्लायर का प्रदर्शन अमरीकी सैनिक निरीक्षकों के सामने किया जिससे प्रभावित होकर **१९०९ में यूनाइटेड स्टेटेस ने संसार में वायुयान रखने की पहल की।**

संसार का पहला मनुष्य जो यूरोप की धरती से ऊपर उड़ा सेन्टास-डयूमांट था। इस घटना से प्रभावित होकर ब्रिटिश संवाददाता लार्ड नार्थ विलफ ने कहा था **समाचार यह नहीं है कि मनुष्य उड़ निकला है, बल्कि यह है कि इंगलैण्ड अब द्वीप नहीं रहा।** १९०९ में फ्रांस के **लुई ब्लेरियार** ने फ्रांस से इंगलैण्ड तक इंगलिश चैनल के पार उड़कर इस बयान की संपुष्टि की। अब हवाई जहाज का युग भली भांति आरम्भ हो चुका था।

१९०८ तक यूरोप का प्रत्येक बड़ा राष्ट्र राइट के एयरप्लेन की श्रेष्ठता देख और मान चुका था और फलस्वरूप प्रत्येक ने वैमानिकीय विज्ञान के अध्ययन और उन्नति के लिये सरकारी प्रयोगशालायें स्थापित कर लीं। इस समय योरोप में अन्तर्राष्ट्रीय तनाव के कारण सैनिक हथयारों के लिए दौड़ आरम्भ हो गई थी। यह समझा जाने लगा था कि युद्ध छिड़ा तो अधिक अच्छे वायुयान जल और थल पर शत्रु का निरीक्षण करने के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। किन्तु आश्चर्य की बात है कि विमानन को आगे बढ़ाने की इस दौड़ में राइट भाइयों का देश, अमरीका, पिछड़ गया।

१९१४ के महायुद्ध में विभिन्न देशों के पास वायुयानों की संख्या इस प्रकार थी :—

फ्रांस	१४०० सैनिक एयरक्रेफ्ट
जर्मनी	१००० एयरप्लेन्स तथा १ हवा से डिरिजिबल एयरफ्लीट
रूस	८०० एयरप्लेन्स
इंग्लैण्ड	४०० एयरप्लेन्स
यूनाइटेड स्टेटस	२३ सैनिक एयरप्लेन्स

अमरीका में १९१५ में काँग्रेस ने उड़ान की समस्याओं का वैज्ञानिक अध्ययन करने के लिये नेशनल एडवाइजरी कमेटी फॉर एतरनाटिक्से (National advirsory committee for aeronautics) की स्थापना की।

१९१४ के महायुद्ध के मध्य विमानन (एविएशन) के क्षेत्र में तेजी से उन्नति हुई। घूर्णक नोदक (rotating propellers) में से होकर मशीनगन द्वारा गोली चलाने का आविष्कार हुआ। इस आविष्कार ने (एयरप्लेन) को हवाई लड़ाई के योग्य बना दिया। १९१४ में वायुयान (एयरप्लेन) के उड़ने का रिकार्ड १२६ मील प्रति घंटा था और वह २०,००० फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता था। १९१८ में जब युद्ध समाप्त हुआ वायुयान (एयरक्रेफट) की रफ्तार १७१ मील प्रति घंटा थी और वह ३०,००० फ़ीट की ऊंचाई तक उड़ सकता था। १९१९ में इंगलैण्ड में **रायल एयर फोर्स** की स्थापना हुई। **इटली में गियूलो डूहेट** (Giulo Douhet) ने **"कमांड आफ दी एयर" नामक पुस्तक लिखी जिसमें यह बताया गया कि भविष्य के युद्ध हवा में जीते जायेंगे। १९१९ में हवाई डाक और सवारी यातायात आरम्भ हुआ।** मई २०, २१, १९२७ को **चार्ल्स ए० लिन्डबर्ग** अपने मानोप्लेन,

'स्पिरिट आफ सेन्ट लुई' में अकेले अटलाँटिक महासागर के आरपार उड़े।

द्वितीय महायुद्ध के मध्य (१९३९–१९४५) भी उड़ान की तकनीक में प्रगति तेजी से हुई। हिटलर के जर्मनी ने जेट-चलित (Jet propelled) और राकेट से विदोदित (rocket thrusted) वायुयान बनाये। उसने तरल ईंधन वाले प्राक्षेपिक बैलिस्टिक राकेट भी बनाये। सब जानते है कि किस प्रकार जर्मनी ने अपनी हवाई ताकत के बल पर फ्रांस, इंग्लैंड, स्कैंडीनेविया, पोलेण्ड आदि देशों को रौंद डाला था। और इसी प्रकार ६ अगस्त १९४५ को जब जापान ने अमरीका के सामने बिना आक्रमण के हथियार डाले थे तो यह केवल हवाई ताकत के कारण संभव हुआ था। हीरोशिमा और नागासाकी पर अमरीकी विमान बी–२९ ने एटम बम गिराकर जापान की कमर तोड़ दी। प्रत्यक्ष है कि वायुयान (एयरप्लेन) ने युद्ध के साधनों में इन्कलाब ला दिया।

अब हवाई जहाज ६०० मील प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ने लगे और ५०,००० फीट की ऊंचाई तक पहुंच निकले। रायल एयर फोर्स के फ्रैंक व्हिटल ने एयरक्रेफट को जेट प्रणोदन से उड़ाने के लिये प्रयत्न आरम्भ किये। जर्मनी के पास भी राकेट–चलित (rocket propelled) लड़ाकू थे।

१९५० में कोरिया के युद्ध में यूनाइटेड स्टेट्स (एफ–८६) और सोवियट (एम० आई० जी० १५) जेट लड़ाकू वायुयान (एयरक्रेफट) आपस भिड़े। १९५४ में यू० एस० एयरफोर्स के हथियारों में हाइड्रोजन बम भी सम्मिलित हो गया। यह एटम बम से हजार गुना शक्तिशाली था। इस सबसे कूटनीतिज्ञता में भी इन्कलाब आया। एक ही स्थान से विश्व के कोने २ तक बम गिराने वाले विश्वव्यापी बाम्बर फोर्स (global-lagged bomber force) में आक्रमण करने वालों को डर पैदा हो गया।

आन्तरिक्ष के कगार पर

उड़ान के इतिहास में बैमानिकी के नाटकीय एवं महत्वपूर्ण अध्याय ने अन्तरिक्ष उड़ान की ओर महत्वपूर्ण वैज्ञानिक एवं तकनीकी कदम बढ़ाने में प्रशंसनीय योगदान दिया। विज्ञान के इस क्षेत्र में प्रगति तेजी से हुई वायुयान (एयरप्लेन) के लिये राकेट इंजन का विकास संभव हुआ। १९२९ में फ्रिटज वान ओपेल अपने राकेट–चलित ग्लाइडर में सफलता के साथ उड़े। १९४४ में यू० एस० राकेट एयरप्लेन प्रोग्राम आरम्भ हुआ। १४ अक्टूबर, १९४७ को चार्ल्स ई० ईगर (clharles Eyeager) ने बेल X–I नामक वायुयान में पहली पराध्वनिक (ultrasonic) उड़ान भरी। बेल X–I में ६,००० पौण्ड नोद का राकेट इंजन लगा था।

इस प्रकार राकेट रिसर्च एयरप्लेन प्रोग्राम का सफलता के साथ प्रारम्भ हुआ और जब तक अन्तरिक्ष युग नहीं आया इस प्रोग्राम ने मनुष्य को लेकर उड़ने में रफ्तार और ऊंचाई (altitude) के समस्त रिकार्ड तोड़े। नवम्बर १९५३ में ए० स्काट क्रासफील्ड यू० एस०एन० ए० डुगलम डी ५५८–।।में ध्वनि से दुगनी गति से उड़े **राकेट दहन के लिये आक्सीजन की आवश्यकता नहीं होती।** इसलिये राकेट इंजन की सहायता से मनुष्य वायुमण्डल में इतना ऊंचा उड़ सकता था जितना कि उसका राकेट एयरप्लेन का नोद (प्रघात thrust) उसको ले जा सके।

—क्रमशः

युग पुरुष—नेहरू

सत्यवीर विद्यालंकार

स्वदेशप्रेम की साक्षात् मूर्ति, जनता के सर्वप्रिय नेता विश्वशांति के आधार उस शांति दूत जवाहर को कौन नहीं जानता ? ऐसा कौन सा अभागा देश है, जहां के लोग इनके समान निर्भीक, त्यागी, स्वाभिमानी, अनुशासनप्रिय रंणबांकुरे योद्धा को पाकर गर्व नहीं करेंगे ? सचमुच मोती का दुलारा, देश का प्यारा और त्रस्त मानवता का सहारा नेहरू जी राष्ट्र की जान थे। सन् 1889 ई०, 14 नवम्बर को प्रयाग के नेहरू परिवार में जन्मे १९०५ में जवाहर उच्च शिक्षा के लिए इग्लैंड गए, कैम्ब्रीज कालेज से B.A. और M.A. की उपाधियां प्राप्त कर १९२२ में बैरिस्टर बनकर भारत आए। १९१३ में जवाहर लाल कौल की पुत्री कमला से प्रेम सूत्र में बंध गए।

सन् १९१८ ई० में रौलट ऐक्ट कानून बनने से देश भर में अशांति की लहर फैल गई। गांधी जी राष्ट्र के नेताओं रूप में सामने आए। युवक जवाहर का मन उनकी ओर आकर्षित हुआ। गांधी जी को जवाहर मिला और जवाहर को उनका बापू। आगे चलकर यह मिलन देश के लिए बहुत कल्याणकारी सिद्ध हुआ।

जब सन् १९२० ई० में असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ हुआ तब पंडित नेहरू की प्रसन्नता का ठिकाना न रहा। इसी समय अवध के किसानों के आन्दोलन में सक्रिय भाग लेने के कारण ये सर्वप्रथम जनता के निकट सम्पर्क में आए। इन्हें जनता की संगठन-शक्ति का ज्ञान हुआ। इसी आन्दोलन में इन्हें सर्वप्रथम जेल जाना पड़ा। इन्हीं के अनुरोध से सन् १९२८ में कलकत्ता कांग्रेस में विदेशी सरकार को एक वर्ष के भीतर औपनिवेशिक स्वराज्य देने की चुनौती दी गई। सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगी। वह टस से मस नहीं हुई। टालमटोल करती रही। अगले वर्ष लाहौर में कांग्रेस के पंडित जी अध्यक्ष बने। उन्होंने वहां पूर्ण स्वाधीनता की घोषणा की। देश का आन्दोलन उग्र रूप लेने पर १८ मास की जेल गए। संयुक्त प्रांत में किसान आन्दोलन का नेतृत्व किया। जेल से छूटकर सन् १९४२ की भारतीय क्रांति का सारा उत्तरदायित्व संभाल निर्भीकता का परिचय दिया। ४२ के आन्दोलन से ब्रिटिश सरकार घबरा गई। अब भारत को गुलाम रखना मुश्किल था, चर्चिल बौखला गए। और आखिर भारत स्वतन्त्र हुआ पंडित जी ने प्रथम प्रधानमंत्री के पद को सुशोभित किया। पंडित जी अमेरिका गए, वहां की जनता ने उनका जैसा शानदार स्वागत किया, वहां के इतिहास में आज तक किसी को ऐसा सम्मान नसीब नहीं हुआ था, चर्चिल तक को नहीं। कोलंबिया विश्व विद्यालय की ओर से उन्हें डाक्टर आफ ला से सम्मानित किया गया, विश्वविद्यालय ने २०० वर्ष के इतिहास में किसी भी ऐसे अतिथि का स्वागत नहीं किया था, जो कि पंडित नेहरू जी से अधिक प्रतिष्ठा का भाजन रहा हो, अथवा जिसका स्वागत इनसे बढ़कर हुआ हो। इसी प्रकार वाशिंगटन, न्यूयार्क, बोस्टन, ओटावा, शिकागो, सैनफ्रैंसिसको, बैंकोवर आदि शहर में इनका अभूतपूर्व स्वागत हुआ। अपने नेता के इस स्वागत से भारत का मस्तक उन्नत हुआ। नेहरू अनेक सद्गुणों के भण्डार थे। वे बच्चों के बहुत प्यारे थे, बच्चे उनको बहुत चाहते थे। जहां भी बच्चे दीखते वे अपना सब कुछ छोड़ बच्चों को दुलार से गोद में उठा लेते। भारत में आज हम अनेक दिवस मना रहे हैं, महिला वर्ष, अध्यापक दिवस, आदि। इसीलिए की जिससे कुछ प्रेरणा मिले और हम उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हों। हमारे राष्ट्रीय पर्वों में हम 'प्रतिवर्ष बाल दिवस' मनाकर उन बच्चों के प्रिय नेता नेहरू की पुण्य तिथि मनाकर उनका स्मरण करते हैं। बच्चे भी अपने इतने बड़े हिमायती नेता के प्रेरणापुंज हैं, आज उनके अभाव में बच्चों का कोई भी संरक्षक नेता नहीं है, बच्चों के चाचा प्यारे नेहरू की अनुपस्थिति बच्चों को खल रही हैं।

बच्चे राष्ट्र की नींव के पत्थर हैं, जितने ज्यादा शिक्षित सच्ची नागरिकता के गुणों को धारण करेंगे, तभी जाकर राष्ट्ररूपी प्रसाद सुदृढ़ एवं सुन्दर बन पाएगा। बच्चों को नेहरू के गुणों को धारण कर, उनके गुणों से प्रेरणा से उन जैसा बनने की चेष्टा करनी चाहिए। जब हमारे बच्चे उन्नत एवं नेहरू जी जैसे बनेंगे तभी हमारा देश विश्व में सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकेगा। बड़ी खुशी की बात यह है कि गुरुकुल कांगड़ी विश्व विद्यालय के नव कुलपति प्रो० बलभद्र कुमार हूजा जी ने अपने अभिनन्दन के दिवस सिनेट हाल में घोषणा की कि विश्व विद्यालय में इस वर्ष नेहरू दिवस बड़ी धूमधाम से विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। उन बच्चों तथा लोगों का जिन्होंने इस दिवस जन्म लिया या इसके आस-पास जिनका जन्म दिवस है उनका उस सभा में सार्वजनिक अभिनन्दन किया जाएगा। तथा बच्चों का विशेष अभिनन्दन होगा। जिसमें कुलपति जी विशेष अतिथि होंगे। निश्चय ही यह प्रेरणादायक पर्व बच्चों का तो होगा ही अन्यों को भी प्रेरणीय है। बच्चों के चाचा नेहरू उन महान् शांति-दूतों में से एक हैं, जिनका नाम स्वर्गीय लिंकन, केनेडी, गांधी, लूथर की परम्परा में लिया जाता है।

—०:०—

नयी चेतना आई है

महावीर "नीर" विद्यालंकार

अंगारे बुझ रहे और अब ठण्ड पवन में आई है।
दुःख का मौसम बीत रहा खुशहाली जग में छाई है।।
अकड़-अकड़ कर चलने वाले, भूल गये चलना फिरना।
गरज-गरज कर बकने वाले, भूल गये कहना सुनना।।
ऐसी बात हुई अब यारो ! चुप्पी घर-घर छाई है.....
सरल-चित्त मानव थे दुखिया, गुण्डे मौजे करते थे।
चोर-बाजारी, रिश्वत खोरी से कुछ जेबे भरते थे।।
ऐसी हवा बही अब यारो ! सबकी आफत आई है.....
महंगाई की अमरबेल तो, अपना मुख फैलाती थी।
'धनिया', 'रमिया' के घर में यों भूखी 'राधो' सोती थी।।
ऐसी बात हुई कुछ दिन से, सांसे सुख की आई है.....
काम-रोक, हड़ताल सभी तो, अपने तन ने समा गई।
चरित्र हीनता और बेकारी की भी आफत आ गयी।।
ऐसी बात हुई अब यारो ! गति शासन में आई है.....
दृढ़ता और अड़िगता अब तो, जीवन का शृंगार बन रही।
वज्र 'इन्द्र' ने उठा लिया अब दानवता चित्कार कर रही।।
'नीर' राष्ट्र की काया में अब, नयी चेतना आई है.....

—००—

"राष्ट्र-पिता" के सन्दर्भ में पं० नेहरू की विदेशी-शब्दावली

श्री रामनरेश मिश्र प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

पं० जवाहर लाल नेहरु के जन्म-दिवस को 'बाल-दिवस' के रूप में हर्षोल्लास से मनाने का संकल्प करके राष्ट्र ने बच्चों के प्रति अपना उत्तरदायित्व पूरा करने का संकल्प किया है। यह कितना पावन अवसर है कि इस दिन युवा और वृद्ध भी अपने को बाल समझ, संकल्प कर कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ने का सतत प्रयत्न करते हैं। इस शुभ अवसर पर भाषा, विज्ञान के उस क्षेत्र पर दो शब्द लिखना उपयुक्त लग रहा है, जो अब तक अछूता पड़ा है अथवा यदि कुछ कार्य हुआ भी है तो वह नगण्य है। किसी व्यक्ति की शब्दावली का विषय कितना रोचक होता है। एक भाषा में स्वतः ही अनेक भाषाओं के शब्द आकर के भावों को स्पष्ट तथा अच्छे ढंग से व्यक्त करने में सहयोगी सिद्ध होते हैं। विदेशी भाषा के शब्दों के आने के अनेक कारणों में से कोई भी कारण हो किन्तु भाषा में स्थान मिल जाने के बाद उनका अपना विशेष महत्व हो जाता है। कितने एक शब्द तो भाषा में इतनी गहराई तक बैठ जाते हैं कि उन का निकालना या निकलना कठिन ही नहीं असम्भव सा है। मेरे कहने का तात्पर्य यह नहीं है कि विदेशी शब्दों को हिन्दी साहित्य से निकाल दिया जाये। यह कार्य न सम्भव होगा और न ही आदर्श कदम कहा जायेगा। हिन्दी-साहित्य का शरीर अनेक बोलियों से निर्मित है और संस्कृत की अक्षय मंजूषा इसकी शृंगार सज्जा है जिस समय हिन्दी-साहित्य विदेशी शब्दों की चुनरी पहन कर प्रस्तुत होती है तो उसकी मधुर ध्वनि मानव हृदय को जीत लेती है,

'बाल-दिवस' के अवसर पर इस कार्य के लिए सबसे उपयुक्त 'पं० नेहरु की विदेशी शब्दावली' है। इस विषय पर विचार करने के लिए 'राष्ट्र-पिता' नामक नेहरु जी की रचना को आधार बनाया है। लोकनायक नेहरु की भाषा राष्ट्र भाषा है। उनके द्वारा प्रयुक्त विदेशी भाषा के एक-एक शब्द हिन्दी शब्द भंडार के एक-एक रत्न के समान है। पं० नेहरु देश के बालवृन्द, धनी निर्धन, हिन्दू मुसलमान आदि साथ घुल-मिल कर बात करते थे। वे अपनी भाषा में सामान्यतः उन्हीं शब्दों का प्रयोग करते थे जो सामान्यरूप से प्रचलित शब्द रहे हों। विदेशी भाषा के शब्दों के प्रयोग से हिचकते नहीं थे वरन् हिन्दी-भाषा की उदारता को यथावत् बनाए रखने के लिए प्रसन्नता के साथ भाषा में उचित स्थान देते थे। इस प्रकार नेहरू की शब्दावली में अरबी, फारसी, अंग्रेजी, तुर्की पुर्तगाली आदि विदेशी भाषाओं के शब्दों को उपयुक्त स्थान मिला है।

(अ) फारसी के शब्द :—

भारत तथा ईरान का सम्बन्ध पुराना है। ईरानी तथा भारतीय आर्य भाषाएं एक ही मूल 'भारत-ईरानी' से विकसित हैं। इस कारण पं. नेहरू की शब्दावली में सबसे अधिक फारसी के शब्द हैं। ये शब्द ही हिन्दी-भाषा में सबसे गहराई में स्थान पाये हैं यथा —

१. **आज़ादी** (दुनिया भारत की आज़ादी की माँग भूल जायगी; ११८–२५)

२. **आराम** (ज्यादा आराम तलब परम्परा में पले थे; २१–६)

३. **आवाज़** (उसकी आवाज़ औरों की आवाज़ से कुछ जुदा थी; ५–५)

४. **कारगर** (एक बड़ा ही कारगर तरीका था; ११–१३)

५. **खुफिया** (कौने कौने में फैली हुई खुफिया पुलिस का भय; १६–१)

६. **जख्म** (हमें जख्म भरने का यह कार्य आरम्भ करना है १३३–१५)

७. **जबरदस्ती** (जबरदस्ती कराई गयी मेहनत का प्रतीक मात्र था; ५१–१०)

८. **जल्द बाजी** (कोई काम जल्दबाजी में नहीं करना चाहते; १३–९)

९. **जादूगर** (कोई भी नेता जादूगर का डन्डा घुमाकर शून्य में से जन-आन्दोलन की उत्पत्ति नहीं कर सकता; ४८-१५)

१०. **जानवर** (ज्यादा विषैले जानवर ने डसा; १९–९)

११. **जुदा** (जुदा-जुदा लोगों पर जुदा-जुदा तरह की प्रतिक्रिया हुई; १७–२०)

इसी प्रकार राष्ट्र-पिता में जो अन्य फारसी शब्द प्रयुक्त हुए वे निम्नलिखित है––जेब, तरह, ताजी, दफ्तर, दिलचस्पी, दीवार, नमक, नौजवान परेशानी, पेश, पैरवी, फौलादी, बन्द, बयान, बर्बादी, बाजार, बाजारू, बीमार, बेकार, रग, रोशनी, शादी, शामिल, शिकार, संगीन, सरकार, साबित, सौदागर, हजम इत्यादि।

इसके अतिरिक्त कुछ फारसी शब्द तत्सम रूप में न प्रयुक्त होकर तद्भव रूप में प्रयुक्त हुए हैं अर्थात् ये शब्द मूल रूप में न प्रयुक्त होकर परिवर्तित होकर प्रयुक्त हुए हैं यथा जगह (जायगह) नगीना (नगीनः), परदा (पर्दः), परवा (पर्वः) पेशा (पेशः), पैमाना (पैमानः), बावजूद (बावुजूद), बुनियाद (बुन्याद), बुलंद (वलंद), मजदूर (मज्दूर) मशाला (मशालह), मोर्चा (मोर्चः), मोहर (मोह्र), रास्ता (रास्तः), रिहाई (रहाई), रेशा (रेशः), रोजमर्रा (रोजमर्रः), सफ़ेद (सुफेद) हफ्ता (हफ्तः) आदि।

(आ) अरबी शब्द––

राष्ट्रपिता की विदेशी शब्दावली में अरबी शब्दों का महत्वपूर्ण स्थान है। फारसी शब्दों से इनकी संख्या अवश्य कम है किन्तु अपना विशेष स्थान बना लिए हैं। ये शब्द फारसी माध्यम से आये हैं। अरबी शब्द भी फारसी शब्दों की भांति कुछ तत्सम तथा कुछ तद्भव रूप में स्थान पाये हैं। तत्सम रूप में प्रयुक्त होने वाले शब्द निम्नलिखित हैं।

१. **अक्सर** (मैं यों अक्सर कुछ न कुछ लिखा करता हूं; नौ–१६)

२. **अखबार** (उन्होंने अखबार नवीसों से मुलाकात करते हुए इसी व्याख्यान पर जोर दिया था; ७४–२)

३. **अजीब** (एक अजीब ऊंचे दर्जे का आदमी हिन्दुस्तान में पैदा हुआ; दस–१३)

४. **अदालत** (अदालत में पेश किए बिना .... नजर से देखती थी; ४–१५)

५. **अमल** आज उस जवाब पर अमल न हो तो कल होगा; दस–१५)

६. **असर** (उसके असर में पले, हम कैसे उसका अन्दाजा करें; दस–५)

७. **असली** (जहां तक असली रूप भय का सवाल है; १६–८)

इसके अतिरिक्त निम्न शब्द उल्लेखनीय हैं– आदमी, इज्जत, इमारत, ईमान, कत्लेआम, कानून

काफी, किताब, कैद, खजाना, खबर, खयाल, गजब गरीब, गलत गुलाम नफरत, जवाब, तस्वीर, तारीख, तैयार, दलील, दवा, नजर, फौरन, बिलकुल, मजमून, महसूस, मालूम, मुकद्दमा, मुलाकात, मौका, मौजूद, मौलवी, मौलाना, वजह, वफा, शर्त, शान, शिकायत, सवाल, सूरत, हक, हवा, हिदायत, हिसाब, हैसियत आदि ।

तद्भव रूप में प्रयुक्त होने वाली अरबी शब्दावली निम्न प्रकार है--अर्सा (अर्सः), इन्तजार (इंतिज़ार), जरिया (जरिअ), जिला (जिलऽ), तरीका (तरीकः), ताज्जुब (तअज्जुब), दुनिया (दुन्या), नतीजा (नतीजः), फुरसत (फुर्सत), मामला (मुआमिलः), मियाद (मिआद), शोहरत (शुहरत), हिस्सा (हिस्सः) आदि ।

(इ) अंग्रेजी शब्द--

महान विचारक नेहरू के हिन्दी-साहित्य के विदेशी शब्दावली में अरबी-फारसी के बाद अंग्रेजी भाषा के आगत शब्दों का विशेष स्थान है । इन शब्दों में नये आविष्कारों, नई वस्तुओं, घटनाओं तथा महीनों के नाम मुख्य हैं । अंग्रेज़ी भाषा से आगत शब्द निम्नलिखित हैं--

१. **अपील** (न वकील, न अपील, न दलील; ४-१५)

२. **आपरेशन** (वहाँ उनका आपरेशन हुआ है; ४७-४)

३. **आफिस** (लंदन स्थित इण्डिया-आफिस से परामर्श करनी थी; ६२-५)

४. **इण्डिया** (लंदन स्थित इण्डिया-आफिस से परामर्श करनी थी; ६२-५)

५. **एजेंट** (हम उत्तेजना फैलाने वाले उन एजेंटों आदि के लिये क्या करते; ४२-११)

इसके अतिरिक्त तत्सम रूप में प्रयुक्त होने वाले अंग्रेजी शब्द निम्नलिखित हैं--कान्फ़ेन्स, कालेज, गारंटी, जेल, टेबल, टैक्स, डाक्टर, ड्यूटी नोटिस, पुलिस, प्राइवेट, प्लेग, बिल, बैंक, बैरिस्टर मशीन, मार्च, मैन, मोटर, रिपोर्ट, रिवाल्वर, रेडियो रेल, लाउडस्पीकर, सिविल, सेसर, स्कूल आदि ।

तद्भव रूप में प्रयुक्त होने वाले अंग्रेजी शब्द निम्नलिखित हैं--अगस्त (ऑगस्ट), अप्रैल (अप्रिल), अफसर (अफिसर), असेम्बली (एसेम्बली), अस्पताल (हास्पिटल), दर्जन (डजन) दिसम्बर (डिसेम्बर), पिस्तौल (पिस्टल), फरवरी (फेब्रुअरी), फासिज्म (फैसिज्म), मई (मे), मिनट (मिनिट), रंगरूट (रिक्रूट), सितम्बर (सेप्टम्बर) आदि ।

(ई) तुर्की शब्द--

महान नेता के हिन्दी-साहित्य में प्रयुक्त विदेशी शब्दावली में तुर्की शब्दों की संख्या बहुत ही कम है । संख्या कम होते हुए भी इनके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है, यथा--

१. **काबू** (यह मजमून मेरे काबू के बाहर निकला; नौ-१८)

२. **बहादुर** एक बहादुर की बुराई और राष्ट्रीय-दासता से लड़ाई थी; ४२-२३)

३. **बहादुरी** (बहादुरी के साथ वे दणिणी अफ्रीका में लड़े थे; ३-१४)

(उ) पुर्तगाली शब्द--

राष्ट्रपिता की रचना में प्रयुक्त होने वाले

विदेशी भाषा के शब्दों में पुर्तगाली शब्दों की भी संख्या बहुत कम है । इनकी संख्या दो ही है ।

१. **इस्पात** (उस छोटे से आदमी के भीतर कोई चीज इस्पात की बनी हुई है; ५०–७)

२. **मेज** (गोल मेज कान्फ्रेंस के भारतीय सदस्यों का एक दल बम्बई लौटा; ६१–१)

इसमें 'इस्पात' शब्द के विदेशी होने की बात विवादास्पद है । कुछ विद्वान इसे पुर्तगाली शब्द 'स्पेडा' से निकला मानते हैं । किन्तु कुछ इसका सम्बन्ध संस्कृत के 'अयस्पत्र' से मानते हैं ।

(ऊ) संकर शब्द--

जब दो या दो से अधिक भाषाओं के शब्दों का प्रयोग एक साथ होता है तो उसे संकर, दोगला या मिश्रित शब्द कहा जाता है । इस प्रकार के शब्दों की संख्या भी काफी है ।

१. **हिन्दी-अरबी संकर शब्द**--कुछ हिन्दी तथा अरबी के शब्द एक साथ प्रयुक्त हुए हैं यथा–

अजायबघर (अ० अजायब+हि० घर) (इटली के अजायबघर में रोमन सम्राटों... रखी हुई हैं; ५२–४)

२. **हिन्दी फारसी संकर शब्द**--हिन्दी शब्दों को फ़ारसी शब्दों के साथ भी प्रयोग किया गया है, यथा--

चेहरा वाला (फ़ा. चेहरा+हि वाला (प्रत्य.) (लम्बे चेहरे वाले काल्विनवादी.....घूमा करते हैं; ९९–१८)

चौकीदार (हि. चौकी+फा. दार (प्रत्य) (या तो निरंतर चौकीदार या चिरनिद्रा)

इसके अतिरिक्त तानाशाही (हि०+फा०), भागीदार (हि.+फा.), रीति-रिवाज (हि.+फा.) आदि शब्द इसी प्रकार के हैं ।

३. **हिन्दी-अंग्रेजी संकर शब्द**— हिन्दी के साथ अंग्रेजी शब्द का भी प्रयोग 'राष्ट्र-पिता' में किया गया है किन्तु इस प्रकार के शब्द की संख्या एक ही है--

जेलवाला (अ०जेल+हि०वाला) (जेल-वाले भी ...स्वराज निकट है; ६०–२५

४. **अरबी-फारसी संकर शब्द**–अरबी तथा फारसी दोनों ही एक वर्ग की भाषाएं हैं । अरबी हिन्दी में फारसी के माध्यम से आयी है इस कारण ऐसे शब्दों की संख्या अन्य संकर शब्दों की अपेक्षा अधिक है--

अखबार नवीस (अ० अखबार+फा० नवीस) (उन्होंने अख़बार नवीसों से मुलाकात करते हुए इसी व्याख्या पर जोर दिया था; ४७–२)

खतरनाक (अ-खतर+फा०नाक) (शासक संस्था के स्थायीत्व के लिए खतरनाक था; १२–३) इसके अतिरिक्त गलत फहमी (अ०+फा०) नजर बन्द (अ.×फा.) वफादारी (अ.+फा.) शानदार (अ०+फा०) आदि शब्द इसी श्रेणी के हैं ।

५. **हिन्दी पुर्तगाली संकर शब्द**-- हिन्दी शब्द के साथ पुर्तगाली शब्द का भी प्रयोग है । 'राष्ट्र-पिता' में इस प्रकार के शब्द की संख्या एक है ।

गोलमेज (हि० गोल+पुर्त० मेज) (गोलमेज कान्फ्रेंस के भारतीय सदस्यों का एक दल बम्बई लौटा, ६१–२)

६. **फारसी-अंग्रेजी संकर शब्द**—'राष्ट्रपिता' में इस प्रकार का भी एक शब्द है ।

खुफिया पुलिस (फा० खुफिया + अं० पुलिस) (खुफ़िया पुलिस का भय···मुह बाये खड़ी रहती थी; १६–१)

इस प्रकार चिन्तन करने के पश्चात ज्ञात होता है कि ये विदेशी शब्द हिन्दी के लिए वरदान स्वरूप हैं । इनके आगमन से हिन्दी-साहित्य में जो क्रान्तिकारी परिवर्तन और अभाव की पूर्ति हुई है वह वर्णनातीत है । इस दिशा में अभी कार्य शेष है । इस विषय का अध्ययन हिन्दी को समृद्धिशाली बनाने के लिए अत्यन्त आवश्यक है ।

योग मन्दिर हिन्दी-अंग्रेजी मासिक पत्रिका प्रकाशन करने का निश्चय

आत्म बन्धु,

सप्रेम नमस्ते !

पूज्य महात्मा आनन्द स्वामी जी महाराज की प्रेरणा पर **"योग मन्दिर"** नाम की हिन्दी-अंग्रेजी मासिक पत्रिका का प्रकाशन करने का निश्चय किया गया है ।

दिल्ली के शताब्दी समारोह के पुनीत अवसर पर 'योग मन्दिर' का प्रथम प्रभावशाली, शानदार सचित्र विशेषांक प्रकाशित किया जाएगा । देश विदेश के अनेक महान योगियों और विद्वानों के लेख तथा योग के सम्बन्ध में अन्य दुर्लभ सामग्री उस अंक में दी जाएगी ।

विशेषांक का मूल्य दस रुपये होगा ।

आपसे सानुरोध प्रार्थना है । कि आप अपने दस रुपयों के साथ-साथ कम से कम दस अन्य प्रेमियों को भी भी "योग मन्दिर" का ग्राहक बनाकर उनकी धन राशि भी साथ भेजे जा रहे मनीआर्डर द्वारा भिजवा कर अनुगृहीत करें । आप हम निम्न प्रकार से सहयोगी बन सकते हैं ।

विज्ञापन दर

५०१/- आजीवन सदस्य	**१०००/- टाइटल पृष्ठ ४ का**
१०१/- सहयोगी	**६००/- ,, ,, २-३ का**
१०/ वार्षिक चन्दा	**४००/- साधारण पृष्ठ का**

अपना सहयोग **"योग मन्दिर प्रकाशन"** (४ विश्वविद्यालय मार्ग) दिल्ली-११०००७ के नाम से चेक, ड्राफ्ट, मनीआर्डर भेज सकते हैं ।

अपने आर्थिक सहयोग तथा योग सम्बन्धी अनुभव, विचार, लेख एवं आशीर्वाद की प्रतीक्षा में—

आपका

भगवानदेव (सम्पादक)

कर्मवीर चाचा नेहरू

सतीश चन्द विद्यालंकार एम०ए०, प्रथम वर्ष (हिन्दी विभाग) गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

लगभग ढाई सौ वर्ष पूर्व काश्मीर की मनोहर घाटियों में एक सम्पन्न परिवार रहता था। जिस परिवार में राज कौल नाम से काश्मीर के संस्कृत और फारसी के बड़े भारी विद्वान हुए। दिल्ली में इन दिनों औरंगजेब की मृत्यु हो चुकी थी। इस समय वहाँ का बादशाह फर्रुखसियर था। वह एक बार काश्मीर घूमने गया और वहाँ वह राज कौल की विद्वत्ता से काफी प्रभावित हुआ। उस ने पं० राजकौल को दिल्ली में ही बसने का निमन्त्रण दिया। उनके इस निमन्त्रण को पं० राज कौल ने स्वीकार कर लिया इस प्रकार यह परिवार सन् १७१६ के लगभग दिल्ली आबसा। पं० राज कौल जी को बादशाह ने एक मकान एवं कुछ जागीर दे दी। पं० राज कौल जी का यह मकान एक नहर के किनारे था। इसलिए उनका नाम कौल नेहरू पड़ गया, बाद में कौल शब्द भी लुप्त हो गया अब केवल नेहरू ही शेष रह गया।

इसके बाद यह नेहरू परिवार दिल्ली से हट कर इलाहाबाद में जा बसा। इसी परिवार में पं० मोती लाल नेहरू हुए। ये इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रख्यात वकील थे और इनकी गिनती उच्च वकीलों में होती थी। इनका पारावारिक रहन-सहन भी उच्च कोटि का था। ऐसे सम्पन्न परिवार में १४ नवम्बर, १८८९, मार्ग शीर्ष वदी सप्तमी सं० १९४६ को पं० जवाहर लाल नेहरू का जन्म हुआ। इनका लालन-पालन एक राजकुमार की भांति होने लगा।

इनकी प्रारम्भिक शिक्षा घर पर ही सम्पन्न हुई। मई १९०५ ई० में जवाहर लाल नेहरू को आगे पढ़ने के लिए लन्दन के हैरो विश्वविद्यालय में जिसमें राजा महाराजाओं के बच्चे पढ़ते थे प्रविष्ट कराया गया। इन्हीं दिनों की एक रोचक बात है जिसका पं० नेहरू के जीवन में विशेष प्रभाव पड़ा। यह बात उन्होंने अपनी "माई आटो बाइ ग्राफी" नामक पुस्तक में लिखी है--

"स्कूल में अच्छा काम करने के लिए मुझे जी० एम० ट्रैवेलियन की गैरीबाल्डी सम्बन्धी एक पुस्तक इनाम में मिली थी। इस पुस्तक में मेरा मन ऐसा लगा कि मैंने तुरन्त ही इस माला की बाकी दो पुस्तकें भी खरीद लीं और उनमें गैरी-बाल्डी की पूरी कहानी बड़े ध्यान के साथ पढ़ी। हिन्दुस्तान में भी इसी तरह की घटनाओं की कल्पना मेरे मन में उठने लगी। मैं आजादी की बहादुराना उड़ाई के सपने देखने लगा और मेरे मन में इटली और हिन्दुस्तान अजीब तरह से मिल-जुल गए।"

इस पुस्तक का नेहरू जी के जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। उस समय उनकी आयु कुल १५ वर्ष की थी। यहीं से उनके मन में स्वदेश-प्रेम एवं आजादी का बीज अंकुरित हो गया। जिसने समय पर विशाल वृक्ष का रूप धारण कर लिया। सन् १९१२ में बैरिस्टरी की परीक्षा पास करने के पश्चात् पं० नेहरू भारत लौट आए। कुछ दिनों तक उन्होंने वकालत की। लेकिन देश की परिस्थितियों ने, घटनाओं ने पं० नेहरू के मन को विलोड़ित कर दिया। वे राजनैतिक क्षेत्र में कूद पड़े। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया और महात्मा गांधी जी के सहायक बन गये।

अपने राजनैतिक क्षेत्र में उन्होंने महात्मा गांधी जी से प्रेरणा ग्रहण की। महात्मा गांधी जी

के सिद्धान्तों पर उनका अटूट विश्वास था। उन्हीं के पद चिन्हों का अनुसरण करते-करते उन्होंने देश में पर्याप्त ख्याति अर्जित की और देश के लिये अनेक बार जेल गये। बाद में तो पूरा नेहरू परिवार ही राजनैतिक क्षेत्र में अंग्रेजों के विरूद्ध उतर पड़ा। सन् १५ अगस्त १९४७ को अंग्रेजों को भारत को स्वतन्त्र घोषित करना पड़ा। २६ जनवरी सन् १९५० ई० को भारत को विधिवत स्वतन्त्र सार्वभौम प्रजातन्त्र घोषित कर दिया गया। और स्वतन्त्र भारत का प्रथम प्रधान मन्त्री पं० जवाहर लाल नेहरू को ही बनाया गया। इस पद पर पं० नेहरू ने आजन्म कार्य किया।

पं० नेहरू के व्यक्तित्व का चित्रण करते हुए महात्मा गांधी ने लिखा है :--

"जवाहर लाल में अतुल शौर्य है। स्वदेश प्रेम में वह सबसे आगे है। कुछ लोग कहते हैं कि उनमें उतावलापन बहुत अधिक है। मेरी सम्मति में वह उतावलापन भी एक गुण है। वे वीरों के सदृश उतावले और साहसी है। इसके साथ वह चतुर और बुद्धिमान भी है। उनका मन स्फटिक के समान निर्मल है।"

पं० नेहरू मानवता के सच्चे पुजारी रहे हैं उनका हृदय बड़ा विशाल एवं कमल की भांति कोमल था। उनमें स्वदेशाभिमान कूट-कूट कर भरा हुआ था उनका कहना था कि "यदि स्वदेशाभिमान सीखना है तो उस मछली से सीखो जो स्वदेश के लिए तड़प तड़प कर जान दे देती है।"

उनका सिद्धान्त हमेशा यही रहा है कि "कर्म की सार्थकता फल में नहीं, कर्मण्यता में है, उस पुरुषार्थ में हमारे एक-एक कदम की गति, एक-एक इंच की चढ़ाई का माप लेता है।" ऐसे कर्मठ व्यक्ति को प्राप्त करके देश धन्य हो गया। पं० नेहरू ने अपने कुशल नेतृत्व से भारत को विभिन्न संकटों से समय-समय पर बचाते हुये उन्नति के शिखर तक पहुंचाया। और भारत को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान दिलाया। पं० नेहरू की प्रशंसा विश्वभर के महान् राजनीतिज्ञों ने मुक्त कंठ से की है। अमेरिका के समाचार पत्रों ने पं० नेहरू को "जलता हुआ अग्नि पिण्ड" लिखा था। कठिनाइयों के समय उन्होंने बड़े धैर्य के साथ समस्या को सुलझाया वे कहते थे कि "कठिनाइयां हमें आत्मज्ञान कराती है वे हमें दिखा देती हैं कि हम किसी मिट्टी के बने हुए हैं।"

ऐसे कुशल प्रधान मंत्री को पाकर लड़ खड़ाते हुए भारत ने अपने पैरों पर खड़ा होना सीखा, लेकिन वह अभी दो-चार पग ही चल पाया था कि उसको सहारा देने वाला यह कोमल कुसुम हम सब को निरावलम्ब छोड़कर २७ मई १९६४ को असमय में ही मुरझा गया।

पं० नेहरू की मृत्यु ने देश के बच्चों, बूढ़ों, स्त्री-पुरुषों सभी की आत्मा को दुःख के महासागर में डुबो दिया। यद्यपि उनका पार्थिव शरीर इस संसार में नहीं रहा लेकिन उनके कार्य उनकी स्मृति, उनके साहस और उनके देश के लिये किये गये बलिदान को कौन भूल सकता है? वे आज भी जिन्दा हैं और सदा जिन्दा रहेंगे। आज भी पं० नेहरू के अमर सन्देश सोहन लाल द्विवेदी के इस प्रयाण-गीत के माध्यम से हमारे कानों में गूंजते हैं :--

देखो अपना ध्येय निरन्तर
इधर उधर मत करे निगाह
चलो चलो अविचल उस पथ पर
पकड़ी तुम ने जिसकी राह ।

दुनियां क्या कहती-सुनती है,
इस पर तनिक न देना ध्यान
चाहे तुमको मान मिले या
चाहे तुम्हें मिले अपमान ।

जो लहरे प्रतिकूल पवन को
चीर लक्ष्य पर जाती है
वे ही मिल अनन्त सागर से
जीवन का सुख पाती हैं । !

अखिल भारतीय दर्शन-परिषद् द्वारा

डा० अभेदानन्द जी सम्मानित

परम प्रसन्नता और सम्मान की बात है कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग के रीडर एवं अध्यक्ष डा० अभेदानन्द जी को "अखिल भारतीय दर्शन परिषद्" के बीसवें वार्षिक अधिवेशन 'में तत्त्व-मीमांसा' विभाग की अध्यक्षता करने हेतु आमन्त्रित किया गया है । यह अधिवेशन अक्तूबर २७, २८, २९, ३० ३१ में रांची विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुआ । विद्वान् प्रोफेसर ने गुरुकुल विश्वविद्यालय की ओर से भाग लेकर अपने विद्वत्तापूर्ण अध्यक्षीय भाषण में बौद्ध एवं न्याय दर्शन में "सामान्यवाद" विषय पर अपने विचार प्रकट किए । प्रो० जी को बधाई है ।

इण्डिन साइंस कांग्रेस ऐसोसियेशन कलकत्ता द्वारा

श्री डा० हरगोपाल सिंह निर्वाचन के लिए मनोनीत

हर्ष का विषय है कि मनोविज्ञान विभाग के डा० हरगोपाल सिंह जी को इण्डियन साइन्स कांग्रेस ऐसोसियेशन कलकत्ता के सभासदों ने एग्ज़ीक्यूटिव कमेटी के चुनाव के लिए खड़ा किया है । गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के उपाध्याय को प्रथम बार ऐसा अवसर दिया गया है । हम उन की सफलता की कामना करते हैं ।

76018

निवर्तमान कुलपति श्री डा० सत्यकेतु विद्यालंकार को माला पहनाते हुये
श्री पृथ्वीसिंह आजाद

सीनेट हाल में आते हुये--श्री बलभद्र कुमार जी, श्री डा० सत्यकेतु जी, श्री वेदव्रत जी,
श्री आचार्य रामनाथ जी, श्री गंगाराम जी गर्ग, श्री पं० धर्मवीर जी



नव-नियुक्त कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी भाषण दे रहे हैं

श्री जी० बी० के० हूजा, एम. ए., आई. ए. एस.

(अवकाश प्राप्त)

संक्षिप्त जीवन परिचय

श्री जी० बी० के० हूजा का गुरुकुल कांगड़ी के साथ बहुत पुराना सम्बन्ध है। आपके स्वर्गीय पिता श्री गोवर्धनदास जी १९०९ गुरुकुल कांगड़ी में मुख्याध्यापक थे। गुरुकुल कांगड़ी के संस्थापक अमर-हुतात्मा स्वा० श्रद्धानन्द जी महाराज के साथ उनका निकट सम्पर्क रहा था। इस लिए गुरुकुल के साथ आपका बचपन से ही सम्बन्ध रहा है।

प्रोफेसर (अर्थशास्त्र), निदेशक सामुदायिक विकास, सचिव सहकारिता, कुलपति कृषि विश्व-विद्यालय, कलक्टर, सदस्य एवं अध्यक्ष राजस्व परिषद् तथा अध्यक्ष लोक सेवा आयोग के पदों पर दीर्घकाल तक कार्य करते हुए श्री हूजा ने शिक्षा, समाज, वित्त आदि विषयों का पर्याप्त अनुभव प्राप्त किया है।

श्री हूजा ने १९३६ में पंजाब विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम. ए. डिग्री प्राप्त की थी। अपने अध्ययनकाल में श्री हूजा विश्वविद्यालय में अत्यन्त प्रतिभावान छात्र थे और सम्पूर्ण शिक्षाकाल में छात्रवृत्ति प्राप्त करते रहे।

आपने अपने जीवन का प्रारंभ १९३६ में ही डी.ए.वी कालेज रावलपिण्डी में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर पद पर नियुक्त होकर किया।

१९३७ में आपने पंजाब नागरिक सेवा की प्रतियोगी परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की और तदनन्तर पंजाब में मजिस्ट्रेट, रेवैन्यू आफिसर, कोषाधिकारी के रूप में १९४३ तक कार्य किया। इसके बाद आपको भारतीय सशस्त्र सेना में आपात्कालीन सेवा के लिए चुन लिया गया और युद्ध समाप्त होने पर १९४५ तक आपने वहीं कार्य किया। १९४५ के बाद आप पुनः पंजाब सरकार में नागरिक सेवा में परिवर्तित हो गये और १९४७ में शरणार्थियों की समस्या आने पर आपको लाहौर (पाकिस्तान) में उप मुख्य सम्पर्क अधिकारी बनाया गया।

१९४९ में आपको अमृतसर का अतिरिक्त जिलाधीश तथा जिला गृह सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया। १९५० में आपने चुनाव अधिकारी तथा दिल्ली इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के अधिशासी अधिकारी के रूप में कार्य किया।

१९५२ में राजस्थान सरकार द्वारा आपको भारतीय प्रशासकीय सेवा (आई.ए.एस.) में ले लिया गया। और प्रथम विकास निदेशक के पद पर आपकी नियुक्ति की गई। १९५४ में आपको टोंक जिले का कलक्टर, जिलाधीश तथा जिला विकास अधिकारी नियुक्त किया गया।

१९५५ में आप भारत सरकार (पुनर्वास मंत्रालय) में प्रतिनियुक्ति पर चले गये और आपने सम्पर्क अधिकारी (जम्मू कश्मीर) Laison Officer (Jammu Kashmir) मंडलीय व्यवस्थापक अधिकारी तथा अभिरक्षक निष्क्रान्त सम्पत्ति (Regional Settlement Commissioner & Custodian Evacuee property Madhya Pradesh) (मध्य प्रदेश) तथा शाखा सचिवालय कलकत्ता में उपसचिव पद पर कार्य किया।

१९५८ में आप राजस्थान सरकार की सेवा में वापस आ गए और उदयपुर जिले के कलक्टर, जिलाधीश तथा जिला विकास अधिकारी के पद पर कार्य करते रहे । १९६०-६१ में श्री हूजा ने राजस्थान सरकार के विद्युत एवं सिंचाई, सहकारिता तथा श्रम एवं समाज कल्याण विभागों में सचिव के पद पर कार्य किया । सहकारिता विभाग में सचिव के पद के साथ साथ श्री हूजा ने राजस्थान सरकार के संग्राहागार निगम (Rajasthan State Ware-housing Corporation) के सचिव पद पर भी कार्य किया ।

१९६२ में श्री हूजा को राजस्थान नहर-परियोजना के अध्यक्ष तथा प्रशासक पद पर नियुक्त किया गया । जुलाई १९६२ में जब उदयपुर में राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हुई तब श्री हूजा को इस विश्वविद्यालय का प्रथम कुलपति बनाया गया ।

१९६४ में श्री हूजा अजमेर राजस्थान के राजस्व परिषद् के सदस्य के रूप में परिवर्तित हो गये । १९६७ में आपको सीमावर्ती जिलों का कमिश्नर तथा क्षेत्रीय परिवहन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया । जुलाई १९६८ में आप राजस्व परिषद् के सदस्य के पद पर परिवर्तित हो गए ।

अक्टूबर १९६८ में आपको राजस्थान राजस्व परिषद् का अध्यक्ष नियुक्त किया गया । १९७१ में जोधपुर विश्वविद्यालय में हिंसक दंगों की जांच करने के लिए आपने एक सदस्यीय आयोग के रूप में कार्य किया ।

अक्टूबर १९७२ में श्री हूजा की सेवाएँ मणीपुर सरकार द्वारा अधिगृहीत करली गई और आपको लोक सेवा आयोग का प्रथम अध्यक्ष बनाया गया ।

आपकी 'सर्वोदय की ओर' नामक एक पुस्तक प्रकाशित हुई है । जिस में आचार्य विनोबा भावे की संक्षिप्त जीवनी तथा महात्मा गांधी जी के आध्यात्मिक अनुशासन सहित उनके आरम्भिक संघर्ष और विश्वप्रेम का आदर्श तथा सर्वोदय के सम्बन्ध में लिखा गया है । फांसी की रात, आरती, आहुती तथा शीशपुष्प शीर्षक से आपके चार कविता संग्रह भी प्रकाशित हुए हैं । प्रशासकीय, आर्थिक तथा शैक्षिक समस्याओं पर आपके कई निबन्ध भी प्रकाशित हुए हैं । राजस्थान सरकार द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका रावीरा में ग्रामीण प्रशासन विषयक आपके लेख प्रकाशित होते रहे हैं । राजस्थान राजस्व परिषद् ने बबूल के पेड़ तले नामक पुस्तक में ग्रामीण प्रशासन पर आपके लेख प्रकाशित कराये हैं ।

वर्तमान में श्री हूजा उदयपुर विश्वविद्यालय की नियंत्रण पटल के सदस्य, रोटेरी क्लब इम्फाल के प्रधान हैं । इसके अतिरिक्त आप राजस्थान राज्य तेराकी परिषद्, पंजाब राज्य बैडमिंटन परिषद्, भारतीय जन प्रशासन संस्था अजमेर ब्रांच के प्रधान तथा स्काउट कमिश्नर रहे हैं ।

गुरुकुल की यज्ञस्थली से

प्रिय पुत्र !

तुम कहतेहो तुम्हें परीक्षा तो देनी है, पर तुम में आत्मविश्वास की कमी है। सोचो ऐसा क्यों है ? क्या तुमने परीक्षा के लिये पूरा काम कर लिया है ? यदि तुमने पूरा काम कर लिया है तो आत्म-विश्वास की कमी नहीं होनी चाहिये। हाँ, यदि काम करने में त्रुटि अथवा शिथिलता रही है तो जरूर दिल में घबराहट पैदा होगी।

प्रायः सभी मनुष्यों में बुद्धि एक समान होती है। फर्क होता है तो उन्नीस-बीस का। हाँ, यदि उन्नीस को ५ से गुणा देते हैं तो नतीजा ९५ बनता है और २० को चार से गुणा देने से ८० बनता है। अर्थात् यदि १९ इकाई बुद्धि वाला पुरुष ५ घंटे कार्य करेगा तो ९५ अंक प्राप्त करेगा और बीस इकाई बुद्धि वाला पुरुष ४ घंटे काम करेगा तो ८० अंक प्राप्त करेगा और यदि शून्य काम करेगा तो शून्य अंक प्राप्त करेगा। क्योंकि तुम जानते ही हो किसी भी चीज को शून्य से गुणा दी जाय तो नतीजा शून्य ही निकलता है। इसीलिये तो पुरुषार्थ पर जोर दिया जाता है। बिना पुरुषार्थ के कोई भी काम नहीं होता। इक्के-दुक्के लोगों की लाटरी निकल सकती है। पर संसार लाटरी-क्षेत्र नहीं है। संसार तो कर्म-क्षेत्र है।

तुम कहोगे कई लोग कर्म भी करते हैं, पर उन्हें फल नहीं मिलता। इस पर भी विचार करना आवश्यक है। सबसे पहले देखना यह है कि ऐसे व्यक्तिओं की कर्म की दिशा क्या रही है ? तुम अलवर से जयपुर जाना चाहते हो, पर यदि तुम दिल्ली की दिशा में भागना शुरू करदो और लगातार भागते चले जाओ, तो क्या जयपुर पहुंच जाओगे ? यदि तुमने दिशा ही उल्टी पकड़ी है, तो गन्तव्य स्थान पर कैसे पहुंचोगे ? यदि तुम इतिहास के बदले नाटक पढ़ते रहो तो इतिहास का ज्ञान कैसे होगा ? यदि तुम नाटक के बदले उपन्यास पढ़ते रहो, तो नाटक का ज्ञान कैसे होगा? इसीलिये कर्म की दिशा वही हो जो गन्तव्य स्थान पर ले जाये।

इसके साथ-साथ काम करने के तरीकों पर भी नजर डालनी चाहिये। तुम्हारे काम करने की विधि कैसी है, इस पर भी ध्यान देना होगा। काम करने की विधि ठीक हो तो फल दुगना मिलता है। पढ़ने लिखने की विधि पर तो आजकल बहुत अनुसन्धान हो रहा है। कई लोग हैं जो केवल पढ़ने ही पढ़ने पर जोर देते हैं। कई जरूरी अंशों पर निशान लगाते हैं, और उन्हीं को बार-बार पढ़ते हैं। कई ऐसे हैं जो पढ़ते भी हैं, और अपने नोट भी लेते हैं। यह तीसरी प्रकार के लोग सबसे अच्छे रहते हैं।

साथ-साथ नियमपूर्वक कक्षा में उपस्थित रहने का भी बड़ा महत्व है। अच्छे विद्यार्थी कक्षा कट नहीं करते। ठीक तरह से भरपूर नोट लेते हैं। और उसी दिन नोटों की पुनरावृत्ति भी कर लेते हैं। देखने में आया है कि जो विद्यार्थी कक्षाएं कट करते हैं उनकी उपलब्धि में कमी रह जाती है। ठीक है, बहुत से अध्यापक अब हाजरियों पर जोर नहीं देते। लेकिन वह भी जो विद्यार्थी रैग्यूलर होता है उस पर कृपादृष्टि रखते हैं और उसकी अधिक से अधिक सहायता करते हैं।

हैरी मैडक्स ने "हाउ टू स्टडी' एक बहुत सुन्दर पुस्तक लिखी है। वह तुम्हें जरूर पढ़नी चाहिये। उसमें उसने एक प्रश्नावली बनाई है, जिससे कि तुम स्वयं जाँच कर सकते हो कि तुम कैसे विद्यार्थी हो। उसमें २० प्रश्न हैं। हर एक प्रश्न के दो अंक लगाओ। यदि तुम्हारे ३० से ४० अंक आयें तो तुम प्रथम श्रेणी के विद्यार्थी हो। यदि १६ से ३० आयें तो मध्यम श्रेणी के। यदि

१६ से कम आयें तो तुम्हें सोचना होगा और अधिक परिश्रम करना होगा।

प्रश्न इस प्रकार हैं--

१ क्या तुमने प्रतिदिन काम करने की कोई योजना बनाई है?

२ यदि हाँ, तो क्या तुम उस पर अमल करते हो?

३ क्या अध्ययन आरम्भ करने से पहले तुम्हें किसी प्रकार का कष्ट महसूस होता है?

४ क्या तुम अपना काम समय पर पूरा करते हो?

५ क्या तुम्हें अपने काम में दिलचस्पी है?

६ क्या तुम कक्षा के बहस मुबाहसे में भाग लेते हो?

७ क्या तुम कक्षा में पीछे-पीछे बैठने की कोशिश करते हो?

८ जब तुम्हें काम में कोई दिक्कत महसूस हो तो अध्यापक से मशवरा करते हो क्या?

९ किसी भी अध्याय को पढ़ने से पहले क्या तुम प्रारम्भिक जाँच कर लेते हो।

१० पढ़ते समय क्या तुम तालिकाओं और ग्राफों को दरगुजर कर जाते हो।

११ क्या तुम एक विषय के नोट एक जगह रखते हो?

१२ क्या तुम अपने नोट आउट लाइन फार्म में रखते हो?

१३ क्या तुम अपना मैटीरियल याद करने के लिये सादे चार्ट, डायाग्राम अथवा तालिकाएं बना लेते हो?

१४ क्या तुम्हें अपने भाव लिख कर प्रकट करने में कोई दिक्कत महसूस होती है?

१५ यदि अचानक परीक्षा हो तो तुम्हें अच्छे अंक प्राप्त होंगे?

१६ क्या तुम परीक्षा के दिनों में देर तक काम करते हो?

१७ क्या तुम बहुत कर सारे कोर्स की पुनरावृत्ति केवल परीक्षा की रात को ही करते हो?

१८ क्या तुम काफी निद्रा कर लेते हो?

१९ क्या तुमने नियमपूर्वक मनोरञ्जन के लिये समय निकाल रखा है?

२० क्या तुम्हारी मेज पर दो गुणा चार फुट का स्थान झाड़-झंकार से खाली रहता है?

इन प्रश्नों के उत्तर दो, और देखो कि तुम्हें कितने अंक मिलते हैं। यदि आज कम अंक आये हैं, तो कल ज्यादा आ सकते हैं और परसों उससे भी ज्यादा।

जिन्दगी बहुत लम्बी है। यदि इस उमर में तुमने ठीक आदतें डाल लीं, काम करने की ठीक विधि अपना ली और ठीक दिशा में चल पड़े, तो सारी उमर सुख पाओगे।

स्वामी विवेकानन्द निम्न शास्त्र-वचन को पुनः २ उद्धृत किया करते थे--

"उत्तिष्ठत, जाग्रत, प्राप्य वरान्निबोधत"

बस यही आशीर्वाद है!

शुभाकांक्षी
बलभद्र

गुरुकुल समाचार

76018

महावीर 'नीर' विद्यालंकार

ऋतु-रंग

नवम्बर मास लगते ही ऋतु ने एक-दम पलटा खाया। महीने का शुभारम्भ दीपावली के हर्षोल्लासमय वातावरण से हुआ। कुलीय जीवन में नवीन वातावरण की सृष्टि हो उठी। ऋतु-रंग गुलाबी जाड़े की सुनहरी भोर के साथ प्रारम्भ होकर, मधुमय जाड़े की सुहावनी संध्या के साथ अपना रूप दिखाने लगा। ऊनी वस्त्र धारण कर ब्रह्मचारी एवं कुलवासी शीत का स्वागत करने के लिये समुद्यत हो गये। शस्य-स्यामला कुलभूमि पर ओसकण-बिन्दु सूर्यप्रभा से आभासित होकर स्वर्ण-मुक्ताओं को भी लजाने लगे। आकाश की स्वच्छता कुलीय वातावरण में नये, स्वस्थ तथा स्वच्छ जीवन की परिचायिका बन बैठी। उत्तरीय दिशा में दूर तक फैली पर्वतश्रेणियाँ स्पष्ट नजर आने लगीं। चण्डी और मनसा देवी के मन्दिर की चोटियाँ किसी धवल केश राशि वाले मुनि की समाधि-अवस्था की प्रतीक सी लगने लगी। समीपस्थ गंगनहर का जल निर्मल हो उठा। कुलीय धान की फसल कटने लगी। गेहूं के खेत तैयार किये जाने लगे। छोटी २ क्यारियों में गाजर-मूली-शलजम-गोभी आदि की बुवाई प्रारम्भ हो गई। कचनार वृक्ष पर रंगीले फूल शोभित हो उठे। पपीते और आंवले के वृक्ष फूलों से लद गए। मेघों का उत्पाती समूह कागजी गुब्बारों की भांति न जाने किस दिशा में विलीन हो गया। स्वास्थ्य और सुख-सौन्दर्यप्रदाता शीत-ऋतु का कुल में पूर्णरूपेण आगमन देखकर वृक्ष-शाखायें झूम-झूम कर वन्दन करने लगी। कुछ अपने प्रिय शीत को देखकर ठिठुरी सी सिकुड़ी सी लजा गईं। साथ ही कुल में नव्यागत कुलपति का आगमन; नये जीवन और नयी आशाओं तथा आकांक्षाओं का सञ्चार कर उठा।

विद्यालय-विभाग

विद्यालय-विभाग में अध्ययन व अध्यापनकार्य कुछ स्वाभाविक गति पर आने लगा। धूप सेवन और विद्याऽध्ययन साथ चल पड़ा है। इस समय विद्यालय में लगभग २५० छात्र अध्ययन कर रहे हैं। स्वास्थ्य सबका ठीक है। विद्यालय के फर्नीचर आदि की अवस्था अभी शोचनीय है। आश्रम का सुधार जीवन-निर्माण के लिये परम आवश्यक है। आशा है नव्यागत कुलपति जी के कुशल प्रशासन में विद्यालय एवं गुरुकुल उत्तरोत्तर उन्नतिशिखर की ओर अग्रसरित होगा। इस समय हाँकी का खेल द्रुतगति से चल पड़ा है।

विद्यालय-छात्रों की वन-यात्रा

विगत ३ नवम्बर को दीपावली तथा महर्षि दयानन्द निर्वाणोत्सव मनाने के पश्चात् षष्ठ से दशम श्रेणी तक के ३२ ब्रह्मचारियों ने बड़े आनन्द और उल्लास से सात दिनों की वन-यात्रा पूर्ण

की। इन दिनों में विद्यार्थियों ने गंगापार की पुरानी गुरुकुल-पुण्यभूमि में अपना मुख्य शिविर लगाया। शरद् ऋतु के आगमन से वहाँ की शोभा दर्शनीय हो रही थी। इस गरुकुलाश्रम से छात्रों ने सिद्धाश्रम, सिद्धकुण्ड, खारा, मीठावली, लूनी, लाल ढांग की लगभग ७२ मील की पैदल वन-यात्रा सोत्साह सम्पन्न की। वर्षा ऋतु के बाद, धुले धुलाये वृक्षों ने सभी के हर्ष को द्विगुणित किया। सघन-वनों में मोर, हाथी तथा हरिणों के झुण्ड देखकर सब किशोर उल्लसित हुए। निर्मल आकाश में चमकते हिमालय के धवल शिखरों ने इस सुरम्य दृश्यावलि में चार चान्द लगाये। संयोगवश ब्र०कमल कुमार ८म को बिच्छू ने दुःखद स्पर्श किया; किन्तु खारा पहुंचने पर विषवैद्य द्वारा तत्काल उपयुक्त चिकित्सा कर देने पर वह कष्टमुक्त होकर स्वस्थ हो गया। गुरुकुल के वरिष्ठ प्रकृति-प्रेमी स्नातक पं० हरिवंश वेदालंकार (अध्यापक विद्यालय विभाग) ने इस रोमाँचकारी वन-यात्रा में छात्रों का पथ-प्रदर्शन किया और साथ ही वृक्षों, झरनों, स्रोतों, नदियों एवं पर्वतों से पूर्ण-परिचय कराया। छात्र-वर्ग का कार्यक्रम और भी आगे मालिनी के तट पर स्थित, महाकवि कालीदास की प्रिय तपोभूमि कण्व मुनि के आश्रम तक जाने का था, परन्तु समयाभाव से वे उधर न जा सके और हरिद्वार लौट आये। इस वन-यात्रा से ब्रह्मचारियों में अनुशासन, पारस्परिक सहयोग तथा सहानुभूति की भावना का सुन्दर विकास हुआ है।

दीपावली पर्व

पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी दीपावली (ऋषिनिर्वाणदिवस) का पर्व कुल में मनाया गया। ३ नवम्बर को एक सभा का समायोजन वेद-मन्दिर में किया गया। यज्ञादि के पश्चात् श्री आचार्य डा०रामनाथ जी वेदालंकार की अध्यक्षता में सभा का कार्यक्रम चला। स०मुख्याधिष्ठाता श्री पं० धर्मवीर जी विद्यालंकार, श्री डा० अनन्तानन्द जी आयुर्वेदालंकार, श्री पं० हरिवंश जी वेदालंकार और वेद-महाविद्यालय के कुछ छात्रों ने दीपावली पर्व के महत्त्व को बताते हुए ऋषि दयानन्द जी के प्रेरणादायी जीवन की घटनाओं को श्रोताओं के सम्मुख रखा। रात में सर्वत्र प्रकाश किया गया। विद्यालय छात्रों ने खील-बताशे तथा रात में मिष्ठ भोजन का आनन्द लिया। साथ ही भयंकर ध्वनियुक्त पटाखों से कुल का वातावरण गूंज उठा। फूलझड़ी और अनार की रंगबिरंगी चिंगारियों को देखकर छोटे-छोटे बालक आनन्द विभोर हो उछलने लगे। आनन्द और प्रसन्नता के बीच दीपावली पर्व समाप्त हुआ।

शतहस्त समाहर सहस्रहस्त संकिर

इस मास श्री शिवचन्द्र अग्रवाल, उपप्रधान आर्यप्रतिनिधि सभा पंजाब ने विद्यालय-विभाग में सहभोज आदि के लिए ५००) की धनराशि प्रदान की। हम प्रधान जी का हृदय से धन्यवाद करते हुए प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि प्रभु उनके घर यथेच्छ धनवृष्टि करें, जिससे लोकहितार्थ दान करके पुण्य के भागी बनें।

बालदिवस-समारोह

कुल के नये कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी की घोषणा के अनुसार १४ नवम्बर को भारत के प्रथम प्रधान मन्त्री स्व० श्री पं० जवाहर लाल नेहरू जी का ८४ वां जन्मदिवस बालदिवस के रूप में

नये उत्साह और उल्लास से मनाया गया। ज्ञात हो कि इस बार यह दिवस कुल में प्रथम बार मनाया गया है। यह कुलपति जी की प्रेरणा का ही फल है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए वेद-मन्दिर में श्री कुलपति जी की अध्यक्षता में कुलवासियों व ब्रह्मचारियों की एक वृहद् सभा हुई। सभा का संचालन संस्कृत विभाग के प्रो० श्री वेद प्रकाश जी ने किया। ब्रह्मचारी गणेश प्रसाद विद्यालंकार ने 'वीणा-वादिनी वरदे' के मधुर गान से सभा का शुभारम्भ किया। सभा में अधिकतर विद्यार्थियों ने भाग लिया। ब्र० ओमप्रकाश वेदालंकार २य वर्ष, ब्र० सन्तोष कुमार १२वीं श्रेणी, ब्र० विक्रम कुमार एम०ए०, कुमारी दिप्ती (आचार्य जी) श्री चैतन्य ब्रह्मचारी (आयुर्वेद)'ब्र० आनन्द कुमार संस्कृत एम०ए० प्र० वर्ष ब्र० सत्य काम, ब्र० सत्यवीर विद्यालंकार आदि ने अपने विचार प्रकट किये। तदनन्तर सर्व श्री प्रो० रामाश्रय मिश्र (हिन्दी विभाग), चन्द्रशेखर जी (मनोविज्ञान विभाग), डा०निगम जी (संस्कृत विभाग) डा० धर्मानन्द जी केसरवानी (आयुर्वेद महा०), डा० अनन्तानन्द जी (प्रिन्सिपल आ०म०वि०), डा० वासुदेव जी चैतन्य, डा० गंगाराम जी कुलसचिव व आचार्य डा० रामनाथ जी वेदालंकार ने अपने विचार प्रकट किये। आचार्य जी ने कहा कि नेहरू जी को गुलाब बहुत पसन्द थे। हम भी गुलाब के फूल बनें। जैसे गुलाब में लालिमा, मृदुता तथा सौरभ है वैसे ही हमें अपना जीवन बनाना चाहिए। साथ ही डण्डी की दृढ़ता तथा आवश्यकता पड़ने पर कांटो जैसा रूप भी धारण करना चाहिये।

सभाध्यक्ष-पद से श्री कुलपति जी ने सभी कुलवासियों व छात्रों का धन्यवाद करते हुये नवम्बर मास में (जन्मतिथि) पैदा होने वाले अध्यापकों, कार्यकर्ताओं व ब्रह्मचारियों को शुभकामनायें व आशीर्वाद दिया। तथा एक 'नेहरू-मण्डली' की भी स्थापना की। अन्त में सभी कुलवासियों ने कुल और राष्ट्र के प्रति संकल्प लिया। शाँतिपाठ के पश्चात् सभा विसर्जित हुई।

बाल-दिवस पर विद्यालय-विभाग में क्रीड़ा आयोजन

बाल-दिवस के उपलक्ष्य में श्री कुलपति जी की अध्यक्षता में एक क्रीड़ा-आयोजन हुआ। व्यायाम शिक्षक श्री रणजीतसिंह तथा विश्वविद्यालय के हॉकी कोच सरदार अजीतसिंह जी ने छात्रों के कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विविध क्रीड़ा-सान्मुख्यों का परिणाम निम्न रहा--

छोटे ब्रह्मचारियों की ५० मीटर दौड में ब्र०देवेन्द्र ४र्थ प्रथम, ब्र०अशोक २य तथा ब्र० योगेन्द्र ४र्थ ३य रहा। तीन टाँग की दौड में ब्र० पुरुषोत्तम ८म तथा सुखवीर ६ष्ठ की जोड़ी प्रथम। मेघवीर+महेश २य। सुरेन्द्र+प्रवीण ३य रहे। ९म १०म के छात्रों की १०० मीटर की दौड में ब्र०लोकेश १०म प्रथम, ब्र० विश्वामित्र ९म २य तथा ब्र० राजेश १०म ३य रहा। ६ष्ठ से अष्टम तक १०० मीटर में ब्र० अश्विनी ७म प्रथम, ब्र० रविन्द्र ६ष्ठ २य, ब्र० रमेश ८म ३य रहा। ८म तक की लम्बी कूद में ब्र० अशोक ६ष्ठ प्रथम, अश्विनी ७म २य। १०म श्रेणी तक की लम्बी कूद में ब्र० प्रदीप कल० ९म प्रथम, ब्र० विश्वामित्र ९म २य, बहादुर व राजेश १०म ३य रहे। चक्का फेंक में राजेश १०म प्रथम, द्विजेन्द्र ९म २य। सभी ब्रह्मचारियों को कुलपति जी ने पुरस्कार दिए। उल्लास और उत्साह के बीच क्रीड़ा-आयोजन समाप्त हुआ।

जिला तैराकी प्रतियोगिता

सहारनपुर जिले के समस्त इन्टर कालेजों के छात्रों की तैराकी प्रतियोगिता में गुरुकुल इन्टर साइंस कालेज के प्रथम वर्ष के छात्र ब्र॰ ओम्प्रकाश मुंगेर का तृतीय स्थान रहा। हम छात्र को इस विजय के लिए बधाई देते हैं तथा आशा करते हैं कि वह खेलों में उत्तरोत्तर उन्नति करता जाएगा। साथ ही छात्र के विशेष प्रोत्साहन के लिए गुरुकुल से कुछ प्रेरणा भी प्राप्त होगी।

विदाई व स्वागत समारोह का अनोखा आयोजन

८ नवम्बर को गुरुकुल के सीनेट-भवन में पूर्व कुलपति डा० सत्यकेतु जी विद्यालंकार की विदाई तथा नव्यागत कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी आहूजा का अभिनन्दन समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में कुल के समस्त उपाध्याय, अध्यापक, कर्मचारी, वेद महाविद्यालय के छात्र तथा फार्मेसी के अनेक कार्यकर्त्ता एवं विद्यासभा तथा आर्य प्र. स॰ पञ्जाब के अनेक मान्य सदस्य तथा विशेष आमन्त्रित पूर्व कुलपति श्री रघुवीरसिंह जी शास्त्री विद्यमान थे। समारोह बड़े सौमनस्यपूर्ण वातावरण में आगे बढ़ा। पूर्व कुलपति जी तथा नव्यागत कुलपति जी को पुष्प-मालायें पहनाकर अभिनन्दित किया गया। सभा का संचालन आर्य प्र० स० पञ्जाब के मन्त्री स्व० महाशय कृष्ण जी के सुपुत्र श्री वीरेन्द्र जी ने अपने संक्षिप्त एवं सारगर्भित शब्दों में नये कुलपति जी के परिचय से किया। मन्त्री जी ने परिचय देते हुए बताया कि वर्तमान कुलपति जी का बचपन कुल माता की गोद में ही व्यतीत हुआ है। एक प्रकार से वे दुनियां की हवा लेकर अपने घर में ही वापस आ गये हैं। उनका जीवन अनुकरणीय है। वे मेहनत से ही ऊंचे-ऊंचे पदों को प्राप्त कर सके हैं। उन्होंने १९३६ में अर्थशास्त्र से एम. ए॰ किया तथा अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में भी कार्य किया। उदयपुर वि॰ वि॰ के कुलपति रहे। प्रतिभावान छात्र होने के नाते छात्रवृत्ति भी प्राप्त करते रहे। १९३७ में सिविल सर्विस की परीक्षा दी। १९४९ में अमृतसर के अतिरिक्त जिलाधीश भी रहे। १९६५ में राजस्व परिषद् राजस्थान के सदस्य रहे। १९७२ में मणिपुर सरकार ने अपनी सेवा में लिया। इस प्रकार हमारे कुलपति जी अच्छे प्रशासक ही नहीं अपितु लेखक भी हैं। 'सर्वोदय की ओर' तथा 'बबूल के पेड़ तले' उनकी लेखनी से प्रसूत प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं। उनके अर्थ-शास्त्रीय तथा प्रशासकीय लेख पत्र-पत्रिकाओं में निकलते रहे हैं। खेलों में भी उनकी प्रगाढ़ रुचि है। इस प्रकार कुलपति जी का व्यक्तित्व सर्वतोभद्र है। वस्तुतः गुरुकुल ऐसे प्रतिभा के धनी सुयोग्य व्यक्ति को पाकर उन्नति की ओर अग्रसरित हो सकता है।"

आ० प्र० सभा के प्रधान श्री पृथ्वीसिंह जी आजाद ने डा० सत्यकेतु जी के लिए कहा कि 'उनका इतिहास के क्षेत्र में भारत के विद्वानों में अपना एक विशिष्ट स्थान है। प्रसन्नता का विषय है कि गुरुकुल में उनके नेतृत्व में एक 'श्रद्धानन्द शोध-संस्थान' की स्थापना की जा रही है। इस संस्थान के द्वारा उनका गुरुकुल से सदा ही सम्बन्ध बना रहेगा।" नये कुलपति जी का अभिनन्दन करते हुए सभा प्रधान जी ने कहा कि—"नये कुलपति जी में वह प्रतिभा और शक्ति है

कि वें गुरुकुल को एक अच्छा प्रशासन देंगे।"

आचार्य डा० रामनाथ जी विद्यालंकार ने भी डा० सत्यकेतु जी और श्री बलभद्र कुमार जी नव्यागत कुलपति का आभार व अभिनन्दन किया।

प्रो० वेदव्रत जी (स्नातकमंडल) ने कहा कि आज बड़े ही सौमनस्य का वातावरण उपस्थित है। संस्था के लिए जो कार्य डा. सत्यकेतु जी ने किया उसके लिए हम उनका हृदय से आभार प्रकट करते हैं। और नये कुलपति जी के लिए हमारी शुभकामनायें हैं। आशा है एक तटस्थ व्यक्ति के समान भाव बनाकर वे संस्था के गुणदोषों का विवेचन करते हुए आगे बढ़ेंगे।

भूतपूर्व कुलपति श्री पं. रघुवीर सिंह जी शास्त्री ने आर्य समाज संस्था से भी अधिक गुरुकुल का महत्त्व प्रतिपादित किया। नव्यागत कुलपति जी का अभिनन्दन करते हुए उन्होंने कहा कि– सार्वजनिक संस्थाओं में कार्य करने वालों के सामने अनेक कठिनाइयाँ आया ही करती हैं। इस समय संस्था के सामने भी अनेक 'चेलेंज' है किन्तु इनका सामना तो करना ही पड़ेगा। यह हमारा बड़ा सौभाग्य होगा कि यदि हम गुरुकुल की गुरुकुलीयता को बचा पायें; नहीं तो आने वाली पीढ़ियां हम लोगों के बारे में न जाने क्या-क्या कहेंगीं।

डा. सत्यकेतु जी ने अपने विदाई संदेश में कहा कि मैं अपनी सफलताओं और असफलताओं को खुले रूप से स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा मैं अपने कार्यकाल में यही सोचता रहा कि विश्वविद्यालय की मान्यता पर किसी प्रकार का संकट न आए। उन्होंने गुरुकुल की मूलभूत विशेषताओं की ओर नये कुलपति तथा समस्त अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कुल में आई शिथिलता तथा उखड़ाव को स्पष्ट रूप से स्वीकारते हुए कहा कि संस्था आज अपने मार्ग से हट गई है। मुझे परम प्रसन्नता है कि हूजा जी कुल के कुलपति रहें। मैं उनका हृदय से स्वागत करता हूं।"

अन्त में नव्यागत कुलपति जी ने अपने अभिनन्दन के प्रत्युत्तर में कहा कि– मुझे गुरुकुल से स्नेह है। इसके इतिहास से मैं वाकिफ हूं। यह मैं भगवान का प्रसाद ही मानता हूं, कि मुझे यहां कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। मुझे पद का लालच नहीं। मैं कुछ दे नहीं सकता, बल्कि मुझे तो यहां अपनी साधना करनी है। तटस्थ होकर यहां का कार्य देखना है, करना आप सबने ही है। मेरी इच्छा है कि यहां जो भी बाहिरी विद्वान् आयें, वे यहां से प्रभावित हों। हम यहां के वातावरण को अच्छा बनायें. यह अब हमें सोचना है। मेरी कोशिश होगी कि गुरुकुल का यश मेरे कार्यकाल में किसी भी प्रकार कम न हो।" अन्त में शांति पाठ के बाद समारोह की कार्यवाही समाप्त हुई।

साथ ही पत्रिका-परिवार भी अपने नव्यागत कुलपति जी का हृदय से अभिनन्दन करते हुए प्रभु से प्रार्थना करता है कि हमारे कुलपति जी का मार्ग शुभ हो- वे सफलता की मंजिल को चूमें तथा गुरुकुल उनके कार्यकाल में सुख, शांति और सौभाग्य को प्राप्त करता जाए।

वाद-विवाद प्रतियोगिता

दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली में आयोजित संस्कृत वादविवाद प्रतियोगिता में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के एम.ए. (प्रथम वर्ष) के छात्र श्री आनन्द कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हम विजयी छात्र को बधाई देते हैं।

लाला लाजपतराय स्मृति दिवस

१७।११।७५ को विद्यालय-विभाग के प्रर्थना भवन में लाला जी का बलिदान दिवस मनाया गया। सभा की अध्यक्षता ज्वालापुर महाविद्यालय के एम०ए० विभाग के प्रिंसिपल श्री चन्द्रभानु जी 'अंकिचन' ने की। कुल के कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी आई०ए०एस० तथा आचार्य डा० रामनाथ जी वेदालंकार ने अपनी श्रद्धांजलियाँ उस महान् आत्मा को अर्पित कीं। विद्यालय विभाग के ब्रह्मचारियों न्द्रपाल ६ष्ठ, मेधवीर ७म, विनोद ७म, नरेन्द्र ९म, विनोद ९म, हरिस्वरूप ९म सबने लाजपतराय जी जीवन का गुण-गान किया। अध्यापकों एवं प्राध्यापकों में श्री हरिवंश जी वेदालंकार, श्रीरणजीत ह जी, श्री जनेश्वर पाल जी, प्रो० वेद प्रकाश जी, प्रो०डा० निगम जी आदि सभी ने लाला जी के ज्वलन्त व्यक्तित्व की गरिमा को बताकर उन्हें अपनी २ श्रद्धाञ्जलियाँ भेंट कीं। अन्त में शांतिपाठ के पश्चात् सभा समाप्त हुई।

गुरुनानक दिवस

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास तथा संस्कृति विभाग की ओर से १८।११।७५ को श्री कुलपति जी की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। सभी वक्ताओं ने नानक जी के जीवन को प्रेरणादायी बताते हुए उन्हें एक समाजसुधारक, सन्त तथा हिन्दु-मुस्लिम एकता के प्रतीक के रूप में स्मरण किया।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष तथा श्रीमती इन्दिरा गांधी जन्म दिवस समारोह

१९।११।७५ गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय के युवकहृदय व उत्साही कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी की प्रेरणा से कुल में जहां अनेक नये कार्य-कलाप प्रारम्भ हो गये हैं, वहाँ अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष के उपलक्ष्य में तथा श्रीमती इन्दिरा गांधी के जन्मदिवस पर कुल की महिलाओं की ओर से आर्य-समाज मन्दिर में एक सभा का समायोजन हुआ। इसका संयोजन श्रीमती मंजु भगत ने किया।

साथ ही इसी दिन इन्दिरा जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय विभाग में प्रातः प्रतिदिन पी०टी० व्यायाम प्रारम्भ किये गये श्री कुलपति जी ने इस कार्य-क्रम में स्वयं भाग लेकर कार्य-क्रम शुरु किया।

विवेकानन्द-मण्डली

१०-११-७५ को श्री कुलपति जी की अध्यक्षता में 'नेहरु मण्डली' के समान ही 'विवेकानन्द-मण्डली' की स्थापना की गई। इस मण्डली में कुल के वे प्राध्यापक, अध्यापक, कर्मचारी, व छात्र

म्मिलित हैं, जिनका जन्म जनवरी मास की किसी भी तिथि में पड़ता है। स्मरण रहे की हमारे व-कुलपति जी का जन्म दिन भी जनवरी मास में ही पड़ता है। विवेकानन्द मण्डली के समस्त दस्यों को हमारी शुभकामनायें।

गुरुकुल प्रांगण में भव्य एन.सी.सी. परेड

२३ नवम्बर १९७५ को प्रातः १० बजे गुरुकुल काँगड़ी के प्रांगण में एन.सी.सी. की ७वीं वर्षगांठ मनाई गई। परेड में हरिद्वार क्षेत्र के सभी कालेजों के एन सी.सी. छात्रों व छात्राओं भाग लिया तथा विविध प्रकार के मनोरंजक प्रोग्राम भी दिखाये। परेड का निरीक्षण व सलामी ल के कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी आई.ए.एस. ने ली। कुलपति जी ने अपने भाषण में समस्त न सी.सी. के युवकों व युवतियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि "हमने अपनी आजादी के लिए नेक बलिदान दिए हैं। हमें अपनी आजादी को सदा कायम रखना है। श्रीमती इन्दिरा गांधी के त्त्व में आज हम सभी क्षेत्रों में प्रगतिशील है। हमारे वैज्ञानिक भी सेनाओं के लिए आधुनिकतम स्त्र बनाने में लगे हैं। जिससे राष्ट्र मजबूत हो। हमें अपनी आजादी की हर कीमत पर रक्षा करनी" तदनन्तर बैण्ड की सुमधुर ध्वनि के साथ एवं नेहरू-मंडली तथा विवेकानन्द-मण्डली की रस्सा-स्सी के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।

ष्ण जन्माष्टमी

३०-८-७५ को वेदमन्दिर के भव्य भवन में एक विशाल सभा का सभायोजन स० ध्याधिष्ठाता श्री पं० धर्मवीर जी विद्यालंकार की अध्यक्षता में हुआ। विद्यालय के सुयोग्य धिष्ठाता श्री विजय कुमार जी शास्त्री ने सभा का संचालन किया। विद्यालय के अनेक ब्रह्मचारियों भजन, श्लोक व भाषण किये। भूतपूर्व कुलपति आचार्य श्री प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति ने अपने रगर्भित भाषण के द्वारा कृष्ण जी के जीवन के बारे में बताया। शांति पाठ के पश्चात् सभा ाप्त हुई। ब्र० मेघवीर ७म, ब्र० विनोद ७म, ब्र० हरिस्वरूप ७म तथा ब्र० नरेन्द्र ९म, ब्र० ज्जीत १०म को पुस्तक आदि पुरस्कार दिए गए।

न्तन्त्रता दिवस समारोह

१५ अगस्त के पुण्य दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यालय के झण्डा चौक में आयुर्वेद विद्यालय के प्रिन्सिपल डा० अनन्तानन्द जी आयुर्वेदालंकार ने राष्ट्र-ध्वजा फहराई। विद्यालय के ों ने राष्ट्र-गान गाया। डा० जी ने स्वतन्त्रता दिवस का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए देश की ादी की लड़ाई में गुरुकुल के योगदान की प्राचीन गौरवगाथा को समस्त कुलवासियों और छात्रों बताकर उत्साहित किया। एन. सी.सी. के छात्रों ने झण्डे को सलामी दी। डा० जी ने परेड निरीक्षण किया। समारोह शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुआ।

इसी प्रकार गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी में भी डा० हरिप्रकाश जी आयुर्वेदालंकार व्यवसायाध्यक्ष की अध्यक्षता में स्वतन्त्रता दिवस-समारोह बड़े उल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया। फार्मेसी के समस्त कार्यकर्ताओं को इस अवसर पर मिष्ठान वितरित किया गया।

आर्य समाज स्थापना शताब्दी समारोह

१२ अप्रैल को हरिद्वार क्षेत्र में बड़ी धूम धाम तथा हर्षोल्लास से आर्यसमाज स्थापना शताब्दी समारोह मनाया गया। इसमें पंचपुरी की समस्त आर्यसमाजों तथा कालेजों ने भाग लिया। (विशेष रूप से ज्वालापुर महाविद्यालय, भारत हैवी इलैक्ट्रिक रानीपुर आर्य समाज एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्रों व उपाध्यायों ने भाग लिया। शोभायात्रा ज्वालापुर से प्रारम्भ होकर हरिद्वार में ललतारौ पुल पर समाप्त हुई। वहां गुरुकुल के तत्कालीन कुलपति डा० सत्यकेतु जी विद्यालंकार की अध्यक्षता में एक विशाल-सभा का समायोजन हुआ। जिसमें पंचपुरी के कालेजों के प्रधानाध्यापकों एवं अनेक आर्य नेताओं के भाषण हुए तथा आर्यसमाज की प्रगति के अनेक आगामी प्रभावी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई। सभा बड़े उत्साह युक्त वातावरण में समाप्त हुई।

आर्य समाज गुरुकुल कांगड़ी

आर्यसमाज गुरुकुल कांगड़ी की ओर से भी आर्यसमाज स्थापना शताब्दी के उपलक्ष्य में ११ अप्रैल को आर्यसमाज मन्दिर में कुल वासियों की एक विशाल सभा समायोजित हुई। इसमें अनेक वक्ताओं--सर्व श्री डा० गंगाराम जी (कुल सचिव), डा० वासुदेव जी (तत्कालीन स० मुख्याधिष्ठाता) डा० धर्मानन्द जी केसरवानी; डा० विष्णुदत्तजी राकेश (हिन्दी विभाग) डा० निगम जी (संस्कृत विभाग), पं० धर्मवीर जी विद्यालंकार (वर्तमान स० मुख्याधिष्ठाता) प्रो० भारत भूषण जी वेदालंकार (वेद विभाग), ब्र० गणेशप्रसाद आदि ने अपने उद्गार प्रगट किए। डा० राकेश जी ने आर्यसमाज संस्था के प्रति अपने उद्गार प्रगट करते हुए कहा--"आपने हमारे नेत्र खोले, हम आपके ऋणि हैं।" अंत में समापति पद से डा० सत्यकेतु जी विद्यालंकार ने कहा कि--"आर्य समाज के द्वारा संसार के इतिहास में वह कार्य हुआ है जिसे हम भारतीय इतिहास में नवजागरण वाद के नाम से जानते हैं। हमारे लिए आज का दिन वस्तुतः सर्वाधिक महत्त्व का है।" आर्य समाज के प्रधान श्री पं. भगवद्दत्त जी ने सब का धन्यवाद किया। शान्ति पाठ और मिष्ठान वितरण के पश्चात् समारोह सम्पन्न हुआ।

२१ सितम्बर को बलिदान दिवस

गुरुकुल साइंस कालेज के स्वर्गीय प्रोफेसर श्री ओमप्रकाश सिन्हा की स्मृति में बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में अवकाश रहा। ज्ञात हो कि स्व० सिन्हा जी की गोली मार कर हत्या कर दी

गई थी । पिछले वर्ष उनके नाम से विज्ञान महाविद्यालय की रसायन शाला का नाम "स्व· प्रो. ओमप्रकाश सिन्हा रसायन-प्रयोगशाला" रख दिया गया था ।

विजय दशमी पर्व

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयादशमी (दशहरा) पर्व ११-१-७५ से १५-१-७५ तक बड़ी धूम धाम से मनाया गया । मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र जी की गुणावली का वखान करने के लिए सभा का समायोजन किया गया । विद्यालय-विभाग के छात्रों ने अपने मुख्याध्यापक डा० श्यामनाथ जी की अध्यक्षता में विविध क्रीड़ा साम्मुख्यों का आयोजन किया । क्रीड़ा मन्त्री ब्र० राजेश कुमार १०म के नेतृत्व में खेल हुए । विभिन्न क्रीड़ा साम्मुख्यों का परिणाम इस प्रकार रहा-- कबड्डी में-प्रदीप कलकत्ता ९म का दल बिजयी रहा । फुटबाल में-ब्र० धर्मप्रकाश ८ का दल विजयी रहा । कुण्डल शिकार में- ब्र० सुनीलकुमार ८म का दल विजयी रहा । चम्मच दौड़में- ब्र० दिनेश ८म प्रथम तथा ब्र० सुखबीर सिंह ६ष्ठ २ य रहा । कुर्सी दौड़में-ब्र० यशपाल ९म प्रथम तथा ब्र० दिनेश ८म २य रहा । तीन टाँग की दौड़ में- ब्र० यशपाल ९म तथा ब्र· रमेश ८म की जोड़ी प्रथम रही । ब्र. मेघवीर ७म तथा ब्र. अमरेन्द्र ८म की जोड़ी २य रही । १०० मीटर की दौड में-ब्र· यशपाल ९म प्रथम तथा रमेश ८म २य रहा । विजयी छात्रों को बूंदी प्राप्त हुई । आशा है ब्र. क्रीड़ा साम्मुखों में विद्यालय का नाम ऊंचा करेंगे ।

विद्यालय चिकित्सालय से

विद्यालय चिकित्सालय के कम्पाउण्डर श्री रामकुमार शर्मा जी की सूचना के अनुसार अक्तूबर मास में निम्न बह्मचारी विविध रोगों से पीड़ित रहे--ब्र० जयपाल ६ष्ठ पैर की हड्डी टूट गई है । (अभी रुग्ण) ब्र० गुलाबसिंह ५म वातशूल, हुकमसिंह ३य फोड़े फुन्सी, संजीव ३य फोड़े फुन्सी, अजय ३य फोडे फुन्सी, आर्यवीर २य ज्वर, सूरजपाल १म ज्वर, अशोक ३य खुजली, संजय १म चोट, सुरेन्द्रपाल ५म ज्वर, स्वयम्बर ३य (कर्णशूल), वीरेन्द्र ३य (हाथकी हड्डी टूट गई), अरुण १म खुजली, संजय १म खुजली, सुरेन्द्र मोहन ३य फोडे, हरिश्चन्द्र ५म टाइफ़ाइड ज्वर; चन्द्रपाल ५म कांच से कटा, अशोक ३य फुन्सियां, विजयपाल ३य खुजली, देवेन्द्र ४र्थ फोडे फुन्सी, प्रेमकुमार ३य उल्टी दस्त, अशोक २य उदर विकार; संदीप चतुर्थ ज्वर ।

नवीन समाचार अगले अंक में.....)

--○--

गुरुकुल डायरी नवम्बर १९७५

७ विद्यासभा ।

८ (क) नये कुलपति का अभिनन्दन एवं निवर्तमान-कुलपति की विदाई ।

(ख) शिष्ट परिषद् की बैठक ।

९ (क) प्रातः गुरुकुल-भूमि निरीक्षण ।

(ख) विद्यालय आश्रम में सामूहिक यज्ञ ।

(ग) वित्तीय समिति की बैठक ।

१० कृषि फार्म सम्बन्धी बैठक ।

११ विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापकों की बैठक ।

१२ (क) कला महाविद्यालय के प्राध्यापकों की बैठक ।

(ख) क्रीड़ा समिति की बैठक ।

१४ (क) बाल-दिवस समारोह ।

(ख) विद्यालय ब्रह्मचारियों के खेलकूद ।

(ग) संजीव मनु का जन्म दिन एवं नेहरू परिवार का अभिनन्दन, चित्र एवं जलपान ।

१५ पुस्तकालय समिति का गठन ।

१६ छात्रावास समिति का गठन व निरीक्षण ।

१७ वेद महाविद्यालय के प्राध्यापकों की बैठक ।

१८ लाला लाजपतराय जयन्ती ।

१९ (क) विद्यालय अध्यापकों की बैठक ।

(ख) महिला दिवस समारोह ।

२० विवेकानन्द परिवार का गठन एवं अंताक्षरी ।

२२ प्रतियोगी-परीक्षाओं सम्बन्धी बैठक ।

२३ (क) २७वीं राष्टीय छात्र सेना समारोह ।

(ख) नेहरू एवं विवेकानन्द परिवार के बीच रस्साकसी ।

२४ विभिन्न समितियों की बैठक एवं कार्यविवरण ।

२५ (क) दिल्ली, उज्जैन एवं एन· सी· सी· में विजयी छात्रों का अभिनन्दन ।

(ख) नेहरू एवं विवेकानन्द परिवार के बीच बैड-मिण्टन ।

(ग) परिवार-पिताओं की बैठक ।

२६ (क) उपकुलपति, कण्ट्रोलर एवं योग निदेशक द्वारा योग निकेतन ऋषिकेश का निरीक्षण एवं सूचनाएं प्राप्त ।

(ख) डा० हरिप्रकाश जी की सुपुत्री के जन्म दिवस समारोह में सम्मिलित ।

२७ (क) उच्च-शिक्षा सम्बन्धी गोष्ठी ।

(ख) गुरुकुल, ऋषिकुल के बीच हाकी मैच ।

(ग) आर्यसमाज शताब्दी समिति की बैठक ।

२८ (क) क्रीड़ा समिति की बैठक ।

(ख) गांधी परिवार की बैठक एवं परिवार पिता द्वारा मिष्ठान्न-भोज ।

२९ (क) विज्ञान महाविद्यालय में 'आचार्य जगदीश बोस जयन्ती ।

(ख) विभिन्न समितियों के संयोजकों की बैठक

३० (क) नेहरू एवं विवेकानन्द परिवार के मध्य कबड्डी प्रतियोगिता, विजेताओं एवं विवेकानन्द परिवार के समस्त सदस्यों को कुलपति की ओर से जलपान ।

(ख) समस्त उपस्थित सदस्यों के भार, दाब, एवं सीने की माप-तोल ।

नोट—प्रायः समस्त बैठकों की अध्यक्षता श्री बलभद्र कुमार हूजा कुलपति ने की । विद्यासभा एवं शिष्ट-परिषद की अध्यक्षता श्री पृथ्वीसिंह आजाद कुलाधिपति ने की ।

प्रस्तुतकर्ता
रामाश्रय मिश्र
जन सम्पर्क अधिकारी
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

76018



ी वीरेन्द्र जी सभामन्त्री, नव-नियुक्त कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी का परिचय देते हुए



श्री पृथ्वीसिंह जी आजाद कुलाधिपति, स्वागत भाषण करते हुए

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालंकार।

प्रकाशक : डा० गंगाराम, कुलसचिव : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय।

मुद्रक : सुरेशचन्द्र वैष्णव, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिन्टिंग प्रेस, हरिद्वार।

गुरुकुल-पत्रिका

श्रद्धानन्द-अंक

76018



कल्याण मार्ग के पथिक गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के संस्थापक

तपःपूत निर्भीक संन्यासी श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज

दिसम्बर १९७५ ★ पौष २०३

विषय-सूची

सं०	विषय:	लेखका:	पृष्ठाङ्का:
१	श्रुति-सुधा		३९९
२	वैदिक-साहित्य-सौदामिनी	श्री वागीश्वरो विद्यालंकार:	४००
३	वीर बलिदानो शहीद श्रद्धानन्द	श्री सतीशचन्द विद्यालंकार एम·ए·	४०४
४	परमश्रद्धेयअमर धर्मवीराणां पुण्यस्मरणम्	श्री आचार्य धर्मदेवो विद्यामार्तण्ड:	४१०
५	राष्ट्र के मुख्य छैः आधार	ब्र० राजेन्द्र प्रसादसिंह	४११
६	उच्चस्तरीय शिक्षा के उद्देश्य प्रशासन एवं . .	श्री बुद्धप्रकाश शुक्ल	४१५
७	स्वामी श्रद्धानन्द जी का गुरूकुल में पधारना और आयुर्वेद महाविद्यालय के बारे में उनकी धारणा	विद्यामार्तन्ड श्री डा० धर्मानन्द केसरवानी	४१९
	युगद्रष्टा वह आर्य संन्यासी	श्री अवनिमोहन विद्यालंकार	४२४
९	दिवंगतायाम्	श्री डा० राजमणि पाण्डेय:	४२६
१०	उड़ान कल्पना लोक से वास्तविकता की ओर	श्री विजय शंकर अध्यक्ष वन०वि०गु०कु०वि०	४२७
११	उच्च शिक्षा का पुनर्गठन	श्री डा० अमरनाथ द्विवेदी	४३५
१२	आर्यसमाज के सौ वर्ष	श्री प्रकाशवीर शास्त्री, संसद-सदस्य	४४०
१३	साहित्य-समीक्षा	श्री भगवद्दत्त वेदालंकार	४४७
१४	धरा जल रही है !	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	४४८
१५	गुरुकुल की यज्ञस्थली से	श्री बलभद्र कुमार कुलपति	४४९
१६	गुरुकुल-समाचार	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	४५१
१७	गुरूकुल की एक झाँकी	संकलनकर्ता श्री गिरीश सुन्दरियाल	४६०
१८	गुरूकुल डायरी	श्री रामआश्रय मिश्र जन सम्पर्क अधिकारी	४६२

--गुरुकुल पत्रिका का वार्षिक मूल्य--

देश में ६ रुपये विदेश में १० रुपये एक प्रति ६० पैसे

ओ३म्

76018

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुलकांगड़ीविश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

पौष : २०३२, दिसम्बर १९७५, वर्षम्-२८, अङ्काः २, पूर्णाङ्काः ३२३

श्रुति सुधा

ऋ० ९ मं० ११३ सूक्त.

पवमान सोम

पवमान पवित्र हुआ सोम रस–(भौतिक क्षेत्र)

उपासक के हृदय में पवमान–शान्त प्रवाह रूप में सोमरूप परमात्मा (आध्यात्मिक क्षेत्र)

आपवस्व दिशांपत आर्जीकात् सोम मीढ्वः ।

ऋतवाकेन सत्येन श्रद्धया तपसा सुत इन्द्रायेः .....॥२॥

(दिशांपते !) हे दिशाओं के स्वामिन् (मीढ्वः सोम) सुख की वृष्टि करने वाले सोम तू (ऋत वाकेन) ऋत–सत्य वचन से (सत्येन) सत्याचरण से (श्रद्धया) श्रद्धा से (तपसा) तप से (सुतः) अभिषुत हुआ हृदय स्थली में निचोड़ा हुआ ।(आर्जीकात् आपवस्व) ऋजु धर्मी स्थान से पवनकर इन्द्राय–पूर्ववत् ।

आर्जीकः–ऋजीकः ऋजुधर्मवान् स्वार्थेऽण्

मनुष्य के अन्दर ऋजुता होने पर ही सोम प्रवाहित होता है । मीढ्वः = मिह् सेचने

वैदिक-साहित्य-सौदामिनी

श्री वागीश्वरो विद्यालंकारः साहित्याचार्यः

न्ये वा क्वचित् सत्यामपि शब्दशक्तौ अर्थशक्तिमूलकतया व्यवहारः। उभयविधानां पदानां प्रायः साम्ये तु व्यङ्ग्यार्थस्योभयशक्तिमूलकता। स च द्वयुत्थध्वनेरवकाशविषयः।

अथ ध्वनेरष्टादशः शब्दार्थोभयशक्तिसमुत्थितः केवलवाक्यगतोऽलङ्कारात्मकश्चैको भेदः--
वाक्यगतत्वादिह केचनशब्दाः परिवर्तनसहायतस्तेषां पर्यायवाचकपदप्रयोगेऽपि व्यङ्ग्याऽर्थोऽक्षुण्णः। अपरेऽपरिवर्तनसहा येषां पर्यायवाचक पदप्रयोगे व्यङ्ग्यार्थोऽप्यपैति। एवमस्याऽनेकपदगतत्वात् वाक्यगतत्वमपरिहार्यम्। इत्याह--

यत्र पर्यायशब्दानां प्रयोगात् परिवर्तनम्।
सहन्ते व्यञ्जकाः केचित्, केचिच्छब्दा न तादृशाः।।२७
शब्दार्थयोर्द्वयोः शक्तयोत्थितो वाक्येऽयमेककः
सर्वेषां मेलनादेषामष्टादशविधो ध्वनिः ।।२८।

यथा--

सरला विरलायन्ते घनायन्ते कलिद्रुमाः
न शमी न च पुन्नागा विराजन्ते महीतले ।।

कस्यापि सूक्तम्

इह लोके सरला ऋजुप्रकृतयः पुरुषा विरलायन्ते अल्पशो भवन्ति। कलेः कलहस्य द्रुमा वृक्षा इवेति लुप्तोपमा वैरविरोधवर्धकास्तु जना घनायन्ते बहुशो लभ्यन्ते। "कलिर्विभीतके शूरे विवादेऽन्त्ययुगे (कलियुगे) युधि।" इत्यनेकार्थसंग्रहे श्रीहेमचन्द्राः, शमी शमवान् शान्तप्रकृतिको जनः पुन्नागाः पुरुषश्रेष्ठाश्च इह भूतले बहवो न विराजन्ते। एवमभिधावृत्या मुख्यार्थे प्रतीतेऽपि वृक्षविशेषवाचकानां सरलकलिद्रुमशमीपुन्नागपदानां साहचर्यात् सरला स्तन्नामका देवदारुद्रुमाः, विरलायन्ते विरलपत्रशाखा भवन्ति, अथवा समुन्नतेषु केषुचिदेव पर्वतप्रायप्रदेशेषु प्राप्यन्ते न सर्वत्र। कलेर्विभीतकनामकस्य फलस्य वृक्षास्तु घनायन्ते सघनपत्रशाखा भवन्ति सर्वत्र बाहुल्येन वा लभ्यन्ते। शमीनामकाः पुन्नागाख्याश्च तरवो भूमितले न विराजन्ते भूयांसो न शोभन्ते, 'सरलादेवदारवः' इत्यमरः। "पुन्नागस्तु सितोत्पले। जातीफले नरश्रेष्ठे पाण्डुनागे द्रुमान्तरे।" इति मेदिनी। इति रूपोऽपरोऽर्थो व्यञ्जनालभ्यः। अत्र सरलपदेन समानपदवाच्यतया सत्पुरुषाणां देवदारुद्रुमाणां चौपम्यं गम्यते। तथा कलिद्रुमपदेनापि दुर्जनविभीतकवृक्षयोरौपम्यम्। एवं शमी पुन्नागपदाभ्यामपि वृक्षविशेषयो र्व्यंजना तयोः साम्यं च गम्यते। किंच सरलकलिद्रुमयोर्भेदवर्णनाद् व्यतिरेकालंकारः। 'व्यतिरेको विशेषश्चेदुपमानोपमेययोः'। तथा पद्यस्योत्तरार्धे प्रस्तुतयोः शमीपुन्नागयोर्दुर्लभत्वरूपैकधर्मसम्बन्धवर्णनात् तुल्ययोगिता। ततश्च ताभ्यां व्यतिरेकतुल्ययोगिताभ्याम् देवदारुद्रुमाणां सज्जनानाम् विभीतकानां दुर्जनानां च साम्यव्यंजनात् अलङ्कारादलङ्कारव्यंजना। अत्रैव चतुर्थचरणे 'न विराजन्ते महीतले' इत्यस्य स्थाने 'संसारकानने' इति पठनाद्रूपकम्। शाब्देन संसारे काननत्वारोपेण सरलपुरुषेषु देवदारुत्वारोपो व्यङ्ग्यः। तेनेह परम्परितरूपकालङ्कारः। एवं कलिद्रुमशमीपुन्नागपदेषु स्वयमूह्यम्। इह सरलकलिद्रुमादयः शब्दाः परिवर्तनं न सहन्ते। सरलपदस्य स्थाने ऋजुपदप्रयोगे कलिद्रुमस्य स्थाने विभीतकपदप्रयोगे च तत्तदलङ्काराणामभावः।

यथा वा--

जीवनग्रहणे नम्रा गृहीत्वा पुनरुन्नताः
किं कनिष्ठाः किमु ज्येष्ठा घटीयन्त्रदुर्जनाः ॥

कुवलयानन्दे ।

घटीयन्त्रस्य (लोकभाषायां रहट इति प्रसिद्धस्य) वर्णनप्रसङ्गे "पयः कीलालममृतं जीवनं भुवनं वनम् ।' इत्यमरप्रामाण्यादिह जीवनपदस्य शक्ति र्जले नियम्यते । तदा च जीवनस्य-कूपतलस्थितोदकस्य ग्रहणे ग्रहणनिमित्तम् । इह निमित्तार्थे सप्तमी । नम्रा अधोमुखाः । जीवनं जलं गृहीत्वा आदाय तु पुनरुन्नता ऊर्ध्वमुखा घटीयन्त्र स्थघटा इव दुर्जना अपि जीवनग्रहणे परेषां प्राणापहरणे धनाद्यपहरणे वा नम्रा विनीताः स्व-दुष्कृत्यं सम्पाद्य जीवनादि गृहीत्वेत्यर्थः । "जीवनं वर्त्तने जीवप्राणधारणयोर्जले ।" इति मेदिनी । पुनरुन्नताः साफल्यदर्पणोद्धताः ते खलाः तथाविधेनाचरणसादृश्येन घटीयन्त्रस्य तद्बद्ध-घटस्य किं कनिष्ठा भ्रातर इव किंवा ज्येष्ठा इवेति–"अप्रसिद्धकोटिकोऽयं तु कल्पितकोटिकः सन्देहः ।" इति कुवलयानन्दे सन्देहालङ्कारप्रकरणे (२५ कारि०) श्रीमद्प्पयदीक्षिता यदाहुस्तन्न साधु । किमिति पदेन आपाततः प्रतीतेऽपि सन्देहे-ऽविश्रान्त्यभावात् । इह घटीयन्त्रबद्धा घटा अधिकनिन्दनीया दुर्जना वेति क्षणिकाऽऽभासे-ऽपि दुर्जननिन्दायामेव वक्तुस्तात्पर्यात् । किंच घटो न गर्हार्हः जडस्य तस्य तादृग्व्यवहारः प्रकृतिसिद्धो न विचारपूर्वकः स्वेच्छाचरितो वा । चेतनस्य दुराचार एव निन्दाऽर्हो नाऽचेतनस्य । तस्मात् कविप्रौढोक्त्या घटस्य दुर्जनस्य च व्यवहारे किंचित् तुल्यत्वाऽऽभासं प्रदर्श्य दुर्जननिन्दा-धिक्यव्यंजनाद् व्यक्तिरेकध्वनिरेव । इह जीवनपदम् अपरिवर्तनसहम् नम्रान्नतादीनि तु परिवृत्ति-सहानीति द्वयुत्थोऽयं व्यतिरेकध्वनिः ।

यथा वा––

हेमाम्बरा हेमकिरीटभाला
पुरःस्फुरत्कांचनकेतुमाला ।
देवी सदोषा निहतप्रदोषा
विराजते कीर्णसुवर्णकोषा ॥२९

हेममयमम्बरं गगनं यया, हेममयं किरीटं मुकुटं भाले यस्याः, पुरोऽग्रतः स्फुरन्ती काञ्चनमयी केतूनां द्युतीनां सुरुचां माला पताका यस्या अथवा केतवो रुचएवमालाः पताकाः यस्याःसा । निहतप्रदोषा विनाशितनिशा, सर्वतःकीर्णाः शोभनवर्णानां रक्त-पीतादीनां कोशा यया तथाविधा उषाः देवीव राज्ञीव "देवी कृताभिषेकायाम् ।" इति मेदिनी सदा नित्यं विराजते । राज्ञीपक्षे–– हेममयानि अम्बराणि वस-नानि यस्याः । सुवर्णमयं किरीटं भाले यस्याः, पुरः मार्गेऽग्रतः स्फुरन्ती कांचनमयी पताकानां माला यस्याः सा, निहता प्रचुरदोषकर्तारो मानुषा यया तथाविधा देवी राज्ञी उषा इव विराजते । "केतु र्ना रुक् पताका विग्रहोत्पातेषुलक्ष्मणि" इति मेदिनी । इह अम्बरसुवर्णप्रदोषादीनि पदानि अपरिवृत्तिसहानि । इतराणि परिवृत्तिसहानि । उषाः सदा देवीव विराजते इत्युपमाध्वनिः।

यथा वा––

अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां
बह्वीः प्रजाः सृजमानां सरूपाः ।
अजो ह्येको जुषमाणोऽनु शेते
जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः ॥

श्वेताश्वतरोपनिषदि ४।५॥

अजामेकामिति- लोहितशुक्लकृष्णां शोणश्वेत-श्यामवर्णां, स्वसदृशीर्भूयसीः प्रजाः संततीः सृज-मानां जनयन्तीम् एकामजां छागीम् द्वयोरजयो-रन्यतरः जुषमाणः तत्रानुरक्तः सेवमानो वा, 'जुषी प्रीतिसेवनयो :।' अनुशेते तया संपर्कं करोति

अनुतपति च। "....अथानुशयो दीर्घद्वेषाऽनुतापयोः इत्यमरः। अन्योऽजः न जायते उत्पद्यते इति आत्मा तत्त्वज्ञः 'अजश्छागे हरिब्रह्मविधुस्मर हरे नृपे।" इति मेदिनी। लोहितं रजः, श्वेतं सत्त्वम्, श्यामं तमः। एवं वर्णत्रयात्मिकां गुणत्रयवतीमजां [सदा वर्तमानत्वादजा न कदाचिज्जायते इति, ताम् प्रकृतिम्। स्व सदृशीः भूयसीः सुखदुःखमोहात्मिकाःसृष्टीर्जनयन्तीम्,अपरोऽजः जहाति मुञ्चति। निवृत्तौत्सुक्यत्वात् जहाति मुंचति। मुक्तो भवति। इह अजा अजयोः प्रकृत्यात्मनोरौपम्यं गम्यते। अजाऽजपदे, परिवर्तनं न सहेते लोहितादयस्तु, तत् सहन्ते। अतः उभयोः शब्दार्थयोः शक्त्या सन्मुत्थितोऽयमुपमाऽलङ्कारध्वनिः।

अथवा—

उपह्वये सुदुघां धेनुमेतां,
सुहस्तो गोधुग् उत दोहदेनाम्।
श्रेष्ठं सवं सविता साविषन्नो
ऽभीद्धो धर्म स्तदुषु प्रवोचम् ॥

ऋ० म. १। सू. १६४। म. २६

देवता–विश्वेदेवाः। ऋषिः दीर्घतमा औचथ्यः। उपह्वये सुदुघामिति–सुदुघां शोभनं दोहनं दुग्धं [यस्याः। अथवा सुखेन दोहनार्हाम्। एनां गाम्, अहं गृहपतिः उपह्वये आह्वयामि। धेनुर्धयतेः धिनोतेर्वेति। तथा धर्मधेनुरिति याज्ञिकाः- इति निरुक्ते (अ० ११।पा० ४,ख.४३) श्रीयास्कः। धेनु र्धयति वत्सान् धीयते वत्सैरिति वेति धेट्पाने धातोः–धेट्इच्च (उणा.३२१) नुप्रत्यये साधु। उत अपि च सुहस्तो दोहननिपुणपाणिः गोधुग् दोहनकर्मणि नियुक्तो दोग्धा एनाम् दोहत् दोग्धि दुग्धां वा। सविता सर्वेषां प्रेरकः प्रसविता वा परमात्मा अथवा सूर्यः। नः अस्माकं कृते। अस्यां श्रेष्ठं सवं साविषत् प्रकृष्टं प्रचुरं च पयः जनयतु अनुजानातु वा। इयमस्माकं कृते प्रचुरदोहा भूयादिति भगवाननुजानातु। सूयते इति सवः। पयो घृततक्रादिकं पदार्थजातम्। किमर्थमियं प्रार्थनेति चेत्-यतो हि धर्मः ग्रीष्मः। अभीद्धः प्रदीप्तः। प्रखरग्रीष्मजनितसन्तापशान्तये। शीतलपयोदध्यादिकमेव प्रभवतीति भावः। तद् उ· सु प्रवोचम् अत एव तत्पूर्वोक्तं प्रार्थनावचनं सु सम्यक् प्रवोचम् अभिहितवानस्मि। सु इत्यस्य मूर्धन्यत्वं छान्दसम्।

एवमभिधावृत्त्या मन्त्रस्याऽस्य गोपरकेऽर्थे निर्धारितेऽपि माध्यमिकवाक्परको मेघमालापरको वा योऽर्थोऽवगम्यते स व्यञ्जनालभ्य एव। 'गौः स्वर्गे च बलीवर्दे रश्मौ च कुलिशे पुमान्। स्त्री सौरभेयी दृग्बाणदिग्वाग्भूम्यप्सु भूम्नि च।" इति मेदिनी। कुलिशोऽशनिर्विद्युद्वा। यजमानो होता लोको वा भुवि दीर्घाऽवग्रहग्रस्तः प्रार्थयते–उदधिभ्यः सूक्ष्मं वाष्पात्मकं जलमादाय व्योम्नि विचरन्तीम् एनां धेनुम् अशनिगर्भां मेघमालां वा वृष्टिकामोऽहं यज्ञैः प्रार्थनाभिर्वा आह्वयामि अभिमुखीं करोमि। सुहस्तः शोभनाः रश्मिरूपाः करा यस्य स सविता सूर्य एव गोधुग् एनां दुग्धां दोहतु। पुरुषसूक्ते समाजो राजा परमात्मा च पुरुषरूपेण वर्णितः। क्षत्रियास्तस्य बाहवः। बाहू राजन्यः कृतः। यजु· अ०३१।म०११। स हि करैः आयषष्ठांशैः प्रजारूपां गां दोग्धि। तदुक्तं श्री कालिदासेन रघुवंशस्य चतुर्थसर्गे–दुदोह गां स यज्ञाय सस्याय मघवा दिवम्। भगवद्गीतायामपि।[1] यज्ञैः प्रसादितः प्रभुः श्रेष्ठं सवं जलमयं स्वप्रसवं साविषत् जनयतु वर्षत्वित्यर्थः। किमर्थम्? यतो धर्मः ग्रीष्मः अभीद्ध प्रदीप्तः।

---

१ अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसंभवः
यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥
अ० ३। श्लो० १४॥

दीर्घावर्षणजन्येन जलशोषणेन शस्यशष्पतरु-लतादिकं सर्वं शुष्कप्रायम् । तस्माद्धेतोः पूर्वोक्तं प्रार्थनावचनं सु सम्यक् प्रवोचम् सादरमुक्त-वानस्मि । इह--सवं सविता साविषत् इत्यत्र सकारवकारयोरसकृदावृत्त्या वृत्त्यनुप्रास. । साविषत् षु प्रसवैश्वर्ययोः इति धातोर्लोटि रूपम् । मन्त्रेऽस्मिन् धेनोः मध्यस्थानदेवताया विद्युतश्च उपमेयोपमानभावोऽवगम्यते । इत्यलंकारध्वनिः । सुदुघां, धेनुं, गोधुक् पदान्यपरिवृत्तिसहानि । उत्तरार्धस्य तु प्रायः सर्वाणि पदानि परिवृत्ति-सहानीत्युभयशक्तिसमुद्भूतो वाक्यमात्रगतो ध्वनिः । अथवा धेनुः सूनृता (वेदवाक्) । तदाह-भवभूतिः- धेनुं धीराः सूनृतां वाचमाहुः । सा हि सम्यगधीता सुप्रयुक्ता च सर्वेषां सन्तापसन्तति शमयति नितरां सुदुघा सुबोधा चेत्याशयः । एवं ध्वनेरष्टादश प्रधानतया भेदा निरुपितास्तेषामेष संग्रहः—

संक्रान्तेऽर्थान्तरं वाच्ये, तथाऽत्यन्ततिरस्कृते
अविवक्षितवाच्यार्थो लक्षणामूलको ध्वनिः ॥२९॥
असंलक्ष्य क्रमव्यंग्यो रसभावादिरूपकः
विवक्षितेऽपि वाच्येऽन्यनिष्ठे (व्यंग्यपरके सति)
चकोऽभिधोत्थितः ॥३०॥
लक्ष्यमाणक्रमव्यंग्ये वस्त्वलङ्कारभेदतः
शब्दशक्तिसमुद्भूतो द्विविधो भवति ध्वनिः ॥३१॥
अर्थशक्त्युद्भवा भेदा द्वादशैं, को द्वयोत्थितः ।
एषां संकलनादष्टादश भेदा ध्वनेरिमे ॥३२॥

अस्य अष्टादशप्रकारकस्य ध्वनेर्भूयान् प्रपञ्चः-१

अभिधा लक्षणा मूलतयाऽऽदौ द्विविधो ध्वनिः ।
अविवक्षितवाच्येऽर्थेऽन्यनिष्ठेऽथाऽविवक्षिते ॥

अन्यनिष्ठे व्यङ्ग्यार्थपरके सतीत्यर्थः ।

अविवक्षितवाच्यार्थो लक्षणामूलको ध्वनिः ।
बाधिते सति वाच्येऽर्थे जायते लक्षणोदयः ॥
रात्रौ यथा रवेराभा स्वतो न पुरतोः स्थिता ।
प्रकाश्य शशिनं तेन भासयत्यखिलं जगत् ॥
अविवक्षित वाच्येऽस्मिन् वाच्यार्थो बाधितो भवन्
स्यादर्थान्तरसंक्रान्तो नितरां वा तिरस्कृतः ॥
स्वार्थान्तरं तु संक्रान्ते वाच्येऽर्थेऽनुपयोगिनि
स्यादर्थान्तरसंक्रान्ताऽऽख्यो भेदः प्रथमो ध्वनेः ॥

वाच्येऽर्थे स्वमेव विशिष्टमर्थं संक्रान्ते अतएव प्रकृतेऽनुपयोगिनि सतीत्यर्थः ।

यत्राऽत्यन्ततिरस्कृतवाच्यार्थो-
ऽन्यं ददाति शब्दोऽर्थम् ।
स ह्यत्यन्ततिरस्कृतवाच्यो
भेदो ध्वनेर्द्वितीयः स्यात् ॥
तावुभावपि पूर्वोक्तौ पदवाक्यगताविति
द्विधा विभज्यमानत्वाच्चातुर्विध्यमवाप्नुतः ॥
मुद्रिकैकाङ्गुलिस्थाऽपि भूषयत्यखिलं वपुः
तथैवैकपदस्थोऽपि पद्यं भूषयति ध्वनिः ॥
व्यङ्ग्यार्थोपस्थितावेक पदस्यैव प्रधानता
सहकारित्वमन्येषां तदा पदगतो ध्वनिः ॥

अभिधावृत्तः प्रधानतया यद्यपि तन्मूलकध्वने-रेव प्रथमं निरूपणं प्राप्तावसरं तथापि तस्य बहु विषयतया, स्वल्पविषयस्य लक्षणामूलध्वनेरेव प्राङ्-निरूपणं सूचीकटाहन्यायेन समुचितमिति तेनैवो-पक्रमते--

(१) अथलक्षणामूलकः संलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यो-ऽविवक्षितवाच्यः (क) अर्थान्तरसंक्रमितवाच्यः, (ख) अत्यन्ततिरस्कृतवाच्यश्चेति सोऽपि पदवाक्य गतत्वाच्चतुर्विधः ।

अर्थान्तरसंक्रान्तवाच्यो ध्वनिः पदगतो यथा--

यस्मिन् जीवति जीवन्ति बहवः सोऽत्र जीवति ।
वयांसि किं न कुर्वन्ति चञ्च्वा स्वोदरपूरणम् ॥

कस्यापि

(क्रमशः)

---

१ समस्तस्य ध्वनिविषयस्य एकत्रैव सर्वाङ्गीण-दृष्टिलाभाय अपेक्षिता काश्चन पूर्वपठिताः कारिका अपि इह पुनः पठ्यन्ते ।

वीर बलिदानी शहीद श्रद्धानन्द

श्री सतीशचन्द्र विद्यालंकार एम० ए० हिन्दी (प्रथम वर्ष)

प्राण दान दे, वेद ध्वजा को धरती पर फहराया।
रक्त ज्योति से जिसने युग को, ज्योतित पथ दिखलाया।
श्रद्धानन्द की, गौरव-गाथा, सब में प्राण प्रसारे।
सभी चलें पावन बलि पथ पर, वैदिक धर्म प्रचारें॥

मनुष्यों का उद्धार करने वाले वे मनुष्य नहीं है जो केवल विद्वान हैं। और न वे हैं जो विशाल शब्द शृंखला रट कर लम्बे-लम्बे व्याख्यान देते हैं। बल्कि वे महान् होते हैं जो सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझते हुए स्वदेश, जाति और धर्म के लिये कुछ ठोस कार्य करके दिखाते हैं उन्हीं के जीवन से संसार का कल्याण होता है। संस्कृत में कहा गया है—

परिवर्तिनि संसारेऽस्मिन् मृतो को वा न जायते।
स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम्॥

ऐसे ही महान् पुरुष हुए हैं स्वामी श्रद्धानन्द जी। जिन्हें समस्त आर्य जनता मुंशीराम जी के नाम से भी जानती है। इनका जन्म सं० १९१३ वि० फाल्गुन मास कृष्ण-त्रयोदशी को पंजाब-स्थित जालन्धर जिले में सतलुज नदी के किनारे तलवन में हुआ। इनके पिता का नाम श्री नानकचन्द्र था, ये पुलिस-विभाग में एक उच्च अधिकारी थे। इनके पिता स्वभाव के उग्र एवं माता बड़ी ही कोमल स्वभाव वाली थीं। माता-पिता कट्टर पौराणिक विचार धारा के थे। मुंशीराम जी सबसे छोटे होने के कारण बड़े ही लाड़-प्यार में पले। इस कारण उनकी आदत काफी बिगड़ गई। पिता जी के जल्दी-जल्दी तबादले के कारण उनका प्रारम्भिक जीवन खेल-कूद एवं आवारागर्दी में ही बीता।

पिता के काशी आ जाने पर सं० १९२३ को इनको नियमित शिक्षा के लिये काशी की एक पाठशाला में प्रविष्ट कराया गया। मुंशीराम जी बड़े ही कुशाग्र बुद्धि थे। जो एक बार पढ़ते वह उन्हें याद हो जाता। प्रायः वह पाठशाला का कार्य पाठशाला में ही पूरा कर लेते थे। उन्होंने शीघ्र ही हिन्दी ऊर्दू एवं अंग्रेजी का विशेष अभ्यास कर लिया। पौष सम्वत् १९३० में मुंशीराम जी ने स्वतन्त्र जीवन का श्री गणेश बनारस के क्वींस कालेज में प्रवेश करके किया। लेकिन इस स्वतन्त्र जीवन के दुष्परिणाम बहुत हुए। उन्होंने बहुत गन्दी आदतें सीख लीं।

ज्येष्ठ सम्वत् १९३९ में मुन्शीराम जी को विवाह के लिये घर बुलाया गया। वहां उनका विवाह १२ वर्षीय शिवदेवी नामक एक अनपढ़ कन्या के साथ हो गया। कन्या बड़ी सुशील एवं गृहकार्य में दक्ष थी।

मुन्शीराम जी के माता-पिता पौराणिक विचार-धारा के थे इसलिये उनके मन में भी पौराणिक आस्था होना स्वाभाविक ही था। वे भी अपने-माता की तरह नित्य प्रति काशी के विश्वनाथ मन्दिर में दर्शन करने जाया करते थे। एक दिन की घटना उल्लेखनीय है। प्रतिदिन की भांति मुन्शीराम विश्वनाथ मन्दिर में दर्शन के लिये पहुंचे। उस दिन किसी कारणवश उन्हें अपने नियमित समय से देर हो गई थी। ज्योंही वे द्वार

पार करने लगे वैसे ही द्वारपाल ने उन्हें रोक लिया और कहा कि रीवां रियासत की रानी अभी अन्दर दर्शन कर रही है उनके चले जाने के बाद दर्शन के लिये द्वार खुलेगा। इस बात को सुनते ही मुन्शीराम जी को बड़ी ठेस पहुंची वे उल्टे पैर बिना दर्शन किये ही घर लौट आये। उन्होंने उस समय की अपनी मन स्थिति का वर्णन अपने ही शब्दों में इस प्रकार किया है--

"मुझे वह रात जागते ही बीती। मन की व्याकुल दशा थी। प्रश्न पर प्रश्न उठते थे। क्या सचमुच यह जगत स्वामी का दरबार है। जिससे एक रानी उसके भक्तों को रोक सकती है ? क्या यह मूर्ति विश्वनाथ हो सकती है ? और या वे देवता कहला सकते हैं ? जिनके अन्दर ऐसा पक्ष-पात हो ? परन्तु मूर्तियों को देवता किसने बनाया ? नित्य मेरे सामने संगतराश ही तो मूर्तियां बनाते हैं।.....कभी व्याकुल होकर दस-बीस मिनट टहलता, फिर बैठ जाता, कभी लेट जाता। फिर दूसरी ओर प्रश्नों की लहर पर लहर उठी—जब सांसारिक व्यवहारों में पक्षपात है, तो देवताओं के दरबार में उसका दखल क्यों न हो ? क्या मनुष्यों ने भी पक्षपात देवताओं से ही सीखा है ?

इस प्रकार से उनका मन मूर्तियों पर से उठ गया और श्रद्धा समाप्त हो गई। उन्होंने मन्दिर जाना छोड़ दिया था। लगभग उन्हीं दिनों महर्षि दयानन्द का दिव्य सन्देश गगन में गूंजता हुआ आ रहा था। १४ श्रावण सं० १९३६ को महर्षि दयानन्द सरस्वती बरेली पधारे। अपने पिता श्री नानक चन्द्र के कहने पर मुन्शीराम जी ने वहाँ आकर महर्षि के व्याख्यान सुने। व्याख्यानों का मुन्शीराम जी के ऊपर गहरा प्रभाव पड़ा, उनकी वाणी ने उन पर जादू सा कर दिया। मुन्शीराम जी उनके व्याख्यानों के सुनने के लिये लालायित रहने लगे। मांस, मदिरा, व्यभिचार जुआ खेलना आदि सभी दुर्व्यसनों को उन्होंने छोड़ दिया।

मुन्शीराम जी ने महर्षि के विषय में अपने आत्म चरित में लिखा है कि--"वह पहले दिन का आत्मिक आह्लाद कभी भूल नहीं सकता। नास्तिक रहते हुए भी आत्मिक आह्लाद में निमग्न कर देना ऋषि आत्मा का ही काम था।" धीरे धीरे मुन्शीराम श्री महर्षि के सम्पर्क में आते गये उन्होंने महर्षि दयानन्द के आर्य समाज को स्वीकार कर उनके दिव्य सन्देशों को फैलाया। उन्होंने आजन्म आर्यसमाज की सेवा तन मन धन से की उनके कार्यों को हम निम्न रूप से वर्गीकृत कर सकते है।

आदर्श शिक्षा प्रणाली

१९वी शताब्दी के अन्त में कुछ लोगों के हृदय में यह विचार उत्पन्न हुआ कि महर्षि दयानन्द के शिक्षा सम्बन्धी आदर्शों के अनुसार गुरुकुल शिक्षा प्रणाली का पुनरुद्धार करना चाहिये। मुन्शीराम जी इस आनन्दोलन के प्रवर्तक तथा प्रमुख नेता थे महर्षि दयानन्द ने आदर्श शिक्षा का जो मार्ग दिखाया था मुन्शीराम जी उस मार्ग पर चलने वाले पहले पथिक बने। १६ मई १९०० को गुजरांवाला में गुरुकुल की स्थापना की गई जिसमें मुन्शीराम जी ने अपने दोनों पुत्रों को सर्व प्रथम प्रविष्ट किया २ वर्ष पश्चात् इस गुरुकुल को कांगड़ी में ४ मार्च १९०२ को बसाया गया। यह गुरुकुल पूर्ण रूप से महर्षि दयानन्द के आदर्शों पर आधारित है।

बाल विवाह का विरोध

महर्षि दयानन्द के आदर्शों पर चलते हुए मुन्शीराम जी ने बाल विवाह का प्रबल विरोध किया। उनका अपना विवाह भी बाल्यावस्था में

हुआ था। जिसके दुष्परिणामों को वे स्वयं अनुभव करते थे। उन्होंने अपने आत्मचरित्र में लिखा है कि--"मेरा निश्चय है कि यदि उस समय विवाह का ख्याल ही मेरे अन्दर न डाला जाता तो काशी से ग्रेजुएट बन कर मैं किसी अन्य ऊंची दशा में चला जाता।" बाल विवाह होने के कारण लड़के को तो पढ़ने का अवसर होता है। परन्तु लड़की के लिये पढ़ने की गुंजायश नहीं रहती। यही कारण था कि कुछ तो तत्कालीन मान्यताओं के अनुसार कुछ शीघ्र विवाह होने के कारण उनकी पत्नी अनपढ़ थी। उन्होंने महर्षि के इस आदेश को फैलाया कि २५ वर्ष से कम लड़के एवं १६ वर्ष से कम कन्या का विवाह नहीं होना चाहिये।

पर्दा प्रथा का विरोध एवं स्त्री शिक्षा पर जोर

मुन्शीराम जी ने समाज में प्रचलित पर्दा प्रथा का डट कर विरोध किया उन्होंने स्वयं सबसे पहले अपनी पत्नी शिवदेवी का पर्दा उतरवाया। एवं उन्हें पढ़ना सिखाया। जिससे वे धर्म ग्रन्थों और सन्ध्या वन्दन आदिको पढ़ने तथा करने में समर्थ हो सके। स्वयं उन्होंने अपनी पुत्री को ईसाई कन्या पाठशाला में पढ़ने के लिये भर्ती किया। लेकिन पाठशाला वैदिक मान्यताओं के अनुकूल न थी। इसीलिये इन्होंने ला० देवराज के साथ मिलकर जालन्धर में कन्या महाविद्यालय की स्थापना की लेकिन मतभेद हो जाने पर एवं वैदिक मान्यताओं से पाठशाला दूर हट जाने पर उन्होंने वैदिक मान्यताओं के अनुकूल कन्या गुरुकुल की स्थापना की।

जाति बन्धन का विरोध

मुन्शीराम जी ने जाति बन्धन का भी विरोध किया। उन्होंने स्वयं अपनी पुत्री अमृतकला एवं दोनों पुत्र पं० हरिश्चन्द्र जी विद्यालंकार एवं पं० इन्द्र जी विद्यावाचस्पति का विवाह जाति बन्धन तोड़कर किया। एवं जनता से अपील की कि वे इस संकीर्ण विचार धारा को त्याग दें।

अस्पृश्यता का प्रबल विरोध

छुआछूत को मिटाने के लिये उन्होंने डटकर कार्य किया। उनका सबसे बड़ा कार्य तो यही था कि गुरुकुल में सभी बच्चों को आश्रम प्रणाली के अन्तर्गत रखा। चाहे कोई राजा का पुत्र हो या रंक का, सबको एक जगह खाना-पीना, एक जगह सोना-जागना, एक जगह पढ़ना-खेलना पड़ता था जिससे उनके अन्दर भेद-भाव नहीं रहा। इसके साथ ही साथ वे समय-समय पर पूरे देश का भ्रमण करते थे। उन्होंने ७० वर्ष की आयु में भी दो-तीन बार सारे भारत का दौरा किया था और मद्रास जैसे कट्टर पंथियों के गढ़ में भी छूआछूत के विरुद्ध जनता मे नव जागृति का संचार किया था।

२० मई सन् १९२४ को मद्रास के गोखले हाल में मर्म स्पर्शी भाषण देते हुए स्वामी श्रद्धानन्द जी ने कहा था कि-"पुरोहित आदि के अहंकार कारण आपके यहां ब्राह्मण-ब्राह्मणेत्तरों का झगड़ा तो चल ही रहा था कि अब उससे भी अधिक बुरा एक झगड़ा आपके सामने खड़ा होने वाला है। यदि आपने अस्पृश्य कहे जाने वाले भाईयों के उद्धार की ओर विशेष ध्यान न दिया तो मैं आपको सचेत करता हूं कि वह दिन दूर नहीं, जब आपके दलित भाई, जिन्हें आप पञ्चम कहते हैं, आप से सब तरह का सम्बन्ध तोड़ देंगे। या तो सबके सब दूसरे सम्प्रदायों में चले जायेंगे अथवा अपनी जाति ही अलग बना लेंगे। मैं स्वयं कमजोर, रोगी और वृद्ध होता हुआ भी सारे देश में घूम जाऊंगा, दलित भाईयों का संगठन करूंगा

और उनसे कहूंगा कि वे हर एक ब्राह्मण अथवा अब्राह्मण को स्पर्श करके वैसा ही भ्रष्ट कर दें जैसा आप उनको मानते हैं। तब निश्चय ही आप उनके पैरों में माथा टेक देंगे।" इस प्रकार के क्रान्तिकारी विचार रखने वाले मुन्शीराम जी ने अस्पृश्यता को बढ़ावा देने वाले लोगों के मुंह पर करारा तमाचा मारा था।

साम्प्रदायिकता का विरोध

उस समय हिन्दू मुसलमानों के साम्प्रदायिक दंगे पूर्ण जोरों पर थे। जगह-जगह लूटपाट मार काट मची रहती थी। ऐसे समय दिल्ली में स्वामी श्रद्धानन्द जी ने सं० १९२३ २४ एवं २५ में बकरीद पर हिन्दुओं को शान्त रखने के लिये आन्दोलन किया था। इस अवसर पर ईद के दिन उन्होंने अपील की थी--"दिल्ली के हिन्दुओं तुम्हारा धर्म, प्रेम और उदारता की शिक्षा देता है बकरीद पर इस बात की परीक्षा है कि तुम कहाँ तक धर्म को समझते हो? छोटी-मोटी बातों पर अड़ना कायरता है। तुम्हें चाहिये कि गम्भीर रहो और मुसलमान भाइयों की सद्बुद्धि के लिये परमात्मा से प्रार्थना करो।"

इस अपील का हिन्दू तथा मुसलमानों दोनों पर काफी प्रभाव पड़ा और कोई साम्प्रदायिक उपद्रव देखने को नहीं मिला सन् १९२५ में भी स्वामी श्रद्धानन्द जी ने ईद के अवसर पर दिल्ली निवासियों को सम्बोधित करते हुए लिखा था कि--

परमात्मा सारे संसार का पिता है। यदि तुम्हें इस बात पर विश्वास है तो प्राणिमात्र को मित्र की दृष्टि से देखना चाहिये और मनुष्य मात्र को तो भाई समझना चाहिये। क्या इसका प्रत्यक्ष प्रमाण आज से तीन दिनों तक अपने अमल से दोगे? आज मुसलमान स्त्री-पुरुष बाल-वृद्ध युवा सभी नये नये कपड़े पहिन कर एक अद्वितीय ब्रह्म के आगे अपनी श्रद्धा की भेंट धरने जा रहे हैं। क्या वह श्रद्धा उनके अन्दर घर कर गई है? यदि ऐसा होगा तो वे अपने त्यौहार पर हिन्दुओं का दिल दुःखाने की कोई बात नहीं करेंगे। मेरे हिन्दू भाइयों! आज तुम्हें भी अपने भातृ-भाव का स्पष्ट प्रमाण देना है। परमात्मा की उपासना में अपने मुसलमान भाइयों को निमग्न देखकर प्रसन्नता से उनको आशीर्वाद दो। तुम्हारी आँखों के आगे से कुर्बानी के लिये गो माता जाती है तो क्रोध और द्वेष का लेश भी अपने अन्दर न आने दो प्रत्युत परमात्मा से हार्दिक प्रार्थना करो कि वह परम पिता उनकी बुद्धियों को प्रेरणा प्रदान करे, जिससे स्वयं गो माता की रक्षा का भाव उनमें उत्पन्न हो। तुम्हारे भाई भूल से गो बद्ध को स्वर्ग का साधन समझ रहे हैं। उन पर क्रुध होकर और उनसे घृणा दिखाकर उन्हें और अधिक गो घात की ओर प्रवृत्त करके इतने पाप के भागी न बनो। जितना तुम सहन करोगे और मुसलमान भाइयों को प्रेम का मार्ग दिखाओगे उतना ही भगवान तुम पर कृपा करेंगे।

जिस पवित्र हृदय से ऐसे पवित्र भाव प्रगट होते थे उसमें मुसलमानों के प्रति घृणा और द्वेष के भाव कहां स्थान पा सकते थे।

शुद्धि के पोषक

स्वामी श्रद्धानन्द जी ने मुसलमानों की शुद्धि करके पुनः हिन्दू बनाने के लिये बड़ा ही साहसी कार्य करके दिखाया यद्यपि शुद्धि आन्दोलन पहले से ही चला आ रहा था लेकिन इन्होंने इसे विशेष गति प्रदान की। सन् १९२६ की एक घटना है कि कराची की असगरी बेगम नामक एक

मुसलमान स्त्री अपने दो बच्चों और भतीजे को लेकर देहली आर्यसमाज में आयी और आर्य धर्म स्वीकार करने की इच्छा प्रकट की उसकी इच्छा के अनुसार उसको शुद्धकर उसका नाम शान्तिदेवी रख दिया गया। लगभग तीन माह के बाद उसके पिता उसको खोजते हुए दिल्ली आये उनके आ-जाने के बाद उस स्त्री का पति भी दिल्ली पहुंच गया और उसे साथ चलने के लिए कहा। शान्ति देवी के मना करने पर उन्होंने दिल्ली के मुसल-मानों को भड़का दिया। उन्होंने स्वामी जी पर वं अन्य सहयोगियों पर स्त्रियों को भगाने का मुकद्दमा भी चालू कर दिया। इस घटना ने आग पर घी का काम किया सारे मुसलमान स्वामी के जानी दुश्मन हो गये और अवसर की खोज में रहने लगे। कई धमकी भरे पत्र भी प्राप्त हुए लेकिन स्वामी जी ने उनकी कोई परवाह नहीं की।

स्वामी श्रद्धानन्द जी अब काफी वृद्ध और कमजोर हो गये थे। प्रायः वे अस्वस्थ रहते थे लेकिन उनके कार्य में कोई शिथिलता नहीं आयी थी। वे प्रत्येक कार्य पूरे उत्साह और लगन के साथ पूरा करते थे इसी से उनको सुख मिलता था। क्योंकि जीवन का सबसे बडा पुरस्कार, जीवन की सबसे बड़ी सम्पत्ति है। किसी विशेष बात की प्रवृत्ति को लेकर जन्म लेना। उसी की पूर्ति करने में मनुष्य को सुख मिलता है। २१ दिसम्बर की बात है जब वे बीमारी से काफी कमजोर हो गये थे और उन्हें लगने लगा था कि वे अब ज्यादा दिनों तक जिन्दा नहीं रह सकेंगे तब पं० दीनदयालु शर्मा स्वामी जी से उनकी स्वास्थ्य की कामना करते हुए कह रहे थे–स्वामी जी अभी तो हमें बहुत सा कार्य करना है आप क्यों इतनी जल्दी मोक्ष की तैयारी कर रहे हैं। अब तो आप अच्छे हो जायेंगे। स्वामी जी ने इसका एक ही उत्तर दिया था और वह यह था "इस कलियुग में मोक्ष की इच्छा नहीं। मैं तो चोला बदल कर दूसरा शरीर धारण करना चाहता हूं। अब यह शरीर सेवा के योग्य नहीं रहा। इच्छा है फिर भारत में ही उत्पन्न होकर इसकी सेवा करूं।"

उनके इस कथन से पता चलता है कि उनके अन्दर देश भक्ति की भावना कूट कूट कर भरी हुई थी उनके विचार कितने महान् थे। उनका यह कथन हमें उस संस्कृत के प्रसिद्ध श्लोक की याद दिला देता है:—

न त्वहं कामये राज्यं, न स्वर्गं नापवर्गकम्।
कामये दुःखतप्तानां, प्राणिनामार्तिनाशनम्॥

ऐसे पवित्र उदार सहिष्णु महापुरुष का जीवन सदैव चलते रहने वाले सूरज की तरह है जिस पर कभी बादल छा जाते हैं तो कभी रात अंधेरा उडेल देती है किन्तु जब वह दोनों से मुक्त होता है तो उसकी दमक में कोई अन्तर नहीं आता। सूर्य के छिप जाने पर भी वह दिन की याद दिलाता रहता है। उसी प्रकार स्वामी श्रद्धानन्द अपने कार्यों से सभी दलितों का उद्धार करते हुए जीवन पथ पर अग्रसर होते जा रहे थे। लेकिन इस देश का दुर्भाग्य था जो इस पुण्य आत्मा का साथ हमें लम्बे समय तक प्राप्त न हो सका।

स्वामी जी अस्वस्थ रहने लगे थे शरीर क्षीण हो गया था। २३ दिसम्बर सन् १९२६ को लग-भग पौने चार बजे स्वामी श्रद्धानन्द जी मसनद के सहारे बैठे हुए आराम कर रहे थे। पास में ही उनका सेवक धर्मसिंह बैठा हुआ था कि इतने में ही सीढ़ी पर किसी के चढ़ने की आवाज सुनाई

दी धर्मसिंह उठकर बाहर आया उसने देखा कि युवक ऊपर आ रहा है। धर्मसिंह ने उसे रोकना चाहा लेकिन युवक ने स्वामी जी से मिलने का आग्रह किया। स्वामी जी ने अन्दर बैठे ही युवक की आवाज सुनी और बोले कौन है भाई, अन्दर आने दो! अन्दर आकर उस युवक ने स्वामी जी से कहा—"स्वामी जी मैं आप से इस्लाम के मुतल्लिक कुछ गुफ्तगू करना चाहता हूं स्वामी जी ने उत्तर दिया—भाई मैं बीमार हूं तुम्हारी दुआ से राजी हो जाऊंगा तो बातचीत करूंगा। "इतने में ही उस युवक ने पीने के लिये पानी मांगा। स्वामी जी ने धर्मसिंह को पानी लाने का संकेत किया। ज्योंहि धर्मसिंह पानी लेने बाहर निकला त्योंहि कमरे में एकान्त पाकर उस दुष्ट युवक ने स्वामी जी पर तीन गोलियां दाग दीं। इन तीन गोलियों ने स्वामी श्रद्धानन्द जी को आर्य जनता के बीच से छीन लिया। वह दुष्ट युवक पकड़ लिया गया।

उकसाये हुये उस अविवेकी बेचारे अब्दुल रसीद को क्या मालूम था कि जिस घृणित कार्य को उसने किया है उससे क्या दुष्परिणाम निकलेगा। जिसको वह मारने आया था वह संसार में अमर हो गया और इस्लाम की चादर पर सदैव के लिये कभी न छूटने वाला एक काला दाग लग गया।

स्वामी श्रद्धानन्द जी ने अपने धर्म के लिये अपने देश के कल्याण के लिये अपने प्राणों की आहुति दे दी। किसी ने ठीक ही कहा है। कि अमर वही है जो स्वदेश, जाति और धर्म पर मरता है। इनकी इस आकस्मिक मृत्यु से समस्त आर्यों के हृदय को गहरा धक्का पहुंचा। यद्यपि उनका पार्थिव शरीर हमारे साथ नहीं है लेकिन उनके उच्च विचार, उनके आदर्श, उनके कार्य आज भी हमारे साथ हैं।

उन्होंने अपने प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त की। वे प्रत्येक कार्य पूरे उत्साह के साथ पूरा करते थे। उत्साह एक ऐसी वस्तु है, जिसके सामने बड़ी-बड़ी बलवती शक्तियां भी हार मानती हैं उत्साही के सामने तरह तरह की बाधायें और कार्यावरोधक विपत्तियाँ सदा आज्ञा पालक दासियों की भांति उपस्थित रहती है। वे जो कुछ कहते थे उस पर पहले स्वयं आचरण करते थे इस लिये उनके कथन का विशेष प्रभाव पड़ता था। जो भी उनके सम्पर्क में एक बार आता था वह उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता था। अपने कार्यों को वे पूर्ण निडरता के साथ पालन करते थे यद्यपि उन्हें कई बार जान से मार देने तक के धमकी भरे पत्र मिले लेकिन वे अपने आदर्श से कभी विचलित नहीं हुये।

आदर्श ही मनुष्य को मृत्यु तक का सामना करने को तैयार करता है कठिन से कठिन विपत्तियों में भी, निराशा जनक वातावरण में भी उन्होंने भटकते हुये लोगों को इस प्रकार सन्मार्ग दिखाया जैसे बसन्त का हाथ पृथ्वी पर फूल और कलियाँ बिखेरता है, जैसे ग्रीष्म की कृपा से फ़सलें पक कर तैयार होती हैं वैसे ही उनकी करुण मुस्कराहटें विपत्तियों में फंसे हुये लोगों के लिये सुख का कारण होती थीं। गहन ग्रन्थों की पिटारियों में बन्द सिद्धान्तों के सुनहरे आभूषणों से समाज के शरीर को अलंकृत करने की चेष्टा में वह निरन्तर रत रहे।

देश के राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जो स्वामी श्रद्धानन्द जी के प्रति श्रद्धा से अभिभूत होकर चरण छू कर प्रणाम किया करते थे अपनी श्रद्धाञ्जलि अर्पित करते हुये उन्होंने कहा था कि "मृत्यु किसी समय भी सुखदायक होती है किन्तु यह उस

बीर के लिये दुगुनी सुखदायक होती है जो अपने ध्येय वा सत्य के लिये मरता है। इसीलिये मैं उनकी मृत्यु पर शोक नहीं मना सकता। और उनके अनुयायियों से मुझे एक प्रकार की ईर्ष्या होती है क्योंकि यद्यपि श्रद्धानन्द जी मर गये है तथापि वे जीवित हैं। वे उससे भी अधिक सच्चे अर्थ में अब जीवित हैं। जबकि वे अपने विशाल देह के साथ हमारे मध्य में विचरण करते थे। जिस कुल में उनका जन्म हुआ और जिस देश के साथ उनका सम्बन्ध था वे उनकी इस प्रकार की शानदार मृत्यु पर बधाई के पात्र हैं। वे बीर के समान जिये और वीर के समान ही मरे।"

स्वामी श्रद्धानन्द जी के अमर सन्देश आज भी हमें सुनाई देते हैं और सन्मार्ग की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं। आइये हरिभाऊ उपाध्याय के स्वर के साथ अपने स्वरों को मिलाते हुये इस श्रद्धायुत अर्घ्य को स्वामी श्रद्धानन्द जी के चरणों में अर्पित करें।

वीरों की गति जीना और सिखाया मरना धीरों की मति सिखा गये संकट से लड़ना।
दीनों के हित सबल बाहु सत्वर फैलाना सेवा के हित तन मन, धन बलिदान चढ़ाना।

हे गुरुकुल के गुरो ! बलि स्मृति अमर स्फूर्ति तव कर्म्य है।
हे श्रद्धा के पुत्र ! व्यथा का यह श्रद्धा युत अर्घ्य है॥

परमश्रद्धेयअमर धर्मवीराणां पुण्यस्मरणम्

(श्रद्धाञ्जलि समर्पकः—आचार्य धर्मदेवो विद्यामार्तण्डः (देवमुनिर्वानप्रस्थः) आनन्दकुटीरम् ज्वालापुर)

१ येषां शुद्धं, सरलहृदयं, दिव्यरत्नाकरं सद्। दीनां वीक्ष्य, द्रवितमभवद्, दुर्दशामार्तनृणाम्।
येषां पूतं, छलविरहितं, जीवितं यज्ञरूपं। श्रद्धानन्दाः, गुरुगणवराः सर्वदा वन्दनीयाः॥

२ श्रद्धागङ्गा, विमलहृदये, प्रावहच्छुद्धतोया। येषामायुः, परहितरतं द्वेषरागादिशून्यम्।
भूत्वा शुद्धाः, दलितपतितोद्धारकार्ये निमग्नाः, श्रद्धानन्दाः, गुरुगणवराः, कस्य नाभ्यर्चनीयाः,॥

३ दृष्ट्वा शिक्षां प्रचलिततमां, देश आदर्श शून्यां। भ्रष्टां ध्येये, वटुगणमनो दूषयित्रीमवद्याम्।
तां संस्कर्तुं, प्रबलतपसा, सर्वदा यत्नशीलाः, श्रद्धानन्दाः, गुरुगणवराः, कस्यनैवार्चनीयाः॥

४ सर्वे पुत्राः, भुवनजनितुः, भ्रातरोऽतः सनेते। प्रीत्याप्रेक्ष्याः, नहि खलु घृणा, दर्शनीया जनेषु।
अस्पृश्यो ना, क्वचिदपि न वै, भावनीयः कदाचित्। शुद्धं बोधं, ददत इह तान् मान्यवर्य्यान् नमामि॥

५ ये धर्मज्ञाः, विमलमनसः, पावना प्रेक्ष्य सर्वाम्। प्रीत्योद्धारे, सततमनिशं, सर्वदा संबभूवुः।
शुद्धेर्यज्ञे, विततमभितोऽचालयन् भीतिशून्याः, श्रद्धानन्दाः, यति गणवराः, कस्यनाभ्यर्चनीयाः ?॥

६ शुद्धेर्यज्ञे, प्रथितमहिते, यैः प्रदत्ताऽऽहुतिः स्वा तन्वोदत्वा शुभतम बलिं, धर्मवीरा बभूवुः।
सैन्यस्याग्रेऽप्यभयमतिभिर्दर्शितं यैः स्ववक्षः, श्रद्धानन्दाः, यतिगणवराः, कस्यनाभ्यर्चनीयाः ! ॥

राष्ट्र के मुख्य ६ आधार

ब्र० राजेन्द्र प्रसादसिंह गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

ओ३म् सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवी धारयन्ति ।
सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरुं लोकं नः कृणोतु ।।

अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त का यह प्रथम मन्त्र है। इसमें पृथ्वी या राष्ट्र को धारण करने वाले ६ श्रेष्ठ गुणों का तथा कर्मों का वर्णन किया गया है। राष्ट्र को धारण करने का अभिप्राय उसकी स्वतन्त्रता एवं शान्ति का स्थिर रहना है। यदि राष्ट्र का एक-एक व्यक्ति अथवा परिवार अपने आप को सुखी अनुभव करता है। चारों ओर डाकुओं का भय नहीं, दानवों का उपद्रव नहीं, तो समझना चाहिये राष्ट्र स्थिर है।

इसमें सर्वप्रथम 'सत्यं बृहत्' अर्थात् महान् सत्य को राष्ट्र का आधार बताया गया है। निसंन्देह सत्य ही महान् है। सत्य ही सबसे बडा धर्म है। (न हि सत्यात् परो धर्मः) शतपथकार ने तो कहा (यत् सत्यं स धर्मः यो धर्मः तत् सत्यम्) अर्थात् सत्य ही धर्म है एवं धर्म ही सत्य है। सत्य ने ही इस पृथ्वी को उठा रखा है। (सत्येनोत्तभिता भूमिः ऋ० १०।८५।१।)

प्रश्न होता है--सत्य ने भूमि को किस प्रकार उठा रखा है ?

उत्तर--भूमि या राष्ट्र से अभिप्राय वहाँ की हरीभरी पृथ्वी, खेत, बाग-बगीचे, नदी, नाले या पर्वतों से ही नहीं है। राष्ट्र का मुख्य अभिप्राय तो उस देश में रहने वाले जन-समुदाय से है। यदि थोड़ी देर के लिए हम राष्ट्र से सत्य को विदा करदें तो उसका पुत्र विश्वास एवं पुत्री ईमानदारी साथ ही चली जायेगी। ऐसी अवस्था में स्वामी सेवक का, दुकानदार व ग्राहक का व्यवहार नहीं चल सकता। क्योंकि सेवक इसी विश्वास पर महीना भर तत्परता से कार्य करता है कि मास की समाप्ति पर मुझे आजीविका के लिये द्रव्य प्राप्त हो जायेगा। यदि विश्वास न हो तो सेवक पहले वेतन प्राप्त करने की इच्छा करेगा और स्वामी पहले काम लेना चाहेगा। इस खींचातानी में कोई कार्य न हो सकेगा। सारे राष्ट्र में अव्यवस्था हो जायेगी। इसीलिए कहा गया है कि सत्य ही राष्ट्र का आधार है।

२. (ऋतं उग्रम्) उग्र, दृढ़ व्यवस्था, नियम, अनुशासन। राष्ट्र का अनुशासन या भिन्न भिन्न प्रकार के राष्ट्र को चलाने वाले नियम दृढ़ होने चाहिये। दृढ़ता से उनका पालन किया जाना चाहिये। छोटे से लेकर बड़े नियम तक यदि उसमें ढील दे दी जायेगी तो शनैः २अव्यवस्था हो जायेगी। चोरी एक बहुत बड़ा अपराध है। प्राचीन युग में चोरी का दण्ड बड़ा उग्र होता था। चोरों को मृत्यु दण्ड दे दिया जाता था अथवा हाथ काट दिये जाते थे, इसके लिये शंख और लिखित मुनि की कथा प्रसिद्ध है। ये कथा भारत-भारती पुस्तक में श्री मैथिलीशरण गुप्त जी ने उद्धृत की है जो यहाँ मै प्रस्तुत करता हूँ :--

'यदि भूलकर अनुचित किसी ने काम कर डाला कभी,
तो वह स्वयं नृप के निकट दण्डार्थ जाता था तभी।
अब भी 'लिखित' मुनि का चरित वह लिखित है इतिहास में,
अनुपम सुजनता सिद्ध है जिसके अमल आभास में।।

"शंख और लिखित नाम के दो भाई थे। वे बड़े तपस्वी और सदाचारी थे। बहुदा नदी के

किनारे उन दोनों के जुदा-जुदा आश्रम थे। एक दिन लिखित मुनि अपने बड़े भाई शंख मुनि के आश्रम में पहुंचे। वहाँ के वृक्षों में स्वादिष्ठ और मधुर फल लगे हुये थे। शंख की अनुपस्थिति में लिखित ने उन फलों को तोड़कर खाया। शंख को यह बात मालूम हुई तब उन्होंने कहा—भाई, तुमने अच्छा काम नहीं किया। मेरी आज्ञा के बिना मेरे आश्रम के फल क्यों खाये? जो हो, तुम चोरी के अपराध के अपराधी हो। अतएव तुम्हें चाहिए कि तुम राजा के पास जाकर दण्ड की प्रार्थना करो। बड़े भाई की बात सुनकर लिखित मुनि राजा सुद्युम्न के पास गये और सब हाल सुनाकर बोले कि मैं चोर हूं, दण्ड दीजिये। राजा ने कहा:—तुम्हारी सत्यता पर प्रसन्न होकर मैं तुम्हें क्षमा करता हूं। जब राजा के दण्ड देने से पाप दूर हो जाता है तब क्षमा कर देने से भी पाप दूर हो जायगा, जाइये, परन्तु लिखित मुनि न माने। निदान उनके हाथ काट डाले गये। हाथ कटवाकर वे अपने बड़े भाई शंख के पास आये और फिर उनसे क्षमा मांग कर अपने आश्रम में तप करने चले गये। वर्तमान में काश्मीर राज्य में महाराजा प्रतापसिंह के समय चोरी करने वालों के लिये अति कठोर दण्ड था। एक यात्री नदी के किनारे अपने रुपयों की थैली भूल गया। जिसमें सौ के लगभग रुपये थे पीछे से आने वाले एक दूसरे यात्री ने सूने में पड़ी हुई थैली को उठा लिया और चलता बना। पहले यात्री को लगभग १० मील यात्रा करने के बाद अपनी थैली का ध्यान आया। वह तेजी से वापस लौटा। सारे मार्ग में देखता आया तथा नदी पर आकर उसने विशेष रूप से खोज की। थैली न मिलने पर वह पास के ग्राम में गया। वहां के नम्बरदार या सरपंच से थैली के गुम हो जाने की बात कही। ग्रामवासियों से पूछ-ताछ की गई पर कुछ पता न चला। अन्त में नम्बरदार ने सुझाव दिया। यदि तुम शीघ्रता से महाराजा के पास पहुंच सको तो सम्भव है तुम्हारा रुपया मिल जावे। गरीब यात्री महाराजा प्रतापसिंह के पास गया और अपनी सारी कहानी कह सुनायी। महाराज ने तत्काल सिपाहियों को बुलाकर आज्ञा दी कि अपराधी की जल्दी से जल्दी खोज करो। आज से दो दिन बाद मैं भी ग्राम पहुंचूंगा। तब तक अपराधी पकड़ा जाना ही चाहिये। सिपाहियों ने कमर कस लिया। घुड़सवार दौड़ाये गये। अपराधी पकड़ लिया गया। यथा समय महाराज भी उपस्थित हो गये। अपराधी को पेश किया गया। महाराज ने पूछा—"तुमने थैली क्यों उठाई?" "श्रीमन्! सूने में पड़ी थी, मैंने उठा ली।" 'क्या तुम्हारी थी?" महाराज ने दूसरा प्रश्न किया। "नहीं, अन्नदाता। मेरी तो नहीं थी।" "जब तुम्हारी नहीं थी, तुमने क्यों उठा ली? तुम्हारे इस अपराध के कारण रुपयों के मालिक को, राजकीय कर्मचारियों को तथा मुझे कितना कष्ट हुआ। इसका अनुमान तुम नहीं लगा सकते और आज्ञा हुई कि अपराधी के हाथ काटकर पास के बड़े नगर के प्रधान द्वार पर खड़ा कर दिया जाय और एक सिपाही आने जाने वालों को बताता जाय कि इसे चोरी के अपराध में यह दण्ड मिला है। ऐसी उग्र व्यवस्था होने पर भला कौन चोरी करता है।

३. दीक्षा:—राष्ट्र का तीसरा आधार है दीक्षा। दीक्षा का अर्थ यहाँ दृढ़ संकल्प है। राष्ट्र का एक एक व्यक्ति अपने अपने कर्तव्य के पालन में दृढ़ संकल्प हो। चारों वर्ण, चारों आश्रम सभी वर्ग राष्ट्र की प्रगति के लिए दृढ़ संकल्प होकर कार्य करें। अध्यापक शिक्षण का कार्य पूर्ण तत्परता से करें और समझें कि हमें बालकों को राष्ट्र के योग्य बनाना है। व्यापारी वर्ग इस बात के लिए दृढ़ संकल्प हो कि हमें श्रेष्ठ तथा विस्तृत व्यापार के

द्वारा देश में धन धान्य की वृद्धि करनी है। राष्ट्र का रक्षा-विभाग तथा न्याय विभाग दूध का दूध और पानी का पानी करने के लिये दृढ़ संकल्प हो। देश के कृषक श्रेष्ठ अन्न के उत्पादन में तत्परता दिखायें।

४ **तप** :—सत्य व्यवस्था दृढ़ संकल्प की पूर्ति बिना तप के नहीं हो सकती। कष्ट (द्वन्द्वसहनं तपः) अपने कर्त्तव्य के पालन के लिये सर्दी-गर्मी भूख-प्यास, हानि-लाभ, सुख-दुःख आदि द्वन्दों का सहन तप है। राष्ट्र के एक-एक व्यक्ति को तपोनिष्ठ होने की आवश्यकता है। जितने अधिकारी हैं जिसके कन्धों पर जितनाबड़ा उत्तरदायित्व है वह उसी मात्रा में अधिक तपस्वी होना चाहिये। शूद्रों की अपेक्षा वैश्य, वैश्यों की अपेक्षा क्षत्रिय तथा क्षत्रियों की अपेक्षा ब्राह्मण अधिक तपस्वी हों। विद्वान् चाणक्य की तपस्या एक आदर्श के रूप में उपस्थित की जा सकती है।

५. **ब्रह्म** :—ब्रह्म का अर्थ है वेद-ज्ञान तथा विवेक। देश का एक-एक नागरिक सुपठित हो। एक वेद की शिक्षाओं से सुशिक्षित हो। जैसा कि राष्ट्रीय प्रार्थना में कहा गया है (सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम्) यजु० २२।२२ यजमान के पुत्र सभ्य सुशिक्षित हों। केवल साक्षरता किस काम की, सदाचार की शिक्षा ही वास्तविक शिक्षा है। देशवासी सुशिक्षित होकर विवेकपूर्वक वाणी का प्रयोग करें। विवेक पूर्वक हृदयसंकल्प करें तथा विवेकपूर्वक ही कर्म करें। उदाहरण के लिये वाणी में बड़ी शक्ति है। यदि उसका प्रयोग बिना विचारे किया जाय, तब उसके द्वारा घोर अनर्थ हो जाते हैं। परन्तु विवेक से प्रयुक्त वाणी शान्ति की स्थापना करती है।

६. राष्ट्र का छठा आधार है 'यज्ञ'। अर्थात् देवपूजा, संगतिकरण और दान। राष्ट्र के एक-एक विद्वान् का सत्कार किया जाय। देश का एक-एक व्यक्ति संगठित हो, सब के हृदय में संगच्छध्वम् की ऋचा गूंज रही हो तथा एक-एक व्यक्ति में दान की उदात्त भावना हो और सबसे बढ़कर देश के लिये बलिदान देने की भावना उत्कट रहे।

ब्रह्म तथा यज्ञ का दूसरा सीधा-सादा अर्थ ज्ञान तथा कर्म भी है। ज्ञान-पूर्वक किया हुआ कर्म ही व्यक्ति, परिवार, समाज तथा देश को उन्नत करता है।

आज राष्ट्र के छहों आधार अस्त हो गये हैं। सत्य के स्थान पर झूठ का बोल बाला है। विद्यार्थी प्रायःनकल करके उत्तीर्ण होना चाहते हैं। बहुत से अध्यापक विद्यार्थियों को स्वयं नकल करवाते हैं। व्यापारी वर्ग में कम तौलने और कम नापने तथा खाने-पीने की वस्तुओं में मिलावट की प्रवृत्ति में असत्य कार्य कर रहा है। राज्य-कर्मचारियों में रिश्वत बहुत बढ़ गई है। पकड़े जाने पर देने वाला लेने वाला दोनों ही मिथ्याभाषण करके बचाना चाहते हैं। झूठे गवाह पेश किये जाते हैं। ऐसी अवस्था में ऊपर के आडम्बर या चमक-दमक कितनी बढ़ जाये किन्तु राष्ट्र उन्नत नहीं हो सकता। दूसरे राष्ट्रों की दृष्टि में उसकी प्रतिष्ठा नहीं हो सकती। हमारे व्यापारी विदेशियों के साथ लेन-देन में जब बेइमानी करते हैं तब वे यह भूल जाते हैं कि इस बेइमानी से सारा राष्ट्र बदनाम होता है।

दूसरे नियम, अनुशासन या व्यवस्था भी बहुत ढीली है। बड़े से बड़े कार्यालय तक ९५ प्रतिशत अधिकारी व्यवस्था का पालन नहीं करते। बड़े अधिकारी तो प्रायः एक-एक दो घण्टे देर से पहुंचते हैं। इसका प्रभाव छोटों पर पड़ता ही है। परिणाम स्वरूप कोई काम समय पर समाप्त नहीं होता। जो मुकदमें अधिक से अधिक ६ महीनेमें समाप्त हो जाने

चाहिये वे तीन-तीन वर्ष लटके रहते हैं। इस प्रकार अनेक उदाहरण अव्यवस्था के दिये जा सकते हैं।

दृढ़ संकल्प के अभाव में यदि राष्ट्र के लोग संकल्पहीन हों या विकल्पों में ही घूमते रहें ऐसी अवस्था में कोई कार्य ठीक ढंग से पूर्ण नहीं हो सकता। देश में पंचवर्षीय योजनायें प्रायः अधूरी ही रह जाती हैं। पाँच वर्ष पूरे हो जाने के बाद रिपोर्ट छपती है कि कितना कार्य शेष रह गया। यदि देशवासियों में दृढ़ संकल्प हो तो कार्य निश्चित समय से दो चार दिन पूर्व ही समाप्त हो जाना चाहिए।

तप की शत्रु विलासिता ने देश में डेरा डाल लिया है। विलासी आलसी व प्रमादी हो जाता है। इसके दुर्व्यसन बढ़ते चले जाते हैं। शराब, माँस, तम्बाकू, अफीम आदि नसीली वस्तुओं का अधिक प्रयोग-विलासिता का परिचायक है।

इसी प्रकार विवेक तथा सङ्गठन या विवेक-पूर्वक कर्म न करने की प्रवृत्ति तथा परिवार २ में प्रान्त प्रान्त में प्रान्तीय भाषाओं में आपस की फूट देश को आगे नहीं बढ़ने देती। जिस देश में इन छः आधारों का ध्यान रखा जाता है। वे देश ही उन्नत तथा चिरकाल तक स्वतन्त्र रहते हैं।

मन्त्र के अगले चरण में बताया गया है कि हमारे भूत तथा भविष्य की रक्षा करने वाली मातृभूमि हमें विस्तृत सुखसुविधाजनक स्थान प्राप्त करावे। राष्ट्रों का इतिहास उनके भूतकाल के गौरव का दर्पण होता है। जैसे पृथ्वी सूक्त में ही आगे चलकर बताया गया है "यस्यां पूर्वे पूर्वजना विचक्रिरे यस्यां देवा असुरान् अभ्यवर्तयन्" हम उस पृथ्वी के निवासी हैं जहाँ हमारे पूर्वजों ने विविध श्रेष्ठ कर्म किये तथा जहाँ देवों ने असुरों को पराजित किया। इस प्रकार राष्ट्र का इतिहास हमें अच्छी-अच्छी प्रेरणायें देता है। अपने पूर्वजों के श्रेष्ठ अनुकरणीय कार्यों को हमें अपनाना चाहिए। उन वीरों से सत्प्रेरणायें ग्रहण करके हम राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करें। हमेशा भूतकाल से प्रेरणा लेकर भविष्य के लिये योजनायें बनाई जाती हैं।

इस श्रेष्ठ मन्त्र के आधार पर राष्ट्र उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होते हैं इसमें कोई संदेह नहीं।

धर्म के लक्षण

धृतिः क्षमा दमोस्तेयं शौचमिन्द्रिय निग्रहः। धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्म लक्षणम् ॥

अर्थ–धैर्य करना, क्षमाशील होना, मन का निरोध करना, चोरी न करना, शरीर को साफ रखना, इन्द्रियों को रोकना, धारणा शक्ति, आत्मज्ञान, सत्य बोलना और क्रोध को त्याग देना, ये दस लक्षण धर्म के हैं। अर्थात् जिस मनुष्य में भी ये लक्षण हों वह धर्मात्मा है। यह मनुष्य मात्र का धर्म है। जिस भी मनुष्य में जितने अधिक लक्षण हों उतना ही वह श्रेष्ठ है। इन धर्म लक्षणों से विपरीत लक्षण हों उतना ही वह अधर्मी अर्थात् नीच है। वास्तव में यही सार्वभौम (मानव) धर्म और अधर्म है।

उच्चस्तरीय शिक्षा के उद्देश्य, प्रशासन एवं पाठ्यक्रम

श्री बुद्धप्रकाश शुक्ल अध्यक्ष, भौतिकी विभाग

शिक्षा के उद्देश्य, शैक्षणिक पाठ्यक्रम तथा शिक्षा संस्थाओं के प्रशासनिक ढाँचे हाल के वर्षों में चर्चा का विषय रहे हैं। दुनियाँ भर के देशों में इन विषयों पर काफी विचार विमर्श हुआ है। किन्तु शिक्षा जगत की समस्याओं का कोई संतोषजनक समाधान प्रस्तुत नहीं हो सका है।

विभिन्न देशों के दार्शनिकों, विचारकों शिक्षा शास्त्रियों तथा राजनीतिज्ञों ने शिक्षा के उद्देश्यों के सम्बन्ध में समय समय पर अपने विचार व्यक्त किये हैं।

जर्मन दार्शनिक हर्बर्ट स्पेंसर का कथन है, "To prepare us for a complete living is the purpose which education has to discharge." अर्थात्, "शिक्षा का उद्देश्य मानव को सम्पूर्ण जीवन के लिये तैयार करना है।" भारत के महान संत और विचारक स्वामी विवेकानन्द का कथन है, "Education is the manifestation of perfection already in man." अर्थात्, "शिक्षा का अर्थ है मानव में उस पूर्णता की अभिव्यक्ति जो उसमें प्रारम्भ से ही विद्यमान हैं।" एनी बीसेण्ट ने शिक्षा की परिभाषा इस प्रकार की है, "The purpose of education is to devlop the latent faculties of an individual." अर्थात् "शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति में विद्यमान गुप्त क्षमताओं का विकास है।"

शिक्षा के उपरोक्त उद्देश्यों के संदर्भ में जब हम विचार करते हैं, तो हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उच्चस्तरीय शिक्षा की समस्यायें प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा की समस्याओं के साथ जुड़ी हुई हैं। अतः उच्चस्तरीय शिक्षा का पुनर्गठन करते समय हमें प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर पर प्रदान की जाने वाली शिक्षा को ध्यान में रखना होगा।

चूंकि यह सेमीनार उच्च शिक्षा की कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं पर विचार करने के लिये आयोजित किया गया है, अतः उच्च शिक्षा अथवा विश्वविद्यालयीय शिक्षा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालना अनिवार्य प्रतीत होता है। विश्वविद्यालयीय शिक्षा का क्या उद्देश्य है? सन् १९४७ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्नातकों को सम्बोधित करते हुए भारत के तत्कालीन प्रधान मन्त्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा था, "A university stands for humanism, for tolerance, for reason, for adventure of ideas and for the search of truth. It stands for onward march of human race towards even higher objectives. If universities discharge their duties adequately, then it is well with the nation and the people," अर्थात्, "विश्वविद्यालय मानवतावाद के लिये है, सहिष्णुता के लिये है, तर्क के लिये है, विचारों के परखने के लिये है, और सत्य की खोज के लिये है। यह इससे भी महान उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये मानव जाति को अग्रिम यात्रा पर अग्रसर करने के लिये है। यदि विश्वविद्यालय अपने कर्त्तव्यों का भली भांति निर्वाह करेंगे तभी राष्ट्रों और देशों का कल्याण संभव है।" यह वक्तव्य अत्यन्त स्पष्टता पूर्वक विश्वविद्यालयीय शिक्षा के उद्देश्यों की घोषणा करता है।

विश्वविद्यालयीय शिक्षा के अनेक कार्य-क्रम होते हैं। ज्ञान के क्षेत्र में श्रेष्ठता की उपलब्धि तथा ज्ञान की अभिवृद्धि करना विश्वविद्यालयीय

शिक्षा के मुख्य कार्य रहे हैं। किन्तु विकास और तीव्र सामाजिक परिवर्तनों के संदर्भ में विश्वविद्यालयों को अपने आपको उपर्युक्त कार्य क्रमों के दायरे में सीमित रखना युग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। आज के युग में विश्वविद्यालयों का कार्य इतना ही नहीं कि वे केवल मात्र छात्रों के लिये ज्ञानार्जन का साधन बनें, तथा ज्ञान में श्रेष्ठता प्राप्त करें, वरन् उन्हें राष्ट्रों के विकास में अपना योगदान करना है तथा साधारण जनता को बौद्धिक और नैतिक नेतृत्व प्रदान करना है। आज जब कि राष्ट्र राजनैतिक तथा आर्थिक न्याय और सामाजिक समानता पर आधारित समाज की स्थापना के लिये संघर्ष शील हैं, तो विश्व विद्यालय इस प्रक्रिया के निष्क्रिय द्रष्टामात्र नहीं बनें रह सकते। एक नवीन सामाजिक व्यवस्था के निर्माण में, जिसकी आज महती आवश्यकता है, विश्वविद्यालयों को दोहरा रोल अदा करना है—उनका पहला कार्य ज्ञानार्जन और विभिन्न विषयों के ज्ञान को आगे बढ़ाना और उसमें श्रेष्ठता प्राप्त करना है और उनका दूसरा कार्य समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करते हुए विकास और सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को सही दिशा में करना है।

इन आवश्यकताओं के अनुरूप विश्वविद्यालयों को अपने आपको ढालना होगा। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक ढाँचे तथा पाठ्यक्रमों में क्रान्तिकारी परिवर्तन आवश्यक हैं।

विश्वविद्यालयों का प्रशासनिक ढाँचा

विश्वविद्यालय सरस्वती के आराधक शिक्षकों तथा छात्रों की सम्मिलित गतिविधियों के केन्द्र हैं। अतः यह परमावश्यक है कि विश्वविद्यालयों का प्रशासनिक ढाँचा ऐसा हो कि शिक्षक और छात्र अपने आपको विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग समझें। विश्वविद्यालयों का संचालन और संवर्धन वस्तुतः शिक्षकों और छात्रों के द्वारा ही होना चाहिए। जब तक ऐसी व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक विश्व विद्यालय समाज के प्रति अपने उन उत्तरदायित्वों का निर्वाह न कर सकेंगे जिनकी समाज उनसे अपेक्षा करता है।

शिक्षा संस्थाओं का वातावरण स्वतन्त्र और शाँत होना चाहिए। विश्वविद्यालय नौकरशाही तथा भय की भावना से मुक्त होने चाहिएँ। इनमें अध्ययन तथा अध्यापन करने वाला विद्वत् समाज अपने आपको पूर्णतया सुरक्षित और सम्मानित अनुभव करे। ज्ञान विज्ञान का विकास स्वतन्त्र वातावरण में ही संभव है।

शिक्षकों का समाज में वही स्थान होना चाहिये जो प्राचीन भारत में गुरुओं और आचार्यों का था तथा सब प्रकार की आर्थिक चिन्ताओं से उन्हें मुक्त रखा जाना चाहिए।

विश्वविद्यालय की प्रशासनिक तथा शैक्षणिक समितियों में मुख्यतः शिक्षकों तथा छात्रों का ही प्रतिनिधित्व होना चाहिए। प्रशासनिक अधिकारियों के अतिरिक्त अन्य जो भी सदस्य इन समितियों में हों। वे शिक्षा शास्त्री ही होने चाहिए। विश्वविद्यालय का वातावरण एकेडेमिक बनाये रखने के लिये यह आवश्यक है कि इन समितियों में शिक्षकों तथा छात्रों को अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व दिया जाय।

कुलसचिव तथा कुलपति के रूप में ऐसे व्यक्ति नियुक्त किये जाने चाहिए जो या तो शिक्षक रहे हों अथवा शिक्षा जगत की समस्याओं का उन्हें अच्छा अनुभव हो। तभी प्रशासनिक सेवाओं के व्यक्ति भी इन पदों पर सफलतापूर्वक कार्य करते देखे गये हैं।

पाठ्यक्रम

समय आ गया है जबकि विश्वविद्यालयों में विभिन्न स्तरों के पाठ्यक्रमों में क्रान्तिकारी परिवर्तन लाये जाने चाहिए। वर्तमान पाठ्यक्रम समय की माँग को पूरा कर पाने में असमर्थ हैं। साथ ही वर्तमान पाठ्यक्रमों में विशिष्टीकरण (specialization) पर अधिक बल दिया गया है। इसका परिणाम यह होता है कि इन पाठ्यक्रमों से शिक्षा ग्रहण करने वाले नवयुवक का मस्तिष्क एक मशीन की भाँति कार्य करने लगता है और जीवन के प्रति उसका दृष्टिकोण अत्यन्त सीमित हो जाता है। यह सम्पूर्ण जीवन को एक व्यापक दृष्टि से नहीं देख पाता। इस प्रकार के मस्तिष्क से एक निश्चित ढंग का ही कार्य लिया जा सकता है। अतः इस प्रकार का व्यक्ति न तो अपने लिये ही बहुत उपयोगी सिद्ध होता है। और न समाज के लिये।

अतः आवश्यकता इस बात की है कि एक निश्चित ढग के कोर्सों (courses) के संयोजन (combination) के स्थान पर ये कम्बिनेशन अधिक व्यापक होने चाहिये। साथ ही विषयों के चुनाव की अधिक छूट होनी चाहिए। उदाहरणार्थ बी० एस०-सी० स्तर पर दो कम्बिनेशन प्रायः प्रचलित हैं (१) भौतिकी, रसायन तथा गणित, और (२) जन्तु विज्ञान वनस्पति विज्ञान तथा रसायन। अब इस बात की आवश्यकता है कि उपर्युक्त पाँच विषयों में विद्यार्थी को कोई भी तीन विषय लेने की छूट होनी चाहिए। साथ ही ह्यूमेनिटीज़ (Humanities) तथा विज्ञान (sciences) के विषयों के भी कुछ कम्बिनेशन पूर्व स्नातक स्तर पर शुरु किये जाने चाहिये। यदि फिलहाल यह संभव प्रतीत न होता हो, तो जनरल एजूकेशन के रूप में विज्ञान के छात्रों को ह्यूमेनिटीज़ के विषय और ह्यूमेनिटीज़ के छात्रों को विज्ञान के विषय पढ़ाये जाने चाहिये। साथ ही छात्रों को व्यावहारिक जीवन का भी परिचय कराया जाना चाहिये। तरह तरह के उद्योग धन्धे तथा जीवन की अनेकानेक समस्याओं का दिग्दर्शन तथा प्रकृति का सामीप्य छात्रों के मस्तिष्क के विकास के लिये परमावश्यक है। इस प्रकार शिक्षा ग्रहण करने वाले नवयुवक जीवन में अपना मार्ग आसानी से ढूंढ सकेंगे। तथा जो भी समस्यायें उनके समक्ष आयेंगी उनका समाधान करना उनके लिये अपेक्षाकृत सरल होगा। इस प्रकार के नवयुवक स्वयं के लिये तथा समाज के लिये अधिक उपयोगी सिद्ध होंगे।

यदि विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक ढाँचे तथा पाठ्यक्रम में ऊपर सुझाये गये परिवर्तन लाये जायं, तो उच्च शिक्षा की अनेकानेक समस्यायें अपने आप सुलझ जायेंगी तथा समाज और राष्ट्र को ऐसे नागरिक उपलब्ध होंगे जिनमें ज्ञान की गरिमा, चरित्र की दृढ़ता तथा मानव जीवन की समस्याओं को सुलझाने की अद्भुत क्षमता होगी। तब संभवतः शिक्षित समाज की बेरोजगारी की समस्या भी इतनी विकराल न होगी। इन परिवर्तनों को जितना शीघ्र लागू किया जा सके, समाज तथा राष्ट्र के लिये उतना ही हितकर होगा। इति--

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में "उच्चस्तरीय शिक्षा" पर सेमीनार

यह अत्यन्त सौभाग्य का विषय है कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को कुलपति के रूप में श्री बलभद्र कुमार हूजा (आई० ए० एस०, अवकाशप्राप्त) जैसा सुयोग्य प्रशासक मिला है। आप भारत सरकार में अनेक उच्च पदों पर आसीन रह चुके हैं। ८ नवम्बर १९७५ को आपने कुलपति पद का कार्यभार संभाला और इस विश्व विद्यालय को समुन्नत करने के लिये आप दिन रात अथक परिश्रम कर रहे हैं। आपके आगमन से विश्वविद्यालय में नवजीवन का संचार हुआ है। शिक्षा-दीक्षा, आश्रमव्यवस्था, खेलकूद तथा विश्वविद्यालय की अन्य गतिविधियों को आप अपने प्रेरणादायक व्यक्तित्व से नयी दिशा प्रदान कर रहे हैं।

इसी तारतम्य में २८ नवम्बर १९७५ को इस विश्वविद्यालय में प्रथम बार कुलपति जी के प्रोत्साहन से "उच्चस्तरीय शिक्षा" पर एक सेमीनार का आयोजन किया गया।

इस सेमीनार का संयोजन गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के भौतिकी (PHYSICS) विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बुद्धप्रकाश शुक्ल ने किया तथा इसकी अध्यक्षता माननीय कुलपति महोदय ने की।

सेमीनार में विश्वविद्यालय के जिन शिक्षकों ने अपने विद्वत्तापूर्ण प्रबन्ध प्रस्तुत किये उनके नाम इस प्रकार हैं :– प्रोफेसर बुद्धप्रकाश शुक्ल (अध्यक्ष, भौतिकी विभाग), प्रोफेसर चन्द्रशेखर त्रिवेदी (मनोविज्ञान विभाग), प्रोफेसर विजय शंकर (अध्यक्ष, वनस्पतिविज्ञान विभाग), प्रोफेसर ओमप्रकाश मिश्र (अध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग) डा० अमरनाथ द्विवेदी (अंग्रेजी विभाग), डा० विनोद चन्द्र सिन्हा (अध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग) तथा प्रोफेसर सदाशिव भगत (अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग।)

कुलपति महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में अनेक रचनात्मक सुझाव दिये तथा सेमीनार में प्रस्तुत प्रबन्धों की भूरि भूरि प्रशंसा की और यह इच्छा व्यक्त की कि इन प्रबन्धों को मुद्रित कराकर अन्य विश्वविद्यालयों में भी भेजा जाय जिससे शिक्षाजगत इनमें अभिव्यक्त विचारों से लाभ उठा सके। अतः गुरुकुल पत्रिका के इस अङ्क में इन प्रबन्धों को प्रकाशित किया जा रहा है।

सेमीनार में पढ़े गये अधिकांश प्रबन्ध अंग्रेजी में थे। गुरुकुल पत्रिका में प्रकाशन हेतु विद्वान शिक्षकों ने अपने प्रबन्धों का हिन्दी रूपान्तर प्रस्तुत किया है।

कुछ प्रबन्ध सेमीनार में पढ़े नहीं जा सके क्योंकि उनके लेखक सेमीनार में उपस्थित नहीं हो सके। उन्हें भी प्रकाशित किया जा रहा है।

संकलनकर्ता—प्रो० बुद्धप्रकाश शुक्ल, अध्यक्ष भौतिकी विभाग

---:○:---

स्वामी श्री श्रद्धानन्द जी का गुरुकुल में पधारना

और

आयुर्वेद महाविद्यालय के बारे में उनकी धारणा

–विद्यामार्तण्ड डा० धर्मानन्द केसरवानी, आयुर्वेदालंकार

श्रद्धेय श्री स्वामी जी महाराज ने जिस गुरुकुल की वनप्रान्तर में स्थापना की और जिसे अपना सर्वस्व देकर सींचा एवं पल्लवित और पुष्पित कर अपने उत्तराधिकारियों के सिपुर्द कर संन्यास आश्रम ग्रहण कर लिया तथा समग्र भारत के विशाल क्षेत्र को धर्म-जाति के उत्थान के लिए चुना और अपने आपको समर्पित कर दिया। परन्तु उस लगाये हुए उद्यान को माली कैसे भूल सकता था ? यदा-कदा वे यहां पधार कर छात्रों और अध्यापकों को उद्देश्य की पूर्ति के लिये उद्बोधन प्रदान करते रहते थे। गंगा की विमल धारा पर स्थित शांति तरु खटुए के नीचे समाधि-स्थ होकर स्वयं में स्वर्गीय आनन्द का अनुभव करते थे।

यह खटुआ वृक्ष, जिसे पश्चिमी भारत में 'सोना' कहते हैं वही महत्त्व रखता था जैसा बोलपुर शान्ति निकेतन में महर्षि देवेन्द्रनाथ के लिये मौलसिरी का तपस्या वृक्ष है, अथवा मौलसिरी का तपस्या वृक्ष है, अथवा भगवान् बुद्ध का गया में वट वृक्ष है।

बात सन् १९२६ के अक्टूबर मास की है, जब बलिदान होने से दो मास पूर्व वे अन्तिम बार कुलभूमि में पधारे थे। अपने ८-१० दिन के निवासकाल में एक दिन महाराज ने इच्छा प्रकट की कि वे आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्रों से मिलना चाहते हैं। तीसरे पहर हम सब छात्र उस खटुए के वृक्ष के नीचे एकत्र हुए। स्वामी जी अपने निवास से बाहर आए और हम सबने चरण स्पर्श किया। बैठने पर छात्रों से पढ़ाई लिखाई के बारे में हालचाल पूछा और आयुर्वेद महा-विद्यालय की स्थापना के बारे में अपने उद्गार प्रकट किये। उन्होंने बतलाया कि किस प्रकार बौद्ध भिक्षुओं ने चिकित्सा में पारंगत होकर तिब्बत वर्मा, श्रीलंका, चीन, कम्बोडिया और मंगोलिया प्रभृति देशों में आर्य संस्कृति की वैजयन्ती फहराई थी। गुरुकुल एक सोद्देश्य संस्था है। ज्ञान-विज्ञान के प्रसार के साथ ही संसार में वैदिक संस्कृति का विस्तार हो जिससे विश्व "एकनीड" (यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्) होकर प्रेम से रह सके। यही आयुर्वेद महाविद्यालय की स्थापना का हेतु था।

जीविका के प्रश्न को लेकर महाराज ने काशी के प्रसिद्ध दार्शनिक "भारतरत्न" बाबू भगवानदास जी से हुए एक वार्तालाप का भी जिक्र किया। बाबू जी ने स्वामी जी से प्रश्न किया कि आपके छात्र स्नातक बनकर क्या करेंगे ? इन्हें नौकरियां तो मिल न सकेंगी। उत्तर में स्वामी जी ने बाबू भगवानदास जी से ही एक प्रश्न किया कि आप ही बताइये कि अब पढ़े लिखे कितने प्रतिशत लोगों को नौकरियां मिल पाती हैं ? तो उत्तर मिला कि ५ से १०

प्रतिशत । स्वामी जी ने हंसकर कहा कि जब ९० से ९५ प्रतिशत को नौकरियां नहीं मिल पाती हैं तो मेरे यहां शत-प्रतिशत को नहीं मिलेंगी। बस यही अन्तर है।

इस वार्तालाप को श्री बाबू भगवानदास ने काशी से प्रकाशित होने वाले दैनिक आज में भी प्रस्तुत किया था।

स्वामी जी महाराज ने १९२२-२३ में बर्मा जाकर और वहां से प्रचुर धन प्राप्त कर आयुर्वेद महाविद्यालय की स्थापना की थी, जिससे गुरुकुल के स्नातक जीविकोपार्जन के साथ देश और जाति की सेवा कर सकें।

इसी वार्तालाप में श्री स्वामी जी महाराज ने सब छात्रों को साहसी बनने का भी उपदेश दिया और प्रेरित किया कि देश-विदेशों में जाकर ज्ञानोपार्जन के लिए कुछ साहसिक कार्य भी करें। उन्होंने "ग्लोबट्रोटर" शब्द (पृथ्वी-पदयात्री) का भी प्रयोग किया तथा पैदल या साईकिल पर चढ़कर ऐसा करने के लिये अपेक्षा प्रकट की। स्वामी जी महाराज के बलिदान के लगभग ४ मास बाद, सन् १९२७ के अप्रेल मास में गुरुकुल विश्वविद्यालय कांगड़ी की रजत जयन्ती मनाई गई। गुरुकुल के पुनर्निर्माण के लिये धन का अध्यापकों तथा छात्रों द्वारा विशेष संग्रह किया गया और यह अवसर देश के तत्कालीन प्रमुख नेताओं द्वारा श्री स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए भी उपयुक्त समझा गया। उत्सव पर श्री महात्मा गांधी, जो पहले भी यहां पधार चुके थे के अतिरिक्त प्रथम बार श्री पं० मोती लाल नेहरू श्री लाला लाजपतराय एवं महामना मालवीय जी प्रभृति पधारे थे।

लेखक को श्री पं० मोतीलाल नेहरू तथा लाला लाजपतराय जी के आतिथ्य एवं सुख सुविधा का कार्य भार सौंपा गया था। एक दिन पंडाल की ओर चलते हुए लाला जी ने मुझसे पूछा कि यहां से निकल कर आप क्या करोगे? मैंने विनम्र उत्तर दिया कि मैं यहां आयुर्वेद महाविद्यालय में पढ़ रहा हूं और स्नातक बनकर आजीविका संपादन के साथ २ हमसे जो अपेक्षित है अर्थात् धर्म और देश की सेवा, उसे भी करने की इच्छा रखता हूं, जिसे बाद में मैंने तीन वर्ष सत्याग्रह काल में बारडोली (गुजरात) क्षेत्र में कार्य कर निभाया।

लाला जी ने मुझ से यह भी पूछा कि क्या दो हजार वर्ष पुरानी चिकित्सा प्रणाली आज के युग के लिये उपयुक्त हो सकती है? लाला जी का यह प्रश्न ठोस वास्तविकता को लिये हुए था मैंने उत्तर दिया कि आयुर्वेद ग्रन्थों में वर्णित स्वास्थ्य के सिद्धान्त और चिकित्सा के मूलाधार सार्वकालिक हैं परन्तु हमारे आयुर्वेद महाविद्यालय में आधुनिक चिकित्सा शास्त्र के अध्ययन-अध्यापन का भी पूर्ण प्रबन्ध है।

मैंने साथ ही उन्हें स्मरण कराया कि महात्मा जी के असहयोग आन्दोलन के आह्वान पर जिसमें मेडिकल कालेजों के बहिष्कार का भी समावेश था। आपने और डा० सत्यपाल जी ने लाहौर में "नेशनल मेडिकल कालेज" की भी स्थापना की है और उस कालेज के छात्र हमारे यहां आकर शवच्छेदन का अभ्यास करते हैं। गुरुकुल ने यह सुविधा उन्हें दे रखी है। इस पर लाला जी ने प्रसन्नता प्रकट की।

उसी वर्ष सन् १९२७ के अगस्त मास में तत्कालीन उत्तर प्रदेशीय सरकार ने देश में

चिकित्सा पद्धति के विकास के लिये अवधचीफ़ कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गोकरणनाथ मिश्र के तत्त्वावधान में एक कमीशन की नियुक्ति की। कमीशन में कुछ अन्य सदस्यों के अतिरिक्त कानपुर के प्रसिद्ध बेरिस्टर हाफ़िज हिदायत हुसेन और प्रख्यात वैद्य श्री जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल पधारे थे। समझा जाता था कि ये दोनों महानुभाव किसी अड़े तरीके से गुरुकुल आयुर्वेद महाविद्यालय को किसी और संस्था के मुकाबले घटिया दिखाएँगे, परन्तु ऐसा नहीं हुआ। कमीशन के स्वागत में एक सभा श्री वैद्य धर्मदत्त जी के अध्यक्षत्व में आयोजित की गई थी, जिसमें बैरिस्टर साहब उछल पड़े और सबके बीच खुला कह गये कि हमने आप जैसा सुसज्जित और वैज्ञानिक आधार पर स्थित किसी आयुर्वेद महाविद्यालय को नहीं पाया। कमीशन के प्रकाशित प्रतिवेदन में गुरुकुल आयुर्वेद महाविद्यालय की भूरि भूरि प्रशंसा की गई थी।

श्री आचार्य रामदेव जी से जस्टिस साहब ने कहा कि सरकार आपकी संस्था को प्रचुर सहायता देना चाहती है जिससे आप इसकी और भी प्रगति कर सकें। परन्तु श्री आचार्य जी ने वही उत्तर दिया जो महात्मा मुन्शीराम जी ने यू० पी० के तत्कालीन ले० गवर्नर सरजेम्स मेस्टन को १९१६ में तथा भारत के वायसराय लोर्ड चेम्सफोर्ड को १९१८ में दिया था कि हमारे सिद्धान्तों के अनुसार हम आपसे सहायता न लेकर अपनी इस तुच्छ कुटिया में रहना ही पसन्द करेंगे। तब यह सहायता पास की एक संस्था को दे दी गई, जिसके प्रधान एक रायबहादुर और बाद में 'सर' के खिताब से मण्डित हो गये थे। एवं कुछ दिन वायसराय की कौंसिल के नामज़द मेम्बर थे।

स्वराज्य मिलने पर सन् १९५० में प्रथम राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद पधारे और गुरुकुल को एक लाख रुपये की ग्रांट प्रदान की, जिसे गुरुकुल ने सधन्यवाद प्रथम बार स्वीकृत किया।

१९५२ में, स्वराज्य मिलने के पश्चात् उत्तर प्रदेशीय सरकार ने आयुर्वेद व यूनानी चिकित्सा पद्धतियों की शिक्षा के लिये एक समिति का गठन किया। इसके अध्यक्ष कानपुर के डा० मुरारीलाल रोहतगी नियुक्त हुए, लेकिन नीति संचालक बनारस विश्वविद्यालय के २ अध्यापक श्री दत्तात्रेय वामन कुलकर्णी तथा श्री वैद्य राजेश्वर दत्त शास्त्री रहे। इस समिति ने गुरुकुल को ग्रांट इन एड न देने की सिफारिश की, जब तक गुरुकुल आयुर्वेद महाविद्यालय १९३९ के "इण्डियन मेडिसिन एक्ट" के आधीन अपने आप को "बोर्ड आफ् इण्डियन मेडिसिन" से सम्बन्ध नहीं कर लेता। ऐसा कर लेने पर गुरुकुल विश्वविद्यालय की "फैकल्टी आव् आयुर्वेदिक मेडिसन" का अस्तित्व समाप्त हो गया।

१९५५ में जब श्री चन्द्रभान गुप्त उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मन्त्री थे, तब वह अपने अधिकारियों के साथ गुरुकुलोत्सव पर पधारें और उन्होंने उस समय प्रकट ही नहीं अपितु उद्घोषित किया कि वे हरिद्वार के दोनों आयुर्वेद महाविद्यालयों का एकीकरण कर एक विशाल संस्था बना देना चाहते हैं। उनके इस उद्देश्य के प्रतिवाद में दूसरी संस्था के अधिकारियों ने बड़ी भाग दौड़ की—विशेषकर भिन्न सम्प्रदायी होने के कारण, और वह कदम धरा रह गया। सन् १९५२ की गठित समिति की रिपोर्ट में भी इस सम्प्रदाय भिन्नता का वर्णन है। उधर तत्कालीन कुलपति पं० इन्द्र विद्यावाचस्पति ने परिस्थिति के

अनुकूल कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। पराधीनकालीन गुरुकुल की स्वतंत्र नीति उन्हें दबोचे रही।

एक पुनः अवसर आया जबकि ५–६ आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्रों ने हड़ताल कर मांग की कि उनकी संस्थाओं को किसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कर दिया जाय। उनकी इस मांग में कुछ बल भी था। लगभग २ हजार आयुर्वेद तथा यूनानी डिस्पेंसरियाँ खोली गईं और उनके चिकित्सकों के चुनाव में विश्वविद्यालय के स्नातकों को प्राथमिकता दी गई और बाद में बोर्ड के स्नातकों को।

जब श्री चरणसिंह सन् १९६९ में उत्तर प्रदेश के मुख्य मन्त्री बने तो उन्होंने संकल्प किया कि समग्र आयुर्वेद महाविद्यालयों को गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कर दिया जाय और इस प्रकार की घोषणा भी उन्होंने विधान सभा में कर दी। कहा जाता है कि इससे पहले कि कोई संस्था इसका विरोध करे गुरुकुल के तत्कालीन कुलपति ने इस घोषणा के विरुद्ध मुख्य मन्त्री को तार भेज दिया। इस प्रकार पुनः गुरुकुल पिछड़ गया।

१९७४ में आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान स्वामी श्री इन्द्रवेश जी ने आयुर्वेद के छात्रों को लिखकर दे दिया कि यदि उत्तर प्रदेश सरकार आयुर्वेद महाविद्यालय अपने आधीन लेकर संचालन करना चाहे तो वे स्वीकृति प्रदान करते हैं।

मुख्यमन्त्री श्री हेमवतीनंदन बहुगुणा ने उत्तर प्रदेश के बोर्ड से सम्बद्ध ६ महाविद्यालयों में से ऋषिकुल, पीलीभीत और झांसी के आयुर्वेद महाविद्यालयों को सीधा सरकार के आधीन ले लिया और अन्य ३ छोटे और नवीन आयुर्वेद महाविद्यालयों को यथा–अतर्रा–बाँदा और बरेली के नये आयुर्वेद महाविद्यालयों को पृथक रखा। गुरुकुल आयुर्वेद महाविद्यालय भी इसी कोटि में आन पड़ा है। जबकि इसकी शान और गौरव का सिक्का समग्र भारत में ही नहीं, अपितु विदेश में भी फैला हुआ था। जिसे उ० प्र० की हाइकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया है।

गुरुकुल का आयुर्वेद महाविद्यालय अब कानपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है। एक विशेष एक्ट बनाकर कानपुर विश्वविद्यालय के क्षेत्र को बहुत बढ़ा दिया गया और इन कालेजों को उससे बांधा गया। शिक्षा का स्तर और व्यवस्था कहां तक प्रभावित हो पाई है यह एक महान् प्रश्न है। गुरुकुल में कब से अनुसंधान कार्य तथा अनुस्नातक (पोस्ट ग्रेजुएट) शिक्षण प्रारम्भ हो जाना चाहिये था। पर यह सब कुछ नहीं हो पाया।

अब प्रश्न है कि क्या विश्वविद्याल अनुदान आयोग इसे अपने आधीन करने को तैयार है? स्थिति यह है कि एक दो बार यत्न किये गये जो शिथिल यत्न थे–पर ऐसा नहीं हो सका।

बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय से आयुर्वेद की "अण्डर ग्रेजुएट" पाठविधि और महाविद्यालय १९६० में समाप्त कर दिये गये। आयुर्वेदिक अनुसंधान और पोस्ट ग्रेजुएट कक्षाएं "इन्स्टीट्यूट आव् मेडिकल साइंसेज" के आधीन चल रही है। और यह सब "यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन" के आधीन संचालित है। केन्द्रीय सरकार का विश्वविद्यालय होने से

सम्पूर्ण आर्थिक जिम्मेवारी शिक्षा तथा चिकित्सा के मंत्रालयों की है। वे आपस में आनुपातिक ढंग से अर्थव्यवस्था को जो कितने ही लाखों में है विभाजित कर लेते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध "राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय" लखनऊ, जहां अण्डर ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट आयुर्वेदिक कथाए हैं—इसका वार्षिक बजट ३३-३४ लाख का है। ऋषिकुल आयुर्वेद महाविद्यालय का १०—११ लाख का बजट है। गुरुकुल आयुर्वेद महाविद्यालय का बजट बहुत छोटा है और उसके लिए भी हायतोबा मची रहती है सरकार से अनुदान तैशुदा राशि से कम ही मिलता है। गुरुकुल का भाग अन्यत्र न्यून है।

अंत में हमें यह देखना है कि जिन उद्देश्यों को समक्ष रखकर अमरशहीद स्वामी श्रद्धानन्द जी ने इस आयुर्वेद महाविद्यालय की स्थापना की थी और गुरुकुल विश्वविद्यालय के अंतर्गत तीसरा संकाय (फैकल्टी) का निर्माण हुआ था, क्या वे उद्देश्य पूरे हो रहे हैं उत्तर में निराशा जनक भाव है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक स्थितियां ही नहीं अपितु समग्र जीवन-दर्शन में विकट परिवर्तन हो गये हैं। उन परिवर्तनों का मूल उद्देश्यों से सामंजस्य कर आयुर्वेद महाविद्यालय का नवविधान बनाना चाहिये। और वे दो रूप में हो सकते हैं—

१. आर्यसमाज के समग्र अधिकारी मिलकर प्रयत्न करें कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग आयुर्वेद के संकाय को गुरुकुल विश्वविद्यालय के आधीन निर्माण की अनुमति प्रदान करें एवं केन्द्रीय तथा प्रदेशीय सरकारें विशिष्ट अनुदान देवें। इस प्रकार गुरुकुल की उपाधियों की मान्यता बनी रहेगी। हाँ, गुरुकुल को भी एक बड़ी राशि अपने स्रोतों द्वारा लगानी पड़ेगी। तभी मूल उद्देश्यों को एक बड़ी सीमा तक चरितार्थ किया जा सकेगा। गुरुकुल विश्वविद्यालय को—जैसा कि श्री डा० राधाकृष्ण के प्रधानत्व में स्थापित शिक्षा कमीशन—सन् १९४९ की रिपोर्ट के अनुसार अपनी विशेषताओं को कायम रखने का अधिकार रहेगा।

दूसरा रूप समग्र विकसित देशों में प्रचलित परिपाटी से है—अर्थात् उन देशों की समग्र मेडिकल फकल्टियां सीधे सरकार के आधीन होती हैं। और राज्य सरकारें ही उनके सम्पूर्ण आय-व्यय के लिये जिम्मेदार होती हैं। चिकित्सा एवं उसकी शिक्षा को "स्टेट सबजेक्ट" माना जाता है। अमेरिका में १—२ संस्थाएं प्राइवेट हैं, परन्तु पश्चिम के अन्य देशों में एक भी स्वतन्त्र मेडिकल कालेज नहीं मिलेगा।

हां, उस अवस्था में गुरुकुल को आयुर्वेद महाविद्यालय से सम्बद्ध सब "एसेट्स" चल या अचल सरकार को सौंप देने पड़ेंगे।

अंत में—इतना ही लिखना अभीष्ट है कि श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा पवित्र उद्देश्य से स्थापित यह आयुर्वेद महाविद्यालय विकासोन्मुखी हो और इसकी समस्याएं गंभीरता तथा तत्परता से सुलझाई जावें। जिससे भारतीय जनता एवं मानवता को लाभ पहुंचाया जा सकें।

युगद्रष्टा वह आर्य संन्यासी

अवनिमोहन विद्यालंकार

१९वीं सदी के अन्त में जब यह देश राजनीतिक और सामाजिक संक्रमणकाल में से गुजर रहा था उसी समय वीरप्रसू पंचनद की पवित्र भूमि पर भारतीय संस्कृत, समाज सुधार और राष्ट्रीय जागृति का अग्रदूत बनकर यदि किसी महामानव ने एकाकी ही पददलित, प्रसुप्त एवं शोषित जनता को उबारा तो वह स्वनामधन्य हुतात्मा श्रद्धानन्द थे।

बरेली और तीन लोक से न्यारी वाराणसी नगरी में ब्रह्मचर्य और त्याग से देदीप्यमान जगद्गुरु दयानन्द की प्रखर प्रतिभा, अद्वितीय विद्वत्ता और सत्य पर मर मिटने के उसके अजेय शौर्य्य पर मुग्ध होने वाले जिज्ञासु अन्तेवासी एकलव्य की भाँति मन ही मन गुरु-दीक्षा ले उस महान विभूति ने पंक से सुवासित पंकज और मिट्टी से निर्मल कंचन बनकर न सिर्फ अपने को ही उबारा, अपितु अपने जादूभरे पारस-संसर्ग से देश के उत्पीड़ित, भयत्रस्त एवं संतप्त मानव-समाज का भी काया-पलट कर दिया। त्याग, तप और सतत साधना की भट्टी में तथा परदुःखकातर वह यती जीवन भर अन्याय, अत्याचार, अपमान और अनाचार से लोहा लेने में ही जूझा रहा।

कल्याणमार्ग का पथिक

गुदड़ी के उस लाल में देश के इतर महापुरूषों से एक निराली ही खूबी थी। सर्वथा विपरीत परिस्थितियों के रहते डूबकर स्वयं तर जाने और औरों को भी तरा ले जाने वाली भय, शंका, दुविधा, प्रलोभन, आसक्ति और स्वार्थ से नितान्त और अछूती निर्भयता और आत्म-विश्वास की प्रतीक उस शौर्य्यराशि को शैशव और युवाकाल के संगी साथी, मोहमाया में उलझे प्यारे नातीदार और ईर्ष्यालु विरोधियों के हथकण्डे 'कल्याणमार्ग का पथिक' बनने से न रोक सके, न अभिभूत कर पाये वेश्यागमन, रिश्वतखोरी, सुरापान एवं जुआ-खोरी जैसे निकृष्टतम दुर्व्यसन और नहीं उस विलक्षण क्रान्तिकारी की राह में रोड़ा बनकर खड़े रह पाए माँ-बाप के लाड़-दुलार, स्पृहणीय सरकारी चाकरी, दुनियावी आन-बान और शान-शौकत ही। दयानन्द, गौतम बुद्ध, वर्द्धमान महावीर और महात्मा गाँधी प्रभृति महापुरूषों ने जो महान पद पाया रोगाक्रान्त, मरणासन्न और जराजर्जरित मानव के अपरिहार्य्य दुःख से द्रवित होकर अथवा विदेशी शासकों द्वारा ढाई अमानुषिक अत्याचारों की प्रतिक्रिया स्वरूप वह इस महापुरूष ने पाया विशुद्ध स्वेच्छा और आत्म-बल से। दृढ़ संकल्प और आत्म-विश्वास के धनी श्रद्धानन्द ने एक-बारगी ही दुर्व्यसनों का जो पल्ला झाड़ा तो फिर कभी उनकी तरफ झाँका तक नहीं।

लोककल्याण के विशाल क्षेत्र में अवतरित होने का श्री गणेश उसने भीतर बाहर की अपनी ही आत्म-शुद्धि से किया।। छल-छद्म से कोसो दूर उस मनीषी को कथनी और करनी की एक रूपता के विशिष्ट गुण के कारण लोकसंग्रह करते देर न लगी और राष्ट्रीय शिक्षा, साहित्य सेवा, हिन्दू मुस्लिम एकता सनातन धर्म तथा सक्रिय राजनीति आदि जिस किसी भी क्षेत्र में उसने कदम बढ़ाया उसी में सफलता उसके चरण चूमे बिना न रही।

राष्ट्रभाषा का समादर

नैतिक बल, स्फूर्ति और नव चेतना का संचार करने के लिए उस युगद्रष्टा पारखी की पैनी निगाह पहले पहल रूग्ण भारत की मानसिक एवं बौद्धिक दासता पर पड़ी। उसे जड़-मूल से उखाड़ फेंकने के लिए उसने भावी पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के गहरे रंग में रंगने और राष्ट्रभाषा हिन्दी के माध्यम से वैदिक वाङमय विज्ञान, राजनीति और अर्थशास्त्र जैसे सभी गहन विषयों की ऊंची से ऊंची स्वतन्त्र एवं निःशुल्क धर्मसापेक्ष शिक्षा दिये जाने की ठान ली। उसे अपने ही से बरसों तक की जाती रही राष्ट्रभाषा हिन्दी की अवहेलना तथा उपेक्षा भी सह्य न हुई और भीतर ही भीतर उसका अन्तर बगावत करने लगा। फलस्वरूप आर्थिक हानि, जगहंसाई और ग्राहकों की नाराजगी की लेशमात्र भी परवाह किये बगैर उसने रातोंरात उर्दू में प्रकाशित होने वाले अपने 'सद्धर्म प्रचारक' पत्र को हिन्दी में परिवर्तित कर सबको भौंचक्का कर दिया।

फिर सर्व मेध यज्ञ कर एकाकी ही वह दीवाना निकल पड़ा शहरों के कोलाहलपूर्ण एवं दूषित वातावरण से दूर शिवालिक की उपत्यका के सुदूर वन-प्रान्तर में अपनी सात्विक दान-राशि ही ले स्वतन्त्र भारत का राष्ट्रीय विश्वविद्यालय गुरुकुल कांगड़ी स्थापित करने के अपने सुनहले स्वप्न को साकार बनाने। अपने और परायों ने खिल्ली उड़ाकर उस पर फबतियां कसीं। पर उसने जंगल में मंगल करके ही दम लिया।

निराला आकर्षण

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक, पंजाब केसरी लाला लाजपतराय, गोखले और महामना मालवीय सरीखे राष्टनायक भी अनायास उसकी ओर खिंचे बगैर न रहे। अफ्रीका से स्वदेश लौट कर स्वातन्त्र्य-संग्राम की रणभेरी बजाने वाले राष्ट्रपिता बापू ने जहाँ स्वतन्त्र भारत के स्वर्णिम प्रभात की सर्वप्रथम झांकी उसी के अनूठे विश्वविद्यालय के स्वतन्त्र एवं उन्मुक्त वातावरण में ली वहीं ब्रिटिश साम्राज्य के भावी प्रधानमन्त्री रैम्जे मैकडीन ने उस क्रान्तिकारी परिव्राजक के महान व्यक्तित्व में ईसाइयत के जन्मदाता मसीह और सेण्ट पीटर से भी कहीं अधिक भव्य एवं प्रभावोत्पादक छवि को निहार कर अपनी मानवता को सार्थक किया। और उसी वनचर्या के उस साधना शिविर में ही दिखाई दीं ब्रिटिश सम्राट के कुटिल प्रतिनिधि लार्डचेम्सफोर्ड को तथा मेस्टन, इबटसन और सरचार्ल्स क्लीबलैण्ड जैसे इतर शासकों तथा गुप्तचरों को राष्ट्र के उस सजग प्रहरी की रग-रग में तथा उसके और पुत्रवत पोषित उसकी शिष्य-मण्डली के स्पृहणीय एवं आश्चर्य-कारक गुरु-शिष्य सान्निध्य में अहर्निश सुलगती और सुलगाती विद्रोह की निर्धूम प्रचण्ड अग्निशिलाएं। इस प्रकार स्व-शिक्षा, स्व-भूषा, स्व-देशी और स्व-राज्य का मन्त्रदाता वह बागी, उसकी वह राष्ट्रीय संस्था और शिष्य-मण्डली जहां ब्रिटिश हुक्कामों की आखों में निरन्तर खटकते रहकर एक अबूझ पहेली बने हुए थे, यहां राष्ट्रीय जागृति, साहित्यसाधना, लोककल्याण, और समाज सेवा में जूझे हुए उसके शिष्य और वह जन्मजात विद्रोही जन-जन के आदरणीय भी बने हुए थे।

हिन्दू-मुस्लिम ऐक्य

शोषित और उत्पीड़ित जनता का सकल सम्बल वह तत्वदर्शी क्या हिन्दू, क्या मुसलमान,

क्या ईसाई और क्या अपने क्या बेगाने—सभी का अपना बनकर मत-मतान्तरों तथा जात बिरादरियों की संकीर्ण विचार धाराओं और पदलिप्सा एवं मान-अपमान से सर्वथा मुक्त था। लोकप्रियता में तो उसका कोई सानी ही न था।

'अथ' से 'इति' तक उस अमर सेनानी का समूचा जीवन कठोर संघर्ष की एक लम्बी स्फूर्तिदायक कहानी है। आततायी शासकों के खिलाफ गुरू के बाग में लगाए गए उस रणबांकुरे का मोर्चा, रौलेट ऐक्ट के घोर दमन के दिनों राजधानी के सर्वाधिक जनाकीर्ण एवं सुप्रसिद्ध व्यापार केन्द्र चांदनी चौक में सशस्त्र गोरी फौज को सर्वप्रथम अपना खून बहाने के लिए दो भारतीय स्वातंत्र्य संग्राम के इतिहास में अमिट स्वर्णाक्षरों में लिखी गई साहसपूर्ण उसकी अद्वितीय चुनौती, दक्षिण-हैदराबाद, गुजरात और गढ़वाल के दुर्भिक्ष में अपनी शिष्टमण्डली के साथ घर-घर अन्न, वस्त्र और दवा दारू वितरित कर अहर्निश की गई उसकी निष्काम मानवसेवा, शाही मस्जिद की उस मीनार से जिस पर खड़े होकर कोई प्रवचन, भाषण व फतवा किसी मुल्ला-मौलवी गाजी और यहां तक कि किसी मुगल बादशाह को भी नसीब न हो सका, सस्वर वेदमन्त्र का पाठ कर हिन्दू-मुस्लिम ऐक्य का वह अनूठा प्रवचन और उस विलक्षण विभूति का वह अद्भुत आत्म-बलिदान जो कि भावी पीढ़ियों में नैतिक बल की चेतना और नवस्फूर्ति का संचालन करते हुए युगों तक उज्ज्वल प्रकाशस्तम्भ बना रहेगा।

"दिवङ्गतायाम्"

"उपस्थितिः प्रियाया मां न मुञ्चति कदाचन"
पश्यतो मम संसारो नानारूपमयोऽपि सः।
अरूपतां द्रुतं याति प्रियारूपं प्रदर्शयन्॥
दृष्टिस्तस्याः प्रियाया मां न मुञ्चति कदाचन॥१॥
शृण्वतो मम संसारो नानाशब्दमयोऽपि सः।
अशब्दतां द्रुतं याति प्रियाशब्दं हि श्रावयन्॥
श्रुतिस्तस्याः प्रियाया मां न मुञ्चति कदाचन॥२॥
भवतो मम संसारो नानाभावमयोऽपि सः।
अभावं हि द्रुतं याति प्रियाभावं विभावयन्॥
उपस्थितिः प्रियाया मां न मुञ्चति कदाचन॥३॥
बोधतो मम संसारो नानाबोधमयोऽपि सः।
अबोधतां द्रुतं याति प्रियाबोधं हि बोधयन्॥
बोधस्तस्याः प्रियाया मां न मुञ्चति कदाचन॥४॥
स्निह्यतो मम संसारो नानास्नेहमयोऽपि सः।
अस्नेहतां द्रुतं याति प्रियास्नेहं प्रकाशयन्॥
स्नेहस्तस्याः प्रियाया मां न मुञ्चति कदाचन॥५॥

डा० राजमणि पाण्डेयः, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालयः

अन्तरिक्ष उड़ान का इतिहास--

गतांक से आगे

उड़ान-कल्पना-लोक से वास्तविकता की ओर

श्री विजय शंकर, अध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

जैसे २ मनुष्य अधिक ऊंचाई तक और अधिक गति से वायुयान (एयरप्लेन) में उड़ने लगा, नई समस्यायें सामने आने लगीं। यह बात सामने आई कि पृथ्वी से २०,००० फीट के ऊपर के विरलित वायुमण्डल में मनुष्य को लगातार उड़ने के लिये आक्सीजन की आवश्यकता पड़ती है और ६३,००० फीट से ऊपर यदि वह सूट या केबिन वातावरण से दबानुकूलित न रहे तो उसका खून उबलने लगेगा। भारहीनता या गुरुत्वाकर्षण-हीनता के प्रभाव का अध्ययन १९५० में आरम्भ हुआ।

राकेट-तकनीक का विकास--

समस्त अंतरिक्षउड़ान का आधार राकेट प्रणोदन (rocket propulsion) है। मनुष्य द्वारा बनाया गया चालन (locomotion) का कोई भी अन्य साधन किसी वस्तु को इतना प्रघात (thrust) नहीं दे सकता कि वह इतनी अधिक गति पकड़ सके कि पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति को निष्प्रभावित कर दे। अन्तरिक्ष के प्रायः बैकुअम में एक बार पहुंच कर राकेट के उच्च ऊंजा वाले रसायन जलने से उत्पन्न प्रघात वायु-मण्डल के आक्सीजन के बिना भी कार्य करती रह सकती है। मोटरों, एयरप्लेन और जेट एयरक्रेफ्ट में लगे हुए दहन इंजन (combustion engine) आक्सीजन वाले वायुमण्डल के ऊपर अन्तरिक्ष में काम नहीं कर सकते। मनुष्य की अन्तरिक्ष में यात्रा राकेटतकनीक के आधुनिक रूप से ही संभव हुई है।

राकेटविज्ञान का आधारभूत सिद्धान्त अभि-क्रियाशील प्रणोदन (reactive propulsion) है जो प्रकृति में पाया जाता है। मालस्क फेमिली का स्क्विड जल को बार बार अपने अन्दर खींच कर तथा बाहर फेंक कर थोड़ी दूर बहुत फुर्ती से चल सकता है। ३५० ई० पू० के आसपास आर्कटाइटस नामक मनुष्य ने लकड़ी की कपोत बनाई और यह कहा जाता है कि यह भाप अभि-क्रियाशील साधन (steam reaction device) से चलायी जाती थी।

रासायनिक राकेट का उद्भव (origin) गन पाउडर (काला पाउडर) के इतिहास में है। १०४० ए० डी० के चीनी प्रकाशन में काले पाउडर के राकेट का, जिन्हें अग्निबाण (fire arrows) कहते हैं, उल्लेख है। यह बाण जिनके साथ काले पाउडर के सिलिंडर संलग्न थे। कमान से छोड़े जाते थे, चीनियों के अग्निबाण (fire arrows) का प्रयोग जिन्हें प्रथम व्यवहारिक राकेट के रूप में मान्यता मिल चुकी थी शीघ्र ही सम्पूर्ण एशिया में फैल गया और टारटर या मंगोल आक्रमण के मध्य पूर्वी योरोप में जा पहुंचा। चीनियों का काला पाउडर प्रणोदी (propellant) साल्टपीटर (K N03) चारकोल और गंधक से मिलाकर बनाया गया था। सब जानते हैं कि यह अत्यन्त विस्फोटक मिश्रण है।

योरोप में राकेट का प्रथम बार प्रयोग १२४१ में लीजनिट्ज़ (Liegnitz) की लड़ाई में हुआ। मूर लोगों (Moors) ने भी स्पेनिश पठार में १२४९ में राकेट प्रयोग किये। १३वीं और १४वीं शताब्दी में काले पाउडर वाले अग्नि शस्त्र के

रसायन का गहन अध्ययन किया गया। १३ वीं शताब्दी के मध्य तक योरोप में तोपखाने के लिये गननली का विकास हो चुका था। इस समय राकेट का डिज़ाइन अत्यधिक साधारण था। यह केवल बारूद (गनपाउडर) से भरा हुआ कागज़ का सिलिंडर था जिसे दिशा और स्थिरता देने के लिये एक छड़ी से बांध दिया गया था। इसका मुख्य लाभ अपने निशाने को आग लगाना था।

इस समय की एक अत्यन्त प्रचलित आधुनिक कथा **वान हू** (Wan Hu) की है। उन्होंने ४३ पाउडर राकेट अपनी कुर्सी से बांधे और अपने ४३ नौकरों को यह आदेश दिया कि उनके संकेत पर वह राकेटों में आग लगा दें। वान हू कुर्सी पर बैठे, और उनके संकेत पर नौकरों ने ४३ राकेटों को आग लगा दी। एक अत्यन्त जोरदार धमाका हुआ और उसके बाद वान हू कहीं दिखाई नहीं पड़े।

१४२० के आसपास एक सैनिक इंजीनियर **जोन्स डी० फान्टाना** ने सैनिक राकेटों की नाना प्रकार की डिजाइनें बनाई। १५९१ में न्यूरेम्बर्ग के जान शिमलाप ने राकेटों के उत्पादन तथा उनके शान्तिमय प्रयोगों पर एक पुस्तक लिखी। इस पुस्तक ने राकेट विज्ञान में लोगों की रुचि को बढ़ावा दिया। अग्नि शस्त्र (fire arms) और तोपखाना के विकास के साथ आतिशबाजी का भी चलन चल पड़ा। इतिहास की दृष्टि से आरम्भिक राकेटविज्ञान पर अत्यन्त रोचक प्रकाशन पोलेण्ड के तोपखानाविशेषज्ञ **कांसमीरज़ सीमेनोविक्ज़** (Kosmierz Siemienowicz) की **"आर्टिस मग्ने आर्टीलरीअस"** (Artis Magne Artillerias) नामक पुस्तक थी जो १६५० में प्रकाशित हुई। इसमें बने हुए विभिन्न प्रकार के राकेटों के रेखाचित्र आज भी प्रयोग में आते हैं।

सीमेनोविक्ज के प्रकाशन के २८ वर्ष पश्चात् न्यूटन ने अपने गति के तीसरे सिद्धान्त में राकेट प्रणोदन के सिद्धान्त की वैज्ञानिक व्याख्या की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक क्रिया की उसकी उल्टी व बराबर प्रतिक्रिया होती है। उनके अनुसार पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति अन्तरिक्ष में प्रक्षेप्य (projectile) की गति से निष्प्रभावित हो सकती है। यदि एक तोप के गोले को पर्याप्त गति से ऊपर को छोड़ा जावे तो वह चांद की भांति पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में लाया जा सकता है। वायुमण्डल से परे उड़ने के लिये राकेट प्रणोदन के महत्व को तब तक नहीं समझा गया जब तक कि यह पता नही चला कि पृथ्वी के धरातल के ऊपर वायुमण्डल की केवल एक पतली परत है।

१८ वीं शताब्दी के अन्तिम दिनों में मैसूर के राजा हैदरअली ने एक मील से अधिक की दूरी तक मार करने वाले राकेट बनाये। इनमें धात के ट्यूब में पाउडर भरा जाता था। हैदर के पुत्र टीपू साहब ने अपने राकेट रेजीमेंट में तोपचियों की संख्या १२०० से बढ़ाकर ५००० कर दी। इंगलैंड और अमरीका ने भी इससे प्रभावित होकर अपनी सेना के लिये राकेटों की संख्या बढ़ाई।

राकेटों के अन्य उपयोग भी थे। जीवन की रक्षा करने में राकेट का सर्वप्रथम उपयोग १८०७ में योरोप में प्रदर्शित हुआ।

वैज्ञानिक गल्प की धूम—

जबकि १८५० में राकेट विज्ञान और सैनिक आयुध-सम्भार (military ordnance) के

इतिहास अलग अलग हो गये, वैज्ञानिक गल्प अन्तरिक्ष उड़ान के विकास को प्रेरणा देते रहो।

ज्यूलिस वर्ने (Julieus Verne) की दो महान पुस्तकों **'धरती से चांद को** (१८६५)' और **'चांद के चारों ओर, चांद का चक्कर** (१८७०)' ने अन्तरिक्ष उड़ान क विचार को बहुत प्रभावित किया। वर्ने की उर्वरक कल्पना, तकनीकी वास्तविकता और साहित्यिक प्रतिभा ने अनेक लोगों में यह विश्वास पैदा कर दिया कि अन्तरिक्ष उड़ान एक वास्तविकता बन सकती है और संभव भी है। पुस्तक में एक काल्पनिक **"गन क्लब"** है जिसके नायक प्रेजीडैण्ट बार्बिकेन है जो गन क्लब के सदस्यों को सम्बोधित करते हैं। वे कहते है कि "यदि चांद की ओर १२,००० गज़ प्रति सेकण्ड की गति से कोई प्रक्षेप्य (projectile) छोड़ा जाये तो वह चांद पर अवश्य पहुंचेगा। मेर बहादुर साथियों ! मैं चाहता हूं कि आप इस तुच्छ प्रयोग को अजमायें।"

इस पर अमल करते हुए गन क्लब के सदस्यों का मुख्य उद्देश्य एक ९०० फीट लम्बी भूमिगत तोप बनाना था, जिससे टैम्पा टाउन फलोरिडा से १० टन भार का अल्यूमीनम का बुलट चाँद को छोड़ा जा सकें। यह कैसा संयोग है कि चांद को बुलेट छोड़ने का यह काल्पनिक स्थान आज के कैप केनेडी के (latitinde) पर ही था जहां से आज अन्तरिक्ष के लिये यान छोड़े जाते हैं। गन क्लब की कार्यकारिणी का लक्ष्य बुलेट को चांद तक पहुंचा देना था। परन्तु इसी समय एक फ्रांसीसी, **माइकेल आर्डन** ने उनके इस काम को रोका और उनको एक खोखला प्रक्षेप्य (projectile) बनाने के लिये तैयार किया जिसमें मनुष्यों के बैठने के लिये कमरा (cabin) हो ताकि वह चांद पर पहुंच सकें। इस प्रकार गन क्लब का प्रक्षेप्य यान (projectile-vehicle) एक खोखला बुलेट अन्तरिक्षयान में परिवर्तित हो गया जिसे चांद को ३ आदमी और २ कुत्ते ले जाना था। इस अन्तरिक्षयान का नाम **"कोलम्बियाड"** रखा गया। तोप के दागने से जनित धक्कों से तीनों मनुष्यों को सुरक्षित रखने के लिये यान में जल दाबड़ा (water buffers) और गद्देदार कोचों का प्रयोग किया गया था। ८ दिन की यात्रा सुरक्षा से पूर्ण हो सके इसके लिये रासायनिक साधनों द्वारा आक्सीजन उत्पन्न करने का प्रबन्ध था। तीनों मनुष्यों ने अन्तरिक्ष के मध्य मतवाला कर देने वाली भारहीनता अनुभव की। **कोलम्बियाड** चांद तक नहीं पहुंचा। इसको चांद के गुरुत्वाकर्षण ने आकर्षित किया जिससे इसने चन्द्रवर्ती (circum-lunar) उड़ान की, और फिर वह समुद्र के पानी में सुरक्षा के साथ उतर गया। वर्ने के इस उपन्यास ने अनेक राकेट वैज्ञानिकों को प्रभावित किया। इस समय के अन्य उपन्यासों ने भी वैज्ञानिक विचारों को प्रभावित किया। **एडवर्ड एवरेट हैले** (E. A. Hale) की **"दी ब्रिक मून"** (१८६९-७०) में २०० फीट व्यास का ब्रिक उपग्रह (सैटेलाइट) अन्तर्साधन द्वारा छोड़ा गया था और २ वर्ष तक कक्षा में रहा। इस उपग्रह में ३७ मनुष्यों के बैठने का स्थान था। अन्तरिक्ष उड़ान के विचार को बढ़ावा देने वाली एक अन्य पुस्तक **एच०जी० वेल्स** की **"दी बार आफ वर्ल्डस"** (१८९७) थी। इसमें मंगल ग्रह के लोगों द्वारा पृथ्वी पर आक्रमण का विवरण था।

जैसा कि ऊपर बताया गया है वैज्ञानिक गल्पों ने अन्तरिक्षउड़ान के विचार में जान डाले

रखी। इसके साथ ही अन्तरिक्ष उड़ान की तकनीक में भी प्रगति हुई। रूस के **कान्सटेन्टिन इ० सिआल्कोव्सकी** यूनाइटेड स्टेट्स क **राबर्ट एच० गाडर्ड**, जर्मनी के **हरमन ओबर्थ** और फ्रांस के **राबर्ट एस्नाल्ट पेल्टरी** अन्तरिक्ष विज्ञान (astronautics) के आरम्भिक विकास में मुख्य व्यक्तियों में से थे।

गाडर्ड (१८८२-१९४५) अन्तरिक्ष उड़ान की ओर वर्ने के उपन्यास पढ़कर आकर्षित हुए थे। प्रथम महायुद्ध के मध्य उन्होंने ठोस ईंधन राकेट (solid fuel rocket) (नाइट्रेग्लिसरीन और गनकाटन) बनाये। १९२६ में उन्होंने संसार के इतिहास में पहली बार तरल ईंधन (liquid fuel) राकेट उड़ाया। उनका राकेट २.५ सेकण्ड में १८४ फ़ीट उड़ा। उनकी सर्वोत्तम राकेट उड़ान ९००० फीट तक पहुंची। गाडर्ड के राकेट तथा अन्तरिक्ष उड़ान के कार्य ने अनेक अमरीकी राकेट वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया।

गाडर्ड और सियालकाव्सकी से भी अधिक श्रेय ओबर्थ को है जिन्होंने योरोप में आधुनिक राकेट विज्ञान का आरम्भ किया। १९२३ में प्रकाशित अपनी पुस्तक **"दी राकेट इनटू इन्टर-प्लेनेटरो स्पेस"** में उन्होंने बताया कि ऐसे अन्तरिक्षयान बनाये जा सकते हैं जो पृथ्वी के वायुमण्डल के परे जा पहुंचे और उनमें मनुष्य भी जा सकें। इस समय अनेक राष्ट्रीय राकेट सोसाइटी बनीं। १९३३ में ब्रिटिश इंटरप्लेनेटरी सोसाइटी के सदस्य **जर्मन स्पेस सोसाइटी** से परामर्श के लिये बर्लिन गये। किन्तु उन्हें निराशा हुई। यह सोसाइटी बन्द हो चुकी थी, क्योंकि राकेट विज्ञान का अध्ययन जर्मनी की सेना ने अपने हाथ में ले लिया था। १९४५ तक जर्मनी राकेट विज्ञान में संसार से १० वर्ष आगे बढ़ चुका था। उसने ५६००० पौण्ड के प्रघात (thrust) वाला और २०० मील की मार वाला पराध्वनिक गति का V—2 प्राक्षेपिक (ballistic) राकेट बना लिया जो वायुमण्डल के ऊपर अन्तरिक्ष में जा सकता था। यह पृथ्वी के वायुमण्डल के परे तक जाने वाला पहला यान-साधन था।

इस प्रकार हम देखते हैं कि वर्ने, हैले और वेल्स की कल्पनाओं और सिआलकोव्सकी, गाडर्ड एवं ओबर्थ के गम्भीर विचारों (१८६५-१९४५) ने अन्तरिक्षउड़ान की तकनीक को तेजी से आगे बढ़ाया। द्वितीय महायुद्ध की दो मुख्य तकनीकी प्राप्तियां एटम बम और तरल ईंधन प्राक्षेपिक राकेट ने अन्तरिक्ष उड़ान को वास्तविकता में परिणित कर दिया। इस प्रकार द्वितीय महायुद्ध के १२ वर्ष पश्चात् अन्तरिक्ष युग का श्रीगणेश हुआ।

अन्तरिक्ष युग का श्रीगणेश

४ अक्टूबर १९५७ को सोवियट यूनियन ने मनुष्य द्वारा बनाया गया प्रथम भू-उपग्रह (Earth Satellite) स्पुटनिक I छोड़ा। स्पुटनिक के अर्थ सह-यात्री होते हैं। इसका भार १८४ पौण्ड था और इसमें रासायनिक बैटरियां (chemical batteries) तथा २ रेडियो प्रेषित्र (radio transmitter) थे जिन से पृथ्वी को ताप, कास्मिक किरण (cosmic rays) और माइक्रोमेटेरायड्स (micrometeroids) पर आंकड़े (data) भेजे जाते थे। यह अप्राकृतिक चांद सैनिक मिसाइल के रूप में

विकसित किये गये राकेट से छोड़ा गया था। इसका कक्षा (orbit) पृथ्वी से ५५८ मील ऊपर था और यह १७,५०० मील प्रति घण्टा की गति से यात्रा करता था।

एक मास पश्चात् २ नवम्बर १९५७ को सोवियट यूनियन ने ११२० पौण्ड भार का स्पूटनिक II पृथ्वी के कक्षा (orbit) में छोड़ा। इसमें "लाइका" नाम का कुत्ता भेजा गया था। **संसार के इतिहास में यह पहला जीवित यात्री था जो अन्तरिक्ष में उड़ाया गया।** इस घटना से संसार में हलचल मच गयी। अब यह आशा कि मनुष्य भी शीघ्र ही राकेट विज्ञान की सहायता से स्वयं भी अन्तरिक्ष में पहुंच सकेगा, बल पकड़ने लगी। स्पुटनिक के अन्तरिक्ष में पहुंचने से यह प्रमाणित हो गया कि रूसी लोग राकेट विज्ञान में अन्य देशों की अपेक्षा आगे थे। अमरीका में इस बात पर अचम्भा प्रकट किया गया कि पिछड़े हुए रूसी जिन्हें द्वितीय महायुद्ध में जान और माल की काफी क्षति पहुंची थी कैसे विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में बाजी मार ले गये। इसका उत्तर द्वितीय महायुद्ध के पश्चात् के राकेट तकनीक के इतिहास में मिलता है।

१९४५ के पश्चात् यूनाइटेड स्टेट्स ने राकेट विज्ञान के विकास पर अधिक ध्यान नहीं दिया। इसके विपरीत रूस में स्टालिन ने १९४६ में दूर तक मार करने वाले राकेट बनाने के लिये, जो अमरीका तक पहुंच सकें, सर्वाधिक प्राथमिकता दी। जन्होंने यह अनुभव किया कि उनके लिये अंतर अतलांतिक राकेट बनाना बहुत महत्वपूर्ण था। १९४९ में रूस ने न्यूक्लिअर विस्फोट किया। इस घटना से अमरीका चौंक पड़ा। अमरीका को यह आशा कभी नहीं थी कि रूस न्यूक्लियर विज्ञान में इतना अधिक बढ़ गया होगा। इस घटना से प्रभावित होकर ट्रूमैन (अमरीका के राष्टपति) ने तुरन्त हाइड्रोजन बम बनाने का आदेश दिया। साथ ही अनेक अन्य प्रोग्रामों में भी तेजी लायी गई। १९५१ में अधिक बड़े तरल ईंधन वाले राकेट (liquid fuel rockets) बनाने का काम चालू हो गया। १९५४ में अन्तर महाद्वीपीय प्राक्षेपिक मिसाइल बनाने की सिफारिश की गई। १ जनवरी १९५८ को प्रथम अमरीकी उपग्रह एक्सप्लोरर I छोड़ा गया। १७ मार्च १९५८ को NRL वेनगार्ड I छोड़ा। गया। इसी वर्ष अमरीका में अन्तरिक्ष अधिनियम (space act) पास हुआ और नेशनल एयरोनाटिक्स एवं स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) ने कार्य करना आरम्भ किया। १५ मई १९५८ को रूस ने ७००० पौण्ड का स्पूटनिक III छोड़ा १९६० तक अमरीका और रूस कुल मिलाकर ३८ भू-उपग्रह (earth satellite) छोड़ चुके थे। इनके द्वारा न केवल अन्तरिक्ष उड़ान की तकनीक में उन्नति हुई बल्कि अपरभौमिक (extraterrestrial) ज्ञान में भी वृद्धि हुई।

१२ अप्रैल १९६१ को रूस ने वरटोक I अन्तरिक्ष में छोड़ा जिसमें **यूरी गेगरीन को प्रथम अन्तरिक्षयात्री** होने का श्रेय प्राप्त हुआ। गेगेरीन ने १०८ मिनट तक पृथ्वी का चक्कर लगाया।

५ मई १९६१ को अमरीका का अन्तरिक्ष-यान फ्रीडम ७, एलान बी० शेपार्ड को लेकर ऊपर उठा और १५ मिनट तक अन्तरिक्ष में रहा। इस बीच शेपार्ड ने ५ मिनट के लिये भारहीनता अनुभव की। अन्तरिक्षयात्री एलान शेपार्ड की उड़ान ने मनुष्य की अन्तरिक्ष

यात्रा के तीन चरण वाले प्रोग्राम का उद्घाटन किया। यह चरण **प्रोजेक्ट मरकरी, जैमिनी** और **अपोलो** थे। मनुष्य के चांद पर पहुंचने के लिये ये तीनों चरण अत्यावश्यक रहे हैं।

प्रोजेक्ट मरकरी

प्रोजेक्ट मरकरी ने अमरीका का अन्तरिक्ष के लिये द्वार खोला। एक छोटे से क्रेफ्ट (craft) द्वारा यह संभव हो सका कि अन्तरिक्षयात्री भारहीनता अनुभव कर सकें। ९ फुट ऊंचे मरकरी क्रेफ्ट का भार १.१/२ टन था। प्रत्यक्ष है कि अपोलो अन्तरिक्ष यान की अपेक्षा, जो ८४ फुट ऊंचा था और जिसका भार ८५ टन था, मरकरी क्रेफ्ट बहुत छोटा था। किन्तु इस छोटे से क्रेफ्ट के द्वारा महत्वपूर्ण प्राप्तियां हुई। इसने मनुष्य की अन्तरिक्ष में जीवित रहने की योग्यता प्रदर्शित की।

नेशनल एयरोनाटिक्स एवं स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन की अक्टूबर १९५८ में स्थापना के एक सप्ताह के अन्दर प्रोजेक्ट मरकरी मनुष्य को चांद पर उतारने के लक्ष्य की पूर्ति के लिये तीन चरणों में से प्रथम चरण के रूप में अग्रसर हुआ। १९५९ के अप्रैल में अमरीका ने सात अन्तरिक्षयात्रियों के चयन की घोषणा की। इसके २ वर्ष पश्चात् अन्तरिक्षयात्री एलान बी० शेपार्ड केप केनेडी से अन्तरिक्षयान फ्रीडम ७में पृथ्वी से ऊपर उड़े और १५ मिनट की उप कक्षीय (suborbital flight) भरी। १९६२ के फरवरी मास में जान ग्लेन ने पृथ्वी के तीन चक्कर लगाये और तत्पश्चात् वे अटलांटिक सागर में उतरे।

मई १९६३ में अन्तिम छठी समनुष्य मरकरी उड़ान पूर्ण हुई। इसके साथ ही अमरीका के प्रोग्राम का अगला चरण प्रोजेक्ट जैमिनी आरम्भ हो गया।

प्रोजेक्ट जैमिनी

अप्रैल १९६४ से नवम्बर १९६६ तक १२ जैमिनी उड़ानों में १६ अन्तरिक्षयात्री १,९४० घण्टे अन्तरिक्ष में रहे, मनुष्य को लेकर उड़ने के २० रिकार्ड स्थापित किये और उन्होंने यह प्रदर्शित किया कि मनुष्य १४ दिन तक भारहीनता के वातावरण में कार्य कर सकता है। उन्होंने अन्तरिक्ष में मनुष्यके चलने,दो यानों के मिलन (rendezvonsing) और दो यानों के जुड़ने (docking) की तकनीक में पूर्णता प्राप्त की। अन्तिम ६ जमिनी उड़ानों में १० मिलन हुए। प्रोजेक्ट जैमिनी ने अनेक रिकार्ड स्थापित किये। जैमिनी ६ और ७ कक्षा में २०घण्टे २२ मिनट तक साथ रहे और १५ दिसम्बर १९६५ को एक दूसरे से उनकी दूरी केवल एक फुट रह गई थी। ३ जून १९६५ को जब अन्तरिक्षयात्री एडवर्ड व्हाइट जैमिनी ४ के मध्य अन्तरिक्ष में चले और कार्य किया तो सारे संसार ने दांतों तले उंगली दबा ली। इस घटना ने इतिहास बना दिया। बाद की यात्रा में ४अन्य अन्तरिक्षयात्री कुल मिलाकर १२ घण्टे अपने यान से बाहर रहे। जैमिनी प्रोग्राम नवम्बर १९६६ में समाप्त हुआ। इस समय तक मनुष्य अन्तरिक्ष में २,०००घण्टे व्यतीत कर चुका था, जिसमें प्रोजेक्ट मरकरी के ५५ घण्टे सम्मिलित थे। अब तीसरे और अन्तिम चरण प्रोजेक्ट अपोलो के लिये मंच तैयार था।

प्रोजेक्ट अपोलो

जुलाई१९६०में अमरीका की एयरोस्पेस इण्डस्ट्री aerospaceindustryके सामने प्रोजेक्ट अपोलो की रूपरेखा रखी गई। इस प्रोजेक्ट का ध्येय ८४ फुट ऊंचा, ४५ टन भार का ३ माडयूल वाला क्रेफ्ट बनाना था जो ३ अन्तरिक्षयात्रियों को

चांद पर ले जा सके। इस क्रेफ्ट को छोड़ने के लिये सैटर्न V राकेट का विकास किया गया। यह सबसे अधिक शक्तिशाली राकेट था जिससे ७·५ दशलक्ष पौण्ड का प्रणोदन उत्पन्न होता था और जो १४० टन का भारयोग पृथ्वी की कक्षा में भेज सकता था और ४७५ टन भार वाले क्रेफ्ट को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण शक्ति के परे अन्तरिक्ष में ठेल सकता था। यह ३६ मंजिल ऊंचा राकेट (३६३ फीट) प्रति सैकंड लगभग १५ टन ईंधन जलाता था। छोड़ने के समय इस का भार ३००० टन के ऊपर था।

बिना मनुष्य को लिये १६ उड़ानें सेटर्न के द्वारा सम्पन्न हुई। इनसे अपोलो के इंजीनियरिंग तकनीक की मान्यताओं की सम्पुष्टि हुई, और मनुष्य को यान में ले जाये जाने के लिये विकसित समस्त प्रणालियां परीक्षण की कसौटी पर खरी उतरीं। किन्तु जनवरी १९६७ में परीक्षण के मध्य अपोलो क्रेफ्ट में जबकि वह छोड़ने के स्थान पर ही था, आग लग गई, जिसमें ३ अन्तरिक्ष-यात्री वाँजेल आई ग्रिसम, एडवर्ड व्हाइट और रोगर चैफी मारे गये, इससे मनुष्य को अन्तरिक्ष में ले जाने के अगले कार्यक्रम में लगभग २वर्ष की देरी हो गई।

नवम्बर १९६७ में अपोलो-सेटर्न राकेट के जोड़े का परीक्षण किया गया जो सफल रहा। अक्टूबर १९६८ में ३ अन्तरिक्षयात्री अपोलो ७ में उड़े जिससे यह प्रमाणित हुआ कि अपोलो सज्जा (assembly) अन्तरिक्ष में यात्रा करने के योग्य थी। **१९६८ के दिसम्बर में अपोलो ८ ने मनुष्य को लेकर पहली बार चांद की कक्षा में चक्कर लगाया।** ३ मास पश्चात अपोलो ९ ने चार टांग वाले मकड़ी सदृश क्रेफ्ट का, जिसे चांद पर उतरना था, परीक्षण किया और चांद यात्रा के लिये अमरीका की सम्पूर्ण नीति (strategy) और (hardware) की सक्षमता का प्रदर्शन किया। मई १९६९ में अपोलो १० ने चांद पर उतरने का लक्ष पूरा किया, केवल मनुष्य वास्तव में चांद पर नहीं उतरा। जुलाई १९६९ में अपोलो ११ ने तीन मनुष्यों को लेकर एतिहासिक एवं रोमांचिक उड़ान भरी और २०जुलाई को मनुष्य को पृथ्वी से लगभग २४०,००० मील दूर चांद पर उतार दिया। अमरीका के आर्मस्ट्रांग और एल्ड्रिन संसार के वे प्रथम मनुष्य हैं जिन्हें चांद पर पैर रखने का गौरव प्राप्त हुआ। पृथ्वी से वे कालिन्स के साथ अपोलो ११नामक अन्तरिक्ष यान में उड़े थे।

अपोलो ११ में दो मुख्य खंड थे: (१) सेटर्न V राकेट और (२) अन्तरिक्ष यान सज्जा (assembly) जिसमें कमाण्ड माड्यूल(CM) सर्विस माड्यूल (SM) और ल्यूनर माड्यूल (LM) सम्मिलित थे। ३६३ फुट ऊंचा अपोलो सेटर्न जोड़ा (युग्म) मध्य जुलाई १९६९ में फ्लोरिडा में कैप कनेडी के लांचिंग पैड से सेटर्न प्रथम चरण द्वारा पृथ्वी से ३८ मील की ऊंचाई तक उठा। सेटर्न द्वितीय चरण ने इसको ११८ मील ऊपर उड़ा दिया। यह सब लगभग ८ मिनट में सम्पन्न हुआ। इस समय राकेट के तीसरे चरण में विस्फोट हुआ जिससे अन्तरिक्षयान की गति २५००० मील प्रति घंटा हो गई और वह पृथ्वी की कक्षा में जा पहुंचा।

जब अन्तरिक्षयात्री अपने लक्ष्य से केवल ५,००० मील दूर रह गये तब उन्होंने सर्विस माड्यूल में स्थित सर्विस नोदन प्रणाली

(propulsion system) को चालू किया। इस ने चांद की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के कारण बढ़ने वाली गति को रोका और अन्तरिक्षयान को चांद की कक्षा में झोंका दिया।

चांद की कक्षा में पहुंच जाने पर तीन में से दो अन्तरिक्षयात्री कमान्ड मड्यूल में से ल्यूनर माड्यूल में चले गये। जब LM के चालकों ने विभिन्न प्रणालियों का परीक्षण कर लिया, उन्हें सक्रिय (activate) कर दिया तथा इसका उतार इंजन (descent engine) प्रज्वलित कर दिया तब LM को CM से पृथक कर दिया गया ताकि वह चांद की ओर उड़ सकें। चांद पर उतरने के लिये LM पहले चांद की दीर्घवृत्तीय कक्षा (elliptic orbit) में आया और उसने चाँद से ७० मील दूर से लेकर ५०,००० फीट के अन्दर चक्कर लगाया। तत्पश्चात, ५०,००० फीट की ऊंचाई पर LM के इंजन का फिर विस्फोट किया गया जिससे माड्यूल की गति कम हुई। अब यह मकड़ी सदृश माड्यूल (LM) लगभग ३ मील प्रति घण्टा की रफ्तार से चांद पर सीधा उतरा। माड्यूल की मकड़ी सदृश टांगे चांद की सतह पर अच्छी तरह जम गई। चांद से ऊपर उठने के समय उन्हीं टांगों ने लांचिंग पैड का काम किया। आर्मस्ट्रांग और एल्ड्रीन माड्यूल से नीचे चांद की सतह पर उतरे और वहाँ लगभग २२ घण्टे रहे। इतने समय में उन्होंने वहां की चट्टानों के नमूने लिये, चित्र खींचे और कुछ ऐसे यन्त्र वहां स्थापित किये जो वैज्ञानिक आंकड़े पृथ्वी को भेजते रहें।

जब चांद से चलने का समय आया तब अन्तरिक्षयात्रियों ने LM का चढ़ाव इंजन (ascertengine) प्रज्वलित किया और वे LM में, चांद की कक्षा में चक्कर लगाते हुए, आधारपोत (mothership) की ओर अग्रसर हुए। आधार-पोत के साथ LM के युक्त हो जाने के पश्चात् अन्तरिक्षयात्री आधारपोत में चले गये और LM को पृथक् कर दिया तथा वहीं छोड़ दिया।

अब सर्विस माड्यूल के इंजनों का विस्फोट किया गया जिससे ५४६० मील प्रति घण्टा की गति प्राप्त हुई। इससे अन्तरिक्षयान पृथ्वी पारीय प्रक्षेप पथ (transearth trajectory) में पहुच गया। पृथ्वी के वातावरण में पहुंचने से कुछ समय पूर्व सर्विस माड्यूल को भी पृथक कर दिया गया और पीछे छोड़ दिया। पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करते समय यान की गति २५००० मील प्रति घण्टा थी और उस का बाहरी सतह का तापक्रम ५०००° फा० था। किन्तु यान के अन्दर का तापक्रम ८०° फा० ही रहा। अन्ततोगत्वा CM प्रशान्त महा-सागर में उतरा और अन्तरिक्षयात्री सुरक्षा के साथ चांद की यात्रा पूर्ण करके लौट आये।

इस प्रकार शताब्दियों पुराना मनुष्य का चांद पर पहुंचने का स्वप्न साकार हुआ। वर्ने, हैने और वेल्स की वैज्ञानिक गल्पें अब गल्पे नहीं प्रतीत होतीं।

उच्च शिक्षा का पुनर्गठन

श्री डॉ० अमरनाथ द्विवेदी

प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग

जब एक पुराना ढाँचा समय की चुनौती को स्वीकार करने में अपने आपको अपर्याप्त या अनुपयोगी पाता है, तब एक नये ढाँचे की खोज अवश्यम्भावी हो जाती है। तथापि, नये ढाँचे की खोज का अभिप्राय सदैव यह नहीं होता कि पुराने ढाँचे को पूर्णतया अस्वीकार कर दिया जाय। इसके विपरीत, नया ढाँचा वस्तुतः पुराने ढाँचे से उत्पन्न होता है। विगत अनुभवों की महत्ता को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। अतः उच्च शिक्षा के पुनर्गठन में हमें पुराने ढाँचे के समक्ष आने वाली समस्याओं का ध्यान रखना होगा, क्योंकि कोई भी 'ढाँचा' आस-पास की परिस्थितियों से उत्पन्न होता है। 'उच्च शिक्षा', जिसका आधार प्राथमिकता तथा माध्यमिक शिक्षा है, आज पहले की अपेक्षा नवयुवकों के मस्तिष्क को बनाने तथा सृजनात्मक दिशा में और भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो गयी है—इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता। परम्परागत उच्च शिक्षा वर्तमान युग के नवयुवकों के मस्तिष्क से असंतोष की लहर को रोकने में असक्षम रही है—यह एक अकाट्य तथ्य है। अतएव उच्च शिक्षा के नीति-निर्माणकर्ताओं को नवयुवकों के मस्तिष्क से असंतोष की लहर को समाप्त करने के लिये प्रयास करना होगा और उच्च शिक्षा को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार ढालना होगा। अनेक छात्र विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में स्थान न पाने के कारण क्षुब्ध हो उठते हैं, कुछ अन्य भविष्य की अनिश्चितता के कारण, एवं अनेकान्य शिक्षण-संस्थाओं के दूषित वातावरण और समुचित छात्रावास-व्यवस्था के अभाव के कारण। इसके अतिरिक्त, उच्च शिक्षार्थियों की संख्या काफी अधिक बढ़ गयी है, पर गुणग्राहिता का ह्रास हुआ है। इसी प्रकार उच्च शिक्षण-संस्थायें संख्या में काफी आगे निकल गयी हैं, पर वे मात्र प्रमाण-पत्र-वितरण केन्द्र बन कर रह गयी हैं। स्पष्ट है कि वर्तमान उच्च शिक्षा का ढाँचा खोखला हो चुका है और पुनर्गठन की प्रतीक्षा कर रहा है।

उच्च शिक्षा के उद्देश्य

इसके पहले कि हम उच्च शिक्षा-संबंधी कुछ विशेष समस्यायों पर प्रकाश डालें, यह समुचित होगा कि हम उच्च शिक्षा (या समूची शिक्षा) के वास्तविक उद्देश्य को समझ लें। शाब्दिक रूप से, 'शिक्षा' शब्द लैटिन भाषा के 'इडूसियर' शब्द से सम्बन्ध रखता है, जिसका अर्थ है 'आगे बढ़ाना', 'पालन-पोषण करना'। शिक्षा जिस चीज को 'आगे बढ़ाती, या 'पालन-पोषण करती' है, वह है व्यक्ति का व्यक्तित्व तथा समाज की संस्कृति। शिक्षा, जिसमें उच्च शिक्षा समाहित है, को अपना ध्यान मानव के व्यक्तित्व तथा समाज की संस्कृति की चतुर्मुखी प्रगति पर केन्द्रित रखना चाहिये। मानव को उसके सामाजिक प्रसंग से पृथक नहीं करना चाहिये। समाज से बाहर उसका वही अस्तित्व है जो कि तालाब से बाहर एक मछली का। उसको शिक्षा की वास्तविक परीक्षा समाज में होती है, जहाँ उसे अपने जीवन का अधिकांश भाग व्यतीत करना हैं।

उच्च शिक्षा की कुछ समस्यायें

(अ) खुला प्रवेश

यहाँ हम उच्च शिक्षा से संबंधित कुछ समस्यायों पर विचार करेंगे। इनमें से एक है: विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में प्रवेश चाहने वाले छात्रों की अपार भीड़। जिसके पास किसी प्रकार का प्रमाण-पत्र होता है, वह आसानी से प्रवेश पा लेता है, पर जिसके पास कोई भी प्रमाण-पत्र नहीं होता है, वह प्रवेश कदापि नहीं पा सकता। इस प्रकार, अनेक उच्च शिक्षा में रूचि रखने वाले लोग आत्म-विकास के अवसर से हाथ धो बैठते हैं। यदि उच्च शिक्षण-संस्थाओं में 'खुला प्रवेश' का नियम स्वीकार कर लिया जाय, तब इस समस्या का समाधान निकल सकता है। एतदर्थ संकाय की सन्तुष्टि के हेतु अभ्यर्थी की एक लिखित या मौखिक परीक्षा ली जा सकती है। सम्बद्ध अभ्यर्थी को उच्च शिक्षा के सर्वथा योग्य पाने पर प्रवेश दे देना चाहिये। यह सत्य है कि आज प्रमाणपत्र की कीमत काफी ज्यादा तथा अभ्यर्थी की वास्तविक योग्यता की कीमत बहुत कम लगायी जाती है। यदि 'खुला प्रवेश' का सिद्धान्त स्वीकार कर लिया जाय, तब विश्वविद्यालय के दरवाजे सभी योग्य शिक्षार्थियों के लिए, बिना किसी जाति, धर्म, लिंग का संकीर्ण भेदभाव किये, खुल जायेंगे।

(ब) दीवालरहित विश्वविद्यालय

'दीवालरहित विश्वविद्यालय' का तात्पर्य वही है जो कि 'खुला विश्वविद्यालय' का। इस प्रकार के विश्वविद्यालय केवल परिसर के अन्तर्गत ही नहीं, बल्कि उसके बाहर भी, कार्य करते हैं। यह सभी उच्च शिक्षा के योग्य अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करता है। वर्तमान विश्वविद्यालयों की तरह इसका कार्य-क्षेत्र या वैधानिक क्षेत्र सीमित नहीं हो सकता। इस प्रकार के विश्वविद्यालय के कुछ मुख्य अंग हैं– पत्राचार द्वारा अध्ययन-अध्यापन एवं फिल्म, रेडियो, टेलीविज़न जैसे-सम्पर्क साधनों का शिक्षा के लिये उपयोग। जब यह विचार कार्य-रूप में परिणत हो जायेगा, तब विश्वविद्यालयों में होने वाली अपार भीड़ समाप्त हो जायेगी। इस विश्वविद्यालय में ऐसे छात्र भी प्रवेश पा लेंगे जिनका कि स्थानाभाव, अध्यापकों की कमी, छात्रावास की असुविधा, एवं परिसर में अनिवार्य वास, आदि कारणों से प्रवेश संभव नहीं हो सकता। इसके अतिरिक्त, 'दीवालरहित विश्वविद्यालय' द्वारा प्रदत्त शिक्षा गरीब छात्रों के लिये सस्ती सिद्ध हो सकती है, क्योंकि वे अपने घरों में रहते हुये भी अपनी शिक्षा अर्जित कर सकते हैं।

(स) आजीवन शिक्षा

उच्च शिक्षा के पुनर्गठन की बात करते समय ध्यान में आता है कि इसके लिये हमें शिक्षा के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलना होगा। आज के वातावरण में, देखा जाता है, शिक्षा विश्वविद्यालयीय जीवन के साथ समाप्त हो जाती है। प्रमाणपत्रों व डिग्रियों की प्राप्ति के पश्चात् छात्र यह समझने लगते हैं कि उनकी शिक्षा पूर्ण हो गई है। वे भूल जाते हैं कि उन्होंने केवल एक कोर्स समाप्त किया है। जो भी शिक्षा विश्वविद्यालय के अन्दर पाते हैं, उसका वास्तविक प्रयोग बाहरी समाज में होता है। समाज ही उनके ज्ञान की कसौटी है। यहीं उन्हें 'दुनिया-दारी' का ज्ञान होता है। फिर भी विश्वविद्यालयीय शिक्षा तथा बाह्यशिक्षा में कोई

मूलभूत टकराव नहीं है। इसके विपरीत, वे एक दूसरे के पूरक हैं। बुद्धिमान छात्रों को चाहिये कि वे विश्वविद्यालय में प्राप्त शास्त्रीय ज्ञान तथा समाज में प्राप्त व्यावहारिक ज्ञान के बीच एक सुन्दर सामंजस्य स्थापित करें। उन्हें यह भी चाहिये कि 'अधिक' से 'अधिकतर' ज्ञान की ओर अग्रसारित हों। लॉर्ड टेनिसन के यूलिसस की तरह, आदमी के सोचने की सीमा के पार जाकर उन्हें ज्ञानार्जन करना चाहिए। उनका उद्देश्य होता है: 'प्रयास करना' खोज करना, पता लगाना, और कभी भी हार न मानना'। उनके लिये, ज्ञान ही जीवन है, और अज्ञान मृत्यु। वे जानते हैं कि अज्ञान को दूर करने में ज्ञान एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। केवल सम्यक् ढंग से शिक्षित मस्तिष्क ही आत्मविश्वास तथा साहस के साथ समाज की समस्यायों को समझ सकता है और सामना कर सकता है। पढ़े-लिखे लोगों की अलग दुनिया बसाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अलगाव की भावना से समाज को क्षति पहुँच सकती है। मेरे कहने का मतलब यह है कि विश्वविद्यालयीय शिक्षा का सम्बन्ध सीधे जीवन से होना चाहिये। अतएव, सामाजिक सम्पर्क तथा राष्ट्रीय सेवा योजना में सभी छात्रों को हाथ बँटाना चाहिये, जैसा कि रूस में है। बहुधा आज देखा जाता है कि छात्र विश्व-विद्यालयों में अपना कीमती समय व्यर्थ के बकवासों या हँसी-मजाकों में व्यतीत करने के लिये आते हैं। उनके पास कोई निश्चित उद्देश्य नहीं होता है। मात्र एक उद्देश्य स्पष्ट दिखायी पड़ता है—उचित या अनुचित साधनों द्वारा सनद प्राप्त करना। उद्देश्य की पूर्ति होते ही वे अपनी पढ़ाई विसर्जित कर देते हैं। परीक्षा-भवन में, वे पिस्तौल की नोंक पर नकल करते हैं। दुर्भाग्यवश, आधुनिक परीक्षा-प्रणाली नकल करने तथा रटने के लिये बढ़ावा देती है। इन गंदी आदतों को दूर करने के लिए शिक्षा-शास्त्रियों को कोई न कोई उपचार ढूंढ़ना होगा। एक बार इनका उपचार हो जाने के बाद, गुणात्मक शिक्षा कागजी योग्यता का स्थान ग्रहण कर लेगी और छात्रों में गुणग्राहिता की शुद्ध भावना पनपेगी।

उपर्युक्त विचारधारा से संबंधित एक अन्य भी विचार है—वह है कि क्या शिक्षा जीवन के लिये है, या जीविका के लिये। आप सभी मुझसे सहमत होंगे कि मानव मात्र पेट नहीं है, वह केवल रोटी से ही जीवित नहीं रहता। वह जिंदा रहने के हेतु भोजन करता है, न कि भोजन करने के हेतु जिन्दा। यह सही है कि जीविका मानव-जीवन की जरूरत है। उच्च शिक्षा इस जरूरत की पूर्ति करती है। लेकिन पूरी कहानी यहीं नहीं समाप्त हो जाती है। मानव-जीवन में कुछ उत्तम आदर्श होते हैं, जिन्हें उच्च शिक्षा द्वारा जाना जाता है और प्राप्त (सद्प्रयासों द्वारा) किया जाता है। यदि इन उत्तम आदर्शों तक पहुँच लिया जाय, तब शिक्षा का कार्य पूर्ण हो जाता है, अन्यथा अपूर्ण। शिक्षा को जीवन के विकास में सहायक बनाना चाहिये। तथ्य तो यह है कि छात्रों के लिए समुचित नौकरियों की प्राप्ति तथा जीवन विकास में सहायक आदर्शों का बोध कराना उच्च-शिक्षा का पुनीत कर्तव्य है।

(ब) परीक्षा-प्रणाली

जैसा कि पहले संकेत दिया जा चुका है, वर्तमान परीक्षा-प्रणाली भी दोषपूर्ण है। यह

खुले रूप से नकल करने तथा रटकर लिखने को प्रोत्साहन देती है। इन बुराइयों को दूर करने के लिये हमें परीक्षा के प्रश्नपत्रों को नये ढंग से तैयार करना होगा। परम्परागत प्रश्नपत्रों के स्थान पर हमें छोटे-छोटे प्रश्नों की एक सारणी तैयार करनी होगी। इन प्रश्नों का उत्तर अधिकांशतः 'हाँ' या 'नहीं' में होगा। इससे हमारे छात्रों के मस्तिष्क जागरूक तथा वैज्ञानिक-ढंग का बनेगा और आधुनिक परीक्षा प्रणाली के दोष भी दूर होंगे। विश्वविद्यालयों में न्याय व समानता पर आधारित आन्तरिक मूल्यांकन-प्रणाली का श्रीगणेश होना चाहिये, पर इस बात का ध्यान रहे कि आन्तरिक तथा बाह्य मूल्यांकन में एक समुचित सन्तुलन हो। अमेरिका जैसे देशों में 'सीमेस्टर प्रणाली' काफी सफल रही है, पर भारतीय विश्वविद्यालयों में इस प्रणाली की सफलता वैसी नहीं दिखाई पड़ती है। भारतीय विश्वविद्यालयों के सन्दर्भ में, उत्तरपुस्तिकाओं के जाँचने में, 'ग्रेड प्रणाली' कहीं-कहीं प्रयोग में लायी जा रही है। हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इस प्रणाली की उपयोगिता के बारे में जानकारी के लिए कुछ कर्मशालायें (workshops) गठित की गई थी, जिन्होंने इस प्रणाली के पक्ष में अपनी आम राय दी है।

(इ) पी-एच० डी० के विकल्प (alternatives)

अब तक पी-एच०, डी० चुने हुये किसी क्षेत्र में विशेष दक्षता की मानी हुयी डिग्री है। काफी हद तक यह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक जीवन को सुधारने व स्वस्थ बनाने में योगदान करती है। अमेरिका जैसे देशों में लोग इसके विकल्प को ढूँढ़ने में व्यस्त हैं, क्योंकि वहां (जैसा कि अन्यत्र भी) यह डिग्री न केवल अत्यधिक खर्चीली, अपितु समय को निगलने वाली भी हो गयी है। किन्तु अभी तक कोई ठोस परिणाम वहाँ नहीं निकला है। यदि पी-एच० डी० का मतलब 'शोधकार्य' है, तब इसका कोई भी विकल्प मिलना असंभव ही है। पर यदि यह एम०ए० से एक उच्चतर डिग्री है, अथवा एक नौकरी दिलाने की सनद है, तब निम्न विकल्प फिलहाल सुझाये जा सकते हैं:—

(१) **एम.लिट्. कोर्स**, जो कि पी-एच. डी० के लिए होने वाली भीड़ को काफी कम कर सकती है। इससे पी-एच. डी० मात्र असाधारण मेधावी शिक्षार्थियों के लिये खुली रहेगी। एम०लिट्० का कोर्स २ वर्ष की अवधि का होगा और दो स्पष्ट अलग-२ दिशाओं में विकसित किया जा सकता है।

(अ) सेमिनार कार्य के रूप में—कम से कम ४ सेमिनार कोर्सों, जो कि एक अच्छी अवधि तक चलाये जाँय, को सफलतापूर्वक पास किया जाय, और इनमें से कम से कम २ सेमिनार प्रति वर्ष पूरे किये जाँय;

(ब) शोध-प्रबंध लिखने के रूप में—इसमें शोध कार्य—प्रणाली और खोजपूर्ण लेख (कम से कम ४ दो वर्ष की अवधि में) सम्मिलित हैं।

(२) **उच्च कोटि का प्रकाशित ग्रंथ**, जो कि कम से कम १५०—२०० पृष्ठों का हो।

(३) **सृजनात्मक कृतियाँ**, जो कि काफी उच्च कोटि की तथा कुछ लम्बाई लिये हुये हों। यह साहित्यिक क्षेत्र में होगा। वैज्ञानिक क्षेत्र में कोई महत्त्वपूर्ण आविष्कार जिसे उस क्षेत्र के लब्धप्रतिष्ठित विद्वानों की मान्यता प्राप्त हो।

(४) जोर-शोर का क्षेत्रकर्म (fieldwork), दत्त-एकत्रीकरण (data-collection), और उत्तम कोटि के कर्मशालायें (workshops), जो कि सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, व्यवहार-विशेषज्ञों एवं सांख्यिकों के लिये होंगे ।

(५) प्राविधिक, प्रबंधकीय एवं व्यावसायिक ट्रेनिंग, जो कि एक लम्बी अच्छी अवधि की होगी, की व्यवस्था । इस प्रकार की ट्रेनिंग नौकरी की प्राप्ति में सहायक होगी और छात्रों में बढ़ते हुये असंतोष को भी समाप्त कर सकेगी ।

निष्कर्ष

उच्च शिक्षा के पुनर्गठन में शिक्षाशास्त्रियों को उपरोक्त समस्याओं की ओर उचित ध्यान देना होगा । इसके अतिरिक्त, चूँकि विश्वविद्यालय स्वतन्त्र इकाई होता है, यहाँ पर लोकतन्त्रात्मक परम्पराओं को अपनाकर एक अनुकरणीय उदाहरण छोड़ा जा सकता है । परिसर में होने वाली गड़बड़ियों को दूर करने तथा नवयुवकों के क्षोभ को दूर करने के हेतु विश्वविद्यालयों की प्रबंध-समितियों में अध्यापकों तथा छात्रों का समुचित प्रतिनिधित्व होना चाहिये । निस्सन्देह, खुला प्रवेश' 'दीवालरहित विश्वविद्यालय', आजीवन शिक्षा, परीक्षा-प्रणाली में अपेक्षित सुधार आदि जब कार्यरूप में परिणत हो जायेंगे, तब वर्तमान सड़ी-गली उच्च शिक्षा के ढाँचे में जान आ जायेगी और उसका पुनर्गठन संभव होगा ।

--○--

आवश्यकता है

वैदिक साहित्य के आधार पर वर्तमान समस्याओं का हल करने के लिए प्रयोगिक व सैद्धान्तिक अनुसंधान में जिनकी रुचि हो वे कृपया निम्न पते पर पत्रव्यवहार करने का कष्ट करें ।

रक्षक, गणेश कुटीर,
गेंदाला मार्ग, अजमेर

—सम्पादक

आर्यसमाज के सौ वर्ष

प्रकाशवीर शास्त्री, संसत्सदस्य

सुप्रसिद्ध इतिहास-लेखक रोम्यां रोला ने आर्यसमाज और उनके प्रवर्त्तक स्वामी दयानन्द सरस्वती के सम्बन्ध में लिखा था:—

"आर्यसमाज सब मनुष्यों एवं सब देशों के प्रति न्याय और स्त्री-पुरुषों की समानता को सिद्धान्त रूप में स्वीकार करता है। यह जन्मना जाति-पांति का विरोधी है और गुण, कर्म, स्वभाव के आधार पर वर्णव्यवस्था को मानता है। इस वेभाजन से धर्म का कोई सम्बन्ध नहीं है। अस्पृश्यता से आर्यसमाज को घोर घृणा है। स्वामी दयानन्द से बढ़कर हरिजनों के हितों का रक्षक दूसरा कोई कठिनाई से ही मिलेगा। आर्यसमाज में उनका प्रवेश समानता के आधार पर होता,है। आर्य कोई जाति नहीं है, आर्य तो श्रेष्ठ और उन्नतमना व्यक्ति को कहते हैं। स्त्रियों को दयनीय स्थिति से उभारने, समान अधिकार दिलाने और शिक्षा की उपर्युक्त व्यवस्था कराने में दयानन्द जी ने बड़ी उदारता और बहादुरी से काम लिया।

भारत में इस समय जो राष्ट्रीय पुनर्जागरण दीख रहा है उसमें भी स्वामी दयानन्द ने प्रबल शक्ति के रूप में काम किया। उनके द्वारा स्थापित आर्यसमाज ने इच्छा अथवा अनिच्छापूर्वक बंगाल में १९०५ में विप्लव का भी मार्गदर्शन किया। स्वामी जी सार्वजनिक रूप से भले ही यह घोषणा करें—आर्य समाज का प्रत्यक्ष राजनीति से कोई सम्बन्ध नहीं है पर ब्रिटिश सरकार का मत उनसे भिन्न था। दयानन्द राष्ट्रीय संगठन और पुनर्निर्माण का उत्साही मसीहा था। मैं समझता हूं—राजनीतिक जागरण को बनाये रखने और सही दिशा देने में उनका प्रमुख हाथ रहा।"

१८५७ की क्रान्ति के बाद अंग्रेजों ने अच्छी तरह भांप लिया था—भारतीयोंकी शक्ति और साहस का केन्द्र इनकी धार्मिक आस्थाओं से जुड़ा हुआ है। जब तक उसकी जड़ें न हिलें तब तक हमारी जड़ें नहीं जमेंगी। क्रान्तिको दबाने की आड़ में अंग्रेजों की क्रूरता पराकाष्ठा को पहुंच चुकी थी। जबानों पर ताले पड़े हुए थे और कलमें रगड़ दी गई थीं। परिस्थिति का लाभ उठाकर धार्मिक और सामाजिक जीवन में भी ब्रिटिश शासन ने हस्तक्षेप प्रारम्भ कर रखा था। धड़ाधड़ लोगों को ईसाई बनाया जा रहा था। भारतवासी अपने ही धर्म से घृणा करने लगें, इसके भी योजनाबद्ध प्रयास चल रहे थे। कथा-वार्ता, मन्दिर और उपासना का कोई स्थल ऐसा नहीं बचा था जहां सरकार के गुप्तचर न बैठे हों।

एक ओर तो अंग्रेज शासन का सहारा लेकर अपनी यह चालें चल रहा था और दूसरी ओर रूढ़ि और अन्धविश्वास में फंसा भारत का बहुसंख्यक समाज अपनी आत्महत्या के ताने-बाने बुन रहा था। जाति-पांति और छुआछूत घुन बनकर समाज को खा रही थी। महिलाओं को पढ़ना-लिखना तो बहुत दूर की बात थी उन्हें गायत्री मन्त्र का उच्चारण करने तक की मनाई थी। धर्माचार्यों ने 'स्त्री-शूद्रौ नाधीयाताम् इति श्रुतेः' वेद में महिलाओं और शूद्रों को पढ़ने का अधिकार नहीं है इस तरह की व्यवस्थाएं दे रखी थी। बाल-विवाह, वृद्ध-विवाह और बहुविवाह पर जहां कोई प्रति-बन्ध नहीं था। वहाँ विधवा-विवाह अथवा पुनर्विवाह की चर्चा तक करना समाज में अपराध हो गया था। हरिजन देव-मन्दिरों में जाकर मूर्ति के दर्शन नहीं कर सकते थे, वे सवर्णों के कुओं से पानी नहीं भर सकते थे। किसी तथाकथित उच्च वर्ण के

76018

व्यक्ति से उनका स्पर्श हो जाय तो उल्टा उन्हें ही दण्डित होना पड़ता था। दक्षिण भारत में आज भी ब्राह्मण-अब्राह्मण के बीच जो चौड़ी खाई देखने में आती है। यह सब उसी के स्मृति चिन्ह हैं। आज की सरकार कम से कम मुंह से तो सबको समान मानकर चलने की बात कहती है। पर उस समय का शासन तो उसे और हवा दे रहा था। यज्ञों में पशुबलि, और सती प्रथा जैसी बुराइयां शास्त्रों की आड़ लेकर पनप रही थीं। ऐसे में जब शासन और समाज दोनों उल्टे रास्ते पर हों तब उनसे टक्कर लेना कितना कठिन काम था। ऋषि दयानन्द सरस्वती ने इसी के लिए आर्यसमाज के नाम से एक क्रान्तिकारी संगठन की नींव चैत्र शुक्ला प्रतिपदा संवत् ११२२ में (१२ अप्रैल १८७५ को) बम्बई के गिरगांव मुहल्ले में डाक्टर मानिकचन्द की वाटिका में रखी थी। अब तो उस स्थान पर एक भव्य आर्यसमाज मन्दिर का निर्माण हो गया है।

प्रारम्भ में आर्य समाज को वेदों और शास्त्रों की आड़ में पनप रही बुराइयों का दुर्ग ध्वस्त करने में शास्त्रार्थों का सहारा लेना पड़ा। स्वयं स्वामी दयानन्द जी ने हरिद्वार काशी, पूना और लाहौर आदि नगरों में पहुंचकर सत्यासत्य का निर्णय करने के लिए कई सम्प्रदायों के धर्माचार्यों से शास्त्रार्थ किये। हरिद्वार और काशी के शास्त्रार्थों से पौराणिक जगत् में खलबली मच गई। काशी नरेश महाराजा ईश्वरी नारायणसिंह न्यायाधीश श्री महादेव गोबिन्द रानाडे और कई अंग्रेज न्यायाधीशों ने भी स्वामी जी के इन शास्त्रार्थों की अध्यक्षता की। श्री रानाडे तो एक ही शास्त्रार्थ से इतने प्रभावित हुए कि आर्यसमाज के संगठन में सक्रिय रुचि लेने लगे। स्वामी जी के बाद तो शास्त्रार्थों का प्रवाह सा ही देश में चल पड़ा। पहले यह शास्त्रार्थ वैदिक सिद्धान्तों पर ही विशेष होते थे। बाद में तो इस्लाम और ख्रिस्ती सिद्धान्तों की सचाई जानने के लिए भी होने लगे।

धर्म प्रचार के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र में भी आर्यसमाज की उपलब्धियों का अपना पृथक् ही स्थान है। मैकाले ने अंग्रेजी की जिस शिक्षा-पद्धति को आधार बनाकर भारतीयों के मन और मस्तिष्क सदा के लिए दास बनाने चाहे थे, आर्य समाज ने उस योजना को अपने गुरुकुल और डी० ए० वी० कालेज खोलकर असफल-प्राय कर दिया।

गुरुकुल पद्धति के जन्मदाताओं में स्वामी श्रद्धानन्द और स्वामी दर्शनानन्द प्रमुख थे। दयानन्द ऐंग्लो वैदिक कालेजों के प्रारम्भ करने वालों में महात्मा हंसराज, लाला लाजपतराय जैसे नेताओं ने अपना सर्वस्व लगा दिया। ब्रिटिश शासन से एक पैसा लिये बिना भारत भर में फैली इन शिक्षण संस्थाओं पर उस समय प्रतिवर्ष लगभग बीस लाख रुपया आर्यसमाज व्यय करता था। आज तो इन संस्थाओं का बजट करोड़ से भी ऊपर बैठता है। इन संस्थाओं से जो भी स्नातक उन दिनों निकले उनमें एक अजीब ही तड़प अपने देश और समाज के लिए रहती थी। सरदार भगतसिंह और राम प्रसाद बिस्मिल जैसे छात्र इन्हीं संस्थाओं की देन थी।

धार्मिक शिक्षा के साथ इन संस्थाओं की एक प्रमुख विशेषता यह रही-शिक्षा का माध्यम यहां हिन्दी था। काशी विश्वविद्यालय की रजत जयन्ती के अवसर पर गांधी जी ने मालवीय जी से अपने सार्वजनिक भाषण में कहा था---महामना ! गंगा के किनारे हरिद्वार के जंगलों

में गुरुकुल खोलकर जब स्वामी श्रद्धानन्द हिन्दी के माध्यम से उच्च शिक्षा दे सकते हैं तो वाराणसी की गंगा के किनारे बैठकर इन बच्चों को टेम्स का पानी क्यों पिला रहे हैं?

आर्य समाज की शिक्षण-संस्थाओं में बालकों से भी अधिक बालिकाओं की शिक्षा पर बल दिया गया। अक्टूबर १८८६ में सबसे पहला कन्या महाविद्यालय जालन्धर नगर में लाला देवराज ने स्थापित किया। अब तो आर्य समाज के कन्या गुरुकुल और गर्ल्स कालेज मिलाकर कई सौ महिला-शिक्षणालय देश में चल रहे हैं। पर जब जालन्धर में पहला कन्या महाविद्यालय बना तो हिन्दुओं ने ही आर्यसमाज को इसाईयों का एजेन्ट कहना प्रारम्भ कर दिया। उस समय तक कन्याओं के जो विद्यालय उत्तर-भारत में थे वह प्रायः सभी इसाई संगठनों द्वारा संचालित होते थे। लेकिन अब तो आर्यसमाज की वह हवा ऐसी फैली है कि हिन्दुओं में कोई वर्ग ऐसा नहीं बचा जिसने अपने कन्या विद्यालय न खोल रखे हों। महिलाओं में परदा तो लगभग अब पूरे देश से ही हट रहा है। लेकिन गुरुडम अन्धविश्वास और पाखण्ड से अभी पूरी तरह भारत की महिलायें मुक्ति नहीं ले सकीं।

अंग्रेजी राज्य में बनी सेन्ट्रल असेम्बली में भी लाला लाजपतराय, भाई परमानन्द, श्री हरविलास शारदा और चौधरी मुख्त्यारसिंह जैसे कई प्रमुख आर्यसमाजी सदस्य थे। ये लोग सामाजिक कुरीतियों को मिल रहे सरकारी प्रश्रय की तीखी आलोचना करते थे। इन्हीं में से पिछले दोनों नेताओं ने बाल-विवाह पर प्रतिबन्ध लगाने और अन्तर्जातीय या अन्तर्धर्मीय हिन्दू विवाह को वैध ठहराने सम्बन्धी दो कानून भी बनवाए। आज तक वह कानून 'शारदा एक्ट' के नाम से जाने जाते हैं।

जन-सेवा में भी आर्यसमाज ने आगे रहकर कार्य किया। मालाबार का मोपला विद्रोह हो या राजस्थान और बंगाल का अकाल, आर्य समाज के कार्यकर्त्ता हजारों मील की यात्रायें करके सेवा करने वहां पहुंचते थे। क्वेटा और बिहार के भूकम्प में भी इनका सेवाकार्य अलग दीख पड़ता था। भारत-विभाजन से पूर्व गांधी जी के साथ रहकर नौआखाली और दूसरे स्थानों में छाया की तरह आर्य वीर दल के स्वयंसेवकों ने काम किया। विभाजन के बाद जो कहर टूटा और लाखों-लाखों की संख्या में पाकिस्तान से काफिले अपना घर छोड़कर भारत आए, देश भर में आर्यसमाजों के मन्दिर उनके लिए खोल दिये गए। जो युवतियां पाकिस्तान में जबरदस्ती रोक ली गई उनके निकालने में कुछ आर्यसमाजियों को मुसलमान बनकर महीनों वहां रहना पड़ा। बड़ा दर्दनाक दृश्य था १९४७ में देश के विभाजन का। इस में आर्य समाज की भी करोड़ों की सम्पत्तियों स्कूल, कालेज और विशाल आर्यसमाज मन्दिर उधर रह गए। कई सौ आर्यसमाजी मौत के घाट भी उतर गए।

अपने जन्मकाल से ही आर्य समाज को संघर्षों से जूझना पड़ा। कुछ ऐसी घड़ी में आर्य समाज की नींव पड़ी जो पूरी एक शताब्दी ही संघर्ष अज्ञान और अन्याय दोनों से करना पड़ा। इसमें लगभग दो दर्जन तो आर्यसमाज के चोटी के नेता स्वामी श्रद्धानन्द, पंडित लेखराम, महाशय राजपाल और शुक्रराज शास्त्री जैसे व्यक्ति बलि चढ़ गए। दूसरे कार्यकर्ताओं की संख्या तो सैकड़ों में बैठती है। पर अपनों और परायों

से हुए इन संघर्षों में आर्यसमाज का स्वरूप निरन्तर निखरता ही गया ।

इनमें कुछ संघर्ष देशी रजवाड़ों से भी आर्य समाज को करने पड़े । पटियाला, धौलपुर, लोहारू, भोपाल, रामपुर और हैदराबाद के संघर्ष तो प्रमुख उल्लेखनीय हैं । अक्तूबर १९०९ में पटियाला की रियासत के राजा ने अंग्रेजों के इशारे पर ८४ आर्यसमाजियों को गिरफ्तार कर एक राजद्रोह का मुकदमा उन पर चला दिया । गिरफ्तार व्यक्तियों में राजा ज्वालाप्रसाद (पश्चिमी बंगाल के भूतपूर्व राज्य पाल श्री धर्मवीर के पिता), जो आगे चलकर उत्तर प्रदेश के चीफ इंजीनियर बने वह भी थे । केस बेबुनियाद था । इसलिए रियासत को को झुकना पड़ा । स्वामी श्रद्धानन्द, दीवान बद्री-दास और वैरिस्टर रोशनलाल आर्यसमाज के वकील थे । रियासत ने लाखों रुपया खर्च करके एडवर्ड ग्रे नामक अंग्रेज वकील को लाहौर से बुलवाया था । धौलपुर के राजा ने १९१५ में आर्यसमाज मन्दिर ही गिरवा दिया था पर बाद में आर्यसमाज की शक्ति का पता लगते ही जल्दी फिर उसने अपनी भूल सुधार ली । वायसराय को बीच में डालकर समझौता कर लिया । लोहारू, भोपाल, रामपुर इन तीनों रियासतों के शासक मुस्लिम थे । आर्यसमाज के जलसे, जलूस और प्रचार की निर्भीक पद्धति से वे बौखला से गए । और तो उनके हाथ में क्या था सिवाय प्रतिबन्ध लगाने के । लेकिन यह उन्हें भी पता नहीं था इनके पीछे एक अच्छी खासी ऐसे उभरते नौ जवानों की फौज है जो हमेशा सर पर कफन बांधे घूमती है । जल्दी ही उन्हें सद्बुद्धि आ गई अन्यथा बात बहुत बढ़ जाती ।

हैदराबाद रियासत का नवाब मीर उस्मान अली समय की गति को न पहचान सका । उसने आर्यसमाज से नौ महीने तक सीधी टक्कर १९२९ में ली । पर इधर तो नगाड़े पर चोट पड़ने की देर थी, भारत भर से स्पेशल रेल गाड़ियाँ हैदराबाद को चल पड़ीं । सत्याग्रहियों का एक तूफान था जो उमड़ा चला आ रहा था । हैदराबाद सत्याग्रह में पहले जत्थे के नेता महात्मा नारायण स्वामी को गिरफ्तार कर जब गुलबर्गा जेल में बन्द किया गया तब से ही रियासत में हवा फैल गई–निजाम ने साधु पर हाथ डाला है खुदा खैर करे इस सत्याग्रह में आर्यसमाज की बड़ी शानदार विजय हुई । उसके बाद से निजाम का सूर्य बराबर ढलता ही गया । जब हैदराबाद रियासत का भारत में विलय हुआ तब सरदार पटेल ने कहा था—यदि आर्यसमाज ने पहले अनुकूल हवा न बनाई होती तो तीन दिन में किंग कोठी से आसफ जाही झण्डा उतारना कठिन था ।

हैदराबाद-सत्याग्रह को समाप्त हुए अभी कुछ साल ही निकले थे, सिंध की मुस्लिम लीगी सरकार ने सत्यार्थ प्रकाश के १४ वें समुल्लास पर २६ अक्तूबर, १९३४ को प्रतिबन्ध लगा दिया । इस समुल्लास में इस्लाम की आड़ में पनप रही कुरीतियों की आलोचलना है । महात्मा नारायण स्वामी जी के नेतृत्व में फिर करांची को कूच होने लगा । लेकिन ब्रिटिश वायसराय ने राज्य सरकार को समझाया--क्यों अपनी शामत बुलाते हो ? इस पर सिन्ध सरकार ने झट घोषणा कर दी अब हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं है ।

सामाजिक कुरीतियों से भी जगह-जगह

आर्यसमाज को टक्कर लेनी पड़ी। संविधान में तो अब स्वाधीन भारत में हरिजनों के समान अधिकार स्वीकार किये गये हैं। लेकिन आर्य-समाज तो समाजिक स्तर पर छुआछूत के विरूद्ध प्रारम्भ से ही अभियान प्रारम्भ कर रहा था। इसमें बहुतों के सिर भी फूटे, सगे सम्बन्धी भी छूटे और जाति-बहिष्कार भी हुए पर आर्यसमाजी थे जो अपने लक्ष्य से नहीं हटे। शताब्दियां बीत गई थीं हरिजनों को तालाबों का गन्दा पानी पीते-पीते। सवर्ण हिन्दू न उन्हें अपने कुओं से पानी भरने देते थे न उन्हें अपने सामने खाट पर बैठने देते थे और न हीं मन्दिरों में देवी-देवताओं के दर्शन करने देते थे। इसाई-मुसलमान हिन्दुओं की इस कमजोरी का पूरा लाभ उठा रहे थे। अंग्रेज सरकार ने तो एक बार लावारिस माल की भांति उन्हें आधे हिन्दुओं में और आधे मुसलमानों में बांटने की योजना ही बना ली थी। वह तो गांधी जी की आमरण अनशन की घोषणा से उस समय बात संभल गई।

उत्तर प्रदेश के पहाड़ों में हरिजनों को शिल्पकार और बिट आदि नामों से पुकारा जाता था। पहली बार भी विवाह के बाद इनकी लड़कियों को पालकी में बैठकर पति के घर जाने की मनाही थी। सवर्ण हिन्दुओं ने अपनी नाक ऊंची रखने के लिए हरिजन लड़कियों को पैदल जाने की प्रथा बना रखी थी। आर्यसमाजी कार्यकर्त्ताओं ने जब अपने कंधों पर उनकी पालकी रखकर पति के घर ले जाने की कोशिश की तो उन पर आक्रमण कर दिए गए।। अन्त में लाला लाजपतराय को एक और उपाय सूझा। हरिजनों को हजारों की संख्या में हवन पर बैठा कर उन्होंने यज्ञोपवीत दिये और कहा अब से तुम अपने को आर्य कहो। आर्य की बेटी को पालकी में बैठकर पति के घर जाने से कोई नहीं रोक सकता। तब कहीं जाकर वह समस्या सुलझी। लगभग ऐसी ही स्थिति पंजाब और सीमाप्रान्त में मेघ हरिजनों की थी। उन्हें भी महाशय नाम देकर आर्यसमाज ने सामाजिक अधिकार दिलाये।

बाल विवाह और बृद्ध विवाह भी पहले से तो बहुत कम हुए हैं। अन्तर्जातीय और विधवा विवाह भी बढ़ रहे हैं। पर ढोंग और अन्धविश्वा-सों की आड़ में पनप रही कुरीतियां अभी पूरी पूरी तरह नहीं मिट सकीं। कुछ तो और उल्टी नये परिवेश में समाज में प्रवेश कर रही हैं। आर्य-समाज के प्रवर्तक ने जब से वेदों की सही व्याख्या समाज के सामने रखी तब से शास्त्रों के नाम पर जो कुरीतियां चल रही थीं उन्हें दूसरा सहारा ढूंढना पड़ा अथवा अपनी मौत मरना पड़ा। सती प्रथा और यज्ञों में पशुबलि भी उन्हीं कुप्रथाओं में थी। दूसरी कुरीतियों की जड़ें भी आर्यसमाज ने हिला तो जरूर दीं पर हटी वह नहीं। रूढ़िग्रस्त व्यक्तियों की आस्था में अन्तर अवश्य आया है।

आर्यसमाज को घर और बाहर दोनों जगह ही क्रान्ति की मशाल जलानी पड़ी। समग्र क्रान्ति में धार्मिक और संस्कृतिक क्रान्ति के साथ राजनीतिक व शैक्षणिक क्रान्ति की भला कैसे उपेक्षा हो सकती थी। स्वाधीनता-आन्दोलन में काँग्रेस के मंच पर लाला लाज-पतराय, स्वामी श्रद्धानन्द, भाई परमानन्द और श्री देशबन्धु गुप्त जैसे तेजस्वी नेता जहां ब्रिटिश सरकार को उखाड़ने में दिन-रात एक

कर रहे थे वहाँ क्रान्तिकारियों में सरदार भगत-सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, रोशनसिंह, मदन-लाल ढिंगरा और श्यामजी कृष्ण वर्मा जैसे व्यक्ति अपने प्राण हथेली पर लिये घूम रहे थे। विदेशों में भारतीय स्वतन्त्रता का जो आन्दोलन चला उसमें भी जहां-जहां आर्य समाज की शाखायें थीं वह धर्म समझकर इस आन्दोलन का साथ दे रही थी। दक्षिण पूर्वी एशिया में आजाद हिन्द फौज को न केवल धन से अपितु उसमें सम्मिलित होकर तन से भी काम किया। सिंगापुर, मलाया, थाईलैंड, वर्मा के आर्यसमाज मन्दिर उन दिनों छोटी छावनियों का काम कर रहे थे।

भारत से बाहर केनिया, युगांडा, तंजानियां आदि अफ्रीकी देशों में भी आर्यसमाज प्रारम्भ से ही सुधार कार्यों में लग रहा है। इधर मारीशस, फीजी, सुरीनाम, ट्रिनीडाड और गुयाना आदि देशों में जहां प्रवासी भारतीय अधिक संख्या में हैं वहां तो आर्यसमाज ने भारत की संस्कृति और सभ्यता दोनों का ही प्रतिनिधित्व किया है। इन सब देशों में विधिवत् आर्य प्रतिनिधि सभायें काम कर रही हैं। डी. ए. वी कालेज और हिन्दी पाठशालाएं चल रहीं हैं। हिन्दी में पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित हो रही हैं। अभी पीछे नागपुर में हुए विश्व हिन्दी सम्मेलन में जो प्रतिनिधि इन देशों के आए उनमें अधिकांश आर्य समाज से संम्बन्धित थे। सम्मेलन के अध्यक्ष श्री शिवसागर राम गुलाम जो इस समय मारीशस के प्रधान मन्त्री हैं वह अपने देश की आर्य प्रतिनिधि सभा के वर्षों तक अध्यक्ष रहे हैं।

हिन्दी प्रारम्भ से ही आर्यसमाज के प्रचार और प्रसार का माध्यम रही है। आर्य समाज के प्रवर्त्तक ऋषि दयानन्द की मातृभाषा गुजराती थी और अध्ययन का माध्यम भी संस्कृत था। पर देश की एकता के लिए उन्होंने हिन्दी को ही सशक्त भाषा माना। अपने ग्रन्थों और भाषणों में हिन्दी का ही अधिक प्रयोग उन्होंने किया है। ब्रिटिश शासन में ला० लाजपतराय आदि जिन आर्यसमाजियों पर राजद्रोह के अभियोग चले उनमें अन्य कारणों के साथ एक यह भी कारण सरकार ने रखा--ये लोग अपनी संस्था के काम काज में हिन्दी का प्रयोग करते हैं। हिन्दी और आर्य समाज दोनों प्रारम्भ से ही पर्यायवाची से शब्द बन गये हैं। हिन्दी पत्रकारिता को भी आर्यसमाज से अच्छा बल मिला है। सम्पादकाचार्य श्री रुद्रदत्त शर्मा, पंडित पद्मसिंह जी, श्री हरिशंकर शर्मा, प्रो० इन्द्रविद्यावाचस्पति, श्रीसत्यदेव विद्यालंकार जैसे उत्कृष्ट हिन्दी के सम्पादक आर्यसमाज की ही देन थे। आज भी कोई अच्छा हिन्दी का पत्र ऐसा नहीं है जिसमें दो चार आर्यसमाज से प्रभावित पत्रकार प्रमुख स्थान पर न हों। हिन्दी के मौलिक साहित्य के निर्माण में भी आर्यसमाज के विद्वानों का अपना पृथक् ही योगदान रहा है।

हिन्दी के साथ ही संस्कृत को भी जीवित रखने में आर्यसमाज ने यथाशक्ति प्रयास किया है। वाराणसी की पुरानी पीढ़ी के पंडितों ने संस्कृत को कुछ परिवार-विशेष और वर्ण-विशेषों की बपौती बना दिया था। इससे जो संस्कृत राजा से लेकर लकड़हारों तक की भाषा कभी रही वह सिमटकर चन्द हाथों में चली गई आर्यसमाज के गुरुकुलों ने फिर संस्कृत को नई दिशा प्रदान की। (इन गुरुकुलों से जहां हर

जाति और वर्ण के छात्र बिना किसी भेद भाव के संस्कृत के विद्वान् बनकर निकलें यहां कन्याओं के लिए भी आर्यसमाज ने कन्या गुरुकुल खोले। जिन दवियों से गायत्री मन्त्र सुनने और बोलने तक का अधिकार समाज ने छीन लिया था, आर्यसमाज की कृपा से आज वह संस्कृत की विदुषी स्नातिका बनकर कन्या गुरूकुलों से निकल रही हैं।

वैचारिक क्रांति के क्षेत्र में आर्यसमाज का योगदान आसानी से नहीं भुलाया जा सकेगा। पर पुराने इतिहास पर गर्व करना भर ही पर्याप्त नहीं है। शताब्दी के दूसरे चरण में प्रवेश करते समय आर्यसमाज जहां अपनी गत उपलब्धियों पर गर्व करे वहां भविष्य के लिए कुछ नई योजनायें भी हाथ में ले। क्रियाशील संगठन समय के साथ अपनी गतिविधियों को मोड़ देते ही हैं। जो नहीं देते उन्हें समय इतिहास के पृष्ठों में लपेट कर एक ओर रख देता है।

स्वाधीनता के सत्ताइस वर्ष बाद देश आज फिर नई करवट बदल रहा है। चारों ओर क्रान्ति और परिवर्तन के स्वर सुनाई दे रहे हैं। आर्यसमाज की अपने गौरव और परमपराओं के अनुरूप ही भूमिका इसमें रहनी चाहिए।

गुरुकुल-क्रीड़ा समिति का गठन

प्रस्तुत कर्त्ता–नरेश मिश्र प्राध्यापक हिन्दी विभाग गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यायय हरिद्वार

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में क्रीड़ा समिति का गठन किया गया है। क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष आचार्य रामनाथ जी वेदालंकार हैं। समिति के संयोजक प्रो० ओमप्रकाश मिश्र हैं एवं विभिन्न खेलों के अध्यक्ष, विभिन्न विद्यालयों के आचार्य एवं कन्टोलर इसके पदेन सदस्य हैं। हाकी के अतिरिक्त प्रायः अन्य खेल नवम्बर से पूर्व नगण्य ही थे किन्तु कुलपति जी ने न केवल क्रीड़ा समिति ही गठित की अपितु विभिन्न खेलों के अध्यक्षों की नियुक्ति करवा कर खेलकूद को गतिमयता प्रदान की है। जिसमें निम्न खेलों के अध्यक्षों की नियुक्तियां हुई हैं।

१– क्रिकेट–प्रो० वीरेन्द्र अरोड़ा
२– बैडमिंटन–प्रो० श्याम नारायणसिंह
३– टेबलटेनिस–डा० गोवर्धन प्रसाद भट्ट
४– हाकी–प्रो० कौशल कुमार
५– फुटवाल–प्रो० सदा शिव भगत
६– कबड्डी–प्रो० जवरसिंह सैगर
७– वास्केटबाल–प्रो० बुद्धप्रकाश मुक्ल
८– वालीवाल–श्री राजेन्द्र जोशी
९– एथलेटिक्स तथा शतरंज-प्रो०ओमप्रकाशमिश्र
१०– तैराकी–प्रो० श्री कृष्ण
११– पर्वतारोहण–प्रो० राजेन्द्र सैनी
१२– वन भ्रमण-ट्रेकिंग–श्री हरिवंश
१३– कुश्ती–डा० वासुदेव चैतन्य
१४– बागवानी–प्रो० विजय शंकर
१५– कैरम एवं चिकित्सा अधिकारी–डा० राजेन्द्र कुमार अग्रवाल।

उपर्युक्त खेलों में से अधिकांश खेल वर्तमान समय में चल रहे हैं।

साहित्य समीक्षा

दयानन्द सन्देश

[काल अकाल मृत्यु शास्त्रार्थ विशेषाङ्क]

जुलाई–अगस्त १९७५

सम्पादक—राजवीर शास्त्री एम. ए.

प्रकाशक—दीपचन्द आर्य, २ एफ कमला नगर दिल्ली ६ वार्षिक– ६) रुपये।

'आर्ष साहित्य प्रचार ट्रस्ट' द्वारा प्रकाशित मासिक पत्र "दयानन्द सन्देश" का यह विशेषाङ्क समालोचनार्थ प्राप्त हुआ। विवादास्पद विषयों के निर्णयार्थ शास्त्रार्थ का आयोजन कर "आर्ष साहित्य प्रचार ट्रस्ट" दिल्ली बहुत प्रशंसनीय व अभिनन्दनीय कार्य कर रहा है। इससे पूर्व भी सृष्टि संवत् के निर्णयार्थ भी ऐसा ही आयोजन किया गया था। इस प्रस्तुत अङ्क में काल अकाल मृत्यु के सम्बन्ध में एक पक्ष श्री पं० ओमप्रकाश जी शास्त्री का यह था कि मृत्यु का समय निश्चित है। दूसरा पक्ष श्री ब्र. वेदव्रत जी मीमांसक का था कि मृत्यु का समय निश्चित नहीं है। इसमें तो कोई शक ही नहीं कि वेदों में आयुष्य की वृद्धि के संबन्ध में बहुत मन्त्र हैं अतः वेदव्रत जी का पक्ष ठीक है। पर हमारे विचार में श्री ओमप्रकाश जी शास्त्री का कथन भी ठीक है। ये दो विरोधी कथन कैसे यह पूछ सकते हैं। इस सम्बन्ध में विस्तार से हम यहां न लिख सकेंगे, कुछ संकेत किये देते हैं। यह विवाद प्रमुख रूप से निश्चित 'अनिश्चित' शब्दों पर अधिकतर केन्द्रित रहा है। हमें यह समझना चाहिये कि शास्त्रों में क्या व्यवहार में भी शब्दों के प्रयोग बहुत शिथिल रूप में होते हैं। जैसे अमृत है, शत, सहस्र आदि हैं। अमृत का अर्थ है अमर होना कभी न मरना। पर शास्त्रों में आता है। एतद्वै मनुष्यस्यामृतत्वं यत् सर्वमायुरेति श. प. ९।५।१।१०, तां. २२।१२।१ य एवं शतं वर्षाणि यो वा भूयांसि जीवति स हैवैतद मृतमाप्नोति" श. प. १०।२।१।६।८ इसका तात्पर्य यह हुआ कि यदि मनुष्य सौ वर्ष या इससे अधिक जीवित रह जाये तो यह कहते हैं कि वह अमर होगया।

अब प्रश्न यह है कि 'सर्वं आयुः' शतं वर्षाणि शतायुः, जीवेम शरदः शतम्' आदि जो सैकड़ों प्रमाण हैं इनका क्या तात्पर्य है? हमारे विचार में भगवान् ने मनुष्य के जीवन की एक परिधि व सीमा सौ वर्ष की नियत कर दी। इसी भांति एक मन्त्र है त्र्यायुषं जमदग्नेः "अर्थात् जमदग्नि कश्यप तथा देवों की तिगुनी आयु होती है हमारी भी तिगुनी हो। पर प्रश्न यह है कि तिगुनी का क्या मतलब? कोई आयु नियत हो तभी तो तिगुनी होगी वह भगवान् की ओर से सौ वर्ष की नियत है। मन्त्र भी हैं "इमं जीवेभ्यः परिधिं दधामि "अथर्व। इसी प्रकार और भी कई प्रमाण दिखाये जा सकते हैं। इस परिधि तक कौन पहुंच सकता है? कोई बिरला भाग्यशाली ही पहुंच पाता है। अतः आयु की वृद्धि का तो प्रश्न ही नहीं हां! ह्रास होता है। क्योंकि शत या सहस्र

की सीमा तक मनुष्य प्राय: नहीं पहुंच पाते, अत:शत व सहस्र का बहुत अर्थ कर दिया जाता है। अब रही 'सतिमूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगा:' इस सम्बन्ध में ओमप्रकाश शास्त्री जी का कथन भी ठीक है। मनुष्य भाविजीवन के लिये आयु निश्चित लेकर आता है पर उन्हें भी अपने कथन में इतना परिवर्तन करना होगा कि यदि अपवाद रूप में कोई आयु को घटा बढ़ा ले तो अलग बात है। प्राय: हम देखते हैं कि एक खूब हृष्ट पुष्ट व स्वस्थ व्यक्ति है, पर अचानक देह त्याग देता है। दूसरा चिर-काल से व्याधिग्रस्त हैं बुढ़ापे तक खाट पर पड़ा सड़ता है पर जीवित रहता है इसी भांति अन्य प्रासंगिक प्रश्न विवादास्पद बन शास्त्रार्थ के मध्य में उपस्थित हुए थे। उस संबन्ध में भी बहुत कुछ कहा जा सकता है पर पत्रिका का यह समीक्षात्मक स्तम्भ सीमित होने से हम यहीं विराम करते हैं हम यहां अपना मन्तव्य लिख देते हैं। काल=नियत काल=सौ वर्ष तक या उसके आस पास मृत्यु होना काल मृत्यु है और तद्विपरीत अकाल मृत्यु हैं। इस कलियुग में हम सबकी अकाल मृत्यु होती है।

धरा जल रही है

श्री महावीर नीर

गगन जल रहा है, धरा जल रही है। सभी ओर देखो, व्यथा पल रही है।।

सपन जो संजोये, दफन हो गये वे।
सुमन जो संजोये, भसम हो गये वे।।
कहें किस से कैसे, जबां रो रही है····
ये ऊंची मीनारें, ये झिलमिल दीवारें।
ये सजती बहारें, ये डोली ये द्वारे।।
कहां इनमें रंगत, सभी रो रही हैं····

ये मातम मनाती, जवानी की खुशियां।
ये पानी गिराती, दुखियों की अंखियां।।
ये लिपटी कफन में, वफा रो रही है····
वे ऊंची उड़ाने, वे चमन के तराने।
जो चले थे सजाने, वतन को दीवाने।।
सुनो राहें उनकी, कहां खो रही है····

ये भूखे, ये नंगे, ये मायूस चेहरे।
ये रोते, कराहते, ये मासूम चेहरे।।
वे आशाएं इनकी, कहां सो रही है····
ये डाकू-लफंगे, ये गुण्डे, लुटेरे।
ये कपटी ये लम्पट, ये शराबी, जुआरे।।
ये हमारे चरित की, कथा रो रही है····

जीवन में देखो, अनुशासन कहां है?
बड़े और छोटे का, आदर कहां है?
यह सभ्यता हमारी खड़ी रो रही है····
वे भाषण की बातें, ये निराशा की बातें।
वे राशन की बातें ये दुराशा की बातें।।
यों कर्म औ कथन की सत्यता रो रही है····

ये माना कि हमने, 'अणु भी बनाया।
ये माना कि हमने, भट्टू भी उड़ाया।।
औ गगन के बिहारी, धरा रो रही है।
ये उमड़ती घटायें, ये घुमड़ती फिजायें।
ये बदलती हवायें, ये अकड़ती भुजायें।।
सुनो जिन्दगी अब- व्यथित हो रही है····

ये 'झुग्गी' हिली है, ये 'झोंपड़ भी अकड़े।
ये धूलि उड़ी है, ये कंकर भी अकड़े।।
समाजवादी क्रांति, उदय हो रही है····
धरा देखकर यह, गगन देखकर यह।
कपट से भरा हर, वचन देखकर यह।।
कवि 'नीर' दिल से, व्यथा उठ रही है····

विश्वविद्यालयों का प्रयोजन

विश्वविद्यालयों का क्या प्रयोजन है ? विश्वविद्यालय क्यों स्थापित किये जाते हैं ? क्या यह शिक्षा की अन्तिम सीमा निर्धारित करती हैं ? या यह केवल टैक्निकल अथवा व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने का माध्यम हैं ? या कि किसी मत विशेष के प्रचार का साधन हैं ?

अलग-अलग संस्थान, अलग-अलग मुद्दों को लेकर स्थापित किये जाते हैं। लेकिन वह विश्वविद्यालय की संज्ञा में तब तक नहीं आ सकते जब तक वहां निम्नलिखित प्रवृत्तियां प्रभावशील न हों।

(१) **तप**—ज्ञान संग्रह करने की उत्कट इच्छा, बौद्धिक चेष्टा, विद्या लाभ करने की प्रबल जिज्ञासा। अप्रमाद, विद्योपार्जन और विद्या प्रसार में सतत परिश्रम और कठोर साधना।

(२) **निर्भयता**—सत्य की खोज, पाखंड का खण्डन। सत्य का हर दृष्टि से अध्ययन, दर्शन और उसकी प्रमाण एवं विवेक की कसौटी पर जांच। सत्य का ग्रहण, चाहे सत्य कितना ही अप्रिय क्यों न हो। असत्य का परित्याग।

(३) **नम्रता**—अपने मत का जैसा भी वह अपनी अनुभूतियों के आधार पर आश्रित है, नम्रता पूर्वक विवेचन और प्रचार। विभिन्न विचार धाराओं का पारस्परिक आदान प्रदान। पंडितों एवं विद्यार्थियों का निरन्तर मिलन जुलन, विचार विनिमय और शास्त्रार्थ। विश्वविद्यालय सत्य की प्रयोगशाला है, न कि पहलवानों का अखाड़ा। यहां नम्रता पूर्वक परस्पर विरोधी सिद्धान्तों की जांच होती है, न कि मल्ल युद्ध। यहां पण्डित लोग जो विविध विषयों में पारङ्गत होते हैं इकट्ठा होकर एक दूसरे के सिद्धान्तों की जांच करते हैं और उनके परस्पर टकराव से अमृत की वर्षा होती है, न कि निर्जल बादल की गर्जना।

(४) **सत्य का जन हिताय सर्व हिताय उपयोग**—आज विश्वविद्यालयों में शिक्षा के बारे में सर्वत्र असन्तोष है। विश्वविद्यालय से निकले हुये छात्रों की योग्यता प्रश्नास्पद है। हाल में अनुशासनहीनता का वातावरण कंट्रोल में जरूर आया है। पर वह कन्ट्रोल क्या हुआ जो आपत्कालीन डंडे के जोर से स्थापित किया गया हो ? कन्ट्रोल अथवा संयम तो सहज ही होना चाहिये। शिक्षा का ढांचा एवं स्तर ऐसा होना चाहिये जिससे कि स्नातक विश्वविद्यालयों से निकलते ही देश के आर्थिक, सामाजिक तन्त्र में यथा योग्य स्थान पर स्थापित हो जायें। जब तक यह न हो पायेगा, विश्वविद्यालयों के बारे में नुक्ताचीनी होती ही रहेगी। आखिर जब समाज विश्वविद्यालयों के कयाम पर इतना धन खर्च करता है तो वह यह आशा करता ही है कि इसका सदुपयोग होगा और जो यहां से स्नातक निकलेंगे वह देश और समाज की सेवा करेंगे।

इसी सन्दर्भ में यहां के स्नातकों के बहिर्गमन की समस्या को भी आंकना होगा। क्या देश यह एफोर्ड कर सकता है कि शिक्षा का खर्चा तो यह देश करे परन्तु लाभ उठायें अन्य देश ? यदि इन लोगों से देश को लाभ नहीं पहुंचता तो यहाँ ऐसी शिक्षा ही क्यों उपलब्ध की जाय ? इस बात पर मनन करना होगा कि कल्याणकारी राज्यों में विश्वविद्यालयों के क्या अर्थ हैं ? जब राज्य स्वयं जनता के कल्याण के प्रति अपनी जिम्मेवारी अनुभव करता है तो क्या विश्वविद्यालय इस भावना से अछूते रह सकते हैं ?

भारत समृद्ध देश है, पर भारतीय दरिद्र हैं। यह विरोधोक्ति हमारे लिये बड़ा भारी चैलेंज है।

यहां प्राकृतिक सम्पदा का अतुल भंडार है। पर जब तक उसका सही उपयोग करने की देश के नेताओं एवं जनसमुदाय में क्षमता नहीं हो जायेगी गरीबी कैसे दूर होगी? जापान एवं जर्मनी गत महायुद्ध में पूर्णतया ध्वस्त हो गये थे। परन्तु आज फिर अग्रगण्य देशों की पंक्ति में उनका स्थान है। क्यों? वहां के नेताओं ने, वहां के व्यवसाइयों ने, वहां की जनता ने अथक परिश्रम और पूर्ण सूझबूझ से दत्तचित्त होकर अपने देशों की काया बदल दी है। क्या हमारे पास ऐसी जनशक्ति का अभाव है?

एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पैंतीस देशों के प्रतिनिधी मौजूद थे। भारत के तो तीन ही प्रतिनिधि थे, पर तेइस देशों के चालीस प्रतिनिधि मूलतः भारतीय थे। भारतीयों की प्रतिभा किसी से कम नहीं। पर वह भारत की सेवा में न लगकर, स्वयं सिद्धि में लग जाती है। ऐसा क्यों? उनको दूसरे देश अधिक कीमत देकर खरीद ले जाते हैं। जो शेष प्रतिभा बच जाती है वह देश के काम के लिये अपर्याप्त है।

आज हम एक चुनौति भरी शती में रह रहे हैं। देशों में फासले कम हो गये हैं। आवागमन के साधन वसीय होते जा रहे हैं। समय की दूरी तो समाप्त प्रायः हो गई है। दूर से दूर देश में जो कुछ भी हो रहा है उसका तत्क्षण समाचार प्राप्त हो जाता है। बल्कि तत्क्षण देखा भी जा सकता है। दूर से दूर की क्या बात। चन्द्र तक तो मानव पहुंच चुका है और उसके परे शुक्र पर भी हमारी पहुंच हो चुकी है। अन्तर्राष्ट्रीय स्पर्धा के इस युग में क्या हमारे विश्वविद्यालय पीछे रह जायेंगे? हमारे विश्वविद्यालयों को पहिले की भांति प्रकाश स्तम्भ बनना होगा। नालन्दा और तक्षशिला की भांति दूरस्थ देशों में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करनी होगी। न केवल भारतीय समुदाय की सेवा हेतु बल्कि संसार भर की सेवा हेतु। विश्वविद्यालयों का कर्तव्य है कि वह देश और संसार की समस्याओं का अध्ययन करें। न केवल आधुनिक समस्याओं का वरन् आगे आने वाली समस्याओं का भी, और इसके प्रतिकार ढूंढें और सुझायें। यह भी उनका कर्तव्य है कि राष्ट्रीय और मानवीय समस्याओं को निबटाने की क्षमता रखने वाला ऐसा सुशिक्षित जन समुदाय पैदा करें जो वर्तमान एवं भविष्य में आने वाली चुनौतिओं का दृढ़ता से और योग्यता से मुकाबला कर सकें।

अश्मन्वती रीयते संरभध्वंवीरयध्वं प्रतरता सखायः।
अत्रा जहीत ये असन् दुरेवा अनमीवानुत्तरेमाभि वाजान्॥
अथर्व० १२।२।२६॥

उठो मित्रों! देखो वह सामने अनेक विघ्न बाधाओं के पत्थरों से भरी संसार की दुस्तर नदी वेग से बहती चली जा रही है। उठो, तैयार हो जाओ, एक-दूसरे का हाथ पकड़ लो, मिलकर उद्यम करो और उसे पार कर जाओ। जो खोटी चालें हैं उन्हें यहीं छोड़ दो। आओ! विघ्न बाधाओं की इस भयंकर नदी के पार उतर कर रोग रहित ऐश्वर्य, सुख का उपभोग करें।

बलभद्र कुमार

गुरुकुल समाचार

महावीर 'नीर' विद्यालंकार, एम.ए. (हिन्दी व इतिहास)

ऋतु-रंग

नवम्बर के अन्तिम सप्ताह और दिसम्बर के आरम्भ होते ही शीत ने कुल-भूमि पर अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया। शीत की तीक्ष्णता उग्र हो उठी। ठण्डी-ठण्डी हवाओं के थपेड़े शरीर को कम्पायमान करने लगे। कुलवासियों और ब्रह्मचारियों ने रंग-बिरंगे ऊनी परिधान धारण कर सर्दी से बचाव शुरु कर दिया। शीत-लहर का प्रकोप कुल में सर्वत्र दृष्टि-गत होने लगा। हरे-भरे लम्बी-लम्बी घास वाले कुलीय मैदान झुलस गये। खेतों में गेहूं बो दिया गया। कुल में प्रातः ही पक्षियों की चहचहाट तथा ब्रह्मचारियों की सुमधुर प्रभातफेरी के स्वर सुनाई पड़ने लगे। अमृत-वाटिका में विविध फूलों व वनस्पतियों की शोभा अनुपम सौन्दर्य की सृष्टि कर उठी। फुआरे से निस्सरित जलधारा विविध जलबिन्दुओं में छिटकती हुई सूर्य-प्रभा से आभासित हो स्वर्णमुक्तायें बिखेरती सी प्रतीत होने लगी। मास के अन्त में कुलीय गगन पर रुई के ढेरों के समान मेघ-समूह मंडराने लगा। वातावरण सुहावना, शीतभरा व सौम्यता-युक्त रहा। स्वास्थ्य सबका उत्तम रहा। छोटे ब्रह्मचारी आर्य समाज-स्थापना शताब्दी समारोह में जाने के लिए पी०टी० आदि कार्यक्रमों में व्यस्त रहे।

विद्यालय-विभाग

विद्यालय-विभाग में अध्ययन व अध्यापन का कार्य सुचारु-रूप से चल पड़ा है। आश्रम-व्यवस्था को बनाने के लिये आश्रम-अधिष्ठाताओं के कार्य में परिवर्तन किया गया है। श्री विजय कुमार जी शास्त्री ८,९,१० श्रेणियों में अधिष्ठातृ कार्य कर रहे हैं। श्री ज्ञानचन्द्र जी ६, ७ श्रेणियों में इसी प्रकार ५म श्रेणी में श्री रणजीतसिंह जी; चतुर्थ श्रेणी में श्री अतरसिंह जी; ३य श्रेणी में श्री पं० हरिबन्धु जी; १म व २य में श्री छतरसिंह जी अधिष्ठातृ कार्य कर रहे हैं। आजकल विद्यालय-विभाग में कार्यवाहक मुख्याध्यापक के रूप में आँग्ल भाषा अध्यापक श्री तिलकराज जी कार्य कर रहे हैं। चरित्र-निर्माण, अध्ययन तथा विविध क्रियाकलापों को ध्यान में रखते हुये विद्यालय का आगामी कार्य-क्रम चल पड़ा है।

अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा—विद्यालय विभाग में १० दिसम्बर से १६ दिसम्बर तक छमाही परीक्षा हुई। परीक्षा-परिणाम अच्छा रहा। बीच-बीच में आचार्य डा० रामनाथ जी ने निरीक्षण भी किया। निम्न ब्रह्मचारी अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों पर रहे।

प्रथम श्रेणी– ब्र० सञ्जय प्रथम, ब्र० वीरेन्द्र द्वितीय तथा ब्र० योगेन्द्रसिंह तृतीय
द्वितीय श्रेणी– ब्र० प्रेमप्रकाश प्रथम, ब्र० शिवशंकर द्वितीय तथा ब्र० कुलदीप तृतीय
तृतीय श्रेणी– ब्र० जगदीप प्रथम, ब्र० यशवन्त द्वितीय तथा ब्र० अशोक तृतीय
चतुर्थ श्रेणी– ब्र० नैनसिंह प्रथम, ब्र० शिवप्रकाश द्वितीय तथा ब्र० भूपेन्द्र तृतीय
पंचम श्रेणी– ब्र० उमाशंकर प्रथम, ब्र० भोलेराम द्वितीय तथा ब्र० लक्ष्मीनारायण तृतीय
षष्ठ श्रेणी– ब्र० इन्द्रपाल मुरा० प्रथम, ब्र० अशोक पंजाब द्वितीय तथा ब्र० सुखबीर तृतीय
सप्तम श्रेणी– ब्र० भगवानसिंह प्रथम, ब्र० महेश द्वितीय तथा ब्र० विजेन्द्र तृतीय
अष्टम श्रेणी– ब्र० गणेश प्रथम, ब्र० कमल द्वितीय तथा ब्र० रमेश बदरखां तृतीय
नवम श्रेणी– ब्र० चन्द्रप्रकाश (परिवार) प्रथम, ब्र० नरेन्द्र द्वितीय तथा ब्र० यशपाल तृतीय
दशम श्रेणी– ब्र० सञ्जय प्रथम, ब्र० लोकेश द्वितीय तथा ब्र० पशुपति तृतीय

भारतीय हिन्दी परिषद्

भारतीय हिन्दी परिषद् का २७वां अधिवेशन कालीकट विश्वविद्यालय के तत्त्वावधान में २९, ३०, ३१ दिसम्बर ७५ को कालीकट में हुआ जिसमें प्रो० रामाश्रय मिश्र प्राध्यापक हिन्दी विभाग, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित हुए। निबंध गोष्ठी में 'कबीर के काव्य में विदेशी या आगत शब्द नामक निबंध पढ़ा जिसमें अरबी, फारसी तथा तुर्की शब्दों के आगमन को हिन्दी का गौरव बतलाते हुए यह स्थापना की कि हिन्दी को समृद्ध एवं विश्वभाषा बनाने के लिए न केवल हिन्दीतर भारतीयभाषाओं-विभाषाओं के प्रचलित शब्दों को अपनाना होगा अपितु विदेशी भाषाओं के शब्दों को भी स्वीकारना होगा। इसके अतिरिक्त कवि सम्मेलन में कविता पाठ किया तथा गुरुकुलीय स्नातकों की बैठक का संयोजन भी किया।

विविध खेल-कूद प्रतियोगितायें

नवम्बर के अन्तिम सप्ताह एवं दिसम्बर मास में अनेक क्रीड़ा-सान्मुख्यों का आयोजन हुआ। इन स्फूर्तिदायक एवं उत्साहवर्धक कार्यक्रमों से कुल में नये जीवन का संचार हुआ।

(१) २० नवम्बर को भल्ला कालेज के मैदान में हरिद्वार-क्लब और गुरुकुल विश्वविद्यालय की हॉकी टीम का मैच हुआ। गुरुकुल २ गोल से विजयी रहा।

(२) २५ नवम्बर को गुरुकुल मैदान पर हरिद्वार और गुरुकुल का मैच हुआ।

(३) २ दिसम्बर को ऋषिकुल-आयुर्वेदिक कालेज, हरिद्वार तथा गुरुकुल विश्वविद्यालय की हॉकी टीमों का मैच हुआ। गरुकुल २ गोल से विजयी रहा।

(४) ७ दिसम्बर को विद्यालय के प्रांगण में नेहरू परिवार एवं विवेकानन्द परिवार का कबड्डी-सान्मुख्य हुआ।

(५) ४ दिसम्बर को विद्यालय-अध्यापकों और ब्रह्मचारियों के बीच क्रिकेट खेल हुआ।

(६) १७ दिसम्बर को भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स, हरिद्वार तथा गुरुकुल विश्वविद्यालय की हॉकी टीम के बीच मैच हुआ। मैच बराबर रहा।

(७) २१ दिसम्बर रविवार को कुल में नवनिर्मित १२ परिवारों के बीच श्री कुलपति जी की अध्यक्षता में रस्साकसी के मैच हुए।

(८) २१ दिसम्बर को ही विद्यालय-ब्रह्मचारियों एवं परिवार छात्र इलेविन के बीच क्रीकेट मैच हुआ। निर्णय 'परिवार छात्र इलेविन' के पक्ष में रहा।

(९) ३१ दिसम्बर से विश्वविद्यालय हॉकी कोच सरदार अजीतसिंह के नेतृत्त्व में एक १६ दिवसीय हॉकी-कैम्प का श्रीगणेश किया गया। हॉकी टीम-कप्तान ब्र० विट्ठलराव होल्कर को चुना गया है।

प्रभात फेरी कार्य-क्रम

कुल के नये कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी की प्रेरणा से एक नयी परम्परा का श्रीगणेश किया गया है जिसमें प्रतिदिन विद्यालय के ब्रह्मचारियों द्वारा प्रभातफेरी निकाली जायेगी। यह कार्यक्रम परिवार प्रमुखों व सदस्यों के द्वारा किया जाता रहेगा। कुलपति जी का कहना है कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से कुल में जो प्रमाद की अवस्था आ गयी है, वह दूर हो सकेगी।

संरक्षक-सभा की संरचना

१ व २ दिसम्बर को सीनेट-भवन में श्री बलभद्र कुमार जी कुलपति तथा आचार्य श्री डा० रामनाथ जी वेदालंकार की अध्यक्षता में विद्यालय-विभाग के ब्रह्मचारियों के अभिभावकों, अधिष्ठाताओं व अध्यापकों की एक सभा हुई। विद्यालय की उन्नति के सम्बन्ध में अनेक योजनायें रखी गयीं। तदनन्तर २ दिसम्बर को संरक्षक-सभा की रचना-पद्धति, उसके संविधान व उद्देश्यों पर विचार करने के साथ-साथ उनके प्रधान व मंत्री आदि की नियुक्ति भी की गयी। सर्वसम्मित से ब्र० रामनिवास ७म श्रेणी के पिता श्री बाबूराम जी आर्य को संरक्षक सभा का प्रधान मनोनीत किया गया। उपप्रधान श्री अतरसिंह जी पंवार तथा कोषाध्यक्ष श्री पं० अतरसिंह जी व निरीक्षक श्री पं० विश्वबन्धु जी को बनाया गया।

आशा है संरक्षक-सभा की संरचना होने से संरक्षकों और कुल के अधिकारियों के तालमेल से संस्था में अनुशासन व शिक्षा आदि के कार्यों में उन्नति होगी।

गुरुकुल-परिवार में विविध परिवारों की स्थापना

कुल के नये कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी की प्रेरणा से वर्ष के बारहों महीनों में जन्म लेने वाले ब्रह्मचारियों, कर्मचारियों, अध्यापकों व प्राध्यापकों आदि को १२ परिवारों में बांट दिया गया है। इन परिवारों के प्रमुख अपने-अपने परिवारों के छात्रों, अध्यापकों व कर्मचारियों आदि के क्रिया-कलापों

का पूर्ण ध्यान रखते हुए उनकी उन्नति आदि की सूचना अधिकारियों तथा अभिभावकों को देते रहेंगे। इन १२ परिवारों के नाम निम्न हैं--दयानन्द परिवार, श्रद्धानन्द-परिवार, विवेकानन्द-परिवार, सुभाष-परिवार, गांधी-परिवार, नेहरू परिवार, शरत्चन्द्र-परिवार, टैगोर-परिवार, अनामिका-परिवार आदि।

आयुर्वेद-महाविद्यालय

आयुर्वेद महाविद्यालय गुरुकुल कांगड़ी में पिछले दिनों एक सर्जिकल कैम्प डा० वाशी की अध्यक्षता में लगाया गया। यह कैम्प कुल में अनेक वर्षों से गरीब जनता की सहायता के लिये लगाया जाता रहा है। सफलता के साथ हड्डियों के आपरेशन आदि किये गये। इस कैम्प की सहायता के लिये कैम्प के सभी प्रमुख कार्य-कर्ताओं को बधाई। ज्ञात हो कि इस कैम्प के लिये ज्वालापुर जैन समाज ने डा० अनन्तानन्द जी की मांग पर काफी आर्थिक सहायता दी। समस्त कुल उनके प्रति आभारी है।

परीक्षा-परिणाम--आयुर्वेदिक कालेज गुरुकुल कांगड़ी जो कि कानपुर विश्वविद्यालय से सम्बन्धित है का वार्षिक परीक्षा का परिणाम बड़ा अच्छा रहा। आयुर्वेद पंचम वर्ष के छात्र श्री चन्द्रदत्त ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार आयुर्वेद द्वितीय वर्ष के छात्र श्री कुलदीपकुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आयुर्वेद द्वितीय वर्ष के छात्र श्री कृष्णमुरारि ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर आयुर्वेद महाविद्यालय गुरुकुल कांगड़ी का नाम उज्ज्वल किया। प्रथम आने वाले सभी छात्रों को बधाई।

विदाई-समारोह--२२ दिसम्बर के एक समारोह में आयुर्वेद पंचम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों को विदाई दी गई। अन्त में फोटो-ग्रुप भी हुआ।

प्रो० जगदीशचन्द्र वसु-जन्मदिवस

२९।११।७५ को विज्ञान महाविद्यालय गुरुकुल कांगड़ी की ओर से भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो० जगदीशचन्द्र वसु का जन्म-दिवस सोत्साह मनाया गया। सभा की अध्यक्षता कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी ने की। इस अवसर पर डा० चम्पतस्वरूप जी अध्यक्ष जन्तुविज्ञान विभाग गुरुकुल कांगड़ी ने खोजपूर्ण एवं विद्वत्तापूर्ण प्रभावशाली भाषण दिया। कुलपति जी ने गुरु और शिष्य के सम्बन्धों पर प्रकाश डाला।

एन० सी० सी० कैम्प

२१।१०।७५ से २।११।७५ तक देहरादून में एन०सी०सी० का कैम्प लगा। इसमें गुरुकुल एन०सी०सी० दल ने भी भाग लिया। कैम्प में हुये सांस्कृतिक प्रोग्राम में ब्र० गणेशप्रसाद विद्यालंकार तथा ब्र० अशोककुमार विद्यालंकार ने अपने सांस्कृतिक कार्य क्रम के द्वारा गुरुकुल काँगड़ी एन० सी०सी० दल के लिए प्रथम स्थान प्राप्त कर शील्ड जीती। छात्रों को तो बधाई है ही, साथ ही एन० सी० सी० कमाण्डर श्री प्रो० वीरेन्द्रसिंह जी अरोड़ा को इस विजय के लिए बहुत-बहुत बधाई।

डा० राजेन्द्र प्रसाद-जन्मदिवस

महापुरुषो और राष्ट्र नेताओं के जन्म-दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि उनके चरित्र की विशेषताओं से वर्तमान व आगमी पीढ़ियां बहुत कुछ सीख सकती हैं। भारतरत्न एवं भारत राष्ट्र के प्रथम राष्ट्रपति स्व० डा० राजेन्द्र प्रसाद जी का जन्मदिन इन्हीं उद्देश्यों को दृष्टि में रखते हुये ३ दिसम्बर ७५ को वेदमन्दिर में मनाया गया। गुरुकुल से डा० जी को विशेष स्नेह था। गुरुकुल में वे अनेक बार पधारे थे। उनकी स्मृति में निर्मित 'राजेन्द्रप्रसाद छात्रावास' आज भी गुरुकुल वासियों को उनकी याद दिला रहा है। सभा में ब्र० धर्मचन्द प्रचारी, ब्र० बिक्रम कुमार प्र०वर्ष एम० ए०, ब्र० नारायण विद्यालंकार प्रथम वर्ष, ब्र० अशोक कुमार विद्यालंकार द्वितीय वर्ष, ब्रह्मचारी गणेश बलबीर ने डा० राजेन्द्रप्रसाद जी के जीवन की सादगी आदि की चर्चा करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि भेंट की। उपाध्याय वर्ग की ओर से सर्वश्री प्रो० रामाश्रय जी, प्रो० भारत भूषण जी, प्रो० वेदप्रकाश जी, डा० निगम जी, प्रो० सदाशिव जी आदि ने भारतरत्न डा० राजेन्द्रप्रसाद जी को बिहार का गाँधी तथा सादगी व सरलता का देवता और राष्ट्रप्रेमी तथा हिन्दी-प्रेमी बताया। सभाध्यक्ष पद से आचार्य श्री डा० रामनाथ जी वेदालंकार ने दिसम्बर मास मे जन्में सभी ब्रह्मचारियों, कर्मचारियों व अध्यापकों को पुष्प व वैदिक-वीर-गर्जना भेंट की। डा० राजेन्द्रप्रसाद जी को अनेक गुणों का पुञ्ज तथा गुरुकुल प्रेमी और महात्मागांधी का अन्यतम सहयोगी बताकर अपने श्रद्धासुमन भेंट किए। सभा का संचालन प्रो० जयदेव वेदालंकार ने बड़ी ही योग्यतापूर्वक किया। शांति पाठ के पश्चात् सभा समाप्त हुई।

आचार्य रामदेव दिवस

९ दिसम्बर मंगलवार को विद्यालय-विभाग में आचार्य डा० रामनाथ जी की अध्यक्षता में आचार्य रामदेव जी की स्मृति में सभा हुई। सभी वक्ताओं न आचार्य रामदेव जी की विद्वत्ता और इतिहास के क्षेत्र में उनकी मौलिक उपलब्धियों तथा गुरुकुल के आचार्यत्व के रूप में अनेक क्रिया-कलापों को सराहते हुए, अपने श्रद्धासुमन समर्पित किये।

गुरु तेगबहादुर बलिदान-दिवस

८ दिसम्बर सोमवार को गुरुकुल कांगड़ी आर्यसमाज में यज्ञोपरान्त आचार्य श्री डा० रामनाथ जी वेदालंकार की अध्यक्षता में गुरु तेगबहादुर का अमर शहीदी दिवस मनाया गया। श्री पं० भगवदत्त जी वेदालंकार (प्रधान आर्य स०गु०कु० काँगड़ी), डा० निगम जी, डा० वासुदेव जी, प्रो० जबरसिंह जी, प्रो० रामाश्रय जी, प्रो० बुद्ध प्रकाश जी, श्री पं० हरिवंश जी वेदालंकार आदि वक्ताओंने गुरु तेगबहादुर को अपनी श्रद्धांजलियाँ अर्पित करते हुये कहा कि गुरु जी सिक्खों के ही नहीं अपितु समस्त भारतीयों के गुरु थे। वे धर्मबलिदानी ही नहीं अपितु राष्ट्रबलिदानी भी थे। आचार्य जी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि गुरुओं की सजगता और बलिदान से ही हिन्दु जनता आज गौरवान्वित है।

सिक्ख हिन्दुओं से अलग नहीं हैं। परस्पर के सहयोग से राष्ट्र को सबलता और एकता प्रदान की जा सकती है। शांति पाठ के पश्चात् सभा समाप्त हुई।

आर्यसमाज गुरुकुल कांगड़ी

इस मास आर्य-समाज गुरुकुल कांगड़ी में प्रति रविवार को यज्ञादि होते रहे। श्री भगवद्दत्त जी वेदालंकार (प्रधान आर्य-समाज) तथा श्री डा० गङ्गाराम जी (कुल सचिव, गुरुकुल कांगड़ी) के सारगर्भित एवं प्रेरणादायी व्याख्यान भी हुए।

अमर शहीद स्वामी श्रद्धानन्द जी का बलिदान-पर्व

कुलपिता परम श्रद्धेय स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज का बलिदान-दिवस प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोत्साह मनाया गया। २३ दिसम्बर को श्रद्धानन्द-द्वार से समस्त ब्रह्मचारी और कुलवासी एक जलूस के रूप में नारे लगाते और भजन गाते हुए मुख्यकार्यालय के झण्डा चौक में एकत्रित हुये जहां कुल के कुलपति, मान्य श्री बलभद्र कुमार जी ने कुलपताका फहराई। कुलपताका गीत गाया गया। कुलपति जी के अल्प प्रवचन के बाद वेदमन्दिर के पार्श्व के विशाल प्रांगण में एक बृहद् सभा आयोजित हुई। सभा की अध्यक्षता श्री कुलपति जी ने की तथा संचालन प्रो० वेदप्रकाश जी ने किया। सभारम्भ कुलवन्दना से हुआ। ब्रह्मचारियों में अशोक कुमार विद्यालंकार द्वि० वर्ष छात्र ने स्वामी जी को अपने श्रद्धा-सुमन भेंट किये। उपाध्याय वर्ग से डा० वासुदेव जी चैतन्य, प्रो० जयदेव जी, प्रो० भारतभूषण जी, प्रो० सत्यव्रत जी 'राजेश', श्री विजय कुमार जी शास्त्री (विद्यालय-विभाग) श्री सुरेश चन्द्र जी (प्रि० विज्ञानमहा०) आदि वक्ताओं ने स्वामी जी के जीवन-चरित्र का बखान करते हुए गुरुकुल के महत्त्व को प्रतिपादित किया। डा० धर्मानन्द जी केसरवानी ने कहा कि 'स्वामी जी आयुर्वेद महाविद्यालय को फलता-फूलता देखना चाहते थे। वे स्नातकों से परिचय रखते थे। उनकी समय-समय पर सहायता करते थे।' पत्रिका सम्पादक व वेदोपाध्याय श्री पं० भगवद्दत्त जी वेदालंकार ने कहा कि "आज के दिन हमें अपने अन्दर एक अग्नि प्रज्ज्वलित करनी चाहिए।" स० मुख्याधिष्ठाता श्री धर्मवीर जी विद्यालंकार ने "स्वामी जी को आत्मिक बलिदानी तथा शारीरिक बलिदानी बताते हुए स्वामी दयानन्द जी तथा कुलपति श्रद्धानन्द जी को मृत्यु के कारणों की खोज करने की ओर श्रोताओं का ध्यान आकृष्ट किया। डा० गंगाराम जी कुलसचिव ने कहा कि इस पावन दिवस से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि इस त्याग और तप को जीवन का अंग बनायें। गुरुकुल की शिक्षा प्रेरणादायी है। आज वस्तुतः एक दिशा की आवश्यकता है जिससे हम और आगे बढ़ सकें। डा० रामनाथ जी वेदालंकार आचार्य गुरुकुल काँगड़ी ने श्रद्धेय श्रद्धानन्द जी के जीवन को तीन गुणों (श्रद्धा, दृढ़निश्चय और क्रिया-शीलता) से ओत प्रोत बताया। कुल के कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी ने स्वामी जी को—"वीर पुरुष, सुधारक व आत्मचिन्तक बताते हुए कहा कि हमें आत्मचिन्तन करके गुरुकुल के वर्तमान चित्र को अच्छा बनाना है। स्वामी जी का धार्मिक, राजनैतिक व सामाजिक तथा

आचार्यत्व आदि सभी का रूप प्रेरणादायी है। हम सबका यह कर्तव्य है कि स्वामी जी के द्वारा संस्थापित इस गुरुकुल का यश कभी मंद न होने देवें।" इस अवसर पर कुलपति जी ने अमर बलिदानी रामप्रसाद बिस्मिल, भगतसिंह, चन्द्रशेखर, अशफाक उल्ला तथा डा० रोशनसिंह आदि क्रान्तिकारी वीरों को भी स्मरण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। कुलगीत व शान्तिपाठ के पश्चात् सभा समाप्त हुई।

महाबली सुधाकर भीम

परम प्रसन्नता का विषय है कि गुरुकुल काँगड़ी के पुराने स्नातक तथा आलोक्य अध्यापक स्व०पं० प्रकाशचन्द्र के सुपुत्र जिनकी शिक्षा गुरुकुल में ही हुई महाबली श्री सुधार भीम पुनः अनेक वर्षों की चुप्पी के बाद अपने रोमांचकारी एवं बलकारी खेल दिखाने लगे हैं। श्री सुधाकर विपरीत दिशाओं में दौड़ती कारों को अपने बाहुबल से रोकने का अद्भुत प्रदर्शन करते हैं। साथ ही वजनी से वजनी पत्थर, छाती पर रखकर हथोड़ों से पिटवाते हैं। मोटी से मोटी जंजीर को तोड़ डालते हैं। मोटी चादर की थाली फाड़ डालते हैं। कई सूत मोटी लोहे की छड़ आँखों व गले तथा छाती से मोड़ डालते हैं। अपने इस महाबली युवक पर गुरुकुल को गर्व है। पढ़ते समय वे गुरुकुल में कुलीय-भीम या 'कलीयुगी-भीम के नाम से पुकारे जाते थे।

छात्र-कल्याणनिधि

ज्ञात हुआ है कि गुरुकुल में एक 'छात्र-भविष्यनिधि' की स्थापना की गई है इस निधि से गरीब एवं योग्य छात्र लाभान्वित हो सकेंगे। अकाउण्ट कण्ट्रोलर श्री एस० पी० बोहरा इसके अध्यक्ष हैं इस निधि में प्राध्यापक-गण प्रतिमास एक निश्चित धन-राशि देते रहेंगे। यह एक अच्छा कदम है।

पर्वतारोहण क्लब

प्रसन्नता का विषय है कि कुल में एक पर्वतारोहण क्लब की स्थापना की गई है। इस क्लब के द्वारा पर्वतों पर भ्रमणेच्छु छात्रों को नये रचनात्मक कार्यक्रमों से परिचित कराया जाएगा तथा निकट-भविष्य में पर्वतारोहण सम्बन्धी कार्य भी किया जाएगा। इस क्लब के चैयरमैन श्री राजेन्द्र प्रसाद सैनी प्रो० गणित विभाग तथा आश्रमाध्यक्ष 'राजेन्द्रप्रसाद छात्रावास बनाये गए हैं।

विशिष्ट भाषण

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान और दर्शन विभाग की ओर से २२-१२-७५ को लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान व दर्शन विभाग के भू० पू० अध्यक्ष डा० राजनारायण जी तथा राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के दर्शन-विभाग के अध्यक्ष प्रो० चांदमल जी के विशेष व्याख्यान हुये। प्रो० राजनारायण जी ने मनोविज्ञान में आधुनिक विचार धाराओं के सन्दर्भ में तत्कालीन नये सिद्धान्तों पर विस्तार से विद्वत्तापूर्ण चर्चा की। गुरुकुल की ओर से दोनों ही विद्वानों का हार्दिक धन्यवाद।

आर्यसमाज-स्थापना शताब्दी-समारोह

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली की ओर से आयोजित 'आर्यसमाज स्थापना शताब्दी समारोह' (२४ से २८ दिसंबर ७५) में सम्मिलित होने के लिये जहां देश और विदेश से हजारों आर्य पहुंचे, वहां आर्यसमाज की प्रमुख एवं शिरोमणि संस्था गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के ब्रह्मचारियों, कार्यकर्त्ताओं, अधिकारियों ने भी सोत्साह भाग लिया। तीन बसों के द्वारा २४ दिसम्बर प्रातः गुरुकुल से प्रस्थान कर छात्र व कुलवासी दिल्ली पहुंचे। विद्यालय विभाग के छात्रों ने स्काउट्स एण्ड गाइड्स तथा 'नैशनल केडेट कोर' के रूप में शताब्दी आयोजन एवं जलूस में भाग लिया। इसी प्रकार गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी की आर्यसमाज से भी कर्मचारियों का एक दल वैद्य सोमप्रकाश जी की अध्यक्षता में स्थान-स्थान पर गुंजायमान नारों द्वारा आर्यसमाज का प्रचार करता हुआ शताब्दी समारोह में भाग लेने पहुंचा। गुरुकुल फार्मेसी की दुकान पर चाय की खूब बहार रही, औषधियों की अच्छी बिक्री हुई। आर्यसमाज के विशाल और प्रबल संगठन की सभी राजनेताओं और समाचार-पत्रों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। २५ दिसम्बर को लगभग ५ लाख लोगों का एक विशाल जलूस दिल्ली के विभिन्न भागों में जय-निनाद करता हुआ, सायंकाल लगभग ६ बजे रामलीला मैदान में पहुंचा। जामा मस्जिद के इमाम अब्दुल्ला बुखारी ने शतायु आनन्द स्वामी जी को पुष्पाहार पहना कर गले लगाया। यह दृश्य बड़ा भावात्मक था। इसी प्रकार सनातन धर्म सभा, ईसाइयों, सिक्खों आदि ने जलूस का अभिनन्दन किया। आर्यसमाज के इस प्रबल संगठन ने सभी धर्माचार्यों के हृदयों को एक बार फिर से उद्वेलित कर दिया।

एक समारोह में खाद्यमन्त्री (भारत सरकार) ने आर्यसमाज से अपील की कि वह कांग्रेस के २० सूत्री कार्यक्रम को क्रियान्वित करने में सहयोग दे। विश्व धर्म सम्मेलन में राष्ट्रपति श्री फखरुद्दीन अली अहमद ने सभी धर्मों में 'मेल-मिलाप' की भावना को उजागर किया।

२६ दिसम्बर को वेद सम्मेलन के एक विशेष समारोह में ११ वैदिक विद्वानों को ५०१ रु० तथा शाल व वैदिक साहित्य भेंट कर अभिनन्दित किया गया। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को यह गौरव है कि उसके पुराने सुयोग्य एवं वेदों के उद्भट विद्वान् तथा अनेक भाषाओं के ज्ञाता भूतपूर्व पत्रिका संपादक श्री पं० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड, भूतपूर्व कुलपति श्री प्रो० सत्यव्रत जी सिद्धान्तालंकार एवं गुरुकुल के ही अन्य स्नातक श्री पं० हरिशरणजी सिद्धान्तालंकार को सादर अभिनन्दित किया गया। श्री स्वामी ब्रह्ममुनि जी विद्यामार्तण्ड को भी सम्मानित किया गया। श्री स्वामी जी का भी गुरुकुल से पुराना सम्बन्ध है। इस प्रकार कुल अपने स्नातकों एवं शुभ-चिन्तकों को अभिनन्दित देखकर स्वयं ही अभिनन्दित है। वेदों के ये विद्वान् शतायु हों, चिरायु हों। प्रभु से यही प्रार्थना है। किन्तु खेद है कि इस पुनीत अवसर पर गुरुकुल के कुछ और वेदों के विद्वान् सम्मानित न हो सके।

आर्यसमाज स्थापना शताब्दी समारोह

अन्तर्गत

११ सूत्री आचरण-संहिता की घोषणा

२६ दिसम्बर, दयानन्द नगर नई दिल्ली

आर्यसमाज स्थापना शताब्दी वर्ष में आज सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा ने आर्य जनता के लिये एक ११ सूत्री आचरण संहिता की घोषणा की है। कहा गया है कि यदि आर्य जनता को नये भविष्य की ओर पग उठाना है तो आर्य जनता का इस आचरण-संहिता को अमल में लाना आवश्यक है--

आचरण संहिता

१ समाज भ्रष्टाचार, चरित्र-हीनता से मुक्त हो, इसके लिये यह आवश्यक है कि किसी भी आर्य समाज का कोई अधिकारी ऐसा न बने जिस पर भ्रष्टाचार और चरित्र हीनता के आरोप हों।

२ समस्त आर्य समाजें आर्य कुमार सभाओं, आर्य वीर दलों व वीरांगना दलों का गठन करें।

३ प्रत्येक आर्य समाज यह ध्यान रक्खे कि हर भावी कार्यक्रम जन-कल्याणकारी और जन-सेवा की भावना से बने।

४ प्रतिनिधि सभाओं के संगठन में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाये।

५ दहेज-प्रथा को समाज से निकालने के लिये हर आर्य समाजी यह व्रत ले कि वह ऐसे विवाह में सम्मिलित नहीं होगा जिसमें दहेज लिया जाये या दिया जाये।

६ विवाह आर्य समाज मन्दिरों में ही अधिक से अधिक कराये जायें।

७ किसी भी बारात में २५ से अधिक बाराती न हों। शादी के अवसर पर सजावट, आतिशबाजी व रोशनी आदि पर फिजूल खर्ची न हो।

८ हर आर्य समाजी भंगड़ा नाच व किसी प्रकार के प्रदर्शनों आदि से दूर रहेगा और जाति सूचक चिन्ह का प्रयोग न करेगा।

९ नाम के साथ यदि लिखना है तो केवल 'आर्य' ही लिखेगा।

१० बच्चों के संस्कार अनिवार्य रूप से कराये जायेंगे।

११ धार्मिक व अन्य विशेष उत्सव पर हरिजन भाइयों को आमन्त्रित कर सहभोज का आयोजन किया जाये।

गुरुकुल की एक झांकी

(ब्रह्मचारी) गङ्गा तट पर पहुंच कर हाथ मुंह धोते और साफ करते थे। उसके पश्चात् या तो रेत में कबड्डी खेलते थे और दण्ड-बैठक करते थे अथवा वर्षा ऋतु होने पर अखाड़े में कुश्ती लड़ते थे। व्यायाम हमारी दिनचर्या का मुख्य अंग होता था। दो-दो सौ दंड बैठक निकालना साधारण बात थी। व्यायाम का कार्यक्रम लगभग एक घण्टा तक चलता था।

इस कार्यक्रम में विशेष रुचि का यह भी कारण था कि अधिष्ठाता लोग स्वयं भी व्यायाम में पूरा हिस्सा लेते थे। आचार्य गङ्गादत्त जी तो व्यायाम के बहुत ही पक्षपाती थे और किसी काम से छुट्टी मिल सकती थी परन्तु उनके प्रबन्ध में व्यायाम से छुटकारा पाना कठिन था। वह व्यायाम के सम्बन्ध में प्रायः निम्नलिखित श्लोक कहा करते थे।

व्यायामक्षुण्णगात्रस्य पदभ्यामभ्यर्दितस्य च, याधयो नोपसर्पन्ति, पन्नगारेरिवोरगाः।

जिस मनुष्य का शरीर व्यायाम से थकाया गया है और जिसे पैरों के नीचे मसला गया है। उसके पास रोग इस प्रकार नहीं आते जिस प्रकार गरुड़ के पास सर्प नहीं आते।

वह स्वयं अपने लिये इसी सिद्धान्त का पालन करते थे। बीमारी में भी, और वे उन दिनों बहुत कम बीमार होते थे, कुछ न कुछ व्यायाम किया करते थे। हम लोग भी बुखार या अपच जैसे साधारण रोगों में व्यायाम से मुक्त नहीं किये जाते थे। कुश्ती न सही दण्ड बैठक ही सही। वह भी न हो सके तो कबड्डी ही सही, व्यायाम से पूरी छुट्टी मिलना असम्भव था।

स्वामी श्रद्धानन्द जी की वसीयत

१ मैं आर्यसमाज का इतिहास लिखना चाहता था। लिख न सका। इन्द्र उसे लिखकर पूरा करदे।

२ 'तेज' और 'अर्जुन' पत्र मेरी भावना के अनुसार चलते रहें।

३ गुरुकुल की रक्षा की जाए।

संकलन कर्ता—गिरीश सुन्दरियाल

मेरे पिता : संस्मरण नामक पुस्तक से साभार (ले० इन्द्र विद्यावाचस्पति)।

छात्राश्रम की गतिविधियां

कुलपति श्री बालभद्रकुमार जी ने छात्रावासों या आश्रमों में अनुशासन बनाये रखने यथा छात्रों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबन्ध किये हैं। राजेन्द्रप्रसाद छात्रावास, टेकचन्द नागिया आश्रम, तथा विज्ञान धन्वन्तरि आश्रम–इन तीनों के लिए मुख्य आश्रमाध्यक्ष (चीफ वार्डन) के पद पर डाक्टर श्री क्रान्तिकृष्ण आयुर्वेदालंकार एम. ए. की नियुक्ति की है। फिर अलग-अलग छात्रावासों या आश्रमों के लिए अलग अलग वार्डन (अधिष्ठाता) नियुक्त किये हैं। जसे टेकचण्द नागिया आश्रम के लिए डाक्टर श्री जसवीरसिंह जी, राजेन्द्र छात्रावास के लिए श्री राजेन्द्रप्रसाद सैनी जी को अधिष्ठाता याने वार्डन नियुक्त किया गया है जो आश्रम या छात्रावास में ही निवास करेंगे और रात्रि में छात्रावास में ही सोया करेंगे और छात्रों के लिए भोजनालय का प्रबन्ध किया करेंगे। छात्रावासों में छात्रों ने सहकारी भोजनालय–'कोपरेटिव मेस' की व्यवस्था कर ली है। डा० क्रान्तिकृष्ण जी के 'मुख्य-आश्रमाध्यक्ष' होने के कारण छात्रों को सुरक्षा तथा शान्ति अनुभव होने लगी है। छात्र अपनी शक्ति का उपयोग गुरूकुल की उन्नति के लिए, और अपने चरित्र निर्माण के लिए करने लगे हैं। प्रातःकाल दैनिक सन्ध्या हवन भी टे० ना० आश्रम तथा राजेन्द्रप्रसाद आश्रम में छात्रों ने करना आरम्भ कर दिया है। सन्ध्या हवन में वार्डन तथा चीफ वार्डन भी सम्मिलित होते हैं। साथ में दो-दो प्रोफेसर भी सन्ध्या हवन में सम्मिलित होते हैं। सायंकालीन क्रीड़ाओं का आयोजन 'स्पोर्ट्स इन्चार्जों ने कराना शुरू कर दिया है। प्रतिदिन सायं क्रीडाओं के समय उपस्थित रह कर क्रीड़ा कराना स्पोर्ट्स इन्चार्जों" के लिए आवश्यक कर दिया है। प्रतिदिन सायं क्रीड़ायें कराने का उत्तर दायित्व तथा कर्तव्य 'स्पोर्ट्स इन्चार्जों" का हो गया है। चरित्र के विकास के लिए दैनिक नियमित क्रीड़ाओं का होना आवश्यक समझा गया है। क्रीड़ाओं से मानसिक प्रसन्नता तथा शारीरिक स्वस्थता तो पैदा होती ही है। छात्रावास या आश्रम में स्वस्थ गतिविधियाँ या स्वच्छ वातावरण विकसित करने की दिशा में डाक्टर श्री क्रान्तिकृष्ण जी (चीफ वार्डन) अन्य वार्डनों (अधिष्ठाताओं) के सहयोग से निरन्तर प्रयत्न कर रहे हैं। छात्रावासों में स्वच्छ तथा शान्ति का वातावरण पैदा होने से सारे गुरुकुल में भी शान्ति का वातावरण पैदा हुआ है। प्रिन्सिपलों ने भी छात्रावासों में जाकर निरीक्षण करना और छात्रों की समस्याओं का निराकरण करना शुरु कर दिया है।

विश्व दर्शन अधिवेशन

२८ दिसम्बर ७५ से ३ जनवरी ७६ तक इंडियन फिलासफीकल कांग्रेस का ५०वां वार्षिक अधिवेशन (स्वर्ण जयन्ती) विश्व दर्शन सम्मेलन के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें भारत एवं विश्व भर के विश्वविद्यालयों के लगभग एक हजार दार्शनिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा विभिन्न दार्शनिक विषयों पर शोध-पत्र पढ़े गये और उन पर दार्शनिक परिचर्चाएं हुईं। गुरूकुल विश्वविद्यालय दर्शन विभाग के निम्नलिखित सभी प्राध्यापकों ने अधिवेशन की विभिन्न परिचर्चाओं में भाग लिया। डा० अभेदानन्द प्रो० जयदेव प्रो० ओंकारानन्द प्रो० ओम्प्रकाश

उपरोक्त प्रतिनिधियों के साथ-साथ दर्शन विभाग एम० ए० के छात्रों ने भी इस अधिवेशन में सक्रिय भाग लिया।

गुरुकुल डायरी दिसम्बर १९७५

१ संरक्षक सभा सीनेट-हाल।

३ डा० राजेन्द्र प्रसाद जन्म दिवस समारोह।

८ आर्यसमाज में गुरुतेग बहादुर शहीद दिवस।

९ विद्यालय मे आचार्य रामदेव दिवस।

१० इतिहास विभाग की शिक्षा समिति की बैठक (बोर्ड ऑफ स्टडीज़)

११ सीनेट हाल नें परिवार-प्रमुखों की बैठक।

१५ हिन्दी-विभाग की शिक्षा समिति की बैठक।

१७ ब्री·एच.ई·एन· से गुरुकुल का क्रिकेट मैच-अनिर्णीत (ड्रा)।

१९ (क) दिसम्बर परिवार की बैठक।

(ख) एन. सी· सी· कर्नल तथा कुलपति की वार्ता।

२० कुलपति, आचार्य, कंट्रोलर तथा सहायक मुख्याधिष्ठाता आदि का मेरठ विश्वविद्यालय के संस्कृत सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूड़की प्रस्थान, सम्मेलन में कुलपति का भाषण।

२१ (क) समस्त परिवारों की रस्सा-कसी प्रेमचन्द्र परिवार प्रथम, अरविन्द परिवार द्वितीय।

(ख) आचार्य डा० रामनाथ, डा० निगम शर्मा, प्रो० बुद्धदेव शर्मा, प्रो० वेदप्रकाश, प्रो० भारत भूषण का मेरठ विश्वविद्यालय के संस्कृत सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूड़की प्रस्थान, आचार्य जी तथा अन्य गये प्राध्यापकों का भाषण।

(ग) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल के आर्यसमाज में कुलपति का अभिनन्दन।

२२ (क) मनोविज्ञान, दर्शन तथा गणित विभाग की शिक्षा समितियों की बैठक।

(ख) कुलपति द्वारा कृषि-फार्म का निरीक्षण।

२३ (क) राजेन्द्र-छात्रावास में प्रातः कालीन यज्ञ में कुलपति एवं उप कुलपति शामिल।

(ख) प्रातःकाल श्रद्धानन्द द्वार से केन्द्रीय-कार्यालय तक जलूस, ध्वजारोहण, कुलगीत एवं कुलपति जी द्वारा उद्बोधन।

(ग) श्रद्धानन्दाबलिदान दिवस समारोह।

(घ) कुलपति तथा कंटोलर का दिल्ली गमन।

२४ (क) आर्यसमाज शताब्दी में सम्मिलित होने के लिए गुरुकुल-छात्रों, कर्मचारियों एवं अध्यापकों का दिल्ली गमन।

(ख) प्रो० रामाश्रय मिश्र का भारतीय हिन्दी परिषद् से सम्मिलित होने के लिए कालीकट प्रस्थान।

२८ भारतीय दर्शन परिषद में सम्मिलित होने के लिए डा० अभेदानन्द, का अपने विभागीय तीनों प्रध्यापकों के साथ दिल्ली प्रस्थान।

३१ (क) जनवरी परिवार की बैठक।

(ख) वेद मन्दिर में समस्त परिवार-प्रमुखों की बैटक।

प्रस्तुतकर्त्ता
रामाश्रय मिश्र
जस सम्पर्क अधिकारी
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

---:○:---

76018

आवश्यक निवेदन

पत्रिका के मूल्य तथा वार्षिक शुल्क में वृद्धि

गुरुकुल-पत्रिका के ग्राहकों तथा पाठकों को सखेद सूचित किया जाता है कि कागज के मूल्य में आशातीत वृद्धि हो जाने के कारण बाध्य होकर हमें पत्रिका के मूल्य तथा वार्षिक शुल्क में अक्टूबर १९७४ से वृद्धि करनी पड़ रही है। वस्तुतः कागज के मूल्य-वृद्धि की तुलना में यह वृद्धि नगण्य है।

परिवर्तित मूल्य

एक प्रति	—	—	६० पैसे
वार्षिक (देश में)	—	—	६-०० रुपये
वार्षिक (विदेश में)	—	—	१०-०० ,,

आशा है ग्राहक व पाठक परिस्थितिवश मूल्य-वृद्धि को उचित समझेंगे तथा अपना सहयोग बनाये रखेंगे, धन्यवाद।

—सम्पादक तथाप्रकाशक

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालंकार।

प्रकाशक : डा० गंगाराम, कुलसचिव : गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय।

मुद्रक : सुरेशचन्द्र वैष्णव, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिन्टिंग प्रेस, हरिद्वार।

गुरुकुल-पत्रिका

लाजपतराय-अंक



मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश राज के लिये कफन का कार्य करेगी —ला० लाजपतराय

जनवरी १९७६ माघ २०३

विषय-सूची

सं०	विषयः	लेखकाः	पृष्ठाङ्काः
१	श्रुति-सुधा		४६३
२	श्रीसुभाषचन्द्रः !	विद्याभूषणः श्रीगणेशरामशर्मा	४६४
३	वैदिक-साहित्य-सौदामिनी	श्री वागीश्वरो विद्यालंकारः	४६५
४	आर्यकवीन्द्रमेधाव्रताचार्यस्य हेमन्ततोश्चित्रणम्	श्री योगेन्द्रः पुरुषार्थी	४७१
५	प्रशस्तिः (महाकविशतकात्)	श्री कवीशरामकैलाशपाण्डेयः	४७३
६	मन का मीत	श्री भानुदत्त शास्त्री 'मधुरेश'	४७४
७	महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन	श्री जयदेव वेदालंकार	४७५
८	आज यह कैसा अभिनन्दन है	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	४७६
९	यह देखो ताज विशाल खड़ा	,, ,,	४८०
१०	पञ्जाब केसरी लाला लाजपतराय	श्री रामप्रसाद	४८१
११	एकता	श्री विष्णुदेवप्रसाद विद्यालंकार (अन्तिम वर्ष)	४८६
१२	शिक्षण संस्थाओं का दिग्दर्शन	श्री डा० गंगाराम	४८७
१३	उरहार	श्री भानुदत्त शास्त्री 'मधुरेश'	४९०
१४	नरेन्द्र से युग पुरुष स्वामी विवेकानन्द	श्री नरेश मिश्र	४९१
१५	महान नेता सुभाषचन्द्र बोस–विदेश में	ब्र० सुभाषचन्द	४९४
१६	आचार्य सम्मेलन वर्धा–आचार्यों का अनुशासन	संकलनकर्ता श्री गिरीश सुन्दरियाल	४९६
१७	सूर्य वन्दना	श्री भानुदत्त त्रिपाठी 'मधुरेश'	४९७
१८	सुभाष का अन्तर्द्वन्द्व–सुभाष का बाबू रुदन		४९८
१९	सम्पादकीय-टिप्पण्यः	श्री भगवद्दत्त वेदालंकार	४९९
२०	साहित्य-समीक्षा	,, ,,	५००
२१	पञ्जाबकेसरी लाला लाजपतरायः	श्री आचार्य धर्मदेवो विद्यामार्तण्डः	५००
२२	गुरुकुल की यज्ञस्थली से	श्री बलभद्र कुमार कुलपति	५०१
२३	गुरुकुल-समाचार	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	५०३
२४	गुरुकुल डायरी	श्री रामाश्रय मिश्र जन सम्पर्क अधिकारी	५१७

--गुरुकुल पत्रिका का वार्षिक मूल्य--

देश में ८ रुपये — विदेश में १२ रुपये

प्रधान सम्पादक--भगवद्दत्त वेदालंकार

सम्पादक मण्डल--डा० क्रान्तिकृष्ण, प्रो० रामाश्रय मिश्र, प्रो० वेद प्रकाश, पं० महावीर 'नीर'

छात्र सम्पादक-- ब्र० बलवीरसिंह, ब्र० सत्यवीरसिंह

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुलकांगड़ीविश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

माघ : २०३२, जनवरी १९७६, वर्षम्-२८, अङ्कः ३, पूर्णाङ्कः ३२४

श्रुति सुधा

ऋ० ९ मं०, ११३ सूक्त.

पवमान सोम

पवमान पवित्र हुआ सोम रस–(भौतिक क्षेत्र)

उपासक के हृदय में पवमान–शान्त प्रवाह रूप में सोमरूप परमात्मा (आध्यात्मिक क्षेत्र)

पर्जन्यवृद्धं महिषं तं सूर्यस्य दुहिता भरत् ।

तं गन्धर्वाः प्रत्यगृभ्णम् तं सोमे रसमादधुरिन्द्राय.....॥३॥

(तं महिषं) उस महान् (पर्जन्यवृद्धं) मेघतुल्य प्रवृद्ध हुए सोम को (सूर्यस्य दुहिता) सूर्य की दुहिता अर्थात् श्रद्धा ने (आभरत्) धारण कर लिया (तं) उस सोम को (गन्धर्वाः प्रत्यगृभ्णन्) गन्धर्वों–इन्द्रियादि अन्तःकरण ने ग्रहण कर लिया (तं रसं सोमे आदधुः) उस सोमरस को सोमरूपी मस्तिष्क में धारण कर दिया ।

१ महिषो महन्नाम । निघ· ३।३

२ श्रद्धा वै सूर्यस्य दुहिता । शत· १२।७।३।११

३ मनो गन्धर्वः । शत· ९।४।१।१२

४ सोमो राजामस्तिष्को० । अथर्व ९।७।२

गां धरति इति गन्धर्वः=इन्द्रिय आदि के केन्द्र (सप्तद्वारावकीर्णां न वाचमनृतां वदेत् ।) मनुस्मृति

श्रीसुभाषचन्द्रः !

विद्याभूषणः श्रीगणेशरामशर्मा डूंगरपुरम् (राजस्थानम्)

श्रीकीर्तिध्वज इव राष्ट्रसंस्कृतेर्यो,
विद्वान् भारतगगनाङ्गणे विरेजे ।
श्रद्धेयो मतिमहतां सतां वरेण्यो,
धन्योऽसौ जयतितमां सुभाषचन्द्रः ॥१॥

यस्यान्तर्हृदि सततं स्वदेशभक्ते-
र्भावैः संचरति स्म राष्ट्रधर्मधारा ॥
धीमान् सद्धृतिगुणशालिनां धुरीणो,
भास्वद्भारतकुलनन्दनस्सुभाषः ॥२॥

यो देशोद्धृतिपुरुषार्थसिद्धिसाध्ये,
स्वाधीनां व्यवहरतिस्म राजनीतिम् ॥
क्रान्तिं तामिह जनयञ्जनेष्वदम्यां
दुर्द्धर्षो जगति ययोज्ज्वलं दिदीपे ॥३॥

यश्चोग्रैर्भुवि रणताण्डवप्रकाण्डै-
रुत्कर्षैरिह च रराज शूरवीरः ॥
शत्रूणां समदमखर्वगर्वभेत्ता
नेता जित्वरबलसक्षमः सुभाषः ॥४॥

या भीष्मे हनुमति रामकृष्णयोर्या
द्रोणे भार्गवमुनिपुङ्गवे च पार्थे ।
विस्फूर्ज्जद्बलनयनैपुणी जयश्रीः,
सा वीरात्मनि ददृशे सुभाषचन्द्रे ॥५॥

सर्वस्वार्पणकृतधीस्तृणाय मेने,
यः प्राणानपि च हुतात्मनां शरण्यः ।
प्रेष्ठो भारतजननीकुलप्रदीपो
निष्ठावाञ्जयति महामनाः सुभाषः ॥६॥

यो वैज्ञानिकबलजास्त्रशस्त्रयन्त्रै-
र्विध्वंसं व्रजति समस्तराष्ट्रसङ्घे ।
धीरो भारतविजयस्य वैजयन्तीं
स्फारं प्रास्फुरयदसौ सुभाषचन्द्रः ॥७॥

यः सत्यानृतमयकूटनीतिविद्यां
जानन्दुर्जनदमनीं कुशाग्रबुद्धिः ॥
अन्ताराष्ट्रियकितवाधिनायकानां
मायाकौशलमभित्सुभाषचन्द्रः ॥८॥

दस्यूनां परिषदि यो हि मातृभूमेः
सम्माने वत विमनायितेऽग्रदर्शी ।
तेजस्वी व्यरचयदेव वामपक्षं,
प्रायाद्दिग्विजयपथे सुभाषचन्द्रः ॥९॥

नष्टायामहह ! हितात्मचेतनायां
निर्भीको भुवि विचचार जागरूकः ।
पर्यन्ते प्रबलतरां चमूं चकल्पे
योद्धा संघटनपटुः सुभाषचन्द्रः ॥१०॥

जीवन् वा सुभटगतिं गतो द्युलोकं
दीर्घायुः ष्वयमपरोऽष्टमो महात्मा ।
आकल्पं कविकुलकीर्तनीयकीर्ति-
श्चारित्र्याद्ध्रुवमजरामरः सुभाषः ॥११॥

—०:०—

वैदिक-साहित्य-सौदामिनी

श्री वागीश्वरो विद्यालंकारः साहित्याचार्यः

इह द्वितीयं जीवतीति पदं सर्वैः श्लाघ्यमानो जीवतीति श्लाघनीयताविशिष्टजीवनानुकूल-व्यापारवद्रूपे स्वकीय एव अर्थान्तरे संक्रान्तम्। प्रथमं जीवति' पदं तु 'जीव प्राणधारणे' इति धातोः शतृ प्रत्यये सप्तम्येकवचने रूपम्। इह वैधर्म्यमूलको दृष्टान्ताऽलंकारः। तल्लक्षणम्-दृष्टान्तस्तु सधर्मस्य वस्तुनः प्रतिबिम्बनम्। साहित्य द०, परि० १०, कारि. ५०। अत्र विभिन्नयोः उपमानोपमेयवाक्ययो भिन्नावेव धर्मौ बिम्बप्रतिबिम्बभावेन निर्दिष्टौ। न चेयं प्रतिवस्तूपमा तत्र उपमानोपमेयवाक्ययो र्वस्तुत एकोऽपि धर्मः कथितपदत्वदोषपरिजिहीर्षया विभिन्नशब्दैरभिधीयते। इह तु प्राणधारणस्य उदरभरणस्य च नैक्यम्। नाऽप्यर्थान्तरन्यासः तत्र सामान्यं विशेषेण विशेषो वा सामान्येन समर्थ्यते। न चात्र समर्थनमेकस्याऽवरेण किन्तु केवलं बिम्बप्रतिबिम्बभाव एव। बिम्बं शरीरम्, प्रतिबिम्बं दर्पणादौ तस्यच्छाया। तयोर्भावः बिम्बप्रतिबिम्बत्वम्।

यथा वा मम--

उपकुर्वन्ति येनाऽन्यान् धनिनां तद्धनं धनम्।
निधनं तत्तु नाशाय यत् परस्यात्मनस्तथा॥

इह द्वितीयं धनपदं वित्तरूपे स्वकीये सामान्येऽर्थे पुनरुक्तमतोऽनुपपन्नं सत् सफलधनरूपे स्वकीयविशिष्टार्थे संक्रान्तम्। किंच-यद्धनं धनिनः परेषां वा निधनाय नाशाय तन्न धनं किन्तु निधनं मरणमेवेति "प्रकृतं प्रतिषिध्यान्यस्थापनं स्यादपह्नुतिः" इत्युक्त स्वरूपाऽपह्नुतिः। सा च मरणहेतोर्मरणेन अभेदप्रतिपादनात् हेत्वलङ्कारः। अभेदेनाऽभिधा हेतोर्हेतु हेतुमता सह॥ सा. द. परि० १०। कारि. तेन अपह्नुतिहेत्वलङ्कारयोरङ्गाङ्गिभाव सङ्करः॥

अपि च--

स्वच्छन्दाः परितो भ्रमन्तु विपिने सिंहाः कुरङ्गाशनाः
पुंसां रक्तपिपासवो जनपदे नाम्नैव सिंहाश्च ये।
कस्माच्चिन्न मनागपि स्पृशति यच्चित्तं कदाचिद् भयं
भो जानीत जना यदस्मि स दयानन्दः परिव्राडहम्॥

इदं पद्यं मम॥

इह श्री दयानन्दे वक्तरि स्वोपस्थित्या वक्तृत्वेनैव च लभ्ये दयानन्दपदं महर्षे निर्भयताविशिष्टे स्वीय एवाऽर्थान्तरे संक्रान्तम्।

तथा--

तद् ब्रूहि वचनं देवि राज्ञो यदभिकांक्षितम्।
करिष्ये प्रतिजाने च रामो द्विर्नाभि भाषते॥

वाल्मीकिरामायणेऽयोध्याकाण्डेऽष्टादशसर्गे ३० शः श्लोकः॥

अत्रापि श्री रामे स्वोपस्थित्यैव वक्तृत्वेन च लभ्ये पुना राम इति पदमनुपयुक्तं सत् तस्य पितृभक्तिसत्यप्रतिज्ञत्वदुःसाध्यतमकार्यसाधकत्वादिगुणविशिष्टे स्वकीय एवाऽर्थान्तरे संक्रान्तम्। श्री काव्यप्रकाशकारा स्तु--

यस्य मित्राणि मित्राणि, शत्रवः शत्रवस्तथा।
अनुकम्प्योऽनुकम्प्यश्च स जातः स च जीवति॥

का० प्र० उल्ला० ४।

पद्यमिदमर्थान्तरसंक्रान्तध्वनेः पदगतत्वेनोदाजहार । तथाहि–"अत्र द्वितीयमित्रादि शब्दाः पुनरुक्तत्वादनुपयुक्ता अतएव अविवक्षितवाच्याः सन्तः आश्वस्तत्व-नियन्त्रणीयत्व-स्नेहपात्रत्वे संक्रमित वाच्याः । . . . तेन नायकस्योचितव्यवहारित्वादिकं व्यङ्ग्यम् उपादानलक्षणायाः फलमिति ।" तदेतमुद्योते–अत्राऽर्थान्तर-संक्रमित वाच्यैर्मित्रादिशब्दैराश्वस्तत्वादेर्याविज्जीवस्थायित्वरूपतदतिशयव्यञ्जनद्वारा नायकदृढप्रकृतित्वं व्यङ्ग्यम् । अत्र त्रयाणामपि (उप) वाक्यार्थानां (यस्य मित्राणि विश्वसनीयानि सन्ति, यस्य शत्रवो दमनार्हाः यस्य अनुकम्प्याः कृपार्हाश्चेति) रूपाणाम्, प्रत्येकविश्रान्तत्वेन नैकवाक्यता "त्वामस्मि वच्मि विदुषाम्" इत्यत्रवत् । तेन तत्तद्वाक्यगतस्य एकैकपदस्यैव (मित्राणीत्यादिकस्य) व्यंजकता नतु समग्रस्य वाक्यस्येति पदप्रकाश्योऽयं ध्वनिः । उक्तं च विवरणे–अत्र हि मित्रादि प्रत्येकमेव पदं लक्षकं सत् नायकस्योचितव्यवहारित्वादिकं प्रकाशयतीति यथोक्तोदाहरणत्वमिति । त्वामस्मि वच्मीत्यादौ तु व्यङ्ग्याऽर्थस्योपस्थितिः एक वाक्यस्थैः सर्वैरेव पदैरिति ध्वने वाक्य प्रकाश्यत्वमिति ।"

अस्माकं मते तु–यस्य शत्रवः शत्रव एव न तु मित्रत्वशत्रुत्वयोर्मध्ये कस्मिंश्चिदनिश्चितेऽन्तरालेऽवलम्बमानाः कदाचित् मित्रत्वाभिलाषका अपि क्षणादूर्ध्वं प्रत्यक्ष प्रतिपक्षाः । इत्यनिर्दिष्टस्वरूपाः। यथाऽस्माकं प्रतिवेशिनः पाकिस्ताननेतारः । परत्र भारतीयनेतारोऽपि कदाचित् - पाकिस्तानस्य निर्माणमेव परस्परघृणां विद्वेषमविश्वासं चाधारीकृत्यैव अजायत इत्युद्घोषयन्तोऽपि शान्तिसद्भावमृगतृष्णाऽऽकुलाः कदाचिच्छिमलायोजनाम् अन्येद्युरिन्द्रप्रस्थवार्तामिस्लामाबादसम्मेलनादिकं योजयन्तः क्षणे प्रसीदन्तः क्षणे विषीदन्तः स्वराजनीतिपाटवं प्रकटयन्ति । अत एवोच्यते––

ध्वस्तं कीटपतङ्गवद्रिपुबलं, शेषं च वन्दीकृतम् ।
पञ्चक्रोश सहस्र सम्मित महीभागो बलान्निर्जितः
टैङ्का जङ्गमदुर्गदुर्गमदृढा नीता क्षयं लीलया
शान्त्याशा मृगतृष्णया युधि जितं वार्तासु भूयोऽपितम्
।। इदं पद्यं मम ।

भगवद्गीतामधीतवतोऽप्यस्मान् स एवार्जुनविषादयोगो नाद्यापि मुञ्चतीति चित्रम् । अयं पदगतोऽर्थान्तरसंक्रान्तो ध्वनिर्वेदेऽपि––

अहमिन्द्रो न पराजिग्य इद्धनं
न मृत्यवेऽवतस्थे कदाचन ।
सोममिन्मा सुन्वन्तो याचता वसु,
न मे पूरवः सख्ये रिषाथन ।।
ऋ. १०।४८।५।।

देवता-इन्द्रः । ऋषिः-वैकुण्ठः । छन्दः-जगती । अहमिन्द्र इति–इह वक्तरि इन्द्रे स्वोपस्थित्यैव लभ्ये पुनरपि अहमिन्द्र इति पदं तस्याऽलोकसामान्यमैश्वर्यम् तेजस्वित्वम् आत्मविश्वासादिकं च लक्षयति, तस्मिन्नेतेषां गुणानामतिशयप्रकाशनं च फलम् । "इन्द्रः-इरां दृणातीति वा, इरां ददातीति वा, . . . इन्धे भूतानीति वा । तदयदेनं प्राणैः समैन्धँस्तदिन्द्रस्येन्द्रत्वमिति विज्ञायते । . . . इन्दते वैश्वर्यकर्मणः । इन्दन् छत्रूणां दारयिता वा द्रावयिता वा ।आदरयिता च यज्वनाम् । इति (निरुक्ते-अ० १०।पा०१।) श्रीयास्कः । "इरा भूवावसुराऽम्बुषु ।" इति मेदिनी । इन्द्रः आत्मा (पुरुषः) आत्माऽहमस्मीति तत्त्ववित् । अथवा इन्द्रः नृपः । इन्द्रः परमात्मा वा । "इन्द्रः शक्रेऽन्तरात्मनि । आदित्ये योगभेदे चेति" श्री हेमचन्द्रा अनेकार्थसंग्रहे । 'इन्द्रियमिन्द्रलिङ्गमिन्द्रदृष्टमिन्द्रजुष्टमिन्द्रदत्तमिति वा ।" (पाणि. ५।२।९३) । 'इन्द्र आत्मा तस्य लिङ्गमिन्द्रियम् । करणेन कर्तुरनुमानात्," इति तत्सूत्रव्याख्यायां सिद्धान्त-

कौमुद्यां दीक्षिताः । यतोऽहमिन्द्रः, अतः कस्माच्चिन्न पराजिग्ये पराजयमनुभवामि । मम इद्धनम् सर्वमैश्वर्यं ममैव । इत् पदमेवार्थे निपातः । अहं कदाचन मृत्यवे नावतस्थे मृत्योर्ग्रासो न भवामि । सुशासकः आत्मज्ञानी वा मरणस्य शरीरधर्मत्वात् कदाचित्प्रकृतिभावमापन्नोऽपि यश.शरीरेण जीवत्येव । सोमं सुन्वन्तः यूयं मामेव वसु याचत । इह सोमसवनं सर्वेषां लोकाभ्युदयिकसत्कर्मणामुपलक्षकम् । पूरवो मानुषा इति निघण्टौ मनुष्यनामसु पठितम् । मम सख्ये वर्तमाना यूयं न रिषाथन न विनङ्क्ष्यथ । रिष हिंसायामिति धातोर्लोटि तप्त नप्तनथनाश्च (पाणि ७।१।५५) इति सूत्रेण तस्य स्थाने थनादेशे रूपम् । इह एकमेव इन्द्र पदं तत्तद्गुणातिशयविशिष्टव्यक्तिरूपे स्वीय एवार्थान्तरे संक्रान्तम् । किंच-यतोऽह 'मिन्द्रः' इत्येकस्य पदस्यैवार्थेन शेषमन्त्रस्थानां- न पराजिग्ये, न मृत्यवेऽवतस्थे, मम सख्ये न रिषाथनेति वाक्यानां सोपपत्तिकीकरणात् काव्यलिङ्गमलङ्कारः । इन्द्रव्यतिरिक्तस्य यस्य कस्यचिन्मानवस्य पराजयाऽभावादिकमनुपपन्नम् । हेतोर्वाक्यपदार्थत्वे काव्यलिंगमुदीरितम् । सा·द., परि० १०।कारि.।

अथ स एव लक्षणामूलकोऽर्थान्तरसंक्रान्तो ध्वनि र्वाक्यगतः--

क्रियाकारकरूपाणां बहूनां तु तदुद्भवे
निमित्तत्वं पदानां चेद् ध्वनिर्वाक्यगतो मतः ॥
चूड़ामणिः शिरस्येव कर्णयोरेव कुण्डले
शोभते हृदये हारो मध्ये काञ्ची च कांञ्चनी ॥
प्रकृतिप्रत्यया एवमुपसर्गा व्यवस्थिताः
पदां शाश्च निपाताश्च ध्वनन्ति विविधान् ध्वनीन् ॥

यथा काव्यप्रकाशे–

त्वामस्मि वच्मि विदुषां समावायोऽत्र तिष्ठति ।
आत्मीयां मतिमास्थाय स्थितिमत्र विधेहि तत् ॥
चतुर्थोल्लासे ।

अत्र संबोध्यस्य पुत्रस्य शिष्यादेर्वा स्वोपस्थित्यैव लभ्यत्वे त्वामिति वचनं तस्योपदेश्यत्वे अस्मि (अहम्) इति पदं-तवाऽहमत्यन्तहिताभिलाषीतिरूपे वच्मीति क्रियापदमुपदिशामीति रूपे, विदुषां समवाय इति पदयुगलं तेषामुपदेशस्तव नितरां हितकरइतिरूपे आत्मीयां मतिमास्थायेति पदकदम्बकं नितरां सावधानो भूत्वेति रूपे स्वकीय एवाऽर्थान्तरे संक्रान्तम् । अस्मीति पदम् अहमित्यर्थको तिङन्तप्रतिरूपको निपातः ।

यथा वा--

रे श्रद्धाजड जीव जीव, वचनं पथ्यं मदीयं श्रुणु
जीवन्तं मनुजं क्वचिद् घटयितुं देवं मतिं मा कृथाः ।
तुच्छा ते क्षमता, मतिः परिमिता, तादृक् प्रयत्ने कृते
देवो नैव स दानवो हि भविता त्वामेव योऽन्तेऽत्स्यति।

पद्यमिदं मम ।

रे श्रद्धाजड जीव–रे श्रद्धान्धविवेकविकल प्राणिन् जीव सुखी सन् चिरं जीव । पथ्यं तवैव हितकरं मदीय मिदं वचनं मनोयोगपूर्वकमाकर्णय अवधारय च । किं तद्वचनम् ? जीवन्तं मनुजं मानवं क्वचित् देवं परमेश्वरं परमेश्वरवत् सर्वाधिकारसंपन्नं निरङ्कुशं घटयितुं मतिं कुमतिं मा कृथाः । यतः स्वल्पा ते क्षमता मतिश्चाति दभ्रा । त्वया तादृक् प्रयत्ने कृते यो भविता उत्पत्स्यते स देवः परमात्मा देवोचितसद्गुणगणान्वित. सद्गुरुः सुशासको वा न, प्रत्युत दानवो राक्षस.प्रकृतिको निरंकुशो नृशंस एव भविता । यश्चान्ते स्वनिर्मातारम् स्वानुयायिनं जनप्रजाजनं वा अत्स्यति भक्षयिष्यति नितरां पीडयिष्यति । श्रीरामकृष्णादयो महापुरुषास्तेषां परलोकगमनानन्तरं तत्कृतानुपकारान् स्मरद्भिस्तान् प्रति स्व कृतज्ञतां प्रकाशयितुं ते देव पदे परमात्मावतारपदे वा प्रतिष्ठापिताः ये पुनर्हिटलरादयो जीवन्त एव संविधानादुपरि पदं लम्भिता स्तैः कनिष्ठिकाग्रहणे प्रकोष्ठग्रहण-

न्यायात्पर्यन्ते प्रजानां सर्वाधिकारानात्मसात्कृत्य अत्याचाराणां पदकाण्डताण्डवं व्यधायि तत्स्मारं स्मार मद्यापि हृदयं कम्पते । पद्येऽस्मिन् जीव, शृणु, देव, दानवादयोऽनेके शब्दाः स्वकीय एवाऽर्थान्तरे संक्रान्ता इत्यतिस्फुटतया प्रतिपदयोजनां नापेक्षन्ते ।

किंच देवं निर्मातुं प्रवृत्तस्य पुंसः प्रयत्नवैकल्यस्य अनर्थोत्पत्तेश्च वर्णनात् विषयाऽलङ्कारः । गुणौ क्रिये वा चेत् स्यातां विरुद्धे हेतुकार्ययोः यद्वाऽऽरब्धस्य वैकल्यमनर्थस्य च संभवः । विरूपयोः संघटना वा च तद्विषयं मतम् ।। इति तल्लक्षणात् । मानवो यदि सम्मानवोचितगुणसंपन्नं मानवं जनयति सैव तस्य महत्युपलब्धिः । अतस्तेन वस्य अतिमानवस्य वा जननाय प्रयत्नो न विधेय ति वस्तुध्वनिः ।

यथा वा--

तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्तात्च्छुक्रमुच्चरत् ।
पश्येम शरदः शतम्, जीवेम शरदः शतम्, ।
शृणुयाम शरदः शतम् प्रब्रवाम शरदः शतम्
अदीनाः स्याम शरदः शतम् भूयश्च शरदः शतात् ।।

यजु० अध्या. ३६।मं० २४ ।

देवता–सूर्यः । ऋषिः दध्यङ्ङाथर्वणः । छन्दः-भुरिग् ब्राह्मी त्रिष्टुप् ।

तच्चक्षु रिति–मन्त्रस्याऽस्य ब्रह्मयज्ञे सन्ध्योपासनकर्मणि विनियोगाद् उपासको नैत्यिकस्नानादिविधेरनन्तरं पूर्वाभिमुखस्तिष्ठन् उद्गच्छन्तं सूर्यं दृष्ट्वा तमपि भगवतो विभूतेरंशं मन्यमानः स्तौति-तत् पुरोवर्ति आदित्यात्मकं लोकचक्षुः पुरस्तात् उच्चरत् उच्चरति उदेति । "इतश्च लोपः परस्मैपदेषु" (पाणि०३।४।९) इति सूत्रेण इकारलोपः । कीदृशं तत् ? देवहितम् देवेभ्यो हितकरम् । इन्द्रियेभ्यः प्राणेभ्यश्च बलप्रदम् । "देवो मेघे सुरे राज्ञि स्यान्नपुंसकमिन्द्रिये ।" इति मेदिनी । शुक्रं शुक्लम्। अस्य प्रसादात् संजातनवजीवनसंचाराः समासादितनूतनशक्तयो वयं शरदः शतम् शतवर्षपर्यन्तम् । कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे (पाणि. २।३-५) इति द्वितीया । पश्येम अप्रतिहतदृष्टिशक्तयः सम्यक् पश्येम । अक्षतश्रवणशक्तयः शृणुयाम । सम्पूर्णं पुरुषायुषं सुखेन जीवेम । अस्खलितवाचो वदेम । शरदः शतमदीनाः सर्वकार्येषु स्वयं समर्थाः, न पराश्रिताः स्याम । न केवलं वर्षशतम् यावत् किन्तु तत्परतो पश्येम जीवेमेत्यादि । अत्र विषयं सूर्यं निगीर्य तत्र विषयिणो नेत्रस्याऽभेदतादात्म्यारोपात् अतिशयोक्तिः । अथवा तदिति पदेन पुरोवर्ति सूर्यमण्डलं विषयं निर्दिश्य तत्र नेत्रत्वारोपात् रूपकम् । किंच– जीवेम पश्येमेत्यादीनि सर्वाणि क्रियापदानि अप्रतिहतशक्तयो वयम् पश्येम, ससुखं जीवेम, सम्यक् शृणुयामेत्यादि स्वविशिष्टार्थे संक्रान्तानीति अर्थान्तरसंक्रान्तो ध्वनिर्वाक्यगतः । परत्र अध्यात्मपक्षे निरन्तराऽभ्यासवशात् भगवत्कृपया च साधकः क्रमेणेषदीषत्समुन्मिषदान्तरज्योतिःप्रकाशो हृदयाऽऽकाशे प्रादुर्भवन्तीं प्रभोः प्रभामनुभवन् तत्रैकतानो भवति वदति च अयं लोक चक्षु रध्यात्मभानुरुदेति यो मदन्तर्निहित देवानां दिव्यशक्तीनां परमहितः । अस्य कृपया वयं निरन्तरमूर्ध्वांगति कुर्वाणा दिव्यप्रकाशमध्यात्मदृशा सदा पश्येम । किं च सायं समये निम्लोचत्यादित्ये बाह्य सूर्यपरकस्य उच्चरतीति पदस्य मुख्यार्थबाधः । तदा सन्ध्योपासनप्रवृत्तः साधारणउपासकः कल्पनोपनीतं सूर्यं पश्यन् उच्चरतीति वदति । अध्यात्मज्योतिः साक्षात्कुर्वतस्तु साधकस्य कृते तु ज्ञानसूर्यः सर्वदोदेतीति न मुख्यार्थबाधः ।

यथा वा--

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविशेच्छतं समाः ।
एवं त्वयि नाऽन्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे ।।

यजु० अ० ४०।मं० २ ।।

देवता–आत्मा । ऋषिः-दीर्घतमाः । छन्दः-भुरिगनुष्टुप् ।

कुर्वन्नेवेति– मा गृधः कस्य स्विद्धनम् इति प्रथममन्त्रप्रसङ्गसङ्गतौ भगवानुपदिशति–धनादीनामेषणात्यागः समुचितो न हि शास्त्रविहितसत्कर्मणामपीति । फलेच्छात्यागपूर्वकं कर्तव्यधिया वेदोक्तानि सत्कर्माणि कुर्वन्नेव समाचरन्नेव नरो वर्षशतं जिजीविषेत् जीवितुमिच्छेत् । न तु मरणं कामयेत । एवमाचरत्येव हे नर त्वयि कृतमपि कर्म न लिप्यते, न वज्रलेपायते । बन्धनहेतुर्न भवतीति । इतोऽन्यथा एतद्विपरीतमाचरतः पुंसः कृते कश्चिदन्य उपायो नास्ति येन सः कर्मणा न लिप्येत बन्धनमुक्तश्च स्यात् । इह कर्मपदं फलेच्छात्यागपूर्वकं कृते विहितसत्कर्मरूपे स्वविशिष्टार्थे संक्रान्तम् कुर्वन्निति पदं सम्यक् समाचरन्निति रूपे । किंच लेपन कर्म मूर्त्ते द्रव्ये कुड्यादौ मूर्तस्यैव द्रव्यस्य वज्रलेपादेः संभवति, न त्वमूर्ते आत्मनि अमूर्तस्य कर्मणः । तेन 'लिप्यते' इति पदं लोकप्रसिद्धलेपनरूपमर्थं सर्वथा परित्यज्य सुदृढ बन्धनव्यापाररूपे अर्थान्तरे परिणतम् इति लक्षणलक्षणा । जन्ममरणादि बन्धनहेतुर्न भवतीति वस्तु व्यज्यते । एवमिह कर्माणि कर्वन्नेवेति द्वयोः पदयोः स्वकीय एव विशेषार्थे संक्रमणात्, अर्थान्तरसंक्रान्ताख्यो ध्वनिभेदः । लिप्यते इत्यत्र स्वार्थस्य, अत्यन्त तिरस्कारात् उभयोः परस्परनिरपेक्षतयाऽवस्थितेश्च तयोर्द्वयोः संसृष्टिरपि ।

अपि च—

ज्यायस्वन्तश्चित्तिनो मा वियौष्ट,
संराधयन्तः सधुराश्चरन्तः ।
अन्योअन्यस्मै वल्गु वदन्त एत
सध्रीचीनान् वः संमनसस्कृणोमि ॥

अथर्व० का० ३। सूक्त ३०।मं०५।

ज्यायस्वन्त इति–कश्चित्कुलवृद्धः स्वपरिवारजनान् उपदिशति- हे वत्साः अस्माकं परिवारस्य सर्वे सदस्याः पुरुषायुषजीविनो भूयासुः येन यूयं ज्यायस्वन्तः प्रकृष्टकुलवृद्धवन्तः पूजनीयान् पूजयन्तः । चित्तिनः युक्ताऽयुक्तविवेचनचतुराः सम्यक् चिन्तनपराः । संराधयन्तः सहोद्योगेन कार्याणि साधयन्तः । सधुराश्चरन्तः समानकार्यभाराः "धूर्यानमुख-भारयोः" इति हेमचन्द्राचार्याः । तथा-"धूः स्त्री क्लीवे यानमुखम् ।" इत्यमरः । अथवा एकधुरि नियुक्ता अश्वाइव समानगतयो नतु परस्परविपरीतप्रयत्ना इत्यर्थः । अन्योन्यस्मै वल्गु वदन्तः परस्परं मधुरमालपन्तः एत दिवसावसाने समवेता भवत । मां प्रत्यागच्छत वा । अनेन विधिना व्यवहरतो युष्मान् अहं सध्रीचीनान् समानगतिकान् समानपूजितपूजितव्यान् संमनसः समानभावनावतश्च कृणोमि करोमि । सह पूर्वस्य अञ्चतेः,"सहस्य सध्रिः" (पाणि· ६।३।९५) इति सूत्रेण सहेत्यस्य सध्रिरित्यादेशे कृते खप्रत्यये रूपम् । ज्यायस्वन्तः-"वृद्धस्य च" पाणि· ५।३।६२) इति सूत्रेण वृद्धपदस्य ज्यादेशे, ततश्च द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ (पाणि· ५।३।५७) इति सूत्रेण ईयसुनि प्रत्यये कृते ततश्च मतुप्प्रत्यये मकारस्य च "मादुपधाया०" ८।२-९ इत्यादिना वकारादेशे रूपम् । यस्मिन् कुले परिवारे वा तस्य वृद्धजनानां समुचितः सत्कारः पूजा च विधीयते, यत्र च तादृशाः प्रशस्ताः स्थविराः सर्वसदस्येषु समानवृत्तयो नवयुवकानां सम्यक् पथप्रदर्शनं समाचरन्ति तत्र सर्वाः सुखसंपत्तयो नवनवाभ्युदयाश्च चिरपरिभ्रमणश्रान्ता अतएव स्थायिनिवासाभिलाषुका इव स्वयं समवेता भवन्ति । तस्माच्छ्रेयस्कामै र्मतिमद्भिः स्वकुलवृद्धानां सेवायै सर्वदा तत्परैर्भाव्यमिति वस्तु ध्वनिः । मन्त्रेऽस्मिन् ज्यायस्वन्तः, चित्तिनः, मा वियौष्ट, संराधयन्तः, सधुरा-

श्चरन्तः, अन्योऽन्यस्मै वल्गुवदन्तः, सध्रीचीनान्, संमनसः इत्यनेकपदानि क्रमेण प्रशस्तवृद्धवन्तः, निरतिशयचारुचिन्तनचतुराः, कदाचिद् विद्वेषादिना विच्छिन्ना न भवत, संभूय कार्याणि साधयन्तः, उद्वहसमानकर्तव्यभाराः, नितरां मधुरमालपन्तः, कदाचित् सत्यपि वैमत्ये कटुत्वं दूरतः परिहरन्तः, समानगतिकान्, समानहृदयभावान्-इति स्वकीयमेव अर्थान्तरं लक्षयन्ति । तदतिशयप्रकाशनं च फलम् । इति वाक्यगतोऽर्थान्तरसंक्रान्तवाच्यो ध्वनिः । सधुराश्चरन्त इत्यनयोः पदयोः समानायामेकस्यां धुरि रथादेरग्रभागे नियुक्ताः इति सधुरा अश्वा इति योजनायां लुप्तोपमाना उपमाऽत्र भवति । अस्मिन् प्रसङ्गे रथस्य धूरूपो वाच्यार्थो बाधितः भोजनावसरे सैन्धवमानयेत्युक्ते हयाऽऽनयनवत् । धूः पदसान्निध्यादिह अश्वाध्याहार उपमानार्थमुपयुक्त एव ।

अथ लक्षणामूलध्वनेः द्वितीयो भेदोऽत्यन्ततिरस्कृतवाच्यार्थः पदगतो वाक्यगतश्च

अस्य लक्षणं ४४, ४५तमकारिकयोः प्राक् प्रदर्शितम्--तयोः, पदगतस्योदाहरणानि, यथा-

रविसंक्रान्तसौभाग्यस्तुषारावृतमण्डलः
निःश्वासान्ध इवादर्शश्चन्द्रमा न प्रकाशते ॥

वाल्मी० रामा० किष्कि० काण्डे।

अत्र अन्धपदं नष्टदृष्टिरूपं स्वमुख्यमर्थं नितरां तिरस्कृत्य प्रकाशरहितरूपमर्थं लक्षयति । अप्रकाशातिशयद्योतनं च फलम् ।

यथा--

ऋजीते परिवृङ्धि नोऽश्मा भवतु न स्तनूः
सोमो अधि ब्रवीतु नोऽदितिः शर्म यच्छतु ॥

ऋ० ६।७५।१२। यजु० अ० २९।मं. ४९।

ऋजीते परीति-ऋजुः सरला ईतिर्गमनं यस्या स्तथाविध हे इषो शर त्वं शत्रुणा अस्मान् अभिलक्ष्य क्षिप्ताऽपि नः परिवृङ्धि वर्जय । वेद इषुपदं प्रायः स्त्रीलिङ्गकम् । अस्माकं तनूर्देहः अश्मा भवतु पाषाणवद् दृढा भवतु । सोमः ओषधीनां राजा सुयोग्यश्चिकित्सको नः अधिब्रवीतु चिकित्साऽवसरे सम्यग् उपदिशतु चिकित्सतु च । अदिति रदीना देवमाता सुजनरक्षिका परमात्मशक्तिः नः शर्म यच्छतु । ऋजीते-ऋजुः ईतिर्गमनं यस्याः इत्यत्र टिलोपश्छान्दसः अत्र अश्मपदस्य वाच्यार्थः पाषाणरूपोऽत्यन्ततिरस्कृतः । गौण्या लक्षणलक्षणया पाषाणवद्दृढा भवत्वितिरूपमर्थं लक्षयति । गौरयम् (वाहीकः) इतिवत् दृढत्वातिशयद्योतनं फलम् ॥

यथा वा-

यो नः स्वो अरणो यश्च निष्ट्यो जिघांसति ।
देवास्तं सर्वे धूर्वन्तु ब्रह्म वर्म ममान्तरम् ॥

ऋ. ६।७५।१९॥

सामवेदे (१८७२) "शर्म वर्म ममान्तरम् ।" इत्यधिकः पाठः ।

देवता-देवा ब्रह्म च । ऋषिः-पायुर्भारद्वाजः । छन्दः अनुष्टुप् ।

यो नः स्व इति-योनः स्वजनः, यो वा अरणः-अपार्णः अपगताऽन्नजलादिसम्बधः शत्रुरित्यर्थः । अर्ण पदम् उदक नामसु पठितं निघण्टौ (१।१२) यो निष्ट्यो नीचवृत्तिः, निम्नं स्थानमर्हतीति वा । योऽस्मान् जिघांसति हन्तुमिच्छति तं सर्वे देवा देवोचितगुणगणाचिताः सत्पुरुषा धूर्वन्तु नाशयन्तु । सत्पुरुषैः सत्पुरुषाणां सहायकैर्दुर्जनानां संहारकैश्च-भवितव्यमेव । प्रभुभवतोऽहं तेभ्यो दुर्जनेभ्यो न बिभेमि । कुतः ? यतो ब्रह्म ब्राह्मंतेजः स्वयं ब्रह्मैव वा मम आन्तरं वर्म मम आन्तरं अन्तर्भवं वर्म कवचभूतमस्ति । रक्षकमस्ति । इह वर्म पदं

आर्यकवीन्द्रमेधाव्रताचार्यस्य हेमन्ततोश्चित्रणम्

प्रस्तुतकर्त्ता---योगेन्द्रः पुरुषार्थी, वानप्रस्थाश्रम, ज्वालापुर

नानाविपक्व नवधान्यविचित्रितान्तां
कर्वन् धरां तुहिनयन् सरितां जलानि ।
नीहारपुञ्जमलिनाम्बर वेषधारी
हेमन्त एष पुरतः प्रतिहारकः किम् ।।१।

विविधप्रकार के नवीन नवीन अन्नों से विचित्रित एवं सुशोभित बनाता हुआ, नदियों के जलों को बर्फ बनाता हुआ, कुहरे के समूह से मलिन आकाश रूपी परिवेष धारण करने वाला मानों ऐन्द्रजालिक के समान यह सामने हेमन्त ऋतु खड़ा है ।।१।।

जातोऽम्बरेऽम्बरमणी रजनीन्द्रतुल्यो
वारीणि सान्द्रहिमजालशिलातलानि ।
प्राणोऽपि जीवहरणः पवनोन्वयं य—
न्मायाप्रपञ्चनवनाटकसूत्रधारः ।।२।।

इस हेमन्त ऋतु के प्रभाव से आकाश में प्रचण्ड तपने वाला सूर्य चन्द्रमा जैसा हो गया है अर्थात् प्रचण्डता का प्रभाव कम हो गया है। पानी जमकर कठोर हिमशिलाओं में परिवर्तित हो गया है। प्राणशक्ति देने वाला यह वायु जीवहरण करने वाला होगया है, निश्चय ही यह हेमन्त मायाप्रपञ्च अर्थात् प्रकृति की विस्तृत विविधकृतियों रूपी नवीन नाटक का सूत्रधार बन गया है ।।२।।

अम्भोजिनीह मिहिकाहतदेहदीना
जाता भुजङ्गमगणा मदवारिहीनाः ।
प्रालेयशीतलजले विकला हि मीना
बहूनयेकमात्रशरणा वत दीनदीनाः ।।३।।

इस ऋतु में हिमपात से पीड़ित बेचारी कमलिनी शरीर से जर्जरित हो गई है अर्थात् पत्रविहीन डण्ठलमात्र शेष रह गया है, विषैला सर्पसमूह विषहीन हो गया है, तुषार के कारण शीतल जल में मछलियां व्याकुल प्रतीत होती हैं। दुःख है कि ऐसे संकट कालीन समय में गरीबों के लिये एक मात्र शरण अग्नि ही है ।।३।।

तुषारजालान्तरितोग्रभासं
भास्वन्तमेतं परिकल्प्य चन्द्रम् ।
सा पद्मिनीयं विरहेण धत्ते
नालावशेषां ध्रुवमङ्गयष्टिम् ।।४।।

हिमकणों के सघनजाल में छिपे हुए उग्रज्योतिवाले इस सूर्य को चन्द्रमा समझकर-सचमुच यह कमलिनी, सूर्य के वियोग के कारण डण्ठलमात्र शेष-दण्डतुल्य शरीर धारण कर रही है ।।४।।

कलितमधुरगीतिर्दन्ततन्त्री जनाना
मविरतहिमपीड़ाबद्ध कम्पाङ्गकानाम् ।
दहनतपनवर्जं नास्ति कोप्याश्रयो व—
स्तदिति भजत तौ सा संब्रवीति प्रभाते ।।५

निरन्तर शीत के प्रकोप से जकड़े तथा कम्पित शरीर वाले मनुष्यों की मधुर स्वरवाली दन्तावली रूपी वीणा मानों प्रातःकालमें कह रही है-मनुष्यों! अग्नि और सूर्य के बिना तुम्हारा और कोई शरण दाता नहीं है अतः उन्हीं का सेवन करो ।।५।।

हिमवर्षविशेषशीतला
मृदुला अप्यमृदुप्रपातिनः ।
रुचिरा अपि चन्द्रभानवो
न रुचिं ते जनयन्ति साम्प्रतम् ।।६।।

हिमवर्षण से अत्यन्तशीतल ये चन्द्रकिरणें कोमल होती हुई भी चुभने वाली तथा रुचिकर होती हुई भी अब रुचिकर प्रतीत नहीं होती ।।६।।

सुतुषारतुषारवर्षुका
रजनीवल्लभमण्डिता निशाः ।
सुखदा अपि सौख्यदा न ता
निखिलप्राणिजनाय हा धना ॥७॥

निरन्तर तुषारवर्षाने वाली, चन्द्रमा से सुशोभित, सुखकारिणी रात्रियां भी हा! अब प्राणीमात्र के लिये सुखदायिनी नहीं प्रतीत होती ॥७॥

पतदच्छतुषार-विप्रुषां
कुलकैर्मौक्तिकजालकैरिव ।
विहितं गजमस्तकं ध्रुवं
हिमकालेन विभूषितं सता ॥८॥

हेमन्त ऋतु ने गिरती हुई तुषार की बिन्दुओं को ऐसे सजा दिया है मानों उत्तम शिल्पियों के द्वारा मोतियों की मालाओं से हाथियों के ललाट को सजा दिया है ॥८॥

विहगा जलचारिणो जलं
न विगाहन्त इदं सुकेलयः ।
न विशन्ति वरूथिनीं यथा
समराकौशलधारिणो नरः ॥९॥

जलचारी पक्षी क्रीडाप्रिय होते हुए भी उसी प्रकार जल का विलोडन नहीं करते जैसे-युद्धकला अनभिज्ञ मनुष्य सेना में प्रवेश नहीं करता । ९॥

कान्तारे मृदुशाद्वलाञ्चिततले कान्ता कुरङ्गाङ्गनाः
प्रालेयाकुलिताङ्गकैः स्वपृथुकैः सुस्तन्यसंपायिभिः ।
संसेव्यातपमङ्गपीडनहरं मध्यान्हकालेऽप्यहो
ता अत्यन्तबुभुक्षिता अपि सुखं नात्तुं क्षमन्ते तृणम् ॥१०

कोमल हरी घासों से अलङ्कृत जंगल में मनोहारिणी हरिणियां, शीत से जकड़े हुए अङ्गों वाले स्तन्यपायी (दुधमुहें) बच्चों के साथ शरीर के कष्ट को दूर करने वाली धूप का सेवन कर, ओह ! मध्यान्ह में भी भूख से पीड़ित होते हुए भी सुख पूर्वक घास नहीं खा सकतीं ॥१०॥

सारङ्गडिम्भो हिमपीडिताङ्गः
स्तन्यं जनन्या इह पातुकामः ।
दृढं मिथस्सम्पुटिताच्छदन्तं
व्यादातुमास्यं प्रभुरेव नासौ ॥११॥

हेमन्त ऋतु में जाड़े से पीड़ित यह हरिणी का बच्चा माता का दूध पीने को चाहता हुआ भी कठोरता से आपस में जड़े हुए दांतों वाले मुख को खोलने में भी समर्थ नहीं ॥११॥

मध्यन्दिनेऽपि तृषितास्सरितस्तटस्था-
स्तम्बेरमा लहरिकासलिलं सुखेलम् ।
शीतं स्पृशन्ति हि करेण पुनर्ग्रहीतुं
नालं कथञ्चिदपि ते प्रभवो न पातुम् ॥१२॥

मध्यान्हकाल में भी नदी के किनारे पर खड़े हुए ये प्यासे हाथी, तरङ्गित शीतलजल को खेलते हुए से छूते हैं परन्तु सूण्ड से उसे ग्रहण नहीं कर पाते और पीने को किसी भी प्रकार समर्थ नहीं हैं ॥१२॥

प्रशस्तिः (महाकविशतकात्)

प्रणेता—कवीशरामकैलाशपाण्डेयः, एम्० ए०, शास्त्री, लब्धस्वर्णपदकः

मन्यन्ते जन्मभूमिं नवमतरचनापाटवेऽतीव दक्षाः ।
केचित्कश्मीरदेशं गुणिगणवसतिं चाथविद्याप्रदेशम् ।
बङ्गीयं केचिदाहुर्बुधनिकरवराः कालिदासाभिधाना-
न्मन्ये त्वं जन्मभूमौ कविकुलनृपते लेभिषे तूज्जयिन्याः ।।

ऐक्ष्वाकाणां चरित्रं सह रघुतनयेनेन्दुमत्या विवाहः
श्रीर्वासन्ती मनोज्ञा त्रिदशकुलसरित्सूर्यजासङ्गमश्च ।
शोभा शाकुन्तलीया हिमगिरिललितोट्टङ्कनं मेघदौत्यं
नृत्यन्त्यक्ष्णोः पुरोऽमी कविकुलगुरुणा वर्णिता रम्यभावाः ।।

श्रीबाणप्राप्तमाना विलसति सरसा गद्यकाव्याद्यसृष्टि-
रोजः पूर्णा कृतिर्या सहृदयहृदयाह्लादिनी श्लेषयुक्ता ।
तस्याः स्रष्टा सुबन्धुर्ललितपदकविर्गद्यकाव्याद्यकर्त्ता
वक्रोक्त्यध्वप्रवीणो भुवि सुजनहितो गीयते गद्यकारः ।।

प्रासादं संदधाना गुणमतिमधुरैर्भावबन्धैरहीना
भव्या हृद्याऽतिदिव्या खलु कपटपरैर्लोकवृन्दैर्युता च ।
पाण्डित्यानर्घभूमिर्धृतललितपदा चार्थनैर्मल्ययुक्ता
हे काव्यादर्शकार द्विगुणितविभवा भासते भारती ते ।।

वैदर्भः काश्यपो यः करुणरसकविर्भट्टगोपालपौत्रो
वाग्देवी यस्य वश्याभवदिव नितरां नीलकण्ठात्मजश्च ।
आसीद्यश्च श्रुतिज्ञो ह्युपनिषदनुगो जातुकर्णीतनूजः
काव्याकाशे भवाद्यो रविरिव महसा भूतिसूरिः स भाति ।।

रामस्योदात्तवृत्तं लिखितुमिह कविर्नाटके द्वे न्यबध्ना
देकं वीर्यप्रदीप्तं करुणरसभृतं चापरं नाट्यरत्नम् ।
एकं रामस्य पूर्वं हि पठति चरितं तूत्तरञ्च द्वितीयं
प्रेम्णश्चित्रं तृतीयं प्रकरणमुदितं मालतीमाधवञ्च ।।

यद्यप्यस्यां जगत्यां कुटिलविधिवशाद्भर्तृमेण्ठस्य काव्यं
नास्ते विद्वद्वरेण्यैः पुनरपि बहुभिः सूचितं शंसितं तत् ।
वाल्मीकिर्भर्तृमेण्ठ त्वमसि कविपतिर्जातुकर्णीसुपुत्र-
स्त्वं वै यायावरीयः प्रकटयति कथं ते न काव्यं स्वरूपम् ।।

अङ्गस्यातीव दीर्घं बहुविपुलमहो वर्णनञ्चाकरोस्त्वं
दोषाणां हि प्रसङ्गे तव रचनगुणो दूषितो मम्मटेन ।
वक्रोक्तौ भर्तृमेण्ठ त्वमसि सुनिपुणश्चाप्तमानातिरेक-
स्त्वत्काव्यस्य प्रशस्तौ तु विवृतवदनोऽभूत्कविः सोड्ढलश्च ।।

आसीत्सभ्यः सभायां हरविजयकविः श्रीजयापीडभर्तुः
श्रीकश्मीराधिपस्य त्वलभत सुयशोऽवन्तिवर्माह्वयस्य ।
साम्राज्ये माघकाव्यं निजरचनरुचा निर्गताभं चकार
स्वल्पाख्यानेन शम्भोः खलु विपुलतरं शैवकाव्यं ततान ।।

नीरक्रीडार्तुचन्द्रोदयगिरिविरहापांनिधिप्रोद्विलास-
सन्ध्यासम्भोग पुष्पावचयकलितया शोभया कान्तरूपम् ।
श्लेषालङ्कारदीप्तं यमकरुचिभृतं चित्रमार्गोज्ज्वलञ्च
पञ्चाशत्सर्गबद्धं त्विह हरविजयं भाति रत्नाकरस्य ।।

—०—

मन का मीत

भानुदत्त शास्त्री 'मधुरेश' एम० ए० एल० टी०

मन्दिर धाया मस्जिद धाया न जाने कितने दर हेरे ।
मन का मीत न कोई पाया तन के मीत मिले बहुतेरे ।।

शीत-तप्त झंझायें कितनी, सही कमल ने मुस्कानें तक ।
किन्तु न मतलब इससे कोई, मधुप सनेही मधु पाने तक ।।
मधु पी उड़ा खबर पंकज की लेने कभी न आया नेरे ।
मन का मीत न कोई पाया तन के मीत मिले बहुतेरे ।।

चढ़ते चन्द्र बदन को पाकर, शीस झुका करते अभिनन्दन ।
पूर्णमुखी को बात कहें क्या, बनती सारे जग का नन्दन ।।
किन्तु उतरते दिवस देख कर कोई न सन्मुख आया तेरे ।
मन का मीत न कोई पाया तन के मीत मिले बहुतेर ।।

दन्ती मरे, मरे या पन्नग, किसकी है परवाह यहाँ पर ।
मुक्ता-मणियों के पाने की, सबको रहती चाह यहाँ पर ।।
विरला दुख की सुनें कहानी धन के चाहन हार घनेरे ।
मन का मीत न कोई पाया तन के मीत मिले बहुतेरे ।।

गतांक से आगे---

महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन

(Contribution of Dayananda to world philosophy)

जयदेव वेदालंकार

४-तितिक्षा-हर्ष तथा शोक, हानि और लाभ इत्यादि विषमावस्थाओं में समान रहने का प्रयास करना तितिक्षा कहलाता है। ५-श्रद्धा-योग-साधनों और ऋषियों के वचनों में आस्था रखने का नाम श्रद्धा है। क्योंकि जब तक मुक्ति के सभी साधनों को श्रद्धापूर्वक नहीं किया जाएगा, तब तक उनकी सिद्धि नहीं हो सकती। ६-समाधान-चित को बाह्य विषयों से हटा कर पूर्ण रूपेण एकाग्र करने का नाम समाधान है।

मुक्ति का अगला साधन मुमुक्षुत्व है। जैसे कि हम देखते हैं कि जब हमें भूख, प्यास का अनुभव होता है, उस समय भोजन और जलादि के अतिरिक्त हमें कुछ भी अच्छा नहीं लगता। ठीक इसी प्रकार मुक्ति के साधनों को करते हुये संसार के सभी विषयों से घृणा होकर मुक्ति के अतिरिक्त कुछ भी अच्छा नहीं लगना चाहिए। संसार के विषय तो साधक को विष के समान समझने चाहिए। अतः साधक ईर्ष्या, द्वेष काम और अभिमान आदि दोषों से हमेशा शान्त-प्रकृति, सात्विकता और सदैव चित्त को पवित्र रखने का प्रयास करे, उसको इन चार प्रकार के गुणों को धारण करना चाहिए। १-मैत्री-अच्छे लोगों से मित्रता करने का नाम मैत्री है। २-करुणा-दुःखी जनों पर दया करना। ३-मुदिता पुण्यात्माओं को देखकर प्रसन्न होना। ४-उपेक्षा दुष्ट लोगों में न प्रीति करना और न ही बैर करना। यदि साधक इन उपरोक्त गुणों के अनुसार साधना करेगा। तो उसका चित्त प्रसाद-गुण को प्राप्त कर सकेगा।

महर्षि दयानन्द जी का कथन है कि जो मुक्ति की इच्छा करते हों, उनको कम से कम दो घण्टा पर्यन्त प्रभु-ध्यान में मग्न रहना चाहिए[१]।

संक्षिप्त-रूप से मुक्ति के साधनों का वर्णन इस प्रकार है :-

पूर्व पक्ष—आपने मुक्ति के सम्बन्ध में जैसा लिखा है वैसा अन्य कोई नहीं मानता। जैसे देखो जैनी लोग शिवपुर में मोक्ष-शिला के ऊपर चुपचाप बैठ जाना मुक्ति मानते हैं। ईसाई-लोग चौथे आसमान में, जहां पर लड़ाई बाजे--गाजे अच्छे वस्त्र आदि के आनन्द को भोगते हैं। मुसलमान सातवें आसमान, जहां पर कि शराब और सुन्दर सुन्दर हूरों की प्राप्ति होती है। वाममार्गी श्रीपुर। इसी प्रकार पौराणिक ये लोग (रामानुज आदि) सालोक्य, सायुज्य, सारूप्य और सामीप्य ये चार प्रकार की मुक्ति मानते हैं, वेदान्ती-लोग ब्रह्म में लय होने को मोक्ष समझते हैं।

उत्तर पक्ष—मुक्ति कोई स्थान-विशष का नाम नहीं है। ये मतवादियों की मुक्तियां संसार के भोग्य-पदार्थों के सदृश ही हैं। जैसे-वाममार्गी लोग श्रीपुर में जाकर लक्ष्मी के सदृश स्त्रियां और दूसरे मांसादि के भोग-विलास में लिप्त

१- नित्यप्रति न्यून से न्यून दो घण्टा पर्यन्त मुमुक्षु ध्यान अवश्य करे जिस से भीतर के मन आदि पदार्थ साक्षात् हों।

(स० प्र० ९ वां समु०)

रहने को मुक्ति का साधन मानते हैं जब सभी शास्त्र इस सिद्धान्त को स्वीकार करते हैं, कि मुक्ति में शरीर नहीं रहता, तब स्त्रियां और सभी भोग्य-पदार्थ व्यर्थ हो जायेंगे। और यदि दुर्जनतोष न्याय से इन भोग्य पदार्थों की कल्पना की भी जाये तो जिस प्रकार संसार में अधिक विलासी लोग नाना व्याधियों से ग्रसित देखे जाते हैं, तो वहां भी उनकी वही दशा होगी। ऐसी मुक्ति की भला मनुष्य क्या कामना कर सकता है ? वह मुक्ति क्या, वह तो वैश्यालय है। इसी प्रकार उन सभी मतवादियों की मुक्ति के विषय में समझना चाहिये जो इस प्रकार के भोग्य पदार्थों की वहां कल्पना करते हैं। पौराणिक जो चार प्रकार की मुक्ति मानते हैं, वैसी मुक्ति तो पशु-पक्षियों आदि को भी स्वतः सिद्ध हो जायेगी। जैसे-ये जितने लोग हैं। वे ईश्वर के ही अन्तर्गत हैं। जीव भी उन्हीं में निवास करते हैं। तो सालोक्य मुक्ति अनायास ही सबको प्राप्त हो जायेगी। ईश्वर सब जीवों में व्यापक है, अतः सामीप्य मुक्ति के प्रयास करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। जीव ब्रह्म से छोटा है और चेतन होने से उसका बन्धुवत् है, अतः सानुज्य-मुक्ति भी बिना प्रयत्न के सिद्ध है। इसी प्रकार सारूप्य मुक्ति की अवस्था समझनी होगी। इस प्रकार सब मतवादियों की मुक्तियां मुक्ति नहीं, अपितु कपोलकल्पित ढोंग मात्र हैं।

पूर्व पक्ष—मुक्ति एक जन्म में प्राप्त होती है अथवा अनेक जन्मों में ?

उत्तर पक्ष—मुक्ति एक जन्म में प्राप्त नहीं हो सकती, अपितु अनेक जन्मों के सतत प्रयास के पश्चात प्राप्त होती है१, क्यों कि हम देखते हैं, कि हमारे मन में अनेक जन्मों के दूषित संस्कार विद्यमान हैं। उनको दूर करने के लिए अनेक जन्मों में योगाभ्यास आदि साधनों को करने की आवश्यकता है। मुक्ति को प्राप्त करने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि हमारा अन्तःकरण पूर्णतया निर्मल होवे। अन्तःकरण में हमारे अनेक जन्मों और अनेक योनियों के कुसंस्कार समाविष्ट हैं। उन्हें दूर करने के लिये परम-पुरुषार्थ की आवश्यकता है।

मुक्ति से पुनरावर्तन

मुक्ति से जीवात्मा वापिस लौट आता है, इस विषय में कहा जाता है कि यह मान्यता स्वामी दयानन्द जी की अपनी ही थी। अन्य किसी दर्शनकार की नहीं। परन्तु ऋषि दयानन्द जी स्वयं ऐसा नहीं मानते हैं कि मुक्ति से वापिस आने के बारे में उन्होंने प्रमाण भी उपनिषदों और दर्शन आदि के दिये हैं। हां इतना अवश्य है कि जिस समय ऋषि दयानन्द जी का प्रादुर्भाव हुआ, उस समय के प्रायः भाष्यकार और सभी मतवादी दार्शनिक मुक्ति को सदा क लिये ही मानते थे। वे दर्शन और उपनिषदों का भाष्य भी उसी प्रकार करते थे। अस्तु इतना अवश्य कहा जा सकता है कि प्राचीन ऋषि, वेद और उपनिषदें भले ही पुनरावर्तन के इस महत्वपूर्ण सिद्धान्त को मानते रहे हों, परन्तु इस ससय तो आदित्य ब्रह्मचारी ब्रह्मनिष्णात महर्षि दयानन्द जी ने ही हमारे सम्मुख रखा है। भारतीय दर्शन में इस दृष्टि से महर्षि की अद्भुत देन है।

मुक्ति से जीवात्मा वापिस लौट आती इस विषय में सबसे पूर्व जीव के स्वभाव पर विचार करना होगा। जीव का स्वभाव चल ही प्रतीत होता है। हम देखते हैं कि यदि हमारे शरीर का

१- अनेकजन्मसंसिद्ध. . . . . (गीता)

हाथ कट जाता है तो वह अचर यदि हाथ जीवात्मायुक्त शरीर में रहता है तो चर। हम देखते हैं कि यदि शस्त्र हमारे हाथ में हैं तो चर यदि नहीं तो जड़। इस सिद्धान्त के अनुसार फिर मुक्ति अवस्था में जीवात्मा को अचल माना जावे इसे हम विकसित अवस्था नहीं कह सकते हैं।

परन्तु कुछ लोग मुक्ति में जीवात्मा की सत्ता को ही स्वीकार नहीं करते हैं, उनका मत है कि जैसे दीपक बुझ जाता तो उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है उसी प्रकार आत्मा भी नष्ट हो जाता है तो, मुक्ति से वापिस आने का प्रश्न ही समाप्त हो जाता है। इस पर महर्षि दयानन्द जीका कथन है,जिस मुक्ति में जीवात्मा का अस्तित्व ही नहीं रहता ऐसी मुक्ति जीवात्मा क्यों चाहेगा, वह तो मुक्ति नहीं अपितु जीवात्मा की प्रलय समझनी चाहिये। तत्व मीमांसा प्रकरण में हम जीवात्मा को पृथक सिद्ध कर आये हैं अतः उन्हीं मुक्तियों को यहां पुनः लिखना पुनरावृत्ति मात्र होगा। कुछ लोग मुक्ति में जीवात्मा का लय मानते हैं, इस लय का अभिप्रायः क्या है ?यह तो नहीं कहा जा सकता है। वे कहते हैं कि जैसे समुद्र में जाकर नदियां अपना नाम रूप छोड़ देती हैं, उसी प्रकार विद्वान् अपना नाम और रूप को छोड़ कर ईश्वर को प्राप्त हो जाता है१। इस उपरोक्त वचन में भी अस्तित्व नष्ट होने का वर्णन तो है नहीं, केवल नाम और रूप छोड़ने का कथन है। उपनिषद का अभिप्रायः तो यह है कि विद्वान् लोग नाम आदि के झंझटों से पृथक् होकर ईश्वर को प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उपमा एक देशी होती है। लय का अर्थ भी भौतिक लय नहीं लेना चाहिए।

पूर्व पक्ष—मुक्ति वही है जिससे जीवात्मा निवृत हो पुनः जन्म नहीं लेता है२। जहां जीवात्मा जाकर वापिस नहीं आते वह मेरा परम धाम है३।

उत्तर पक्ष—यहां वापिस न आने का अभिप्रायः यह है कि जब तक मुक्ति की अवधि समाप्त नहीं हो जाती तब तक वे वापिस नहीं आते हैं। क्योंकि यह जो जन्म और मरण का चक्कर (जो निरन्तर चला आ रहा है, वह बहुत समय के लिये बन्द हो जाता है। जैसे कि एक व्यक्ति किसी के घर प्रतिदिन आता हो परन्तु वह बहुत समय के लिये विदेश चला जावे, तो साधारणतया हम कह देते हैं कि वह अब नहीं आयेगा। केवल प्रतिदिन के आने की अपेक्षा से हम ऐसा कह देते हैं। ऐसे ही इन उपरोक्त वचनों का आशय समझना चाहिये। आप लोग जो मुक्ति को अभाव रूप मानते हो सो ठीक नहीं क्योंकि आपका कहना है कि मुक्ति दुःखप्रध्वंसाभाव है। जैसे घर टूट जाता है, टूट जाने पर वह घर नहीं आ सकता इसी प्रकार दुःखों का नाश होने पर उनका उदय नहीं हो सकता। इस प्रकार ही आप लोग मुक्ति को अभाव रूप मानकर पुनरावर्तन का खण्डन करते हों। परन्तु आप लोगों को ऐसा मानना ठीक नहीं क्योंकि मान लो एक समय घर

१– यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तंगच्छन्ति नामरूपे विहाय। तथा विद्वान् नाम रूपाद् विमुक्तः परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्। (मुण्डकोपनिषद् ३।२।८)

२– न च पुनरावर्तते न च पुनरावर्तते इति। (छान्दोग्य ८।१५)

३– यद् गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम (गीता १५।६) (स० प्र० ९ समु०)

का अत्यन्ताभाव है। परन्तु दूसरे समय कोई वहां घर लाकर रख देता है तो वहां पर घर का अत्यन्ताभाव कहां रहा ? न्याय दर्शन में जो दुःख का अत्यन्त छूट जाना मोक्ष कहा वहां पुनरावृत्ति का निषेध तो नहीं होता है। शांकर भाष्य की टीका करते हुये श्री आनन्दगिरि जी भी लिखते हैं कि कल्पान्तर में मुक्ति से आवृत्ति हो जाती ऐसा सूचित होता है१।

पूर्व पक्ष-वह जीवात्मा मुक्ति को प्राप्त कर पुनः जन्म नहीं लेता है२।

उत्तर पक्ष-इसका अभिप्रायः भी वही है जो पूर्व लिख आये हैं क्योंकि वेद मुक्ति से वापिस लौटना मानता है। वेद में आता है कि किसका नाम पवित्र है ? कौन इस संसार में व्याप्त हो रहा। हमें मुक्ति के आनन्द को देकर कौन फिर माता पिता के दर्शन कराता है३। महर्षि दयानन्द जी का अर्थ भी यहां द्रष्टव्य है४।

उपरोक्त मन्त्र का उत्तर इस प्रकार दिया है कि वह प्रकाश स्वरूप परमेश्वर है जो मोक्ष का आनन्द देता है,वही पुनः मातापिता का जन्म देकर दर्शन कराता है५। इन उपरोक्त दोनों वेद मंत्रों की व्याख्या में देखा कि जीवात्मा मुक्ति से वापिस आकर माता पिता के पुनः दर्शन करता है पुनः जन्म लेता है।

प्राचीन दार्शनिक ऋषि भी इस पुनरावृत्ति के सिद्धान्त को अंगीकार करते थे ऐसा उनके दर्शनों से स्पष्ट ज्ञात हो जाता है। उन दार्शनिकों के समक्ष भी तो यह समस्या थी कि यदि जीवात्मा मुक्ति के अनन्तर वापिस नहीं आयेंगे तो बहुत मौलिक समस्यायें उत्पन्न हो जायेंगी। संसार से एक जीवों का उच्छेद मानना पड़ेगा। ऐसे ही सब प्रश्न का उत्तर महर्षि कपिल जी अपने दर्शन में देते हैं उनका कहना है कि यद्यपि जीव मुक्ति को प्राप्त होते आ रहे हैं, अब भी हो रहे हैं और आगे भी मुक्त होंगें परन्तु जीवों का उच्छेद भविष्य में कभी भी नहीं होगा६। यह संसार अनादि काल से चला आ रहा है। यह ठीक है कि चला आ रहा है, और चलता रहेगा भी परन्तु जीव मुक्त होते हुये भी उनका उच्छेद नहीं होगा७। परन्तु यदि जीव परिगणित हो उनका उच्छेद अवश्य होगा। इससे तो यही सिद्ध होता है कि जीवात्मा मुक्ति से वापिस आते रहते हैं, और अनेक लोक लोकान्तर हैं।

—क्रमशः

१— कल्पान्तरे त्वावृत्तिरिति सूच्यते (स० प्र०-९ समु०) (टीका)

२— स तु तत् पदमाप्नोति यस्माद् भूयो न जायते।

३— कस्य नूनं कतमस्यामृतानां मनामहे चारु देवस्य नाम।
को नो मह्या अदितये पुनर्दात् पितरं च दृशेयं मातरंच (ऋग्वेद १।२४।१)

४— हम लोग किस का नाम पवित्र जाने ? कौन नाशरहित पदार्थों के मध्य में वर्तमान देव सदा प्रकाश स्वरूप है, हमको मुक्ति का सुख भुगाकर पुनः इस संसार में जन्म देता और माता पिता का दर्शन कराता है।
(स० प्र० ९ समु०)

५—अग्नेर्वयं प्रथमस्यामृतानां मनामहे चारु देवस्य नाम।
स नो मह्या अदितये पुनर्दात् पितरं च दृशेयं मातरञ्च। ऋग्वेद १।२४।२)

६— अनादावद्य भावादभविष्यादप्येवम्
(१।१५ वेदान्तदर्शन)

७— इदानीमिव सर्वत्र नात्यन्तोच्छेदः१।१५९

आज यह कैसा अभिनन्दन है

--महावीर 'नीर' विद्यालंकार

आज यह कैसी सुबह हुई 'ओ',
आज यह कैसा परिवर्तन है
सोच तनिक भारत के शिल्पी
आज यह कैसा अभिनन्दन है।

अभी न डाली महकी कोई,
अभी न बगिया में हलचल है।
मुझे बता माली उपवन के
आज यह कैसा मधु-गुंजन है।

सिसक-सिसक कर जब मानवता,
तोड़ रही दम किसी गली में।
सोच जरा धन्वन्तरि देश के
आज कहां वह संजीवन है।

सजा हुआ आलोक-युक्त यह,
सुन्दर राज भवन दिल्ली का।
सोच तनिक नैय्या के खेवक,
कहां पर तेरा आज चरण है।

तू तम-जाल हटाने के हित,
दिनकर सम बन जा मतवाले।
सोच, अमां से घिरा है तू तो,
आज कहाँ फैली पूनम है।

फूलों के ये हार देश ने,
तुझे पहना कर गले लगाया।
ओ शुभ चिन्तक मेरे राष्ट्र के,
आज कहाँ पर देख वतन है।

'जय गाँधी' की, 'जय नेहरू' की,
यह जय, कोरी जय न रहे अब।
सोच तनिक मेरे विश्वासी,
आज कहाँ तेरा तन-मन है।

ये 'झुग्गी' ओ 'कुटिया' तुझसे
कितनी आशायें रखती है।
सोच राष्ट्र-आशा के पूरक
कहाँ पर सपने हुए दफन हैं।

अपने प्राण पर अडिग रहे तू,
इतना कर संयत जीवन को।
सोच तनिक भारत के नायक
कहां पर तेरा जन-जीवन है।

अभी निशा का गहन अंधेरा,
बैठा ग्रसने को जीवन है।
अभी दूर मंजिल तय करनी,
अभी न आलोकित आंगन है।

अभी दुष्ट-मक्कारो ने क्या?
बदला अपना चाल चलन है!
अभी तो आंधी सहम गई है,
अंदर-अंदर, जलन-घुटन है।

अभी किलो भर आटे के हित,
लगी बहुत लम्बी लाइन है।
अभी अल्प पैसों की खातिर,
बेच रहा नर अपना पन है।

चारों ओर द्वेष-ज्वालायें,
आतुर अभी भस्म करने को।
सोच तनिक भारत के रक्षक
आज कहाँ पर छत्रापन है।

भोगवाद के क्षणिक सुखों में,
तेरा जन-जीवन भरमाया।
सोच तनिक ओ व्यास! देश के,
आज कहाँ तेरा दर्शन है।

धोखा, रिश्वत, चोर बाजारी
खूब अभी ताण्डव करते हैं।
सोच तनिक युग-धर्म-प्रवर्तक
आज कहाँ पर चाल चलन है।

वह अंगारा बन जा अब तू
जिसको छू दुश्मन जल जाये
सोच तनिक मेरे प्रतापी।
आज कहां तेरा यश-गुण है।

अगर पीर पलती है तुझमें,
देख दशा ओ 'नीर' देश की।
सोच तनिक विद्रोही स्वर से,
आज भुला निजका क्रन्दन है।

यह देखो 'ताज' विशाल खड़ा !

—महावीर 'नीर'
विद्यालंकार
गुरुकुल कांगड़ी

वह कौन ? कहाँ से आया था, उसकी सब बात निराली थी।
जब मिली उसे सच्ची शिक्षा, फोड़ी मादक-मधु-प्याली थी।
'तलवन-वासी,' नरपुंगव का, यह देखो स्वप्न साकार खड़ा।
उस कर्मयोगी ऋषिवर ने निज, जीवन हंस-हंस बलिदान किया।
कुछ करना है, दृढ़ निश्चय कर, घर-बार त्याग सन्यास लिया।
उस 'मुन्शीराम' अलबेले का यह देखो 'ताज' विशाल खड़ा।
एक 'जादूगर' की बोली ने, उसकी आत्मा झकझोरी थी।
परतंत्र देश में शिक्षा की, एक नई संस्था खोली थी।
उस झोली वाले बाबा का, यह देखो गौरव-गान खड़ा।
उस की शिक्षा थी वीर बनो, निर्भय होकर जूझो रण में।
वह कहता था तुम आर्य वीर, कायरता मत लाओ मन में।
उस वीर अमर बलिदानी का, यह देखो खुद बलिदान खड़ा।
इस 'गुरूकुल' की माटी चन्दन, इसका चप्पा हरियाला है।
इसका शौरव हिम शिखर तुल्य, इसका सब जगह उजाला है।
उस देव-तुल्य, महामानव का, यह देखो शु-भ्रनिशान खड़ा।
इसकी गोदी में जो पलता, उसका इससे पावन नाता।
वह भुला-भुला कर भी इसको, कभी मन से भूल नहीं पाता।
उस मनमोही, मतवाले का, यह देखो प्यार-निशान खड़ा।
यहां धर्म रहे, यहाँ दया रहे, यहां सत्य, न्याय-व्यापार रहे।
उत्थान ही इसका हो हमसे, यह चमन सदा गुलजार रहे।
उस श्रद्धा के अमर पुजारी का, यह देखो तन-मन-प्राण खड़ा।

पंजाब केसरी लाला लाजपतराय

श्री प्रो० रामप्रसाद अध्यक्ष वेद विभाग,

लाला जी का जन्म २८ जनवरी सन् १८६५ को अपने ननिहाल में ढोडि ग्राम जिला फिरोजपुर में हुआ था। यह ग्राम मोगा से १२ मील और जगराँव से १० मील की दूरी पर वर्तमान है। लाजपतराय के पूर्वज जगरांव जिला लुधियाना में रहा करते थे।

लाला जी का जन्म एक साधारण अग्रवाल परिवार में हुआ इनके पितामह ला० वल्लाराम पंजाब में लाहौर के समीप किसी ग्राम में पटवारी थे। शिक्षा की दृष्टि से उनको महाजनी या लाडों के अतिरिक्त किसी भाषा का ज्ञान न था। वे बड़े साहसी, बुद्धिमान तथा मिलनसार स्वभाव के थे। अर्थ के अर्जन करने में कुशल थे। धर्म कर्म के विषय में कट्टर थे। जैन धर्म के अनुयायी होकर उनके साधु सन्तों का यथेष्ट आदर सम्मान करने में उन्हें बड़ी तृप्ति मिलती थी। दादी बहुत सीधी सादी २० तक गिनती जानती थी। रुपये पैसे से उन्हें कोई लगाव नहीं था। उन्होंने घर पर कभी ताला नहीं लगाया। पति यदि कुछ लाते तो उसको गली मौहल्ले में बाँटकर सुख अनुभव करती थी। और घर के कार्य में हृदय से संलग्न रहती और स्वयं प्रायः हाथ पर ही शाक रोटी रखकर खा लेतीं थी।

लाजपतराय के पिता का नाम ला० राधाकृष्ण और माता का नाम गुलाबदेवी था। राधाकृष्ण का जन्म जनवरी सन् १८४५ में लाहौर में हुआ इनकी प्राथमिक शिक्षा जगरांव के एक मदरसे में हुई। मदरसे के मुख्याध्यापक एक कट्टर मुसलमान मौलवी थे जो बड़े चरित्र वान और स्वभाव के इतने मधुर थे कि उनका प्रभाव सहज में ही विद्यार्थियों पर ऐसा पड़ता था कि वे प्रायः धर्म परिवर्तन कर मुसलमान हो जाते थे और यदि किसी कारण वश वे नाम से मुसलमान नहीं भी बन पाते थे तो भी उनकी जीवनचर्य्या मुसलमानी क्रियाकलापों से ओत-प्रोत रहती थी। लाला राधा कृष्ण जी ऐसे मुसलमानों में से एक थे। वे नित्य प्रति ५ समय निवाज पढ़ते थे, रौजे रखते थे मुसलमानों की तरह कुरान का श्रद्धा भक्ति से पाठ करते थे और उन्हीं के साथ प्रायः मांसादि खाते थे पर नाम से हिन्दू थे। यह भी इसलिए कि लाला लाजपतराय की माता जी पीछे से सिख परिवार से थीं। पति के विरोध करते रहने पर भी वे लुके छिपे सब हिन्दु रीति रिवाजों को पूर्ण करती रहती थी। इतनी कट्टर होने पर भी पति प्रेम में वे उनके मार्ग में कभी रोड़ा नहीं बनीं और सब सहन करती रहीं भले ही वे इसको हृदय से सदा अनुभव करती रहती और मन में दुःखी रहती हुई रो भी पड़ती थी। इधर ला० राधाकृष्ण जी भी इसलिए पूर्ण रूपेण मुसलमान नहीं बन सके, कि उन्हें अपनी सेवा परायण पत्नी एवं बच्चों के प्रति प्रगाढ़ अनुराग था। उन्हें यह आशंका थी कि यदि मैं मुसलमान बन गया तो यह मेरे साथ मुसलमान बनने की अपेक्षा बच्चों को साथ लेकर अपने मायके में हिन्दू बनकर रहना अधिक पसन्द करेगी, इसलिए वे नाम से हिन्दु रहे पर जीवन सारा मुसलमानों जैसा और हिन्दू धर्म के विरोध में उन्होंने बहुत लेख भी लिखे हैं।

प्राथमिक शिक्षा के अनन्तर दिल्ली नार्मल स्कूल में प्रवेश लिया वहां सदा प्रथम रहे और नार्मल स्कूल की अन्तिम परीक्षा में तो पंजाब भर में प्रथम रहे। और फिर वे पंजाब के शिक्षा विभाग

में २५ रु० मासिक पर अध्यापक नियुक्त हुए। १० वर्ष की सर्विस के अनन्तर उनका वेतन ३५ रुपये होगया। उनके १० बच्चे हुए जिनमें से ६ जीवित रहे। उन सब में से ज्येष्ठ लाला लाजपतराय जी थे। वे विद्या के इतने व्यसनी थे कि जीवन की ७०-७१ वर्ष की आयु में भी जो पुस्तक या समाचार पत्र उर्दू, फारसी, हिन्दी या गुरमुखी में उनको मिल जाता वे उसे पढ़ डालते थे और यदि कुछ नहीं मिलता तो फिर पुरानी पुस्तकों को ही पढ़ने में लग जाते थे।

ऐसे परिवार में ला० लाजपतराय का जन्म जनवरी २८ सन् १८६५ को ढोडि ग्राम में हुआ। लाजपतराय का बाल्यकाल प्रायः रोगों में कष्टों और चिन्ताओं में व्यतीत हुआ है। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा जगराँव के प्राइमरी स्कूल में हुई। इस के अनन्तर लुधियाना के मिशन हाई स्कूल में और पश्चात् अम्बाला के एक स्कूल में पढ़कर सन् १८८० में १५ वर्ष की आयु में उन्होंने पंजाब और कलकत्ता दोनों विश्वविद्यालयों की मैट्रिक परीक्षाएं एक साथ पास कीं। तदनन्तर गवर्नमेन्ट कालेज लाहौर से एफ. ए. किया। एफ. ए. के द्वितीय वर्ष में ही पिता के अनुरोध से मुख्त्यारी की परीक्षा में बैठे और उस में उत्तीर्ण हो गए। कुछ काल के अनन्तर फिर एल. एल. बी. कर ली। लाजपतराय का विवाह विद्यार्थी काल में मिडिल पास करते ही राधा देवी के साथ हो गया था। राधादेवी जी लगभग उन्हीं की आयु की या उनसे दो एक वर्ष छोटी रही होंगी।

लाहौर का शिक्षाकाल ला० लाजपतराय के जीवन में सबसे बड़ा महत्त्वपूर्ण मोड़ सिद्ध हुआ। वे अपने शिक्षा काल में सन् १८७८, १८८० और १८८१ में तीन बार लाहौर आए। तीनों बार वे लाहौर के गवर्नमेंट कालेज में ठहरे।

लाहौर में उन दिनों सन् १८७७ में महर्षि दयानन्द आए थे और उन्होंने स्वयं लाहौर में आर्यसमाज की स्थापना की और धर्म समाज और राष्ट्र के अभ्यत्थान के सम्बन्ध में अपने विचार दिये जिनका विद्युत के समान पञ्जाब में प्रसार हुआ।

ला० लाजपतराय की लाहौर में पं० गुरुदत्त और ला० हंसराज से संगति होने पर इन्हें आर्य समाज के राष्ट्रीय भाव रूचिकर लगे परन्तु चूंकि इनके पिता ला० राधाकृष्ण जी आर्यसमाज के कट्टर विरोधी थे इसलिए ये आर्यसमाज में जाने का कभी साहस नहीं करते थे। पर यही लाहौर के वास के अपने दो वर्षों में ही उनके विचार और स्वभाव जिस रंग में रंग गए वे जीवन पर्यन्त बने रहे। इन्हीं दिनों में लाला जी को अपने जीवन का वास्तविक उद्देश्य स्पष्ट होने लग गया था और तदनुकूल उन्होंने उसे कार्य रूप में परिणत करना भी प्रारम्भ कर दिया था। इन्हीं दिनों वे भारतवर्ष की वर्तमान परिस्थितियों, पुरानी घटनाओं तथा देश के प्राचीन गौरवपूर्ण इतिहास को पढ़ पढ़ कर प्रायः रोया करते थे। उन्होंने इन्हीं दिनों बहुत से महापुरुषों के जीवन चरित्र पढ़े और भावी जीवन को भारतीय संस्कृति के प्रचार लोक सेवा एवं राष्ट्र के अभ्युत्थान में लगाने का सङ्कल्प किया।

उन्हीं दिनों ला० साईं दास जी जो कि आर्य समाज के प्रधान थे। दफ्तर के समय के बाद उन्हें आर्यसमाज के सदस्य बनाने की ही धुन रहती थी। उनकी पैनी दृष्टि सदा ऐसे युवकों पर रहती थी जिन पर आर्य समाज के भविष्य की आशा सम्भव हो सकती थी। उन्हीं में से एक थे लाला लाजपतराय।

ला० लाजपतराय कब आर्य आर्य समाजी बने और उनके जीवन ने नई करवट ली, इस का वर्णन उन्होंने अपने भावुक हृदय से अपनी आत्म-कथा में स्वयं किया है।

"सन् १८८२ के नवम्बर या दिसम्बर मास में मैं पहली बार आर्य समाज में गया। आर्यसमाज का वार्षिक उत्सव हो रहा था। उस दिन स्व० ला० मदनसिंह का व्याख्यान था। उनको मुझसे बहुत प्रेम था। उन्होंने व्याख्यान देने से पहले समाज मन्दिर की छत पर मुझे अपना लिखा हुआ व्याख्यान सुनाया और मेरी सम्मति मांगी। मैंने व्याख्यान बहुत पसन्द किया। मैं छत से नीचे उतरा तो स्वर्गीय ला० साईंदास ने मुझे पकड़ लिया और अलग ले जाकर कहने लगे कि हमने बहुत समय तक इन्तजार किया है कि तुम हमारे साथ मिल जाओ।

मैं उस घड़ी को भूल नहीं सकता। वे मेरे से बातें करते थे, मेरे मुंह की तरफ देखते थे और मेरी पीठ पर हाथ फेरते थे। मैंने उनको उत्तर दिया कि मैं तो उनके साथ हूं। मेरा इतना कहना था कि उन्होंने झट आर्यसमाज का सभासद् बनने का प्रार्थनापत्र मंगवाया और मेरे सामने रख दिया। मैं दो चार मिनट सोचता रहा परन्तु उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर किये बिना तुझे जाने न दूंगा। मैंने उसी समय हस्ताक्षर कर दिये।

उस समय उनके चेहरे पर जो झलक दिखाई दी, उसका मैं वर्णन नहीं कर सकता। ऐसा मालूम होता था कि जैसे उनको हिन्दुस्तान की बादशाहत मिल गई हो।

उन्होंने एकदम गरुदत्त को बुलाया और सारा हाल सुनाकर मुझे उनके हवाले कर दिया। वे भी बहुत खुश हो गए।

लाला मदनसिंह के व्याख्यान की समाप्ति पर लाला साईंदास ने मुझे और गुरुदत्त को प्लेट फार्म पर खड़ा कर दिया। हम दोनों से व्याख्यान दिलवाए। लोग बहुत खुश हुए और खूब तालियाँ बजाईं। इन तालियों ने मेरे दिल पर शराब का सा असर किया। मैं सफलता और प्रसन्नता की मस्ती में अपने मकान को वापिस आ गया।"

ला० लाजपतराय के पश्चात् सहस्रों व्यक्तियों ने आर्यसमाज की सदस्यता के फार्म भरे होंगे पर कितनों में वह निष्ठा भावना और उत्साह रहा होगा जो कि ला० लाजपतराय में था। ३२ वर्ष के उपरान्त जब कि वे देश निकाले से वापिस आए थे और लाहौर आर्यसमाज के प्लैट फार्म से उन्होंने अपना व्याख्यान दिया था तो उस में कहा था—"पिछले ३२ सालों में मुझे कभी इस बात का अफसोस नहीं हुआ कि मैं आर्य समाज में क्यों दाखिल हुआ? मैं हमेशा से इस घटना को अपनी जिन्दगी की महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी महान बात जीवन का मोड़ समझता हूं और इसे मैं प्रसन्नता और अभिमान से याद करता हूं।

मेरे जीवन में जो हिस्सा खराब है, वह मेरा अपना है। वह या तो मुझको विरासत में मिला है या मेरे पूर्वजन्म के संस्कारों का फल है। लेकिन मेरे जीवन का जो हिस्सा अच्छा और लोगों में प्रसंशायोग्य है वह सब आर्य समाज की बदौलत है। आर्य समाज ने मुझे वैदिक धर्म से प्यार करना सिखलाया, आर्यसमाज ने मुझे प्राचीन आर्य सभ्यता का मान करना सिखाया, आर्य समाज ने प्राचीन आर्यों से मेरा सम्बन्ध जोड़ा और मुझे उनका सेवक और भक्त बनाया।"

आर्य समाज ने मुझे अपनी जाति से प्यार

करना सिखलाया, आर्य समाज ने मुझे कुरबानी का मार्ग दिखलाया । आर्यसमाज ने मेरे अन्दर सत्य धर्म और स्वतन्त्रता की रूह फूंकी । आर्य-समाजने मुझे संगठित करने का पाठ सिखलाया । आर्य समाज ने मुझे यह शिक्षा दी कि समाज धर्म और देश की पूजा और सेवा करनी चाहिए और उनकी सेवा में जो मनुष्य बलिदान करता है और दुःख उठाता है उसे स्वर्ग का राज्य मिलता है । मतलब यह है कि मैंने सार्वजनिक लोक सेवा के तमाम सबक आर्य समाज में रहते हुये आर्यसमाज से सीखे । आर्य समाज के क्षेत्र में ही मैंने अपने प्यारे मित्र बनाए । आर्य समाज के क्षेत्र में ही मैंने सार्वजनिक जीवन में पवित्रता के नमूने देखे । आर्य समाज के उपकार मेरी गरदन पर अनगिनत और असीम है । अगर मेरा बाल-बाल भी आर्य समाज पर न्योच्छावर हो जावे तो भी मैं उन उपकारों से उऋण नहीं हो सकता ।

अगर मैं आर्य समाज में प्रविष्ट न होता तो ईश्वर ही जाने कि क्या होता, मगर यह सच है है कि मैं आज जो कुछ हूं वह न होता ।"

आर्य समाज में पदार्पण करते ही लाला लाज-पतराय, ला० हंसराज और पं० गुरुदत्त त्रिमूर्त्ति के नाम से प्रसिद्ध हुए । उन दिनों स्वामी दयानन्द जी अजमेर में मृत्यु शय्या पर पड़े थे । तीनों ने सोचा कि स्वामी जी की सेवा में हम में से किसी एक को पहुंचना चाहिये । अन्त में गुरुदत्त को भेजने का निश्चय हुआ और वे अजमेर चले गए ।

सन् १८७३ में दीपावलि के दिन महर्षि दयानन्द सरस्वती का देहावसान हुआ । अगले ही दिन यह शोक काली धारियों में समाचार पत्रों में निकला । आर्य समाज में सन्नाटा छा गया । लाजपतराय वकालत की तैयारी में व्यस्त थे । पुस्तक उनके हाथ से गिर गई । उनकी आंखों से अश्रुधारा प्रवाहित होने लगी मानो कोई अत्यन्त घनिष्ट प्राणी चल बसा हो । आर्यसमाज के प्रधान लालसाईंदास ने बच्चों वाली समाज में शोक सभा का आयोजन किया और उसमें मुख्य वक्ता के रूप में ला० लाजपतराय को चुना ।

शोक सभा में अत्यन्त भीड़ थी, तिल धरने को जगह नहीं थी लोग आस पास की छतों पर भी बैठे हुए थे । बहुत से लौट गए एक वक्ता के बाद दूसरा और दूसरे के बाद तीसरा बोलता गया, पर असफल रहे । अन्त में ला० लाजपतराय जी एक घंटे तक बोले । इस व्याख्यान ने ला० लाज-पतराय का आर्यसमाज के प्रथम कोटि के व्या-ख्यानों में स्थान बना दिया ।

आगे चलकर उन्होंने महात्मा हंसराज और पं० गुरुदत्त जी के साथ मिलकर डी० ए० वी० कालेज की स्थापना की जिस कालेज ने प्रान्त भर की ही नहीं अपितु भारत भर की शिक्षा संस्थाओं में एक उच्च स्थान प्राप्त किया । विभाजन के पूर्व यह कालेज पंजाब प्रान्त की शिक्षा, समाज सुधार और राष्ट्र के पुनरुत्थान का मुख्य केन्द्र माना जाता था । इस कालेज को समुन्नत करने में ला० लाजपतराय जी का पर्याप्त हाथ था ।

ला० जी का राजनीति में प्रवेश

१८८६ से १८९२ ई० तक ये हिसार में वकालत करने के साथ-साथ कार्य भी करते रहे। हिसार में रह कर वहाँ की आर्य समाज को जागरूक कर चहुं ओर प्रचार, समाज सुधार और लोक हित के कार्यों को बढ़ावा दिया ।

अपने लोक प्रिय कार्यों के कारण अपने हिसार के तीन वर्षों के निवास काल में ही ये म्युनिसिपल कमेटी के निर्वाचित सदस्य और अवैतनिक मन्त्री रहे ।

ला० लाजपतराय ने इन तीन वर्षों में कमेटी

के शिक्षा और स्वास्थ्य के कार्यों में अच्छी सफलता प्राप्त की। इस समय ला० लाजपतराय की आयु २५ वर्ष की थी। उनमें देश प्रेम की ज्वाला धधक रही थी। उन्होंने उन्हीं दिनों अपने साथियों से मिलकर दयानन्द ऐंग्लो वैदिक कालेज की स्थापना की थी। उधर १८८५ में इण्डियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना भी हो चुकी थी। इधर भी उनका झुकाव था।

काँग्रेस के मुख्य विरोधी सुप्रसिद्ध सरसय्यद अहमदखाँ थे जो अलीगढ़ ऐंग्लो मोहम्मडन कालेज के जन्मदाता थे।

सर सैय्यद अहमद साहब ने कुछ समय पूर्व भारतीय राष्ट्रीयता का नारा लगाया था और इस के लिए लेख भी लिखे तथा भाषण भी दिये थे। काँग्रेस की स्थापना के साथ उन्होंने एकदम कांटा बदला और मुसलमानों को कांग्रेस के आन्दोलन से पृथक् रहने का परामर्श दिया।

ला० लाजपतराय को सर सैय्यद अहमद की की राष्ट्र विरोधी नीति में द्रोह की झलक आई। वे अपने को सँभाल न सके। उन्होंने उर्दू के पत्रों में सर सैय्यद के नाम खुली चिट्ठियाँ लिखीं जिनमें उनकी पेंतरे बाजी की कड़ी आलोचना की।

काँग्रेस के जन्मदात ह्यूम साहब को जब उनका पता चला तो उनका अंग्रेजी में अनुवाद प्रकाशित कराया। यह सब कुछ सन् १८८८ की कांग्रेस से पूर्व हो चुका था। जिसमें ला० लाजपतराय प्रथम बार सम्मिलित हुए। सर सैय्यद अहमद खां के साथ यह उनका प्रथम राजनीतिक विवाद था जिसने उनको विख्यात कर दिया था। जब वे इलाहाबाद पहुंचे तो स्टेशन पर उनके स्वागत के लिए ह्यूम साहब, पं० अयोध्यानाथ और पं० मदनमोहन मालवीय जी आए हुए थे। तरुण मालवीय जी ने स्वयं सेवकों के साथ लाजपतराय के नाम पर खुशी से तालियाँ बजाई।

काँग्रेस के अधिवेशन में ला० लाजपतराय का बहुत सत्कार हुआ। व्याख्यान देने के लिये वे कई बार मंचपर आए। इस के बाद भी कई बार ये कांग्रेस के अधिवेषणों में सम्मिलित हुए पर ये इनकी ढीली कार्य प्रणाली से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए इस मध्य में ये अपने कार्य के साथ-साथ अनेक सामाजिक कल्याण के कार्य करते रहे कही दुर्भिक्ष ग्रस्त लोगों की सहायता के कार्य में कहीं बाढ़ पीड़ित की सहायता के कार्य में जुटे रहे। कहीं अनाथ बच्चों के भविष्य के लिए अनाथालयों की स्थापना कर रहे हैं। इस प्रकार अनेकों लोकहित के कार्यों को अनवरत करते रहे।

अपनी राष्ट्रीय भावनाओं के कारण पुनः १९०१ में लाहौर से उन्होंने कांग्रेस में सक्रिय भाग लिया। १९०४ में वह महामना गोखले के साथ काँग्रेस डेपुटेशन में विलायत गए और भारत की राजनीतिक मांगों को व्याख्यानों तथा लेखों द्वारा अंग्रेजों के सामने रखा।

लोकमान्य तिलक तथा अन्य गर्मदल के नेताओं की भांति लाजपतराय, काग्रेस की नीति से पूर्णतः सहमत नहीं हुए पर तो भी उनका कांग्रेस के अधिवेशनों में आना जाना बराबर बना रहा।

आगे चलकर अपने राष्ट्रोत्थान के तीव्रतम कार्य-क्रमों के कारण और भारत माता के परतन्त्रता के बन्धनों को शीघ्र से शीघ्र काटने के सम्बन्ध में क्रान्तिरूप साधारण करने के कारण सारे देश में उनकी प्रसिद्धि हो गई। उस समय भारत में त्रिमूर्ति के रूप में लाल बाल पाल प्रसिद्ध थे। ला० लाजपतराय पञ्जाब में स्वतन्त्रता आन्दोलन का नेतृत्व कर रहे थे। और महाराष्ट्र में बाल गंगाधर

तिलक तथा विपिनचन्द्र पाल बंगाल में आन्दोलन का नेतृत्व कर रहे थे। आगे चलकर इनकी अत्यधिक सरगर्मियों के कारण इन्हें (ला० लाजपतराय को ७ मई १९९७ को देश से निर्वासित कर दिया गया। जनता ने इसका इतना विरोध किया कि अंग्रेज सरकार को ११ नवम्बर १९०७ को उन्हें रिहा करना पड़ा।

इस प्रकार से सतत देश की स्वतन्त्रता के लिए भारतवासियों को जागरूक करतें रहे और हर आपत्ति का सामना वीरता पूर्वक करते रहे।

भारत की प्रथम योरूपीय महायुद्ध के आठ साल बाद ब्रिटिश सरकार ने पराधीन भारत के भाग्य के निर्णय करने के लिए (भारत सुधार योजना को तैयार करने के लिए) साइमन कमीशन यहां भेजा। कमीशन ३० अक्टूबर १९२८ को लाहौर पहुंचा। लाजपतराय के लिए यह असह्य हो गया कि सात समुद्र पार से आए गोरे उनके देश के भाग्य विधाता बने। ला० लाजपतराय ने काली झण्डियों के साथ जलूस निकाला। वे इस जलूस के अग्रणी थे। यह जलूस "साईमन गो बैंक" के नारे लगाता हुआ लाहौर स्टेशन की ओर आगे बढ़ा। पुलिस ने जलूस को आगे बढ़ने से रोका, पर उनके न रुकने पर लाठियों का प्रहार किया। पहली लाठियाँ जलूस के अगुवा, ला० लाजपतराय पर पड़ी लाठी चार्ज की रात को मोरी दरवाजे के बाहर विराट सभा हुई, जिसमें घायल सिंह की तरह गर्जना करते हुए ला० लाजपतराय ने अपने अमर शब्द कहे "हम पर किया गया एक एक लाठी का प्रहार ब्रिटिश साम्राज्य के कफन में कील का काम करेगा।" वेदना असह्य थी दिनों दिन शरीर जवाब दे रहा था। अन्त में १७ नवम्बर १९२८ को वह दीपक पार्थिव शरीर की दृष्टि तो बुझ गया पर सदा के लिये अपने यशः शरीर से प्रकाश स्तम्भसब का पथ प्रदर्शक बन गया। —०—

"एकता"

विष्णुदेव प्रसाद विद्यालंकार अन्तिम वर्ष, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

छात्र-सेना के कदम में एकता हो

आपसी मतभेदता को छोड़ दें।
द्वेष इर्ष्या की कड़ी को तोड़ दें,
लोभ-लोचन से अरि-दल इस तरफ
देखे तो उसकी नजर को मोड़ दें,
हम बढ़ें आगे अगर चाहे भी कोई रोकता हो।
छात्र-सेना के कदम में एकता हो ॥१॥

देश रक्षा की तमन्ना मन में हो,
व्यथा-गिरि के टूटे फिर भी गम न हो,
दुर्गमों को पार करने के लिए,
वीर सा साहस हमारे तन में हो,
एक कर दें हम जहाँ विभिन्नता हो।
छात्र-सेना के कदम में एकता हो ॥२॥

सोच लें है भार भारत का हमीं पे,
शान है हम सबकी पावन इस जमीं पे,
देश में ऐसा उजाला हम करें,
जिस प्रभा से हों प्रभासित विश्व जन,
हम न देखें उस बुराई जग भले ही देखता हो।
छात्र-सेना के कदम में एकता हो ॥३॥

दीन दुःखियों की तड़पती आह को,
आँसू भर हम उसकी मिटायें दाह को,
दीन शिशु जो प्यार के भूखे पड़े,
चूमकर हम झट उठालें अंक में,
जो हमें चिरकाल से आशा नयन से देखता हो।
छात्र-सेना के कदम में एकता हो ॥४॥

शिक्षण संस्थाओं का दिग्दर्शन

श्री डा० गंगाराम, रजिस्ट्रार, गुरुकुल काँगड़ी

श्री बलभद्र कुमार जी कुलपति का यह सुझाव है कि विश्वविद्यालय के प्रमुख अधिकारी देश की उच्च शिक्षण संस्थाओं में जायें और वहाँ की व्यवस्था का अध्ययन करके अपने यहां अपेक्षित सुधार करें। उसी निमित्त राजस्थान विश्वविद्यालय वनस्थली विद्यापीठ एवं जामिया मिलिया को हम देखने गये। इसी योजना के अन्तर्गत कुलपति जी गुजरात विद्यापीठ और आचार्य विनोबा भावे के पौनार आश्रम में भी प्रतिनिधि मंडल भेजने का विचार कर रहे हैं। जयपुर में अमरीकी सरकार की ओर से एक सैमीनार हुआ था और उसमें भाग लेने के लिये कुलपति जी जयपुर गये थे। मुझे और श्री एस० पी० वोहरा, कन्ट्रोलर आफ एकाउन्ट्स को भी वहां जाने के लिये कहा गया। विश्वविद्यालय पर अधिक व्यय न पड़े हमने विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक दिल्ली में ही बुलाई। ४ दिसम्बर को उक्त बैठक सम्पन्न होने के पश्चात् हम ५ ता० को जयपुर के लिये रवाना हो गये। हम वहां संध्या में पहुंच गये और हमारी निवास व्यवस्था राजस्थान विश्वविद्यालय गैस्ट हाउस में हो गयी। पहुंचने के बाद ही मैंने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री एल० पी० वैश्य से सम्पर्क स्थापित किया कि हम अगले दिन अर्थात ६ दिसम्बर को विश्वविद्यालय देखने आयेंगे। अगले दिन हम विश्वविद्यालय पहुंच गये। श्री वैश्य जी हमारी प्रतीक्षा में थे। मैं और श्री वोहरा जी ने श्री वैश्य जी और वहां के डिपुटी रजिस्ट्रार से विश्वविद्यालय संबंधित अनेक प्रश्न किये जिनका ब्यौरा श्री बोहरा जी अलग से कुलपति जी को अपनी रिपोर्ट मे दे रहें हैं। जो महत्वपूर्ण बातें उनसे हुई उनमें परीक्षा प्रणाली, वित्त व्यवस्था एवं छात्रावास की व्यवस्था सम्मिलित थी। राजस्थान विश्वविद्यालय में परीक्षायें किसी न किसी फेकल्टी की सम्पूर्ण वर्ष होती रहती हैं। १६०० के लगभग शिक्षकेत्तर स्टाफ़ है और १ लाख से ऊपर परीक्षार्थी होते हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी रेजिडेन्शल भी है और एफीलियेटिंग भी। उत्तर पुस्तिकाओं को किस ढंग से वे रखते हैं और प्रश्न पत्र छपवाने की उनकी क्या व्यवस्था होती है, इस संबंध में भी गोपनीय जानकारी प्राप्त की। हमारे विश्वविद्यालय में हमे सरकार से पूरा अनुदान नहीं मिलता जिसके लिये हमे पर्याप्त हानि उठानी पड़ती है। हमने देखा कि यह कठिनाई कभी कभी उन्हें भी होती है, पर राजस्थान विश्वविद्यालय का एक बड़ा भारी रिजर्व फंड है, जिससे इस प्रकार के घाटे की पूर्ति की जा सकती है। यदि हमारे यहां भी इस प्रकार एक रिजर्व फंड हो जाय तो बहुत कुछ यहां की आर्थिक समस्या हल हो सकती है। इस अध्ययन के पश्चात् विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण कार्यालय में जाकर एक २ विभाग को देखा गया। फिर उस स्विमिंग पूल को देखा जिसकी काफी प्रसिद्धि है। १००मीटर लम्बा यह स्विमिंग पूल बहुत ही सुन्दर है और यहां प्रत्येक प्रकार के छात्र के लिये तैरने और कूदने की व्यवस्था है। पहले हमारा विचार था कि हमारे विश्वविद्यालय के पास नहर जाने के कारण स्विमिंग पूल की आवश्यकता नहीं है, पर जो तैराकी के भिन्न २ तरीके हैं, वे नहर की बजाय स्विमिंग पूल में ही हो सकते है। अतः विश्वविद्यालय के लिये अब यहाँ उपयुक्त रहेगा कि वह अपने यहाँ भी स्विमिंग पूल का निर्माण करें।

पुस्तकालय भी देखा। ७ ता० को रविवार था। ८ ता० को हम वनस्थली गये जो जयपुर से कुल ७० किलोमीटर दूर है। राजस्थान विश्वविद्यालय की अपेक्षा हमें वनस्थली उस प्रकार की संस्था

लगी जैसी कि हमारी संस्था है। वही त्याग और तपस्या जो इस संस्था के बीज रूप में विद्यमान है, वहां पर भी पाई गयी। नीम के पेड़ के नीचे कई वर्षों तक श्रेणियां लगने के पश्चात कच्ची ईंटों की झोपड़ियों का निर्माण हुआ। लगभग २०० हायर सैकेन्डरी स्कूल की छात्रायें इसमें रहती हैं। इनमें बिजली लगी हुई है और चिकित्सा के लिये ५ बेड का छोटा अस्पताल है। कच्चे होस्टलों में भी सफाई देखते ही बनती है। कहीं पर भी तो कूड़ा करकट नहीं। छात्राओं की वेष भूषा स्वच्छ थी और यह देखने को मिला कि उन्हें इन झोंपड़ियों में रहने का ही आनन्द है। इन्हीं के साथ ही कुछ और कच्ची झोंपड़ियां बनी हुई हैं, जिनमें वनस्थली के संस्थापक और वर्तमान प्रशासक निवास करते हैं। हाल ही कुछ वर्षों में स्टाफ के लिये पक्के क्वार्टर बनाये गये हैं, जिनकी संख्या १०० से अधिक है। ११ पक्के होस्टल भी हैं, जिनमे १५०० छात्रायें निवास करती हैं। लगभग १० लाख की लागत से एक पक्के होस्टल का निर्माण भी हो रहा है। वनस्थली का क्षेत्रफल लगभग ९०० एकड़ है।

पुस्तकालय पक्के भवन में है जिसमें ८० हजार के लगभग ग्रन्थ हैं। साढ़े पाँच सौ के लगभग विभिन्न विषयों की पत्रिकायें आती हैं। यह उल्लेखनीय है कि वनस्थली में कला के २१ विषयों में और रसायन में पी-एच० डी० तक के अध्ययन की व्यवस्था है। संगीत, नृत्य, कला, शिल्पकारी, नाट्य गृह, विज्ञान पर विशेष बल दिया जाता है। प्रायः सभी भवनों में उच्च कलाकारों द्वारा बनाये गये भित्ति चित्र हैं। जिनका छात्राओं पर कलात्मक एवं सांस्कृतिक प्रभाव परोक्ष रूप से पड़ता रहता हैं। सभी आधुनिक खेलों की व्यवस्था है। पर इसके साथ ही लड़कियां घुड़सवारी भी करती हैं। इस समय वहाँ २२ घोड़े हैं। छोटी २ बालिकाओं ने १, २ और ३ घोड़ों पर जो कृत्य दिखलाये उनसे उनके अद्वितीय साहस का परिचय मिलता है। यदि हमारे विद्यालय के बच्चों में भी घुड़सवारी का शौक पैदा कर दिया जाये तो निश्चय ही छात्रों में एक आत्म विश्वास की भावना उत्पन्न होगी। प्रारम्भ में दो या चार घोड़ों की व्यवस्था की जा सकती है। राजस्थान में पानी की कमी है और यहां पर उसका काफी असर है। फिर भी यहाँ एक स्विमिंग पूल बना हुआ है, जिसकी सफाई के लिये फिल्टर प्लांट भी है। एक बहुत बड़ा कुंआ है। पर इस वर्ष घोर वर्षा होने के कारण वह बैठ गया है। यहां छोटे-मोटे लान के अतिरिक्त पानी के अभाव में हरियाली दृष्टिगोचर नहीं होती।

यहां पर तीन विमान हैं लड़कियों की उड़ान की ओर भी काफी रुचि है। भारत में सर्वप्रथम एन० सी० सी० का एयर विंग यहीं खुला है। उस दिन सर्वत्र पढ़ाई हो रही थी और ऐसा प्रतीत होता था कि छात्र छात्राएं, अध्यापिकाएं (कुछ अध्यापक भी यहां कार्य कर रहे हैं) एवं कर्मचारी एक सूत्र में बंधकर एक निश्चित ध्येय की ओर अग्रसर हैं। एम०ए० की श्रेणियों के लिये पर्याप्त पक्के भवन नहीं हैं, पर उन्होंने अपनी समस्या का समाधान निकाला हुआ है। कालिजके पक्के भवन के पीछे काफी झोपड़ियां बना दी गयी हैं, जहां पर स्वच्छता के वातावरण में एम० ए० की श्रेणियां लग रहीं थीं। ऐसा दिन शायद ही कोई जाता हैं जिस दिन किसी न किसी विभाग की सांस्कृतिक गतिविधि न हो।

वनस्थली के प्राँगण में एक उद्बोधन केन्द्र है, जहां से प्रातः और सायं प्रार्थना प्रसारित होती

है। इसकी ध्वनि १५ लाउडस्पीकरों द्वारा लगभग डेढ मील लम्बे परिसर में प्रसारित होती है। इसी प्रकार की व्यवस्था हमारे यहां भी हो सकती है। विद्यालय में प्रातः सायं सन्ध्या हवन होता है। यदि वहीं से इस प्रकार की व्यवस्था का प्रसारण हो तो इसका गुरुकुलवासियों पर एवं बाहर के दर्शकों पर बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ेगा। उस दिन गुरु तेगबहादुर की ३००वीं वर्षगांठ के अवसर पर कुछ छात्राएं ग्रन्थ साहब का पाठ कर रही थीं। यह उल्लेखनीय है कि इस संस्था में भारत के सभी धर्मों को मानने वाली छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। इस उद्बोधन केन्द्र में एक वेद विद्यालय भी है, जिसमें प्रत्येक वेद में अध्ययन करने पर अलग २ डिप्लोमा दिया जाता है। इस संस्था के संस्थापक श्री हीरालाल जी शास्त्री की समाधि (जिनकी मृत्यु २८ दिसम्बर को गत वर्ष हुई थी) के निकट एक ब्रह्म मंदिर है, जिसकी दीवारों पर विश्व के प्रमुख धर्मों के उपदेश लिखे हैं। धार्मिक सहिष्णुता यहां पराकाष्ठा पर है और किसी भी प्रकार का धर्म या जातिगत भेदभाव प्रतीत नहीं होता। यह भी उल्लेखनीय है कि कई राज्य तो अपने यहां की छात्राओं को नियमित छात्रवृत्ति देते हैं। भारत के सभी राज्यों ने वनस्थली के निर्माण में कुछ न कुछ योगदान किया है।

काफी समय मैंने उनकी आश्रम व्यवस्था देखने में बिताई। छोटे बच्चों के छात्रावास में बहुत सफाई थी। एक विद्यार्थी के पास एक अलमारी और एक तख्त था। दिन के समय सभी छात्राओं की रजाइयां प्रत्येक भवन में स्थित एक कोने में रखदी जाती थीं। और उनके ऊपर एक चादर डाल दी जाती थी। उनके बक्स एक निश्चित स्थान पर एकत्र रख दिये जाते थे, जिन पर छात्राओं का नाम लिखा रहता है। सभी होस्टलों की टट्टियां साथ थीं और स्नानागार भी उन्हीं के साथ हैं। लगभग ६० छात्राओं के लिये ७६ टट्टियां थीं और ८ स्नानागार। होस्टल में किसी भी स्नानागार की टूंटी, कोई तख्त या अलमारी टूटी नहीं मिली। टट्टियों में मुझे बहुत सफाई नजर आई। छात्रावासों में ही इनडोर खेलों की सामग्री जुटाई जाती है। भोजन की व्यवस्था भी हमने देखी और कच्ची सब्जियों में भी हमें कोई शिकायत नजर नहीं आयी। अधिकांश होस्टलों में पूरे समय के लिये वार्डन हैं। जो वहीं पर छात्राओं के पास रहती हैं। दोपहर के भोजन के पश्चात् वनस्थली की फिल्म दिखाई गई। और उसके पश्चात् श्री हीरालाल जी शास्त्री की शव यात्रा एवं दाह संस्कार की फिल्म।

चार बजे हमारी भेंट श्री प्रेमनारायण माथुर से हुई, जो कि राजस्थान के भू० पू० शिक्षा एवं वित्त मंत्री हैं। लगभग डेढ घंटा उनसे बात हुई। अन्य बातों के अलावा उन्होंने इसी विषय में जानकारी मांगी कि गुरुकुल को विश्वविद्यालय के समकक्ष की मान्यता मिलने के बाद क्या कुछ प्रगति हुई। यहां पर शिक्षा प्रारम्भ से लेकर अन्त तक निःशुल्क है। इस समय वनस्थली को ५१ लाख रु० का घाटा है, पर उन्होंने दृढतापूर्वक कहा कि वे शीघ्र ही इस धन की व्यवस्था कर लेंगे। इस प्रकार की घाटा पूर्ति अधिकांश में दान से ही की जा सकती है।

११ ता० को हम साढे दस बजे कुलपति जी के साथ जामिया मिलिया पहुंच गये। वहांपर वहाँ के कुलपति जी से बातचीत हुई, वहां के रजिस्ट्रार भी उपस्थित थे। हूजा साहब का विचार था कि गुरुकुल को और जामिया मिलिया को आपस

मे सहयोग करना चाहिये । बातचीत के बाद विचार बना कि भारत और ईरान के संबंध में जो शीघ्र कार्य हों उसमें गुरुकुल और जामिया का सहयोग संभव हो सकता है। आशा है, कि इस दिशा में प्रगति होगी। क्योंकि हमारे प्रचीन भारतीय इतिहास विभाग में एक शोधछात्र ऐसा है जो कि भारत और ईरान के प्राचीन संबंधों पर शीघ्र कार्य कर रहा है । इसके पश्चात् जामिया मिलिया के परिसर को देखा गया । सबसे अच्छी फ़ैकल्टी वहां की शिक्षा की लगी । जामिया मिलिया ने हमारे अनुरोध पर आश्वासन दिया कि जब भी गुरुकुल शिक्षा की फ़ेकल्टी बनायें तो जामिया उसमें पूर्ण सहयोग देने को तैयार है।

आशा है कि जो कुछ सुझाव ऊपर दिये गये हैं, उनके अनुसार गुरुकुल में कार्य करना संभव हो सकेगा।

उरहार

भानुदन्त शास्त्री 'मधुरेश' एम० ए, एल० टी०

जो फूल सुरभि का उपवन में,
करते कुछ भी संचार नहीं।
उन फूलों पर आकर भौंरे,,
करते हैं कभी गुंजार नहीं।।
उनका गुलाब जैसा जग में,
सम्मान कहाँ कब हो सकता।
जो काँटों में पलकर अपना,,
कर सकते हैं शृंगार नहीं ।।

गर्मी-सर्दी वर्षा आँधी-अंधड़,
में जो मुसका न सके ।
उसको तो स्नेहिल नयनों का,
मिल सकता कुछ भी प्यार नहीं।।
तज गेह स्वयं, बिंध सूची से,
जो एक सूत्र में बँध न सके।
'मधुरेश' कभी इस दुनियाँ में,
वह हो सकता उरहार नहीं।।

नरेन्द्र से युगपुरुष स्वामी विवेकानन्द

प्रो० नरेश मिश्र प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

संसार के इने-गिने महापुरुषों में स्वामी विवेकानन्द का नाम श्रद्धा के साथ युग-युग तक याद किया जाता रहेगा। विश्व के असंख्य ज्ञान-पिपासु स्वामी जी की अमृतमयी, महाशक्तिदायिनी वाणी से प्रेरणा प्राप्त कर जीवन पथ पर साहस के साथ आगे बढ़ते रहे तथा भविष्य में भी प्रेरणा प्राप्त कर बढ़ते रहेंगे। यदि हम स्वामी जी को 'शक्ति-पुंज' की संज्ञा दें तो अतिशयोक्ति न होगी।

बंगाल प्रान्त के प्रसिद्ध नगर कलकत्ता में १२ जनवरी १८६३ को एक बालक ने जन्म लिया। जिसका नाम था नरेन्द्र। बालक के माता-पिता विद्वान्, ज्ञानपिपासु तथा धार्मिक प्रवृति के थे। बाल्यावस्था से ही उसमें कुशाग्र बुद्धि के लक्षण प्रकट होने लग गये थे। होता भी क्यों न' होन-हार बिरवान के होत चीकने पात।' बालक माता-पिता से अनेक नये- नये अनुभव प्राप्त करता रहा। आरम्भ में उन्हें अंग्रेजी की शिक्षा मिली। उस समय उनका मन अस्थिर रहा करता था। अपना अधिकांश समय खेल-कूद, गाने-बजाने तथा नाटक आदि में लगा देते थे। ऊंची कक्षाओं में पहुँचते-पहुँचते तर्क तथा दर्शन शास्त्र का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया। वे ईश्वर के विषय में ज्ञान प्राप्त तथा उनके दर्शन करना चाहते थे, इसी कारण उनका मन अशान्त रहता था, और अनेक धर्मों का विवेचन प्रारम्भ कर दिया। इस विवेचन तथा तत्सम्बन्धित आदर्शों के कारण ब्रह्म समाज तथा केशवचन्द्रसेन ने इन्हें बहुत प्रभावित किया जो कट्टर हिन्दू धर्म के विरोधी थे। ज्ञान की खोज में ही इनका सम्पर्क स्वामी रामकृष्ण परम हंस से हुआ। प्रारम्भ में ये बहुत कम प्रभावित हुए और उनकी बात को तब तक नहीं मानते थे, जब तक वह तर्क की कसौटी पर खरी न उतर जाय। धीरे-धीरे स्वामी जी का इन पर गहरा प्रभाव पड़ा और तभी से परमहंस जी को उच्च कोटि का संत समझ कर उन्हें अपने गुरु के रूप में स्वीकार कर लिया। परमहंस जी नरेन्द्र से कहा करते थे कि तुम्हें संसार में एक महान कार्य करना है। नरेन्द्र के गुरु स्वामी परमहंस १६ अगस्त १८८६ को अपना क्षण भंगुर शरीर छोड़कर दिवंगत हो गये। मन की अशांति अब और बढ़ गई। भारत का भ्रमण किया। वे हिमालय से कन्याकुमारी तक गये। दक्षिण में समुद्र के किनारे पहुँचकर समुद्र के जल में दूर, दो उठी हुई चट्टानें देखी। तैर कर वहाँ पहुँचे और पूरे भारत का चिंतन किया आज वह चट्टान' विवेकानन्द चट्टान' नाम से प्रसिद्ध है। उसी समय वहीं पर नरेन्द्र ने निश्चय किया कि स्वामी जी की अमृतमयी वाणी को विश्व के कोने-कोने तक फैलाने के लिए जीवन के अन्तिम क्षणों तक लगा रहूँगा।

सन् १८९३ में विश्व के सामने एक विचित्र बात सामने आई। उस वर्ष तक साधन विहीन, अज्ञात पुरुष भारत से शिकांगो पहुँच गया। उनका नाम था नरेन्द्र जो अब अपने गुणों के अनुरूप विवेकानन्द के नाम से जाना जाने लगा था उस समय वहाँ पर संसार का प्रथम अन्तर राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन हो रहा था। विवेकानन्द शायद इसी विचार से गये भी रहे होंगे कि सम्मेलन में सम्मिलित हो जाऊँ। बड़ी कठिनाइयों के बाद उस युवक को सम्मेलन में हिन्दू धर्म के प्रतिनिधि रूप में बोलने की अनुमति मिली। वहाँ अनेक भार-तीय भी इन्हें संदेह की दृष्टि से देखते थे। स्वामी

विवेकानन्द ने जब सम्मेलन के श्रोताओं को 'भाइयो और बहनों' सम्बोधन किया तो इतने से ही श्रोताओं के मन को जीत लिया और वे हर्षोल्लास से कई मिनट वाह करते रहे। स्वामी जी जब यह बताने लगे कि हिन्दू धर्म क्या है– तब वह श्रोताओं के लिए एक नई बात थी, एक नया चमत्कार था। इसके पूर्व किसी ने इस प्रकार समझाने का प्रयत्न नहीं किया था। ऐतिहासिक विकास में हिन्दू धर्म की मौलिक कल्पना क्या है तथा आधुनिक युग में इसका क्या उपयोग है ? इसके साथ हिन्दू धर्म की उदारता और सार्वभौमिकता को समझ श्रोता बहुत प्रभावित हुए। दो, तीन ही भाषणों में उन्होंने सारे श्रोताओं को मुग्ध कर लिया। उन्होंने उन्नतिशील देश वासियों के धार्मिक दृष्टिकोण में एक नये-युग का प्रवर्तन कर दिया। धर्म सम्मेलन में स्वामी जी ने अपने अद्भुत भाषण में श्रोताओं को धार्मिक तत्वों पर विचार करने का एक नया उपाय बताया। श्रोताओं में अधिकतर सनातनी, ईसाई तथा यहूदी आदि थे जो समझते थे अन्य धर्मावलम्बियों की दशा खराब है तथा वे सच्चे मार्ग से भटके हुए हैं। उन्हें भी अपने विचारों के रंग में रंग दिया।

स्वामी विवेकानन्द का दिव्य संदेश जहाँ-जहाँ पहुँचा वहाँ के विचार शील लोगों की विचार शैली ही बदलने लगी। कहीं-कहीं पर कट्टर विश्वासों तथा पूजाचर्या में छिपे उनके स्वार्थ थे वहां स्वामी का कड़ा विरोध भी हुआ। स्वामी जी का विरोध करने वाले अधिकांश लोग मिशनरी थे। स्वामी जी ने स्पष्ट घोषित कर दिया था कि हमारा उद्देश्य किसी का धर्म परिवर्तन करने का कदापि नहीं है। मैं नहीं चाहता कोई ईसाई हिन्दू बने और न ही कोई हिन्दू या बौद्ध ईसाई बने स्वामी जी अमेरीकियों को आश्चर्य चकित कर देने वाला भारत का सनातन संदेश बराबर दते रहे जो वेदों के समय से चला आ रहा था। वह संदेश था 'एकम् सत् विप्रा बहुधा वदन्ति।' अर्थात-सत्य केवल एक है, ज्ञानियों द्वारा उसको अनेक प्रकार से कहा गया है। सर्व प्रथम उक्त वैदिक संदेश स्वामी राम कृष्ण परम हंस ने संसार के सामने नये रूप में रखा तो स्वामी विवेकानन्द के विश्वास, तर्क, शक्ति तथा प्रेरणाबल से पाश्चात्य देशों को विचार करने का नया मार्ग मिला।

स्वामी विवेकानन्द एक तरफ सभी धर्मों के लोगों में वेदान्त की व्याख्या करते, आध्यात्मिक उपदेश देते जिससे उन्हें मार्ग दर्शन मिलता तो दूसरी तरफ जनता की सेवा की भावना भरते थे। आज उन्हीं की देन है कि रामकृष्ण के कार्य कर्त्ता अस्पताल, अनाथालय आदि चला रहे हैं तथा असहायों को सहारा दे रहे हैं। असहाय,दरिद्र,दलित तथा रोगी की सहायता करके धर्म को व्यावहारिक रूप दिलाया। स्वामी विवेकानन्द इनके लिए 'दरिद्र नारायण' शब्द का प्रयोग करते थे। इसका तात्पर्य यह था कि दरिद्र, जो ईश्वर का एक रूप है उनकी सेवा करना हमारा धर्म है। वे स्पष्ट शब्दों में कहते थे कि ईश्वर को बाहर ढूंढना भ्रम है वह तो दरिद्रों में निवास करता है, यह विचार महान उपदेशक तथा समाज सुधारक कबीर के ही समान है–

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूढ़ै बन माहि।
ऐसे घटि-घटि राम है, दुनिया देखै नाहि।।

स्वामी जी वेदान्त दर्शन के प्रभाव के कारण अस्पृश्यता तथा ऊँच-नीच की भावना से घृणा करते थे। उनका तो विचार है कि 'यत्र जीवस्तत्र शिवः। स्वामी जी इतना ही नहीं अपनी इस बात को पूरी गंभीरता से कहते थे कि पहले माननीय

अधिकारों से गिरे दलित, पतित, व्यक्तियों के स्तर को उठाना होगा, क्योंकि इसके अभाव में उन लोगों में आध्यात्मिक उपदेश नहीं दिया जा सकता है। इससे दूर अमेरिका ऐसे समृद्ध देशों में जन सेवा की आवश्यकता नहीं है। ऐसे लोगों को संसार के सब धर्मों के आदर्श तथा अच्छे उपदेशों पर चलकर सच्चा जीवन प्राप्त करने पर जोर देते थे। संसार के सब धर्मों को समान बताते हुए वे कहते थे कि ईश्वर का प्यारा कोई धर्म विशेष या जाति विशेष नहीं है। इन्हीं सब अपनी मौलिक विशेषताओं के कारण स्वामी जी को विदेश में भी आश्चर्य जनक सफलता मिली। उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि हिन्दू धर्म सब धर्मों में श्रेष्ठ है। वे दूसरे धर्मों के स्थायी सर्व मौलिक तत्वों को मुक्तकंठ से स्वीकार करते थे। उनका यह मन्तव्य था कि सभी धर्मों के मौलिक तत्व एक हैं। इसी के साथ उनका यह दृष्टिकोण सबके सामने था कि भारतीय दृष्टिकोण में और विशेष कर वेदान्त में–विरोधी तत्वों को एक करके उनमें सामंजस्य स्थापित करने और मानवतावादी बनाने की जितनी क्षमता है उतनी और, धर्मों में नहीं है। जो व्यक्ति वेदान्त सिद्धान्त को मानकर अधिक ज्ञान प्राप्त करना चाहता था उसे रामकृष्ण स्वाध्याय मंडल का सदस्य बना लिया जाता था किंतु किसी के धर्म में परिवर्तन नहीं कराया जाता था।

स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के अनेक नगरों में घूम–घूम कर उपदेश देते रहे। लम्बे समय तक इस कार्यक्रम में व्यस्त रहने के कारण वे थकान का अनुभव कर रहे थे। इस समय वे सेन्ट लारेन्स नदी अमेरिका और कनाडा के बीच के थाउजैण्ड आईलैण्ड पार्क में जो सहस्रद्वीप उद्यान के नाम से जाना जाता है, में थे वहीं एक शिष्य ने विश्राम के लिए आग्रह किया। स्वामी जी विश्राम तथा स्वास्थ लाभ को दृष्टि में रखकर उसके घर पर सात सप्ताह रुके। उनके साथ कुछ अनन्य भक्त तथा शिष्य भी थे। उनके शिष्यों ने एक महान कार्य किया कि स्वामी जी के वहाँ के सारे उपदेशों को 'इन्सपायर्ड टाक्स' नामक पुस्तक के रूप में लिपिबद्ध कर दिया। सुन्दर, मनमोहक तथा आकर्षक वातावरण की वृक्षावली में जहाँ देवदारु ओक आदि के वृक्ष थे और जंगली फूल खिले रहते थे उन्हीं के बीच स्वामी जी बैठकर ध्यान लगाया करते थे।

कौन जानता था कि बालक नरेन्द्र आगे चल कर युगपुरुष स्वामी विवेकानन्द के रूप में अपने अदम्य साहस से यह सिद्ध कर देगा कि कोई भी मनुष्य तुच्छ या घृणित नहीं है। युग पुरुष अपनी अमृत वाणी को विश्व के कोने–कोने तक पहुँचाते हुए ३९ वर्ष की अल्प आयु में ४ जुलाई १९०२ को अपना पार्थिव शरीर छोड़कर दिवंगत हो गये। इस प्रकार इन्होंने अल्प अवस्था में विश्व के धार्मिक तथा दार्शनिक क्षेत्र में जो क्रांति और लहर फैला दी वह युग–युगान्तर तक याद की जायगी। विश्व में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना जगाते हुए दरिद्रनारायण की सेवा का भी पाठ पढ़ाया। स्वामी जी आज शरीर रूप में हमारे साथ नहीं है किन्तु उनकी अमृत वाणी की शिक्षा तथा उपदेश हमारे साथ हैं, इतना ही नहीं आने वाले समय में युग–युगान्तर तक मानव को प्रेरणा देती रहेंगी। अस्तु !

—०—

महान् नेता सुभाष चन्द्र बोस–विदेश में

ब्र० सुभाष चन्द

भारत भूमि बहुत ही महान् है। इसने ना जाने कितने ऐसे लालों को जन्म दिया जिनकी कहानी उनके महान् कर्त्तव्यों के कारण सदा अमर रहेगी। उसी कहानी के साथ वह महान, वीर, नेता भी अमर रहेंगे। इन महान् सपूतों की श्रेणी में सुभाष चन्द्र बोस का नाम बड़े गौरव से लिया जाता है। उस युवक ने अपने विरोधियों को एक नहीं कई बार पछाड़ा है। उनसे एक नहीं अनेकों मैदानों में जंग किया। और महान् सफलता प्राप्त की है। इस भारत भूमि पर मर कर शहीद होने वालों की संख्या अनगिनत है किन्तु यह युवक जीवित दशा में ही देश के लिए शहीद हो गया। उसकी वीरता तथा दृढ़ निश्चय से अंग्रेज सरकार थर थर कापती थी। वह नेता जनता का दुलारा था।

वह महान् नेता भारत भूमि पर रहकर अपने जीवन का एक एक क्षण उसे दासता की वेणी से मुक्त कराने के लिए प्रयत्न करता रहा। यहाँ के बाद विदेश पहुँचकर भी वह चुप न बैठा। यह कहानी कितनी रोचक और उत्साह पूर्णहै। नेता जी की वह कहानी जो विदेश भूमि से सम्बन्ध रखती हुई भारतीयों के हृदय को छू लेती है। २३ फरवरी के दिन बम्बई से विदेश रवाना होने वाले यश०-यश: गंग नामक जहाज से आपके जाने के लिए व्यवस्था की गयी। आप १७ फरवरी को लखनऊ से जबलपुर लाये गये। आप से मिलने के लिए परिवार के व्यक्ति कलकत्ता से आ पहुँचे। २० फरवरी को जेल में परिवार के सब ही सदस्यों से आपकी भेंट हुई, किन्तु अभाग्यवश पिता जी के दर्शन नहीं हो सके, पिता दर्शन की अभिलाषा हृदय में ही रह गयी। बम्बई में आपके ऊपर से नजर बन्दी हटा दी गयी किन्तु पुलिस का दुर्व्यवहार उन्हें किसी से मिलने न दिया और न किसी से बात-चीत ही हो पायी। मार्च में आप स्वीटजरलैन्ड पहुंच गये। आपने भारत से विदेश जाते समय जहाज से ही एक महान् संदेश देश के नाम प्रकाशित कराया–

"एक वर्ष से अधिक समय से मैं अपने प्रान्त से निर्वासित हूँ। इस निर्वासनकी अस्वस्थ परिस्थितियों के कारण मेरा स्वास्थ्य बिलकुल खो गया है। शारीरिक कष्टों के साथ मानसिक व्यथा भी कुछ कम नहीं है। बगाल से बाहर कैद करने जाने पर भी ध्यान उस ओर था जो प्रान्त में एक ओर से दूसरे ओर तक फैला है। जीवन की वास्तविकता से बहुत दूर अन्धेरी रातों में मेरे लिये शान्ति और सन्तोष की एक ही वस्तु थी वह माता की भव्य मूर्ति, जिसकी पूजा बंकिम और विवेकानन्द से, लेकर देश–बन्धु सरीखे ऋषि-मुनियों ने निरन्तर की थी। यही भव्य मूर्ति मेरी आँखो के सामने नाचा करती है। इसी से मुझे सदा शान्ति और स्फूर्ति पैदा हुआ करती थी। मैं देखा करता था और इस रूप में जिसमें पहले कभी मैने नहीं देखा था भावी भारत का वह आकर्षितरूप जो मेरे वास्तविकता से भी बढकर था और उस समय की न्यूनता व कठिनाईयों को भुलाने के लिए काफी था।

मुझे जो उत्साह आशा और महत्वाकांक्षा से पूर्ण होने वाला जो स्वप्न था वह था उस संयुक्त बंगाल का जो भारत माता और मानव समाज की सेवा में अपने को न्यौछावर कर देगा। यह वह बंगाल है जो सम्प्रदायवाद और दल बन्दी से ऊपर है। मुसलमानों, ईसाई तथा बौद्धों का एक सा घर है। इस बंगाल का स्वप्न मैं नित्य प्रति

देखा करता हूँ । मेरे जीवन की एक इच्छा है कि मैं बंगाल के इस स्वप्न को मूर्त रूप दे सकूं । इस महान् कार्य को पूरा करने के लिए हमें अपने सर्वस्व की बाजी लगा देनी होगी । इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए न तो कोई बलिदान मंहगा है और न किसी प्रकार कष्ट सहना ही अधिक है ।"

नेता जी विदेश पहुँच कर अपना कार्य आगे बढ़ाते रहें । २५ मार्च को वीयना के लार्ड मेंयर से आपकी भेंट हुई । विठ्ठल भाई पटेल इन्हीं दिनों स्वास्थ्य सुधार के लिए यूरोप गये हुए थे । वियाना में पहली मई को दोनों ने एक वक्तव्य प्रकाशित कर कहा "समय आगया है कांग्रेसके संगठन में मौलिक परिवर्तन की आवश्यकता है । यह परिवर्तन नये नेताओं को ध्यान में रखकर करना चाहिए । २७ मई १९३३ ई० जो सुभाष जी के पत्रव्यवहार के उत्साह से भारत में एक लेखक परिषद की स्थापना हुई । जिसमें श्री रवीन्द्र नाथ टेगोर, राधा कृष्णन और शरद चन्द्र चटर्जी सम्मलित हुए । १०,११ जून को लन्दन में होने वाली भारतीय परिषद के आप सभापति चुने गये, लेकिन सरकार ने इंग्लैण्ड जाने की अनुमति नहीं दी । आपकी अनुपस्थिति में आपका लिखा हुआ भाषण पढ़कर सुनाया गया । सुभाष बाबू का यह भाषण सरकार को खटकने लगा । १६ जून को जब्त कर लिया गया । भारत आने पर प्रति-बंध भी लगा दिया गया । उधर उनके सहयोगी पटेल जी का स्वास्थ्य प्रति-दिन खराब होने लगा । सुभाष बाबू ने उनकी खूब सेवा की । लेकिन विधि विधान को कौन रोक सकता है । २२ अक्टुबर को सुभाष की उपस्थिति में ही पटेल जी का देहान्त हो गया । पटेल जी जिस समय वियाना में थे उस समय ही अपनी सम्पत्ति की वसीयत सुभाष बाबू के नाम कर दी थी । वसीयत में उन्होंने लिख दिया था कि मेरी सम्पत्ति का उपयोग सुभाष चन्द्र बोस और उनके साथियों द्वारा अथवा उनके आदेश द्वारा भारत की राजनैतिक उन्नति के लिए विशेष करके विदेश में भारतीय आन्दोलन के विस्तार के लिए किया जाये । इस विषय को लेकर के बोस बाबू और ट्रष्टियों के बीच मत भेद रहा । एक लम्बे आन्दोलन के बाद भी धन सुभाष जी को न मिल सका । अपने सहयोगी पटेल की बिमारी अवस्था में उनकी सेवा में लगे रहने के कारण सुभाष जी के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा । वातावरण परिवर्तन को ध्यान में रखकर हंगरी रूमानिया व बलगारिया आदि स्थानों का भ्रमण किया । नेता जी जहाँ २ गये भारत का प्रचार करते रहें । आपने **विठ्ठल भाई पटेल के अन्तिम दिन**' नामक पुस्तक भी लिखी । नेता जी की कारवाईयों से अंग्रेज परेशान रहते थे । सरकार को सदा भय रहता था-विदेश में रहकर आपकी लेखनी पूर्ण सशक्त रही इसी के परिणाम स्वरूप अगस्त १९३४ **इण्डियन स्ट्रग्ल** नाम की पुस्तक प्रकाशित हुई । इस पुस्तक में भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महत्वपूर्ण १३ वर्षों का इतिहास है ।

इस पुस्तक को इतना महत्व मिला कि इसका जर्मन, फ्रेंच' इटालियन आदि भाषाओं में इसका अनुवाद प्रकाशित हुआ । भारत की अंग्रेजी सरकार नेता जी की हर कार्रवाईयों पर ध्यान रखती थी । सरकार को उनके कार्यों से भय बना रहता था । इसी कारण इस पुस्तक को भी जप्त कर लिया ।

इस प्रकार वह महान् सेनानी जो जीवित ही मात्र भूमि के लिए शहीद हो गया, के दिखाये हुए मार्गों पर चलना हम भारतीयों का सबसे बड़ा कर्त्तव्य है ।

—०—

आचार्य सम्मेलन, वर्धा

परधाम आश्रम, पवनार : १६, १७, १८ जनवरी १९७६

आचार्यों का अनुशासन

(आचार्य विनोबाजी के २५ दिसम्बर, १९७५ को दिये गये भाषण के कुछ अंश)

"इसके आगे दो-चार शब्द में कहूँगा अनुशासन के बारे में और फिर मैं समाप्त करूँगा। 'अनुशासन-पर्व' शब्द महाभारत का है। परन्तु उसके पहले वह उपनिषद् में आया हुआ है। प्राचीन काल में—आचार्यात् हि एवं विद्या विदिता साधिष्ठा प्रापतीति—आचार्यों के पास जाकर बारह साल विद्याभ्यास करने का रिवाज था। तो उस सिलसिले में वहां जिक्र आया है। तैत्तिरीय उपनिषद् में है। प्राचीनकाल का रिवाज-आचार्यों के पास जाकर विद्या प्राप्त करना, बारह साल रहकरके। इसके अनुसार राम और कृष्ण भी गये थे। राम वशिष्ठ के आश्रम में गये और कृष्ण भी सांदीपनि के पास गये। कब गये कृष्ण? जब वे दुनिया में मशहूर हो चुके थे और कंस आदि का वध हो गया था। इतने प्रसिद्ध होने के बाद भी एक दफा गुरु के पास जाना ही चाहिये सोचके वे सांदीपनि के पास गये। प्राचीनकाल में रिवाज था, बारह साल ब्रह्मचर्यपालन करने के बाद जो गृहस्थाश्रम में प्रवेश करना चाहते थे वे गृहस्थाश्रम में जाते थे, और जो हमेशा के लिये ब्रह्मचारी रहना चाहते थे वे गुरु के साथ ब्रह्मचर्यपूर्वक जीवन बिताते थे। जो घर जाना चाहते थे उनको आचार्य अन्तिम उपदेश देते थे, **'सत्यं वद, धर्मं चर'** इत्यादि। बहुत प्रसिद्ध है वह। उसका यहां बिस्तार करने की जरूरत नहीं। उसके अन्त में, उपनिषद के अन्त में जिक्र आया है, **एतत् अनुशासनम्**। यह है **अनुशासन**। **एवं उपासितव्यम्**। इस अनुशासन पर आपको जिन्दगी भर चलना है। तो आचार्यों का है अनुशासन और सत्तावालों का होता है शासन। शासन और अनुशासन में जो फर्क है, वह हमें अच्छी तरह समझ लेना चाहिये। और मैं कोशिश करूँगा थोड़े में समझाने की। अगर शासन के मार्गदर्शन में दुनिया रहेगी तो दुनिया में कभी भी समाधान होने वाला नहीं। क्या होगा? शासन के मार्गदर्शन में क्या होगा? बंगला देश की समस्या सुलझ गई, जाहिर हो गया। फिर सुलझने के बाद उलझ गई। सुलझी हुई उलझी। यह तो आपने तमाशा देखा भारत में। वही दुनियाभर में है। इस्रायल की समस्या सुलझ गई। इस्रायल की समस्या उलझ गई। यह दुनिया भर में चल रहा है। क्या होता है? हर जगह शासन में लोग जाते हैं, उनके मार्गदर्शन में काम करते हैं, कहीं कत्ल होते हैं कहीं खून होता है। किसी देश के मुख्यमंत्री को मार डाला, किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष को मार डाला। यह रोजमर्रा खबरें प्रेस में आया करती हैं। और ऐसे कितने शासन चलते हैं दुनियाभर में? मुझे ठीक याद नहीं है, लेकिन 'ए' से लेकर 'जैड' तक। अफगानिस्तान से आरम्भ होता है और झाबिया तक चलता है। मेरा ख्याल है, ३००-३५० शासन होंगे। और उनके यहां गुटबन्दी होती है। ये उस गुट में आ गये, वे उस गुट में आ गये और ये जो बड़ी ताकतें हैं, अमरिका इत्यादि, वे इन गुटबन्दियों का उपयोग करती हैं। कभी इस गुट को समर्थन देती हैं। इस तरह से दुनियाभर में सब तरफ असन्तोष, मारकाट जारी है। और ये बड़ी शक्तियां क्या करती हैं? सब तरफ थोड़ा-थोड़ा असन्तोष रहे, ऐसी कोशिश करती हैं। एक बाजू जितनी पावर (शक्ति) है, उतनी दूसरी बाजू पावर करना। मान लीजिये हिन्दुस्तान में एक शक्ति है, तो कोशिश करेंगे वे बड़े राष्ट्र

कि पाकिस्तान को भी उतनी शक्ति दी जाय। शक्ति यानी हथियार वगैरह देना जो लेटेस्ट-उत्तम से उत्तम हथियार हैं, वे देना। दोनों बाजू 'बैलेन्स ऑफ़ पावर' (शक्ति का संतुलन) हो जायगा, ऐसा कहते हैं। 'बैलेन्स ऑफ पावर' से दुनिया त्रस्त हो गई है। यह रोजमर्रा हम पढ़ते हैं। अब यहां तक बात आ गई है 'बैलेन्स' ऑफ पावर' की, कि 'बैलेन्स ऑफ़ इम्बैलेन्स' (असंतुलन का संतुलन) भी वे करना चाहते हैं। एक जगह जितना दुःख है उतना दुःख दूसरी बाजू होना चाहिये, तब दुनिया में शाँति होगी ऐसा कहते हैं। एक बाजू जितना सुख है उतना सुख दूसरी बाजू पैदा हो, यह मामूली बात है। परन्तु एक बाजू में जितनी विषमता है, जितना दुःख है उतनी विषमता, उतना दुःख दूसरी बाजू में पैदा होना चाहिये, तो 'बैलेन्स ऑफ इम्बैलेन्स' हो गया। यहां तक वे लोग चले गये हैं। शासन के आदेश के अनुसार चलने वालों की यह स्थिति है। उसके बदले अगर आचार्यों के अनुशासन में दुनिया चलेगी तब तो दुनिया में शान्ति रहेगी। **आचार्य होते** हैं, जिनका बाबा ने वर्णन किया है, गुरु नानक की भाषा में, निर्भय, निर्वैर और बाबा ने जोड़ दिया है निष्पक्ष। और जो **कभी अशान्त होते नहीं। जिनके मन में क्षोभ कभी नहीं होता। कभी उपवास करना, कभी किसी पर दबाव डालना, इत्यादि काम वे जरा भी नहीं करते। हर बात में शान्ति से सोचते हैं। और जितना सर्वसम्मत होता है विचार, उतना लोगों के सामने रखते हैं।** उस मार्गदर्शन में अगर लोग चलेंगे तो लोगों का भला होगा और दुनिया में शान्ति होगी। यह अनुशासन का अर्थ है, आचार्यों का अनुशासन। ऐसा आचार्यों का अनुशासन अगर दुनिया में चलेगा तो दुनिया में शान्ति होगी। लेकिन दुनिया की बात छोड़ दीजिये, फिलहाल भारत तक ही सीमित रहकर बोलिए। भारत बहुत बड़ा देश है, पन्द्रह भाषाओं का देश है। इस वास्ते भारत में भी आचार्यों का अनुशासन अगर लोगों को मिलता रहे और उस अनुशासन के मार्गदर्शन में प्रजा अगर चले तो प्रजा में शान्ति रहेगी, इसमें कोई शंका नहीं हो सकती। और वह जो मार्गदर्शन देंगे आचार्य, उनका अनुशासन उसका विरोध अगर शासन करेगा तो उसके सामने सत्याग्रह करने का प्रसंग आयेगा। लेकिन बाबा को पूरा विश्वास है कि यहां का शासन ऐसा कोई काम नहीं करेगा जो आचार्यों के अनुशासन के खिलाफ होगा। इस वास्ते ऐसा सत्याग्रह का मौका भारत में आयेगा नहीं।

यह मेरा अनुशासन-पर्व का अर्थ आपके सामने मैंने रखा, थोड़े में। आप समझ गये होंगे।"--

सूर्य-वन्दना

भानुदत्त : त्रिपाठी 'मधुरेश' एम० ए०, शास्त्री, एल० टी०

नमाम्यहम् दिवाकरं भजाम्यहम् प्रभाकरम्।
न जानें क्व पलायिता,
निरीक्ष्य त्वां यामिनी।
सरोवरेषु भ्राजिता,
सुपद्म-राजि कामिनी।।
विहंग वृन्द कूजिते, समागतं क्षपाहरम्।
नमाम्यहम् दिवाकरं भजाम्यहम् प्रभाकरम्।।

करानुपेत्य दिनमणेः
प्रमोदिता वनस्थली।
करोति कृत्य-दैनिकं,
अहो मुनीन्द्र मण्डली।।
समस्त देव दानवाः स्मरन्ति यं कृपाकरम्।
नमाम्यहम् दिवाकरं भजाम्यहम् प्रभाकरम्।।

सुभाष का अन्तर्द्वन्द्व

माँ
मेरे हृदय में
भाव इस प्रकार जागृत होते हैं
जैसे आकाश में बेमौसम बादल।
माँ,
बताओ तो,
शिक्षा का उद्देश्य क्या है?
माँ, तुम जीवन में
मुझे किस क्षेत्र में
कार्य करता हुआ देखकर प्रसन्न होगी?
क्या जज, मैजिस्ट्रेट, बैरिस्टर
अथवा किसी बड़े शासकीय पद पर
मेरे नियुक्त होने से तुमको
सर्वाधिक प्रसन्नता होगी?
जब धनकुबेर समझकर,
लोग मेरी पूजा करेंगे,
तब तुम्हें आनन्द मिलेगा?
अथवा दरिद्र होकर भी
मैं विद्वान् और गुणी व्यक्तियों द्वारा
सम्मानित होऊँगा . . .
तब तुम्हें प्रसन्नता होगी?

सुभाष का बाबू रुदन

भगवान ने
इस कलियुग में,
एक नई सृष्टि का सृजन किया है।
यह सृष्टि बाबू सम्प्रदाय है।
प्रभु के दिये हुये दो पैर हैं,
किन्तु हम २०-२२ कोस पैदल नहीं चल सकते,
क्योंकि हम बाबू हैं।
हमारी दो बाहें हैं,
परन्तु शारीरिक श्रम नहीं कर सकते,
क्योंकि हम बाबू हैं?
हम सब काम नौकरों से करवाते हैं,
हाथ पैर चलाने में हमको कष्ट होता है,
क्योंकि हम बाबू हैं।
गरम देश में जन्म लेकर,
हम गरमी सहन नहीं कर सकते।
साधारण ठंड से
हम इतने घबराते हैं
कि सारे शरीर पर
वस्त्रों का बोझ
लाद लेते हैं,
क्योंकि हम बाबू हैं।
हम मानवता से दूर हैं—
मनुष्य के रूप में
निरे पशु हैं—
पशु से भी अधम हैं।

('शीष-पुष्प' नामक पुस्तक से साभार)

——*——

सम्पादकीय टिप्पण्यः

पाठकाः ससम्मानं निवेद्यन्ते यत् गुरुकुल पत्रिकायाः प्रत्येकोऽङ्कः कमपि महापुरुषमुद्दिश्य तन्नाम्ना लेखादिना वा पुरस्कृत्य प्रकाशयिष्यतेऽस्माभिरिति विनिश्चयो विहितः। अस्मिन् मासि श्री ला० लाजपतराय सुभाषबोस स्वामि विवेकानन्दादिमहापुरुषा अस्मिन्नङ्के स्थानमलभन्त। एते सर्वे महापुरुषाः स्वदेशभक्ता अग्निकल्पाः शूरवीराः साधुवक्तारः परमतेजस्विन एवं नानाविध गुणानां निधय आसन्। 'अग्निना अग्निः समिध्यते' इति मन्त्रवचनात् परमतेजस्विनो दिव्यप्रभावतो निर्भीकसंन्यासिनः स्वामिदयानन्द महर्षेः सम्पर्कादियं ला० लाजपतरायप्रदीपोऽपि भृशं प्रजज्वाल। श्री सुभाषचन्द्रबोसः जन्मनैव संस्कारप्राबल्यात् स्वदेशस्वभाषास्वसंस्कृतिसंरक्षणक्षमो दासतापङ्कनिमग्नाया मातृभूमेः समुद्धारायाप्रतिमं त्यागं महान्तञ्चाध्यवसायं व्यदधात्। परमहंसशिष्यः स्वामिविवेकानन्दमहाभागो विदेशे विशेषतोऽमेरिकादेशे भारतीयसंस्कृतेः धर्मस्य च माहात्म्यं सर्वातिशायिरूपं च प्रकटीचकार। भारतीयसंस्कृतिधर्मयोः प्रथमो दूतः स्कामिवर्य एवासीदिति मन्तव्यम्। एतेषां भृशं प्रेरणाप्रदं जीवनं स्मारं स्मारं वयं कातंज्ञ्यं प्रकटीकुर्मः।

'२० सूत्री' पूर्त्यैयुवशक्तिरवलम्बनीया

सर्वकारस्य '२० सूत्री' कार्यक्रमः साफल्यनिःश्रेणिं प्राप्नुयादिति युवशक्तिरस्माभिरवलम्बनीया। युवशक्तिधारायामेतादृशः प्रबलो वेगो भवति यत् अखिलानप्यवरोधान् मार्गपतितान् अनायासेना पसारयन्ति। न तं वेगं रोद्धुं कोऽपि समर्थः। भ्रष्टाचारात्याचारादिदोषाः, तन्द्रालस्यादिदुर्गुणाः सहसा पलायन्ते यदा युवशक्ति रुद्गता भवति। अस्य कार्यक्रमस्य साफल्यायैतत् सुनिश्चितं यत् पूर्वं शासकानां तदनन्तरं प्रजानाँ च विचारेषु कार्यव्यवहारेषु महत् परिवर्तनमपेक्ष्यते। अतः सर्वैर्नेतृभिर्देशस्योद्धारं कामयमानैरन्यैः प्रजाजनैः सुविचार्य सम्यक् परिवर्तनं विधातव्यम्।

--भगवद्दत्तो वेदालंकारः।

"गरीबी जो ऐतिहासिक तौर पर आबादी की अधिक वृद्धि का प्रमुख कारण है। जरूरत इस बात की है कि एक ऐसी समग्र दृष्टि अपनाई जाए जो वातावरण के साधनों और व्यक्ति और उसके वातावरण के तारतम्य को इतना सबल बना दे कि इस पृथ्वी पर जो भी व्यक्ति जन्मा है, उसे अपने व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के लिए आवश्यक भौतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक साधन मिल सकें। इसलिए जनसंख्या संबंधी नीति सम्पूर्ण सामाजिक विकास के कई आधारभूत साधनों में एक महत्वपूर्ण साधन है और यह तब तक सफल नहीं हो सकती जब तक कि कुछ अन्य जरूरी नीतियाँ और कार्यक्रम अधिक बच्चों के जन्म के मूल भूत कारणों को बदलने में सफल नही हो जाते। इसलिए हमारी सम्मति में सर्वांगीण विकास ही गर्भनिरोध का सर्वोत्तम साधन है।"

--कर्णसिंह
स्वास्थ्य मन्त्री भारत सरकार

साहित्य-समीक्षा

कल्याण

[श्री भगवत्कृपा – अङ्क]

सम्पादक––स्वामी रामसुखदास,

प्रकाशक––मोतीलाल जालान, गीता प्रेस, गोरखपुर

मूल्य–भारत में १२)
विदेश में २०)६०

गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित कल्याण पत्र के प्रायः सभी अंक भारतीय संस्कृति विशेषकर प्रभुभक्ति से ओत प्रोत होते हैं और उसके विशेषांक अपनी एक अनूठी विशेषता रखते हैं।

इस बार का भगवत् कृपा अंक तो विशेष महत्त्वशाली है। हम पुत्रों पर उस परम पिता प्रभु की कृपा वृष्टि निरन्तर हो रही है। पुत्र जैसे अपने पिता का पल्ला पकड़ लेता है उसी भांति हमें उस भगवान का पल्ला पकड़ लेना चाहिये। इस भवसागर से पार होने का एक यही मार्ग है। इस अंक में प्रायः सभी लेख पठनीय हैं। मुस्लिम सन्तों ने भी किस भांति उस प्रभु पर सर्वस्व अर्पण कर रखा था यह भी इस अंक में प्रदर्शित हुआ है। इसी प्रकार यहूदी ईसाई आदि मतों से भी भगवत्कृपा की झांकी संकलित की गई है। हम इस उत्तम विशेषांक के प्रकाशन के लिये सम्पादक आदि का हार्दिक धन्यवाद करते हैं।★

पञ्चाम्बुकेसरी लाला लाजपतरायः

(२८ जनवरी १८६५–१७ नवम्बर १९२८ ई०)

वक्तारं प्रतिभान्वितं हि नितरां, ओजस्विनं स्फूर्तिदं,
देशस्योन्नतये सदैव निरतं, कष्टेषु घोरेष्वपि।
अस्पृश्यत्वनिवारणार्थमनिशं, यत्नं दधानं परं,
लालालाजपतं कुशाग्रधिषणं भक्त्या नुमस्तं वयम् ॥

निर्भीकः सततं प्रयत्ननिरतो योऽत्र स्वराज्याप्तये,
कार्यं यः प्रवसंश्चकार परमं, धीमान् विदेशेष्वपि।
यस्यौजस्विगिरा विपक्षिनिवहो नित्यं चकम्पे भृशं,
लालालाजपतं कुशाग्रधिषणं, भक्त्या नुमस्तं वयम् ॥

आसीद् यः प्रथितः समस्तभुवने पञ्चाम्बुसत्केसरी,
जज्वालोरसि यस्य पापदहनः स्वातन्त्र्यवह्निः सदा।
आङ्गलानां निशितैरतीव विषमैर्यष्टिप्रहारैः क्षतं,
लालालाजपतं कुशाग्रधिषणं, भक्त्या नुमस्तं वयम् ॥

एको मे ऽत्र गुरुस्तपोनिधिदयानन्दो मनीषी महान्,
माता चार्यसमाजनाममहिता, स्वातन्त्र्यसत्स्फूर्तिदा।
इत्थं यो हि जुघोष भक्तिसहितो निर्भीक नेत्रग्रणीः,
लालालाजपतं कुशाग्रधिषणं, भक्त्या नुमस्तं वयम् ॥

आचार्यः धर्मदेवो विद्यामार्तण्डः

गुरुकुल की यज्ञस्थली से--

छात्रों में अनुशासनहीनता

बलभद्र कुमार

छात्रों में अनुशासनहीनता की बात बहुधा चला करती है। जरा ठंडे दिल से सोचें कि छात्रों में अनुशासनहीनता कैसे पैदा होती है। क्या हम बड़े लोग छात्रों को वांछनीय नेतृत्व प्रदान करते हैं? छात्रों में असीम शक्ति होती है, बल होता है, प्राण होता है कुछ कर गुजरने की इच्छा होती है। परन्तु वह वानर समान होते हैं। जैसा बड़ों को करता देखते हैं कर डालते हैं। उनको यह तो समझ नहीं आता कि वे क्या कर रहे हैं। यही समझ आता है कि कुछ न कुछ कर जरूर रहे हैं। यदि हम उन्हें जलूस निकालना सिखलायें, तो वह जलूस निकालेंगे। यदि हम उन्हें नारा-बाजी सिखलायें तो वे नारे लगायेंगे। यदि हम उन्हें सड़क बनाना सिखलायें तो वे सड़क बनायेंगे। संगीत सिखलायें तो वे गाना गायेंगे। लैबोरेट्री में रिसर्च करना सिखलायें तो वे रिसर्च करेंगे। उद्यान लगाना सिखलायेंगे तो उद्यान लगायेंगे। अतः यह हम पर लाजिम हो जाता है कि हम उनका सही नेतृत्व करें। नारेबाजी और तोड़-फोड़ के बजाय ठोस काम में लगावें। उन्हें शरीरोन्नति, मानसिक विकास, चरित्रगठन की ओर प्रेरित करें। दरिद्रनारायण की सेवा, इर्द गिर्द के वातावरण के सुधार की ओर प्रेरित करें। परन्तु ऐसी प्रेरणा हम उन्हें तभी दे पायेंगे, जब हम स्वयं उस ओर प्रेरित होंगे। क्योंकि बच्चे, जैसा कि ऊपर कहा है वानर समान नकलची होते हैं।

हमें सोचना है कि हम आज कहां हैं? हमारा देश आज कहां है? हमें आगामी २५ वर्षों में कहां पहुंचना है? हमारे सामने सन् २००० का क्या लक्ष्य है? आज हमारे सामने क्या समस्यायें हैं? कल को क्या पैदा होंगी? क्या हम युवकों को, छात्रों को, स्वयं को उन समस्याओं से उलझने के लिए, उन पर विजय पाने के लिये तैयार कर रहे हैं?

आयंस्टाईन ने कहा है कि ज्ञान से कल्पना अधिक जरूरी है। हमें स्वयं से पूछना होगा कि क्या हम बच्चों को अक्षरज्ञान देने के अतिरिक्त उनकी कल्पनाशक्ति को उजागर करने के लिये कुछ कर रहे हैं। अक्षरज्ञान तो सभी पाठशालाओं में मिलता है। यदि हमने भी अक्षरज्ञान ही दिया तो गुरुकुल का विशेष महत्त्व क्या हुआ? हाँ, यदि हम बच्चों की कल्पनाशक्ति को उजागर कर पायें तो वह अपना व देश का रास्ता स्वयं ही निकाल लेंगे। वरना हमारे ज्ञान के कोष धरे रह जायेंगे। आखिर यह ज्ञान कोष काशी के पण्डितों के पास भी तो थे। पर उन दिनों देश रसातल तक पहुंच गया था। दयानन्द ने उस निधि को परखा, जाँचा। अन्धकार के कूप से बाहर निकाला और आर्य समाज के द्वारा उसने देश में क्रान्ति की ज्वाला प्रज्वलित की। आज उसके प्रोग्राम को देश का सारा प्रबुद्ध वर्ग स्वीकार करता है।

लेकिन जब तक उस पर अमल न होगा, सब भाषणबाजी बेकार है। वेद क्या कहता है?

इन्दु ऋतुं न आभर पिता पुत्रेभ्यो यथा। शिक्षाणोऽस्मिन् पुरुहूत यामनि जीवा ज्योतिरशीमहि (ऋ० ७-३२-४६)

हे प्रभो, तू हमारी नस नस में कर्म को भर दे, हमें कर्म की शिक्षा दे। ताकि हम जीवन-

संग्राम में जीवित जाग्रत रहते हुये ज्योति को प्राप्त कर सकें।

भद्रं नो अपि वातय मनो दक्षमुत क्रतुम्।

(ऋ० १०-२५-१)

हे प्रभो, तू हमारे अन्दर उत्साह, बल और कर्म को फूंक दे।

हमें स्वयं के अन्दर एवं बच्चों के अन्दर उत्साह, बल और कर्मशक्ति को फूंकना होगा। इसके लिए हमें क्लासरूम से बाहर निकलना होगा। आसमान के नीचे, खुले मैदानों में उतरना होगा। नदियों में तैरना होगा, पहाड़ों पर चढ़ना होगा, आकाश में, अन्तरिक्ष में उड़ना होगा। व्यायाम करना होगा, सामूहिक खेलों का प्रबन्ध करना होगा। बच्चों में टीम स्पिरिट भरना होगा। पर यह सब कुछ तभी हो सकता है जब पहिले हम स्वयं में यह गुण पैदा करें। हमें अपने अन्दर झांक कर देखना होगा कि हम में यह गुण विद्यमान हैं या नहीं।

कुछेक लोग इस कार्यक्रम का विरोध करेंगे। उन्हें स्वयं की जांच करनी होगी कि वह इसका विरोध कहीं प्रमाद के कारण तो नहीं कर रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम को उपयोगी देखते हुये ही तो ऋषि मुनियों ने जंगलों में जाकर ऋषिकुल, गुरुकुल स्थापित करने की परिपाटी डाली थी। इसी विचारधारा से प्रभावित होकर ही तो स्वामी श्रद्धानन्द ने गंगा के पार गुरुकुल कांगड़ी को स्थापित किया था। अभी हाल ही में जर्मनी में एक प्रयोग हुआ है। उसका वर्णन भी यहां रेलेवेन्ट होगा। ल्यूबैक के व्याकरण स्कूल को शिक्षा-मंत्रालय का आदेश पहुंचा कि अपने बच्चों को चार सप्ताह के लिये बहिर्मुखी शिक्षा के कैम्प में भेजेंगे। हेडमास्टर ने सोचा कि इससे तो समय नष्ट ही नष्ट होगा, पर वह आदेश की अवहेलना भी नहीं कर सकता था। चुनाचे उसने अपने विद्यार्थियों में से पढ़ने लिखने में कम प्रवीण विद्यार्थियों को चुनकर कैम्प में भेज दिया। जब यूनिवर्सिटी की अन्तिम परीक्षा हुई। तो वह बहिर्मुखी ग्रुप दूसरे ग्रुप को मात कर गया। बाहर खुले स्वस्थ वातावरण में रहने से उन बच्चों में प्राणशक्ति का संचार हुआ। उसके जोर पर उन्होंने किताबी कीड़ों को पछाड़ दिया।

जीवनयापन की कला बहुत कठिन है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य यही तो है कि बच्चे जीवनयापन की कला सीखें। यही गुरुकुल का उद्देश्य है। गुरुकुल में ऐसी शिक्षा दीक्षा मिले जिससे बच्चे उत्साह से, पराक्रम दिखाते हुये जीवनयापन कर पायें। अप्रमादी हों, तेजस्वी हों, यशस्वी हों। पर ? पर ? पर ? यह सब तभी होगा जब गुरुजन उनके आगे सही मिसाल कायम करेंगे। क्या हम इस परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे ? हमारे कुल के बच्चे और अभिभावक इस प्रश्न के उत्तर की परीक्षा में हैं। उनकी तसल्ली शब्दों द्वारा नहीं होगी, केवल हमारे दैनिक व्यवहार द्वारा होगी।

—००—

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चों को एक ऐसा संसार मिल सके, जो कि हमारे मौजूदा संसार से कहीं ज्यादा खुशहाल और खूबसूरत हो। हर माता-पिता यही चाहते हैं और नियोजित विकास का उद्देश्य भी यही है।"

—इन्दिरा गांधी

आर्यसमाज शताब्दी समारोह में

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का योगदान

शताब्दी समारोह दिवसों में टी० वी० पर शोभायात्रा की कई बार झलकियां दिखाई गईं एक झलकी में तो शोभायात्रा में गुरुकुल का योगदान स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति श्री बलभद्र कुमार ने मारिशस से पधारे आर्यसमाज के नेता और वहां के कृषि मन्त्री श्री तिलक से टी० वी० पर साक्षात्कार किया, जिसमें आर्यसमाज के प्रभाव पर व्यापक रूप से चर्चा की गई। यह इन्टरव्यू २७ जनवरी को प्रसारित किया गया।

शताब्दी शोभायात्रा का नेतृत्व करते हुये–डा० गंगाराम, कु०स० (दुपट्टा डाले) दांई ओर डा० अनन्तानन्द बाई ओर पं० धर्मवीर विद्यालंकार, पीछे धर्म पत्नी डा० गंगाराम जो सम्पूर्ण शोभायात्रा में साथ रहीं

स्काउटों के साथ एन०सी०सी० के अफसर। सीटी लिये खड़े हैं विद्यालय के व्यायाम प्रशिक्षक



शोभायात्रा में एन० सी० सी० के केडेट्स मार्च-पास्ट करते हुये

गुरुकुल समाचार

महावीर 'नीर' विद्यालंकार, एम.ए. (हिन्दी व इतिहास)

ऋतु रंग

१९७५ वर्ष अपने अन्तस् में राष्ट्र को ही नहीं अपितु गुरुकुल की भी अनेक घटनाओं को समेटे बीत चला। यह वर्ष वस्तुतः उखड़ाव एवं अस्थिरता का रहा। १९७६ वर्ष का शुभारम्भ स्वर्णिम आकांक्षाओं और अभिलाषाओं के साथ हुआ। एक ओर भारतीय क्षितिज पर कांग्रेस के नूतन कार्य-क्रमों का श्रीगणेश 'कामागाटामारु' नगर, पंजाब में हुआ तो दूसरी ओर आर्यसमाज के विशाल संगठन से भारत की राजधानी 'दिल्ली' चमत्कृत हो उठी। नये वर्ष की सुनहरी रश्मियों से आलोकित हो, गुरुकुल का वातावरण भी सौख्य समृद्धि, तथा स्थिरता की नवीन धाराओं में उद्भूत हो उठा। ऋतु ने भी अपना रंग खूब जमाया। ओस और पाले से नहाये, पत्र और पुष्प विहीन वृक्ष ऐसे प्रतीत होने लगे जैसे कोई लुटा-पिटा, भय विकम्पित व सिकुड़ा सा भिखारी खड़ा हो। कड़ाके की ठण्ड शरीर के जोड़ों को भी छूने लगी। वायु के ठण्डे-ठण्डे झोंके शीत-लहर को और प्रकुपित करते रहे। कुल में सर्वत्र हल्का सा कुहासा छाया रहा। दूर की वस्तुएं धूमिल सी दिखाई देती रही कुलीय गगन पर मेघ-समूह यद्यपि मास के प्रारम्भ से ही छाया रहा फिर भी मास के मध्य व अन्त में वर्षा की बौछार पड़ी। बूंदा-बाँदी ऋतु-रंग में परिवर्तन ले आयी। गेहूं की फसल लहलहा उठी। दूर तक मखमली चादर सी बिछ गयी। पर्वत मालाओं के मध्य से उभरता हुआ सूर्य अपनी स्वर्ण-प्रभा से नव-जीवन सञ्चार कर उठा। छात्रों की प्रभात फेरी की स्वर लहरी दूर-दूर तक फैली प्रमाद की तामसिक चादर को उघाड़ने लगी। संध्या व हवन की सात्विक स्वर-लहरी प्रभु प्रेम की नयी तरंग हृदयों में भरने लगी। इसी मास माघी (मकर-संक्रान्ति) का पावन-पर्व जाड़े की अन्तिम प्रबलता का संदेश देकर चला गया। जाड़े की मेवा मूंगफली, रेवड़ी, गजक आदि का आस्वादन होने लगा। च्यवनप्राश और गुरुकुल चाय का दौर शुरू हो गया। शुष्क ठण्ड से जुकाम खाँसी के रोग उभरने लगे। वातावरण शान्त और भीतभरा रहा। समस्त कुलवासी स्वस्थ तथा प्रसन्न हैं।

विद्यालय-विभाग

विद्यालय में अध्ययन व अध्यापन का कार्य प्रगति पर है। स्वाध्याय-सत्र चालू हो गया है। साथ ही क्रीड़ा-सान्मुख्य भी चलते ही रहते हैं। ब्रह्मचारी स्वस्थ तथा प्रसन्न हैं। समय-समय पर आचार्य डा० रामनाथ जी का निरीक्षण कार्य भी जारी है।

योग्यता और आयु आदि के आधार पर ६ माही परीक्षा के बाद निम्न ब्रह्मचारियों को उन्नति दी गयी। ब्र० वीरेन्द्र कुमार प्रथम को द्वितीय श्रेणी में, ब्र० प्रेमप्रकाश द्वितीय, ब्र० संजय हरदोई

द्वितीय तथा ब्र० शिवशंकर द्वितीय को तृतीय श्रेणी में, ब्र० गजदीप तृतीय को चतुर्थ में ब्र० नेमसिंह चतुर्थ को तथा ब्र० शिवप्रकाश चतुर्थ को पञ्चम श्रेणी में, ब्र० उमा शंकर व ब्र० भोलेराम पञ्चम दोनों को षष्ठ श्रेणी में, ब्र० रमेश (खेकड़ा) षष्ठ को सप्तम श्रेणी में उन्नति दी गई ।

गुरुगोविन्दसिंह जन्मदिवस

६ जनवरी को विद्यालय विभाग की ओर से श्री तिलकराज जी की अध्यक्षता में गुरुगोविन्द सिंह जी का जन्म दिवस मनाया गया । सभा का संचालन श्री विजय कुमार जी ने बड़ी योग्यता पूर्वक किया । ब्र० ताराचन्द व ब्र० सुखबीरसिंह षष्ठ ने कुलपताका गीत गाया । ब्र० सुभाष षष्ठ, ब्रजमोहन अष्टम, ब्र० इन्द्रपाल षष्ठ तथा ब्र० नरेन्द्र कुमार ९ म ने गुरु जी को श्रद्धाञ्जलि भेंट की। अध्यापक वर्ग से सर्व श्री विजय कुमार जी, पं० जनेश्वर पाल जी, पं० हरिवंश जी वेदालंकार ने ओजस्वी एवं विचारोत्तेजक वाणी में गुरुजी को वीरता, निर्भीकता, काव्यमयता आदि का प्रतीक बताया । सभा में छात्र बड़े अनुशासित ढंग से विचार सुनते रहे ।

नेता जी जन्म दिवस

२३ जनवरी को विद्यालय-विभाग की ओर से नेता जी सुभाषचन्द्र बोस का ८० वां जन्मदिवस आचार्य जी की अध्यक्षता में सोत्साह मनाया गया । छात्रों एवं अध्यापकों की ओर से ब्र० नरेन्द्र नवम एवं श्री विजयकुमार जी शास्त्री, श्री आनन्द कुमार जी, श्री पं० हरिवंश जी, श्री तिलकराज जी आदि ने नेता जी के जीवन को प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय बताकर महान क्रान्तिकारी देशभक्त, आजाद हिन्द फौज के सेनानायक के रूप में याद कर श्रद्धा सुमन भेंट किए ।

आर्यसमाज गुरुकुल कांगड़ी

इस मास आर्यसमाज में प्रत्येक रविवार को यज्ञादि होते रहे । रविवार ४ जनवरी को विशेष रूप से कुलपति श्री बलभद्रकुमार जी का आर्यसमाज की आवश्यकता पर विशेष व्याख्यान हुआ । तदुपरान्त वेदविभाग के प्रो० श्री भारत भूषण जी वेदालंकार का वेदों की संख्या एवं स्थिति' के बारे में सारगर्भित गवेषणापूर्ण एवं विद्वत्तापूर्ण भाषण हुआ । प्रो० ने पुराणादि से प्रमाण देकर 'वेद चार ही हैं' इस मत की पुष्टि की । प्रधान श्री पं० भगवद्दत्त जी वेदालंकार ने धन्यवाद दिया ।

पुस्तकालय-समिति

पुस्तकालय की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए श्री कुलपति जी की अध्यक्षता में एक 'विश्वविद्यालय स्तर पर पुस्तकालय समिति' गठित की गयी है । सभी विभागों के अध्यक्ष इसके सदस्य हैं ।

'वैदिक मैगज़ीन' व 'शोधभारती' के प्रकाशन की योजना

श्रद्धानन्द 'शोध-संस्थान' की बैठक २९-१२-७५ को दिल्ली में हुई। इसमें कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी, श्री डा० सत्यकेतु जी विद्यालंकार, श्री डा० गंगाराम जी (कुलसचिव) ने भाग लिया। निश्चय हुआ कि संस्थान की ओर से निकट भविष्य में आंग्लभाषा में 'वैदिक मैगजीन तथा आर्य भाषा (हिन्दी) में त्रैमासिक 'शोधभारती' का प्रकाशन किया जाय। इनमें उच्चस्तरीय वैदिक लेख तथा साहित्यिक शोध, लेख प्रकाशित होंगे। 'वैदिक मैगजीन' के प्रधान सम्पादक डा० सत्यकेतु जी तथा 'शोध भारती' के मुख्य सम्पादक आचार्य डा० रामनाथ जी वेदालंकार होंगे। यह विश्व विद्यालय के लिए एक सुन्दर प्रयास होगा।

फार्मेसी-परिसर में जलपान गृह का उद्घाटन

१ जनवरी ७६ से गु० कु० कांगड़ी फार्मेसी के परिसर में फार्मेसी के कर्मचारियों के लिए एक जलपान-गृह (कैण्टीन) को प्रारम्भ किया गया। इसके संचालक श्री हरीशकुमार राठौर है। इसका समस्त श्रेय फार्मेसी विभाग को है। इस अवसर पर फार्मेसी के कार्यकर्त्ताओं एवं अधिकारियों की ओर से श्री कुलपति बलभद्र कुमार जी का भव्य स्वागत किया गया। इस समारोह में हरिद्वार क्षेत्र के अनेक गण-मान्य सज्जन भी पधारे। चायपान आदि के पश्चात् कार्यक्रम समाप्त हुआ।

डा० हरिप्रकाश जी अस्वस्थ

फार्मेसी के व्यवसायाध्यक्ष डा० हरिप्रकाश जी को पेट की तीव्र वेदना के कारण दिल्ली के मैडिकल इन्स्टीट्यूट में दाखिल किया गया। जहाँ अब डाक्टर जी के स्वास्थ्य में काफी सुधार है। हम प्रभु से डाक्टर जी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

संग्रहालय-सप्ताह-समारोह

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में ८ से १४ जनवरी तक प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के तत्त्वावधान में संग्रहालय सप्ताह का सफल आयोजन हुआ। दिनांक ८-१-७६ को उद्घाटन करते हुए पुरातत्त्व संग्रहालय के निदेशक डा० विनोदचन्द सिन्हा ने संग्रहालयों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम इस संग्रहालय को शीघ्र ही एक बड़े क्षेत्रीय संग्रहालय के रूप में परिणत कर देने के लिए सबल प्रयास कर रहे हैं। दिनांक ९ जनवरी से १४ जनवरी तक संग्रहालय के सभी कक्ष साधारण जनता के लिए खोल दिए गए।

संग्रहालय-सप्ताह का प्रमुख सांस्कृतिक आयोजन १३ जनवरी को डा० रामनाथ जी आचार्य द्वारा उद्घाटन से किया गया। 'पृथ्वीराज की आंखें' नामक एकांकी नाटक तथा 'हड़प्पा हाउस' और 'नशाबन्दी' नामक प्रहसन की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी। 'भालू वाला' प्रहसन देखकर दर्शक

लोट-पोट हो गए। ब्र० बलबीर ब्र० गणेश विद्यालंकार, ब्र० रवीन्द्र आदि का अभिनय अच्छा रहा। अनेक छात्रों ने गीत गाये। इस समारोह को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रो० जबरसिंह जी, प्रो० श्यामनारायण सिंह जी, श्री सुखबीरसिंह जी व श्री कालूराम जी न दिया।

वित्त समिति की बैठक

पिछले दिनों दिल्ली में वित्त समिति की बैठक हुई। श्री कुलपति बलभद्रकुमार जी, श्री डा० गंगाराम जी कुलसचिव, श्री गुलाठी जी (सहायक शिक्षा सलाहकार भारत सरकार) श्री सरदारी लाल वर्मा, श्री ए० बी० वोहरा (कण्ट्रोलर) उपस्थित हुए। इसमें विश्वविद्यालय का ७५-७६ का संशोधित तथा ७६-७७ का अनुमानिक बजट विचारार्थ प्रस्तुत हुआ। सामान्य संशोधन के साथ पास हुआ।

वाद-विवाद प्रतियोगिता

२१ जनवरी को श्रद्धानन्द-परिवार की ओर से एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का समायोजन, परिवार प्रमुख प्रो० जयदेव वेदालंकार के संयोजकत्व में हुआ। सभा की अध्यक्षता आचार्य श्री विश्वबंधु जी ने की। प्रतियोगिता का विषय था—'धर्म और राजनीति अन्योन्याश्रित हैं। इसमें ८ छात्र वक्ताओं ने भाग लिया। ब्र० आनन्दकुमार संस्कृत एम० ए० (प्रथम वर्ष) प्रथम रहे। ब्र० अशोक विद्यालंकार व ब्र० वेदप्रकाश संस्कृत एम. ए. (प्रथम वर्ष) क्रमशः द्वितीय व तृतीय रहे। पिछले मास उज्जैन में हुई प्रतियोगिता में जिन छात्रों ने विजयी पुरस्कार प्राप्त किये उनके नाम इस प्रकार हैं। ब्र० देवकेतु एम. ए. (प्रथम वर्ष) तथा ब्र० विक्रमकुमार। छात्रों को बधाई।

डा० राकेश जी द्वारा हिन्दी की अनेक गोष्ठियों में प्रतिनिधित्व

(१) हिन्दी साहित्य के प्रतिष्ठित विद्वान्, सुकवि एवं गुरुकुल विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डा० विष्णुदत्त जी 'राकेश' ने अनेक संगोष्ठियों में भाग लेकर कुल को गौरवान्वित किया। 'दिल्ली विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से आयोजित 'अखिल भारतीय तुलसी संगोष्ठी' में तुलसी की काव्य भाषा पर मौलिक विचार प्रकट किए। डा० राकेश जी के वक्तव्य पर हिन्दी दैनिक 'नव-भारत-टाइम्स' ने अपनी विशेष टिप्पणी भी दी।

(२) इसी प्रकार गत मास 'मेरठ विश्व विद्यालय हिन्दी प्राध्यापक परिषद्' के खतौली अधिवेशन में 'हिन्दी साहित्य के इतिहास' के पुनर्मूल्यांकन की समस्या गोष्ठी में भी राकेश जी ने 'मध्यकालीन हिन्दी साहित्य की विविध धाराओं के व्यवस्थापन और उद्भव पर आधुनिक इतिहासकारों की मान्यताओं का खण्डन करते हुए इतिहास लेखन की नवीन पद्धति सुझाई।

(३) 'हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा में 'हिन्दी परिषद्' का उद्घाटन करते हुए भी डा० राकेश जी ने कहा कि—"साहित्य, साहित्यकार के अहं का सामाजिक प्रत्यारोपण है। अतः

साहित्य में मात्र व्यक्ति स्वातन्त्र्य कोई मूल्य नहीं रखता ।' इस गोष्ठी की अध्यक्षता प्रसिद्ध नाटककार श्री विष्णु प्रभाकर ने की ।

शतहस्त समाहर सहस्रहस्त संकिर

जिन दानी महानुभावों ने गुरुकुल को अपने अर्थ का सात्विक दान दिया, उनके धन्यवाद सहित नाम इस प्रकार हैं—

१००१) श्री पं० धर्मवीर जी विद्यालंकार, स० मुख्याधिष्ठाता गुरुकुल कांगड़ी से ।

१९६) श्री सूर्यदेव प्रधानाचार्य, जीवन शक्ति फार्मेसी, गोरखपुर से ।

११५) मेसर्स वृन्दावन हंसराज क्लाथ मर्चेण्ट कटरा जयमलसिंह, अमृतसर से ।

१०१) श्री मोतीलाल जी सरावगी से ब्र० राजेन्द्र २य के वस्त्रों वा मूल्यदान में ।

१०१) श्री रमेशचन्द्र जी अग्रवाल से उनकी माता जी की पुण्य स्मृति में ।

विविध खेल-कूद प्रतियोगितायें

१- २ जनवरी को विश्वविद्यालय और हरिद्वार क्लब का हाकी मैच हुआ । निर्णय हरिद्वार के पक्ष में रहा ।

२- ४ जनवरी को विद्यालय की षष्ठ तथा सातवीं श्रेणी में मनोरंजक क्रिकेट मैच हुआ । सप्तम श्रेणी विजयी रही ।

३- ७ जनवरी को विश्वविद्यालय और हरिद्वार क्लब के मध्य हाँकी मैच अनिर्णीत रहा ।

४- ९ जनवरी को विद्यालय की अष्टम तथा षष्ठ+सप्तम श्रेणी के बीच फुटबाल का मनोरंजक मैच हुआ । अष्टम श्रेणी विजयी रही

५- १० जनवरी को ज्वालापुर इन्टर कालेज तथा विद्यालय-विभाग के मध्य फुटबाल का मैच हुआ । विद्यालय ७ गोल से जीता ।

६- ११ जनवरी को आयुर्वेद महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय का क्रिकेट मैच हुआ । विश्वविद्यालय टीम विजयी रही । आचार्य रामनाथ जी ने उद्घाटन किया । डा० वासुदेव जी (आयुर्वेद), प्रो० वीरेन्द्रसिंह जी (गणित विभाग), प्रो० श्यामनारायणसिंह जी (इतिहास विभाग), श्री राजेन्द्र प्रसाद जी (आश्रम अ०) ने छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया ।

७- आयुर्वेद महाविद्यालय के टी० एन० छात्रावास में नियमित वालीबाल का खेल होता रहा ।

८- जनवरी मास में 'राजेन्द्र-छात्रावास' में आचार्य श्री देवव्रत जी व्यायामाचार्य ने वेद एवं विज्ञान के छात्रों को लाठी, बनेठी, योग एवं मलखम्ब की क्रियात्मक शिक्षा दी । ज्ञात हो कि आचार्य जी उत्तरी भारत में धनुर्विद्या एवं मलखम्ब के एकमात्र शिक्षक कहे जा सकते हैं । समय २ पर गुरुकुल उनकी सेवाओं का लाभ उठा सकता है ।

९– १७ जनवरी से २२ जनवरी तक विश्वविद्यालय हाकी कोच श्री अजीतसिंह के प्रयत्न से 'गुरुकुल के विभिन्न महाविद्यालयों' का हाकी टूर्नामेंट सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। आयुर्वेद महाविद्यालय प्रथम रहा।

१०–२७ जनवरी को आयुर्वेद महाविद्यालय तथा ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज का परस्पर स्नेहपूर्ण बालीवाल खेल हुआ।

११–जनवरी मास में 'विद्यालय-आश्रम' में 'योगासन' एवं पी.टी.' व्यायाम होते रहे।

१२–३० जनवरी को विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और उपाध्याय वर्ग के बीच बालीवाल मैच हुआ। कर्मचारी विजयी रहे। आज से ही 'ओ३म्' ध्वज फहराने का कार्य-क्रम निश्चित हुआ।

संस्कृत-भाषण व श्लोक प्रतियोगिता

३१ जनवरी ७६ को कुरुक्षेत्र विश्व विद्यालय में संस्कृत-भाषण व श्लोक-पठन प्रतियोगिता हुई। जिसमें ब्र० देवकेतु संस्कृत एम·ए· (२य वर्ष) व ब्र० रणवीरसिंह संस्कृत एम० ए० (२ य) ने 'भाषण' में भाग लिया। ब्र० देवकेतु का २य स्थान रहा। ब्र० गणेशप्रसाद विद्यालंकार ने श्लोक-पाठ किया। विजयी ब्र० को बधाई।

२६ जनवरी का भव्य समारोह

आकर्षक एन. सी. सी. परेड– गणतंत्र–दिवस की २७ वीं वर्ष-गांठ के अवसर पर कुल में अनेक कार्यक्रम हुए। शुभारम्भ प्रभात फेरी से हुआ। मेघावलि से आच्छादित गगन-मण्डल के नीचे श्रद्धानन्द-नगरी में लगभग ९ बजे गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, भल्ला कालेज, आनन्दमयी सेवासदन तथा विद्यालय विभाग (गु० कां०) के एन·सी·सी· छात्रों, छात्राओं तथा स्काउट्स गाइड्स के द्वारा भव्य परेड का कार्य-क्रम प्रस्तुत हुआ। एन· सी. सी. के सजीले युवक और युवतियाँ तथा विद्यालय के स्काउट्स-छात्र और बैण्ड दल जब सलामी-मञ्च से गुजरे तो समस्त जन-समूह ने तालियों की गड़गडाहट के बीच उनका स्वागत किया। परेड का कमाण्ड गुरुकुल विज्ञान महाविद्यालय के प्रो० सै० लैफ्टि० जी· पी. भट्ट ने किया। परेड की सलामी व निरीक्षण कुलपति श्री बलभद्रकुमार जी ने किया। उन्होंने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि– देश के सामने जो मुश्किलात है उन्हें हम सब को दूर करना है। आज का दिन हमारे लिए बड़ा दिन है। आज के दिन राष्ट्र को एक संविधान प्रदान किया गया था। इस देश का झंडा सदा ऊंचा रहे यह सब का कर्तव्य है। देश में जो गरीब है उनकी क्या सेवा करें, यह भी हमें सोचना है।" तदुपरान्त एन· सी.सी· कर्नल ने भी दो शब्द कहे। परेड की सम्पूर्ण व्यवस्था एवं संचालन गुरुकुल एन· सी·सी· के कमाण्डर सै. लै. प्रो० वीरेन्द्रसिंह जी अरोड़ा ने किया। कार्यक्रम बड़ा ही स्फूर्तिदायक एवं आकर्षक रहा। इस अवसर पर आनन्दमयी सेवासदन की बालिकाओं ने भंगड़ा और कव्वाली का रंगा-रंग कार्य-क्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय-छात्रों ने श्री रणजीतसिंह जी के नेतृत्व में पी· टी. एवं लेजिम का शानदार प्रदर्शन किया।

ब्र. देवकेतु का बलप्रदर्शन-- इसी समारोह के दूसरे चरण में व्यायामाचार्य श्री देवव्रत जी के संरक्षकत्व में अनेक ब्रह्मचारियों ने (देवकेतु, रणवीर, ओमप्रकाश, बलबीर, विजय, राजकुमार, विजयेन्द्र, हरिदेव) योगासन, लाठी, जापानी कुश्ती, स्तूपनिर्माण तथा मलखम्ब के अद्भुत खेल प्रदर्शित किए। अन्त में विश्वविद्यालय के संस्कृत एम॰ ए॰ (२य वर्ष) के छात्र ब्र० देवकेतु ने लोहे की जंजीर तोड़कर, थाली फाड़कर तथा कार को रोककर अपने अद्वितीय बल का प्रदर्शन किया। गणतन्त्र-दिवस का समस्त कार्यक्रम बड़े उत्साह और उल्लास युक्त वातावरण के साथ समाप्त हुआ।

ला० लाजपतराय-दिवस

दिनांक २८-१-७६ को वेद मन्दिर में श्री कुलपति जी की अध्यक्षता में पंजाब केसरी लाला लाजपतराय की १११ वीं वर्षगांठ मनाई गई। सभा-संयोजन अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डा० अमरनाथ द्विवेदी ने किया। अनेक वक्ताओं ने लाला जी के ज्वलन्त जीवन पर अपने भाषण दिए।

शोक-समाचार

कुल वासियों को यह समाचार पढ़कर अत्यन्त दुःख होगा कि पिछले दिनों श्री मंगूराम जी मिस्त्री का अचानक ही देहान्त हो गया। वे गुरुकुल के बहुत पुराने कार्य-कर्ता थे। हम दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रभु से प्रार्थना करते हैं।

छात्र आश्रम की गतिविधियां

दिनांक १६-११-७५ की कार्यवाही

१ छात्रावास के छात्रों से बकाया शुल्क का धन प्राप्त करने के लिये निर्णय हुआ।

(क) कालेज के प्रिंसिपलों के पास बकाया शुल्क वाले छात्रों की सूची बनाकर कार्यालय से भेजीजावे

(ख) छात्रों से बकाया शुल्क प्राप्त करने के लिये कालेज के प्रिंसिपल उचित कार्यवाही करें।

(ग) बकाया शुल्क प्राप्त करने के लिये कार्यालय छात्र के घर उसके पिता को शुल्क-कार्ड भेजे।

(घ) छात्र को इस बात की सूचना प्रिंसिपल एक मास पहले से ही दे देवे कि शेष शुल्क जमा न कराने पर छात्र को वार्षिक परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा और यह सूचना छात्र के संरक्षकों को भी श्री प्रिंसिपल महानुभाव शुल्क-कार्ड द्वारा दे देंवे।

२ छात्रावासों के छात्रों से आश्रम-शुल्क तथा बिजली-व्यय जमा कराने का उत्तरदायित्व कालेज के प्रिंसिपलों का होगा। अतः वार्षिक परीक्षा का फार्म भरने से पहले ही छात्र से बकाया आश्रम-शुल्क, बिजली व्यय जमा करा लेना चाहिये।

३ तीनों छात्रावासों—राजेंद्र छात्रावास, टेकचन्द नागिया आश्रम, विज्ञान छात्रावास। इनमें नवीन शुल्क दर नवम्बर १९७५ से लागू किया जावे। नवम्बर ७५ से पूर्व शुल्क पुराने दर से प्राप्त किया जावे। नवम्बर ७५ से छः मास के लिये इकट्ठा शुल्क ले लिया जावे। नवीन शुल्क-दर जो राजेन्द्र छात्रावास तथा टेकचन्द नागिया आश्रम के लिये निर्धारित किया गया अधोलिखित है—

५०)०० रक्षाधन (धरोहर), १८)०० क्रीड़ा वार्षिक, १५)०० फर्नीचर (वार्षिक), ९०)०० आश्रम शुल्क (छः मास का), २४)०० बिजली व्यय—(छः मास का) कुल योग १९७)००।

नोट—यदि मीटर रीडिंग के अनुसार हिसाब ४) रुपया मासिक से अधिक आयेगा तो वह अधिक रुपया भी प्रति छात्र से प्राप्त किया जायेगा।

४ विज्ञान छात्रावास में रहने वाले आयुर्वेद के हाउस सर्जनों चिकित्सकों से १८)०० मासिक शुल्क तथा ७)०० मासिक बिजली व्यय कुल मिलाकर २५)०० मासिक लिया जायेगा, जो प्रतिमास उनके वेतन से कटौती करली जायेगी।

५ सब आश्रमों में नित्य प्रति सन्ध्या-हवन किया जाना चाहिये।

६ राजेन्द्र छात्रावास, टेकचन्द नागिया आश्रम तथा धन्वन्तरि विज्ञान छात्रावास इन तीनों के लिये डाक्टर क्रान्तिकृष्ण आयुर्वेदालंकार एम० ए० को चीफ वार्डन (मुख्य आश्रमाध्यक्ष) नियुक्त किया जाता है। चीफ वार्डन के सहायक के रूप में अधिष्ठाता वार्डन नियुक्त किया जावे। वार्डन छात्रावास में ही रहेंगे और रात्रि में वहीं छात्रावास में सोया करेंगे। टेकचन्द नागिया आश्रम के लिये डाक्टर जसवीरसिंह को वार्डन (अधिष्ठाता) नियुक्त किया जाता है। राजेन्द्र छात्रावास के लिये श्री राजेन्द्रप्रसाद सैनी को वार्डन (अधिष्ठाता) नियुक्त किया जाता है।

संरक्षक सभा की कार्यवाही

दिनांक १-१२-१९७५

कार्यवाही संरक्षक सभा आज दिनांक-१-१२-१९७५ को प्रातः १० बजे सीनेट हाल, गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार में निम्न महानुभावों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

उपस्थिति

१-श्री बाबूराम जी आर्य, २-श्री अतरसिंह जी ३-श्री औमप्रकाश जी ४-श्री लखनलाल जी, ५-श्री रामप्रसाद जी वैद्य, ६-श्री रामकृष्ण जी, ७-श्री अमरनाथ, ८-श्री आनन्दपालसिंह जी, ९-श्री पदमसिंह जी, १०-श्री ओमनारायण जी, ११-श्री लटूरसिंह जी, १२-श्री अमरसिंह जी, १३-श्री मांगेराम, जी १४-श्री दरियावसिंह जी, १५-श्री अतरसिंह जी, १६-श्री ब्रह्मसिंह जी, १७-श्री छेदालाल जी, १८-श्री बसन्तलाल जी आर्य, १९-श्री कृपालसिंह जी, २०-श्री भगवानसिंह जी, २१-श्री बृजेन्द्रसिंह जी, २२-श्री श्यामसिंह जी, २३-श्री रघुवीरसिंह जी, २४-श्री परमसिंह जी, २५-श्री नरवीरसिंह जी, २६-श्री चाननलाल जी, २७-श्री सरजीतसिंह जी, २८-श्री दयाराम जी, २९-श्री धूमसिंह जी ३०-श्री विश्वबन्धु जी शास्त्री,

विशेष आमन्त्रित

१-श्री बलभद्रकुमार जी कुलपति, २-श्री डा० रामनाथ जी आचार्य, ३-श्री धर्मबीर जी विद्यालंकार, स०मुख्याधिष्ठाता, ४-श्रीरामाश्रय जी मिश्र, ५-श्री तिलकराज जी, ६-श्री जगदीशप्रसाद जी, ७-श्री डा० श्यामनारायण जी ८-श्री हरिबन्धु जी, ९-श्री अतरसिंह जी,

श्री डा० रामनाथ जी आचार्य की अध्यक्षता में संरक्षक सभा की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

१ श्री दरियावसिंह जी ने प्रस्तावित किया कि गुरुकुल की संरक्षक सभा के पदाधिकारियों का चुनाव गुरुकुल कांगड़ी की पुरानी संरक्षक सभा के आधार पर किया जावे। श्री रामकृष्ण जी ने इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया। सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

२ श्री दरियावसिंह जी ने प्रस्तावित किया कि मैं श्री बाबूराम जी आर्य, को प्रधान पद के लिये, श्री अतरसिंह जी को उपप्रधान पद के लिये, व श्री रामकृष्ण जी को मंत्री पद के लिये तथा श्री श्यामसिंह को उपमंत्री पद के लिये व श्री अतरसिंह जी आर्य को कोषाध्यक्ष के लिये नियुक्त करना चाहता हूँ।
श्री अतरसिंह जी ने उपरोक्त प्रस्ताव का समर्थन किया। सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

३ श्री बाबूराम जी आर्य ने प्रस्तावित किया कि श्री औमप्रकाश जी, श्री कृपालसिंह जी, श्री बसन्तलाल जी आर्य, श्री दरियावसिंह जी, श्री आनन्दपालसिंह जी तथा श्री मांगेराम जी आर्य को कार्यकारिणी सभा के लिये नियुक्त करते हैं। उपरोक्त प्रस्ताव का समर्थन श्री अतरसिंह जी ने किया। सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

४ गुरुकुल की व्यवस्था के सम्बन्ध मे सुझाव प्रस्तुत किये जिनका विवरण निम्न प्रकार है :-

क गुरुकुल में अध्यापक, व अन्य अधिकारिगण वैदिकधर्मी ही रखे जावें जो वेदाज्ञा का पालन करते हों।

(ख) सब अधिकारीगणों व छात्रों की वेशभूषा गुरुकुल की परम्परानुसार धोती, कुर्ता, टोपी होनी चाहिये। पैण्ट, बुशर्ट व टाई वाले महा-

नुभावों को तिलांजलि दे दी जावे छोटे बच्चे श्रेणी १ पायजामा तथा धोती।

(ग) अधिकारीगणों के गृहों में व आश्रम में प्रत्येक छात्र को सन्ध्या, यज्ञ करना अनिवार्य हो।

(घ) गुरुकुल में चौदह त्यौहार –प० भवानीप्रसाद कृत आर्यपर्व पद्धति पुस्तक के अनुसार ही प्रत्येक कुलवासी के गृह में व आश्रम में मनाये जाने चाहिये। इसके विरुद्ध कोई अन्य त्यौहार न मनाये जावे।

(ङ) ऐसे कर्मचारियों की ठीक प्रकार से निगरानी की जावे जो गुरुकुल के धन को गबन करते हैं। पकड़े जाने पर गबन कैश धारा ४०९ भारतीय दण्ड संहिता के अनुसार चलाया जावे और सेवा तुरन्त समाप्त कर दी जावें।

(च) आश्रम में बच्चों के वस्त्र कुर्ता, कम्बल आदि बहुत चोरी होते हैं यह चोरी बन्द होनी चाहिये। यदि किसी बच्चे के वस्त्र चोरी जाते हैं तो अधिष्ठाता उसका पता लगावें व चोर से वसूल करे अन्यथा उसके संरक्षक को सूचित करें।

(छ) प्रत्येक बच्चे के वस्त्र, नाखून. दांत, व बाल स्वच्छ होने चाहिये क्योंकि धुलाई आदि का व्यय पड़ता है और समय समय पर साबुन ,तेल जो बच्चों के लिये नियुक्त है मिलना चाहिये और यह सब प्रबन्ध अधिष्ठाताओं को सही ढंग से करना चाहिये।

(ज) आश्रम के अन्दर इन्डौर गैम खेल खिलाया जाये। बच्चों को सिनेमा आदि बाहर देखने जाने न दिया जावें।

(झ) ऐसी प्रर्दशनी या निर्माण कार्य या सम्मेलन जिसमें बच्चों पर अच्छा प्रभाव पड़े गुरुकुल के अधिकारियों की संरक्षता में दर्शनाथ ले जाया जावें।

(ञ) भोजनालय में प्याज़, लहसुन, लालमिर्च आदि का निरोध हो। सात्विक भोजन दिया जावे। दूध, घी, मौसमी फल, सूखे मैवें अधिक दिये जावें।

(ट) ऐसे कर्मचारी जो हमारे बच्चों को भड़काकर तथा हमारे बच्चों द्वारा अपने बैरी (दुश्मन) को पिटवाते हैं जिसके कारण हमारे बच्चे पिता व गुरुओं का अपमान करने लगते हैं। ऐसे कर्मचारियों को क्षमा नहीं किया जा सकता हैं। क्योंकि वह हानि हमें ही हो रही हैं। यदि बच्चे गुरुकुल में अपने गुरुओं का निरादर करेंगे तो फिर घर पर आकर हम लोगों की भी बारी आयेगी।

(ठ) पाठशाला में अध्यापकगण योग्य होने चाहियें किसी की सिफारिश द्वारा न लिये जायें। मुख्याध्यापक काफी अनुभवी होना आवश्यक है तथा कम से कम ५,६ वर्ष मुख्याध्यापक पद पर रह चुका हो।

(ड) जो अध्यापक जिस विषय को पढ़ावे वह विषय वर्ष भर पढ़ावे और वर्ष के अन्त में प्रत्येक छात्र को उस विषय का ज्ञान कोर्स के हिसाब से होना चाहिये। यदि छात्रों को कुछ आता जाता नहीं है तो ऐसे अध्यापक की सेवा समाप्त करदी जावे। विषय अदला-बदली में अध्यापक यह बहाना ले लेते हैं कि हमसे पूर्व अमुक पंडित जी यह विषय पढ़ाते थे, उन्होंने कुछ पढ़ाया ही नहीं है तो हम क्या करें कि छात्र को कुछ आता जाता नहीं।

(ढ) अध्यापकों को अच्छा वेतन दिये जावे तथा यह वेतन प्रत्येक मास की अन्तिम तिथि ३०

या ३१ तारीख को दे दी जावे। तीन-तीन चार चार मास वेतन न मिलने पर उत्साह कम हो जाता है।

(ण) फार्मेसी की पूर्ण आय गुरुकुल पर व्यय होवे क्योंकि उसकी स्थापना गुरुकुल के खर्च चलाने के निमित्त हुई है।

(त) आश्रम में दरवाजे, खिड़कियां जो टूट गई हैं बनाई जावे ताकि कमरे बन्द किये जा सकें।

(थ) स्कूल के समय में सब छात्रों को अधिष्ठाता पाठशाला भेजें व स्कूल समय में कोई छात्र आश्रम में पाठशाला से वापस न आवे बहुत से छात्र पाठशाला न जाकर आश्रम में ही छुपे बैठे रहते हैं।

(द) आश्रम में रात्रि के समय अधिष्ठाता सब छात्रों को स्कूल में बताये पाठ को याद करने में संलग्न करावें तथा पढ़ावें।

(ध) प्रत्येक ब्रह्मचारी को पाठशाला में अपना पूर्ण वस्ता लेकर जाना होगा। कलम, स्याही, कापी, पुस्तकें आदि का पूर्ण प्रबन्ध हो क्यों कि देखने में यह आया है कि स्कूल में अध्यापक पाठ लिखा रहे हैं ब्रह्मचारी के पास कलम नहीं है। कलम है तो कापी नहीं है। लेखन, सामग्री का व्यय प्रतिमास हमारे बिल में शामिल होता है फिर यह सामान क्यों नहीं दिया जाता।

(न) प्रत्येक ब्रह्मचारी को कक्षा ५ से १० तक प्रत्येक दिन बारी बारी से धार्मिक विषय पर या अन्य विषय पर भाषण देना भी अनिवार्य रूप से सिखाया जावे। धर्म के विषय में बाद-विवाद प्रतियोगिता भी अनिवार्य हो।

(प) युद्ध विद्या की भी शिक्षा प्राचीन प्रणाली के अनुसार धनुषबाण, बन्दूक चलाना तथा व्यायाम व कुश्ती लड़ना भी सिखाया जावे ताकि युद्ध के समय ब्रह्मचारी समय पर अपनी रक्षा भी कर सकें।

(फ) गुरुकुल के कुलपति जी को स्थायीतौर से अधिकतर गुरुकुल में ही निवास करना चाहिये ताकि गुरुकुल की व्यवस्था ठीक हो सकें।

(ब) गुरुकुल की नियमावली के अनुसार ८ वर्ष की आयु के ऊपर का बच्चा गुरुकुल में प्रवेश न पावे। अधिक आयु के बच्चे प्रवेश करने का यह दुष्परिणाम है।

(भ) गुरुकुल विद्यालय के ऊपर की कक्षाएं जो बारहवीं से एम० ए० तक की है उन में भी गुरुकुल के ही नियम लागू हों।

(म) हम सब संरक्षक गुरुकुल का शुल्क प्रत्येक मास के अन्त में स्वतः भेज दिया करें। गुरुकुल के मासिक व्ययपत्र की प्रतीक्षा न करें।

(य) ऐसे ब्रह्मचारी जो गुरुकुल के नियमों का पालन न करें, उद्दण्डता करें। गुरुकुल के अधिकारी तथा अन्य मान्य बन्धुओं का अपमान करें तो उन्हें समझाया जाये। न मानें तो पत्र द्वारा उन के संरक्षकों को बुलाकर उन्हें समझाया जावे' फिर भी न मानें तो संरक्षक सभा के मंत्री व प्रधान सभा समझावें और इस पर भी न मानें तब उनके माँ-बाप को बुलाकर उन्हें स्कूल से निकाल दिया जावे।

(र) यह आर्यसमाज की संस्था है इसलिये इस गुरुकुल की पवित्रभूमि पर जहाँ तक गुरुकुल की सीमा है इस के अन्दर कार्य करने वाले कार्यकर्ता तथा कुलवासी व बाहर से अन्य आने वाले यात्री दर्शक कोई भी हो किसी प्रकार का मद्य, शराब, भाँग, बीड़ी, सिगरेट आदि प्रयोग न कर सकेंगे।

(ल) गुरुकुल के फार्म की अमूल्य भूमि से कोई लाभ नहीं होता है जब कि आजकल वैज्ञानिक ढंग से खेती होती है यदि सही प्रबन्ध हो तो गुरुकुल विद्यालय का सारा खर्च अकेले फार्म से चल सकता है। इसलिये इस फार्म के प्रबन्ध कर्ता कृषि विद्वान रखे जावें ताकि लाभ हो सके।

(ब) आश्रम में ब्रह्मचारियों के वस्त्र आदि फटने पर यदि माँ – बाप घर से न भेज सके तो गुरुकुल से बनवा दिया जावे तथा खर्चा संरक्षक के नाम डाल दिया जावें।

(श) गुरुकुल आर्यसमाज की भट्टी है। योग्य शिक्षकों को ऐसी शिक्षा देनी चाहिये ताकि अमिट छाप हो जावे और प्रत्येक ब्रह्मचारी पक्का वैदिकधर्मी बनकर निकले।

(ष) पाठशाला का समय ९ बजे से १२॥ तथा २॥ से ४ बजे तक रहे। दोनों समय पाठशाला रहने से बच्चों को उपद्रव करने का समय नहीं मिल सकता। साढ़े बारह बजे से अढ़ाई बजे तक २ घण्टे में सब ब्रह्मचारियों का भोजन हो जाया करेगा।

(स) अस्पताल के डाक्टर महोदय बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें तथा प्रतिमास संरक्षकों को जाने वाले बिलों में प्रत्येक बच्चे की तोल तथा स्वास्थ्य का विवरण सही भेजा करें।

(ह) अधिष्ठाताओं का वेतन मान कम है साधारण मजदूर भी दिन भर ही कार्य करता है और रात को अपने निवास गृह पर चला जाता है। अतः अधिष्ठाताओं की दिन रात की सेवा देखते हुए उनका वेतन कम है। अतः यह सभा ९०)रू प्रतिमास के स्थान पर १५०)रुप्रतिमास देने की सिफारिश करती है। एवं इस अतिरिक्त वेतन का भार संरक्षकों पर वहन करने की अनुमति देती है। अधिष्ठाता यदि ठीक कार्य नही करेगे तो उनको वेतन घटाने का अधिकार भी संरक्षक सभा को रहेगा।

(अ) संरक्षक सभा को आयोजित करने का व्यय गुरुकुल वहन करे तथा दैनिक कार्यवाही का खर्चा भी सभा के पदाधिकारियों को मांगने पर बिल द्वारा धन दें। संरक्षक सभा के खाते में जो धन एकत्रित है उसे सभा पदाधिकारियों को हस्तांतरित करने का गुरुकुल व्यवस्था करें।

(आ) कक्षा एक से ५ तक के अधिष्ठाता विद्वान् एवं वानप्रस्थी हों।

(इ) बच्चों के फटे वस्त्रों की सिलाई नहीं होती है। इस लिये दर्जी को आश्रम में ही प्रतिदिन कम से कम तीन घण्टा बैठना चाहिये ताकि फटे वस्त्रों की सिलाई यथासमय हो सके।

(ई) बच्चों के बाल समयपर नहीं बनते। इस लिये नाई को प्रति सप्ताह रविवार के दिन सब बच्चों के बाल बनाना चाहिये। बाल १ से डेढ़ अंगुल बड़े किसी छात्र के न हो। अंग्रेजी या हिप्पी कट बाल कोई ब्रह्मचारी नही रख सकता। अधिकतर मुण्डन हो ताकि सिर की सफाई होती रहें।

(उ) योगाभ्यास भी बच्चों को कराया जावे तथा इसकी सम्पूर्ण व्यवस्था की जावे।

(ऊ) बच्चों को मध्यान्ह नाश्ते में मौसमी फल आदि ही दिये जावे।

(ए) आयुर्वेद के ब्रह्मचारियों को भी सन्ध्या, हवन का पालन करना चाहिये।

(ऐ) बाहर भ्रमण में जाने पर बच्चों को जो

मिठाई आदि खिलाई जावे वह सब को समान रूप से हो। व्यक्तिगत रूप से बच्चा अपने निजी पैसों से कुछ न लेवे।

(ओ) कार्यालय से नकद पैसा किसी ब्रह्मचारी को न दिया जावे।

(औ) समस्त कुलवासी व अधिकारी गण से अनुरोध किया जावे कि वे अपने बच्चों को गुरुकुल में ही पढ़ावे।

(अ) वार्षिक परीक्षा के बाद १५ मई तक आश्रम व भंडार ग्रीष्मावकाश में १ जुलाई तक बन्द कर दिया जावे। इन दिनों कोई भी ब्रह्मचारी आश्रम में न रहने दिया जावे। मार्च मास में गुरुकुल की ओर से संरक्षकों को सूचित कर दिया जावे कि ब्रह्मचारी की वार्षिक परीक्षा के पश्चात् ग्रीष्मावकाश में जो तिथि निश्चित हो गुरुकुल से ले जावे।

(अः) कार्यालय के निकट का कालेज आश्रम वेद-महाविद्यालय वाले छात्रों को दिया जावे।

(।) फार्मेसी, बच्चों के इलाज हेतु जो भी दवाएं आवश्यक हो उनका प्रावधान करे। इन दवाओं का व्यय फार्मेसी के नाम ही रहेगा। तथा ब्रह्मचारी हेतु जो भी दवाएं बाजार से आवे उनका खर्चा गुरुकुल वहन करे। जो अंग्रेजी दवाएं फार्मेसी से उपलब्ध नहीं है वह बड़े अस्पताल से ब्रह्मचारियों को आवश्यकता पड़ने पर दिलाई जावे।

(।।) संरक्षकों के गुरुकुल आने पर उनके रहने की व्यवस्था तुरन्त हो और कोई जानकारी लेनी हो तो गेट पर उपस्थित कर्मचारी ही सम्बन्धित व्यक्ति को अपने साथ लेकर कार्यवाही करें तथा यथास्थान पहुंचावे।

(।।।) ब्रह्मचारी का मासिक व्यय कम से कम रखा जावे जिससे कि संरक्षकगण बच्चों को शिक्षा हेतु अधिक से अधिक संख्या में भेज सकें।

(।।।।) वर्तमान समय में जबकि मंहगाई कम हुई है तो गुरुकुल का भोजन व्यय पूर्ववत् ही है अतः विचार किया जाये।

(।।।।।) गुरुकुल पत्रिका प्रत्येक संरक्षक के पास पहुंचती थी वह नहीं पहुंच रही है अतः व्यवस्था सुधारी जावे।

(।।।।।।) हमारा उपरोक्त सुझाव प्रस्तावों से कोई नया मन्तव्य नही है। गुरुकुल की जो नियमावली है उसके अनुरूप ही पालन होना चाहिये।

(५) विद्यासभा के प्रतिनिधि चुनने पर विचार हुआ। श्री दरियावसिंह जी ने श्री बाबूराम जी आर्य का नाम विद्यासभा गुरुकुल कांगड़ी हेतु प्रस्तावित किया जिस का समर्थन श्री रामकृष्ण ने किया सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

(६) संरक्षक सभा के चुने हुए पदाधिकारियों के नाम पूर्ण पते सहित :- =

प्रधान– श्री बाबूराम जी आर्य, ग्राम नगर पो० ढकना लहिया (खुटार) पिन कोड न० २४२४०५ जिला शाहजहांपुर

उपप्रधान– श्री अतरसिंह जी पंवार, लोहारी खुर्द, पो० चरथावल (मुजफ्फरनगर)

मंत्री– श्री रामकृष्ण जी गुप्ता सैन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, कासगंज (एटा)

उपमंत्री– श्री श्यामसिंह, ग्राम छीतरा, पो० वढ़रायूं (जिला मुरादाबाद)

कोषाध्यक्ष –श्री अतरसिंह जी आर्य, अधिष्ठाता, गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार

सदस्य कार्यकारिणी

श्री ओमप्रकाश जी द्विवेदी, पो० गंगाजमुनी, बहराइच ।

श्री कृपालसिंह जी, ग्राम डयोढी, उर्फ हरीपुर (मुरादाबाद)

श्री बसन्तलाल जी आर्य, ग्राम मन्सूरपुर, पो० रहमतमल, जिला रामपुर ।

श्री दरियावसिंह जी, ग्राम कुरैनी, पो० नरेला, दिल्ली –४०

श्री आनन्दपालसिंह जी, ग्राम व पो० मुलहटा (वहजोई) जिला मुरादाबाद

श्री मांगेराम जी आर्य पुत्र श्री राजेराम, ग्राम बदरखा पो० छपरोली, ज़िला मेरठ

७– उपरोक्त समस्त कार्यवाही की प्रतिलिपि गुरुकुल के निम्नलिखित अधिकारियों एवं संस्था को सूचनार्थ भेजी जावे ।

(१) कार्यालय– सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, महर्षि दमानन्द भवन, रामलीला मैदान, नई दिल्ली ।

(२) कार्यालय – गुरुकुल कांगडी सहायक मुख्याधिष्ठाता, ज़िला सहारनपुर ।

(३) कार्यालय – आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, हरियाणा, नई दिल्ली ।

(४) कार्यालय–कुलपति, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ज़िला सहारनपुर

(५) प्रतिलिपि समस्त संरक्षकों (अभिभावकों को)

(६) प्रतिलिपि प्रकाशनार्थ संपादक गुरुकुल पत्रिका

(७) संरक्षक सभा की सूचना पदाधिकारियों की सूची सहित निम्न दैनिक साप्ताहिक समाचार पत्रों को भेजी जावे ।

दैनिक – वीर अर्जुन, नई दिल्ली

दैनिक – नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली

दैनिक – स्वतन्त्र भारत, लखनऊ

दैनिक – सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, महर्षि दयानन्द भवन रामलीला मैदान, नई दिल्ली

साप्ताहिक – आर्यमित्र, आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तरप्रदेश, ५मीरावाई मार्ग, लखनऊ । पंजाब हरियाणा एवं दिल्ली आदि के आर्य प्रतिनिधि सभाओं के पत्रों को भी सूचना दी जावे ।

८– समस्त कार्यवाही को छपवाने व वितरण कार्य कार्यालय गुरुकुल कांगड़ी सम्पन्न करे ।

डा० रामनाथ	रामकृष्ण गुप्ता	बाबूराम आर्य
२–१२–७५	२–१२–७५	२–१२–७५

76018

गुरुकुल डायरी जनवरी १९७६

१ (क) प्रातः कुलपति द्वारा छात्रावास निरीक्षण एवं छात्रों को नववर्ष की बधाई ।

(ख) फार्मेसी कर्मचारी कैन्टीन का उद्घाटन ।

३ क्रीड़ा समिति की बैठक ।

४ कुलपति एवं जिलाधीश वार्ता सहारनपुर ।

६ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अध्यक्ष से कुलपति वार्ता ।

७ प्रो० नूरूल हसन शिक्षा मन्त्री से कुलपति वार्ता ।

८–१४ संग्रहालय सप्ताह ।

९–११ बैंकटेश्वर विश्वविद्यालय तिरुपति में कुलपति सम्मेलन ।

१२–१४ कुलपति अरविन्द आश्रम पांडिचेरी में ।

१३– संग्रहालय सप्ताह के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्य क्रम ।

१६–१८ परम धाम आश्रम, पवननार, वर्धा के अखिल भारतीय आचार्य सम्मेलन में कुलपति ।

१७–२३ विश्वविद्यालय हॉकी टूर्नामेंट ।

२१ अन्तः परिवार वाद विवाद प्रतियोगिता ।

२३ सुभाष जयंती ।

२६ गणतन्त्र दिवस परेड एवं सांस्कृतिक कार्य क्रम ।

२७ वेद-कला एवं विज्ञान महाविद्यालयों के प्राध्यापकों की बैठक एवं विभिन्न समितियों का गठन ।

२८ लाला लाजपत जयंती ।

३० प्रतिभावान् छात्रों की बैठक एवं राष्ट्र-पिता के निर्वाण दिवस पर मौन ।

रामाश्रय मिश्र
जन-सम्पर्क अधिकारी
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

प्रगति के बढ़ते चरण—

२० सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम

१—आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्यों में गिरावट के रुझान को बनाये रखना। उत्पादन की गति करना तथा आवश्यक उपभोक्ता पदार्थों तथा वितरण की व्यवस्था को प्रभावशाली बनाना।

२— कृषि भूमि को भूमिहीनों में तेजी से वितरण करने की कार्यवाही करना और भूमि सम्बन्धी अभिलेख पूर्ण करना।

३—भूमिहीनों व समाज के कमजोर वर्गों को आवासीय भू-खण्डों को तेजी—आंवंटित करना।

४—मजदूरों से जबरन काम लेने को तत्काल गैर कानूनी घोषित किया जायेगा।

५—ग्रामीणों पर कर्ज का बोझ समाप्त किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन मजदूरों दस्तकारों और छोटे किसानों से ऋण-वसूली पर रोक लगाने के लिये कानून बनाकर प्रतिबन्ध लगाया जायेगा।

६—खेतिहर मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी सम्बन्धी कानूनों में संशोधन किया जायेगा।

७— ५० लाख हैक्टेयर और भूमि में सिचाई की व्यवस्था की जायेगी। भूमिगत जल के अधिकाधिक उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्तर के कार्य क्रम बनाये जायेंगे।

८—विद्युत-उत्पादन के कार्यक्रमों में तेजी लाई जायेगी तथा केन्द्रीय सरकार के नियन्त्रण में सुपरताप बिजली घरों की स्थापना की जायेगी।

९—हाथ कर्घा उद्योग के विकास की नयी योजना बनाई जायेगी।

१०—जनता कपड़े की किस्म में सुधार किया जायेगा व वितरण की समुचित व्यवस्था की जायेगी।

११—शहरी भूमि व शहरी काम में लाने योग्य भूमि का समाजीकरण किया जायेगा। खाली छोड़ी हुई भूमि तथा नये मकानों के क्षेत्रफल की सीमा निर्धारित की जायेगी।

१२—शहरी सम्पति के मूल्यांकन के लिए विशेष दस्तों का गठन किया जायेगा तथा कर चोरी व गलत मूल्यांकन करने वालों के विरुद्ध त्वरित मुकद्दमें चलाकर कड़ी सजाएं दी जायेंगी।

१३—तस्करों की सम्पत्ति जब्त करने के लिए विशेष कानून बनाया जायेगा।

१४—पूंजी नियोजन की प्रक्रिया को आसान बनाया जायेगा। आयात लायसेंसों का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

१५—उद्योगों के प्रबन्ध में मजदूरों को साथ लेने की नई योजनाएं बनाई जायेंगी।

१६—सड़क परिवहन के लिए राष्ट्रीय परमिट व्यवस्था की जायेगी।

१७—मध्यम आय वर्ग को आयकर में राहत देने के लिए आयकर में छूट कर दी जायेगी।

१८—छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को नियन्त्रित मूल्य पर आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था की जायेगी।

१९—पुस्तकें और स्टेशनरी नियन्त्रित मूल्यों पर उपलब्ध कराई जायेगी।

२०—रोजगार व प्रशिक्षणके अधिक अवसर बढ़ाने के लिए एप्रिन्टिसशिप की नई योजना शुरू की जायेगी। इस योजना में समाज के कमजोर वर्गों को प्राथमिकता दी जायेगी।

(रामाश्रय मिश्र)
जन-सम्पर्क अधिकारी, गु० कां० विश्व०



एन०सी०सी० केडेट्स श्री कुलपति जी को मार्च पास्ट की सलामी देते हुये



श्री कुलपति जी बैंड वादकों का निरीक्षण करते हुये

हमारी कुछ स्वर्ण निर्मित व अन्य विशिष्ट औषधियां

★ **बसन्त कुसुमाकर**

मधुमेह तथा शारीरिक निर्बलता के लिए उत्तम ।

★ **सिद्ध मकरध्वज**

यौवन को स्थिर रख, सम्पूर्ण शरीर में ताजगी लाता है ।

★ **बृहद् वात चिन्तामणि**

घबराहट, बेचैनी, कमजोरी में सेवन करें ।

★ **योगेन्द्र रस**

अनिद्रा, बेचैनी, अंगों की शिथिलता में लाभदायक है ।

प्रकाशक : डॉ० गंगाराम कुलसचिव : गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय ।

गुरुकुल-पत्रिका

महर्षि दयानन्द-अंक



वेदोद्धारक आर्य समाज-प्रवर्तक

श्री स्वामी दयानन्द सरस्वती जी महाराज

क्षरी १९७६ ★ फाल्गुन २०३२

विषय-सूची

सं०	विषय:	लेखका:	पृष्ठाङ्का:
१	श्रुति-सुधा		५१९
२	वैदिक-साहित्य-सौदामिनी	श्री वागीश्वरो विद्यालंकार:	५२०
३	भाषा के विषय में राष्ट्रनायक नेहरू···	श्री स्व०प०जवाहर लाल नेहरू	५२२
४	स्वामिन: श्रीविद्यानन्दसरस्वतय:	विद्याभूषण: श्रीगणेशरामशर्मा	५२३
५	देवमहर्षेर्गायत गीतम्	श्री हरिश्चन्द्र रेणापुरकर:	५२७
६	महर्षि-स्तव:	श्री आचार्य धर्मदेवो विद्यामार्तण्ड:	५२८
७	'सूर्य सूक्त' का पद्यानुवाद	अनु०श्री दिनेश्वरनाथ त्रिपाठी एम·ए.	५२९
८	गुरुकुल-पत्रिका-विवरणम्	गुरुकुल-पत्रिका-विवरणम्	५३०
९	चारुचरितामृतबिन्दु:	श्री हजारीलाल शास्त्री	५३१
१०	सम्पादकीय टिप्पण्य:	श्री भगवद्दत्त वेदालंकार	५३२
११	बसन्त का वैदिक स्वरूप	श्री ब्रह्ममुनि जी विद्यामार्त्तण्ड	५३३
१२	ऋषि दयानन्द शिक्षा के क्षेत्र में	श्री गिरीश चन्द्र	५३५
१३	दयानन्द-१९७५ (गुरुकुल की यज्ञस्थली से)	श्री बलभद्र कुमार	५३८
१४	अगर तुम्हीं पाषाण बने तो···	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	५४३
१५	महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन	श्री जयदेव वेदालंकार	५४५
१६	बोध-रात्रि	श्री अशोककुमार विद्यालंकार	५४८
१७	प्रतिश्याय-प्रतिषेध	डा०क्रान्तिकृष्ण आयुर्वेदालंकार एम·ए·	५४९
१८	गुरुकुल षट्कम्		५५५
१९	गुरुकुल में त्रिमूर्त्ति का आगमन (गु०की यज्ञ०२)	श्री बलभद्रकुमार	५५६
२०	गुरुकुल-समाचार	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	५५८
२१	एम०ए० अन्तिम वर्ष के छात्रों का संकल्प		५६५
२२	कार्यवाही संरक्षक सभा, गुरूकुल कांगड़ी		५६८
२३	गुरुकुल डायरी	श्री रामाश्रय मिश्र जनसम्पर्क अधिकारी	५७०

--गुरुकुल पत्रिका का वार्षिक मूल्य--

देश में ८ रुपये — विदेश में १२ रुपये

प्रधान सम्पादक--भगवद्दत्त वेदालंकार

सम्पादक मण्डल--डा० क्रान्तिकृष्ण, प्रो० रामाश्रय मिश्र, प्रो० वेद प्रकाश, पं० महावीर 'नीर'

छात्र सम्पादक-- ब्र० बलवीरसिंह, ब्र० सत्यवीरसिंह

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुलकांगड़ीविश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

फाल्गुन : २०३२, फरवरी १९७६, वर्षम्-२८, अङ्कः ४, पूर्णाङ्कः ३२५

श्रुति सुधा

ऋ० ९ मं०, ११३ सूक्त.

पवमान सोम

पवमान पवित्र हुआ सोम रस–(भौतिक क्षेत्र)

उपासक के हृदय में पवमान–शान्त प्रवाह रूप में सोमरूप परमात्मा (आध्यात्मिक क्षेत्र)

ऋतं बदन्नृतद्युम्न सत्यंवदन्त्सत्यकर्मन्
श्रद्धां वदन्त्सोम राजन्धात्रा सोमपरिष्कृत इन्द्राय .....॥४॥

(सोमराजन्) हे सोम राजा (ऋतद्युम्न) ऋत ज्ञान से प्रकाशमान् ! (ऋतंवदन्) ऋत-ान को कहता हुआ (सत्यकर्मन्) हे सत्यकर्म वाले तू (सत्यं वदन्) सत्य को कहता हुआतथा (श्रद्धांवदन्) न्द्धा अर्थात् सत्य धारणा को कहता हुआ (सोम) हे सोम ! (धात्रा परिष्कृतः) धारक आत्मा से रिष्कृत हुआ तू—शेषं पूर्ववत् ऋत = ऋगतौ ।

—०:०—

वैदिक-साहित्य-सौदामिनी

श्री वागीश्वरो विद्यालंकारः साहित्याचार्यः

स्ववाच्यार्थं कवचरूपमत्यन्तं तिरस्कृत्य कवचवद्रक्षकमिति प्रकारकमर्थगौण्या लक्षणया लक्षयति। प्रभौ रक्षकत्वातिशयो भक्तस्य तन्मात्रनिर्भरत्वं च ध्वन्यते। ऋग्वेदपाठमाश्रित्य मन्त्रोऽयं पदगतवेनोदाहृतः। सामवेदपाठानुसारमयमेव वाक्यगतत्वेनोदाहर्तुं शक्यः।

यथा वा—

न तं विदाथ य इमा जजानाऽन्यद् युष्माकमन्तरं बभूव। नीहारेण प्रावृताः०। ऋग्वेदे १०।८२।७

अत्र नीहारपदम् अवश्यायरूपम्, वाष्पीभूतसूक्ष्मजलरूपं वा मुख्यमर्थं सर्वथा परित्यज्य बुद्धेराच्छादकाऽज्ञानरूपमर्थं लक्षयति। अज्ञानातिशयो ध्वन्यते॥

अथ तस्यैव ध्वनिभेदस्य अत्यन्ततिरस्कृतवाच्यस्य वाक्यगतत्वे। यथा--

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः॥*
भगवद्गीता १ अध्याये ६९तमः श्लोकः

या निशेति-सर्वभूतानां तमोगुणप्रधानानां सर्वप्रणिनां कृते या निशा तमोमयी मिथ्यादृष्टिरस्ति, यया ते रज्जौ सर्पं स्थाणौ पुरुषं मृण्मयदेशेषु अयमहम्, अयं मम तनयो मातापिता वेत्यादि पश्यन्ति, यस्यां च विमूढा जना जागृमो वयमिति मन्यमाना वस्तुतः सुप्ताःमोहविमूढाः सन्तः, अयथार्थमपि यथार्थं मन्यन्ते तस्यामेव मुनिः समुत्पन्नाऽस्मतत्वाऽवबोधो ज्ञानी जागर्ति, अज्ञानजन्योऽयम्....

सकलः प्रपञ्च इति च पश्यति। यदपगमे "एवं तत्त्वाभ्यासान्नाऽस्मि, न मे, नाऽहमित्यपरिशेषम्। अविपर्ययाद् विशुद्धं केवलमुत्पद्यते ज्ञानम्।" सांख्यकारिका ६४तमा। यस्यां च मिथ्या दृष्टावितरभूतानि अन्ये प्राणिनो जागृमो वयमिति मन्यन्ते तथैव च व्यवहरन्ति सा पश्यतस्तत्त्वविदो मुनेः कृते मोहमयी निशैव। इह-निशा, जागर्ति, जाग्रति, पश्यतः" इत्येतानि पदानि स्वं स्वं वाच्यमर्थं-रजनी, अवबुध्यते, व्यवहरन्ति, विलोकयतीति रूपं स्वमुख्यमर्थमत्यन्तं तिरस्कृत्य-मिथ्यादृष्टिः, तात्त्विकदृष्ट्या पश्यति, याथार्थ्यमजानन्तः, यथार्थवद् व्यवहरन्ति तत्त्वज्ञस्येति रूपमर्थं लक्षयन्ति तदतिशयादिबोधनं च फलम्।

यथा वा अथर्ववेदे--

सखायाविव सचावहा अव मन्युं तनोमि ते।
अधस्ते अश्मनो मन्युमुपाऽस्यामसि यो गुरुः॥
अथर्व० का० ६। सू० ४२। मं० २॥

देवता-मन्युः। ऋषिः- भृग्वङ्गिरा।

सखायाविवेति-एकः सुहृत् कदाचित् सकारणम् अथवाऽकारणं भ्रमवशात् एव रुष्टं सुहृदं वदति-सखे अलं विवादेन। इतः परम् आवां पुनः पूर्ववत्

(*) एहि जग जामिनि जागहिं जोगी।
परमारथी प्रपंचवियोगी।
जानिह तबहिं जीव जग जागा।
जब सब विषय विलास विरागा।
होई विवेक-मोह भ्रम भागा।
जब रघुनाथ चरन अनुरागा॥
तुलसी--राम चरित मानस अयोध्या काण्ड।

सखायाविव मित्रवत्, सचावहा-सचावहै अभिन्न-हृदयौ वर्तिष्यावहे। 'पचसमवाये' धातोर्लोटि रूपम् अयमहं तव हृदयात् मन्युं कोपम् अवतनोमि अपनयामि। "अवज्यामिव धन्वनो मन्युमवतनोमि ते हृदः०' (अथर्व०का०६।सू०४२।मं.१) इति प्रथममन्त्रस्याऽऽशयं मनसि कृत्य पठ्यमानमिदं द्वितीयमन्त्रगतम् अवतनोमीति पदं मन्युधनुर्ज्ययोरुपमेयोपमानभावमात्राऽप्यव गमयति। यथा समरावसाने ज्या धनुष्कोट्या अवतार्यते तथा तव हृदि स्थितं मन्युमह मनेनप्रसादनेन अपनयामीत्यर्थः। त्वदीयं तं कोपं च तस्य अश्मनः पाषाणस्य अधः उपास्यामसि उपास्यामि निक्षिपामि यो गुरुर्भूरिभारवानस्ति येन स मन्युः पुनरुत्थातुं न क्षमेत। अमूर्तस्य मन्योः अश्मनोऽधस्ताद् आधानमनुपपन्नं सत् स्ववाच्यार्थमत्यन्तं तिरस्कृत्य प्रचुरप्रसादनेन शमयामीति रूपमर्थं लक्षयति। उपाऽस्यामसीति उप पूर्वस्य असु प्रक्षेपणे धातोर्लटि उत्तमपुरुष बहुवचने रूपम्। उपाऽस्यामीति वक्तव्ये उपास्यामसीति प्रयुक्तम्। तत् सुपां सुलुक्० (पाणिनि.७।१।३९) सूत्रेण, तिङां तिङादेशा भवन्तीति वार्तिकेन मिपः स्थाने मस्, ततश्च "इदन्तोमसि।" (पाणि. ७।१।४६) इति सूत्रेण छन्दसि मसः सकारान्तस्य इकारागमे साधु। अवतनोमीत्यत्र एकवचनेन कस्यचिदेकस्य प्रसादनप्रयत्नः, उपास्यामसि-इति बहुवचनेन तत्र बहूनां प्रयत्नः सूच्यते। परिवारे बन्धुजनेषु च कदाचिन्मनोमालिन्ये समुत्पन्ने मतिमद्भिरचिरात् यथावसरं कदाचिदेकेन कदाचित् बहुभिर्वा संभूय सान्त्ववचनादिभिः प्रसादनोपायैस्तथा प्रयतितव्यम् यथा तद् भूयो न प्रादुर्भवेदिति व्यज्यते।

यथा वा--

आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भमन्त
तं रात्रीस्तिस्र उदरे बिभर्ति,
तं जातं द्रष्टुमभिसंयन्ति देवाः।
अथर्व० का० ११ सू० ५। मं. ३॥

देवता-ब्रह्मचारी। ऋषिः-ब्रह्मा। छन्दः- उरोबृहती।

आचार्य उपनयमान इति-पित्रोरुपात्त प्रथमजन्मानम् द्विजत्वलाभाय समागतं ब्रह्मचारिणं विधिवद्गृहीत ब्रह्मचर्यव्रतम् बालकम् उपनयमानः उपनयनसंस्कारविधिना स्वीकुर्वन् आचार्यो(१) गर्भमन्तः कृणुते गुरुकुलरूपे स्वगर्भे स्थितमिव करोति। मातृगर्भे स्थितः शिशुः प्रसवात् प्राग्यथा नवमासान् यावत् अनिष्टैः ऋतुपरिवर्तनप्रतिकूलपरिवेशादीनां कुप्रभावैरप्रभावितोऽहर्निशम् आत्मनिर्माणं पूर्णविकासं च करोति तथा गुरुकुलरूपे गुरुगर्भे स्थितो ब्रह्मचार्यपि ग्रामनगरादीनामशान्तदूषितपर्यावरणादारात् सुरक्षितो भाविजीवनयात्रायै आत्मानं तदुचितशिक्षादीक्षासाधनादिभिः सन्नह्यति। आचार्यो बालकं तिस्रो(२) रात्रीरुदरे बिभर्ति। का स्तिस्रो रात्रयः? व्यक्ताऽव्यक्त(३) ज्ञविषयकम् त्रिविधमज्ञानम्।

---

(१) आचिनोति च शास्त्रार्थानाचारे स्थापयत्यपि।
स्वयमाचरते यस्मात्तस्मादाचार्य उच्यते॥

(२) कठोपनिषदि-मृत्युनामकेन यमेन वा आचार्येण मृत्युसम्बन्धे पृष्टानां प्रश्नानामुत्तरं ददता त्रिविधमज्ञानमेव तिस्रो रात्रय इति निर्दिष्टम्।

(३) दृष्टवदानुश्रविकः सह्यविशुद्धिक्षयातिशययुक्तः। तद्विपरीतः श्रेयान् व्यक्ताऽव्यक्तज्ञ विज्ञानात्। सां० कारि०-
कार्यरूपं स्थूलं जगत् व्यक्तम्। गुणानां साम्यावस्था अव्यक्तं कारणजगत्। जानातीति ज्ञः आत्मा परमात्मा च।

अथवा-पृथिव्यन्तरिक्ष१ द्युलोकसम्बन्धि सर्वमज्ञानम्। यावत्पर्यन्तम् उक्तमज्ञानत्रिकं न विनश्यति तावत्पर्यन्तमाचार्यस्तमन्तेवासिनं स्वोदरे स्व विद्यामन्दिरे दधाति बिभर्ति च। सम्यक् समापिताऽध्ययनं सर्वविद्याव्रतस्नातकम् तं जातम् उत्पन्नम् गृहीतद्वितीय२ जन्मानं द्रष्टुमभिनन्दितुं च सर्वे देवा विद्वांसः सत्पुरुषाश्च तस्य दीक्षान्तयज्ञावसरे समवेता भवन्ति। इत्थमिह गर्भमन्तः, कृणुते, तिस्रो रात्रीः, उदरे बिभर्ति, जातम् इत्यादीन्यनेकानि पदानि स्वमुख्यमर्थं सर्वथा तिरस्कृत्य गौण्या लक्षणलक्षणया गुरुकुलवास, त्रिविधाऽज्ञानावसान, पूर्णविकास, द्विजन्मत्वावाप्तिरूपानर्थान् लक्षयन्ति। एतेन च तरुणेषु प्रसुप्तसर्वशक्तीनां विकासस्तेषां चरित्रनिर्माणम् उत्तमनागरिकत्वलाभश्च तदैव संभवति यदा तेषां विद्यामन्दिराणि ग्रामनगरादीनामशान्तक्षेत्रेभ्यो दूरेऽवस्थितानि स्युर्यत्र सर्वचिन्ता विमुक्तास्ते केवलसरस्वत्याराधनसक्ताः समर्पितजीवनाः समिध इवात्मानं ज्ञानयज्ञे दिवा निशं जुह्वत्विति वस्तुध्वनिः ॥ गुरुकुलं मातृगर्भोपमं बाह्यप्रभावेभ्यः सुरक्षितैर्भाव्यमित्युपमा ध्वनिरपि।

---

(१) इयं समित् पृथिवी, द्यौ द्वितीयोतान्तरिक्षं समिधा पृणाति।
ब्रह्मचारी समिधा मेखलया, श्रमेण लोकांस्तपसा पिपर्ति। अथर्व का. ११।सू. ५।मं. ४।

(२) मातुरग्रेधिजननं, द्वितीयं मौञ्जिबन्धने। तृतीयं यज्ञदीक्षायाम्० ॥ मनु अ० २। श्लो० १६९

तत्र यद् ब्रह्म जन्माऽस्य मौञ्जीबन्धनचिह्नितम्। तत्रास्य माता सावित्री पिता त्वाचार्य उच्यते ॥

भाषा के विषय में राष्ट्रनायक नेहरू की एक दृष्टि

अंग्रेजी न जानने वाले ही अंग्रेजी के भविष्य का निर्णय करेंगे। सिर्फ अंग्रेजी जानने से ही काम न चलेगा। जनता की भाषा जानना आवश्यक है। केवल अंग्रेजी जानने वालों का जनता सफाया कर देगी। हमें अधिकाधिक जनता की भाषा में काम करना चाहिए, सही कदम तो यही है कि हम जनता की भाषा बोलें।

मैं अंग्रेजी का पक्ष लेता हूं लेकिन मैं जनता के प्रति भी पक्षपात करता हूं। हमें चालीस करोड़ जनता को साथ लेकर चलना है। यदि हम उनके साथ उनकी भाषा में नहीं बोलेंगे, तो हम उन्हें अपने साथ लेकर नहीं चल सकेंगे।

कोई भी देश एक विदेशी भाषा के आधार पर बड़ा नहीं बन सकता। आखिर क्यों? इसलिए कि एक विदेशी भाषा जनता की भाषा नहीं बन सकती। इसने (अंग्रेजी ने) हम अंग्रेजी जानने वालों और अंग्रेजी नहीं जानने वालों के बीच एक खाई बना दी है। यह देशकी प्रगति के लिए घातक है। हम आज निश्चय ही इस तरह की बात बर्दास्त नहीं कर सकते . . . . . हम यह बर्दाश्त नहीं कर सकते कि एक तरफ तो अंग्रेजी पढ़ा-लिखा उच्च वर्ग रहे और दूसरी तरफ अंग्रेजी नहीं जानने वाला विशाल जनसमूह हो। इसलिए हमारी अपनी भाषा होनी ही चाहिए। —स्व० जवाहरलाल नेहरू

स्वामिनः श्रीविद्यानन्दसरस्वतयः

विद्याभूषणः, श्रीगणेशराम शर्मा, डूंगरपुरम् (राजस्थान)

राजस्थानप्रान्तस्य दक्षिसाञ्चले डूंगरपुरं नगरम् भिल्लबहुलः पार्वत्योऽयं प्रदेशः। नगरादस्मात् क्रोशत्रयदूरे पश्चिमायां दिशि बाराँ इत्याख्यो भूभागः सघनवनकृषिसनाथः शोभते। तत्र करौलीग्रामोपकण्ठं गोदावरीनद्यास्तटभागे श्री भुवनेश्वरमहादेवस्य प्राचीनोऽस्ति शिवालयः। शिवालयस्यास्य स्थितिर्बाराँमण्डलस्य केन्द्रवर्तिनी विद्यते। मन्दिरेऽस्मिन् भुवनेश्वरस्य स्वयम्भुवः शिवस्य सजला धारा सनन्दिकेश्वरा पार्वतीसहिता विद्यमाना मूर्तिः प्रकृतिदेव्याः किमप्यत्यद्भुतं निर्माणमिव दर्शनार्थमागतानां मनोहरति। प्रायेण सदा सर्वदा विशेषतो वर्षर्तौ बाराँमण्डलस्य कृषका भिल्ला ब्राह्मणा डूँगरपुरनगरस्य सनातनवर्णाश्रमधर्मानुयायिनो नागरिकाः श्रद्धाप्रवणाः सर्वसाधारणा जनाश्च भुवनेश्वरमभ्यर्चितुं समन्वयन्ति। एकादशी पूर्णिमादिव्रतोत्सवादिदिवसेषु तु तत्र मेलकमिव भवति जनानाम्। भुवनेश्वरदेवालयं परितो वृक्षलताकुञ्जसनाथं रमणीयं लघुवनं शोभते। पर्वताङ्के देवालयो, देवालयस्य पादप्रदेशे प्रवहन्ती गोदावरी नदी। नद्यास्तटयोः शाद्वलानि, कृषियोग्या सस्यश्यामलाभूमिश्च ग्रामाश्च वर्तन्ते। इत्थमेतद् भुवनेश्वरक्षेत्रं निसर्गरमणीयं प्रशान्तमेकान्तसुखदं जनस्थानमास्ते। अत्रत्या ग्रामीणा जनाः श्रीभुवनेश्वरस्य दर्शनं कृत्वा ग्रामाद्ग्रामान्तरं ग्रामेभ्यो नगरं प्रति च नित्यमेव हि यातायातं कुर्वन्ति। श्री भुवनेश्वरो बाराँभूभागस्य केन्द्रभूमिमास्थितो जनजीवनस्य सर्वाः प्रवृत्तीर्गतिशीलाः कुर्वाणो ऽस्ति। अत्रत्यं जलवायुवातावरणं तीर्थवसुन्धरासर्वं मनमोहकमिव राजते।

अस्माकं बाल्यकालेऽस्माकं सजातीयानां भट्टमेदपाटीयानां (भट्टमेवाड़ा-इति ख्यातानाम्) सम्बन्धाद्धेतोर्ज्ञातिभिः सह सम्बन्धव्यवहाराणामनुरोधात्तथा च यजमानगृहस्थानां क्षात्रवैश्यकृषकाणां यजमानवृत्तेर्हेतोश्चास्माभिः श्रीभुवनेश्वरस्य पशुपतेर्दर्शनलाभसौभाग्यमलभ्यत कैशोरे वयसि। तदानीमहं दशवर्षवयस्को ब्राह्मणबटुः कृतयज्ञोपवीतसंस्कारो भगवतः श्रीभुवनेश्वरस्य पूजनरुद्राभिषेकं कर्तुमगच्छम्। तदैवाहं तत्र सर्वादौ श्रीविद्यानन्दसरस्वतिं स्वामिमहाभागमद्राक्षम्। तदानीं तत्र भुवनेश्वरतीर्थे कश्चिदन्योऽप्येको महात्मा श्री सीतारामनामा वसतिस्म। तत्र चोटजप्राये भुवनेश्वरदेवालयस्यैकभागे पर्वतपादमूले-इष्टिकाकक्षस्यालिन्दे स्वामिनो विद्यानन्दमहाभागा व्यराजन्त। सीतारामो महात्मा तं स्वामिनं विद्यानन्दं परिचरन्निव शुशुभे। एवमनेकशोऽहं भुवनेश्वरतीर्थं प्रति यातायातं कुर्वाणोऽभूवम्। विद्यानन्दयतिप्रवरं चाद्राक्षम्।

तदानीं तत्र सदासर्वदैव ब्राह्मणसमूहा भुवनेश्वरस्य प्राङ्गणे प्राचीनधर्मशालायाश्छदि सुखमुपविष्टास्ताभ्यामाभ्यां श्रीविद्यानन्दसीतारामाभ्यां महात्माभ्यां सह सङ्गतिं संसाधयन्तो वार्तालापप्रसङ्गान्नवनवान वातारयन्। अल्पवयाः किशोरोऽप्यहं ब्राह्मणबटुस्तत्सङ्गमे यदृच्छया भागमगृह्णाम्।

श्रीविद्यानन्दसरस्वतिस्वामिमहाभागानां भौतिको देहबन्धो वज्रसारनिर्मित्त इव कार्ष्णासयतत्त्वैः सङ्घटित इव भव्यो दिव्यो मूर्तिमान् ब्रह्मचर्याश्रम इव महर्षिजनोचितो ब्रह्ममयेन तेजसा जाज्वल्यमान इव तेजोमण्डलभास्वरं किमप्यपूर्वमेव व्यक्तित्वं परिपुष्णादिवाभूत्। अजिनास्तरणे पीनोत्तुङ्ग प्रपुष्टशरीरो गोधूमवर्णदेहकान्तिः काषायवस्त्रे परिदधानः सपलाशदण्डकमण्डलुः पञ्चकेशीं

बिभ्यद्भस्मोद्धूलितललाटो रुद्राक्षमालाःकण्ठे धारयन् आरक्तलोचनो घनगम्भीरकण्ठः श्रुतिस्मृतिपुराणस्तोत्रादीनां पाठपारायणं कुर्वाणः किमपि भयमि वमे कोमले किशोरस्य हृदि व्युदपादयदिव स्वामिवर्यः। स्वामिमहाभागस्य पुरतस्तु तत्तेजसैव भयमिव व्याप्नुते स्म मन्मनसि परन्तु श्रीसीताराममहात्मनो मृदुलेन व्यवहारेण स्निग्धालापमयेन मधुरेण संभाषणेनाहं किञ्चदिवाश्वस्तोऽस्थाम्। ततस्तु समये समये प्रयोजनवशाद् भुवनेश्वरदेवालये मद्गमनात् स्वामिवर्याणां श्रीविद्यानन्दमहाभागानां सन्निधौ मम यातायातमनेकवारमभूत्। एवं क्रमेण स्वामिवर्यं तमेतं विद्यानन्द महाभागमहं निकटतः पर्यचिन्वम्।

ततः पुनरहं विद्याभ्यासार्थं उदयपुरं जयपुरं चागच्छम्। दशवर्षान्ते पुनः स्वजन्मस्थलीं डूँगरपुरमागतस्य मे भूयोऽपि भुवनेश्वरं प्रति मम गमनागमने प्रारभेताम्। चिराद्भुवनेश्वरं प्राप्तोऽहमद्राक्षम्—यद्भस्मावृतो निर्धूमोऽन्तःप्रज्वलन्निवाग्निः स्वामिवर्यो विद्यानन्दमहाभागः पूर्वापेक्षया किञ्चिदिव सुस्थिरवयाः प्रशान्तस्वभावोऽतिगम्भीरचित्तवृत्तिः प्रसन्नहृदयो भूदेवानां मध्ये विराजमानो वेदशास्त्रकाव्यकथोपदेशान् धर्मप्रवचनानि व्याचक्षाणोऽभूत्। मध्ये मध्ये श्रीसीताराममहात्मनो ब्राह्मणानां च मिथो हासपरिहासा विनोदवचनानि काव्यपाठा अन्त्याक्षरीस्तोत्र पारायणानि भागवतपुराण-बाल्मीकिरामायण-योगवासिष्ठादीनां नानाप्रसङ्गा दार्शनिकाश्च तास्ताः कथास्तत्र मयाकर्णिताः।

तदानीं मयैतदपि च विलोकितं यत् स्वामिपादैः श्रीविद्यानन्दयतिप्रवरैर्दण्डकमण्डलुपञ्चकेशीरुद्राक्षदिकं विसर्जितमासीत्। इदीनीं ते केवलं काषायवस्त्राण्येव परिदधाना अभूवन्। मासि मासि वारमेकं शिरोमुण्डनमङ्गीकृतमासीत्। महात्मनोऽस्य विद्यानन्दपरिव्राजस्तत्त्वावधाने स्वकक्षान्तर्नानापुस्तकानां संग्रहो व्यवस्थितरूपोऽभूदिति। स महाभागो मह्यं 'रामबादशाह के हुकुमनामे', 'विवेकानन्दचरितम्' अरविन्दघोषस्य भाषणानि, 'परमहंसरामकृष्णदेवस्य चरितम्' इत्यादीनि पुस्तकानि पठनार्थं प्रयच्छतिस्म। अहमपि च चपलस्वभावो ब्राह्मणबटुः किञ्चिद्विधाभिमानमन्तर्गूढं दधानः पुस्तकानि च तानि प्रोच्चैः स्वरं सुस्पष्टाक्षरं पापठ्यमानः स्वामिमहाभागाया श्रावयम्। स च मे प्रोत्साहनाय मध्ये मध्ये हुंकारं भणति। सत्यप्येवं मम बाल्यावस्थाया हेतोर्मनश्चाञ्चल्यात् पुस्तकवाचने चिराय मनोरुचिः स्थिरा न भवति स्म। तत् सर्वं सूक्ष्मेक्षिकया पश्यन् स्वामिवर्यो विद्यानन्दमहाभागो मनोवैज्ञानिकरीत्या मत्पुरतो विषयान्तरमुपस्थापयति स्म। यजमानानां पुरोहितत्वेन दिने श्रीभुवनेश्वरदेवं रुद्राभिषेकपद्धत्या सम्पूज्य सायं सन्निकटे वर्तमानं यजमानस्य गृहं गत्वा भोजनासनस्वापमकरवम्। अथान्येद्युः प्रातः पुनर्भुवनेश्वरमागत्य नद्यास्तटवर्तिनि वने शौचक्रियां निर्वर्त्य स्नातः सन्ध्यादिकं समुपास्य पुनर्यथापूर्वं स्वामिमहाभागानां सान्निध्यं सङ्गतिं चाश्रयम्। एवं बहुतिथं कालं श्री भुवनेश्वरतीर्थस्थलमधिवसन्तं श्रीविद्यानन्दस्वामिमहाभागं डूंगरपुरराज्यस्य सर्वेऽपि च प्रजाजनाः सुपरिचिताः समभूवन्।

अथ पुनर्यदाहं कृतविद्याभ्यासो मम गुरुकुलात् स्वगृहमागतो राजज्योतिर्वित्त्वेन संस्कृताध्यापकत्वेन च राजसेवायां स्वनियुक्तिमासादयम् तदा स्वामिचरणाः श्रीविद्यानन्दमहाभागाः श्रीभुवनेश्वरस्थले स्वाश्रमं परिपालयन्तोऽपि च सर्वतन्त्रस्वतन्त्रं तीर्थयात्रासु मेलकेषु कुम्भादिपर्वसु च हरिद्वारं प्रयागं काशीं व्रजभूमिमत्र्यम्बकेश्वरं मोहमयीं च पर्यटन्तः पुनः पुनर्भुवनेश्वरं निवर्त्य निवसन्तो विराजन्ते स्म। ततः प्राप्तावसरमनेकवारं स्वामि-

चरणानां सत्संगतिसुखमन्वभवम् । प्रकारान्तरेण श्री भुवनेश्वविद्यानन्द स्वामिनोरेकरूपतैव सम्पेदे । स्थूलसूक्ष्मयोरद्वैतमिव समलक्षयत । विद्यानन्दो भुवनेश्वरश्चेति तत्त्वस्यैकस्यनामान्तरमिव पर्यणमत् ।

अथ गतवर्षे संवत् २०३१ पौषमासस्य कृष्णपक्षे ११ एकादश्यां तिथौ, १८ जनवरी १९७४ दिनाङ्के भृगुवासरे गुर्जरप्रदेशस्य राजधान्याम् अहमदाबादनगरे तत्र विद्यमानं सन्यासाश्रमं गताः श्रीविद्यानन्दसरस्वतिस्वामिमहाभागाः प्रसंगतो डूंगरपुरनगरलब्धजन्मनां परन्तु जीविकावृत्तिम् समर्जयितुं अहमदाबादनगरं चिरादधिवसतां श्रीदामोदरपाठकमहाशयानामौदीच्यद्विजवर्याणां गृहं गता अभूवन् । तत्रैवातिथ्यं भिक्षां ते स्वीकृतवन्तः । तदनन्तरं ज्वराक्रान्ता भूत्वा स्वाभाविकं मृत्युं गतास्तत्रत्ये संन्यासाश्रमे च तत्समाधि संस्कारः सम्पेद इति श्रुतं मया ।

अद्य तावदकस्मात् स्वामिमहाभागानां श्रीविद्यानन्द सरस्वतीनां स्मरणं मेमनसि समस्फूर्जत् । ततस्तेषां संस्मरणलेखनेऽहं स्वलेखनीं प्रावर्तयम् । आशास्यते, सच्चिदानन्दस्वरूपो ब्रह्मीभूतश्च स्वामिवर्यो विद्यानन्दयतिप्रवरस्तद्भक्तास्तं परिचिता जनाश्च स्वामिवर्यं स्मरन्तो मम लेखेनानेन कामपि तुष्टिं विन्देरन् इत्थं प्रेरितोऽहं स्वामिविषये यथाज्ञातमनुभूतं च किमप्यधस्तनासु पङ्क्तिषु निवेदयामि ।

वस्तुतः स्वामिमहोदयाः श्रीविद्यानन्दसरस्वतयो दण्डिस्वामिन आसन् । तेषां स्वभावोऽतीव दुर्धर्षो, व्यक्तित्वं च तादृक् तेजोभास्वरमासीद्यन्न कोऽपि च तेषां जीवनगतं पूर्वाश्रमसम्बद्धं तान् साक्षात् पृष्टुं प्रबभूव । यद्यपि प्रदेशस्यास्य डूंगरपुरस्य सर्वेऽपि च प्रजाजनास्तं परिचिन्वाना आसन् परं मनस्विनं तं प्रति पृच्छाकरणं दुष्करमसम्भव प्रायमिवासीत् । अथवा किं वैराग्यमाश्रित्य संन्यासदीक्षामास्थितस्य वर्तमानस्य त्यागैकपरायणस्य तस्य विषये किमपि कथनेन ? तथापि यावज्ज्ञातं श्रुतमस्माभिस्तावत्तद्विषये किमपि वच्मः—

गम्भीरो महादार्शनिको विद्वान् सर्वशास्त्रज्ञः

स्वामिवर्योऽसौ महात्मा श्री विद्यानन्दसरस्वतिमहाभागः किलेकः सर्वशास्त्रवेत्ता महापण्डित आसीत् । स खलु नानाप्रसङ्गेषु प्राप्तावसरं वाल्मीकिरामायणस्य, महाभारतस्य, गीतायाः, पुराणानां तत्त्वशास्त्राणां, साहित्यकाव्यादीनां च प्रसङ्गानवतार्यास्माकं पुरतो व्याचख्ये । तन्मुखादस्माभिः 'खण्डनखण्डखाद्यस्य' परिष्कारा बहुधा श्रुताः । पात्राणामभावात्ते प्रायेण मौनमेव तस्थुः परं जिज्ञासून् ब्राह्मणान् श्रोतॄनासाद्य ते प्रशांतेन चेतसा, स्थिरमनोवृत्त्याऽस्खलित भाषणशैल्या उन्मुक्तभावेन घनगम्भीरकणस्वरेण शास्त्रार्थान् धर्मतत्त्वानि काव्यसूक्तीर्मनोविनोद करान् हासपरिहास प्रकरणानि लौकिकान् व्यावहारिकाँश्च विषयान् न्यरूपयन् । संस्कृतगिरां तु तेऽसाधारणंपाण्डित्यमावहन्त आसन् । परन्तु हिन्दीसाहित्यगतानपि विषयानवोचुः । महात्मा सीतारामो हिन्दीकाव्यसाहित्ये, नायिकाभेदनिरूपणेऽलङ्कारलक्ष्यलक्षणविधाने छन्दोविचितौ सामयिक घटनाविवेचने च पटीयानासीत् । रात्रौ भुवनेश्वरस्य प्राङ्गणे सीताराम-स्वामिवर्ययोर्द्वयोरपि च महात्मनो वार्तालापा यदा प्रावर्तन्त तदा महानेवानन्दसुधाधाराप्रवाहः प्रवहतिस्म । अस्माकमेतत्सौभाग्यमेवासीद्यदनेकश एवंविधाः पुण्यप्रसङ्गाः समश्रूयन्त साक्षात् । स्वयं क्रान्तदर्शिणो विद्यातीर्थस्वरूपाः प्रतिभावन्त ओजस्विनो विद्वत्परिवृढाः पर्यटितनानातीर्था लोकवृत्तविदो बहुभाषाभिज्ञा विदितवेदितव्याः सन्तोऽप्यमी विद्यानन्दसरस्वतिमहाभागा अल्पज्ञान् भिल्ल-

कल्पान् कृषिकर्माचारतो ब्राह्मणान् स्थानीयान् ग्रामीणाञ्जातु चिन्नैवा पमानयन् । भूदेवान्-ब्राह्मणान् सर्वानविद्यान् सविधांस्ते भगवतः स्वरूपानेवाभावयन् ।

स्वामिवर्याणां बलशक्तिप्रकर्षः

प्रागेवोक्तम् यत्स्वामिवर्याणां देहबन्धो भीमकल्पो बलस्फूर्तिप्रौढोऽसाधारण इवासीदिति । वर्षतौ यदा गोदावरीनदी धाराप्रवाहं कूलङ्कषं च वहन्ती समभूत्तदा भुवनेश्वरतीर्थात् स्वस्वग्रामाञ्जगमिषवो ग्रामीणा जनास्तत्रावारुध्यन्त तदा स्वामिवर्या विद्यानन्दचरणा नद्या जले मध्ये धारावेगप्रवाहमेकं सुदृढं दीर्घं च रज्जुविशेषं स्वहस्ते नीत्वा नदीमध्येऽतिष्ठन् । ततो जनानाहूय-जलमध्ये क्रमेणैकैकश परेपारं प्राप्नुवन् । इत्थं ते शताधिकाञ्जनानुदतारयन् । कदाचिद्वर्षतौ धाराप्रवाहं वर्षतिपर्जन्ये स्वामिनो विद्यानन्दमहाभागाः कौतुकपरवशा नद्याः प्रवाहे प्रवहन्ति काष्ठानि मध्ये धारं निरुध्य संगृह्णन्ति स्म । तानि च श्रीभुवनेश्वरदेवालयस्य प्राङ्गणे वृक्षलतापुष्पमण्डपविरचने-इन्धनरूपे च प्रायुञ्जन् । स्वामिवर्यास्त एतेऽविरतं किमपि किमपि कार्यं कुर्वाणा एव तस्थुः । तेऽतीव बलशालिनोऽभूवन् । जलेन परिपूर्णं ताम्रधातुमहाभाण्डं तेऽङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां समुदधरन् । भुवनेश्वरतीर्थाश्रमस्य प्राङ्गणस्य, धर्मशालाया, नद्यास्तटे वर्तमानस्य प्राचीनघट्टस्य, सोपानपंक्तीनां च जीर्णोद्धारमकुर्वन् । भुवनेश्वर-तीर्थस्थानं परितो वर्तमानानां पिप्पलाम्रजम्बुधवलवृक्षाणां संरक्षणं कृत्वा तीर्थस्य रमणीयतां प्राकृतिकं सौन्दर्यं च व्यवर्धयन् । अथ कियतो वर्षान् यावत् विद्यानन्दस्वामिवर्याः श्रीसीतारामसाधोः सहयोगाद् भुवनेश्वरदेवालये काश्चन धेनूश्चाप्यपालयन् । एकोऽश्वश्चापि तै परिपालितोऽभूत् । बाराँप्रान्तीयान् सर्वानपि कर्षकान् समुपदिश्य स्वामिमहाभागा भुवनेश्वरस्य देवालयेऽखण्डं घृतदीपकज्योतिरस्थापयन् यदद्यापि चाखण्डं प्रज्वलति । एवं स्वामिमहाभागाः श्री विद्यानन्दसरस्वतयः प्रबलभौतिकबला महोद्योगाः प्रोत्साहधैर्यगुणसम्पन्नाः कर्मठाश्चासन् । वस्तुतः स्वामिवर्याणामेतेषां विद्यानन्दस्वामिवर्याणाम् व्यक्तित्वमतीवाकर्षकं तेजोमयं दुर्धर्षं चासीत् ।

निःस्पृहताऽऽध्यात्मिकता च

श्रीविद्यानन्दस्वामिमहाभागोऽतीव मनस्वी निःस्पृहोऽथ त्यक्तसर्वपरिग्रहो जगदेतत्तृणाय मन्यमानः स्वावलम्बी सर्वतन्त्रस्वतन्त्रो विद्वद्धौरेयः परमास्तिकश्च समभूत् । एवं सत्यपि स ब्राह्मणजनेषु सस्नेहादरगौरवं व्यवाहरत् । स न कदाचिदपि द्विजवर्येषु कोपकषायाविलोऽवालोक्यत । स हि सदा सर्वदा ब्राह्मणान् भगवतः प्रियान् महर्षिजनकुलसन्तानान् मेनेऽन्नपानादिभिर्विनोदवार्ताभिश्चापूजयत् । स्वामिवर्यस्यास्य श्रीविद्यानन्दसरस्वतिमहाभागस्य व्यक्तित्वमतीव तेजस्वि महाप्रभावजुष्टं दुर्जेयमभूत् । स खलु महादार्शनिकः शास्त्रतत्ववेत्ता गम्भीरचिन्तकोऽपि नवनीतकोमलहृदयो भावुकात्मार्जवगुणयुक्तो निश्छलार्जवमनाः प्रशान्ततेजा लोकमनोविज्ञानविदकुतोभयं स्वाभिमानोद्दृप्तं सगौरवं स्वावलम्बनैकनिर्भरं स्वच्छन्दमपि समर्यादं सर्वजनसमभावं व्यवहरतिस्म । प्रायः पञ्चाशद्वर्षाणि स भुवनेश्वरतीर्थस्थलमध्युवास । श्रूयते, यत् स मृत्युसमये ९८ वर्षवयाः समभूदिति । स्वामिमहाभागस्यास्य विद्यानन्दसरस्वतेर्न कोऽप्यन्तरङ्गः स्वात्मीयो वा परकीयो वासीत् । 'वसुधैव कुटुम्बकम्' इतिवत् सर्वानपि भुवनेश्वरमागतान्नागरिकान् ग्रामीणांश्चदाक्षिण्येन व्यवाहरत् ।

(शेष आगामी अंक)

देवमहर्षेर्गायत गीतम्

वृत्तं–चम्पकमाला

श्री हरिश्चन्द्र रेणापुरकरः

भास्वर भव्योदात्तविशालां
जीवनगाथां ध्यायत लोकाः ।
देवदयानन्दर्षिवरस्य
गौरवगीतं गायत लोकाः ।१।

विश्वविभूत्यै लोकसुखार्थं
स्वात्मरतिं दिव्योत्कटसौख्यम् ।
अर्पयतस्तद्देवमहर्षेर्
गौरवगीतं गायत लोकाः ।२।

वेदसमुद्धारार्पितजातेर्
वैदिक धर्मोत्थानरतस्य
देवदयानन्दर्षि वरस्य
गौरवगीतं गायत लोकाः ।३।

स्नेहदयाकारुण्यपयोधेः
शान्तितितिक्षा धैर्यहिमाद्रेः ।
अद्भुतमेधातर्कमहर्षेर्
गौरवगीतं गायत लोकाः ।४।

पीडितशूद्रान् विस्मृतवेदान्
वञ्चितनारीं दुःस्थितधेनुम् ।
उद्धरतस्तन्मौनिवरस्य
गौरवगीतं गायत लोकाः ।५।

लोकललामं लोकविलोमं
भारतभूभव्योज्ज्वलवृत्तम् ।
स्मारयतस्तद्देवमहर्षेर्
गौरवगीतं गायत लोकाः ।६।

मानवमुक्त्यै विश्वहितार्थं
क्ष्वेडमभीक्ष्णं भीषणघोरम् ।
स्वादयतो रुद्रातिशायिनो
गौरवगीतं गायत लोकाः ।७।

प्रस्तरपूजा भ्रान्तमनुष्यान्
विश्वविधातुर्वास्तवपूजाम् ।
संदिशतस्तद्देवमहर्षेर्
गौरवगानं गायत लोकाः ।८।

यज्ञसमाख्ये धार्मिककार्ये
मूकपशूनां निष्ठुरहिंसाम् ।
वारयतस्तद् देवदयालोर्
गौरवगानं गायत लोकाः ।९।

जीवितपित्रोर्भक्तिसपर्यां
श्राद्धमदब्धं ख्यापयतस्तद्-
देवदयानन्दर्षिवरस्य
गौरवगीतं गायत लोकाः।१०।

सिन्धुनदीवापीजलस्थाने
शिक्षकपित्राचार्यवरेण्यान् ।
पावनतीर्थं ज्ञापयतस्तद्-
देवदयालोर्गायत गीतम् ।११।

केवलजन्माधिष्ठितवर्णान्
आगमतर्कैतिह्यविरुद्धान्-
डिण्डिमघोषं घोषयतस्तद्-
देवमहर्षेर्गायत गीतम् ।१२।

भौतिकभूत्याऽऽध्यात्मविभूतिं
मानवसर्वाङ्गीणविभूतिम् ।
साधयतस्तद्देव महर्षेर्
गौरवगानं गायत लोकाः ।१३।

सायण-मूलेरुव्वट-राथैर्
दिक्षु विकीर्णं वैदिकध्वान्तम् ।
खण्डयतः स्वप्रातिभ पादैर्
वैदिक भानोर्गायत गीतम् ।१४।

दीर्घयुगेभ्यो रुद्धकपाटं
श्रुत्याभिधानं हीश्वरबोधम् ।
मानवमात्रायार्पयितुस्तद्
देवमहर्षेर् गायत गीतम् ।१५।

वैदिकधर्मोन्मुक्त समीरं
चालनहेतोर्भूप्रतिकोणम् ।
स्थापयतस्तस्यार्यसमाजं
गौरवगीतं गायत लोकाः ।१६।

मुस्लिमखिस्तोद्भावितनिन्द्यं
संस्कृतिधर्मोत्पाटनकूटम् ।
स्वोद्भटमत्योत्सादकमौनेर् ।
गौरवगीतं गायत लोकाः ।१७।

स्वोज्ज्वलतन्वा प्राञ्जलवाचा
निर्मलमत्या जाज्वलकृत्या ।
बोधयतस्तद् देवमहर्षेर्
गौरवगानं गायत लोकाः ।१८।

स्वोत्कटबुद्ध्या प्रोन्नतशक्त्या
स्वाद्भुत भव्योदात्तसरण्या ।
मानवकायाकल्पविधातुर्
गौरवगीतं गायत लोकाः ।१९।

मूर्तिसपर्यामध्वरहिंसां
संस्थितश्राद्धं जन्मजवर्णम्
वेदविरुद्धं घोषयतस्तत्-
क्रान्तिमहर्षेर्गायत गीतम् ।२०।

साहसशौर्यौदार्यनिधानं
त्यागतपश्चर्याऽप्रतिमोत्सम् ।
धर्मदयादाक्षिण्यनिकेतं
धीरमहर्षिं गायत लोकाः ।२१।

वर्णिवरेण्यं कर्मिवराग्र्यं
वाग्मिवरिष्ठं वादिविशिष्टम् ।
त्यागिगरिष्ठं मानिमहिष्ठं
गायत लोका धीरमहर्षिम् ।२२।

ज्ञानिनरेन्द्रं ध्यानिधुरेन्द्रं
योगिवरेन्द्रं मौनिमहेन्द्रम् ।
क्षान्तिसमुद्रं धैर्यहिमाद्रिं
गायत लोका अद्भुतमौनिम् ।२३।★

महर्षि-स्तवः

विशुद्धां सद्भक्ति, भगवति दधानो ह्यविचलां
प्रसारे सत्यस्य, ध्रुव इव सदा यो गिरि समः ।
श्रुतेस्तत्त्वं नृभ्योऽदिशदविभयो यो जितमनाः,
दयानन्दो योगी, विमलहृदये मे स्थित इह ।।

दयाया यः सिन्धुर्निगमविहिताचारनिरतो
विलुप्तं सद्धर्मं, पुनरपि समुद्धर्तुमनिशम् ।
दिवारात्रं येते, यतिवर गुणग्रामसहितो
दयानन्दो योगी, विमलहृदये मे स्थित इह ।।

यदीयं वैदुष्यं, श्रुतिविषयकं लोकविदितं
यदीयं योगित्वं, कलियुगजनेष्वस्त्यनुपमम् ।
हितार्थं सर्वेषाम्, इह निजहितं यस्तु विजहौ
दयानन्दो योगी, सरलहृदये मे स्थित इह ।।

विषेहे यः कष्टं, सकलमपि घोरं प्रमुदितः
परं श्रौतं सत्यं, सरल हृदयो नैव विजहौ ।
प्रशान्तस्तेजस्वी, दिवमणिसमस्सर्वविजयी
दयानन्दो योगी, विमल हृदये मे स्थित इह ।।

तमश्छिन्नं येन, प्रखरकिरणैर्वैदिकरवेः
न यत्तुल्यो विद्वान्, निखिलभुवने भीतिरहितः ।
यजन् यो देवेशं, मुदितमनसा मृत्युमजयद्
दयानन्दो योगी, विमल हृदये मे स्थित इह ।।

दयालुः सन्दद्यात् सुमतिमखिलेभ्यो हितकरीं
भवेमार्याः सर्वे, गुणगणभृतः शुद्धचरिताः ।
प्रचारः स्याल्लोके, श्रुतिविहितधर्मस्य सुखदः,
दयानन्दादर्शं वयमनुसरेमात्र मुदिताः ।।

श्री आचार्यः धर्मदेवो विद्यामार्तण्डः ।

ऋग्वेद से उद्धृत--

"सूर्य सूक्त" का पद्यानुवाद

अनु० दिनश्वर नाथ त्रिपाठी एम. ए.

मंत्र-- चित्रं देवानामुदगादनीकं
चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः ।
आप्राद्यावा पृथिवी अन्तरिक्षं
सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च ।

अनुवाद-"अरुण यह प्राची बिम्ब महान"
चित्र, विचित्र, मधुर मंगल नव,
रश्मि राजि द्युतिमान ।
नयनोन्मेष वरुण मित्राग्निक,
नभ, दिव भुवन वितान ।।१।।
जीवन तत्त्व चराचर जग का,
व्यापित विभु, महान ।
प्राणों के हे प्राण प्रजापति,
करो अमिय रसदान ।।२।।

मंत्र-- सूर्यो देवी मुषसं रोचमानां,
मर्यो न योषामभ्येति पश्चात् ।
यत्रा नरो देवयन्तो युगानि,
वितन्वते प्रति भद्राय भद्रम् ।।

अनुवाद-कान्त कामिनी के अनुगम में,
ज्यों मानव मन यान ।
दिव्य अलंकृत उषा देवी हित,
त्यों दिनकर गतिमान ।।१।।
देव यंजन, लक्ष्मी चिन्तन कृत,
ज्यों हल धरहि किसान ।
कोटि-कोटि कल्याण कृत्य में,
त्यों नर कर्म प्रधान ।।२।।

मंत्र-- भद्रा अश्वा हरितः सूर्यस्य
चित्रा एतग्वा अनुमाद्यासः ।
नमस्यन्तो दिव आ पृष्ठमस्थुः
परिद्यावापृथिवी यन्ति सद्यः ।।

अनुवादः-ज्योतिर्मय, हरिताभ, भद्रिणी
किरण-जाल चित्रित दिनमान ।
कण-कण प्रभा पुञ्ज से पूरित,
आलोकित दिव स्वर्ग समान ।।१।।
लगता है कुछ शेष क्षणों में,
दे आभा का रोचक दान ।
स्वप्न सम्पदा सम भूमा पर,
विहंस उठेगा बनकर प्राण ।।२।।

मंत्र-- तत्सूर्यस्य देवत्वं तन्महित्वं,
मध्या कर्त्तोर्विततं सं जभार ।
यदेदयुक्त हरितः सधस्था
दाद्रात्री वासस्तनुते सिमस्मै ।।

अनुवाद-जग के जागृत सभी कर्म,
जिसके प्रयाण से रुक जावें ।
उन्हीं दिव्यतम महामहिम-
गुण से सविता गरिमा पावें ।।१।।
चल देतीं हरिताभ रश्मियाँ,
जब पावन शोभन रथ में ।
रूपराजि कमनीय विभावरि-
की माया छाती जग में ।।२।।

मंत्र-- तन्मित्रस्य वरुणस्याभिचक्षे,
सूर्यो रूपं कृणुते द्योरुपस्थे ।
अनन्तमन्यद्रुशदस्य पाजः,
कृष्णमन्यद्धरितः सं भरन्ति ।।

अनुवाद-मित्र वरुण के दिव्य रूप में,
चला रही जो निज अभियान ।
पट परिवर्तन कर देता उनका-
दिन मणि शीर्षस्थ महान ।।१।।

प्रभा पुञ्जिनी निशि नटिनी की,
जो हरतीं व्यापित माया ।
उनकी ही पावन गरिमा से,
सूर्य अलंकृत की काया ॥२॥

मंत्र-- अद्या देवा उदिता सूर्यस्य,
निरंहसः पिपृता निरवद्यात् ।
तन्नो मित्रो वरुणो मामहन्ता
मदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः ॥

अनुवाद-तव प्रकाश से उदय काल में,
जीवन को निष्कलुष करें ।
मित्र वरुण की दिव्य शक्तियाँ,
आशीः से निज हृदय भरे ॥१॥

अदिति सिन्धु धरित्री या दिव
निज करुणा का दान करें ।
पथ प्रशस्त, शुचि हृदय निचय हों,
वाणी से निर्वचन करें ॥२॥

गुरुकुल पत्रिका विवरणम्

१	प्रकाशनस्थानम्--	कांगड़ी गुरुकुलम्
२	प्रकाशनं कदा भवति--	मासिकी पत्रिका
३	स्वामिनी समितिः--	गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य विद्यासभा
४	सम्पादकस्य नामधेयम्--	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः
	राष्ट्रियता--	भारतीयः
	संकेतः--	कांगड़ी गुरुकुलम्
५	प्रकाशकस्य नामधेयम्--	श्री गंगाराम कुलसचिवः
	राष्ट्रियता--	भारतीयः
६	मुद्रकस्य नामधेयम्--	श्री सुरेशचन्द्रोवैष्णव
	राष्ट्रियता--	भारतीयः

अहं गंगारामो घोषयामि यदुपरि लिखितं विवरणं मदीयज्ञानविश्वासानुसारं यथार्थं वर्तते ।

ह० गङ्गाराम कुलसचिवः
गुरुकुल पत्रिका प्रकाशकः

चारुचरितामृतविन्दुः

हुतात्मानां द्वादशार्य वीराणां संस्कृत पद्य निबद्धं जीवन चरितम्

(क्रमानुगतम्)

निबद्धा—श्री हजारीलाल शास्त्री

प्रिय गणपतिशर्मा पण्डितानां प्रकाण्डो
विबुधजन विभूतिर्वैदिकोभारतेन्दुः ।
समजनि मुनिरामस्यार्यगेहेऽतिभव्ये
सुभगमरुसुभूम्यां चूरुपुर्यां विपश्चित् ।१

परमगुण विभूतेः सर्वथा पण्डितस्य
विनयनयगुणानां वर्णनं किं करोमि ।
प्रचुर गुण निधानो नैव रुष्टः कदापि
निजहृदि धृततोषः सर्वदा शान्तरूपः ।२

विबुधगणनुतस्य शेषमुखी निर्मलाऽऽसीत्
सकलजन समक्षं धर्मशास्त्रार्थवेद्याम् ।
यवनबुधमतानां वेदविद्यासिनाऽसा-
वविहितपथभाजां खण्डनं चाशु चक्रे ।३

संप्रस्तुतस्यायार्थ वरेण सार्धं
शास्त्रार्थवादः समभूद् विचित्रः ।
श्राद्धे पुराणेषु कदापि मूर्तौ
सर्वत्र लेभे विजयं सुधीन्द्रः ।४

तर्कोक्त्योऽमुष्य विचित्ररूपा
भूता न काट्या हि विपक्षिवृन्दैः ।
शास्त्रार्थवादे न मनागपि श्री
युतस्य भूतोऽप्यभिमान लेशः ।४

आसीदमुष्यार्य निधेः सदुक्ति
र्यद् याति मानं स्वगुणैर्मनुष्यः ।
कस्तूरिकाऽऽविर्भवति स्वमेव
विभाव्यते नो शपथैः कदापि ।६

काश्मीरदेशे हतपादरीक
श्चेशामशी धर्मरतोऽभिमानी ।
श्री स्वामिनः सारभराः सदुक्तीः
श्रुत्वा विवादे विफलीबभूव ।७

एवं स्वदेशे खलु भारतेऽसौ
पाखण्डभित्ति समुदो विभिद्य ।
ईसामसीयेशतेक सु विंशे
वर्षेऽधिके द्वादशके गतो द्याम् ।८

कालक्रमेणास्य सुतोऽपि यातः
पञ्चत्वमाप्ता गृहिणीव लक्ष्मीः ।
हा ! हन्त !! नोऽसौ प्रविहाय सर्वान्
लोकान्तरं हा ! समुदः प्रतस्थे ।९

श्री दर्शनानन्दमहानुभावै-
र्ज्वालापुरे स्थापित आर्यवीरैः ।
श्री स्वामिना हन्त ! निषिच्यमानो
विद्यालयो हाद्य निराश्रयोऽभूत् ।१०

संप्रस्तुतस्यास्य यशः शरीर
स्यार्यस्य चादर्शमयं शरीरम् ।
कृत्वा समक्षं युवका युवत्यः
समाज सेवाशपथं प्रचक्रुः ।११

धन्यो यतीन्द्रो बुधवृन्दबन्द्य
आर्यसमाजे बहुविश्रुतश्च ।
अद्याप्यसौ जीवति शान्तरूपः
यशः शरीरेण सुगीतकीर्तिः ।१२★

सम्पादकीय टिप्पण्यः

आर्यसमाज स्थापना शताब्दीपरम्परा

दुःखसम्भिन्नं महदाश्चर्यमेतत् यदधुना आर्यसमाज स्थापना शताब्दी परम्परा प्राचलत् । यत्र नैकलक्षरूप्यकाणि भस्मसाद् भूतानि भविष्यन्ति च । केवलं जनसम्पर्को, जनसङ्घट्टो वा जनकोलाहलो वा एतादृक्षेषु मेलेषु जायते । न तत्र विद्वत्त्वं प्रकटी भवति, न चार्यसामाजिक ग्रन्थानां वेदानाञ्चाध्ययनाय रुचिर्जागर्ति । न च एतत् प्रज्वलनशीलमग्निसन्धुक्षणं भवति । केवलं क्षणिकः संवेगः संक्षोभो वा तत्र प्रकाशमेति । अनेन मेलादिना वेदानां प्रचारो भवतीति कथनं तु सत्यस्यापलाप एवेति । अस्माकमनुभवस्त्वेष विद्यते यत् वेदाध्ययनप्रवृत्तिः शनैः शनैः क्षीणतामगात् । अत्रापि छात्रवृत्तिः एम० ए० पदवी चेति लाभद्वयमुद्दिश्य परीक्षार्थं येन केन प्रकारेण वेदमन्त्रान् श्रवणगोचरान् कुर्वन्ति । ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयोज्ञेयश्चेति महामन्त्रो न कुत्रापि चारितार्थ्यमवाप । आर्यसमाजस्य ये नेतारः सन्ति यदा त एव स्वाध्यायादिकं न विदधति तदान्ये कुतोविधास्यन्ति ? पूर्वं तु साप्ताहिकसत्सङ्ग एव बहूष्वार्यसमाजेषु न जायते यत्र च भवति तत्राप्यङ्गुलिगणनीया एव सभासदाः सम्मिलिता भवन्ति । ये च समायान्ति तेऽपि केवलं भाषणश्रवणपरायणा जायन्ते । अस्मन्मते मेलादीनां पद्धतिः परिवर्तनीया । साप्ताहिकसत्सङ्गेषु च यज्ञानन्तरं १५शमिनटपर्यन्तं ध्यानयोगाभ्यासो विधेयस्तदनन्तरं स्वामिदयानन्दविरचितग्रन्थानामध्ययनमध्यापनं च प्रचालनीयम् । तत्र प्रश्नोत्तराणि च कर्तव्यानि सर्वेषां सदस्यानां हस्तेषु पुस्तकानि भवेयुः ।

पदाधिकारिणां निर्वाचनाधिकारप्राप्तै ७५% उपस्थितिरनिवार्या विधातव्या । विनाहेतुमनुपस्थितेराधिक्ये सति निर्वाचनाधिकारः स्वतः विनश्येत् वेदाविदेव च पदाधिकारित्वमर्हतीति व्यवस्था स्यात् । एवमन्यान्यपि कर्तव्यजातानि निर्धारयितुं शक्यानि । अन्यच्चार्यसभाज शिक्षणालयेष्वार्षा पद्धतिरध्ययनस्य प्रचालनीया । यस्यां पद्धतौ गुरूणां शिष्याणां च चारित्र्यशुद्धिः प्रामुख्यं भजते । अद्यतने कलिकाले देशस्य शिक्षाशास्त्रिणः शिक्षाधिकारिणश्च दिग्भ्रान्ता एव संजाता इति कथनमनुपयुक्तं न । इतः पूर्वं विद्याव्यसनिनः श्रोत्रियाः ब्रह्मनिष्ठा ब्राह्मणा एव निर्व्याजं शिष्यानध्यापयन्ति स्म । तेषामध्यापनं वृत्त्यर्थं न, परं स्वप्रकृतिवशवर्तिनस्ते ऽध्यापनादृते न स्थातुं शक्नुवन्ति स्म । एतादृशां ब्रह्मपरायणानां रक्षा सर्वैर्विधातव्या । स्वामिदयानन्दप्रदर्शितपद्धत्या तादृशाः विद्याव्यसनिनस्तपस्त्यागमूर्तयो ब्राह्मणाः प्रादुर्भविष्यन्तीत्यस्त्यस्माकं विश्वासः ।

भगवद्दत्तो वेदालंकारः ।

—०—

बसन्त का वैदिक स्वरूप

श्री ब्रह्ममुनि जी विद्यामार्तण्ड

बसन्त को ऋतुराज कहते हैं जैसे जनराज राम का अभिषेक बीस दिन पहले रावण का बध करने पर विजयादशमी का सन्देश होता है। दीवाली को राज्याभिषेक होता है ऐसे ही ऋतु-राज बसन्त का चालीस दिन पूर्व बसन्तपञ्चमी को शिशिर ऋतु का संहार करने पर सन्देश होता है और होली पर राज्याभिषेक।

सरसों फूली तो बसन्त आया,
सबने फाल्गुन का राग गाया ।।

इस ऋतु के आरम्भ में विविध प्रकार के फूलों का प्रादुर्भाव होता है। पीला, हरा, नीला, बैंगनी, उनाबी, गुलाबी सात रंगों के फूल इत्यादि।

मधुश्च माधवश्च वासन्तिकावृतू ।

फूलों की ऋतु मधु है आगे फूलों से फल आना माधव की ऋतु है, फल, माधव हैं। फलों का अधिक प्रादुर्भाव वृक्षों पर होता है। भिन्न-भिन्न रंग के फूलों के साथ उस-उस रंग के पतंग (तितलियां) फूलों से स्नेह करने वाली प्रकट होती हैं। फूलों और पतंगों (तितलियों) से स्नेह (प्रेम) बालक (कुमार) करते हैं। कुमार अर्थात् बुद्धिमान युवक अर्थात् उन्हें देखकर परमात्मा का स्तवन करता है--

पत्ती पत्ती की कतरन न्यारी,
तेरे हाथ कतरनी कहीं नहीं।
फूल फूल का रङ्ग निराला,
हाथ में रङ्ग भरनी कहीं नहीं ।।

उन पर रंग-बिरंगी तितलियों को देखकर तथा उनके दोनों पैरों पर चित्रों के समीकरण को देखकर ईश्वर के प्रति आस्तिकता के भावों से स्नेह करता है। फूलों, तितलियों और कुमार को स्नेह करते हैं (क्रान्तदर्शी ब्राह्मण) उनके हित साधने के लिये "बसन्ते ब्राह्मणमुपनयीत"। बसन्त में ब्राह्मण का उपनयन करना चाहिये विद्याविकास के लिये।

वैदिक दृष्टि से आस्तिक कुमार (युवक) ब्रह्मा है। उससे स्नेह करने वाले वेद प्रकाशक चार ऋषि हैं। चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को सृष्टि का प्रारम्भ और वैदिक ऋषियों का प्रादुर्भाव वेदों के प्रकाश के लिये हुआ। जब कि सूर्य लंका-विन्दु पर था और उषा बेला त्रिविष्टप (तिब्बत) पर था। "त्रयाणां विष्टपं त्रिविष्टप कहलाता है। तीन देवों (सूर्य, विद्युत्, अग्नि) का प्रादुर्भाव होता है। उस त्रिविष्टप् पर "उत्तमे शिखरे जाते भूम्यां-पर्वत मूर्ध्नि ब्राह्मणेभ्योऽभ्यनुजाता गच्छ देवि ! यथा सुखम्--स्तुता मया वरदा वेदमाता (ब्राह्मण तथा नारायणो) पर्वतों में मूर्धा हिमालय के ऊँचे शिखर पर भू-भाग में अग्न्यादि चार ऋषियों (ब्राह्मणों) से प्रकट हुई दैवी वाक् संसार में सुख हो, इस प्रकार प्रचार पा, मैंने वेदमाता का स्तवन ज्ञान, अध्ययन प्राप्त किया, उन चार ऋषियों (ब्राह्मणों) से। उक्त मन्त्र का ऋषि ब्रह्मा (चारों वेदों का अध्ययन करने वाला) देवता गायत्री (वाग्वै गायत्री) वेदवाक् (वेदवाणी) है। सृष्टि के आरम्भ में चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को जब कि रेवती नक्षत्र पर समस्त ग्रहों का सम्पात था बसन्त सम्पात। सर्व सूर्य ग्रहण के अनन्तर रेवती नक्षत्र के चतुर्थ पाद से समस्त ग्रहों का प्रादुर्भाव एवं उनकी गति का प्रारम्भ हुआ। उस दिन चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को रवि अर्थात् सूर्य प्रकट हुआ। उस दिन का नाम रविवार हुआ। अगले दिन द्वितीया को चन्द्र का दर्शन हुआ उसे चन्द्रवार (सोमवार) नाम दिया गया। अगले दिन मंगल ग्रह आकाश में दिखलाई पड़ा, उस दिन को मंगल-वार कहा गया। उससे अगले दिन बुद्ध ग्रह

आकाश में दृष्टि गोचर हुआ। अगले दिन बृहस्पति ग्रह साक्षात् हुआ उस दिन को बृहस्पति नाम दिया गया। अगले दिन शुक्रवार ग्रह आकाश में देखने में आ गया, उस दिन को शुक्रवार कहा गया। पुनः उससे अगले दिन आकाश में शनि ग्रह दिखलाई पड़ा अतः शनिवार नाम दिया गया। इस प्रकार ग्रहों के आधार पर सात वारों का प्रचलन वैदिक ऋषियों ने किया जो सारे विश्व में माना जाने लगा। उस समय के वेद प्रकाशक चार ऋषियों की स्थिति क्या थी। सामवेद की एक मन्त्र में दी है—वसन्त और सामवेद को समानता है। श्री कृष्ण जी ने कहा है—ऋतूनां कुसुमाकरः (बसन्तः) वेदानांसामवेदोऽस्मि ।। सामवेद का मन्त्र है।

बसन्त इन्नु रन्त्यो ग्रीष्म इन्नु रन्त्यः वर्षाण्य शरदो हेमन्तः शिशिर इन्नु रन्त्यः ।।

मन्त्रार्थ—बसन्त अर्थात् प्राण परमात्मा में रमण करें, ग्रीष्म अर्थात् वाणी परमात्मा में स्तुति द्वारा रमण करे, वर्षा अर्थात् नेत्र परमात्मा में रमण करे। वस्तु, वस्तु में उसकी कृति (कलाचित्र) उस चित्रकार को देखे। शरत् अर्थात् श्रोत्र उस परमात्मा में रमण करे अर्थात् श्रवण करे। हेमन्त अर्थात् मन उस परमात्माका मनन करे, शिशिर अर्थात् प्रतिष्ठान, आसन परमात्मा में रमण करे, समाधि में स्थिर रहे। ये स्थिति उपासना के समय उन चार ऋषियों की थी जब कि वेद-प्रकाश सृष्टि के आरम्भ में उनके अन्दर हुआ। उक्त मन्त्र का अर्थ जैमिनीय ब्राह्मण में दिया है जो कि सामवेद का ब्राह्मण है—

प्राणो वै वसन्तः वाग्ग्रीष्मः, चक्षुर्वर्षा, श्रोत्रं वै शरदः, मनोहेमन्तः, शिशिरः प्रतिष्ठानम् ।।

जैमिनीय ब्रा० २।५०–५१, मैत्री० ४।१।१८

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी द्वारा उत्पादित कुछ औषधियां

समीप के एजेन्ट से खरीद कर लाभ उठाएं।

ऋषि दयानन्द-शिक्षा के क्षेत्र में

श्री गिरीश चन्द्र

मातृमान् पितृमानाचार्यवान् पुरुषो वेद ।

यह शतपथ ब्राह्मण का वचन है। वस्तुतः जब तीन उत्तम शिक्षक अर्थात् एक माता, दूसरा पिता और तीसरा आचार्य होवे तभी मनुष्य ज्ञानवान होता है। वह कुल धन्य है ! वह सन्तान बड़ी भाग्यवान है जिसके माता पिता धार्मिक एवं विद्वान हों। जितना माता से सन्तानों को उपदेश और उपकार पहुंचता है उतना किसी से नहीं।

जब पांच वर्ष के लड़का लड़की हों तब देवनागरी अक्षरों का अभ्यास करावें। अन्यदेशीय भाषाओं का भी। उसके पश्चात् जिनसे अच्छी शिक्षा, विद्या, परमेश्वर, माता, पिता, आचार्य, विद्वान् अतिथि, राजा, प्रजा, कुटुम्ब, बन्धु, भगिनी, भृत्य से कैसे२ वर्त्तना इन बातों के मंत्र, श्लोक, सूत्र, गद्य, पद्य भी अर्थ सहित कण्ठस्थ करावें। जिनसे सन्तान किसी धूर्त के बहकाने में न आवें। और जो विद्याधर्म विरुद्ध भ्रान्तिजाल में गिराने वाले व्यवहार हैं उनका भी उपदेश करें जिससे भूत प्रेत आदि मिथ्या बातों का विश्वास न हो। ९ वें वर्ष के आरम्भ में द्विज अपने सन्तानों का उपनयन करके आर्यकुल में अर्थात् जहां पूर्ण विद्वान् हों और विदुषी स्त्री शिक्षा और विद्यादान करने वाली हों वहां लड़के और लड़कियों को भेज दें। और शूद्रादिवर्ण उपनयन किये बिना विद्याभ्यास के लिये गुरुकुल में भेज दें।

माता, पिता, आचार्य अपने सन्तान और शिष्यों को सदा सत्य उपदेश करें और यह भी कहें कि जो हमारे धर्मयुक्त कर्म हैं उनका ग्रहण करो और जो दुष्ट कर्म हों उनका त्याग कर दिया करो। जो सत्य जाने उनका प्रकाश और प्रचार करें। किसी पाखण्डी, दुष्टाचारी मनुष्य पर विश्वास न करें और जिस २ उत्तम कर्म के लिये माता, पिता और आचार्य आज्ञा देवें उसका यथेष्ट पालन करें। जिस प्रकार आरोग्य विद्या, और बल प्राप्त हो उसी प्रकार भोजन छादन और व्यवहार करावें। अर्थात् जितनी क्षुधा हो उससे कुछ न्यून भोजन करें। मद्य मांसादि के सेवन से अलग रहें। जिन पुरुषों का मन विद्या के विलास में तत्पर रहता है, सुन्दर शील स्वभावयुक्त सत्यभाषणादि नियम पालनयुक्त और जो अभिमान अपवित्रता से रहित, अन्य मलिनता के नाशक सत्योपदेश विद्यादान से संसारी जनों के दुखों के दूर करने से सुभूषित वेदविहित कर्मों से पराये उपकार करने में रहते हैं वे नर और नारी धन्य हैं। जो अध्यापक पुरुष वा स्त्री दुष्टाचारी हों उनसे शिक्षा न दिलावें। किन्तु जो पूर्ण विद्यायुक्त धार्मिक हों वे ही पढ़ने और शिक्षा देने योग्य हैं। द्विज अपने घर में लड़कों का यज्ञोपवीत और कन्याओं का भी यथायोग्य संस्कार करके यथोक्त आचार्यकुल अर्थात् अपनी २ पाठशाला में भेज दें।

पाठशालाओं से एक योजन अर्थात् चार कोस दूर ग्राम व नगर हों। सबको तुल्य वस्त्र, खान, पान, आसन दिये जावें, चाहे वह राजकुमार वा राजकुमारी हो, चाहे दरिद्र की सन्तान हो, सबको तपस्वी होना चाहिये।

(अहिंसा) वैरत्याग, (सत्य) सत्य मानना, सत्य बोलना और सत्य ही करना, (अस्तेय) अर्थात् मन, वचन, कर्म से चोरी त्याग, (ब्रह्मचर्य) अर्थात् उपस्थेन्द्रिय का संयम, (अपरिग्रह) अत्यन्त लोलुपता स्वत्वाभिमानरहित होना इन पांचो का सेवन सदा

करें। (शौच) स्नानादि से पवित्रता, (सन्तोष) सम्यक् प्रसन्न होकर निरुद्यम रहना सन्तोष नहीं किन्तु पुरुषार्थ जितना हो सके उतना करना, हानि लाभ में हर्ष या शोक न करना, (तप) कष्टसेवन से भी धर्मयुक्त कर्मों का अनुष्ठान, (स्वाध्याय) पढ़ना पढाना, (ईश्वरप्रणिधान) ईश्वर की भक्तिविशेष से आत्मा के अर्पित रखना ये पांच नियम कहाते हैं। यमों के बिना केवल इन नियमों का सेवन न करें किन्तु इन दोनों का सेवन किया करें।

विद्वान् और विद्यार्थी के योग्य है कि वैरबुद्धि छोड़कर सब मनुष्यों को कल्याण के मार्ग पर उपदेश करें और उपदेष्टा सदा मधुर सुशीलतायुक्त वाणी बोले। जो धर्म की उन्नति करे। वह सदा सत्य में चले और सत्य ही का उपदेश करे।

आचार्य अन्तेवासी अर्थात् अपने शिष्य और शिष्याओं को इस प्रकार उपदेश करे कि तू सदा सत्य बोल, धर्माचरण कर, प्रमादरहित होके पढ़ पढ़ा, पूर्ण ब्रह्मचर्य से समस्त विद्याओं को ग्रहण कर और आचार्य के लिये प्रिय धन देकर विवाह करके सन्तानोत्पत्ति कर, प्रमाद से सत्य को कभी मत छोड़, प्रमाद से सत्य का त्याग मत कर, प्रमाद से आरोग्य और चतुराई को मत छोड़, प्रमाद से पढ़ने और पढ़ाने को मत छोड़। देव विद्वान् और माता पितादि की सेवा में प्रमाद मत कर। जैसे विद्वान् का सत्कार करे उसी प्रकार माता, पिता, आचार्य और अतिथि की सेवा कर। जो अनिन्दित धर्मयुक्त कर्म हैं उन सत्यभाषणादि को किया कर, उनसे भिन्न मिथ्या-भाषणादि कभी मत कर, जो हमारे सुचरित्र अर्थात् धर्मयुक्त कर्म हों उनका ग्रहण कर और जो पापा-चरण हैं उनको कभी मत कर। जो हमारे मध्य में उत्तम विद्वान् धर्मात्मा ब्राह्मण हैं उन्हीं के समीप बैठ और उन्हीं का विश्वास कर, श्रद्धा से देना, अश्रद्धा से देना, शोभा से देना, लज्जा से देना, भय से देना, और प्रतिज्ञा से भी देना चाहिये। जब कभी तुझ को कर्म वा शील तथा उपासना ज्ञान में किसी प्रकार का संशय हों तो जो वे समदर्शी पक्षपातरहित योगी आर्द्रचित्त धर्म की कामना करने वाले धर्मात्मा जन हों जैसे वे धर्ममार्ग में वर्त्तें वैसे तू भी उनमें वर्ता कर। यही आदेश, आज्ञा, यही उपदेश, यही वेद की, उपनिषद की शिक्षा है।

जो वेद को स्वर और पाठमात्र पढ़ के अर्थ नहीं जानता वह जैसा वृक्ष, डाली, पत्ते, फल, फूल और अन्य पशु धान्य आदि का भार उठाता है वैसे भारवाह अर्थात् भार का उठाने वाला है और जो वेद को पढ़ता है और उसका यथावत् अर्थ जानता है वही सम्पूर्ण आनन्द को प्राप्त होके देहान्त के पश्चात् ज्ञानसे पापों को छोड़ पवित्र धर्माचरण के प्रताप से सर्वानन्द को प्राप्त होता है।

इस प्रकार वेदों को पढ़ के आयुर्वेद अर्थात् जो चरक सुश्रुत आदि ऋषिमुनिप्रणीत वैद्यक शास्त्र है उसको अर्थ क्रियाशास्त्र छेदन-भेदन लेप चिकित्सा निदान औषध पथ्य शरीर देश काल और वस्तु के गुणज्ञानपूर्वक ४ वर्ष के भीतर पढ़े पढ़ावें।

तदनन्तर धनुर्वेद अर्थात् जो राजसम्बन्धी काम हैं इसके दो भेद, एक निजी राजपुरुष सम्बन्धी और दूसरा प्रजासम्बन्धी होता है। राजकार्य में सब सेना के अध्यक्ष शस्त्रास्त्रविद्या नानाप्रकार के व्यूहों का अभ्यास अर्थात् जिसको आजकल 'कवायद' कहते है उनको यथावत् सीखें और जो जो प्रजा के पालने और वृद्धि करने का प्रकार है उनको सीख के न्यायपूर्वक सब प्रजा को प्रसन्न रखें, दुष्टों को

यथायोग्य दण्ड, श्रेष्ठों के पालन का प्रकार सब प्रकार सीखलें।

इस राजविद्या को दो वर्षों में सीख कर गान्धर्ववेद कि जिसको गानविद्या कहते है उसमें स्वर, रागिणी, समय, ताल ग्राम, वादित्र, नृत्य, गीत आदि को यथावत् सीखें परन्तु मुख्य करके सामवेद को वादित्रवादनपूर्वक सीखें और नारदसंहिता आदि जो आर्ष ग्रन्थ हैं उनको पढें परन्तु भडुवे वैश्या और विषयासक्तिकारक वैरागियों के गर्दभशब्दवद् व्यर्थ आलाप कभी न करें।

अर्थवेद कि जिसको शिल्प विद्या कहते हैं उसको पदार्थगुण विज्ञान क्रियाकौशल नानाविद्यापदार्थों का निर्माण पृथ्वी से लेके आकाशपर्यन्त विद्या को यथावत सीख के अर्थ सीख के अर्थात् जो ऐश्वर्य को बढ़ाने वाला है उस विद्या को सीख के दो वर्ष में ज्योतिषशास्त्र सूर्यसिद्धान्तादि जिसमें बीजगणित, अंक, भूगोल, खगोल, भूगर्भविद्या है उसको सीखें।

तत्पश्चात् सब प्रकार की हस्तक्रिया, यन्त्रकला आदि को सीखें परन्तु जितने ग्रह नक्षत्र, जन्मपत्र, राशि, मुहूर्त आदि के फल के विधायक ग्रन्थहै उसको झूठ समझ के कभी न पढ़े और पढ़ावें।

ऐसा प्रयत्न पढने और पढ़ाने वाले करें कि जिससे बीस वा इक्कीस वर्ष के भीतर समग्र विद्या प्राप्त होके मनुष्य लोग कृतकृत्य होकर सदा आनन्द में रहें। जितनी विद्या इस रीति से बीस वा इक्कीस वर्षों में हो सकती है उतनी अन्य प्रकार से शतवर्ष में भी नहीं हो सकती।

जो विद्या पढ़ाने में विघ्न हैं उनको छोड़ देवें। जैसा कुसंग अर्थात् दुष्ट विषयी जनों का संग, दुष्टव्यसन जैसा मद्यादि सेवन और वेश्यागमनादि, बाल्यकाल में विवाह अर्थात् पच्चीस वर्ष से पूर्व पुरुष और सोलहवें वर्ष से पूर्व स्त्री का विवाह हो जाना, राजा, माता, पिता, और विद्वानों का प्रेम वेदादि शास्त्रों के प्रचार में न होना, अतिभोजन, अतिजागरण करना, पढ़ने, पढ़ाने परीक्षा लेने वा देने में आलस्य वा कपट करना, सर्वोपरि विद्या का लाभ न समझना, ब्रह्मचर्य से वीर्य, बल, बुद्धि, पराक्रम, आरोग्य, राज्य, धन की वृद्धि न मानना, ईश्वर का ध्यान छोड़ अन्य पाषाणादि जड़ मूर्ति के दर्शन पूजन में व्यर्थ काल खोना, माता, पिता, अतिथि और आचार्य विद्वान् इनको सत्यमूर्ति मान कर सेवा सत्संग न करना, वर्णाश्रम के धर्म को छोड़ कर ऊर्ध्वपुण्ड्र, त्रिपुण्ड्र कंठी, मालाधारण, एकादशी, त्रयोदशी आदि व्रत करना काश्यादि तीर्थ और राम, कृष्ण, नारायण, शिव, भगवती, गणेशादि के नामस्मरण से पाप दूर होने का विश्वास, पाखण्डियों के उपदेश से विद्या पढ़ने में अश्रद्धा का होना? विद्या धर्म योग परमेश्वर की उपासना के बिना मिथ्या पुराणनामक भागवतादि की कथादि से मुक्ति मानना, लोभ से धनादि में प्रवृत्ति होकर विद्या में प्रीति न रखना, इधर उधर व्यर्थ घूमते रहना इत्यादि मिथ्या व्यवहारों में फंस के ब्रह्मचर्य और विद्या के लाभ से रहित होकर रोगी और मूर्ख बने रहते हैं।

वे ही धन्यवादार्ह और कृतकृत्य हैं जो अपने सन्तानों को ब्रह्मचर्य, उत्तम शिक्षा तथा शरीर और आत्मा के पूर्ण बल को बढ़ावें। जिससे वे सन्तान मातृ, पितृ, सासु, ससुर, राजा, प्रजा, पड़ोसी, इष्ट, मित्र, और सन्तानादि से यथायोग्य धर्म वर्तें। यही कोश अक्षय है। इसको जितना व्यय करो उतना बढ़ता है। अन्य सब कोश व्यय करने से घट जाते हैं। और दायभागी भी निजभागी लेते हैं। और विद्या कोश का चोर वा दायभागी कोई भी नहीं हो सकता। इस कोश की रक्षा और वृद्धि करने वाला विशेष राजा और प्रजा भी है।

(स्रोत : सत्यार्थ प्रकाश)

गुरुकुल की यज्ञस्थली से-(१)

दयानन्द-१९७५

श्री बलभद्र कुमार-कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

१९ अप्रैल १९७५ को भारत के नौजवान वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि कर मां भारती का माथा ऊंचा किया। वह थी आर्यभट्ट की अन्तरिक्ष में स्थापना। ठीक एक सौ वर्ष पहले, अप्रैल १८७५ को एक मलंग सन्यासी और उसके मनचले नौजवान अनुयायिओं ने इसी प्रकार की एक शानदार उपलब्धि की थी। वह थी आर्य समाज की बम्बई में स्थापना।

१८ मई १९७३ को हिन्दुस्तान के वैज्ञानिकों ने एक अन्य शानदार सिद्धि प्राप्त की थी। वह था पौखरण में अणुबम्ब का विस्फ़ोट। इसी प्रकार का एक प्रचंड विस्फोट ठीक एक सौ वर्ष पूर्व हिन्दुस्तान में पहले भी हुआ था। वह था सत्यार्थ प्रकाश का प्रकाशन।

प्रज्ञाचक्षु स्वामी विरजानन्द के सुयोग्य बाल-ब्रह्मचारी निर्भीक सन्यासी दयानन्द ने अपनी गुरुदक्षिणा का व्रत निभाते हुए सत्यार्थ प्रकाश की रचना कर सत्य की जोत जलाई। असत्य के अन्धकार पर युद्ध-घोष किया। अनेक पाखण्डों का खण्डन किया। देश भर में तहलका मच गया। पौखरण में जब अणुबम्ब का विस्फोट हुआ तो देश में इसके लिए तीव्र मांग थी। हां, कई विदेशी राष्ट्र इसके लिये तैयार न थे। ना ही इसके हक में थे। परन्तु जब यहां सत्यार्थ प्रकाश का विस्फोट हुआ तो देश में इसके लिये मांग होना तो दर-किनार, देशवासी इसके लिये न तो तैयार थे, ना ही इसके हक में थे।

सौ वर्ष पहले यहां अन्धकार ही अन्धकार था। पाखण्ड का राज्य था। मूर्तिपूजा का अखण्ड राज्य था। बाल-विवाह आम थे। स्त्री-शिक्षा का अभाव था। विधवाओं की दुर्दशा थी। अछूत दलित थे। जाति-पाति का दौर-दौरा था। भारतीय बंटे हुए थे। विदेशी सत्ता की पताका फहरा रही थी। अभी छः वर्ष ही हुए थे कि देश अपनी आजादी की पहली लड़ाई में पछाडखाकर लहूलुहान, कराहता हुआ, किंकर्त्तव्य-विमूढ अवस्था में पड़ा था। ऐसे समय में एक मलंग शिष्य से एक प्रज्ञाचक्षु गुरु ने दक्षिणा मांगी। ३९ वर्षीय नवयुवक शिष्य ने व्रत धारण किया और कुम्भ के मेले पर गंगा के तट पर जा लहराया पाखण्ड-खंडिनी पताका का परचम।

देश की तत्कालीन समस्याओं को सामने रखते हुए उसने अपनी व्यूहरचना की और चारों तरफ दृष्टि दौड़ाई। एक शक्ति का स्रोत उसने पाया। राजस्थान के देशी राज्यों में। उसने राजपूताना के राजाओं को क्षात्र-धर्म का पाठ पढ़ाना शुरू किया। उनको विलासिता, भय और प्रमाद के गर्त से बाहर निकाल कर कर्मशीलता निर्यता और प्रजा-सेवा के व्रत दिलाने का संकल्प किया। सुराज्य कैसा भी हो, स्वराज्य से बढ़ कर नहीं हो सकता। स्वराज्य का मंत्र ऋषि ने हमें दिया। उसी ने ही हिन्दुस्तान, हिन्दुस्तानियों का है, यह नारा हमें सिखलाया।

उसकी व्यूह-रचना में दूसरी शक्ति थी, मातृशक्ति। आज राष्ट्रसंघ और उसके साथ मिलकर अन्य सरकारें अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष मना रही है। लेकिन क्या इस बात से इंकार किया जा सकता है कि यह महामंत्र भी उसी दूरदर्शी ऋषि ने हमें १०० वर्ष पहले दिया था? उसी ने ही आधुनिक भारत में नारी-जागरण का सूत्रपात किया। आज हम

यहां नारी-स्वातंत्र्य का पहला वर्ष नहीं, किन्तु नारी-जागरण की शताब्दी मनाने जा रहे हैं। आर्य समाज की शताब्दी का जलूस देखकर किसका दिल बल्लियों नहीं उछला होगा? भारत की सन्नारियों का उत्साह, उनकी जागृति, देखकर स्वर्ग से ऋषि दयानन्द की आत्मा पुष्पवर्षा कर रही थी। इन्हीं सन्नारियों की सन्तानों ने पिछले सौ वर्ष में एक से एक बढ़कर कुर्बानियां दी हैं, सैकड़ों ने जामे शहादत पिया है, हजारों ने कृष्ण मन्दिर की यात्रा की, लाखों ने अन्धकार के विरुद्ध, तमस के विरुद्ध, आडम्बर और अज्ञान के विरुद्ध, जातिपाति, ऊंच-नीच के विरुद्ध आयुपर्यन्त युद्ध किया।

आज हिन्दुस्तान आजाद है। आज हिन्दुस्तान में जो जागृति है, आज हिन्दुस्तान में जो स्वावलम्बन और स्वदेशी की बात चलती है, इन उपलब्धियों की गतिविधियों का स्रोत है, दयानन्द और सत्यार्थप्रकाश और इनका साधन रहा है आर्य समाज। दयानन्द की व्यूहरचना में तीसरी शक्ति थी, युवाशक्ति। दयानन्द ने भारत के ऋषियों मुनियों द्वारा आजमाये वैदिक पथ की ओर आह्वान करते हुए हमारे युवक समाज को जीवन यात्रा में ब्रह्मचर्यव्रत धारण करने की प्रेरणा दी। वह यह जानते थे कि भारत के सामने जो विकराल समस्याएं हैं. भारत दुर्दशा के जिस रसातल को पहुंच चुका है, उसमें से निकलने के लिए अभूतपूर्व, विकट तप की आवश्यकता है। उन्होंने व्रती, तपस्वी, तेजस्वी युवक समुदाय के निर्माण की आवश्यकता महसूस की और इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए उन्होंने आर्यसमाज की स्थापना की। योगी अरविन्द के शब्दों में वह मनुष्यों के शिल्पी थे। वह भारत में नये मानव का निर्माण करना चाहते थे। उन्होंने ही भारतीय जाति को आर्य की संज्ञा प्रदान की। आर्य वह है, जो नैतिकता और समाजसेवा में ओतप्रोत हो, जो आदर्शवादी हो, साफदिल हो, मृदुभाषी हो, श्रेष्ठ हो, सत्याचरण करे, निर्भय हो, पवित्र हो करुणाशील हो, दलितों का रक्षक हो, कर्तव्यनिष्ठ हो, जिज्ञासु हो, आर्य वह है जो मानव-प्रगति के विरोधी आन्तरिक और बाह्य शत्रुओं से सदैव संघर्षरत रहे और उन पर विजय पाये। वह हर स्थिति में सदा सत्य की खोज करता है, सही रास्ते की खोज करता है, स्वतंत्रता की खोज करता है। इसी आदर्श को लक्ष्य में रख कर ही तो दयानन्द और उसके आर्यवीरों ने सौ वर्ष पूर्व आर्य-समाज की स्थापना करते समय अपने लिए जो नियम बनाये, उनमें से एक नियम था-सत्य को ग्रहण करने और असत्य को छोड़ने में सर्वदा-सर्वदा उद्यत रहना। दूसरा नियम था-संसार का (केवल भारत का नहीं) उपकार। तीसरा नियम था-प्रत्येक को अपनी ही उन्नति में सन्तुष्ट नरहना। किन्तु सबकी, हां सबकी, गरीबों की, अछूतों की, शूद्रों की, हिन्दुओं-अहिन्दुओं की, आर्यों-अनार्यों की उन्नति में अपनी उन्नति समझना।

पिछले सौ वर्षों का इतिहास साक्षी है कि उसकी व्यूहरचना के तीन अंगों ने देश को नव चेतना देने में, देश को विदेशी शासन से मुक्त कराने में आशातीत योग दिया और आज हमारा देश जिस स्थान पर खड़ा है उसके लिए दयानन्द की दूरदर्शिता की जितनी सराहना की जाय कम है।

तत्कालीन समस्याओं को मध्येनजर रखते हुए १८७५ में ऋषि दयानन्द ने आर्यसमाज के सामने जो क्रान्तिकारी कार्यक्रम रखा, उसके प्रमुख अंग थे (१) स्त्री-शिक्षा, विधवा-विवाह (२) ब्रह्मचर्य, बाल-विवाह का विरोध (३) दलितोद्धार (अस्पृश्यता-निवारण) (४) जाति-पाति की समाप्ति;

जन्म से नहीं, किन्तु गुण कर्म से वर्ण निर्धारण, अन्तर्जातीय विवाह (५) स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग (६) राष्ट्र भाषा का प्रयोग (७) स्वराज्य एवं राष्ट्रीय भावना का प्रचार (८) पाखंड खंडन (मूर्तिपूजा, जादू-टोना आदि का विरोध) इत्यादि। आर्य समाज इस कार्यक्रम को पूरा करने की ऐजेंसी है। आर्य समाज ने इस कार्यक्रम को भलीभांति निभाया भी है। परन्तु यह कहा जा सके कि यह कार्यक्रम पूरा हो चुका है, ऐसी बात नहीं है। अभी इस दिशा में बहुत कुछ करना बाकी है। देश के प्रमुख वर्ग ने दयानन्द का क्रान्तिकारी कार्यक्रम स्वीकार कर लिया है, परन्तु अभी भी देश का बहुत भारी वर्ग अन्धकार के कूप में डूबा हुआ है। अभी भी नारी-शिक्षा के क्षेत्र में हमें बहुत कुछ करना बाकी है। युवा-शक्ति को दिशा-निर्देश की आवश्यकता है। देश में ऊंच-नीच की, छुआ-छूत की, बीमारी कायम है। देश में गरीब-अमीर की खाई विद्यमान है। सम्पूर्ण क्रान्ति बहुत दूर है।

आज से ४५ वर्ष पूर्व जब जवाहरलाल ने रावी के तट पर हिन्दुस्तान आजादी का परचम लहराया था, देश के सामने दो विकराल समस्याएं थीं—एक राजनैतिक गुलामी, दूसरे गरीबी। भारत मां के लाखों सपूतों की शहादत और कुर्बानियों के फलस्वरूप गुलामी की बेड़ियां तो कटीं, पर गरीबी का दानव अभी भी विद्यमान है। पिछले २५ वर्षों में राष्ट्र के उत्पत्ति के साधनों में बहुत कुछ उन्नति हुई है जरूर, पर गरीबी का दानव, असमानता की भयंकर खाई, लालच और परिग्रह की भीषण आग अभी यहां पूरे जोर-शोर से कायम है और जैसी प्रगति चल रही है, जिस रास्ते हम जा रहे हैं, क्या यह दावे से कहा जा सकता है, कि आगामी दस वर्षों में या फिर आगामी २५वर्षों में ही सही हमें इनसे मुक्ति मिल जायेगी ?

यह प्रश्न है जिसका उत्तर आज के आर्यवीरों को देना है। यह प्रश्न है जिस पर यदि दयानन्द आज हमारे बीच विद्यमान होते, अवश्य चिन्तन करते और हमारा मार्गदर्शन करते। सन् १९५० के विश्व पर दृष्टिपात करें तो मालूम होगा कि उस समय चार देश बहुत ही गिरी गुजरी दशा में थे—जापान, जर्मनी, चीन, और भारत। जापान और जर्मनी युद्ध में हार चुके थे, चीन और भारत सदियों से शोषित होते आ रहे थे। आज क्या स्थिति है? जापान, जर्मनी और चीन संसार की बड़ी शक्तियों मे शुमार होते हैं। भारत का स्थान कहां है ?

यह वास्तविक सत्य है कि आज भारत में २० करोड़ व्यक्ति गरीबी के बोझ तले दबे पड़े हैं। उन्हें दो वक्त भरपेट खाना नहीं मिलता, तब जब कि हरितक्रान्ति के कारण देश में अनाज की उत्पति पहले से दुगनी हो चुकी है। पिछली चार योजनाओं में हमने विदेशों से जो सहायता ली है, आज हमारे लिए उनके लिए, सर्विस चार्जेज देना दूभर हो रहा है। हमने इन वर्षों में कितने बांध, कितनी सड़कें, कितने स्कूल, कालिज, अस्पताल आदि बना लिये हैं। पर भुखमरी पर, अज्ञानता पर, बीमारी पर, हम कितनी विजय पा सके हैं ? हमें गम्भीरता से सोचना होगा कि हमारी योजनाओं की वजह से जो उन्नति हुई है, उसका फल किस वर्ग को मिला है ? यदि अभी भी हमारे मध्य शोषित, दलित वर्ग मौजूद हैं, तो क्यों ? क्या हमारे ऊपर उनके प्रति कोई कर्तव्य, कोई उत्तरदायित्व नहीं है ? क्या उनकी मौजूदगी देश को कमजोर नहीं बनाती ? क्या इस नाते हमारा स्वयं का स्वार्थ भी यह मांग नहीं करता कि हम विषमता की इस खाई को शीघ्रातिशीघ्र पाटने का सुनियोजित प्रयत्न करें ? ऋषि ने ऊंच-नीच के विरुद्ध, जाति-पाति

के विरुद्ध युद्ध का आह्वान किया था। पर आज भी करोड़ों-करोड़ों दलित गरीब हमारे बीच विद्यमान हैं।

महामहिम उपराष्ट्रपति ने कुछ दिन पहले कहा था कि राज्य का बीससूत्री कार्यक्रम इस दिशा में एक भारी कदम है और वह दयानन्द के सिद्धान्तों के अनुकूल है। सो तो सही है। पर प्रश्न यह है कि क्या वह कार्यक्रम काफी है?

जापान, जर्मनी, चीन, रूस की प्रगति पर नजर डालें तो जाहिर होगा कि वहां जो प्रगति हुई है, वहां के कारीगरों, कार्य-कुशल, प्रतिबद्ध, औद्योगिक एवं व्यावसायिक नेताओं एवं समुदाय के पुरुषार्थ से हुई है। जापान और जर्मनी में ऐसे वर्ग पहले ही मौजूद थे। चीन और रूस ने इन दशकों में ऐसे वर्ग तैयार किये हैं। मानना होगा हमारे यहां जितना होना चाहिये था, नहीं हो पाया। ऐसा नाहीं कि यहां बुद्धि का अभाव है, लियाकत का अभाव है या फिर जनशक्ति का अभाव है। अभाव है तो प्रतिबद्धता का, व्यवस्था का।

हम जाति-पांति तोड़ने की, समाजवाद की, शोषणरहित व्यवस्था की बात तो करते हैं, पर शुरू में ही विषमता के सांप को पालते है, तब जब हम संभ्रांत वर्ग के बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा देने वाले विशिष्ट स्कूलों में पढ़ने भेजते है। वहीं से ही ना बराबरी और स्नाबरी के भूत पैदा होते हैं। वहीं से वह वर्ग पैदा होता है जिसे देशी गंध से दुर्गन्ध आती है, जो काला भारतीय होते हुए भी अपने को गोरा विदेशी, साधारण जन से सुपीरियर, समझता है। जब ऐसे लोग देश के कर्णधार बनेंगे तो देश में विषमता पनपेगी या समाप्त होगी? वर्णभेद कायम होगा या मिटेगा? चीन और रूस में पड़ोसी स्कूलों की प्रथा है। कोई भी हो अपने पड़ोस के स्कूल में जाये। यही भारतीय पद्धति भी थी। उसी के अनुसार कृष्ण सुदामा एक ही आश्रम में पढ़ने गये थे। क्या इस पद्धति को पुनर्जीवित करने की मांग करना बहुत बड़ी मांग है?

दूसरी जो बड़ी भारी समय की मांग है, देश में हिन्दुस्तानी की उत्पत्ति। आज देश में हिन्दी जन, हिन्दुस्तानी नहीं मिलता। आपको पंजाबी मिलेगा, बंगाली मिलेगा, तामिल मिलेगा, मणीपुरी मिलेगा, पर हिन्दी नहीं मिलेगा। मिलेगा तो शायद भारत के बाहर। वहां जाकर साग सरसों की, दही बड़ों की, रसगुल्ले की, इडली दोसा की याद आती है ना? इस रास्ते में एक रुकावट तो अमीरों के स्कूलों की है ही, दूसरी रुकावट लिपि की है। यह सोचने का विषय है कि क्यों न देश की सब भाषाएं एक लिपि में लिखी-पढ़ी जायें, जिससे एकता की भावना बढ़े? हम एक दूसरे की भाषाओं को पढ़ सकें, एक दूसरे के नजदीक आ सकें?

हिन्दी के पुजारियों ने हिन्दी को देवता की पदवी देकर बड़ा भारी अनिष्ट, अन्याय किया है। स्वामी दयानन्द मूर्तिपूजा के विरोधी थे। हमने भी मूर्त्तियों की पूजा को तजा, पर नयी मूर्तियाँ स्थापित करके देश का अहित ही किया है। भाषा कभी भी देवता का स्थान नहीं ले सकती। वह तो साधनमात्र है, विचार-विमर्श का, लेन-देन का, आदान प्रदान का। ना कि साध्य। साध्य तो मानव है, मानव-कल्याण है, आत्म-दर्शन है, ना कि हिन्दी या उर्दू या फिर संस्कृत या अर्बी। ये तो साधन हैं, सत्य के प्रचार के, पाखंड-खण्डन के। हमें तो तामिल, उड़िया, पश्तो, फारसी, चीनी, जापानी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी भाषा-भाषी लोगों तक वेद के नित्य सत्य सिद्धान्तों को पहुंचाना है, तो उनकी भाषा के द्वारा ही ऐसा हो सकेगा। सो वह सब भाषाएं हमें सीखनी होंगी ताकि उन लोंगो से हम वार्तालाप

स्थापित कर सकें । हां, देश को अखण्डता के सूत्र में बान्धने के लिये आवश्यक हो जाता है कि हम सब देशीभाषाओं के लिये एक ही लिपि अपनायें और इस प्रकार दूसरे के साथ मेल-जोल बढ़ायें ।

आज देश की भीषण समस्या है प्रमाद और अनुशासनहीनता की । बीसवीं शती के आरम्भ में हमारी समस्या भय की थी । आजादी के बाद यह समस्या तो समाप्त हो गयी है, पर हमें प्रमाद एवं अनुशासनहीनता ने आ घेरा है । सिवाय किसान के सभी वर्ग बिना काम किये, बिना हाथ पैर हिलाये कमाई करना चाहते हैं । किसान है जो बेचारा भी हड़ताल नहीं करता ।

अध्यापक हो या शिष्य, मजदूर हो या दुकानदार, डाक्टर हो या वकील, सभी आगे-पीछे हड़ताल पर उद्यत हो जाते हैं । एमरजैंसी ने इस प्रवृत्ति को रोका है सही, पर कब तक डण्डे के जोर से अप्रमाद एवं अनुशासन की प्रवृत्ति कायम रखेंगे ?

हमारा एक और शत्रु है-हिंसा । गांधी अहिंसा का पुजारी था । पर हमें उसकी बातें पसंद नहीं आयी । हमने उसकी आवाज बन्द करने की शर्मनाक कोशिश की । जैसा कि हमसे पहली पीढी ने दयानन्द की आवाज बन्द करने की कोशिश की थी । क्या यही तरीका है जिससे हम अपने पथ-प्रदर्शकों का, अपने ऋषियों का, मुनियों का मान करते रहेंगे ? जहां वेद सतत कर्म का, अभय का पाठ पढ़ाता है, वहां शांति का पाठ भी पढ़ाता है । शांति तभी होगी, जब देश-विदेश में विषमता का, हिंसा का अन्त होगा ।

हमारे अन्य शत्रु हैं-परिग्रह, स्तेय, और अन्याय । दयानन्द से लेकर गांधी पर्यन्त हमारे नेताओं ने दूसरों की सेवा करने का पाठ पढ़ाया है । उसके लिये आवश्यक हो जाता है कि हम अपरिग्रह का व्रत लें, अस्तेय का व्रत लें और न्याय का व्रत लें 'तेन त्यतेक्त भुंजीथा, निन्दन्तु नीति निपुणा:' इत्यादि सूत्र हमें भारतीय ऋषिमुनियों से हमारे सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मिले हैं, पर तो भी हम सर्पवत् कुर्सियों से लिपटे रहते हैं, परस्पर कुर्सी-युद्ध करते हैं, अदालतों, कचहरियों में जाकर लम्बे-लम्बे मुकदमे लड़ते हैं । करों की चोरी करते हैं । खान-पान की चीजों में, दवाइयों में औषधियों में मिलावटें करते हैं । कम तोलते हैं, कम नापते हैं । क्या-क्या नहीं करते ?

एक वक्त था जब आर्य-पुरुष सम्मान का पात्र था, श्रद्धा का पात्र था, आदर का पात्र था । क्या आज हम अपने सीने पर हाथ रखकर कह सकते हैं, कि आर्यों को वही सम्मान, आदर उपलब्ध है, जो इस शती के आरम्भ में प्राप्त था ?

हमें गम्भीरता से सोचना होगा कि आज हम कहां खड़े हैं ? अगले २५ वर्षों में सन् २००० में हमें भारत को कहां पहुंचाना है ? उसके लिए हम क्या कार्यक्रम अपनाने जा रहे हैं ? आइये हम ऋग्वेद से प्रेरणा लें --

उद्बुध्यध्वं समनस:सखाय:
समग्निमिन्ध्वं बहव: सनीड़ा: ।
दधिक्रामग्नि मुषसं च देवी-
मिन्द्रावतोऽवसे-नि ह्वये-व:।।
(ऋग् १०-१०१-१)

उठो जागो, हे भाइयों । मनोबल से अनुप्राणित हो जाओ । एक राष्ट्र के वासी, तुम सब अपने अन्दर उत्साह की अग्नि को प्रदीप्त करो । तुम्हारे रक्षार्थ मैं उस अग्नि का आह्वान करता हूँ जिसे धारण करते ही मनुष्य क्रियाशील हो उठता है। तुम्हारे रक्षार्थ मैं प्रकाश से जगमगाती हुई उस ऊषा का आह्वान करता हूँ जिससे जीवन ज्योतिर्मय हो उठते हैं । अपने जीवनों को अग्निमय बनाओ अपने जीवनों को ज्योतिर्मय बनाओ । -०-

राष्ट्रीय छात्र सेना दिवस के अवसर पर

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा व्यायाम तथा योग-आसनों का प्रदर्शन



स्तूप निर्माण चित्र सं० १



स्तूप निर्माण चित्र सं० २

मलखंब पर एक टांग का सन्तुलन चित्र सं० १



मलखंब पर एक हाथ का सन्तुलन चित्र सं० २

अगर तुम्हीं पाषाण बने तो....!

श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार

तुमने तिमिर मिटाने के मिस, केवल तम का समूह बटोरा ।
सजल-कल्पना-लोक रचाकर, केवल छल औ' कपट बटोरा ।।
तुमने तप के पुण्य भवन भी, कीचड़ के तालाब बनाये ।
तुमने बीज कंटीले बोकर, अपने भी कर लिये पराये ।।

तुमने परिवर्तन लाना था, तुम खुद ही पत्थर बन बैठे ।
अपने अहंभाव पर केवल, तुम मिथ्या का दम्भ लपेटे ।।
तुमने फागुन ही लाना था, यह कैसी पतझर ले आये ।
जीवन के कोमल भावों पर, तुमने कांटे खूब उगाये ।।

सबकी उन्नति में उन्नति का, तुम्हें नियम करना था विस्तृत ।
'वसुधैव, के भावों में जग, तुम्हे, प्रिये ! करना था दीक्षित ।।
तुम्हे कुटिलता औ' गुरुडम के किले ध्वस्त करने थे मिलकर ।
तुम्हे तमस् को सदा भगाकर, ज्योतित करने थे शत दिनकर ।।

तुम्हे बहानी थी जन-जन में, सदाचार की पावन-धारा ।
तुम्हे मिटानी थी पल-भर में, दुराचार की कुत्सित कारा ।।
नन्हे-नन्हे इन बच्चों को, तुम्हे सदा पथ था दिखलाना ।
दीन-हीन दुखियों के हित में, तुम्हे यहाँ था स्वर्ग बनाना।।

तुम्हे प्रवर्तित करने थे यहाँ वेद-ऋचाओं के पावन-स्वर ।
तुम्हे सुगन्धित करने थे यहाँ, गंधहीन, कातर, जीवन स्वर ।।
तुम्हे मिटानी थी जग भर से, दुष्ट दानवों की दानवता ।
तुम्हे जगानी थी जग भर में, महान् मानवों की मानवता ।।

तुम्हे गगन औ' धरा सभी में, अपना यश विस्तृत करना था ।
तुम्हे ऊंच औ नीच सभी का, भेद-भाव समतल करना था ।।
तुम्हे वीरता के प्रहरी बन, बलिदानी पथ पर चलना था ।
तुम्हे वर्ण-आश्रम' का केतु, घर-घर पर ज्योतित करना था ।।

तुम्हे विकास देनाथा उन को, जो युवक सन्यस्त हुए थे ।
तुम्हे प्यार देना था उनको, जो निज घर को त्याग चुके थे ।।
तुम्हे मर्यादा में रहना था, जग को पथ दिखलाने वालों ।
तुम्हे हंसाना और हंसना था, आज स्वयं पर रोने वालों ।।

तुम्हे प्रवाहित करनी थी यहाँ, आर्य सभ्यता की निर्झरिणी ।
तुम्हे नष्ट करनी थी जग से, द्वेष-दम्भ की कुल कलंकिनी ।।
तुम्हे पल्लवित करनी थी यहाँ, शुष्क चमन की मुरझी कलियां ।
तुम्हे निनादित करनी थी यहां, प्रेम-प्रीती की मन्द-मुरलियां ।।

किन्तु तुम्ही हो गये भ्रष्ट तो, शिष्ट कौन फिर रह पायेगा ।
अगर तुम्ही पाषाण बने तो, क्या वैदिक-धर्म रह पायेगा ।।
अगर तुम्ही भटके स्वार्थों में, सत्य-सनातन कौन कहेगा ।
अगर तुम्ही बह गये भोग में, फिर जीवन में कौन तरेगा ।।

अगर तुम्ही हो गये अन्ध तो, अन्धकार फिर कौन हरेगा ।
अगर तुम्ही हो गये रुग्ण तो, भव-रोगों को कौन हरेगा ।।
अगर तुम्ही हो गये निराश तो, आशा कुसुम न खिल पायेगा ।
अगर तुम्ही हो गये मूक तो, दुराचार शह यां जाएगा ।।

तुम्ही फंसे यदि 'जातिवाद' में फिर उद्धार न हो पायेगा ।
तुम्ही फंसे यदि 'स्वार्थवाद' में, फिर उपकार न हो पायेगा ।।
तुम्ही यदि कायर बन बैठे बलिदानी पथ कौन गढ़ेगा ।
तुम्ही यदि बह गये प्रवाह में, फिर तरणि को कौन तरेगा ।।

तुम्ही कुरेदोगे यदि जड़ को, कहो विकास फिर कैसे होगा ।
तुम्ही यदि आपस में झगड़े, लक्ष्य पूर्ण फिर कैसे होगा ।।
तुम्ही यदि लोलुप बन बैठे, 'रामायण' फिर कौन लिखेगा ।
तुम्ही यदि हिंसक बन बैठे, 'महाभारत' चहुँ ओर मचेगा ।।

अगर तुम्ही 'छैला' बन बैठे, रंगे प्रतीची की धारा में ।
बोलो फिर सुधार क्या होगा, बहे यदि उलटी धारा में ।।
तुम्ही यदि पड़ गये नियति में, कर्मशीलता घट जाएगी ।
दुष्ट-दानवी दनुता जग में, मानवता पर चढ़ जाएगी ।।

सुनो ! आर्यो ! तुम्हे आज फिर, नयी चेतना बुला रही है ।
उठो और जागो तुम फिर से, नयी भावना जगा रही है ।।
नयी शती की नूतन राहें, बाँह पसारे बुला रही है ।
आशा की स्वर्णिम आभायें, शत-शत सूरज उगा रही है ।।

—०—

महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन

(*Contribution of Dayananda to world philosophy*)

श्री जयदेव वेदालंकार

इस लिये जीवों का उच्छेद नहीं होगा१। परन्तु वेद ने ईश्वर की दृष्टि से जीवों की संख्या मानी है। वेद का कहना है कि जो वरुण भगवान सर्वत्र व्यापक है वह सभी जीवों की संख्या को जानता है२। अतः यह स्पष्ट हो गया कि जीवों का मुक्ति से पुनरावर्तन होता है।

पूर्व पक्ष—मुक्तात्मा का बन्धन से कोई सम्बन्ध नहीं रहता है क्यों? श्रुति में उसे अनावृत्ति अर्थात् मुक्ति से वापिस नहीं लौटता३ ऐसा कहा है। यहां पर हमें अनावृत्ति किसे कहते हैं इस पर विचार करना है। वेदान्त दर्शन में लिखा है कि अनावृत्ति अर्थात् वापिस न आना४। अनावृत्तिशब्द का उपनिषद् आदि में क्या अर्थ ग्रहण किया जाता, इस पर छान्दोग्योपनिषद् में लिखा है कि जीवात्मा इस प्रकार का व्यवहार करता हुआ ब्रह्म लोक में सम्पन्न होता है और उस ब्रह्म लोक की आयु पर्यन्त पुन. इस लोक में नहीं आता ५। अब यहां विचार करना है कि किसी की आयु, न यह शरीर की हो सकती और न ही आत्मा की, अतः यह मुक्ति की आयु है। मुक्ति की अवधि कितनी है इस का स्पष्ट प्रतिपादन मुण्डकोपनिषद् में किया है। महर्षि दयानन्द जी का अर्थ इस विषय में इस प्रकार है। वे मुक्त जीव मुक्ति में प्राप्त हो के ब्रह्म में आनन्द को तब तक भोग के पुनः महाकल्प के पश्चात् मुक्ति सुख को छोड़ के संसार में आते हैं। इनकी संख्या यह है कि ४३ लाख बीस सहस्र वर्षों की एक चतुर्युगी, दो सहस्र चतुर्युगियों का एक अहोरात्र, ऐसे तीस अहोरात्र का एक महीना, ऐसे बारह महीनों का एक वर्ष, ऐसे शत वर्षों का परान्तकाल होता है। (३१नील दस खरब चालीस अरब वर्ष होते हैं) इतना सुख मुक्ति में सुख भोगने का है ६। इस विवरण से स्पष्ट है कि अनावृति शब्द का अभिप्राय मुक्ति काल की अवधि पर्यन्त है। यह अवधि ३६ हजार बार सृष्टि और प्रलय पर्यन्त है। जो सामान्य नहीं कही जा सकती है।

न्याय और वैशेषिक दर्शन में भी जो मुक्ति का स्वरूप बतलाया है उससे पुनरावृत्ति का विरोध नहीं होता है। जैसा वैशेषिक दर्शन में लिखा है कि पाप और पुण्य न रहने पर शरीर मन आदि का संयोग आत्मा से न रहने पर मोक्ष हो जाता है ७। न्याय दर्शन में जो मुक्ति का वर्णन आया है उसका स्पष्टीकरण अभी पीछे कर चुके हैं।

१– इत्थमेव च विद्वत्सु मुच्यमानेषु सन्ततम् ब्रह्माण्डलोक जीवानामन्न वादशून्यता ।।

२– सर्वतद्राजा वरुणो विचष्टे यदन्तरा रोदसी यत्परस्तात्। संख्याता अस्य निमिषो जनाना भक्षानिवश्वघ्नी निमितोसितानि ।। (ऋग्वेद)

३– न मुक्तस्य पुनर्बन्धयोगोप्यनावृत्ति श्रुते: ।। (सा६।१७)

४– अनावृत्तिः शब्दादमावृत्ति शब्दात् (वेदान्त ४।४।३३)

५– खल्वेवं वर्तयं, यावदायुषं ब्रह्मलोकमभि सम्पद्यते न च पुनरावर्तते न च पुनरावर्तते। (स०प्र० ९ समु०)

६– ते ब्रह्मलोके ह परान्तकाले परामृतात् (परामृताः) परिमुच्यन्ति सर्वे। मुण्डक० सप्र० ९

७– तदभावे संयोगाभावोप्र ादुर्भावश्च मोक्षः। (वै० अ० ५।१८)

न्याय के भाष्यकार ने लिखा है, अभय, अजर और अविनाशी ब्रह्म प्राप्ति को भाष्यकार ने मोक्ष माना है ८। इन दोनों दर्शनों में मुक्ति से जीवात्मा वापिस आता है इसका खण्डन नहीं किया गया है। इसी प्रकार योग दर्शन में भी कहा है जब प्रकृति और पुरुष का संयोग नहीं होता, उसी का नाम कैवल्य अर्थात् मोक्ष है ९। आगे लिखा है प्रकृति पुरुष की विवेक ख्याति में भी वैराग्य हो जाने पर दोष के बीज का क्षय हो जाता है, ऐसा होने पर मुक्ति हो जाती है१०। योग दर्शन के अन्य स्थलों पर भी जो मुक्ति का वर्णन आया है उस स्थल में मुक्ति से पुनरावृत्ति होती है इस का विरोध नहीं किया है।

इस विवेचन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि जीव के जो साधन हैं वे अनित्य हैं, उन से नित्य मुक्ति की उपलब्धि नहीं हो सकती है। दूसरा यह है कि यदि जीव मुक्ति से लौट कर न आवे तो जीवों की समाप्ति होने से संसार का उच्छेद हो जावेगा। तीसरा, यदि ईश्वर अन्त वाले कर्मों का अनन्त फल देने लगे तो उसका न्याय, न्याय ही नहीं रहेगा। महर्षि दयानन्द जी स्पष्ट रूप से लिखते हैं कि -------- 'प्रथम तो जीव का सामर्थ्य शरीर आदि पदार्थ और साधन परिमित हैं पुनः उसका फल अनन्त कैसे हो सकता है? अनन्त आनन्द को भोगने का असीम सामर्थ्य, कर्म और साधन जीवों में नहीं, इस लिये अनन्त सुख नहीं भोग सकते हैं। जिन के साधन नित्य हैं उन का फल नित्य कभी नहीं हो सकता।११

स्वामी दयानन्द जी की स्पष्ट दार्शनिक युक्तियों से यह सिद्ध हो गया कि मुक्ति को नित्य नहीं माना जा सकता है।

प्र०– जो आप ने उपरोक्त कहा है कि यदि मुक्ति नित्य हो जावेगी तो संसार का उच्छेद हो जावेगा, सो ठीक नहीं! क्योंकि वह परमात्मा नये नये जीवों को उत्पन्न कर लेगा।

उत्तर – जरा सूक्ष्मता से विचार कर देखो यदि परमात्मा जीवों को उत्पन्न करे तो वह विनाशी अर्थात् अनित्य हो जावेंगे। जब जीव ही अनित्य होंगे तो मुक्ति भी अनित्य हो जावेगी। यह नियम है कि जिसकी उत्पत्ति होती है, उसका विनाश अवश्य होगा१२।

प्र०– जिस प्रकार ईश्वर नित्य मुक्त है उसी प्रकार जीव भी नित्य मुक्त हो जावें तो क्या हानि है।

उ०– ईश्वर तो सदैव मुक्त है, वह संसार में न कभी आता ही है और न ही उसका आना हो सकता है। परन्तु जीवात्मा जन्मता है और मरता है, इस से यह निष्कर्ष निकला कि जीवात्मा और परमात्मा के सामर्थ्य में अन्तर है। परमात्मा अविद्या तथा दुःखादि के बन्धन में कभी नहीं आता। परन्तु जीवात्मा तो दुःखादि बन्धनों में बार बार आता है। इस से यह परिणाम निकला कि जीवात्मा मुक्त होने पर भी वह अनन्त सामर्थ्य वाला कभी भी नहीं हो सकता। अतः ईश्वर के सदृश जीवात्मा कदापि नहीं हो सकता है। इस विषय में स्वामी शंकराचार्य जी ने भी लिखा है कि जगत् की रचना

८– तदभयमजरममृत्युपदं ब्रह्म क्षेम प्राप्तिरिति।

९– तदभावात्संयोगाभावो हानं तदृशेः कैवल्यम् (यो० पा० २।२५ सू०)

१०– तद्वैराग्यादपि दोषबीज क्षये कैवल्यम् (या० पा० ३।२९)

११– स० प्रकाश नवम समुल्लास।

१२– यदुत्पद्यते तद् विनश्यते इति नियमात्।

आदि व्यापार को छोड़ कर मुक्तों को अणिमा आदि ऐश्वर्य हो सकता है। संसार का निर्माणादि करना तो नित्य ईश्वर का ही कार्य है१३। वेदान्त दर्शन में स्पष्ट रूप से मुक्ति जीव और ईश्वर के सम्बन्ध में स्पष्ट रूप से लिखा है कि मुक्ति जीवात्मा और परमात्मा की समता केवल आनन्द भोग मात्र में है। अर्थात् जीव भी मुक्ति में ब्रह्मानन्द को प्राप्त कर लेता है, अतः उन की साम्य समानता जब तक मुक्ति में जीव है, आनन्द की अनुभूति में है१४। जगत् आदि की सामर्थ्य तो केवल ब्रह्म की ही है। वेदान्त दर्शन में आये अनावृत्ति शब्द का स्पष्टीकरण कुछ तो पूर्व कर आये हैं, शेष यहां पर किया जाता है। बृहदारण्यकोपनिषद् में आया है कि मुक्त जीव ब्रह्मलोको में विचरते हैं, उनकी फिर यहां अर्थात् संसार में आवृति नहीं होती है १५। यहां फिर नहीं लौट आते। इस पर स्वामी शंकराचार्य जी ने लिखा है कि अनेक वर्षों पर्यन्त मुक्तात्मायें ब्रह्मलोक में निवास करतीं हैं। अथवा अनेक कल्पों तक वहां रहते हैं१६। अतः जब ब्रह्मलोक में जीवात्मा मुक्त होकर चला जाता है तो कल्प के बीच में पुनरागमन नहीं होता है। ऐसा समझना चाहिये। आगे वे फिर लिखते हैं कि इस कल्प के अनन्तर अर्थात् मुक्त जीव की जब मुक्ति की अवधि समाप्त होती है तो उस समय आवृति अर्थात् पुनरावृत्ति हो जाती है। इसका अभिप्रायः यह है कि अनावृति का अर्थ है कल्पानन्तर आना, पूर्व नहीं१७।

नवीन वेदान्ती यद्यपि ज्ञान होने पर जीव ब्रह्म ही बन जाता है, ऐसा मानते हैं परन्तु स्वामी शंकराचार्य जी यहां पर स्पष्ट रूप से यह मानते हैं कि कल्प के अनन्तर जीवात्मा मुक्ति से लौट आता है। इस विषय में वे छान्दोग्य उपनिषद के इस स्थल को स्पष्ट करते हुये लिखते हैं। स्थल इस प्रकार है --------- ब्रह्मलोक को प्राप्त हुये मुक्तात्मायें इस मानव आवर्त में फिर नहीं लौटते हैं। यहां संसार में घण्टी यन्त्र के समान जन्म मरण का चक्कर सदा लगा रहता है। जब तक उनका यहां लौटना नहीं होता जब वे ब्रह्मलोक में स्थित है१८। यहां अभिप्रायः यह है कि वह मुक्ति के मध्य में नहीं लौटते हैं। स्वामी शंकराचार्य जी भी इस प्रकार के भाव प्रकट करते हैं। जब तक ब्रह्मलोक स्थित मुक्त पुरुषों की रहती है उस समय तक उनका इस लोक में आगमन नहीं होता है१९। शेष भाव उपरोक्त वचन के अर्थ के समान ही है।

१३- जगद्व्यापारवर्जं प्रकरणादसंनिहितत्वाच्च (इस पर भाष्य) वे० (४।४।१७) जगदुत्पत्त्यादि व्यापारं वर्जयित्वान्यदक्षणिमाद्यैश्वर्यं मुक्तानां भवितुमर्हति जगद् व्यापारस्तु नित्यसिद्धस्येश्वरस्य।

१४- भोग मात्र साम्य लिंगाच्च। (वे० ४।४।२१)

१५- ते तेषु ब्रह्मलोकेषु पराः परावतो वसन्ति तेषां न पुनरावृत्ति। (बृ०६।२।१५)

१६-पराः परावतः प्रकृष्टाः समाः संवत्सराननेकान् वसन्ति। ब्रह्मणे नैकान् कल्पान् वसन्तीत्यर्थः तेषां ब्रह्मलोकं गतानां नास्ति पुनरावृत्ति। अस्मिन् संसारे न पुनरागमनं। (शांकर भाष्यम्)

१७-तस्मादस्मात्कल्पादुर्ध्वं आवृत्तिर्गम्यते। (उपनि० शांकर भाष्यम्)

१८-एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्तं नावर्तन्ते, तथा ब्रह्मलोकमभिसंपद्यते न च पुनरावर्त्तते (छा० ४।१५।५)

१९-यावद् ब्रह्मलोक स्थितिः तावत्तत्रैव तिष्ठति प्राक्ततो नावर्तत इत्यर्थः (शंकर)

उपरोक्त विवरण से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि जिन दर्शनकार और उपनिषद्कारों ने वापिस न आने का लिखा है उस का अभिप्राय: यह है कि जब तक मुक्ति अवधि है, तब तक मध्य में नहीं आते अपितु परान्त काल के पश्चात् मुक्ति से पुनरावर्तन होता है ।

इस प्रसंग में हम एक बात और कह सकते हैं कि मुक्ति एक अवस्था का नाम है । जब इसका प्रारम्भ होता है तो अन्त भी अवश्य ही होगा । जैसे सुषुप्ति एक अवस्था है । मनुष्य चाहे जितना भी सोये परन्तु अन्तत: वह एक सीमा के आगे नहीं सो सकता है । इसी प्रकार समाधि अवस्था, जाग्रत अवस्था आदि सभी सब काल में नहीं रह सकती । अत: फिर मुक्ति भी नित्य कैसे हो सकती है ?

बोध-रात्रि

श्री अशोककुमार विद्यालंकार,

अंचल में लाई अन्धेरी निशा यह भानुसम उजियारा ।
जिस ज्योति से चमक उठा यह फिर भूमण्डल सारा ।।
सत्य सिसकता था सड़कों पर, धर्म था बन्दी वेश में,
डाकू चोर लुटेरे मूर्ख थे, सन्तों के परिवेश में ।
ईश्वर-पूजा भूल चुके थे, अर्चित होते थे पाषाण ।
पाप-पुण्य, असली-नकली का भेद इसी ने उगारा ।।अंचल में . . .

पूज्य पिता से शम्भु शौर्य की मूल ने सुनी कहानी,
श्रद्धा भक्ति से हृदय भर गया, व्रत करने की ठानी ।
गया पिता संग रात्रि जागने, प्रभू भक्त वह मतवाला ।
पर इक मूषक से मूलशंकर को भेद खुल गया सारा ।।अंचल में . .

यही शिवरात्रि मूलशंकर को ऋषि दयानन्द बना गई,
असली-नकली शिव का बोधन, उर में उनके करा गई ।
अन्धविश्वास के भी तरु को, जड़ मूल से हिला गई ।
इसी रात ने दिया जगत को ऋषि दयानन्द न्यारा ।। अंचल में . .

आज हमारे हृदय मन्दिर में, फिर भी अन्धियारा छाया है,
भटक रहे हैं जीवन पथ में हम, मोह से प्रेम बढ़ाया है ।
जीवन लक्ष्य को सब पहचानें, आत्म प्रबोध हो जाये ।
मन-मन्दिर से नसे अविद्या, आलोकित हो हिय हमारा ।।
अंचल में लाई अन्धेरी निशा यह भानुसम उजियारा ।
जिस ज्योति से चमक उठा यह फिर भूमण्डल सारा ।।

प्रतिश्याय प्रतिषेध

डाक्टर क्रान्तिकृष्ण, आयुर्वेदालंकार, एम०ए०

सुश्रुत ने उत्तरतन्त्र के प्रतिश्याय प्रतिषेध अध्याय में प्रतिश्याय के जो हेतु बताये हैं, वे निम्न हैं। (१) नारी प्रसंग; अत्यधिक मैथुन करने से जीवनीय शक्ति तथा रोगनिरोधक शक्ति का ह्रास होकर दोष प्रकुपित हो जाते हैं। (२) शिर अभिताप; सिर में तेज धूप लगना या सिर में ताप लगना और इस कारण नासिका की श्लेष्मकलावर्ती रक्तवाहिनियों में रक्तसंकुलता पैदा होना और इस कारण नासाश्लेष्मकला में जलशोथ पैदा हो कर नासिका से श्लेष्मल स्राव होने की प्रवृत्ति हो जाती है। (३) नाक में श्वासग्रहण के साथ धूआँ तथा धूल का प्रवेश और इस कारण नासिका की श्लेष्मकला में संघट्टता और रक्तवाहिनिविस्तृति और जलशोथ की अवस्था पैदा होती है। (४) शीतल वस्तुओं के अति सेवन से; जैसे, गर्मियों में ज्यादा शीतल जल को अधिक मात्रा में पीना—हिमपेय (कोल्ड ड्रिंक)—आइसक्रीम का ज्यादा सेवन—पंखे की तेज हवा में देर तक सोना—पंखे की तेज हवा में रात भर सो कर सबेरे जब उठते हैं तो शिरोगौरव, उरोगौरव, छींकें आना, अंगमर्द, अंगशैथिल्य, रोमांचता ये पूर्वरूप प्रतिश्याय के पैदा हो जाते हैं। कलकत्ता-बम्बई-दिल्ली-अहमदाबाद में घोर मन्दर के अन्दर रहने वाले सेठ-साहूकार बन्द कमरे में पंखे की तेज हवा में रात भर जब सोते हैं तब शरीर से पसीना निकलना रुक जाता है। तब सबेरे उठते ही शिरोगौरव, उरोगौरव या मन्दज्वर लक्षण लेकर चिकित्सक के पास हाजिर होते हैं। शरत्काल में ओस में सोना; इससे भी सबेरे उठते ही अंगमर्द, शिरोगौरव, उरःस्तम्भ, उरोगौरव, छींकें आना ये लक्षण पैदा होते हैं। वर्षा की बौछार में भींगते रहना—वर्षा में भींगने के कारण गीले कपड़ों को पहने रखना—वर्षा से भीगे बिस्तरे पर सोना—इन कारणों से भी दोषों का अधिष्ठान नासिका की श्लेमकला में होकर प्रतिश्याय पैदा होता है। शरीर को असह्य, किन्तु धार्मिक कट्टरता के कारण सबेरे सबेरे गंगा में डुबकी लगा कर स्नान और उसके बाद छाती में जकड़ाहट, छाती में भारीपन, सिर में भारीपन, छींकें आना—ये लक्षण प्रतिश्याय के ही पूर्वरूप हैं। शीतऋतु में सबेरे या शाम को नंगे सिर घूमने निकलना या रात में सिर को खुला रखकर सोना; इससे प्रवात के कारण सिर में ठण्ड लग कर नासिका में प्रतिश्याय की सम्प्राप्ति होती है। मैदानवर्ती शहर के लोग जब पहले-पहल पहाड़ों पर या, पहाड़ों के निकटवर्ती शहर में आवास करते हैं तब वहाँ की आर्द्र-शीतल जलवायु में आवास की प्रकृति न होने से और खुले सिर में आर्द्रशीतल वायु का संयोग होते रहने से उनको शिरकपाल की अस्थियों के कोटरों की कलाओं में शनैः शनैः मृदु प्रदाह की अवस्था पैदा होने से शिर में सदा गौरव या कपाल में सदा कसावट जैसी प्रतीति होती है।—ऐसी अवस्था का निवारण करने के लिए सिर को वस्त्र से लपेट कर रात में सोना चाहिये और शीतऋतु में जब बाहर खुली हवा में घूमने निकलें तो सिर को खुला नहीं रखना चाहिये। (५) मल-मूत्र के वेग को रोकना; इससे भी दोष नासिका की श्लेष्मकलागत वाहिनियों में संघट्टता को पैदा करते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि श्वास संस्थान की ऊर्ध्व प्रणाली में जिन अवस्थाओं के कारण श्लेष्मकलागत वाहिनियों में संघट्टता—रक्तसंकुलता—जलशोथ-पाकशोथ पैदा होते हैं वे सब अवस्थायें प्रतिश्याय की सम्प्राप्ति में भाग लेते

हैं । इन हेतुओं से जब वातपित्त-कफ तथा रक्त ये दोष अलग-अलग रूप में या समस्त रूप में मूर्धा में संचित होते हैं और प्रकोपक हेतुओं से प्रकुपित होते हैं तब प्रतिश्याय पैदा होता है ।

पूर्वरूप-- (शिरोगुरुत्वं, क्षवथोः प्रवर्त्तनं, तथाङ्गमर्दः परिहृष्टरोमता । उपद्रवश्चाप्यपरे पृथक्विधाः नृणां प्रतिश्यायपुरः सराः स्मृताः सु० उ० अ० २४-५)

(१) शिरोगुरुत्व; नासिका में संक्रमण के कारण (तथा मूर्धा में दोष के चय से होने वाले स्रोतोरोध के कारण) पैदा होने वाले श्लेष्मकला के अधोवर्ती रक्तवाहिनियों की विस्तृति, और उस कारण श्लेष्मकला में संघट्टता, और तज्जन्य शोथ और कपालास्थियों के कोटरों में प्रारंभिक रक्तसंकुलता, सब अवस्थायें मिलकर शिर में गुरुता की प्रतीति कराते हैं। नासिकारन्ध्र से पतला श्लेष्मस्राव शुरू होने से पहले तक शिरोगौरव की प्रतीति होती रहती है और जिस क्षण ही नासिका से बून्द-बून्द पतला श्लेष्मस्राव होना शुरू हो जाता है उस क्षण से शिरोगौरव की प्रतीति अल्प होने लग सकती है, क्योंकि अवरुद्ध स्रोतों के संचित दोष स्राव के रूप में निकलने लगते हैं ।

(२) छींक आना; नासिका के अवरुद्ध स्रोतों में संचित दोषों में बाहर निकलने के लिए जब वेग पैदा होता है तब छींकें आनी शुरू होती हैं, इसीलिए छीकों का वेग अन्दर से बाहर की ओर होता है। छीकों के वेग के साथ श्लेष्मकलागत संचित दोष श्लेष्म-बिन्दुओं के रूप में बाहर खिंच आते हैं। छीकें आने से जब संचित दोष कुछ मात्रा में बाहर निकलते हैं तब शिरोगौरव की प्रतीति भी कम होने लग सकती है। पतला श्लेष्मस्राव सम्यक्तया होने लगे--इससे पहले छीकें आने का क्रम शुरू हो जाता है। छीकों के वेग के कारण अवरुद्ध स्रोत जब खुल जाते हैं तब पतला श्लेष्मस्राव निर्बाध रूप में होने लगता है, तथापि बीच-बीच में छींकें उत्पन्न करने से श्लेष्मस्राव पूरी तरह होने में सहायता मिलती है और शिर में लघुता की-सी प्रतीति का क्रम शुरू होने लगता है और नासिकावर्ती श्लेष्मकलागत संघट्टता की अवस्था में अल्पता आने का क्रम शुरू हो जाता है ।

(३) अंगमर्द; प्रतिश्याय में यद्यपि दोषों की विषमता-संचय-प्रकोप-प्रसार मूर्धा में विशेष रूप से होता है, तथापि दूरवर्ती अंगों तक भी प्रसार होता है जिस कारण पूर्वरूप में अंगमर्द प्रतीत होता है। शरीर में अवयवों की क्रिया परस्पर सहकार से संचालित होती है, अतएव, किसी एक अवयव की क्रिया में विषमता (विकार) पैदा होने से उसका प्रसार दूरवर्त्ती अवयवों तक होता है। फिर यहां प्रश्न उठता है कि प्रतिश्याय के पूर्वरूप में अंगमर्द ही विशेषतया क्यों होता है--अतिसार क्यों नहीं ? यद्यपि इस प्रश्न का समाधान जटिल है तथापि जिस प्रकार एक औषध अपनी विशेष क्रिया के लिए विशेष अवयव का ही वरण करता है उसी प्रकार एक रोग भी अपने पूर्वरूप या रूप को प्रकट करने के लिए किसी अवयव का वरण करता है. इसी को हम रोग का अधिष्ठान कहते हैं। फिर रोग का प्रसार उपद्रव के रूप में अन्य अवययों तक हो सकता है ।

कोई दो रोग--प्रतिश्याय या अतिसार-किसी एक ही सामान्य हेतु से--मिथ्या आहार से--पैदा हो सकते हैं; परन्तु पूर्वरूप तथा रूप को प्रकट करने के लिए अलग-अलग रोग अलग-अलग अधिष्ठान का वरण करते हैं भले ही दोनों रोगों का सामान्य हेतु एक ही हो । यहां अंगमर्द (अंगों का

पीड़न) प्रतिश्याय का एक सामान्य पूर्वरूप है—विशेष पूर्वरूप नहीं। क्योंकि प्रतिश्याय में दोषों के संचय प्रकोप का अधिष्ठान मूर्धा है, इसलिए मूर्धागत शिरोगुरुत्व तथा क्षवथु—येदो पूर्वरूप भावी प्रतिश्याय के रूप को प्रकट करने में समर्थ हैं, और इसलिए शिरोगुरुत्व तथा क्षवथु को प्रतिश्याय का विशेष पूर्वरूप माना जा सकता है।

(४) परिहृष्टरोमता; या रोमांच होना; या रोमहर्ष; कफ के संचय या प्रकोप के कारण शैत्य की प्रतीति के साथ रोमांच होता है कफ ज्वर के पूर्वरूप में भी रोमहर्ष, साथ में प्रतिश्याय होता है। कफ प्रकोप में गुरुता-शीतलता-रोमहर्ष-तन्द्रा-निद्राधिकता-स्रोतोरोध-मुखप्रसेक-अंगमर्द वगैरह लक्षण होते ही हैं। प्रतिश्याय में प्रधान दोष कफ तथा वात की शीतलता है।

भेद तथा दोषज रूप—(१) वातज प्रतिश्याय

(क) नासारन्ध्र बन्द, अतएव, श्वासग्रहण भी अवरुद्ध; नासिकागत श्लेष्मकला की संघट्टता तथा पाकशोथ के कारण नासामार्ग संकीर्ण हो जाता है।

(ख) तनुस्राव प्रवर्त्तिनी; नासारन्ध्र से अल्प पतला श्लेष्मस्राव होता है।

(ग) गल तालु ओष्ठ का शोष; यह वात की रूक्षता के कारण होता है।

(घ) शंखयोः निस्तोदः; शंख प्रदेश में तोद की-सी वेदना।

(ङ) स्वरोपघात; कण्ठस्वर का उपघात; स्वरभेद।

(२) पित्तज प्रतिश्याय

(क) पीतवर्ण उष्ण श्लेष्मस्राव नासिका से होता है।

(ख) रोगी का शरीर कृश-पाण्डुवर्ण तथा सन्तापयुक्त होता है।

(ग) तृष्णा से पीड़ित होता है।

(घ) घ्राण से सहसा धूमयुक्त अग्नि निकलती हुई-सी प्रतीत होती है।

(३) कफज प्रतिश्याय

(क) श्वेत शीतल श्लेष्मस्राव नासा से होता है।

(ख) रोगी देखने में शुक्लवर्ण लगता है।

(ग) शूनाक्ष; आँखो पर शूनता।

(घ) शिर मुख में गुरुता की प्रतीति।

(ङ) शिर-गल-तालु-ओष्ठ में कन्डू का अनुभव। कफ के शैत्य गुण के कारण रोमांच तथा कण्डू की प्रतीति होती है।

(४) संनिपातज प्रतिश्याय

इसमें सब पीनसों के लक्षण पैदा होते है। जब प्रतिश्याय पुराना पड़ जाय, और श्लेष्मा का स्राव नासिका से सदा होता रहे, और श्लेष्मस्राव घट्ट हो जाय तब पीनस होता है। पीनस में रोगी की नासिका सदा श्लेष्मस्राव के कारण आर्द्र रहती है, नासिका के रन्ध्र श्लेष्मा की घट्टता के कारण बन्द रहती हैं, और कभी नासिकामार्ग शुष्कप्राय होता है, नासारन्ध्र श्लेष्मस्राव के अभाव के कारण कभी खुले रहते हैं, और श्लेष्मस्राव संघट्ट होने के कारण कभी नासारन्ध्र बन्द मालूम होते हैं, श्वास-प्रश्वास में दुर्गन्ध होती है, और उसे नासिका से गन्ध की प्रतीति नहीं होती, यह दुष्ट प्रतिश्याय होता है, और कष्टसाध्य होता है। परिपक्व या अपक्व प्रतिश्याय जो बार-बार पैदा होता हो और शान्त हो जाता हो वह संनिपातज प्रतिश्याय होता है।

(५) रक्तज प्रतिश्याय

(क) लालवर्ण श्लेष्मस्राव नासिका से होता है। नासिकागत श्लेष्मकला में उग्र रक्तसंकुलता के कारण श्लेष्मस्राव वर्ण में लाल हो सकता है।

(ख) नेत्र भी लाल वर्ण के होते हैं।

(ग) यदि दोष का प्रसार फुफ्फुसों तक हो जाय, तो उरोघात की पीड़ा होती है।

(घ) श्वास में तथा मुख में दुर्गन्ध।

(ङ) उसे गंन्ध का ज्ञान नहीं होता।

(च) सूक्ष्म श्वेत स्निग्ध कृमि पैदा हो जाते हैं।

(छ) कृमिज शिरोरोग के समान लक्षण होते हैं (उग्रशिरोवेदना-शिर में कृमि संभक्ष्यमाण जैसी या स्फुटन जैसी प्रतीति--नासिका से रक्तयुक्त सलिलस्राव---शिरोभिताप)।

सामान्य रूप--शीत लगने, या जल में भींगने, या प्रवात के कारण पहले तो शरीर को ठण्ड महसूस होती है, फिर रोमांच-सा होता है। प्रायः नासा में सबसे पहला लक्षण--अवरोध की प्रतीति होती है। फिर शीघ्र ही नासिका की श्लेष्मकला में काँटे से चुभने की प्रतीति, और फिर उस कारण छींकें आने का क्रम शुरू हो जाता है। फिर श्लेष्मस्राव का क्रम शुरू हो जाता है। श्लेष्म-स्राव पहले तो श्लेष्मल होता है, लेकिन बारह घण्टों के भीतर पूयश्लेष्मल हो जाता है जिस स्राव के संघर्ष के कारण नासाग्रन्ध्रद्वार की त्वचा से छिलके उखड़ने लगते हैं। स्वाद की संज्ञा तथा घ्राण की संज्ञा के ज्ञान में भी बाधा होने लगती है। ग्रसनिका तथा गलशुण्डिकाओं में भी पाकशोथ होता है और वहाँ भी कफ स्राव पैदा होता है। कण्ठ में पाकशोथ हो जाय, तो स्वर में उपघात पैदा होता है। श्वासनली (ट्रैकिआ) में पाकशोथ हो जाय, तो कफ निष्कासन पीड़ा-युक्त विशेषतया रात्रि में--होता है और उरः फलक के पीछे पाकशोथ तथा पीड़ा होती है। लक्षण मुख्यतया श्वाससंस्थान तक सीमित रहते हैं। सार्वदैहिक कष्ट प्रायः अल्प होता है तथापि देशप्रसारी प्रतिश्याय में ४८ घण्टे के लिए १०२ फा० तक ज्वर हो सकता है, और फिर पृष्ठ में अंगों में शैथिल्य तथा पीड़न की प्रतीति हो सकती है। शनैः-शनैः प्रतिश्यायज पाकशोथ शान्त होने लगता है, और रोगी प्रायः चार दिनों या सात दिनों में रोगमुक्त हो जाता है।

उपद्रव--यदि प्रतिश्याय का प्रतिकार न किया जाय, तो वह दुष्ट पीनस का रूप धारण कर लेता है। तब दुष्ट पीनस के कारण उपद्रवों में (१) बधिरता,) (२) अन्धता,) (३) घ्राणनाश, (४) अन्य नेत्ररोग,) (५) कास,) (६) अग्निसाद, (७) शोफ--मुख्यतः होते हैं।

प्रतिश्याय के परिणामस्वरूप उत्तरकालज संक्रमण होकर उपद्रव पैदा हो सकते हैं। नेत्र श्लेष्मकला पर शोथ नासारन्ध्रद्वार पर पाकशोथ के कारण छालों की उत्पत्ति होती है। कपालास्थियों के कोटरों में पाकज पूय की उत्पत्ति, मध्यकर्ण में पाक पूय की उत्पत्ति, श्वासनलिका पाक, श्वासनलिका फुफ्फुस पाक हो सकता है। अधिक उपेक्षा करने से फुफ्फुसयक्ष्मा हो सकता है।

चिकित्सायुक्ति--प्रतिश्याय में वात तथा कफ दोष की प्रधानता होती है। अतः वात-कफ-नाशक क्रिया विशेषतया करनी चाहिए।

चिकित्सासूत्र तथा चिकित्साक्रम

(१) आमदोष का पाचन; प्रतिश्याय में कफ प्रकोप के कारण आमदोष की वृद्धि और आमदोष की वृद्धि के कारण स्रोतोरोध-गौरव-अरोचक होते हैं। अतः नवीन प्रतिश्याय आमदोष की वृद्धि के कारण अपक्व होता है, उसमें आम को पक्व करने के लिए पहले (क) लंघन, (ख) स्वेदन, (ग) उष्ण

तीक्ष्ण-रूक्ष औषध-आहार-विहार। (घ) कटु रस का सेवन। (ङ) वात-कफ-नाशक क्रिया। (च) दीपन, अग्नि को दीप्त करने वाली क्रिया। (छ) पाचन, दोष का पाचन करे (छर्दि-अंगसाद-ज्वर-गौरवार्त्तम्, अरोचक-अरति-अतिसारयुक्तम्, विलंघनैः पाचनदीपनीयैः उपाचरेत् पीनसिनं यथावत्—सु० उ० अ० २४—२६)। वमन-अंगमर्द-ज्वर-गौरव-अरोचक-अरति-अतिसार लक्षणों से युक्त प्रतिश्याय में लंघन-दीपन-पाचन क्रियाओं से चिकित्सा करे। (ज) तीक्ष्ण शिरोविरेचन, निवात गृह में शयन-आसन, प्रवात रहित स्थान में विहार; शिर को गुरु उष्ण वस्त्र से लपेटना; उष्ण वातावरण में आवास; रूक्ष अन्न-जौ-हरड़ का सेवन (निवात-शय्या-आसन-चेष्टनानि; मूर्ध्नो गुरूष्णं च तथैववासः तीक्ष्णा विरेकाः शिरसः सधूमाः, रूक्षं यवान्नं विजया च सेव्या—सु० उ० अ० २४—)। (झ) दोषों को देख कर विरेचन-आस्थापन-धूम-नस्य-कवलग्रह का प्रयोग।

(२) सुपाचित आम का निर्हरण; पहले कफ को विलन्न करके वर्धन करे; इसके लिए (क) घृतपान कराए, और प्राचीन गुड़ के योगों से आम को विलन्न करके स्वस्थान से विचलित करे। (ख) वमन; जब आम का सम्यक् पाचन हो जाय, और दोष स्वस्थान से चलायमान हो जाय तब उसको वमन द्वारा सुगमतापूर्वक निकाले (नवं प्रतिश्यायम् अपास्य सर्वमुपाचरेत् सर्पिष एवं पानैः, स्वेदैः, विचित्रैः वमनैश्च युक्तैः, कालोपपन्नैः अवपीडनैश्च—सु० उ० २४—१८)। (ग) शिरोविरेचन; सिद्ध घृतों तथा तैलों से नस्यकर्म कराए ताकि पक्व, घन, लटकनेवाला कफ नस्य के द्वारा स्वस्थान को छोड़कर बाहर खिंच आए और स्रोतोरोध दूर हो कर श्वास का आवागमन सुविधापूर्वक होने लगे (पक्वं घनं च अपि अवलंबमानं शिरोविरेकैः अपकर्षयेत् तम्) (घ) कवलग्रह; उष्ण-तीक्ष्ण कटु-तिक्त कषायों के क्वाथ का कवलधारण करे ताकि कण्ठस्थित पक्व कफ चलायमान हो कर कवल में मिलकर बाहर निकल जाय। नव प्रतिश्याय में लवणयुक्त उष्ण क्वाथों के कवले द्वारा कण्ठ में स्थित आम को पक्व विलन्न तथा चलायमान करे।

चिकित्सा—प्रथम अवस्था में जब कि नासिका मार्ग तथा कण्ठमार्ग में रोध की प्रतीति हो तब दस मिनट तक अग्रेलिखित योग का आध्राणन कराए। क्वथित जल ३।४ पाइण्ट, शीत जल १।४ पाइण्ट, टिंचर बेंजोइन को० ६० बून्द, मैन्थोल २ग्रेन, किसी जग में डाल कर इसके भाफ का आध्राणन (नस्य) कराएँ और रोगी को हवा का झोंका न लगने दें, क्योंकि इसके भाफ की उष्णता से स्वेदन होता है—स्वेदन के बाद हवा का झोंका नहीं लगना चाहिए। एसपिरीन तथा डोवर्स पाउडर दें, ताकि इससे स्वेदन हो। उष्ण पेय दें। उरःस्थल पर उष्ण सेंक करें ताकि अन्दर श्वासनलिका में और कन्ठ में सेक की उष्णता से कफ का विम्लापन हो और उरःस्तम्भ-उरोगौरव तथा कण्ठ में स्वरभेदा का लक्षण शान्त हो सके।

(१) वातिक प्रतिश्याय में पंचलवण से सिद्ध घृत, या विदार्यादि गण से सिद्ध घृत को पीए। अर्दित रोग में कथित नस्य आदि की विधि को चिकित्सा रूप में प्रयुक्त करे। गोघृत से नस्य करे।

(२) पित्तज, रक्तज प्रतिश्याय में (१) घृतपान काकोल्यादिगण से सिद्ध घृत को पीए। शीतल परिषेक, शीतल प्रदेह करे। लालचन्दन, प्रियंगु मधु, द्राक्षा, गिलोय, गाजवाँ, गंभारी, मुलहठी, राल—इनसे सिद्ध घृत को पीए।

(२) मधुर द्रव्यों के कषाय के कवल का प्रयोग करे । (३) विरेचन दे । (४) नस्य; धवत्वक्-त्रिफला-श्यामातिल्वक-मुलहठी-गंभारी-हल्दी और दस गुना दुग्ध --इनसे तैल सिद्ध करके निराम हो जाने पर पित्तज रक्तजप्रतिश्याय में नस्य कर्म करे।

(३) कफज प्रतिश्याय में घृत से (१) स्नेहन कर्म करके तिल-उड़द से साधित यवागू से (२) वमन कराए। वमन सम्यक्तया होने के बाद कफ़घ्न अन्नों द्वारा (३) संसर्जन विधि को करे । बला-अतिबला, कटेरी, बड़ी कटेरी, वायविडंग, त्रिकटु, अपराजितामूल, गंभारी, पुनर्नवा--इनसे साधित तैल द्वारा (४) नस्यकर्म करे। चीड़, चिरचिटा, देवदारु, दन्ती, हिंगोट,--इनसे बनायी वर्ति का प्रयोग विधिपूर्वक (५) धूमपान के रूप में करे ।

(४) संनिपातज प्रतिश्याय में कटुतिक्त द्रव्यों से सिद्ध घृत, तीक्ष्ण धूम, कटु औषधों का उपयोग करे। रसौत, अतीस, मुक्ता, देवदारु से सिद्ध तेल द्वारा नस्यकर्म करे। मुक्ता, तेजबल, पाठा, कट्फल, कटुकी, बच, सरसों, पिप्पली मूल, पिप्पली, सेंधव, चित्रक, तुत्थ, करंबीज, सेंधव, देवदारु,--इनके कषाय का कवल बरते, और इनसे सिद्ध तैल द्वारा शिरोविरेचन करे ।

सामान्य औषध --(१) त्रिकटु चूर्ण, (२) व्योषादि, चूर्ण, (३) सितोपलादि चूर्ण--कुरंग शृंग भस्म, (४) पंचकोल चूर्ण (वातकफनाशक), (५) व्याध्री हरीतकी अवलेह अनुपान--उष्ण पेय; (६) चित्रक हरीतकी अवलेह--उष्ण पेय--अनुपान- (७) च्यवनप्राशावलेह, (८) लक्ष्मी विलास रस, (९) कफकेतु रस, (१०) त्रिभुवनकीर्ति रस, (११) षड्बिन्दु तैल नस्य (१२) मधुयष्ट्यादि क्वाथ।

अपथ्य--शीतल जल, शीतल वायु, स्त्रीसंग, शिर का भींगना, चिन्ता, शोक, पर्युषित रूक्ष अन्न, वेगों को रोकना, नूतन मद्य, गुरु द्रव्य, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, स्वीट्स, लेमूचूस, टॉफी, अचार, इमली, खट्टे द्रव्य, मिष्टान्न--इनको त्याग दें । --०--

अमृत कण

मन की संकीर्ण चौड़ाइयों से ऊधर उठकर वे जगत् विशाल के क्रम को जानेंगे, तथा सत्य महत् बृहत् में प्रवेश पायेंगे। तुम उन्हें प्रच्छन्न शाश्वत भावों को प्रकट करोगी तथा अभी तक अप्रकाशित असीम तत्वों का प्रभाव प्रस्तुत करोगी । उस आनन्द को जिसने जगत् का सृजन किया तथा प्रभु की सर्वशक्तिमत्ता के कुछ आवेश को तथा सर्वज्ञ रहस्यमय सत्ता के प्रकाश को भी प्रदान करोगी। परन्तु जब भगवान् का शुभ मुहूर्त निकट आयेगा तब शक्तिशाली जगन्माता काल के जगत् में जन्म लेगी और भगवान् मानव शरीर में प्रकट होंगे, उन स्वरूपों में जिन्हें तुम्हारे मानव जन्मों ने तैयार कर रखा होगा । तब मानव को परम सत्य प्रदान होगा ।

बन्धनकारी सीमाओं से मुक्त हुई तब एक शक्ति उठेगी, इस का शिखर मृत्यु के भक्षणकारी क्षेत्र के ऊपर चला जायगा और जीवन अपने उच्चतर स्तर पर अमर भावनाओं से उद्दीप्त हो उठेगा तथा प्रकाश नम्न स्तर के अन्धकार में प्रवेश कर जायगा । तब काल के विकास-क्रम द्वारा सब वस्तुएं एक व्यवस्था में आ जायेंगी। सौन्दर्य और आनन्द इस जीवन को नवनिर्मित कर देंगे और शरीर भी भगवान् को स्मरण करने लगेगा ।

--श्री अरविन्द

गुरुकुलषट्कम्

(१)

कुलं गुरूणां गुरुतायुतानां
सद्भावसत्कर्म विभूषितानाम् ।
सु संस्कृतं वेदपवित्रमन्त्रै-
स्तभोहरैर्ज्ञान शुचि प्रदीपैः ।।

गुरुता से युक्त, सद्भावों तथा सत्कर्मों से विभूषित गुरुओं का यह कुल, ज्ञान के पवित्र एवं कान्तिमय प्रदीपरूप वेद के पवित्र मन्त्रों से सुसंस्कृत है ।

(२)

शिष्या विनीता गुरुभिः प्रणीता
व्यक्तित्व सौभाग्य सुभव्य नेत्राः।
राष्ट्रस्य सेवा जगतो हितं च'
तिष्ठेत् सदा जीवन लक्ष्यमेतत् ।।

गुरुकुल में गुरु शिष्यों का पथ-प्रदर्शन करते हैं शिष्य वे अनुशासित एवं नम्र हैं, इनके नेत्र व्यक्तित्व की सुन्दरता व समृद्धि से सुभव्य हैं। 'राष्ट्र की सेवा और जगत् का हित' सदा यह जीवन का लक्ष्य रहे ।

(३)

ज्यायान् कनीयांस्तु भवेद्धि कश्चित्
सर्वे हि नीडैक्यधियो वसेम ।
प्राप्यात्र शिक्षां शिवसाम्यदीक्षा-
मैकात्म्यदृष्ट्या प्रणयं भजेम ।।

चाहे कोई छोटा हो या बड़ा हम सब ऐसे मिल कर रहे हैं जैसे कि पक्षियों का परिवार एक घोसले में । इस गुरुकुल में शिक्षा मंगलमय साम्य की दीक्षा को प्राप्त करके, ऐकात्म्य दृष्टि रखते हुए परस्पर प्रेम से रहें ।

(४)

बद्धैक सूत्रं गुरुभिः कुटुम्बं
परस्परं भावन सिद्ध मन्त्रम् ।
सर्वोपकारैर्विततान्तरं सद्
वन्दितमानन्दितमस्तु लोके ।।

इस कुल को गुरुओं ने एक सूत्र में बांधा है और इसे परस्पर कल्याण करने का सिद्ध मन्त्र दिया है । यह कुल सबका उपकार करने के द्वारा विस्तृत (उदार) हृदय वाला होता हुआ लोक में वन्दित और आनन्दित हो ।

(५)

जयतु गुरुकुल काङ्गडी
परिवार इह लोके सदा ।
वेद संस्कृति मन्त्र पूतैर्ब्रह्मचारिगणैर्मुदा ।
जयतु सौहृदभावना संसारमंगल कामना,
भोगयोग समन्वयात्मा
भवतु मनुजः शुचिमनाः ।।

वैदिकसंस्कृति तथा वैदिक मन्त्रों से पवित्र ब्रह्मचारिगणों के साथ यह गुरुकुल कांगड़ी परिवार इस संसार में सदा आनन्द से विजय को प्राप्त करे । सौहृद की भावना और संसार की मंगल कामना की जय हो । मनुष्य भोग और योग का समन्वय करने वाला और पवित्र एवं कान्तिमय मन वाला हो ।

(६)

दयानन्दः स्वामी जयतु
शुचिचितः श्रुतिपरः ।
मुनिः श्रद्धानन्दो जयतु
गुरुदीक्षा व्रत परः ।।
ऋषीणां वेदानां जयतु
शुभ सन्देश सरणिः ।
शिवै र्योगैर्योगी भजतु
नव भोगान् हि मनुजः ।।

वेदमय, पवित्र मन वाले स्वामी दयानन्द की जय हो गुरु से प्राप्त दीक्षा तथा व्रत में तत्पर मुनि श्रद्धानन्द की जय हो । ऋषियों के वेदों के शुभ संदेशमय मार्ग की जय हो । योगी मनुज कल्याणमय योगों के द्वारा नये नये भोगों को प्रदान करे ।★

—सत्यभूषण योगी

गुरुकुल की यज्ञस्थली से (२)

गुरुकुल में त्रिमूर्ति का आगमन

बलभद्र कुमार

गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार, पूण्यभूमि। ५फरवरी १९७६, बसंत पंचमी।

"भद्र!" मैं अपरिचित स्वर में अपना नाम सुन कर चौंका। इधर उधर देखा। कोई नजर नहीं आया। फिर आवाज आई "भद्र! भद्र!" इस नाम से मुझे या तो पूज्य पिताजी बुलाते थे, या फिर आदरणीय मास्टरजी। आवाज सामने से आ रही थी। मैंने घूर कर सामने की ओर ताका। यह क्या? वह तो सामने की ओर से हाथ में डण्डा लिये, सिर पर पगड़ी धारे पूज्य पिताजी चले आ रहे हैं। साथ में उनके दो अन्य सज्जन हैं। एक संन्यासी वेश में। वह भी दण्ड धारी और तीसरे बन्द गले के कोट पर दुपट्टा धारे। मैंने पिताजी की चरण रज ली। अरे, यह संन्यासी तो साक्षात् स्वामी श्रद्धानन्द जी हैं। मैंने उनकी भी चरण रज ली और यह तीसरे पुरुष? पिताजी मुस्करा कर बोले इन्हें नहीं पहचानते? यह सुविख्यात आचार्य रामदेव जी हैं। तभी उनका सौम्य चित्र जो मैंने पिछले दिनों दमयन्ती बहिन के यहां देखा था मेरी आंखों के आगे घूम गया। मैंने नत मस्तक होकर उनका पांव लागन किया।

तब स्वामीजी बोले, "बेटे हम यहां पर हर बसन्त पंचमी पर आते हैं। इधर कई वर्षों से तुम लोगों का आना नहीं हुआ। इस वर्ष हमें बहुत अच्छा लगा कि तुम लोग आ गये। गंगा की बालू में बच्चों की कबड्डी, कुश्ती आदि क्रीड़ायें देख कर बहुत ही अच्छा लगा।"

रामदेवजी बोले, इसवर्ष तो आपके साथ धर्मदेव जी भी हैं, अर्जुनदेवजी भी हैं। तुमने इनके संस्मरण सुने? "हां जी, "मैंने श्रद्धा से सिर झुकाते हुये कहा।

"बेटा" पिताजी बोले, "अभी तो हमारे पास समय नहीं है। हमें जल्दी ही आगे प्रस्थान करना है। यह लो हम तीनों ने मिलकर एक प्रश्नावली बनाई है। तुम इन प्रश्नों के उत्तर अपने आचार्यगण, विद्यार्थियों एवं प्रशासकों से प्राप्त करो। हर सही उत्तर के दो अंक हैं। यदि ४५ से ऊपर अंक आये तो गुरुकुल उत्तम श्रेणी की संस्था है। यदि ३० के ऊपर आये तो मध्यम श्रेणी की। अन्यथा गुरुकुल की दशा चिन्तनीय है। अपना परीक्षाफल स्वयं ही निकाल लो। हम बैशाखी के मेले पर फिर आयेंगे। हम तुम से परीक्षाफल मागेंगे। यह कहते ही पूज्य पिताजी ने प्रश्नावली मेरे हाथों में थमा दी। स्वामी श्रद्धानन्द जी बोले, "बेटा, तुमने इन्द्र की पुस्तक "मेरे पिता" में पढ़ा ही है कि गुरुकुल की रक्षा कीजाय ऐसी वसीयत मैंने अपनी महासमाधि से एक दिन पहले की थी। मेरी यह वसीयत गुरुकुल पत्रिका के सम्पादक भगवद्दत्त जी ने दिसम्बर १९७५ के श्रदानन्द अंक में छापी भी है। देखना कि तुम लोग इसे कहां तक निभाते हो। हमारे आशीर्वाद तुम्हारे साथ हैं। इतना कहते ही तीनों मूर्तियां अन्तर्धान हो गई।

मैं प्रश्नावली लेकर पुण्यभूमि के प्रांगण की ओर चल पड़ा, जहां आचार्य धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड के सान्निध्य मे आचार्य कुल की बैठक हो रही थी।

मैंने वह प्रश्नावली आचार्य हरगोपालसिंह जी को थमा दी।

अब हमें बैशाखी पर त्रिमूर्ति के समक्ष अपना परीक्षाफल समर्पित करना है।

प्रश्नावली --

१) क्या स्वागताध्यक्ष चुस्त है ?

२) क्या नवागन्तुकों का स्वागत स्नेह और प्रेम से होता है?

३) क्या उनकी सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखा जाता है ?

४) क्या उन्हें गुरुकुल की संस्थाओं को दिखलाने का यथेष्ट प्रबन्ध है ?

५) क्या गुरुकुल में प्रातः सांय वेद-ध्वनि सुनाई देती है ?

६) क्या गुरुकुल के सभी ब्रह्मचारी, आचार्य प्रातः व्यायाम में भाग लेते हैं ? विशेषकर वे जो कैम्पस में रहते हैं ?

७) क्या वे प्रातः सन्ध्या हवन में भाग लेते हैं ?

८) क्या आश्रम, कैम्पस, गुसलखाने, टट्टियां, स्वच्छ, सुन्दर हैं ? क्या जहां तहां फुलवाड़ियां लगी हुई हैं ? क्या ब्रह्मचारियों के कमरे स्वच्छ हैं ?

९) क्या उनके कपड़े, दांत, नाखून, केश यथेष्ट रूप से स्वच्छ हैं ?

१०) क्या उनको भोजन अच्छा एक समान मिलता है ?

११) क्या भोजनालय स्वच्छ, सुन्दर है? क्या वहां पुष्प आदि के गुलदस्ते लगे हैं ?

१२) क्या पढ़ाई ठीक समय पर शुरू हो जाती है ? क्या क्लासों में हाजरी पूरी होती है?

१३) क्या कोर्स वक्त पर समाप्त हो जाते हैं ?

१४) क्या ब्रह्मचारियों को दस्तकारी सिखलाई जाती है ? वर्कशाप कैसा चल रहा है ?

१५) क्या उनको धनुर्विद्या, आयुर्विद्या, योग, घुड़सवारी, संगीत, आदि सिखलाये जाते हैं ? क्या कोई हॉबी विकसित करने का प्रयत्न किया जाता है ?

१६) क्या शाम को खेलों में सभी ब्रह्मचारी भाग लेते हैं ? क्या अध्यापकगण भी उनके साथ रहते हैं ?

१७) राष्ट्रीय खेलों में ब्रह्मचारियों की क्या उपलब्धियां हैं ?

१८) क्या पुस्तकालय का उचित प्रयोग हो रहा है ? कितनी पुस्तकें ब्रह्मचारी आचार्यगण प्रतिदिन । सप्ताह । मास में पढ़ कर लौटाते हैं ?

१९) गुरुकुल से कितनी पत्र पत्रिकायें साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक निकाली जाती हैं ? क्या प्रेस ठीक चल रहा है ?

२०) क्या वैदिक मैगजीन पुनर्जीवित करने की योजना है ? क्या आचार्यगण लेखादि द्वारा वैदिक विचारधारा के प्रसार का प्रयत्न करते है ? उनकी उपलब्धियों का वर्णन करें ।

२१) क्या आचार्यगण आकाशवाणी, टी०वी० अथवा अन्य संस्थाओं द्वारा यदा कदा आमन्त्रित किये जाते हैं ?

२२) क्या गौशाला से कुछ लाभ होता है ?

२३) क्या फार्म से कुछ लाभ होता है ?

२४) क्या गुरुकुल की संस्थायें इर्द गिर्द के लोगों, गावों की सेवा में तत्पर हैं ?

२५) श्रद्धानन्द मिशन की क्या गतिविधियां हैं ?

२६) क्या गुरुकुल की संस्थाओं के वार्षिक प्रतिवेदन वक्त पर तैयार, प्रकाशित हो जाते हैं?

२७) क्या गुरुकुल की आर्थिक संस्थाओं के प्रतिवेदन वक्त पर तैयार प्रकाशित हो जाते हैं?

२८) गुरुकुल में पारस्परिक (आचार्य, शिष्य, अभिभावक, प्रशासक) स्नेह, स्वाध्याय स्वावलम्बन, योग उद्योग, सहयोग, का वातावरण है ?

२९) क्या गुरुकुलीय संस्थाओं द्वारा वसूली की रकमें जरूरत से ज्यादा समय तक लोगों के पास रुकी तो नहीं रहतीं ?

३०) क्या गुरुकुल के जिम्मे अदायगी की रकमें जरूरत से ज्यादा समय तक रुकी तो नहीं रहती?

—०—

गुरुकुल समाचार

महावीर 'नीर' विद्यालंकार, एम.ए. (हिन्दी व इतिहास)

ऋतु रंग

पीली सरसों भर रही रंग, फूला प्रकृति का अंग अंग ।
जाड़े का देखो हुआ अन्त, छाया 'कुल' में अब मधु-वसंत ।।
बहती जीवन में नव तरंग, गुन-गुन करते चहुं ओर भृंग ।
कुलवासी प्रमुदित है अनन्त, छाया 'कुल' में अब मधु-वसंत ।।

फरवरी मास के लगते ही वातावरण में अनेक परिवर्तन होते रहे । मास के प्रथम सप्ताह में सम्पूर्ण हरिद्वार-क्षेत्र कोहरे की धुंधली परत से ढका रहा । शीत की अति प्रबलता रही । मेघ-समूह से आकाश प्रायः आच्छादित रहा । वैसे मास के अन्त में बूंदा-बांदी हो जाने से एक ओर आकाश निर्मल हो गया तो दूसरी ओर पाले से लुटे-पीटे वृक्ष धुल-धुलाकर स्वच्छ आभा दिखाने लगे । ऋतु ने सर्वत्र वासन्ती रंग उड़ेल दिया । प्रकृति अपने रमणीय भाव की ओर अग्रसरित हो उठी । धूप में बैठना अप्रिय प्रतीत होने लगा । कुलीय खेतों में गेहूं की फसल लहलहा उठी । सरसों के पीले-पीले फूल ऋतु में नया रंग भरने लगे । गेंदा और गुलाब गमकते महकने लगे । टेसू ने भी अपने प्रिय ऋतुराज की अगवानी में पीत-पांवड़े बिछा दिये । सर्वत्र नव जीवन का सञ्चार दिखाई देने लगा । लौकाट वृक्ष फूल उठे । कहीं-कहीं आम्र-डालियों पर बौर दिखाई देने लगा । पत्र-विहीन शहतूत वृक्ष भी झूम उठे। कुल में शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से स्थैर्य और उत्साह की भावनायें प्रस्फुटित होने लगी। विविध क्रीड़ा-कलापों से वातावरण गतिमय रहा । शिक्षक और छात्र वर्ग अध्ययन व अध्यापन की ओर अभिमुख हो उठा । ठण्ड के आधिक्य से प्रभावित जीव-जन्तु जो न जाने कहां सिमट गये थे, अब दृष्टि-गत होने लगे । मधुमक्षिकायें मधु की खोज में पुष्पों पर डोलने लगी कुल में प्रातः सायं पक्षियों का कलरव नयी सौन्दर्य सृष्टि कर उठा, किन्तु कौओं की कांव-कांव का कर्णकटु स्वर भी वातावरण को अप्रिय सा करता रहा । कुल में प्रत्येक 'ऊषाकाल "उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्यवरान्निबोधत" का सन्देश देकर उत्साह और प्रफुल्लता की रसवन्ती धाराओं में छलक उठा । ऋतु परिवर्तन से खांसी-जुकाम के रोग उभरने लगे । यत्र-तत्र मक्खियों व मच्छरों की गुन-गुन व भिन-भिन सुनी जाने लगी।

विद्यालय-विभाग

विद्यालय-विभाग में अध्ययन और अध्यापन का कार्य सुचारु-रूपेण चलता रहा । आश्रम-व्यवस्था श्री विजयकुमार जी के नेतृत्व में भली प्रकार चलती रही । विद्यालय-चिकित्सालय के. डा० श्याम



मलखम्भ पर सिद्धासन



स्तूप निर्माण चित्र सं० ३



स्तूप निर्माण चित्र सं० ४

मलखम्ब पर स्तूप निर्माण चित्र सं० ५

नारायणसिंह जी का भण्डार आदि का निरीक्षण एवं सफाई आदि का व्यवस्थापन चलता रहा। छात्रों ने अनेक बार समीपस्थ शिवालिक आंचल की यात्रा की। योगासन एवं पी० टी० का सामूहिक कार्य-क्रम चलता रहा। बसंत पंचमी पर सभी ब्रह्मचारी गंगा पार पुण्य-भूमि में गये। ब्रह्मचारी स्वस्थ तथा प्रसन्न हैं।

वीर छात्रों ने अजगर पकड़ा:--विद्यालय के लगभग ९० छात्रों के एक दल ने १-२ फरवरी को हिमालय के घोर वनों में एक बड़े अजगर को पकड़ने के लिए अभियान किया। सभी किशोर छात्र उत्साह पूर्वक बढ़ते ही चले गए। बारह मील जाने पर एक गुफा में एक छोटे अजगर को बैठा पाया। बड़ी कुशलता से उसे पकड़ कर, बांधकर गुरुकुल लाये। जिसे देखकर आश्रम-वासी अनेक छोटे छोटे छात्र भयमिश्रित प्रफुल्लता से चहक उठे। इस अभियान में वन-भ्रमण संघ के अध्यक्ष श्री पं० हरिवंश जी वेदालंकार (विद्यालय-विभाग) ने ब्रह्मचारियों का दिशा निर्देशन किया।

मुख्याध्यापक-साक्षात्कार:--१ फरवरी को विद्यालय-विभाग के मुख्याध्यापक पद के लिए अनेक प्रत्याशियों का साक्षात्कार श्री कुलपति जी, श्री आचार्य जी, श्री सहायक मुख्याधिष्ठाता जी ने लिया। मुख्याध्यापक पद पर किन महानुभाव की नियुक्ति की गई है अभी यह ज्ञात नहीं हो सका। इस समय श्री तिलकराज जी कार्य कर रहे हैं।

अध्यापक वर्ग की बैठक--१० फरवरी को कुलपति श्री बलभद्रकुमार जी ने विद्यालय अध्यापकों की एक बैठक की। सभा में उपस्थित सभी अध्यापकों से विद्यालय की प्रगति-सम्बन्धी परिचर्चा हुई। सभा में स० मुख्याधिष्ठाता श्री धर्मवीर जी विद्यालंकार भी उपस्थित रहे।

'ध्रुव' के सम्पादन की योजना--विद्यालय-विभाग के छात्रों में लेखन सम्बन्धी विविध प्रतिभाओं के प्रस्फुटन के लिए सुयोग्य अध्यापक श्री विजयकुमार जी तथा उत्साही युवक अध्यापक श्री अरविन्द कुमार जी के सम्पादन में हस्तलिखित 'ध्रुव' नाम की पत्रिका के प्रकाशन की योजना बनाई बनाई गयी। साथ ही एक 'आचार्य कुल' की भी स्थापना हुई। वैदिक सिद्धान्तों की जानकारी के लिए 'सत्यार्थ प्रकाश' आदि ग्रन्थों के अध्ययन की आवश्यकता पर भी विचार किया गया।

संरक्षक सभा की बैठक:- १ फरवरी को विद्यालय-प्रांगण में संरक्षक सभा की आवश्यक बैठक हुई। भोजन-सम्बन्धी, अनुशासन सम्बन्धी, वेषभूषा सम्बन्धी, शिक्षा-सम्बन्धी विषयों पर विचार हुआ। संरक्षक सभा के प्रधान एवं मन्त्री ने ब्रह्मचारियों के साथ शिवालिक आंचल की यात्रा भी की।

शिक्षकेतर कर्मचारियों की बैठक

दिनांक २-२-७६ को कुल के मान्य कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी ने संस्था के शिक्षकेतर कर्मचारियों की एक सभा बुलाई। इसमें सभी अधिकारी-गण सर्व श्री आचार्य डा० रामनाथ जी वेदालंकार, डा० गंगाराम जी (कुल सचिव), पं० धर्मवीर जी विद्यालंकार (स० मुख्यधिष्ठाता) कन्ट्रोलर एस. वी. वोहरा भी उपस्थित थे। कुलपति जी ने पांडिचेरी व पवनार की व्यवस्था के उदाहरण देते

हुए कर्मचारियों से अपने कार्य में परिश्रम करने का आह्वान किया। तथा कर्मचारियों की कुछ समस्याओं को सुना। कर्मचारी संघ के महामन्त्री श्री साधुराम जी ने वेतन सम्बन्धी और मंहगाई भत्ते सम्बन्धी बातें समस्त अधिकारियों के सामने प्रस्तुत की। कुलपति जी ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही वेतनमान, महंगाई आदि लागू करवाने का प्रबन्ध किया जाएगा तथा ऐसी भी व्यवस्था की जा रही है जिसमे कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलने में कोई कठिनाई न हो।

छायावाद पर विशेष वार्ता

२-२-७६ को आकाशवाणी से गुरुकुल के सुयोग्य स्नातक तथा शिवाजी कालेज दिल्ली में हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डा० वीरेन्द्रकुमार जी विद्यालंकार 'बडसूवाला' जी छायावाद पर विशेष वार्ता प्रसारित हुई। डा० वीर जी ने छायावाद के सभी पक्षों पर सुन्दर विवेचना प्रस्तुत की।

पुण्य-भूमि में वसन्त-बहार

५ फ़रवरी को प्रभात की स्वर्णिम बेला में समस्त कुलवासी व ब्रह्मचारी गंगा की दोनों शीतल धाराओं को पार कर गुरुकुल की पुरानी-भूमि में वसन्तोत्सव मनाने पहुंचे। वहां का शांत वातावरण पक्षियों की चहचहाट और ब्रह्मचारियों के कनखों से मुखरित हो उठा। कुलवंदना और कुलगीत के पश्चात् गंगा की सुरम्य रेती पर कबड्डी का हुड़दंग हुआ। तदनन्तर,वरिष्ठ स्नातक श्री पं० विद्यानिधि जी सिद्धान्तालंकार की अध्यक्षता में संगीत-गोष्ठी एवं संस्मरण सभा का आयोजन हुआ। श्री हरिवंश जी वेदालंकार ने गंगा-तट के पावन तपोवनों एवं वनों तथा निर्झरणों के उल्लास और सौन्दर्य का बखान किया। उन्होंने कहा कि 'कालिदास के शाकुन्तल, रघुवंश और कुमार सम्भव आदि ग्रन्थों में इसी प्रदेश की माटी की गंध रची-बसी है।

कुल के पुराने स्नातक श्री पं० धारेश्वर जी तथा पं० अर्जुनदेव जी विद्यालंकार ने उन घटनाओं का तथा स्थानों का रोचक वर्णन किया, जहां-जहां गुरुकुल के पुराने बहादुर ब्रह्मचारियों ने डण्डों तथा हाकियों से एक मगरमच्छ तथा दो बाघों को मार डाला था। पुण्य भूमि की रमणीयता, शान्ति, एकान्त और मोहकता से सभी के हृदय अभिभूत हो उठे। श्री पं० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड, कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी, आचार्य डा० श्री रामनाथ जी वेदालंकार, स० मुख्याधिष्ठाता श्री पं० धर्मवीर जी विद्यालंकार आदि पुण्य भूमि को नमस्कार कर वापिस लौटे। वसन्त के समस्त कार्य-क्रम का संयोजन वन भ्रमण के अध्यक्ष श्री पं० हरिवंश जी वेदालंकार ने किया।

साहित्यिक-गोष्ठी

दिनांक ८-२-७६ को 'राजेन्द्रप्रसाद छात्रावास' में श्री कुलपति जी की अध्यक्षता में एक साहित्यिक-संगोष्ठी समायोजित हुई। श्री डा० निरूपण जी विद्यालंकार मेरठ कालेज तथा डा० कृष्ण-कुमार जी विद्यालंकार ने अपने साहित्यिक विचार प्रस्तुत किए। अनेक वक्ताओं ने कविता पाठ किया। गोष्ठी लगभग तीन घन्टे तक चली। कार्य क्रम बड़ा सुन्दर रहा। सभा का संयोजन श्री राजेन्द्रप्रसाद जी सैनी आश्रमाध्यक्ष राजेन्द्रप्रसाद छात्रावास ने किया।

आयुर्वेद-महाविद्यालय

इस मास आयुर्वेद महाविद्यालय में अनेक गतिविधियाँ दिखाई देती रही--

वार्षिक क्रीड़ा आयोजन:—कई वर्षों से लुप्तप्राय वार्षिक क्रीड़ा आयोजनों का श्री गणेश उत्साही और युवक प्राध्यापक डा० जसवीर सिंह जी (क्रीडाध्यक्ष) तथा उत्साही नवयुवक छात्र तथा क्रीडा मन्त्री श्री धर्मवीरसिंह मान के विशेष प्रयास से किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन कुल के मान्य कुलपति श्री बलभद्रकुमार जी ने किया। प्रिंसिपल डा० अनन्तानन्द जी आयुर्वेदालंकार ने प्रायः सभी खेलों की अध्यक्षता की। विविध क्रीड़ा-साम्मुख्यों का परिणाम निम्न रहा--

१- कालेज स्पोर्टस चैम्पियन धर्मवीर सिंह (हरियाणा) चतुर्थवर्ष घोषित किए गए। २- वालीवॉल में चतुर्थ वर्ष की टीम विजयी रही। ३- कबड्डी में पंचम वर्ष के छात्र विजयी रहे। ४- फुटबॉल में चतुर्थ वर्ष की टीम विजयी रही। ५- बैड मिंटन (एकल) में अनिल कुमार (चतुर्थ वर्ष) तथा (युगल) में नरेन्द्रपालसिंह पुंडीर व अश्विनीकुमार तृतीय वर्ष विजयी रहे। ६-लम्बी कूद में धर्मवीरसिंह चतुर्थ वर्ष प्रथम। सीताराम द्वितीय वर्ष द्वितीय। ७-गोला फेंक में धर्मवीरसिंह ४र्थ वर्ष प्रथम। राजेन्द्रसिंह ३य वर्ष द्वितीय। ८-ऊंची कूद में हरीशचन्द्र राव (चतुर्थ वर्ष) प्रथम। तथा विष्णुदेवसिंह (तृतीय वर्ष) द्वितीय। ९-स्लोसाइकिल रेस में महकसिंह ४र्थ वर्ष प्रथम राजेन्द्रसिंह तोमर (३य वर्ष) द्वितीय। १०- १०० मीटर की दौड़ में धर्मवीरसिंह (४र्थ) प्रथम राजेन्द्र प्रसाद उनियाल २य वर्ष (द्वितीय) १०० मीटर की दौड़ में-ब्रजपालसिंह २य वर्ष प्रथम। योगेश भारद्वाज (प्रथम वर्ष) द्वितीय। २६ ता० को श्री डा० अनन्तानन्द जी ने पुरस्कार वितरित किए।

प्राध्यापकों की बैठक:—१२ फरवरी को सायं ४ बजे मान्य कुलपति श्री बलभद्रकुमार जी ने आयुर्वेद महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक वर्ग की एक बैठक की। बैठक में आयुर्वेद महाविद्यालय की प्रगति एवं आस-पास के ग्रामीण आंचल की जन सेवा आदि कार्यों पर परस्पर विचारमय वार्तालाप हुआ।

राजसिंह स्मृति बालीवाल टूर्नामेंट:—आयुर्वेद कालेज की ओर से कुछ उत्साही छात्रों ने अपने प्रिय साथी स्व० राजसिंह मलिक की स्मृति में २३ व २४ फरवरी में एक बालीवाल टूर्नामेंट का सफल समायोजन किया। टूर्नामेंट का संयोजन आयुर्वेद चतुर्थ वर्ष के उत्साही छात्र व क्रीडामन्त्री श्री धर्मवीरसिंह मान ने बड़ी योग्यता पूर्वक किया। श्री ओमप्रकाश ४र्थ वर्ष ने चन्दा वसूली में विशेष कार्य किया। डा० जसवीर सिंह जी क्रीड़ाध्यक्ष तथा श्री डा० अनन्तानन्द जी ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। टूर्नामेंट में लगभग १४ टीमों ने भाग लिया। सिगनल कोर मेरठ तथा सी. डी. ए. मेरठ के बीच रोमांचक मैच खेला गया। सिगनल कोर विजयी रही। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन शक्ति आश्रम के संचालक तथा कन्या गुरुकुल हरिद्वार के मुख्याधिष्ठाता तथा पंचपुरी के गणमान्य नेता श्री योगेन्द्रपाल जी शास्त्री ने किया। पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयुर्वेद महा-

विद्यालय के प्रिन्सिपल डा० अनन्तानन्द जी आयुर्वेदालंकार के द्वारा सम्पन्न हुआ। टूर्नामेंट बड़ी सफलता के साथ सम्पन्न हुआ इसके लिए संयोजक बधाई के पात्र हैं।

काव्य-गोष्ठी

मेघों के गर्जन-तर्जन के मध्य २५ फरवरी को रात्रि ८ बजे वेदमन्दिर में हिन्दी के प्रतिष्ठित विद्वान् तथा हिन्दी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डा० विष्णुदत्त जी राकेश की अध्यक्षता में एक काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी का आयोजन साहित्य परिषद् के मन्त्री ब्र० धर्मचन्द प्रचारी विद्यालंकार ने किया। पंचपुरी के अनेक कवियों ने कविता पाठ किया।

विद्यालय-चिकित्सालय से

डा० श्यामनारायण जी श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की सूचना के अनुसार--(१) विद्यालय के ब्रह्मचारियों के स्वास्थ्य में पहले की अपेक्षा काफी सुधार हुआ है। मास फरवरी में छात्रों का औसतन शारीरिक वजन १/२ से १ किलो बढ़ा है। (२) विद्यालय-चिकित्सालय में आने वाले रोगी-छात्र मुख्य रूप से चोट तथा प्रतिश्याय के हैं। पिछले दिनों जो खुजली के रोग का प्रकोप हो गया था, उसे पूर्ण रूप से रोक दिया गया है। (३) भोजन भण्डार का मीनू चिकित्सा अधिकारी द्वारा बनाया गया है। जिसमें आवश्यक प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट आदि की उचित मात्रा का पूर्ण ध्यान रखा गया है। दूध की रिपोर्ट अब संतोषजनक है। (४) संक्रामक रोग चेचक से बचने के लिए सभी ब्रह्मचारियों को चेचक-टीका लगवा दिया गया है। कुलवासियों को भी टीका लगवाने का शीघ्र ही प्रबन्ध किया जा रहा है। (५) मार्च मास में मलेरिया की रोक थाम के लिए अभी से प्रबन्ध किया जा रहा है। (६) चिकित्साधिकारी का संदेश है कि—"रोग से बचने का सबसे उत्तम और सस्ता उपाय व्यायाम है। इससे शरीर में रोग-प्रतिरोधक शक्ति प्रबल होती है।"

वार्षिकोत्सव की भव्य तैयारियाँ

स० मुख्याधिष्ठाता श्री पं० धर्मवीर जी विद्यालंकार से विशेष रूप से ज्ञात हुआ है कि गुरुकुल काँगड़ी का वार्षिक-उत्सव १० से १३ अप्रैल तक बड़ी धूम-धाम से मनाया जाएगा। इसके लिए सभी प्रकार की व्यवस्था व तैयारियाँ प्रारम्भ हो गई है। उत्सव से संबन्धित सभी व्यक्तियों को उनके कार्यों की सूचना दे दी गयी है। इस अवसर पर आर्यसमाज के प्रतिष्ठित विद्वानों के भाषण व भजनीकों के भजन आदि होंगे। सीनेट, सिण्डीकेट, विद्यासभा तथा संरक्षक सभा आदि की बैठक भी होगी। पत्रिका परिवार एवं कुलवासी आप सबको उत्सव में पधारने के लिए सादर आमन्त्रित करते हैं। विशेष विवरण अगले अंक मे दिया जायेगा।

कृषि-फार्म व गौशाला

(१) श्री स० मुख्याधिष्ठाता जी के अनुसार इस बार लगभग ४ एकड़ गन्ना बोया गया। ३ एकड़ रहटून तथा एक एकड़ पौण्डा। पैदावार विशेष अच्छी नहीं हुई किन्तु फिर भी कृषिविभाग

इसी प्रकार कार्य करता रहा तो गेहूं की फसल भी अच्छी होने की पूरी आशा है। सभी ट्यूबवेल भी अच्छा कार्य कर रहे हैं। आशा है कृषि से काफी आय होगी।

गौ-शाला विभाग में श्री राजबहादुर जी इन्चार्ज बनाए गये हैं। परिश्रम एवं सतर्कता से कार्य करने के फलस्वरूप पशुओं को चारा, दाना भरपूर मिल रहा है। १० किलो० दूध की वृद्धि हुई। कुल ९ गाय दूध दे रही हैं। भविष्य में ऐसी ही गतिशीलता रही तो गौ-शाला उन्नति करेगी।

विद्यामार्तण्ड श्री चन्द्रगुप्त जी सम्मानित

वरिष्ठ स्नातक एवं हिन्दी के प्रसिद्ध कहानीकार श्री चन्द्रगुप्त विद्यालंकार, विद्यामार्तन्ड को पंजाब सरकार १९७५-७६ के सर्वश्रेष्ठ साहित्यकार के रूप में ५००) नकद, पदक, सरोपा तथा अभिनन्दन-पत्र के द्वारा सम्मानित करेगी। वस्तुतः यह सम्मान विद्यालंकार जी का न होकर एक प्रकार से कुल का ही होगा।

ऋषि बोधोत्सव पर विशिष्ट कार्यक्रम

२८-२-७६ को इतिहास-परिषद् के तत्त्वावधान में वेद-मन्दिर में ऋषि-बोधोत्सव बड़े उत्साह-पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन ब्र० अशोककुमार विद्यालंकार (II) तथा धनपालसिंह यादव (प्रधान), ललित पांडे (मंत्री) ने किया। कार्यक्रम बड़ा रोचक व मनोरञ्जनपूर्ण रहा। ब्र० गणेशप्रसाद विद्यालंकार (अन्तिम वर्ष) एवं गणेश दम ने अनेक भजन व गीत गाये। प्रहसन तथा 'बोधरात्रि' नामक एकांकी नाटक सुन्दर रहा। ब्र० गणेशप्रसाद, बलवीर, आदित्य, अशोककुमार का अभिनय सुन्दर रहा। कुल के आचार्य श्री डा० रामनाथ वेदालंकार ने समारोह की अध्यक्षता करी। इतिहास विभाग के प्रो० जबरसिंह जी ने छात्रों को विशेष प्रोत्साहित किया। ब्र० सुरेश पाठक ११वीं ने प्रबन्ध-व्यवस्था में योग दिया। विभागाध्यक्ष डा० विनोदचन्द्र सिन्हा के संरक्षकत्व में सभी कार्यक्रम सुन्दर ढंग से प्रस्तुत हुआ।

विविध खेलकूद प्रतियोगिताएं

१ ३-२-७६ से ७-२-७६ तक आयुर्वेद महाविद्यालय में विविध क्रीड़ा आयोजन।

२ सम्पूर्ण मास वेद एवं साधारण महाविद्यालय में नियमित फुटबॉल खेल होता रहा।

३ ५-२-७६ को बसन्त पञ्चमी पर छात्रों का विशेष कबड्डी-साम्मुख्य।

४ ५-२-७६ को राजेन्द्र-छात्रावास तथा टी. एन. छात्रावास के मध्य वालीवाल-मैच हुआ। राजेंद्र-छात्रावास विजयी। राजेंद्र छात्रावास के कप्तान श्री सत्यवीरसिंह विद्यालंकार (सैकिंड), टी. एन. के कप्तान श्री ओम्प्रकाश आयुर्वेद ४र्थ वर्ष।

५ ८-२-७६ विद्यालय छात्रों तथा परिवार छात्रों का क्रिकेट मैच हुआ, विद्यालय विजयी रहा।

६ ११-२-७६ को विद्यालय छात्रों तथा इतिहास छात्रों का कबड्डी साँमुख्य हुआ। विद्यालय विजयी रहा। राजेन्द्र १०म विद्यालय टीम का नायक था।

७ २३, २४-२-७६ को राजसिंह 'स्मृति वालीवाल' टूर्नामैंट हुआ।

आवश्यक सूचना

सहा० मुख्याधिष्ठाता श्री धर्मवीर विद्यालंकार के अनुसार गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के परिसर में यथाशीघ्र कुछ विभिन्न वस्तुओं की दुकानें तथा आटा-चक्की, कोयला, ईन्धन-स्टोर खोलने की योजना है। अतः इच्छुक महानुभाव सहा० मुख्याधिष्ठाता जी से सम्पर्क करें।

शोक-समाचार

हमें यह समाचार देते हुए अत्यन्त हार्दिक दुःख है कि गुरुकुल कांगड़ी में कार्यालय-विभाग के पुराने कार्यकर्ता श्री जयचन्द जी का हाई ब्लडप्रेशर (उच्च रक्त चाप) की घातक बीमारी से १०।२।७६ को अकाल ही देहान्त हो गया। कार्यालय के सभी कर्मचारी एवं कुलवासी शोक मग्न हो गए। हम दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रभु से प्रार्थना करते हैं।

श्री मान-कुलपति जी

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार (सहारनपुर)

मैंने दिनांक ३०-१-७६ ई को प्रातःकाल ६बजे हावड़ा एक्सप्रेस से उतरकर गुरुकुल कांगड़ी के दयानन्द द्वार से गुरुकुल में प्रवेश किया तो वेदमंत्रों की सुन्दर सुन्दर ध्वनि सुनाई देने लगी, जिसे सुनकर मन प्रफुल्लित हो गया। इसके बाद सर्व प्रथम वेद मन्दिर के पास कुछ गुरुकुल के ब्रह्मचारियों के साथ अधिष्ठाता जो हमारे संरक्षक सभा के कोषाध्यक्ष भी हैं श्री अतरसिंह जी आर्य प्रभात फेरी करते हुये यह गीत (एक तरफ था देव दयानन्द, एक तरफ था जग सारा) गाते मिले। इसके बाद जब विद्यालय आश्रम के पास आये तो विद्यालय के प्राङ्गण में पी.टी. मास्टर श्री रनजीतसिंह जी राना कुछ ब्रह्मचारियों को साथ मास पी.टी. करा रहे थे। फिर हमने आश्रम में प्रवेश किया तो उसी समय कुछ ब्रह्मचारी योगासन करने जा रहे थे। ब्रह्मचारियों के यह कार्य देख कर बड़ी संतुष्टि हुई। और ऐसा आभास हुआ कि ब्रह्मचारी अब पहले की अपेक्षा अनुशासन में रह रहे हैं तथा दोनों समय नियमित संन्ध्या यज्ञ करते हैं, फिर भी सुधार का कार्य चलना आवश्यक है। आचार्य गण नित्य प्रति नित्य कर्म में सम्मिलित होते रहते हैं जिससे कार्यक्रम को बहुत बल मिल रहा है।

भवदीय

बाबूराम आर्य

प्रधान संरक्षक सभा गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार (सहारनपुर) दिनांक ६-२-७५ ई

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

एम०ए० अन्तिम वर्ष के छात्रों का संकल्प

'गुरुकुल काँगड़ी की प्रतिष्ठा को अक्षुण्ण बनाये रखना हमारा परम कर्तव्य है' दिनाँक ४-२-७६ को माननीय कुलपति महोदय गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय ने साउथ अफ्रीका, मोरिशस आदि देश विदेश में व्याप्त गुरुकुल की प्रतिष्ठा को अक्षुण्ण बनाये रखने की दिशा में एम०ए० अन्तिम वर्ष के छात्रों का आवाहन कर उनसे लगभग डेढ़ घंटे तक सीनेट हाल के प्रांगण में विचार विमर्श किया। आचार्य डा० रामनाथ वेदालंकार एवं डा० अम्बिका प्रसाद, अध्यक्ष हिन्दी विभाग भी उनके साथ थे। कुलपति जी ने फरवरी मास में जन्म लेने वाले छात्र श्री हरिहरानन्द जी को उनके मास के उपलक्ष में फूलों का गुच्छा भेंट कर सभी की उर-कलिकाओं को विकसित कर दिया, उनकी यह भेंट समस्त छात्रों के लिये थी। श्री हरिहरानन्द जी ने भी आभार प्रकट करते हुए ईशावास्योपनिषद के आरम्भिक दो मंत्रों का सस्वर पाठ कर गोष्ठी के आदि में मंगलाचरण की अवतारणा की। श्रीकुलपतिजी ने कहा-कि हमने इस विश्वविद्यालय में जन्म तिथि के आधार पर परिवारों का गठन किया है। प्रत्येक परिवार को उस महीने के ऐतिहासिक पुरुष से सम्बन्ध कर दिया गया है। जिस छात्र या कर्मचारी का जन्म जिस मास में हुआ है वह उस मास के परिवार का सदस्य कहलायेगा।

परिवारों का स्वरूप निम्न प्रकार है :-

१--जनवरी मास लाजपतपरिवार, २- फरवरी मास दयानन्द परिवार, ३-मार्च मास भगतसिंह परिवार, ४-अप्रैल मास आर्य भट्ट परिवार, ५-मई मास रवीन्द्र परिवार, ६-जून मास अनामिका परिवार, ७- जौलाई मास तिलक परिवार, ८- अगस्त मास अरविन्द परिवार, ९- सितम्बर मास विनोवा परिवार, १०- अक्टूबर मास गाँधी परिवार, ११-नवम्बर मास नेहरू परिवार, १२-दिसम्बर मास श्रद्धानन्द परिवार,

इस परिवार परम्परा के स्थापित होने से हममें आत्मगौरव के भाव जागृत होगें और हम अपने अस्तित्व को अपने महापुरुषों के अनुरूप स्थिर करने में सक्षम हो सकेगें।

जब दिन मनाये जाने की परम्परा की पृष्ठभूमि में यह भाव छिपा हुआ है कि हम वर्ष में एक बार आत्म निरीक्षण कर अपने को ऊँचा उठा सकें, अपने अस्तित्व का बोध प्राप्त कर सकें। मनुष्य चिन्तनशील प्राणी है, उसके अपने सिद्धान्त एवं लक्ष्य स्थिर होने चाहिये। षोडश संस्कार भी हमें इसी चिन्तन दिशा की ओर मोड़ते हैं। वैदिक संहितायें जीवनीय तत्वों के कोष हैं। हमें अपना निर्माण उन्हीं के अनुसार करना चाहिये तभी सच्चे सुख की उपलब्धि सम्भव है।

वैदिक संहिताओं के अनुरूपही छात्रों को, छात्रसंहिता' का निर्माण करना चाहिये। यह विषय प्रस्तुत होने पर कुलपति महोदय ने बतलाया कि महाराष्ट्र स्थित पवनार आश्रम में आचार्य विनोवा भावे ने एक 'आचार्य सम्मेलन' बुलाया था जिस सम्मेलन में देश की प्रमुख समस्याओं पर विचार कर यह

समाधान निकाला गया था कि बिना आत्म चिन्तन तथा आत्म अनुशासन के आत्म संशोधन असम्भव है। और आत्म संशोधन के बिना सच्चा सुख तथा देशोन्नति असम्भव है। अतः छात्र संहिता में आत्म चिन्तन एवं आत्मानुशासन को वरीयता दी जाय।

आचार्य भावे के मतानुसार संसार की सभी भाषाओं की लिपि एक मात्र देवनागरी हो और उसका नाम विश्व-नागरी लिपि रखा जाय, यही सम्पूर्ण विश्व में एकता एवं शान्ति स्थापित करने का एक प्रमुख तत्व हो सकता है।

शिक्षा का लक्ष्य सुनिश्चित होना चाहिये। इस संदर्भ में कोठारी कमीशन की रिपोर्ट भी अवलोकनीय है, उन्होंने उस शिक्षा को उपयुक्त माना है जो :-

१-अर्थकरी विद्या हो, जिससे धन उत्पादन में वृद्धि हो।
२-सामाजिक संगठन व राष्ट्रीय एकता की प्रतीक हो।
३-नैतिक, आध्यात्मिक, व्यवसायिक, समाज-सेवी एवं धर्मनिरपेक्ष हो।
४-आधुनिकी-करण में सहायक हो।

हमारी सभ्यता विशुद्ध वैदिक है। वह जितनी प्राचीन है उतनी ही अर्वाचीन भी है, उसमें सनातन सत्य संन्निहित है। वैसे देश, काल और पात्र के अनुसार समय समय पर मान्यतायें बदलती अवश्य रहती हैं, क्योंकि संसार परिवर्तन शील है। मानलीजिये यदि स्वामी दयानन्द जी आज हमारे बीच हुए होते तो क्या वह आज भी १८७६ई० में व्याप्त समस्याओं का ही निदान बतलाते? १८७५ ई० गुलामी, स्त्री-शिक्षा और गरीबी-ये तीन प्रमुख समस्याएं थी। आज हम स्वतंत्र है, स्त्री-शिक्षा का कार्यक्रम भी देश अपना चुका है परन्तु गरीबी का प्रश्न हमारे सामने -उसे हल करना है।

हमारा देश सबसे विशाल है इसमें बहुत विद्वान्, वैज्ञानिक और साधक हैं, फिर यह गरीब क्यों? इस गरीबी को मिटाने के लिये ही प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने हमें २० सूत्री कार्यक्रम दिया है जिसे सफल बनाना हम सबका पुनीत कर्तव्य है।

छात्र संहिता' में इस तथ्य का भी समावेश किया जाना चाहिये कि शिक्षा ऐसी हो तो जो वन में उत्पन्न हो ने वाली समस्याओं का निराकरण कर सकें। शिक्षा परोपजीवी बनाने वाली न हो कर स्वावलम्बी बनाने वाली हो शिक्षा रूपी रथ के चार पहिये होते हैं :-

१-अध्यापक २-अभिभावक ३-विद्यार्थी ४-प्रशासक

यह चारों ही सन्तुलित एवं सचेष्ट हों तभी प्रगति सम्भव है, अन्यथा नहीं। इसके पश्चात् छात्रों ने अपनी समस्यायें रखी जिनमें कुछ इस प्रकार है :-

१-योग तथा दर्शन शास्त्र में शोध की सुविधा प्रदान की जाय।
२-आगमी परीक्षाएं इस वर्ष मार्च में हों ताकि परीक्षा-फल मई के अन्त तक प्रकाशित हो सके और जून में छात्र अपनी उपाधि का लाभ उठा सकें।



ब्रह्मचारी देवकेतु पीतल की थाली हाथ से चीरते हुये

आवश्यक सूचना

सरलार्थ संन्ध्या, अग्नि-होत्र विधि निःशुल्क प्राप्त करें

उपरोक्त पुस्तक बिना मूल्य, तथा दूर के व्यक्तियों को डाक महसूल के लिये २५ पैसे के टिकट भेजने पर निम्नलिखित तीन पतों पर से मिल सकती है--

१ श्री ज्ञानचन्द जागीरीलाल, रामा मार्केट, अमृतसर (पञ्जाब)।

२ श्री जागीरीलाल, ज्ञान-कुटीर, निकट आर्यसमाज माडल टाउन, अमृतसर (पञ्जाब)।

३ वेदवाणी कार्यालय, पो० बहालगढ़, सोनीपत (हरयाणा)।

--सम्पादक।



योगासन (कुक्कुटासन) चित्र सं० १



योगासन (धनूरासन) चित्र सं० २

३-शोध विषय निश्चित करते समय शोध समिति के द्वारा आधुनिक समस्याओं से सम्बन्धित विषय स्वीकृत करने में वरीयता दी जाने चाहिये ।

४-वैदिक शोधार्थियों को १००)रु० मासिक छात्र वृत्ति मिलनी चाहियें ।

५-मेरठ विश्वविद्यालय की तरह किसी एक विषय । पत्र में परीक्षा देकर श्रेणी में सुधार करने की सुविधा मिलनी चाहिये ।

६-संगणक-पाठ्यक्रम भी प्रारम्भ होना चाहिये ।

मान्य कुलपति महोदय ने छात्रों की उक्त समस्याओं का तद्विषयक अध्यक्षों के परामर्श से समाधान करने का आश्वासन दिया और बतलाया कि हम निरन्तर प्रयत्नशील है कि गुरुकुल का विकास कैसे हो ? इसी लक्ष्य को ध्यान में रख कर हमने दस विख्यात विद्वानों की एक समिति गठित की है हमें जो समुचित दिशा निर्देश करेगी ।

हमें चाहिये कि हम परस्पर तो रचनात्मक आलोचना प्रत्यालोचना करने में स्वतंत्र रहें परन्तु ऐसा कोई आचरण न करें जो गुरुकुल के गौरव के अनुरूप न हो ।

अन्त में छात्रों की ओर से श्री सत्यव्रत शर्मा ने मान्य कुलपति महोदय का आभार प्रकट कर हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया एवं यह संकल्प दोराहा कि हम संस्था की उन्नति एवं वृद्धि में सदा प्रयत्नशील रहेगें ।

आवश्यक निवेदन

पत्रिका के मूल्य तथा वार्षिक शुल्क में वृद्धि

गुरुकुल-पत्रिका के ग्राहकों तथा पाठकों को सखेद सूचित किया जाता है कि कागज के मूल्य में आशातीत वृद्धि हो जाने के कारण बाध्य होकर हमें पत्रिका के मूल्य तथा वार्षिक शुल्क में अक्टूबर १९७४ से वृद्धि करनी पड़ रही है । वस्तुतः कागज के मूल्य-वृद्धि की तुलना में यह वृद्धि नगण्य है ।

परिवर्तित मूल्य

एक प्रति	—	—	७५ पैसे
वार्षिक (देश में)	—	—	८-०० रुपये
वार्षिक (विदेश में)	—	—	१०-०० ,,

आशा है ग्राहक व पाठक परिस्थितिवश मूल्य-वृद्धि को उचित समझेंगे तथा अपना सहयोग बनाये रखेंगे, धन्यवाद ।

—सम्पादक तथाप्रकाशक

कार्यवाही संरक्षक सभा, गुरुकुल कांगड़ी जो दिनांक १-२-१९७६ को सीनेट हाल गुरुकुलकांगड़ी में प्रातः साढ़े दस बजे निम्न महानुभावों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

उपस्थिति

कुलपति जी, अ:चार्य जी, स० मुख्याधिष्ठाता

१–श्री बाबूराम जी आर्य प्रधान, २–श्री रामकृष्ण जी गुप्त मंत्री,
३–श्री अतरसिंह जी कोषाध्यक्ष, ४–श्री आनन्दपालसिंह जी
५–श्री दरयावसिंह जी, ६–श्री ओमप्रकाश जी आर्य

श्री बाबूराम जी आर्य ने सभापति का आसन ग्रहण किया और कार्यवाही प्रारम्भ हुई !

१– गत साधारण बैठक की कार्यवाही पढ़ी गई जो सम्पुष्ट हुई।

२– संरक्षक सभा का डाकव्यय एवं स्टेशनरी का ६०)५५ का बिल प्रस्तुत हुआ और स्वीकार हुआ।

३– गुरुकुल के कार्यों का अवलोकन तथा विचार :––

प्रधान जी ने दिनांक ३०तथा ३१ जनवरी १९७६ को भंडार (भोजनालय), आश्रम तथा अतिथिगृह का निरीक्षण किया जिसकी रिपोर्ट का अवलोकन किया गया।

यह कार्यकारिणी सम्बन्धित उच्चाधिकारियों से प्रार्थना करती है कि वह अपना व्यक्तिगत ध्यान देकर इस ओर शीघ्रातिशीघ्र सुधार कराने का कष्ट करें। यह निश्चय सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

४– कार्य कर्ताओं के कार्यों पर विचार :––

५– अन्य विषय :–

संरक्षक सभा के प्रधान जी न निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए:––

(१) आश्रम के अधिष्ठाताओं का स्थानान्तरण मध्यावधि में न किया जाय।

(२) भोजनालय में ब्रह्मचारी, अधिष्ठाता, संरक्षक एवं विशेष अतिथि तथा भोजनालय के कर्मचारियों के अलावा भोजन करने की अनुमति न दी जावे।

(३) गुरुकुल के मुख्यालयों जैसे विद्यालय, भोजनालय, वस्तुभंडार तथा अतिथिभवन आदि पर निरीक्षण एवं सुझाव पुस्तिका होनी अनिवार्य सी प्रतीत होती है ताकि सुझाव देने का अवसर प्राप्त हो सके।

(४) अधिष्ठाताओं से जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि उन को जो वेतन बढ़ाने का सुझाव दिया गया था वह अभी तक क्रियान्वित नहीं हुआ अतः कार्यकारिणी फिर सुझाव देती है कि अधिष्ठाताओं का जो वेतन वृद्धि का भार गुरुकुल पर आता है उसे अभिभावकों पर २)५० प्रति मास प्रति छात्र खर्च में बढ़ा कर भेज दिया जावे। यह वृद्धि १-१-७६ से लागू की जावे।

१–२–७६ (बाबूराम आर्य प्रधान)

२० सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम

१-आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्यों में गिरावट के रूझान को बनाये रखना। उत्पादन की गति करना तथा आवश्यक उपभोक्ता पदार्थों तथा वितरण की व्यवस्था को प्रभावशाली बनाना।

२- कृषि भूमि को भूमिहीनों में तेजी से वितरण करने की कार्यवाही करना और भूमि सम्बन्धी अभिलेख पूर्ण करना।

३-भूमिहीनों व समाज के कमजोर वर्गों को आवासीय भू-खण्डों को तेजी-आंवंटित करना।

४-मजदूरों से जबरन काम लेने को तत्काल गैर कानूनी घोषित किया जायेगा।

५-ग्रामीणों पर कर्ज का बोझ समाप्त किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन मजदूरों दस्तकारों और छोटे किसानों से ऋण-वसूली पर रोक लगाने के लिये कानून बनाकर प्रतिबन्ध लगाया जायेगा।

६-खेतिहर मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी सम्बन्धी कानूनों में संशोधन किया जायेगा।

७- ५० लाख हैक्टेयर और भूमि में सिंचाई की व्यवस्था की जायेगी। भूमिगत जल के अधिकाधिक उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्तर के कार्य क्रम बनाये जायेंगे।

८-विद्युत-उत्पादन के कार्यक्रमों में तेजी लाई जायेगी तथा केन्द्रीय सरकार के नियन्त्रण में सुपरताप बिजली घरों की स्थापना की जायेगी।

९-हाथ कर्घा उद्योग के विकास की नयी योजना बनाई जायेगी।

१०-जनता कपड़े की किस्म में सुधार किया जायेगा व वितरण की समुचित व्यवस्था की जायेगी।

११-शहरी भूमि व शहरी काम में लाने योग्य भूमि का समाजीकरण किया जायेगा। खाली छोड़ी हुई भूमि तथा नये मकानों के क्षेत्रफल की सीमा निर्धारित की जायेगी।

१२-शहरी सम्पति के मूल्यांकन के लिए विशेष दस्तों का गठन किया जायेगा तथा कर चोरी व गलत मूल्यांकन करने वालों के विरुद्ध त्वरित मुकद्दमें चलाकर कड़ी सजाएं दी जायेंगी।

१३-तस्करों की सम्पत्ति जब्त करने के लिए विशेष कानून बनाया जायेगा।

१४-पूंजी नियोजन की प्रक्रिया को आसान बनाया जायेगा। आयात लायसेंसों का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

१५-उद्योगों के प्रबन्ध में मजदूरों को साथ लेने की नई योजनाएं बनाई जायेंगी।

१६-सड़क परिवहन के लिए राष्ट्रीय परमिट व्यवस्था की जायेगी।

१७-मध्यम आय वर्ग को आयकर में राहत देने के लिए आयकर में छूट कर दी जायेगी।

१८-छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को नियन्त्रित मूल्य पर आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था की जायेगी।

१९-पुस्तकें और स्टेशनरी नियन्त्रित मूल्यों पर उपलब्ध कराई जायेगी।

२०-रोजगार व प्रशिक्षणके अधिक अवसर बढ़ाने के लिए एप्रिन्टिसशिप की नई योजना शुरू की जायेगी। इस योजना में समाज के कमजोर वर्गों को प्राथमिकता दी जायेगी।

(रामाश्रय मिश्र)
जन-सम्पर्क अधिकारी, गु० कां० विश्व०

गुरुकुल डायरी फरवरी १९७६

१ विद्यालय मुख्याध्यापक चयन हेतु साक्षात्कार।

२ विश्वविद्यालय शिक्षकेतर कर्मचारियों की बैठक।

३–७ आयुर्वेद महाविद्यालय अंतः कक्षा क्रीड़ा प्रतियोगिताएँ।

४ (क) एम ए., एम. एम.सी द्वितीय वर्ष के छात्रों की बैठक।

(ख) शिक्षा समिति की बैठक।

(ग) गुरुकुल विश्वविद्यालय अधिकारियों का प्रेस निरीक्षण।

५ (क) पुण्य भूमि (पुराने गुरुकुल) में बसंतोत्सव।

(ख) आचार्य कुल की स्थापना।

६ (क) भवन समिति की बैठक।

(ख) २० सूत्री कार्यक्रम संगोष्ठी।

७ (क) २० सूत्री कार्यक्रम संगोष्ठी।

(ख) कृषि समिति की बैठक।

(ग) राजेन्द्र छात्रावास में साहित्यिक गोष्ठी

९ (क) अलंकार एवं बी० एस-सी० द्वितीय वर्ष के छात्रों की बैठक।

(ख) २० सूत्री कार्यक्रम संगोष्ठी।

१० विद्यालय अध्यापकों की बैठक।

११ आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं अस्पताल कर्मचारियों की बैठक।

१३ कुलपति आदि का दिल्ली प्रस्थान।

१४ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष डा० सतीशचन्द्र एवं श्री छाबड़ा आदि से वार्ता।

१६–१७ कन्या गुरुकुल देहरादून का कुलपति द्वारा निरीक्षण।

२० वित्त समिति की दिल्ली में बैठक।

२१ कार्य परिषद् की दिल्ली में बैठक।

२२ विद्या सभा की दिल्ली में बैठक।

२३ वैदिक शोध संस्थान की दिल्ली में बैठक।

२२–२४ आयुर्वेद महाविद्यालय द्वारा राजेन्द्रसिंह स्मृति वालीबाल प्रतियोगिता का द्वितीय आयोजन।

२५ (क) शिक्षा समिति की बैठक।

२६ (ख) सायंकाल वेदमन्दिर में गुरुकुल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी।

२७ सायंकाल वेद मन्दिर में साँस्कृतिक कार्यक्रम।

२८ शिवरात्री महोत्सव के उपलक्ष में सायंकाल वेद मन्दिर में साँस्कृतिक कार्य क्रम।

प्रस्तुतकर्ता

रामाश्रय मिश्र

जन-सम्पर्क अधिकारी

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

—०—

श्री विनोवा भावे का छात्रों को सन्देश

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति श्री बलभद्रकुमार हूजा दिनांक १६-१७-१८ जनवरी १९७६ को परधाम आश्रम पवनार वर्धा में आयोजित आचार्य सम्मेलन में सम्मिलित हुए थे। उस अवसर पर श्री विनोवा भावे का गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्रों के लिये प्रेषित सन्देश =(शान्तं शिवं अद्वैतं) तथा कुलपति का सन्देश के लिये प्रार्थना पत्र निम्न प्रकार है –

बाबा का
गुरुकुल कांगड़ी
हरिद्वार के
अध्यापकों, छात्रों
के नाम संदेश
की प्रार्थना है —
कुमार हूजा

शांतं शिवं अद्वैतं

प्र. वि. भ. } राम हरि
16.1.'76

हमारी कुछ स्वर्ण निर्मित व अन्य विशिष्ट औषधियां

★ **वसन्त कुसुमाकर**

मधुमेह तथा शारीरिक निर्बलता के लिए उत्तम ।

★ **बृहद् वात चिन्तामणि**

घबराहट, बेचैनी, कमजोरी में सेवन करें ।

★ **अमृत रसायन**

गर्मियों में सेवनीय उत्कृष्ट शक्तिवर्धक रसायन है ।

★ **आंवला तैल** (विशुद्ध तिल तेल से निर्मित)

बालों को मुलायम व काला रखता है । दिमाग को ताजा व ठन्डा रखता है । शक्ति को बढ़ाता है ।

प्रकाशक : डॉ० गंगाराम कुलसचिव : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ।

गुरुकुल-पत्रिका

सरदार भगतसिंह-अंक

अर्चन्ननु स्वराज्यम् ॥ ऋ० १. ८०

स्वराज्य की हो अर्चना : स्वराज्य की हो वन्दना ॥

मार्च १९७६ ★ चैत्र २०३

विषय-सूची

सं०	विषयः	लेखकाः	पृष्ठाङ्काः
१	श्रुति-सुधा		५७१
२	स्वामिनः श्रीविद्यानन्द सरस्वतयः	विद्याभूषणः श्रीगणेशरामशर्मा	५७२
३	कवयः कालिदासाद्या भवभूतिस्तु महाकविः	डा० राजमणि पाण्डेयः	५७७
४	तज्जीवनं यच्च सुसंस्कृतं स्यात	वैद्य रामस्वरूप शास्त्री	५८०
५	साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम्	वैद्य रामस्वरूप शास्त्री	५८१
६	नैष धर्मः सनातनः	वैद्य रामस्वरूप शास्त्री	५८२
७	सूली पर सोते हैं जो–	श्री कौशल सिखौला	५८३
८	श्रद्धा-सुमन	श्री दिनेश्वरनाथ त्रिपाठी	५८४
९	शिशु का जातकर्म संस्कार	आचार्य ब्रह्मदत्त शर्मा आयुर्वेदालंकार	५८५
१०	ओ ! आजादी के बटमारो	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	५८९
११	आर्य समाज की भाषायी क्रान्ति	प्रो० नरेश मिश्र	५९०
१२	कुछ स्वतन्त्रता सेनानियों के उद्गार	डा० चम्पतस्वरूप	५९३
१३	गुरुकुल की यज्ञस्थली से– सत्यं शिवं सुन्दरम्	श्री बलभद्रकुमार	५९५
१४	गुरूकुल काँगड़ी–संक्षिप्त परिचय	डा० गंगाराम	५९८
१५	आचार्य कुल का सर्व सम्मत निवेदन		६००
१६	शहीदे आजम सरदार भगतसिंह के बुजुर्गों की मुख्तसर कहानी	श्रीमती वीरेन्दर सिन्धु	६०२
१७	प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरागाँधी के २० सूत्रीय आर्थिक कार्य-क्रम पर संगोष्ठी	रामाश्रय मिश्र-संयोजक	६०४
१८	पं०भगवद्दत्त जी वेदालंकार : व्यक्तित्व एवं कृतित्व	रामश्रय मिश्र	६०६
१९	भूतपूर्व सम्पादक पं० भगवद्दत्त जी वेदालंकार के सेवा निवृति उपलक्ष में कुलपति का शुभ कामना-पत्र		६०८
२०	गुरुकुल-समाचार	महावीर 'नीर' विद्यालंकार	६०९
२१	गुरुकुल डायरी	रामाश्रय मिश्र जनसम्पर्क अधिकारी	६१६

--गुरुकुल पत्रिका का मूल्य--

	देश	विदेश
वार्षिक	१२ रुपये	२० रुपये
एक प्रति	१ रुपया २५ पैसे	१ रुपया ७५ पैसे

प्रधान सम्पादक--भगवद्दत्त वेदालंकार

सम्पादक मण्डल--डा० क्रान्तिकृष्ण, प्रो० रामाश्रय मिश्र, प्रो० वेद प्रकाश, पं० महावीर 'नीर'

छात्र सम्पादक-- ब्र० बलवीरसिंह ब्र० सत्यवीरसिंह

संदेश

भगतसिंह परिवार के समस्त सदस्यों के मंगलमय जीवन की परमपिता परमात्मा से कामना करता हूँ और आशा करता हूँ कि अहिंसा, अनुशासन, अप्रमाद एवं अभय का व्रत धारण करेंगे एवं गुरुकुल की महान् मर्यादानुसार जीवन बिताते हुए राष्ट्र-सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

भगतसिंह ने खून दिया कि हमें आजादी मिले। आओ हम पसीना और स्नेह दें कि हमारी आज़ादी कायम रहे।

इन्कलाब जिंदाबाद।

कुमार
कुलपति
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

★ एक ही जादू

★ कड़ी मेहनत

★ दूर दृष्टि

★ पक्का इरादा

★ अनुशासन

—इन्दिरा गाँधी

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुलकांगड़ीविश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

चैत्र : २०३२, मार्च १९७६, वर्षम्-२८, अङ्कः ५, पूर्णाङ्कः ३२६

श्रुति सुधा

ऋ० ९ मं०, ११३ सूक्त.

पवमान सोम

पवमान पवित्र हुआ सोम रस–(भौतिक क्षेत्र)

उपासक के हृदय में पवमान–शान्त प्रवाह रूप में सोमरूप परमात्मा (आध्यात्मिक क्षेत्र)

सत्यमुग्रस्य बृहतः संस्रवन्ति संस्रवाः ।
संयन्ति रसिनो रसाः पुनानो ब्रह्मणा हर इन्द्राय .....॥५॥

(हरे) हे दुखों को हरने वाले सोम ! जब तू (ब्रह्मणा पुनानः) ब्रह्म वेद-मन्त्रों से स्तूयमान होता है तब (बृहतः) तुझ महान् तथा (सत्यं उग्रस्य) सत्य के उच्चशिखर से उद्गीर्ण हुए के (संस्रवाः संस्रवन्ति) आनन्द के स्रोत प्रवाहित होते हैं (रसिनः रसाः संयन्ति) तुझ रसभरे के रस सम्यक् प्रकार से प्राप्त होते हैं । शेषं पूर्ववत्

—०:०—

स्वामिनः श्रीविद्यानन्दसरस्वतयः

विद्याभूषणः, श्रीगणेशराम शर्मा, डूंगरपुरम् (राजस्थान)

स्वामिमहाभागानां रचनाद्वयम्

स्वामिवर्याणामेतेषां श्रीविद्यानन्दसरस्वतीनाम् मौखिकानि भाषणप्रवचनकाव्यपाठव्याख्यानादीनि तु बहुधा श्रुतानि परन्तु तद्विरचितं केवलं रचनाद्वयमेवास्माकं दृष्टिपथमगच्छत् । एकं तु तावद् भुवनेश्वरनवरत्नस्तोत्रमास्तेऽपरं च श्रीधनेश्वराष्टम् । तदत्र तावदधस्ताद् भुवनेश्वरनवरत्नस्तोत्रमविकलमवतार्यते --

श्रीमच्छैलपुराभिधाननगरात् क्रोशत्रये पश्चिमे,
जाता श्रीभुवनेश्वरस्य महती मूर्तिः स्वयं दृश्यते ।
देव्याश्चैव गजाननस्य च बलीवर्दस्य वै मारुते-
स्त्वेतन्मौर्तिकपञ्चकं भुवि नरानव्यान्महापातकात्।।
वाणी यत्र न याति यत्र मनसो वृत्तिर्न संगच्छते,
बुद्ध्या निश्चयशक्तिरप्रतिहता संलीयते यत्र वै ।
यस्यापाङ्गविलोकनेन निखिलं स्थूलायते सूक्ष्मकं,
वन्देऽहं भुवनेश्वरं हरिहराद्वैतात्मकं शाश्वतम्।।२।।
या संवित्त्रिगुणात्मिकासुसकलास्वत्यन्त मालोक्यते,
या माया विशदीकरोतिसकलं यस्यैकया सत्तया ।
यत्सत्तामवलम्ब्य शांतहृदया योगीश्वरामन्वते,
वन्देऽहं भुवनेश्वराभिदमहो तेजोमयं धामतत् ।।३।।
भूतानामनुकम्पया परमया यः प्रादुरासीत् स्वयं,
लिङ्गाकारतया प्रववर्द्धनतया पौरस्त्यसंदृष्टया ।
तेषामुद्धरणाय नास्तिकमताम्भोधौ निमग्नात्मनां,
वन्देऽहं भुवनेश्वरं कलिमलप्रध्वंसकं निष्कलम् ।।४।।
सर्वं नश्वरमित्यवेक्ष्य मतिमान् वैराग्ययुक्तः स्वयं,
सन्न्यस्येव वनान्तरं गतवद्वित्याभाति यस्येक्षणे ।
सर्वाभीष्टफलप्रदं सुमनसां ध्यानास्पदं योगिनां,
वन्देऽहं भुवनेश्वरं श्रुतिशिरोवेद्यं विभुं निर्गुणम्।।५।।
भक्ताना भयशोकमोहहरणं शान्तं शरण्यं नृणां,
स्वान्तःस्थं परमं प्रसन्नवदनं सौहार्दभावं गतम् ।
म्लेच्छोच्छेदकरं निरीश्वरमनो मातङ्गपञ्चाननं,
वन्देऽहं भुवनेश्वरं गिरिजया संसेवितं निर्मलम्।।६।।
यो गङ्गां जटया भगीरथमनःसिद्धयर्थमाबद्धवान्,
दैत्यानामहिताय पर्वतसुतां गौरीं मुदोदूढवान् ।
यो लोकभयरक्षणाय सकलं हालाहलं पीतवान् ।
वन्देऽहं भुवनेश्वरं सदसदात्मानं सदा भास्वरम्।।७।।
येन श्रीभुवनेश्वरः प्रतिदिनं सम्पूजितः सत्वरं,
येनाभीष्टसुसिद्धये मतिमता संस्मारितः सादरम् ।
यं मोक्षास्पदमामनन्ति मुनयो ये चैकदा शंकरं,
तेषां शंकर एव शं प्रकुरुते नान्यस्त्वृते शंकरम् ।।८।।

नन्द्येकदन्त गिरिजाबटुकाञ्जनेयै-
र्जातैः स्वयं निजगणैरभिपूज्यमानम् ।
संस्तयमानमनिशं मुनिभिः सदारै-
र्वन्दे महेश्वरमहं भुवनेश्वराख्यम् ।।९।।
नवरत्नमिदं स्तोत्रं कृतं तुष्टेन चेतसा ।
विद्यानन्दसरस्वत्या प्रीयतां भुवनेश्वरः ।।१०।।

स्तोत्रमेतत् श्रीअच्युतमुद्रणालयः २२३-कालबादेवीरोड-बम्बई इत्याख्यये मुद्रणालये श्रीस्वामिचरणैर्मुद्रापतमास्ते । स्तोत्रस्यास्यपठनात् स्वामिवर्याणाम् भगवति सच्चिदानन्दघने श्रीभुवनेश्वरे नैष्ठिकी भक्तिः, शास्त्रज्ञानं, रचनापटुत्वं, वेदान्तप्रतिपाद्य ब्रह्मैकनिष्ठत्वं, श्रद्धाप्रवणत्वमास्तिक्यं चैतदादयो भावाः सुस्पष्टं सुस्फीतं च साक्षाद्भवन्ति भावुकानां सहृदयानां पाठकानाम् ।

एवमेव श्रीविद्यानन्द स्वामिमहाभागैर्विरचितं श्रीधनेश्वराष्टकमपि मुद्रितरूपमुपलभ्यते । तदपीहोद्धरणस्य लोभं संवरीतुं न पारयामहे, ततोऽविकलमवतार्यतेऽधस्तात्-

मार्कण्डगौतमपराशरयाज्ञवल्क्य-
गर्गादितापसवरैरुपसेव्यमानम् ।।
भक्ताम्बुजाम्बरमणिं भजनीयवृत्तं

श्रीमद्धनेश्वरमुमेश्वरमाश्रयेऽहम् ॥१॥
पुष्पायुधो वितनुतां गमितोऽद्ययेन
यस्यागमच्छत्रशुरतां नगरद्विडमाद्रिः॥
यं सर्वहृत्कमलमध्यगतं वदन्ति
श्रीमद्धनेश्वरमुमेश्वरमाश्रयेऽहम् ॥२॥

व्याघ्राम्बरस्य वसनं कटिभागलग्नं
कर्पूरगौरसितभस्मविभूषिताङ्गम् ॥
गौरीगणेशगुहनन्दियुतं महेशं
श्रीमद्धनेश्वरमुमेश्वरमाश्रयेऽहम् ॥३॥

त्रैलोक्यपूज्यसुरवदन्तिपादपद्मं
पाखण्ड पादपकुठारमनन्तशक्तिम् ॥
शीर्षावरूढसरिदार्द्र विशालभालं
श्रीमद्धनेश्वरमुमेश्वरमाश्रयेऽहम् ॥४॥

यत्रास्ति भूतनिलयःपरिवारयुक्तो
धर्मार्थकामफलसाधनमुक्तियुक्तः ॥
ध्यायन्ति यं द्विजवरा निजकर्मशुद्ध्यै
तं श्रीधनेश्वरमुमेश्वरमाश्रयेऽहम् ॥५॥

आलोडय शास्त्रमखिलं निगमागमोक्तं,
उन्मुच्य कैतवधियं परिगृह्य तथ्यम् ॥
भोः भूसुराः शृणुतमद्वचनं पृथिव्यां
मुक्तिप्रदोऽस्ति न धनेश्वरमान्तरेण॥६॥

सर्वेधनेश्वर इति प्रथितं पृथिव्यां
तापत्रयापहरणं शरणं नराणाम् ॥
तस्माद्भज त्रिविधताप निवारणाय
यद्यस्ति सर्वसुखशांतिकरी मनीषा॥७॥

विद्याविनोदहृदयैक निकेतनस्य
संसारताप परिदग्ध महौषधस्य॥
दिग्वाससः शशिकलाधरशेखरस्य
पूज्यङ्घ्रिपद्मयुगलं विमलं भजामि॥८॥

स्तव्यं शिवस्तवनतद्गतमानसानां
मान्यं धनेश्वरगुरुस्तवनं यशस्यम् ।
येषां हृद्वि स्फुरति नित्यमनन्यभक्तया
तेषां भवत्सकलसिद्धिरितीह सत्यम् ॥९॥

स्वामिमहाभागानां श्रीविद्यानन्दसरस्वतीनामनेन स्तोत्रद्वयेन भगवन्निष्ठा, शास्त्रज्ञानं, व्युत्पत्तिर्भक्तिभावनाप्रवणत्वं, रचनाचातुर्यं, भाषाधिकारादयस्तेतेगुणा, विशालहृदयता, बुद्धिर्वैभवं च प्रत्यक्षं भवन्ति सहृदयानां पाठकानाम् ।

भोक्तृत्वशक्तिः

स्वामिमहोदयोऽयं श्रीविद्यानन्दसरस्वतिमहाभागःसर्वसुखनिर्व्यपेक्षोऽपरिग्रहशीलस्त्यागैकव्रतोऽपि च यदाकदा राजसिकान भव्यभोगान् भोक्तुं व्यवस्यतिस्म । भुवनेश्वरमण्डलपरिसरे निवसन्तो ग्रामीणाः प्रजाजनाः स्वामिवर्यं सीतारामहात्मानं च विवाहगंगोद्यापनादिषु शुभप्रसङ्गेष्वामान्त्रयन्तिस्म । तेऽपि च सरलहृदयानामास्तिकानां ग्रामिणानां निश्छलमानसानामकृत्रिमस्नेहानुरोधात्तत्र गच्छन्तिस्म । ग्रामेषु यातायातसौविध्याकांक्षया स्वामिवर्योऽश्वमेकमपालयत् । तस्याश्वस्य स्वामिवर्यः सुग्रीवइतिनामकरणमकरोत् । स्वामिमहाभागस्य यात्राविधिश्चापि सर्वतन्त्रस्वतन्त्रो यथेच्छं प्रावर्तदिने वा रात्रौवा मध्याह्ने सायाह्ने प्रातर्वायदापि तन्मनोरुचिर्भवतिस्म तदैव सुग्रीवमारुह्य ग्रामान्तरं ब्रजन्तिस्म । बाराँप्रान्तस्य प्रत्येकं ग्रामं सोऽटतिस्म यथेच्छम् । अश्वस्य तस्य सुग्रीवस्य परिपालनं साधुः सीताराम एव हि विशेषतस्तत्रागतानां भिल्लानां सहयोगेन संसाधयन्नासीत् । स्वामिमहाभागोऽसौ विद्यानन्दो ज्ञाननिष्ठां द्रढयन्नपि समये राजर्षिरिव दिव्यान् भव्यान् राजसिकांश्च भोगान् बुभुजे । कतिचिद्वर्षाणि स भंगारसं शर्करामरीचिबादाममिश्रितं सिषेवे । कानिचिद्वर्षाणि यावत् सताम्बूलानि सुधाखदिरसारलवङ्गैलाकेशरकस्तूरिकासहितानिचर्वणरो मुमुदे । तमालपत्रमपि सुगन्धयुक्तं बहून्

वर्षान सेवता कदाचित् क्षीरापूपमोदकादीन् पदार्थान् स धयित्वा भुवनेश्वर प्रसादरूपं तत्रागतै र्ब्राह्मणैरन्यैश्च भक्तैः सह विना पंक्तिभेदं स्वयमसेवतान्याँश्चाभोजयत्। एवमेव स खलु प्रायेण नित्यमेव हि नवनवान् भोगान् राजसिकान् भुक्त्वाभुक्त्वान्ते स्वयमेव हि स्वेच्छया पर्यत्यजत् । न हि कस्याप्येकस्य भोगस्य व्यसनस्य वाधीनोऽभूद्यद्यपि स प्राप्तावसरं यदृच्छोपनतान् भोग्यपदार्थानभुङ्क्त स खल्वतीव व्यवस्थाप्रिय. स्वच्छतापवित्रताभिलाषुकोऽभूत । ततः सः स्वाश्रमे विद्यमानं प्रत्येकं वस्तु स्वच्छं सुन्दरं शुद्धं च यथास्थानं निधाय रक्षति स्म । तस्य प्रचण्डं व्यक्तित्वमेव तादृगभूद् यत्तत्पुरतो न कोऽपि च प्राकृतो जनो, विद्वान् विशेषज्ञो ब्राह्मणोऽथक्षात्रो वणिग्जनो भिल्लो वा कर्वको वा मनागपि स्वेछाचारं धृष्टतां कुचेष्टां च कर्तुं शक्तोति स्म । मर्यादानुरोधाद्भुवनेश्वरमागतो जनसाधारणः स्वामिवर्याणां प्रभाववशगस्तन्मनोवृत्तिसमनुकूलमेव चेष्टितुं बाध्यो भवति स्म ।

यदा कदा स्वामिचरणाः श्रीविद्यानन्द महाभागाः सप्रयोजनं निष्प्रयोजनं वा डूँगरपुरमपि आयान्ति स्म । अत्र नगरे केचन वैश्याः केचित् स्वर्णकाराः केचन ब्राह्मणाश्च तद्भक्ता आसँस्तेषामेव गृहेषु ते स्वावासमकल्पयन् । परन्तु भोजनंतुते ब्राह्मणानामेव गृहे स्वीकुर्वन्ति स्म । द्विजजनेषु तेषां श्रद्धा, पूज्यताभावो, गौरवं च जागर्ति स्म । भुवनेश्वरस्य कापि राज्यकृता साधीयसी व्यवस्था नासीत् । स्वामिवर्यैरेव तैरेतैर्विद्यानन्द सरस्वतिमहाभागैस्तीर्थस्यास्य प्राकृतिकीं स्थितिं संरक्षद्भिर्जीर्णोद्धारो विहितः । धर्मशाला नद्याघट्टो, वनवृक्षसंरक्षणं, स्थानशुद्धिः, शङ्करादीनां स्वयम्भूदेवविग्रहाणां नित्यपूजनस्य व्यवस्थाऽखण्डदीपज्योतिः संस्थापनं, परिचारकनियोजनं, गोपालनमित्यादिकं सर्वमप्यद्यत्वे सुचारु शोभनं सुव्यवस्थितं च भुवनेश्वरतीर्थे दरीदृश्यते तत्सर्वं स्वामिनामेवैतेषाँ विद्यानन्द महाभागानां पुरुषार्थविलसितं तत्प्रयत्नानां महोद्यमस्य च फलमिवाभाति। एतत् सर्वं विधातुं धनस्य महतीखल्वावश्यतासीत्। ततः स गुर्जरादिप्रदेशेषु गत्वा सात्त्विकोपायैर्धनिकेभ्यो यथा श्रद्धं प्रदत्तं धनमानीयानीय यत्सम्भवमभूत्तत्सर्वमनुतष्ठौ ।

संग्रहविधिः

यद्यपि स्वामिमहाभागः सर्वथा त्यागैकलक्ष्योऽपरिग्रहे स्वास्थाँ निष्ठां द्रढयन्नभूत्तथापि पुस्तकसंग्रहे घटिकादियन्त्राणां सुधारणे तस्य निसर्गप्रेरितेवरुचिः समभूत् । ततस्तस्य सविधे संस्कृतहिन्दीपुस्तकानि, यन्त्रोपकरणादीनि च प्रभूतानि विद्यमानान्यासन् । स हि सर्वानपि संग्रहोचितान् सम्भारान् स्वच्छान् शुद्धान् कार्योपयुक्तान् भास्वराँश्चररक्ष । कानिचिद्वस्तूनितु तत्सविधे तथाविधान्यप्यासन् यानिसामान्यतो महानगरेषु राजभवनेषु धनिनां गृहेष्वपि दुर्लभानि स्युः । स्वामिवर्योऽसौ विद्यानन्दमहाभागः प्रायेण सदासर्वदैव कर्मतत्परः किमपि किमपि नव्यं वस्तु निर्मातुमुद्युक्तः स्थिरासनो विविधोपकरणपरिवृत एव तस्थौ । संन्यासिनोऽपिसेयं कर्मठता स्पृहणीयैवासीत् ।

केचिद्विचित्राः प्रसङ्गाः

अथैकदा कश्चनैको वंशपुर (बाँसबाड़ा) राज्यस्यग्रामीणो जनो भुवनेश्वरतीर्थमागच्छत् । नद्यां कृतस्नानो दर्शनपूजनविधिं परिसमाप्य नैवेद्यं साधयित्वा भगवते भुवनेश्वराय विनिवेद्य स्वयमपि प्रसादं भुक्त्वा यथा गतस्तथा पुनः स्वस्थानं प्रति प्रतस्थे । तत्प्रस्थानानन्तरं स्वामिमहोदयेनालोकितम् यत्तत्रत्याया धर्मशालायानवनिर्मितस्यलिन्दभित्तौ तेन नवागन्तुकेन कृष्णाङ्गारेण स्वनामधाम-

तिथिवारादिकं लिखितमासीत्तथा सा स्वच्छा-भित्तिर्मलिनीकृतासीदिति । तद्वीक्ष्यैव सहसा स्वामिमहाभागोऽन्तः कोपाविष्टो बभूव । तत्कालं स्वासने निषण्णाः क्षणं किमपि विचिन्त्य भित्तौ लिखेतेन तस्य ग्रामीणस्य नामधामसङ्केतस्थलं-लक्ष्यीकृत्य पत्रमेकमलेखीत्—"महाशय । त्वं भुवनेश्वरस्य भक्तोऽसि तत एवत्वमत्रागतः । श्रीभुवनेश्वर स्त्वामत्रागन्तुं पुनराज्ञापयति । अन्यत् सर्वं परित्यज्यत्वरितमेवात्रागम्यताम् ।" स यात्री स्वगृहं प्राप्तो यावद्विश्राम्यति तावदेवतेन डाकद्वारा तदेतत्पत्रमुपलब्धम् । भगवदाज्ञा-गौरवं परिपालयन् स ग्रामीणोऽन्येद्युः पुनर्भुवनेश्वरमागतः । स्वामिमहाभागं प्रणम्योपविष्टः । तं दृष्ट्वैव स्वामी समवोचत् । 'आम् त्वमागतः । साधु कृतम् । त्वं तु सत्यमेव हि भुवनेश्वरस्य नैष्ठिकोऽसि भक्तः । अस्तु तावत् । त्वमेतां बालटिकाँ गृहाणानदीं गच्छ । स्नानं कृत्वा तामेतां बालटिकां मृदास्वच्छीकृत्यजलेनापूर्यात्रानय । गच्छ, गच्छ,-त्वरस्व । शीघ्रं बालटिकामत्रानय ।" स यात्री पृष्टवान्—'स्वामिवर्य । तत्कार्यं किमासीद्यदर्थमहं पुनरत्राहूतोऽस्मि ?' स्वामिमहाभागो गाम्भीर्येणावदत् 'अये, त्वमादौ शीघ्रमेव हि नदीं गत्वा सचैलं स्नात्वा बालटीमेताँ शुद्धजलेनापूर्यात्रानय । ततः सर्वं ज्ञास्यसि यदर्थमत्र पुनराहूतोऽसिभुवनेश्वरेण ।' सग्रामीणः शीतर्तावपि सचैलं स्नात्वा जलभरितां बालटिकामानीय यावद्भुवनेश्वरदेवालयस्य प्राङ्गणे स्वपदं निधत्ते तावदेव स्वामिवर्यः श्रीविद्यानन्दमहाभागः ससम्भ्रमं स्वासनादुत्थाय तस्य समीपं गत्वादीत्—'आम्, आगच्छ मया साकम् !' इत्युक्त्वा तं धर्मशालाया अलिन्दमनैषीत् । भित्तौ तल्लिखितं सर्वं तस्मै प्रदर्श्य स्वामिनोक्तम्—'अपि तदे तत्त्वयात्र ह्योलिखितम्?' सोऽब्रूत—'आम् महाराज ! मयैवैतल्लिखितम् !' एतदाकर्ण्य किञ्चित् क्रोधारक्तेक्षणं तं गभीरदशावलोक्य स्वामिवर्योऽवदत् 'तवोष्णीषमुत्तार्य बाटलिकायामस्यां निःक्षिप ।' तेन भक्तेन तथैव कृतम् । पुनस्तमब्रवीत् स्वामिमहाभागाः 'वस्त्रेणानेन जलार्द्रेण तान्येतानिह्यस्त्वया लिखितान्यक्षराणि प्रोञ्छय! प्रोञ्छय, अरे! शीघ्रं प्रोञ्छय!! त्वर्यताम् ! त्वर्यताम् !! स खलुवराको भक्तः स्वामिवर्यस्य प्रभाववशगो मन्त्र कीलितो भुजङ्गम इव स्वोष्णीषवस्त्राञ्चलेन मुहुर्मुहुः सम्प्रोञ्छय सम्प्रोञ्छय सर्वाण्यक्षराणिता तां भित्तिं सर्वथा स्वच्छां शुद्धां पवित्रां चाकरोत् । अन्ते स्वामिमहाभागस्तं भक्तोत्तमं परमया शांत्यागाम्भीर्येणावोचत्—'आम्, अधुना त्वं स्वगृहं गन्तुमर्हसि । यदि च ते मनस्यत्र धर्मशालायां स्वानमधामादिलेखनस्य बलवती चेदिच्छा भवति तदा त्वमत्र स्वधनेन स्वपरिश्रमेण चैकं नव्यं कक्षं निर्मापय । तत्र कक्षे शिलापट्टिकायां ते नामोल्लेखोऽवश्यमेव हि कृतः स्यात् । इदानीं सुखेन त्वं स्वगृहं गन्तुमर्हसि ।' श्रुत्वैतत् स्वामिनोवचः स भक्तस्ततः शनैः शनैरपागच्छत् ।

अथैकदा स्वामिनो विद्यानन्द महाभागः स्वासने स्थिता अपश्यन् यद्धिकश्चनैकः काको भुवनेश्वरस्य मन्दिरान्तः प्रविश्य तत्र प्रज्वलतोऽखण्डदीपकस्य पात्रतो घृतं भक्षयन्नास्त इति । सहि स्वासनादुत्थाय तं काकं प्रधर्ष्यापाताडयत् स च काकः प्रोड्डीय पलायितः । परन्तु नैतावता स काकश्तत्रागमनं दीपकस्य घृतभक्षणं चत्याक्षीत् । स हि वायसो नित्यमेव दिने वार द्वयं त्रिवारं वापकौशलान्मन्दिरान्तः प्रविश्य लीलया दीपक घृतं भक्षयत्येव नूनम् । काकस्यानयाविरतस्वभावचेष्टया स्वामिमहोदयः श्रीविद्यानन्दमहाभागो मार्मिकं किमपि विघ्नमिवापतियं भावयन्नखण्डदीपज्योतिः खण्डनाशङ्कया स्वहृदि भृशमक्षुभ्यत् । स्वामिमहाभागेन प्रायः सदासर्वदैव काकस्य तत्रागमनशङ्कया सावधानेन-

जागरूकेण च स्थातव्यमापतितम् । चिन्ताशल्य-शङ्कुना मर्माहत इव स्वामिमहाभागो विद्यानन्दसरस्वतिर्लोहशलाकाः संयोज्य काष्ठ पट्टिका वस्त्रतिरस्करिणीराच्छाद्याच्छाद्य काकस्यतस्य घृतभक्षणायान्तः प्रवेशमवरोद्धुं नानोपायाः प्रयत्नाश्च विहिताः परन्तु स सर्वभक्षः काकहतकोऽपि धृष्टो धूर्तशिरोमणिर्येन केन प्रकारेण छिद्रमाप्य देवालयान्तः प्रविश्य घृतभक्षण पर एव तत्स्थौ । काकृते नानेनाकाण्डताण्डवोपद्रवेण चिराय परिश्रान्तः स्वामिमहाभागः सप्ताहमेकं यावन्मन्दिरं सर्वतो जालपाशमायोज्य धूर्तवायसराजस्य तस्य तत्रागमनगतिविधीन् सूक्ष्मेक्षिकया निभृतं परिपश्यन् सावधानं तस्थौ । सर्वां स्थितिं निपुणं ज्ञात्वाऽन्तत एकदा केवलमेकमेव काकस्य तस्य मन्दिरान्तः प्रवेशयोग्यमवकाशद्वारं विवृतमुन्मुच्य जोषमास्थितः स्वामिवर्यः । अथ च मध्याह्नोत्तरं घृतभक्तः स धूर्तवायसस्तत्रायथौ । यावत् स काको विवृतछिद्रद्वारा मन्दिरान्तः प्रविष्ठस्ताव देव स्वामिमहोदयेन स्वयमन्तः प्रविश्य काकस्य तत्प्रवेशद्वारछिद्रं वस्त्रादिभिः पिहितम् । पुनस्तत्र तन्वीमेकाम् वेत्रयष्ठिकां स्वहस्तेनोद्धुत्य तं काकं मन्दिरान्तरमेव चक्रावर्तमन्त्राभयत् । घण्टाप्रायं समयमेवमेव बंश्रम्यमाणौ स्वामिवायसावतीव पर्यश्राम्यताम् । अन्ते स्वामिमहाभागः कम्वलं समाच्छाद्यतं घृतभक्षकं धूर्तदिगम्बरं वायसराजं निरग्रहीत् । तं च कृतापराधं धृष्टं काकं दृढसूत्रेण चरणयोर्निबध्यतस्म । आहारं जलं च समर्पयत् । ततः स्वामिवर्यस्तमित्थमवदत्—'जानेऽहं त्वां काकमहर्षिम् । भोः त्वमतीव धूर्तोऽसि । धृष्टोऽसि ! शठोऽसी ! ध्वाङ्क्षापसद ! अधुना त्वं महद्भिरायासप्रयासैरुपायानांशतैः परिश्रमेण च महता कष्टेन कौशलेन च निगृहीतोऽसि । घृतं तु तेऽतीव रुचिकरमास्ते भोः ! साधु, साधु; विरसस्व भोः काकमहर्षे!' एवमुक्त्वा स्वामिवर्यः सव्यङ्गयं साट्टहासं चोमुक्तकण्ठमुच्चैर्जहास । ततः पूर्वत एव संसाधितं तैलमिश्रितं दुग्धधवलं लेपं पात्रेनिधाय कूर्चिकया स काकाधमो लेपेन तेन सर्वाङ्ग चित्रितः । वायु प्रकाशाभ्यां शुष्कतामुपगते काकस्य देहलेपे स्वामिमहाभागो मन्दं मन्दं हसन्नब्रूत 'काकवर्य ! त्वं निःसंशयमतीव धूर्तोऽसि, शठोऽसि, घृतचौरोऽसि, एकचक्षुरपित्वं क्रान्तदृष्टा वर्तसे । यदि त्वं सत्यमेव चतुरशिरोकणिरसि तदा न कदाप्य च पुनर्भुवनेश्वरस्य प्रभोर्दीपकघृतभक्षणायात्रागमनपरिश्रमं कुर्याः । यदि च त्वं स्वभाव वशाद्भूयोऽप्यत्रागत्य घृतं भक्षितुमयचेष्टिष्यसे तदा त्वामहं कृष्णामपि शुक्लवर्णं महर्षिंलीलयैव क्षणात्परिचेष्यामि नूनम् । मया चित्रितो लेपोऽयं ते तनुमिमां वर्षभरं शुक्लवर्णामिव रक्षेदिति मम विश्वासोऽस्ति । इदानीं त्वं यथेच्छं स्वच्छन्दं सर्वतन्त्र स्वतन्त्रं विहर्तुमर्हसि काकाधियते ।' एवमुक्त्वा स्वामिना रज्जुबन्धनान्मुक्तः स काकस्तत उड्डीय पलायितः ससम्भ्र मम् वटवृक्षस्य शिखशाखां निषण्णः । तत्र च सः काकः स्वदेहं चित्रविचित्रवर्णं पश्यन् स्वात्मनो विचित्रां दशां प्रति साश्चर्यं निरीक्षणाणः 'काका' इति शब्दं भूयः प्रजल्पँस्तस्थौ । तत्र तस्य तच्छब्दध्वनिश्रवणादन्येऽपि च परसहस्राः काकास्तत्रागच्छन् परन्तु तं श्वेताङ्गं विचित्रवर्णं चित्रितं काकं स्वजातीयमपि तथाविधामवेक्ष्य तं नाभ्यनन्दन् केवलं कोलाहलैर्दिग्दिगन्ताना पूरयन् । एतत् सर्वं विलोक्य स्वामिवर्योऽन्तर्गूढं हसन् विहसन् सन् मुहुर्मुहुर्मुमुदे ।

अथैकदा ग्रीष्मर्तावहं श्रीभुवनेश्वर मगच्छम् । प्रातः स्नानसन्ध्यापूजनभोजनादिकं परिसमाप्य मध्याह्ने स्वामिवर्योविद्यानन्द महाभागोऽहं च विश्रामाय वामकुक्षि-अस्वपाव । यावदावां द्वावपि निद्रासमाधिसुख मनुभवावस्तावदेव मया दृष्टम्—

(क्रमशः)

"कवयः कालिदासाद्या भवभूतिस्तु महाकविः"

(मुक्तं वृत्तम्)

डा० राजमणिपाण्डेयः, कुरुक्षेत्रविश्वविद्यालयः

न हि कवीनां काव्यप्रतिभा जातु तुलया तोल्यते ।
रीतिध्वनिवक्रोक्तिगुणनेत्रैर्न सकलं दृश्यते ।।१।।
सदा वै उड्डीयमाना मुक्तमुक्ता वक्रगाः ।
महाप्रतिभाकाशमार्गे कविविहङ्गा यान्ति ते ।।२।।

लोकमार्गं परिहरन्तो नैव गृह्यन्ते हि ते ।
रीतिध्वनिवक्रोक्तिगुणदोषादिकारापञ्जरे ।।३।।
सन्ति यद्यपि तत्र आचार्या महात्मानो हि ते ।
दण्डिवामनविश्वनाथाभिनवगुप्ताद्या ननु ।।४।।

किन्तु तेषां काव्यविहगग्रहणयत्ना भान्ति मे ।
क्वचित्सफलाः क्वचिदसफलाः क्वचिद् भ्रान्ताः सर्वथा ।५।
नियतिनियताः कष्टकष्टा नीरसाः प्रायेण ते ।
दोषगुणबन्धनगता आचार्ययत्ना भान्ति मे ।।६।।

अतः तुलना कालिदासस्य कवेर्भवभूतिना ।
जातु सफला जात्वसफला जातु भ्रान्ता भाति मे ।।७।।
अत्र तुलना कालिदासस्य कवेर्भवभूतिना ।
केवलमालोचनादृष्ट्या मया तु विधीयते ।।८।।

कालकर्तृकमन्तरं वै वर्तते महदन्तरम् ।
कालिदासस्य च भवभूतेश्च कविवर्यस्य हि ।।९।।
कालिदासस्य हि कालः खृष्टकालात् प्राक्तने ।
प्रथमशतके मन्यते प्रायेण पौरस्त्यैर्जनैः ।।१०।।

तस्य भवभूतेश्च कालः खृष्टकाले मन्यते ।
सप्तमे शतके अहो कालस्य तन्महदन्तरम् ।।११।।
प्रथमशतके खृष्टपूर्वे बहुमता शैली हि या ।
सप्तमे शतके न सा बहु मन्यते स्म कविजनैः ।।१२।।

अतः शैल्या अन्तरम् उभयोर्हि यद्वै दृश्यते ।
तत्र कालः कारणं नो जातु कव्योः प्रातिभम् ॥१३॥
कालिदासस्य हि काले सरलसरलाऽकृत्रिमा ।
बहुमता शैली अनाडम्बरमयी प्रासादिकी ॥१४॥

महाकविभवभूतिकाले किन्तु या शैली मता ।
सा हि पाण्डित्यप्रधाना कृत्रिमालङ्कारिकी ॥१५॥
सहजसहजा सुप्रसन्ना कालिदासस्य कृतिः ।
महाकविभवभूतिकाव्यं तेन पाण्डित्येन[1] हि ॥१६॥

स महाकविकालिदासो विविधकाव्यं रचितवान् ।
महाकाव्ये खण्डकाव्यं मुक्तकं नाट्यत्रयम् ॥१७॥
महाकविभवभूतिना तु निर्मितं रूप्यत्रयम् ।
काव्यभेदकृतो हि भेदो वर्तते उभयोरयम् ॥१८॥

कवेर्भवभूतेश्च तस्य कालिदासस्य तथा ।
तादृशं सम्बन्धनं वै संस्कृते ननु वर्तते ॥१९॥
यादृशं वै ग्रीकसाहित्ये तयोः खलु दृश्यते ।
ईसकाइलसनाम्नो यूरीपिडीजनाम्नस्तथा ॥२०॥

इति मतं यच्छ्रूयते रायडरमहोदयसम्मतम् ।
तत्तु बेरिडेलकीथनाम्ना पण्डितेन खण्डितम् ॥२१॥
कालिदासो भारतीये नाट्यसाहित्ये महान् ।
ग्रीकसाहित्ये च सोफोक्लीजनामा बुद्धिमान् ॥२२॥

इति तु कथयति ततः कीथः ग्रीकसंस्कृतवाङ्मये ।
तथा पश्यन् सकलदृष्ट्या जीवनं सकलं ननु ॥२३॥
कालिदासस्य तु वैदर्भी मता शैली हि सा ।
कवेर्भवभूतेस्तु शैली सा तथा गौडी मता ॥२४॥

"माधुर्यव्यञ्जकैर्वर्णै रचना ललितात्मिका ।
अवृत्तिरल्पवृत्तिर्वा वैदर्भी रीतिरिष्यते ॥२५॥

१–इत्थम्भूतलक्षणे तृतीया ।

"ओजःप्रकाशकैर्वर्णैर्बन्ध आडम्बरः पुनः । समासबहुला गौडी"

कालिदासे हि प्रसादः स गुणः सार्वत्रिक ।
किन्तु भवभूतौ कवौ ओजो नु बहुनं दृश्यते ॥२६॥
कलिदासे व्यञ्जना भूम्ना सदा ह्युपलभ्यते ।
किन्तु भवभूतौ कवौ अभिधैव प्रायः श्रूयत ॥२७॥

कालिदासे जीवनस्य पूर्णता ननु लक्ष्यते ।
किन्तु भवभूतौ हि गाम्भीर्यं नु प्रायो लक्ष्यते ॥२८॥
ततो भवभूतौ न हास्यं नाटकेषु लभ्यते ।
नो च पात्रं हास्यकारी स विदूषक आप्यते ॥२९॥

पदे वाक्ये च प्रमाणे स कविः पारङ्गतः ।
महादार्शनिकः स भवभूतिः स भाषायाः प्रभुः ॥३०॥
तेन दार्शनिकेन दार्शनिकैः पदैः काव्यं कृतम् ।
सरससरसं महागम्भीरं तथा भवभूतिना ॥३१॥

महाकारुणिकमहाशयकविर्भवभूतिर्महान् ।
करुणरसकाव्ये पराकाष्ठां गतो नाट्ये तथा ॥३२॥
यत्र व्यङ्ग्योऽर्थोऽतिशेते वाच्यमर्थं काव्यके ।
उत्तमं काव्यं ध्वनिः स कथ्यते ध्वनिवादिभिः ॥३३॥

यत्र वै करुणो रसो भवभूतिनाट्ये रस्यते ।
तत्तु उत्तमकाव्यमिति ननु व्यंजनत्वान्मन्यते ॥३४॥
उत्तमं काव्यं तु वाच्येऽर्थे प्रधाने सत्यपि ।
जायते इत्यत्र भवभूतिः कविः स निदर्शनम् ॥३५॥

न हि सदा व्यङ्ग्योऽर्थ एव उत्तमत्वे कारणम् ।
आदिकाव्यं च महाभारतमत्र निदर्शनम् ॥३६॥
सरलसरलोऽभिधाबोध्योऽर्थोऽपि उत्तमकाव्यकृत् ।
आङ्ग्लजर्मनफ्रेञ्चहिन्दीप्रभृतिसाहित्ये यथा ॥३७॥

तथा संस्कृतवाङ्मये भवभूतिकृतनाट्यत्रयम् ।
सरलसरलैर्मधुरमधुरैः सुप्रसन्नैश्च पदैः ॥
महाकविभवभूतिकाव्ये जायते ननु चारुता ॥३८॥

तस्माद्रीतिवैशिष्ट्याद्भवभूतिर्महाकविः ।
एककाले स्थितोऽपि स सनातनायते ननु ॥३९॥ ×

तज्जीवनं यच्च सुसंस्कृतं स्यात्

वैद्य रामस्वरूप शास्त्री, सम्पादकः, बालसस्कृतम्,

तज्जीवनं कर्मपरायणं यत् तज्जीवनं धर्मपरायणं यत् ।
तज्जीवनं यत्र च यत्नपूजा तज्जीवनं यत्र विधिप्रवृत्तेः ।।

तज्जीवनं यद् विद्याधिपाठं तज्जीवनं शास्त्रविचारभूयम् ।
तज्जीवनं यत्र गुणप्रशंसा तज्जीवनं यद्धरिभक्तिसक्तम् ।।

तज्जीवनं यत्र सुबुद्धियोगः तज्जीवनं यत्र धनप्रयोगः ।
तज्जीवनं यत्र फलं कृतस्य तज्जीवनं यत्र विभा श्रुतस्य ।।

तज्जीवितं यच्छीलेन शोभितं तज्जीवनं यद्विनयेन भूषितम् ।
तज्जीवनं यद्व्यवहारविज्ञं तज्जीवनं यद्ध्यनुशासितं स्यात्।।

तज्जीवनं यत्र विशेषताऽस्ति तज्जीवनं यत्पुण्यं क्रियासु ।
तज्जीवनं यत्र नवीनताऽस्ति तज्जीवनं यत्र मनः प्रसन्नम् ।

तज्जीवनं यत्र च सत्यतास्ति तज्जीवनं यत्र च मित्रताऽस्ति ।
तज्जीवनं यत्र मनस्विताऽपि तज्जीवनं यत्र जयः परेषाम् ।।

तज्जीवनं यत्र च शौर्यमस्ति तज्जीवनं यत्र च धैर्यमस्ति ।
तज्जीवनं यत्र न चौर्यमस्ति तज्जीवनं यच्चसुनिर्भयं स्यात् ।।

तज्जीवनं यत्र हि देवपूजा तज्जीवनं यत्र गुरोः समर्चा ।
तज्जीवनं यत्र गवां सुरक्षा तज्जीवनं यद्भूदेवपूजितम् ।।

तज्जीवनं यत्र रतिः स्वधर्मे तज्जीवनं यत्र च देशनीतिः ।
तज्जीवनं यत्र मिथः प्रतीतिः तज्जीवनं यत्र गतिर्जगत्याम् ।।

तज्जीवनं यत्र पितुः प्रसादः तज्जीवनं यन्मातुः शुभाशम् ।
तज्जीवनं यत्र गुरोः शुभाशिषः तज्जीवनं यत्र हरेःकृपाऽस्ति।

तज्जीवनं यज् ज्ञानेन सुन्दरं तज्जीवनं यद्विज्ञानर्चाचितम् ।
तज्जीवनं यच्चसुसंस्कृतंस्यात् तज्जीवनं यत्र हि संस्कृतंस्यात्।।

—:०:—

साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम्

वैद्य रामस्वरूप शास्त्री, सम्पादकः बालसंस्कृतम् बम्बई-८६

स्वतन्त्रे भारतेऽस्माकं गणतन्त्रं विराजते ।
तथापि पीडिता लोकाः साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम् ।।१।।

आङ्गली वर्धते शिक्षा नैजी नश्यति संस्कृतिः ।
धर्मे न वर्तते स्थैर्यं जनानाँ तन्न साम्प्रतम् ।।२।।

मुद्रायाः हीयते मूल्यं वस्तूनाँ तद्वर्धते ।
महर्घो याति चाकाशं साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम् । ३।।

अन्नं वस्त्रं गुडं तैलं नेन्धनं चापि लभ्यते ।
नगरेषु निवासाय न गृहं तन्न साम्प्रतम् ।।४।।

गेहे स्नेहो न स्त्रीयेषु नास्ति शालासु शासनम् ।
नास्ति मित्रेषु सत्प्रीतिः साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम् ।।५।।

कार्यार्थिः स्वामिनः सन्ति सेवकाश्च धनार्थिनः ।
लोके नीतिभयं नास्ति साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम् ।।६।।

प्रभवः सन्ति लुण्टाकाः साधवः सन्ति पीडिताः ।
नीतिभ्रष्टाश्च नेतारः साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम् ।।७।।

छात्रेषु विनयो नास्ति विश्वासः स्वसुतेष्वपि ।
पितरौ नापि चादर्शौ साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम् ।।८।।

दीनाहीनामलीनाश्च कार्यचौरा दिने दिने ।
ग्रामीणा नगरं यान्ति साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम् ।।९।।

स्वतन्त्राः साक्षराः नार्यः कार्याय विचरन्ति याः ।
संस्थानेषु च भृत्याय साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम् ।।१०।।

पण्डिताः खण्डिताः सर्वे संस्कृतं समुपेक्षितम् ।
संस्कृतिः मन्दतां याति साम्प्रतं तन्न साम्प्रतम् ।।१।।

--:०:--

नैष धर्मः सनातनः

वैद्य रामस्वरूप शास्त्री, सम्पादकः, बालसंस्कृतम् बम्बई-८६

वानप्रस्थो गृहस्थो वा सन्यासी वा भवेज्जनः ।
देवं न पूजयेन्नित्यं नैष धर्मः सनातनः ॥

धनिकस्य गृहं गत्वा वेतनी भृतको भवेत् ।
कार्यं मन्दगतिः कुर्यान्नैष धर्मः सनातनः ॥

सोसिलिष्टः कम्यूनिष्टः काँग्रेसी वा भवेज्जनः ।
न देशस्य हितं कुर्यान्नैष धर्मः सनातनः ॥

धार्म्यः कार्यक्रमो भावी इति कृत्वा शुल्कं हरेत् ।
नर्तयेत् कन्यकारङ्गे नैष धर्मः सनातनः ॥

जापानं जर्मनं वापि लण्डनं वा व्रजेन्नरः ।
न देशं पुनरागच्छेत् नैष धर्मः सनातनः ॥

पाठे वर्गे किशोराणाँ किशोरीभिरलं भवेत् ।
सङ्गो रङ्गे च नृत्ये च नैष धर्मः सनातनः ॥

उत्कोचग्राहको वापि ब्लेकमार्केटगोऽपि वा ।
भीतो न जायते धर्मान्नैष धर्मः सनातनः ॥

कोटं च पतलूनं च वाचं च धरते जनः ।
पामरोऽपि परं वीक्ष्य नैष धर्मः सनातनः ॥

अटेदार्यो विदेशेषु गुणानन्यानवाप्नुयात् ।
वृत्तं च हापयेन्नैजं नैष धर्मः सनातनः ॥

खादेत् पित्रार्जितं भक्तं मात्रा दत्तं पयःपिबेत् ।
कार्यं वीक्ष्य व्रजेद् दूरं नैष धर्मः सनातनः ॥

होटलं प्रातरुत्थाय गत्वोच्छिष्टं पिबेन्नरः ।
सर्वभक्षी दिने शायी नैष धर्मः सनातनः ॥

भ्राता च भ्रातरं वीक्ष्य क्रुद्धो भूत्वा शपेन्नरः ।
सम्मतो न भवेज्जातु नैष धर्मः सनातनः ॥

बी·ए·वा एम.ए·वापि कृत्वा न विनयी भवेत् ।
शिष्यो विद्यागुरुं हन्ति नैष धर्मः सनातनः ॥

मित्रं मित्रमितिब्रूयात्तेन खादेत् पिबेदपि ।
कार्यकाले छलं कुर्यान्नैष धर्मः सनातनः ॥

यावनीं वा पठेद् भाषामाङ्गलां वा पुनः पठेत् ।
न पठेत् संस्कृतं क्वापि नैष धर्मः सनातनः ॥

—:०:—

सूली पर सोते हैं जो"

श्री कौशल सिखौला

अखण्ड हिन्दुस्तान के उज्ज्वल ललाट से दासता रूपी कालिमा धोने के लिए पंजाब ने अपना लहू खूब बहाया है। इस धरती ने यूं तो अनेक वीरों को जन्म दिया है पर कुछ ऐसे हैं जो जन्म के क्षणों को अमरत्व दे गए हैं। अश्विन शुक्ला त्रयोदशी सं. १९६४ वि०तदनुसार २८ सितम्बर १९०७शनिवार का दिन प्रातः लगभग ९ बजे का समय श्री भगत सिंह को जन्म देकर धन्य हो गया। देश-प्रेम की दीप-शिखा पर चमकने वाले क्रांतिकारी पतंगों में भगत सिंह का नाम सर्वोपरि है। जब भगत सिंह का जन्म हुआ तो बंगा ग्राम (जिला लायलपुर, पाकिस्तान) खुशियों से झूम उठा। निश्चय ही काल भी एक ओर खड़ा मन ही मन मुस्कुरा रहा होगा·· यह सोचकर कि जिस जन्म पर एक छोटा सा समुदाय खुशियां मना रहा है वही भविष्य में राष्ट्र की गतिविधियों का केन्द्रबिन्दु होगा।

भगत सिंह युगद्रष्टा थे। परतन्त्रता के बोझ से दबी जनता के निष्प्राण चेहरे ·· भूखा पेट·· जीर्ण काया ·· सभी ने भगत सिंह को झकझोर दिया। इस से छटपटा कर घर का मोह त्याग भारत माता के चरणों में पड़ी दासता की भारी लोह-शृंखलाओं पर प्रहार हेतु भगत सिंह रण-भूमि में कूद पड़े। उनमें अद्भुत संगठनक्षमता थी। आजाद-गणेशशंकर, राजगुरु आदि के साथ मिलकर भगत सिंह ने देश में विद्रोही गतिविधियों को तेज कर दिया। जब साइमन कमीशन का सम्पूर्ण देश में बहिष्कार किया जा रहा था तभी भगत सिंह का अभौतिक स्वरूप चमक कर सामने आया। सन् १९२८ में साइमन कमीशन लाहौर आया। विराट जन समूह विरोध में उठ खड़ा हुआ। लाला लाजपतराय जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। जैसे ही कमीशन के नेता सर जान साइमन स्टेशन पर उतरे, आकाश "गो बैक" के नारों से गूंज उठा। पुलिस अधिकारी स्काट के आदेश पर आफीसर जे०पी० साण्डर्स तिलमिला कर आगे बढ़ा और लालाजी सहित भीड़ पर डंडों के प्रहार करने लगा। लालाजी को चोटें आईं पर शारीरिक कम मानसिक अधिक। उन्होंने सोचा भी नहीं था कि पुलिस उन पर भी डंडे बरसा सकती है। बस यही सदमा उनके प्राण ले गया। भगत सिंह का खून खौलने लगा। साण्डर्स की हत्या करके उसने न सिर्फ लालालाजपतराय का प्रतिशोध ही लिया वरन अंधे अंग्रेजी शासन को हिला डाला। इसके बाद असेम्बली में वायसराय की उपस्थिति में बम फेंक कर भगतसिंह ने इतिहास के पृष्ठों को गतिवान कर दिया। बाहरी सत्ता धड़ाकों से काँप उठी। भगत सिंह चाहते तो भाग सकते थे परन्तु वे अपना जीवन राष्ट्र को सौंप चुके थे। वे गिरफ्तार हो कर मुकदमे और अदालत को अपने विचारों के प्रचार का मंच बनाना चाहते थे।

फांसी की सजा होने पर उन्होंने बड़ी शांति से जेल में दिन व्यतीत किए। अध्ययन का उन्हें बड़ा शौक था। कार्ल-मार्क्स, बुखारिन और रसेल की युद्ध सम्बन्धी पुस्तकों का उन्होने गहन अध्ययन किया। जेल में रहते हुए भगत सिंह ने स्वयं भी चार महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं जिनमें "समाजवाद का आदर्श" तथा "मृत्यु के द्वार पर" बड़ी प्रेरक थीं। दुःख यही है कि सुरक्षा की दृष्टि से इस हाथ से उस हाथ होती हुई अन्ततः नष्ट हो गईं और विश्व एक क्रांतिकारी के विचारों से वंचित रह गया।

आखिर भगत सिंह को फांसी हो गई उनकी मृत्यु पर गांधी जी ने 'नव जीवन' में लिखा, "भगत सिंह अहिंसा के पुजारी नहीं थे पर वह हिंसा को धर्म नहीं मानते थे। अन्य उपाय न देखकर वे रक्तिय क्रान्ति को तैयार हो गए। इन वीरों ने मृत्यु के भय को जीता था। इनकी वीरता के लिए इन्हें हजारों नमन हो···।" भगत सिंह में धैर्य और कर्म की प्रधानता थी। उनमें अद्भुत चिंतन प्रतिभा थी। प्रेम के विषय में वे लिखते हैं, "जहाँ तक प्यार का नैतिक सम्बन्ध है, यह कहा जा सकता है कि यह अपने आप में कुछ नहीं.. सिवाय एक आवेग के, लेकिन पाशविक वृत्ति नहीं, एक मानवीय अत्यन्त सुन्दर भावना..। प्यार तो हमेशा चरित्र को ऊँचा उठाता है। सच्चा प्यार कभी गढ़ा नहीं जा सकता। यह तो अपने ही मार्ग से आता है। कोई नहीं कह सकता—कब? लेकिन यह प्राकृतिक है। मैंने एक आदमी से प्यार की निंदा की है पर वह भी एक आदर्श स्तर पर। यह एक इंसानी कमजोरी है पर इसके होते हुए भी मनुष्य में प्यार की गहरी भावना होनी चाहिए जिसे वह एक आदमी में सीमित न करदे बल्कि विश्वमय रखे।"

सच ही तो है आज विकासशील भारत को फैशनपरस्त रुमानियत भरी जिन्दगी की क्या जरूरत है..? दकियानूसी विचारों और धार्मिक रूढ़ियों की क्या अहमियत है..? शायद कुछ भी नहीं। स्वतन्त्रता के परिधान में राष्ट्र आज शैशव से गुजर रहा है..क्रांति को रचनात्मक रूप देकर यदि इस शताब्दी के बचे हुए अढ़ाई दशकों में गली-सड़ी मान्यताओं एवं जीर्ण-शीर्ण प्रथाओं को समाप्त कर दिया जाय तो यह जीवट शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि होगी। आइए बसंत में गुंथी सभ्यता का निर्माण कर नए राष्ट्र को लय दें। कल्याण कुमार शशि के शब्दों में—

साहसी को बल दिया है मृत्यु ने मारा नहीं है,
राह ही हारी सदा, राही कभी हारी नहीं है।

श्रद्धा—सुमन

दिनेश्वर नाथ त्रिपाठी

बदल दिया सौभाग्य मनुज का,
जिसकी व्यक्त क्रिया ने।
दिया नया इतिहास देश को,
जिसके स्वच्छ हिया ने ॥१॥
जन-जीवन में सौम्य सूर्य सा,
जो व्यापित दीपित था।
राष्ट्र-प्रेम की दिव्य भावना से—
प्रतिक्षण—पूरित था ॥२॥
जिसके विमल कृत्य से युग में,
नव जीवन लहराया।
मातृ भूमि की यशः पताका—
का गौरव फहराया ॥३॥
कण—कण में जिसकी गरिमा का,
महक रहा शतदल है।
भ्रान्त पथिक का दिशा विद्यायक,
जो जीवन सम्बल है ॥४॥
युग मानव उस भगत सिंह की,
पुण्य तिथि पावन है।
बाल-वृद्ध स्थावर जङ्गम हित,
मन भावन सावन है ॥५॥
जीवन का व्रत मित्र आज हो,
शान्ति, दया, समरसता।
युग युग से शोषित मानव हित,
क्रान्ति—कर्म तत्परता ॥६॥
पुण्य श्लोक, निश्छल निरीह के,
प्रेम—पुष्प स्वीकार करो।
भारत के भास्वर गौरव हित,
इस मिट्टी से प्यार करो ॥७॥

शिशु का जातकर्म संस्कार

स्वस्थ जीवन एवं सुखी आदर्श समाजका मूलाधार

आचार्य ब्रह्मदत्त शर्मा आयुर्वेदालंकार, २८५।१३।सो–४बी, जनकपुरी, नयी दिल्ली–५८)

'संस्कार':—

यह शब्द 'सम्'-उपसर्ग-पूर्वक 'डुकृञ् करणे'-धातु से बना है। 'सम्'-उपसर्ग का अर्थ है—समीचीन, अर्थात् अच्छा इसकी युक्ति विशेषण-'क्रिया-विशेषण दोनों रूपों में होती है, अतः दो अर्थ बनेंगे, तद्यथा—समीचीन ('अच्छा' : विशेषण), और समीचीनतया-सम्यक्तया ('अच्छे प्रकारसे': क्रिया-विशेषण)। 'डुकृञ् करणे'-धातुका अर्थ है, 'करना' जिससे कर्म-कार्य-कर्तव्य-आदि शब्द बनते हैं। दोनों का संयुक्त अर्थ बना—अच्छा कर्म; तथा अच्छे प्रकार से करना, बनाना, सँवारना, सुधारना, आदि।

इनमें से दूसरा, अर्थात् क्रियाविशेषण-परक, अर्थ अधिक ठीक है। विशेषण-परक अर्थ के लिए तो सत्कर्म-सत्कार्य-आदि शब्द अधिक उपयुक्त हैं। और, उपसर्गों की युक्ति तो विशेषतया, एवं अधिकता, होती ही क्रियाविशेषण-परक है। अतः, 'संस्कार' का समीचीनतर यौगिक अर्थ बना —अच्छे प्रकार से करना, बनाना, सँवारना, सुधारना, आदि।

वस्तुतः, उपसर्ग (प्रादि) के योग से धातु का अर्थ बिल्कुल ही बदल जाता है। उदाहरणार्थ —'हृञ् हरणे' (हरना, छीनना चुराना)-धातु में क्रमशः प्र आङ्-सम्-वि-परि-उपसर्गों के योग से बने प्रहार (=आघात, चोट मारना), आहार (=भोजन जुटाना), संहार (=विनाश, नाशन; उपसंहार=समेटना), विहार (=भ्रमण, भ्रमण-स्थल), परिहार (=बचाव, निकास, बचना) शब्दों के अर्थ बिल्कुल ही भिन्न प्रकार के हो गये हैं।[2] इसी प्रकार, गत्यर्थक 'गम्'-धातु[1] के सोपसर्ग परागम-अपगम-सँगम-अनुगम-अवगम निर्गम-दुर्गम-आगम-आगमन-निगम-अधिगम-अतिगम-सुगम-उद्गम-अभिगम-प्रतिगम-परिगम-उपगम-उपगमन-आदि शब्दों के अर्थ बिल्कुल भिन्न-भिन्न हैं।

'संस्कारो गुणान्तराधानम्':-----

'संस्कार' का योग रूढि-अर्थ है 'गुणान्तराधान, अर्थात् नये गुणों का आधान। पूर्ववर्ती गुण-दोषों का निराकरण करके नये गुणों का समावेश करना। अर्थात्, नवीकरण। इस प्रक्रिया के दो अंग होते हैं—प्रथम, पूर्ववर्ती गुण-दोषों का निराकरण या निष्कासन; और द्वितीय, नये गुणों का आधान। यथा—मैले कपड़े का प्रथम तो मैल धो डालना और फिर उस पर पीला आदि रंग इच्छानुसार चढ़ाना। ये दोनों क्रियाएँ जिसमें विद्यमान हों, वह 'पूर्ण' संस्कार बनेगा। परन्तु, व्यवहार में पहली-दूसरी दोनों क्रियाएँ पृथक्-पृथक् रहने पर भी 'संस्कार' कहाती हैं। यथा—मैले कपड़े का मैल प्रक्षालन-आदि द्वारा दूर करना भी 'संस्कार' ही है; तथा मैल-रहित स्वच्छ वस्त्र हो तो उसे पीला रंग डालना भी 'संस्कार' ही है। तब पहली क्रिया को एक विशेष संज्ञा दे दी जाती

---

१ 'प्र-परा-अप-सम्-अनु-अव-निस्-निर् दुस्-दुर्-वि-आङनि-अधि-अपि-अति-सु-उत-अभि-प्रति-परि-उप—एते प्रादयः (=उपसर्गाः)।'

२ 'उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते (.....), बलादन्यः प्रतीयते)। प्रहाराहारसंहारविहा-परिहारवत्॥,

है, 'शोधन'। यथा--पारद, गन्धक, अभ्रक, ताम्र, लौह, स्वर्ण, रजत आदि खनिज द्रव्यों का शोधन। वत्सनाभ, धत्तूर, अहिफेन, मल्ल, कारस्कर सर्प-विष, आदि विषद्रव्यों का विविध द्रव्यों एवं विधियों-द्वारा शुद्धीकरण भी 'शोधन'-संस्कार है। पारद के आठ प्रचलित संस्कारों में से स्वेदन, मर्दन, मूर्च्छन, पातन, आदि प्रथम कोटि के हैं; और उत्थापन, बोधन प्रभृति द्वितीय कोटि के। वस्तुतः मूर्च्छन-बोधन' एवं 'पातन-उत्थापन' ये दो युग्म प्रथम-द्वितीय कोटि वाले मिश्रित पूर्ण संस्कार' हैं, जिसमें दोनों क्रियाएँ परस्पर-पूरक रूप में सम्पन्न करायी जाती हैं।

जीवन में संस्कार---

केवल वस्त्र-पारद-आदि निर्जीव द्रव्यों में ही नहीं, सजीव शरीर में भी संस्कार किये जाते हैं। केवल किये ही नहीं जाते, और परिवर्ती वातावरण एवं परिस्थितियों में से स्वयमेव आ ही नहीं जाते, अपितु उत्तरोत्तर अनुवृत्त एवं प्रवृद्ध भी होते हैं। जिस प्रकार, गाड़ी के पहिये को ठीक पटरी पर चला देने का 'संस्कार' करने पर वह उसी पटरी पर आगे-आगे बढ़ता जाता है, तथा स्टीयरिंग एवं गियर-द्वारा मोटर के पहिये को सही राजमार्ग पर कर देने से एवं किये रखने से वह उसी सीध में मोटर को भगाये लिये जाता है, और शोधन-संस्कारित पारद प्रयोग में अपने अविकारी उपकारी गुणों को प्रत्यक्ष करता जाता है; इसी प्रकार, सद्वृत्त-सदाचार-सत्संग-सद्वातावरण-सत्परिवेश-आदि-द्वारा संस्कारित जीवन भी अपने कौलीन्य-अभिजात्य-साद्गुण्य-आदि को प्रकट करता रहता है, बल्कि आगे-आगे अनुवृत्त करता जाता है। इसी लिए, किसी साधु-सन्त या सदगुणी-सदाचारी-परोपकारी व्यक्ति के सम्पर्क में आते ही हम निस्संकोच कह उठते हैं, 'इस व्यक्ति को संस्कार अच्छे मिले हैं, तभी यह इतना अच्छा है।' यहाँ तक कि अबोध बालक में अच्छी आदतों को देखते ही हमें उसके अच्छे 'संस्कार' का विचार होता है, जैसे फल को देखकर हमें उसके बीज का अनुमान हो जाता है, इसी तथ्य को उपमा बनाकर ही महा-कवि कालिदास ने 'रघुवंश' में रघुवंशियों का वर्णन किया है कि उनके सत्कर्मों का अनुमान उन के कर्म-परिणाम को देखकर ही होता था (-'फला-नुमेयाः प्रारम्भाः संस्काराः प्राक्तना इव'-रघुवंश)। प्रसंगवश आज के सन्दर्भ में यह भी ध्वनि इस वाक्य से निकलती है कि रघुवंशी महापुरुष आज के खड्यन्त्री-डाकापन्थी-गद्दीतन्त्रियों के समान ढिंढोरची नहीं थे, अपितु मितभाषी-सत्यव्रती-कर्मठ एवं संस्कारी होते थे। वे आज के-से गद्दी-लोलुप अलीक-'जनसेवक' नहीं, अपितु प्रजारंजक ('राजा प्रकृतिरंजनात्') एवं जन-उन्नायक सज्जन होते थे।

जीवन में संस्कारों की महत्ता तथा आवश्यकता:-----

ऊपर हमने देखा है कि संस्कार के द्वारा हम किसी भाव में नवीन गुणों का आधान-आविर्भाव करते हैं जो उत्तरोत्तर अनुवृत्त होते हैं और निर्जीव-सजीव दोनों में यह क्रिया प्रतिफलित होती है। इस दृष्टि से, साद्गुण्य एवं योग्यत्व के सम्पा-दनार्थ निर्जीव-सजीव दोनों के लिए 'संस्कार' न केवल उपादेय, अपितु आवश्यक भी, होता है। विशेषतः, सजीव पात्रों या भावों के लिए तो 'संस्कार' की महत्ता एवं आवश्यकता अनिवार्यतया अपेक्षित होती है। कारण स्पष्ट है। निर्जीव भाव या पात्र निर्बोध होता है और उसे जिस प्रकार से संस्कारित करके जो गुण या कर्म उसमें समाविष्ट या

आविर्भूत कर दिया जाता है, वह उसी ढर्रे पर चलता जाता है, बशर्ते कि मार्ग में कोई 'नयी' बाधा न आ जावे। और, 'नयी' बाधा का प्रतिकार प्रतिषेध-संस्कार कर देने पर वही पूर्वनिर्धारित ढर्रा-गमन यथा पूर्व चालू रहता है। उदाहरणार्थ-शोधित पारद अपने संस्कारलब्ध एवं संस्कारा-विर्भूत गुणों का प्रभाव दिखाता जायेगा, बशर्ते कि किसी नये दोष या बाधा का संसर्ग न हो जावे। शोधित वत्सनाभ अपने अवसादक दोष से रहित हो जाने के कारण उपकारी प्रभाव दिखायेगा। इत्यादि। यह बात 'निर्जीव' भावों या पात्रों में हम देखते हैं। उनमें, जो नवनवोन्मेष-बुद्धि वाले नहीं होते। और, सजीव बैल को भी यदि कोल्हू में जोतने तथा नेत्रों पर खोपे बाँधने वाला संस्कार करके हम 'निर्बोध' अविवेकी बना डालें तो वह भी हाँकने से कोल्हू चलने के अनन्त ढर्रे पर लग जाता है (पक्षान्तं नैव गच्छन्ति तिलपीडकवद् गतौ'-चरक)। वह मशीन की तरह बँधा-बँधाया सधा-सधाया काम करता जाता है।

परन्तु, सजीव-सबोध-विवेकी पात्र की बात दूसरी है। उसकी दसों इन्द्रियाँ अपने परिवेश में खुली हुई हैं जो उसको यत्र-तत्र-सर्वत्र भटकाती रहती हैं और प्रायः दुष्प्रवृत्त करती रहती हैं। जड़ प्रकृति के साथ सम्पर्क एवं रमण तो उसे अनन्त भटकन प्रदान करता है तथा निरन्तर 'नचैया' बनाये रखता है ('अब मैं नाच्यौ बहुत गुपाल')। सत्-चित् गुणों वाला आत्मा जब सत्-चित्-आनन्द मय परमात्मा की ओर न जाकर केवल सत्ता-गुण वाली भोगमय जड़ प्रकृति की ओर भागता है तो दसों इन्द्रियाँ स्वतन्त्र होकर क्षणिक-अवास्त-विक दुःख परिणामी सुखाभास के लिए अपने-अपने विषयों में रत हो जाती हैं। प्रत्येक इन्द्रिय की यह विषयभोग-स्वच्छन्दता व्यक्ति को 'दशमुख' (जिसकी दसों इन्द्रियाँ अपनी-अपनी स्वच्छन्द अनि-यन्त्रित विषयोन्मुख-प्रवृत्ति रखती हों) अर्थात् 'रावण'- राक्षस बना डालती हैं; यह स्थिति उस अवस्था से विपरीत है जब मन-रूपी सारथी नियन्त्रण-रूपी लगाम द्वारा शरीररूपी रथ में दसों इन्द्रियों को बाँधकर-जोत कर रखता है तथा शरीर के लिए उपकारी-उपयोगी विषयों में ही प्रवृत्त होने देता है जिसके कारण वह 'दशरथ' कहलाता है।

----और, समाज में भी--

अनियन्त्रित-स्वच्छन्द-विषयोन्मुख इन्द्रियों की 'दशमुख'-प्रवृत्ति के कारण राग-द्वेष-काम-क्रोध-लोभ-मोह-आसक्ति-वितृष्णा-राग-विराग-ईर्ष्या-अ-सूया-भय-द्रोह-परिग्रह-स्मय-मत्सर-दम्भ-अहंकार-आलस्य-आदिके द्वारा नानाप्रकार के मानसिक-शारीरिक रोगों की उत्पत्ति होती है। व्यष्टि ही नहीं समष्टि में भी विविध व्याधियाँ एवं अत्यव-स्थाएँ उत्पन्न हो जाती हैं। असत्य-हिंसा-अन्याय-अत्याचार-तस्करी-चोरी-डकैती-लूट-मार-बलात्कार-अवैधव्यापार-आदि सामाजिक व्याधियाँ भी इसी प्रक्रिया से उत्पन्न होती हैं। ऐसा अविवेकी दशमुख-व्यक्ति मैला, कुचैला, गाली गलौज करने वाला, फूहड़, कलहप्रेमी, दुर्व्यसनी होता है। वह स्वार्थी होने के कारण स्वार्थ के लिए दूसरों का अहित करने वाला 'राक्षस' तो होता ही है, बल्कि उस में दुष्टता' कभी-कभी इतनी अधिक होती है कि वह स्वार्थ के बिना भी निरर्थक ही परहानि करता है ('तेऽमी मानुषराक्षसा परहितं स्वार्थाय निघ्नन्ति ये, ये निघ्नन्ति निरर्थकम् परहितं ते के न जानीमहे' --भर्तृहरि)। मांस न खाना हो तो भी प्राणियों को मारता फिरता है। और, यह तो ऐसों के लिए आम बात है कि अपने घर की गन्दगी दूसरों के घर के सामने डालदें, अपने पाप जबरन दूसरों पर थोप दें।

आज विश्वभर के समाज में राजनीति के क्षेत्र में जो भारी असामाजिकता अनैतिकता एवं दुराचारिता व्याप्त है, उसके कारण एसे ही 'दशमुख' व्यक्ति हैं। ये चोरी-तस्करी-हत्या करने वाले एवं निपटनग्न अपराधी होते हैं। खाने-पीने के द्रव्यों में, बल्कि प्राणरक्षक औषधों में भी मिलावट करके या नकली औषधादि प्रस्तुत करके ये लोग काला व्यापार करते हैं तथा जनता को व्याधि एवं मृत्यु के घाट पहुँचाते हैं। तस्करी के द्वारा राष्ट्र एवं देश की भयंकर हानि करते हैं, बल्कि अपने ही देश एवं राष्ट्र को बेच खाते हैं। राजनीति के क्षेत्र में, झूठी जनसेवा का दम भरने वाले ये 'दशमुख'-राक्षस पूरे 'बगुला-भगत' होते हैं; रिश्वत-फ़रेब और भ्रष्टाचार से चुनाव जीतते हैं; तस्करों-भ्रष्टाचारियों-कालाबाज़ारियों से साँठ-गाँठ रखकर और लाइसेंस-पर्मिट का काला धन्धा करके, बल्कि स्वयं भी तस्करी-चोरबाज़ारी-चोरी-जारी करके, करोड़ों-अरबों की काली कमाई करते हैं; राष्ट्रीय आर्थिक-अद्यौगिक विकास के नामपर भाई-भतीजे बेटों को राष्ट्रीय भूमि मिट्टी के दाम सौंपते-सौंपवाते हैं; बैंकों से लाखों की चोरी करवाते हैं और सबूत नष्ट करने के लिए चोरी के माध्यमों की हत्या करवा देते हैं; शेयर होल्डरों की पूंजी बनाकर अपने नाम पर विदेशों में व्यवसाय, होटल-निर्माण एवं पूंजी-विनियोग करते हैं और राष्ट्रसेवा जनसेवा-विश्व सेवा के नाम पर निरीह जनता को पूरा उल्लू बनाते हैं; टैक्स-चोरी विविध निजी तथा सार्वजनिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों से भारी रिश्वतें लेकर घरेलू निजी जेवरात एवं सम्पत्ति का निर्माण, राष्ट्रीय धन से निजी सम्पत्ति का निर्माण विरोधी दलों के यहां डाके डलवाकर मामले को अवैधानिक रूप से दबाना, अपहरण-व्यभिचार-सतीत्वभंग, वेश्यालयसंचालन, आदि दुष्कर्म करते हैं। विविध देशों के शासकों की ऐसी काली करतूतों की चर्चाएँ जनता में बहुत प्रचलित हैं, परन्तु स्पष्ट बोलने में सबको स्वभावतया भय लगता है। लाइसेंस-घोटालों वाली तथा पर्मिट-लाइसेंस की रिश्वतों वाली कुछ घटनाएँ हाल ही में भी आयी हैं तथा उनमें ग्रस्त 'दशमुख'-महापुरुषों को बचाने के लिए सार्वजनिक जाँच नहीं होने दी जा रही है।

बड़े खेद की बात है कि सामाजिक-सार्वजनिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र की प्रत्येक इकाई में आज भ्रष्टाचार व्याप्त हैं। रिश्वत एवं भ्रष्टाचार के बिना कोई भी व्यक्ति काम नहीं करता। क्लर्क-चपरासी-मुन्शी-अफसर-पुलिस-इंजीनियर-यहाँ तक कि अध्यापक-परीक्षक-डाक्टर भी इस काजल कोठरी में कालिख-पुते होते जा रहे हैं (काजल की कोठरी में कैसी हू सयानों जाय, एक रेख कालिख की लागि है पै लागि है')। रेल-डाक-कस्टम-आयकर-बिक्रीकर सार्वजनिक निर्माण-सप्लाई-आदि सभी विभागों में, यहाँ तक कि विद्यामन्दिरों-विश्वविद्यालयों-देवमन्दिरों-न्याय-मन्दिरों लोकसेवा आयोगों तक में यही हाल है। क्यों न हो?—'यथा राजा तथा प्रजा।—जब उच्च शासक एवं अधिकारी हो भ्रष्टाचार-पंक में आकण्ठ-मग्न हैं तो बेचारे लल्लू-पंजू-नत्थू-कल्लू की क्या बिसात है! हम-आप-सभी कालिख-काले हुए पड़े हैं और परस्पर-हानिकर सिद्ध हो रहे हैं।

परन्तु ऐसी स्थिति स्पष्ट ही समाज एवं राष्ट्र तथा विश्व के लिए हानिकारक है। और, हमें इसे ठीक करना ही होगा। समाज-राष्ट्र एवं विश्व को हमें निरीह-से-निरीह व्यक्ति के लिए भी ईमानदारी तथा इज्जत के साथ जीने योग्य बनाना होगा। राक्षस युग को बदल कर देवयुग नहीं तो मानवयुग तो बनाना ही होगा।

ओ! आजादी के बटमारो-

महावीर, 'नीर' विद्यालंकार

क्यों बलिदान हुए इतने सिर, क्यों घर का कुंकुम बिखरा।
क्यों सूली पर चढ़ा 'भगतसिंह' क्यों 'गांधी' दर-दर भटका ।।
किसके लिए जवानों ने यह, मिटा जिन्दगी दी पल में।
किसके लिए 'वीर सावरकर' कूदा था खारे जल में ।।
इसका उत्तर तुम क्या दोगे, ओ! गद्दी के ठेकेदारो ---

बोलो क्यों 'पंजाब केसरि', अंग्रेजों की भेंट चढ़े ।
बोलो-बोलो 'तिलक' देवता, क्यों मांडले जेल सड़े ।।
रानी लक्ष्मी क्यों जूझी थी, क्यों तांत्याटोपे भड़का।
क्यों सत्तावन का गदर मचा, फिर क्यों नूनाजी कड़का ।।
इसका उत्तर तुम क्या दोगे, ओ! नारों के ठेकेदारों ----

किसके कारण नेता सुभाष ने, आजादी की फौज बनाई ।
किसके कारण दीवानों ने, आजादी की अलख जगाई ।।
बोलो-बोलो क्यों नन्हा सा, 'खुदीराम' फांसी लटका ।
बोलो-बोलो क्यों 'ऊधमसिंह' लन्दन में जाकर गरजा ।।
इसका उत्तर तुम ही दोगे, ओ ! राष्ट्र के गद्दारों ----

बोलो-बोलो क्यों 'नेहरु' ने, सेज फूल की त्यागी थी ।
बोलो-बोलो क्यों वीरों में, वीर-भावना जागी थी ।।
'अंडमान' में कटी जिन्दगी, फिर भी जो मुस्काते थे ।
किस कारण से कष्टों को वे, अमृत-सम सह जाते थे ।।
इसका उत्तर हमें चाहिए, ओ ! मनुता के रखवारो------

बोलो-बोलो क्यों भूखे वे, दर-दर भटके फिरते थे ।
क्यों सुमनों को ठुकरा करके, शूलों का पथ चुनते थे ।।
वे असीम सागर थे नेह के, फिर भी विस्मृत रहे सदा ।
बोलो शहीदों की मजार पर, कितने दीपक रहे जला ।।
इसका उत्तर ढूंढ रहा मैं, ओ ! भटके रचनाकारो-----

--o--

आर्य समाज की भाषायी क्रांति

प्रो० नरेश मिश्र प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार,

स्वामी दयादन्द का जन्म उस समय हुआ जब देश गुलामी की जंजीर में जकड़ा जा चुका था। हम जीने तक का अधिकार खो बैठे थे। पैरों में पड़ी दासता की बेड़ी हमें अपने पथ पर चलकर कर्तव्यों की पूर्ति करने से भी वंचित कर रही थी। परतंत्रता के उस वातावरण में चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार फैला हुआ था। ऐसे निराशाभरे वातावरण में भटके हुए पथिकों का पथ-प्रदर्शन करने वाला, गिरतों को सहारा देने वाला और पद-दलितों को उठाकर गले लगाने वाला कोई न था। इस महाविभूति ने आर्य जगत में पदार्पण कर केवल हमारा खोया हुआ पथ ही नहीं दिखाया वरन् हमारी भाषा, वैदिक संस्कृतिक तथा सभ्यता को नवजीवन प्रदान किया। आज जब विश्व के कोने-कोने में आर्य समाज की शताब्दी मनायी जा रही है तो हिन्दी-साहित्य को आर्य समाज तथा स्वामी जी की देन पर विचार कर उसकी सराहना भी की जा रही है। ऐसे ही अवसर पर अपेक्षा है 'हिन्दी-भाषा को स्वामी जी की देन' पर चिन्तन और विचार करने की किन्तु अभी तक मेरी दृष्टि में किसी विद्वान् का तद्विषयक विचार सामने नहीं आया। इस प्रकार विषय पर ही दो शब्द लिखना अधिक उपयुक्त लग रहा है।

लगभग ६००वर्ष के मुसलमानी शासन के कारण हिन्दी-भाषा पर मुसलमानी प्रभाव ने अपना रंग जमा लिया जिसके कारण हिन्दी-भाषा में अरबी-फारसीतथा तुर्की के शब्दों की भरमार हो गयी। हिन्दू धर्म की उदारता की भाँति हिन्दी-भाषा ने भी सभी विदेशी भाषाओं के शब्दों का खुले हृदय से स्वागत किया। यह हिन्दी-भाषा की अपनी विशेषता है। समय के परिवर्तन के साथ मुसलमानी शासन का अवसान हुआ किन्तु इसका लाभ हमें न मिल सका। मुसलमानों के बाद अंग्रेज हमारे शासक बन बैठे। 'आये थे व्यापार करन को बन गये ठेकेदार।' वे ठेकेदार बनकर अपनी भाषा नीति द्वारा हमारी भाषा पर सीधा प्रहार करना प्रारम्भ कर दिये क्यों कि उनका सिद्धान्त था 'यदि किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी भाषा को नष्ट कर दो, देश स्वतः ही नष्ट हो जायेगा।"

अंग्रेजी शासन की ओर से जहाँ अंग्रेजी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए सशक्त प्रयत्न किया जा रहा था वहीं हिन्दी को घृणा की दृष्टि से देखा जाता था। एक तरफ मुसलमानी प्रभाव से हिन्दी-भाषा की गतिमयता पर गहरा आघात लगा तो दूसरी तरफ यूरोपीय प्रभाव ने अपने बोझ से बोझिल कर दिया। इस प्रकार हिन्दी के मूलाधार तत्सम शब्दों की उत्तरोत्तर कमी से हिन्दी-संस्कृत के निकट सम्बन्ध को ही धुंधला करने लगा। संस्कृत के शब्द जो ज्यों के त्यों हिन्दी भाषा में स्थान पालेते हैं उनमें संस्कृति तथा आदर्शों के विशेष भाव को वहन करने की क्षमता होती है। उन शब्दों के अभाव में भाषा को ऐसे भाव वहन का कार्य दुष्कर हो जाता है। जब स्वामी जी ने देखा कि हिन्दी-भाषा में तत्सम शब्दों का अभाव बढ़ता जा रहा है और अंग्रेजी, तथा अरबी आदि भाषा के शब्दों की अतिसयता हो जा रही है तो हिन्दी के साथ संस्कृत-भाषा का प्रचार प्रारम्भ कर दिया। कितना महान् था उद्देश्य हिन्दी-भाषा में तत्सम शब्दों के आगमन के लिए संस्कृत तथा हिन्दी का साथ-साथ प्रचार। इस प्रकार हिन्दी में

तत्सम शब्दों के आगमन तथा महत्वपूर्ण स्थान के प्रचार के साथ अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सफलता मिली ।

१ संस्कृतनिष्ठ हिन्दी-भाषा

स्वामी जी के अदम्य साहस से हिन्दी-संस्कृत के साथ प्रचार से सामान्य जनता पर प्रशंसनीय प्रभाव पड़ा । सामान्य जनता के अतिरिक्त अपनी रचना में हिन्दी-साहित्य के तत्सम शब्दों को अपेक्षाकृत अधिक स्थान देने लग गये । जब विचार का प्रभाव बढ़ा तो हिन्दी-भाषा में तत्सम शब्दों का प्रभावशाली आगमन हुआ । इसी का प्रभाव है कि सुमित्रानन्दन पन्त, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा आदि कवियों ने ऐसी ही भाषा का प्रयोग कर हिन्दी-साहित्य की श्रीवृद्धि की । इस प्रकार की भाषा का उदाहरण द्रष्टव्य है ।

हिम गिरि के उत्तुंग शिखर पर,
बैठ शिला की शीतल छाँह,
एक पुरुष, भीगे नयनों से,
देख रहा था प्रलय प्रवाह! —प्रसाद

२ राष्ट्रीयता की भावना

भारत वर्ष की लगभग समस्त भाषाओं में तत्सम शब्दों को उपयुक्त स्थान प्राप्त है । स्वामी दयानन्द के प्रयत्न से जब हिन्दी-भाषा में ऐसे शब्दों को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ तो भारत का जन-जन इन शब्दों में छिपे राष्ट्रीयता के भाव से प्रभावित हो हिन्दी का श्रद्धालु बन बैठा । भाषा के ऐसे शब्दों में राष्ट्रीयता की भावना सर्वाधिक होती है जो देश के संस्कृति के अनुरूप भाव रखते हुए देश की अधिकतम भाषाओं में प्रचलित हों । तत्सम शब्द इसी प्रकार की श्रेणी का प्रतिनिधित्व करते हैं । इसी प्रकार राष्ट्रीयता की भावना के जागरण के साथ देशवासी राष्ट्र के उन्नयन में लग गये और स्वामी दयानन्द का सपना साकार होने लगा ।

३ खड़ी बोली का प्रचार

भारत वर्ष ही नहीं विश्व के प्रत्येक देश में क्षेत्रीय भाषाओं का अपना महत्व है किन्तु कभी-कभी एक क्षेत्र के सामान्य भाषा-भाषी को दूसरे क्षेत्र की भाषा का समझाना कठिन हो जाता है ऐसे समय भाव के आदान-प्रदान की समस्या आ खड़ी होती है । हिन्दी-भाषी क्षेत्र में पहले अवधी, ब्रज, भोजपुरी आदि क्षेत्रीय भाषाएँ ही प्रचलित थीं और उसी में साहित्य सृजन होता था । हिन्दी-भाषा क्षेत्र में भी कभी-कभी भाव के आदान-प्रदान की समस्या बन जाती थी । हिन्दी-भाषा में तत्सम शब्दों को महत्वपूर्ण स्थान मिल जाने से खड़ी-बोली का विकास हुआ और उपर्युक्त समस्या का बहुत कुछ हल हो गया ।

४ हिन्दीत्तर भाषी-प्रदेश में हिन्दी प्रचार आसान

हिन्दी भाषा में तत्सम शब्दों को महत्वपूर्ण स्थान मिल जाने से हिन्दीत्तर भाषी-प्रदेश में भी प्रचार सुगम हुआ । इसका एक मात्र कारण यह है कि उन सभी प्रदेशों की भाषाओं में भी ऐसे शब्दों का प्रचलन पहले से ही है और उनके विषय में अच्छी जानकारी रखते हैं । इसके पूर्व जब हिन्दी-भाषा में तत्सम शब्दों की संख्या बहुत कम थी तो उनके लिए हिन्दी-भाषा समझना अपेक्षाकृत अधिक कठिन था । इस प्रकार तत्सम शब्दों के माध्यम से एक समस्या का हल हो गया ।

५ सांस्कृतिक उत्थान

आर्य समाज के प्रचार-प्रसार से हिन्दी-भाषा संस्कृतनिष्ठ हुई और इस प्रकार की भाषा के प्रयोग से प्रयोगकर्ता या साहित्यकार के मन में वैदिक संस्कृति के आदर्शों के प्रति अटूट श्रद्धा उमड़ने लगी। वैदिक आदर्शों के प्रभाव से प्रभावित होने पर जन-जन का पग उस पथ पर बढ़ चला जिस पथ से समय-बेसमय हट गया था। तत्सम शब्दों में वैदिक भावों का पूर्ण वहन होता है यथा-हिन्दी में प्रातः के जलपान के दो शब्द प्रचलित हैं–प्रथम नांश्ता' द्वितीय प्रातराश'। जब हम नांश्ता' शब्द का प्रयोग करते हैं तो विदेशी संस्कृति पर आधारित प्रातः के जलपान का भावार्थ ग्रहण करते हैं 'प्रातराश' से अपनी वैदिक संस्कृति पर आधारित सात्विक बुद्धि के विकास वाले प्रातः के जलपान का।

इस प्रकार उस महाविभूति के महान लाघव से हिन्दी को तत्सम शब्दों की अपार धरोहर प्राप्त हुई जिससे अनेक उपलब्धियाँ हुई। यह सर्व विदित है कि तत्सम शब्दों के आधार पर बनी हिन्दी भाषा स्वयं में कितनी गतिशील है, फिर ऐसी गतिशील भाषा को अंग्रेजी अथवा अन्य भाषा के शब्दों की बैशाखी के सहारे की क्या आवश्यकता है? इस प्रकार मेरे कहने का यह अर्थ नहीं है कि अन्य भाषाओं के सारे शब्दों को निकाल फेंका जाय वरन् जहाँ तत्सम शब्दों से अभिव्यक्ति सम्भव हो वहाँ विदेशी शब्दों का प्रयोग अनुपयुक्त है। जहाँ तत्सम शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्तीकरण सम्भव न हो वहाँ तद्भव और उससे भी समस्या न हल हो तो देशी भाषाओं के शब्दों का सहारा लेना चाहिए। जब देशी भाषा के शब्द भी समस्या की पूर्ति न कर सके तब विदेशी भाषा के शब्दों के लेना चाहिए। इस प्रकार समस्या-हल हेतु शब्दों का ग्रहण अथवा भाषा में शब्दों के आगमन को 'भाषा विश्व बंधुत्व' की संज्ञा दे सकते हैं।

आज जब वह महा पुरुष हमारे बीच नहीं है तो भी उसकी यह महान् देन हमारे लिए वरदान स्वरुप है। हम भारतवासियों का यह कर्त्तव्य है कि हिन्दी भाषा को अधिक से अधिक संस्कृत-निष्ठ बनाएँ जिससे वैदिक संस्कृति तथा सभ्यता की उन्नति हो और हिन्दी विश्व भाषा के रूप में उभर कर सामने आवे। अस्तु।

'ऋषि दयानन्द जाज्वल्यमान नक्षत्र थे जो भारतीय आकाश पर अपनी आलौकिक आभा से चमके और गहरी निन्द्रा से सोए हुए भारत को जागृत किया। 'स्वराज्य' के वे सर्व-प्रथम सन्देश वाहक तथा मानवता के उपसाक थे। –लोकमान्य तिलक

—•—

स्मृति संग्रह से उद्धृत:-

काले पानी जाते समय

कुछ स्वतन्त्रता सेनानियों के उद्गार

श्री डा० चम्पत स्वरूप

(१)

हैफ़ हम जिसपे कि तैयार थे मर जाने को,
यकायक हमसे छुड़ाया उसी काशाने को।
आसमाँ बाकी यही था क्या ग़ज़ब ढाने को,
लाके गुरबत में हमें रक्खा जो तड़पाने को।
क्या कोई और बहाना न था तड़पाने को ?

(२)

अब न गुलशन में हमें लायेगा सैयाद कभी !
क्यों सुनेगा तू हमारी कोई फ़रियाद कभी ?
याद आयेगा किसे यह दिले नाशाद कभी ?
हम भी इस बाग में थे कैद से आज़ाद कभी,
अब तो काहे को मिलेगी वह हवा खाने को !

(३)

दिल फ़िदा करते हैं कुरबाने जिगर करते हैं,
पास जो कुछ है वह माता की नजर करते हैं।
इस जिन्दगी में तो कोई खुशी आई न नजर,
खुश रहो अहले वतन हम तो सफर करते हैं,
जाके आबद करेंगे किसी वीराने को।

(४)

हम सरेदार बसर शौक जो घर करते है,
ऊँचा सर क़ौम का हो अपना नज़र करते हैं ?
सूख जाये न कहीं पौदा यह आज़ादी का,
ख़ुन से अपने इसे इसलिए तर करते हैं।
इस ज़िन्दगी में तो कोई खुशी आई न नज़र,
ख़ुश रहो अहले वतन हम तो सफर करते हैं,
जाके आबाद करेंगे किसी वीराने को।

(५)

कोई माता की उम्मीदों पे न डाले पानी
ज़िन्दगी भर को हमें भेज के काले पानी,
मुंह में जल्लाद हुए जाते हैं छालेपानी,
आबे खंजर को पिला करके दुआ ले पानी,
भरने क्यों जायें हम इस उम्र के पैमाने को।

(६)

हम भी आराम उठा सकते थे घर पे रह कर,
हमको भी पाला था माँ बाप ने दुःख सह-सह कर,
वक्ते रुख़सत उन्हें इतना भी न आये कह कर,
गोद में आँसू कभी निकलें जो रुख से बह कर
तिफ्ल उनको ही समझ लेना जी बहलाने को।

(७)

देखिये कब ये असीराने मुसीबत छूटें,
मादरे हिन्द के अब भाग खुले या फूटें,
देश सेवक सभी अब जेल में मूझें कूटें,
हम यहाँ ऐश से दिन रात बहारें लूटें,
क्यों न तरजीह दें इस जीने पे मरजाने को।

(८)

देश सेवा का ही बहता है लहू नस नस में।
अब खा बैठे चित्तौर के गढ़ की क़समें।
सर फ़रोशी की अदा होती यूँ ही रस्में,
भाई खंजर से गले मिलते हैं सब आपस में,
बहनें तैयार चिताओं पे हैं जल जाने को

(९)

अपनी क़िस्मत में अजल से ही सितम रक्खा था,
रंज रक्खा था महीन रक्खा था ग़म रक्खा था,
किसजो परवाह थी और किसमें ये दम रक्खा था,
हमने जब वादिये ग़ुरबत में क़दम रक्खा था,
दुर तक यादे वतन आई थी समझाने को ।

(१०)

अपना तो गम है नहीं पर यह ख्याल आता है,
मादरे हिन्द पे कब तक यह ज़वाल आता है ।
हरदयाल आता है यूरोप से न अजीत आता है,
कौम अपनी पे रह रह के मलाल आता है,
मुन्तजिर रहते हैं हम खाक में मिल जाने को,

(११)

मैक़दा किसका है ये जाने सबू किसका है ?
वार किसका है मेरी जाँ ये गुलू किसका है ?
जो बहे कौम की ख़ातिर वह लहू किसका है ?
आसमाँ साफ़ बतादे तू उदू किसका है ?
क्यों नये रंग बदलता है ये तड़पाने को ?

(१२)

दर्दमन्दों से मुसीबत की हालत पूछो
मरने वालों से ज़रा लुत्फे शहादत पूछो,
चश्मे मुश्ताक़ से कुछ दीद की हसरत पूछो,
दश्तचे नाज़ से ठोकर की क़यामत पूछो,
सोज़ कहते हैं किसे पूछो तो परवाने को ।

(१३)

न मुअस्सर हुआ राहत में भी कभी मेल हमें ।
जान पर खेल के भी आया न कोई खेल हमें ।
एक दिन को भी न मंजूर हुई बेल हमें,
याद आयेगा बहुत लखनऊ का जेल हमें,
लोग तो भूल ही जायेंगे इस अफ़सेन को ।

(१४)

अब तो हम डाल चुके अपने गले झोली,
एक होती है फ़कीरों की हमेशा बोली,;
ख़ुन से फाग मचायेगी हमारी टोली ;
जब से बंगाल में खेले हैं कन्हैया होली,
कोई उस दिन से नहीं पूँछता बरसाने को।

(१५)

नौजवानो यही मौक़ा है उठो खुल खेलो,
अदक़ मे देश के माता की जवानी दे दो
ख़िदमते क़ौम में जो बला आये ख़ुशी से झेलो,
फिर न मिलंगी ये माता की दुआएँ लेलो,
देखें कौन आता है इरशाद बजा लाने को ।

—०—

सत्यं शिवं सुन्दरम्

श्री कुमार हूजा

मेरी पांडीचेरी यात्रा के संस्मरण बहुत मधुर हैं। तिरुपति से आते हुये ही बस में एक सज्जन से सम्पर्क हो गया जो अपने आपको वहां के असिस्टेंट डायरेक्टर बतलाते थे। वंदीवाश में हमने एक भोजनालय में सांवर डोशा खाया। उस भोजनालय में कई चित्र लगे थे। तीन चित्र देख कर महसूस हुआ कि यह भोजनालय सब धर्मावलम्बियों की सेवा करता है। एक था तिरुपति की वेङ्कटेश्वर की प्रतिमा का, दूसरा ईसा मसीह का और तीसरे पर अंकित था "या मुहम्मद"। वंदीवाश का नाम इतिहास में पढ़ा था यह वही स्थान है जहां दो सौ वर्ष पहिले १७६० में अंग्रेज जनरल आयरकूट ने फ्रेंच जनरल लाली को हराया और ब्रिटिश सत्ता की धाक जमा दी थी। लाली को बाद में अपने हम वतनों ने प्राण दण्ड दिया था।

रात के दस बजे के करीब हमने समुद्र तट के समीप स्थित किशोरीलाल जी के घर पर दस्तक दी। हेलो कि देर हो गई थी फिर भी मालती बहिन ने हंसते-हंसते स्वागत किया और जितने दिन वहां रहना हुआ, हर प्रकार की सुविधा का ध्यान रखा। प्रातः चार बजे ही मधुर सुप्रभाती संगीत के हल्के-हल्के स्वर आने लगे। ऐसा महसूस हुआ जैसे सचमुच यह दिव्य लोक है। थोड़ी देर बाद पूर्व वाली खिड़की से एक चमचमाती रोशनी की किरण आ कर दिमाग पर टकराई। अन्तरात्मा आलौकित हो उठा। क्या किसी पड़ौसी ने अपने बैडरूम की लाइट जलाई थी या फिर यह दिव्य ज्योति की किरण थी? जब मैंने बाद में नवजात भाई से इसका जिक्र किया तो वह कहने लगे कि यदि अनुमान ही लगाना है तो दिल पसंद अनुमान ही क्यों न लगाया जाय?

उन्होंने एक सज्जन को मेरे साथ घुमाने के लिये नियोजित कर दिया था। उन्होंने मुझ से पूछा कि क्या मैं साईकिल चला सकता हूं? मेरे हां में उत्तर देने पर वह दो साइकिलें ले आये और हमने पांडेचेरी आश्रम की विभिन्न संस्थाओं का साईकिल पर घूम कर भ्रमण आरम्भ किया। आश्रम की संस्थाएँ नगर में जगह-जगह बिखरी पड़ी हैं। आश्रम-वासी भी इधर-उधर अनेक मकानों में रहते हैं। नगर का समुद्रतट पास का सिविल लाइन वाला भाग बड़ा ही सुन्दर साफ और कायदे से बना हुआ है।

सबसे पहले हम सुन्दरम् जी को मिलने गये। उनका कार्यस्थल प्रेस है। वह गुजराती के सुविख्यात कवि हैं। अभी अभी गुजरात विद्यापीठ ने उन्हें सम्मानित किया है। वह भी पवनार आश्रम में हो रहे आचार्य सम्मेलन में जा रहे थे। सो तय हुआ कि हम यहां से इकट्ठे ही जायेंगे। वह प्रेस के श्रमिकों को टाफियां बांटते हुये मिले। कुछ टाफियां हमारे हिस्से भी आई।

प्रेस में खटाखट काम हो रहा था। सारा वातावरण स्वच्छ अनुशासनमय एवं क्रियाशीलता का था। यहां देश विदेश की कितनी ही भाषाओं में अरविन्द साहित्य छपता रहता है। यहां से निकले पैम्फलैट, पत्र, ग्रन्थ न जाने कितने हजारों लाखों भूखे प्यासे जिज्ञासुओं की क्षुधा पिपासा शान्त करते हैं। यह प्रेस सचमुच एक लाइट हाउस, प्रकाश स्तम्भ है, जो भटकते राहगीरों का

मार्गप्रदर्शन करता है।

फिर हम लोग श्री अरविन्द जी की समाधि पर गये और बाद में श्री अरविन्द जी का निवास स्थान भी देखा। यह वह स्थान है जहां श्री अरविन्द ने १९२६ में एकान्तवास ग्रहण किया और फिर वहाँ से बाहर निकले ही नहीं। वहीं उन्होंने अपनी अनथक साधना के अन्तिम पच्चीस वर्ष गुजारे।

प्रातः मधुर संगीत ने तो प्रभावित किया ही था पर अब जिधर भी जाना हुआ, रंग-बिरंगे फूलों, गुलदस्तों बेलों को देख कर मन सहज ही प्रफुल्लित हो उठा। कहीं बोगल विला थे, कहीं गेंदे थे तो कहीं फ्लाक्स। सर्वत्र सौन्दर्य की उपासना हो रही थी। नन्हीं नन्हीं कौंपल से झाँकते हुए फूल मुस्करा रहे थे। यह थी मां की देन। उन्होंने आश्रम वासियों के मन में पुष्प प्रेम का ऐसा बीज बो दिया है कि सर्वत्र फुलवाड़ियों ही फुलवाड़ियों की बहार है। इस के बाद पुस्तकालय में जाना हुआ तो यहाँ हर उम्र एवं कौमों के नर नारी पुस्तकाध्ययन में दत्तचित्त थे। शान्त मननशील वातावरण था। सभी जिज्ञासु सत्य की खोज में लगे रहते थे। चुप चाप खामोश, उत्सुक।

श्री अरविन्द सदा स्वाध्याय और मनन पर जोर देते रहे। दूसरों को उपदेश देने पर तो सभी तैयार रहते हैं। पर अपने आप को उपदेश देना सब से कठिन है। यह जितना कठिन है, उतना ही जरूरी भी है। स्वाध्याय और मनन की रोशनी से ही मानव अपने अन्दर बैठे हुये परमात्मा के दर्शन कर पाता है। वरना मानव और दानव में अन्तर ही क्या है? सदा से स्वाध्याय और मनन की सीढ़ी के द्वारा ही मानव ऊपर उठता आया है। मुझे बतलाया गया कि सप्ताह में दो तीन शाम को पांच बजे नियमित रूप से आश्रम में चुपचाप सम्मिलित मनन के सेशन लगते हैं। इनमें कितने ही आश्रमवासी शामिल होते हैं। फिर जहाँ तहां साधक लोग स्वाध्याय और मनन के सैशन लगाते रहते हैं। इन दिनों शाम को छः बजे श्री एम०पी० पण्डित के यहाँ श्री अरविन्द की मशहूर पुस्तक सावित्री का पाठ चल रहा था। उसमें भी कोई बीस के करीब देशी-विदेशी नर-नारी सम्मिलित होते थे। श्री पण्डित सावित्री की चन्द पंक्तियाँ पढ़ते थे और उनकी व्याख्या करते थे। उन्होंने कृपा करके मुझे भी एक सैशन में शामिल होने की आज्ञा प्रदान की। बाद में वहाँ आध घण्टा मौन मनन का दौर चला। प्रातः समुद्र तट पर घूमते हुए तो मैंने कितने ही देशी-विदेशी साधकों को सूर्योन्मुख बैठे चिन्तन मनन करते पाया था। नीचे समुद्र की एक के ऊपर दूसरी तरंग चढ़ीं आ रही थी, ऊपर से भगवान अंशुमाली की सुनहरी रश्मियों की बौछार हो रही थी। इधर आकाश में तैरती हुई रुई जैसे बादलों की मण्डलियाँ भगवान से और साधकों से लुकाछिपी खेल रही थी।

यहाँ गुरुकुल काँगड़ी के तीन स्नातकों सर्व श्री धर्मवीर, रवीन्द्र और हरिकृष्ण से भी मुलाकात हुई। श्री धर्मवीर ने श्री अरविन्द की एक पुस्तक का अनुवाद वैदिक रहस्य नाम से किया है। श्री रवीन्द्र भोजन भण्डार के अध्यक्ष हैं। इनकी देख रेख में प्रतिदिन लगभग दो हजार आश्रम वासी एवं विजिटर चार बार खाना खाते हैं केवल तीन रुपये प्रतिदिन में। लंच और डिनर केवल डेढ़ घंटे में सुचारु रूप से निपट जाता है। आप क्यू में खड़े हो जाइये। परसने वाले आपको आलू दाल सब्जी दही रोटी, चावल, फल जो चाहें परस देंगे। जा कर टेबिल

पर या पंक्ति में बैठ जाइए । आराम से थाली कटोरा धोने के स्थान पर ले जाइए । वहाँ ड्रम रखे हैं । धोने वाले साधक बैठे हैं । उन्हें दे दीजिए । वे धोते जाते हैं । फिर बरतन स्टोम में से निकाल कर पोंछते जाते हैं । एक गोरी सी नारी तीन वर्ष से थालियाँ पोंछने का काम कर रही थी ।

उसके आगे हरिकृष्ण जी का महकमा है । वह ६ क्विंटल चावल ४० मिनट में बड़े बड़े डेगचों में पका देते हैं ।

रवीन्द्र जी भोजन भण्डार की व्यवस्था के अतिरिक्त यहाँ से निकलने वाली हिन्दी पत्रिकाओं अग्निशिखा और पुरोधा का सम्पादन भी करते हैं । उनको यदि हंसी का फुवारा कहा जाय तो अतिशयोक्ति न होगी । एक मिनट में ५ बार खिलखिला कर हंसते हैं । बाल ब्रह्मचारी हैं । कहने लगे आर्य-समाज शिथिल इसलिए पड़ गया है कि इसने सारा बल खण्डन पर लगा दिया सत्यार्थ प्रकाश में अन्तिम चार समुल्लासों पर । मंडन से पहिले दस समुल्लासों की अवहेलना की गई । हालाँ कि जीवन की कला का निर्देश तो पहिले दस समुल्लासों से ही मिलता है ।

शाम को पाँच बजे खेल-कूद का समय था । तीन स्थानों पर आश्रमवासी छात्र नवयुवक और नवयुवतियाँ खेल में व्यस्त थे । एक स्थान तो समुद्र तट पर ही था । म्यूनिसिपैलिटी से लेकर इसे छात्रों ने स्वयं ही साफ किया और अब यह बड़ा सुन्दर स्थान बन गया है और इसकी सुन्दरता को चार चाँद लगाते हैं सुन्दर सुडौल शरीरों वाले सुन्दर उत्साही नवयुवक और नवयुवतियां । वहां मैंने लड़के-लड़कियों को टैनिस खेलते देखा । वालीबाल बास्केटबाल खेलते देखा । बाक्सिग करते, कुश्ती लड़ते देखा, लड़कियों को भी योगासन करते देखा । अन्य दो स्थानों पर मैंने लड़के-लड़कियों को फुटबाल - हाकी खेलते देखा । तैरते देखा । दौड़ते भागते देखा । हाई जम्प, लाँग जम्प लगाते देखा । गोला, जेवलेन फेंकते देखा । हरेक इस तरह मग्न था जैसे कल को ही ओलम्पिक के मैदान में प्रतियोगिता में शामिल होना हो । मुझे बतलाया गया कि हरेक इसी लगन से मस्त है कि मेरा जो कल स्तर था, उससे आज आगे बढ़ जाऊं । हरेक व्यक्ति अपना स्तर ऊंचा करने की कोशिश में था । यही शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है । इसी चीज की आज शिक्षालयों में कमी है । युवक देश का धन है । पर तभी जब उन्हें ऐसी सही शिक्षा मिले वरना यह धन धुन में परिवर्तित हो सकता है । यदि शिक्षा संस्थानों में आत्मानुशासन का मोटिवेशन मुखरित हो जाता है तो देश के उत्थान को कोई भी शक्ति नहीं रोक सकती ।

मुझे जिस चीज की तलाश थी वह पांडीचेरी में मिली । मुझे यहाँ मिली सत्यं शिवं और सुन्दर की साधना । अनायास, अचानक यहाँ आश्रम के बड़े-बूढ़े नर-नारी नवयुवक और नवयुवतियाँ अपना-अपना स्तर ऊंचा करने में एकाग्रता से दत्तचित्त थे । उनको देख कर मानो हमारे पूर्वज स्वर्ग से पुष्प वर्षा रहे हों ।

यहाँ अरीब करीब में जो गरीब, निर्धन समुदाय है । गलियों नालियों में खेलते बच्चे ही हैं, नङ्गे धड़ङ्गे । उनके लिए आश्रम क्या कर रहा है ? यह प्रश्न चिन्ह बना ही रहा ।

गुरुकुल कांगड़ी–संक्षिप्त परिचय

डा० गंगाराम, कुलसचिव, गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार ।

जैसे ही बीसवीं शताब्दी की उषा–लालिमा ने अपने तेजस्वी रूप की छटा बिखेरनी प्रारम्भ की, एक नई आशा, एक नये जीवन, एक नयी स्फूर्ति का जन्म हुआ । ४मार्च सन् १९०२ ई० में स्वामी श्रदानन्द जी महाराज ने अपने कर कमलों से एक पौधे का रोपण किया । किसको यह ज्ञान था कि यह नन्हा सा पौधा एक समय ऐसे वृक्ष का रूप ले लेगा जिसकी छत्र-छाया में हजारों श्रान्तयात्री तो अपनी थकान मिटायेगें ही पर साथ ही जिसके फलों का आस्वादन करते हुए सहस्त्रों खग-वृन्द भी अपनी क्षुधा निवृत्त कर पायेगें । यह ऐसा वृक्ष सिद्ध हुआ जिसने अपनी शाखाओं को पुनः धरती में संजो लिया और फिर उन्हीं शाखाओं से नयी-नयी टहनियां फूट आई । यह वृक्ष था गुरुकुल कांगड़ी जिसकी स्थापना हरिद्वार के निकट गंगा पार कांगड़ी ग्राम के समीप हुई थी ।

सूर्योदय–

१९०० शताब्दी में लार्ड मैकाले ने भारत में शिक्षा के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षण किया । उन्होंने भारतीय शिक्षा को वही पद्धति एवं दिशा प्रदान की जो उनके अपने देश में प्रचलित थी । पर मुख्य अन्तर यह था कि जहां इंगलैंड में शिक्षित युवक अपनी ही भाषा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करके सम्मान जनक नागरिक बनने का स्वप्न देखते थे वहां भारत में विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़े हुए युवक ब्रिटिश शासन के सचिवालयों में नौकरी की खोज करते थे । एक ओर तो शासन द्वारा समर्पित शिक्षा-पद्धति का यह स्वरूप था, दूसरी ओर वाराणसी आदि प्राचीन शिक्षा स्थलों पर पाठशालाएं चल रही थीं जहां पर विद्यार्थीगण पुरानी पद्धति से अपने साहित्य अध्ययन कर रहे थे ।

स्वामी श्रद्धानन्द ने दोनों शिक्षा-पद्धतियों की न्यूनताओं को अनुभव किया और उनका स्वप्न था ---एक ऐसी शिक्षा-पद्धति का आविष्कार जिसमें उपर्युक्त दोनों शिक्षा-पद्धतियों का समन्वय हो सके अर्थात् दोनों के गुण ग्रहण करते हुए दोषों को तिलांजली दी जा सके । निस्संदेह स्वामी जी के मन में शिक्षा के क्षेत्र में आई हुई इस मानसिक क्रांति का स्रोत महर्षि दयानन्द सरस्वती के वे विचार थे जो उन्होंने प्राचीन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के विषय में अपने अमर ग्रंथ सत्यार्थप्रकाश में लिपिबद्ध किये थे । महर्षि के वे विचार इस प्रकार है–

१–यह राजनियम और जातिनियम होना चाहिए कि आठवें वर्ष से आगे कोई अपने लड़के और लड़कियो को घर में न रख सकें । पाठशाला में अवश्य भेज देवें जो न भेजे वह दण्डनीय हों ।

२–लड़कों और लड़कियों के गुरुकुल पृथक-प्रथक हों ।

३–विद्यार्थी लोग गुरुकुलों में ब्रह्मचर्य पूर्वक जीवन व्यतीत करें । २५ वर्ष पूर्व बालक का और १६ वर्ष पूर्व कन्या का विवाह न हो सके ।

४–गुरुकुल में सबको तुल्य वस्त्र, खान, पान, आसन दिये जावें । चाहे वह राजकुमार व राजकुमारी हो, चाहे दरिद्र की सन्तान हों सबके साथ एक समान व्यवहार किया जावें ।

५–गुरुकुल में गुरु और शिष्य पिता-पुत्र के समान रहें ।

६–विद्या पढ़ने के स्थान शहर व ग्रामों से दूर एकान्त में हों ।



पुण्यसूमि क भवन जा अब कवल अवशष मात्र हैं



पुण्यभूमि में वह कुटिया जिसमें महात्मा गांधी ३ बार ठहरे थे



गुरुकुल के लिये सम्पूर्ण भूमि दान देने वाले दानी श्री मन्शी अमनसिंह जी की कुटिया (चित्र १)

७-शिक्षा में वेद-वेदांग तथा सत्यशास्त्रों को प्रमुख स्थान दिया जाय, परन्तु साथ ही राज-विद्या, संगीत, नृत्य, शिल्पविद्या, गणित, ज्योतिष, भूगोल, भूगर्भविद्या, यन्त्रकला, चिकित्सा शास्त्रादि का भी यथोचित रूप से अभ्यास कराया जावे।

स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा प्रतिपादित गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के उपर्युक्त सिद्धान्तों के अनुसार स्वामी दयानन्द जी ने गुरुकुल के लिए सर्वप्रथम आन्दोलन सन् १८९७ ई०प्रारम्भ किया। उन दिनों स्वामी श्रदानन्द जी जालन्धर से सद्धर्म प्रचारक साप्ताहिक पत्र निकालते थे जिससें उन्होंने गुरुकुल के विषय में कई आन्दोलनात्मक लेख लिखे। शिक्षा के क्षेत्र में आर्य जनता को कार्य की एक नई दिशा दी और इस प्रकार से गुरुकुल खोलने के लिए एक आन्दोलन सा बन गया। नवम्बर १८९८के आर्य प्रतिनिधि सभा के अधिवेशन में गुरुकुल खोलने का प्रस्ताव स्वीकृत हो गया। परिणाम स्वरूप १६ मई सन् १९००को सर्वप्रथम गुजरांवाला में जो कि अब पाकिस्तान में है, गुरुकुल की स्थापना हुई। पर स्वामीजी गुरुकुल की स्थापना ऐसे स्थापन पर करना चाहते थे जो कि हिमालय की गोद में किसी नदी के समीप हो। उनके मन को यजुर्वेद का निम्न मंत्र बार-बार आप्लावित कर रहा था।

उपहूतरे गिरीणां संगमे च नदी नाम्।
धिया विप्रो अजायत ।।—यजुर्वेद २६'१५

सौभाग्य से स्वामी जी के इस विचार को मूर्त रूप देने लिए उन्हें नजीबाबाद जिला बिजनौर के दानवीर जमींदार मुंशी अमनसिंह मिल गये। हरिद्वार मे पूर्व में गंगापार ४कि०मी०की दूरी पर एक कांगड़ी ग्राम है जहां पर मुंशी जी की १४०० बीघे भूमि थी। उन्होंने अपनी यह सारी भूमि स्वामी जी के चरणों में अर्पित करदी। ४मार्च सन् १९०२ को गुरुकुल, गुजरांवाला से कांगड़ी ले आया गया।

गुरुकुल की स्थापना से पूर्व एक और महत्वपूर्ण घटना घटी जिसका उल्लेख करना उपयुक्त रहेगा। आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब ने नवम्बर १८९८ में यह प्रस्ताव पारित कर दिया था कि गुरुकुल की स्थापना की जाय पर साथ में यह शर्त भी लगा दी थी कि इसके लिए ३००००रू० एकत्र किया जाय। उस समय इतनी बड़ी राशि एकत्र करना कोई सरल कार्य न था। परन्तु यह भार महात्मा मुंशीराम जी ने अपने कन्धों पर लिया और उन्होंने यह प्रतिज्ञा की कि जब तक ३००००रू० एकत्र नहीं हो जायेंगे वे अपनी कोठी में प्रवेश नहीं करेंगे। इस कार्य में उन्हें लगभग ८ माह का समय लग गया पर उन्होंने ३००००रू० की राशि एकत्र करली। उस समय को देखते हुए ३००००रू० की राशि एकत्र करना एक दुष्कर कार्य था।

जब गुरुकुल प्रारम्भ हो गया तो समस्या छात्रों की थी। पंजाब के आर्य समाजियों के एक बड़े भाग का यह मत था कि जंगलों में पढ़ने के लिए अपनी सन्तान को कौन भेजेगा। स्वामी जी महाराज ने ही इस कार्य में पहल की। उन्होंने अपने दोनों पुत्रों को गुरुकुल में प्रविष्ट कर दिया और ये दोनों पुत्र ही गुरुकुल विश्वविद्यालय के पहले द्वो स्नातक बने। एक थे हरिश्चद्र और दूसरे इन्द्र-जिनका बाद में गुरुकुल कांगड़ी के साथ जीवन पर्यन्त किसी न-किसी रूप में सम्पर्क बना रहा। ★

क्रमशः

आचार्य कुल शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक मासिक के सौजन्य से ।

आचार्य-सम्मेलन

आचार्य सम्मेलन परंधाम आश्रम, पवनार : १६, १७, १८ जनवरी १९७६

सर्वसम्मत निवेदन

आचार्य विनोबाजी द्वारा बुलाया गया अखिल भारतीय आचार्य सम्मेलन पवनार आश्रम में १६, १७, १८ जनवरी, १९७६ को सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में राजनैतिक दलों से संबंध न रखने वाले २६ आमंत्रितों ने भाग लिया, जिसमें कई उपकुलपति, वरिष्ठ प्राध्यापक ख्याति-प्राप्त न्यायशास्त्री, विशिष्ट रचनात्मक कार्यकर्ता एवं प्रसिद्ध साहित्यकार शामिल हुए। विचार-विमर्श के दौरान विभिन्न अवसरों पर सम्मेलन को आचार्य विनोबा की बहुमूल्य सलाह और मार्गदर्शन पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

देश के अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन हितों को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन ने भारत की वर्तमान स्थिति के विभिन्न पहलुओं पर निष्पक्षता एवं सतर्कता से विचार किया। सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव स्वीकृत हुए :

१. विगत घटनाओं के लिए किसी पर दोषारोपण न करते हुए, सम्मेलन मानता है कि अब देश की आन्तरिक स्थिति को सामान्य रूप देने की प्रक्रिया का आरम्भ करना एवं एकता और परस्पर सहयोग के वातावरण का निर्माण करना अति आवश्यक है, ताकि प्रधान मंत्री के शब्दों में 'प्रजातन्त्र की गाड़ी पुनः पटरी पर लाई जा सके।' वर्तमान गतिरोध का उचित, सम्मानयुक्त एवं शीघ्र हल प्राप्त करने के लिए हर सम्भव प्रयत्न किये जाने चाहिए। प्रजातांत्रिक मूल्यों, तरीकों एवं संस्थाओं से ही हमारे देशवासियों के सही हितों का संरक्षण हो सकता है और वे ही सम्भाव्य बाह्य खतरों का मुकाबला करने के लिए बड़े पक्के साधन है। समय अति महत्वपूर्ण है, क्योंकि अनुचित विलम्ब से स्थिति बिगड़ सकती है और अनिष्टकारी परिणाम हो सकते हैं। वर्तमात स्थिति के चालू रहने से युवा-पीढ़ी पर होने वाले परिणामों के विषय में सम्मेलन ने विशेष रूप से चिन्ता व्यक्त की।

२ विचार-विमर्श के दौरान संकटकालीन स्थिति की घोषणा के बाद जनसंख्या के गरीब वर्ग की आवश्यकताओं के प्रति विशेष चिन्ता, शिक्षा संस्थाओं में शांति औद्योगिक सम्बन्धों में सुधार, मुद्रास्फीति पर रोक, तस्करी जमाखोरी एवं काले धन के विरुद्ध सफल कार्यवाही, साम्प्रदायिक, क्षेत्रीय एवं भाषा सम्बन्धी तनावों का अभाव, आर्थिक व्यवस्था तथा प्रशासन में सुधार आदि विगत कुछ महीनों में प्राप्त अनेक रचनात्मक उपलब्धियों को सम्मेलन ने सराहना की। साथ ही सम्मेलन ने यह भी महसूस किया कि अहिंसा और सर्वधर्म-समभाव में पूर्ण आस्था रखने वाले तमाम सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यकर्ताओं की नजरबन्दी, नागरिक स्वतन्त्रताओं की काट-छांट संदीय कार्यवाहियों सहित प्रेस-सेंसर व्यवस्था, राष्ट्र के स्वास्थ्य, की दृष्टि से अनिश्चित काल तक जारी रखना वांछनीय नहीं है।

३ सम्मेलन का यह मत है कि सम्पूर्ण राष्ट्र के हित में हाल की कुछ प्रवृत्तियों को पलटने का

समय आ गया है। आपात् स्थिति की समाप्ति के लिये तथा उससे प्राप्त फायदों को सगठित करने के लिए एक नवीन शुरूआत की आवश्यकता है। उदाहरणार्थ तस्करी, कालाबाजारी एवं कर-चोरी जैसी समाज-विरोधी क्रियाओं को रोकने के लिये प्रभावपूर्ण प्रयत्न चालू रहने चाहिए। यथा-शीघ्र सामान्य चुनाव कराने के लिए उचित परिस्थितियों के निर्माण हेतु एवं सामान्य स्थिति की स्थापना के लिए क्रमबद्ध कदम उठाना जरूरी है। निर्वाचन-प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधारों के लिए सर्व-सामान्य एवं व्यापक इच्छा को नजर में रखते हुए सम्मेलन आशा करता है कि चुनावों को हर स्तर पर निष्पक्ष, भ्रष्टाचार-रहित एवं कम खर्चीला बनाने के लिए सभी सम्बन्धित लोगों से आपसी विचार-विनिमय द्वारा आवश्यक सुधारों के लिए निश्चित प्रस्ताव किये जायेंगे।

४ सम्मेलन का निश्चित मत है कि हिंसा एवं प्रजातांत्रिक समाजवाद साथ साथ नहीं चल सकते। महात्मा गांधी के प्रेरक मार्गदर्शन में भारतवर्ष ने अपनी स्वतन्त्रता भी अहिंसात्मक आन्दोलन के जरिये पाई थी अतः हमारे देशवासियों को आत्मानुशासन के रूप में हिंसा को त्यागने और विध्वंसात्मक वृत्तियों को रोकने का फिर से व्रत लेना होगा। राजनैतिक दल, प्रेस व्यापारी-वर्ग, एवं अन्य लोगों को आत्मानुशान पर आधारित सर्वमान्य आचार-संहिताएं बनाने को प्रामाणिक प्रयत्न करना चाहिए। वस्तुतः राष्ट्र जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च साध्यों की प्राप्ति के लिए केवल नैतिक साधनों का ही इस्तेमाल होना चाहिए।

५ समय-समय पर संविधान में सुधार करने के लिए प्रस्ताव सामने आये हैं। यह सभी मानते हैं कि संविधान तेजी से सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए सुविधा प्रदान करे, खासकर हमारे समाज के कमजोर वर्गों के लिए। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए पहले ही कई सशोधन किये जा चुके हैं। अन्य संशोधनों के साथ 'मूलभूत कर्तव्यों' के प्रावधान पर भी विचार किया जा सकता है।

जैसा कि प्रधान मंत्री ने हाल ही में घोषणा की है, संविधान में बुनियदी परिवर्तन देशव्यापी विभिन्न स्तरों पर पूर्ण विचार-विनिमय एवं चर्चा के बाद ही किये जाने चाहिए। सम्मेलन आशा करता है कि केन्द्रीय सरकार इस विषय का गहराई से अध्ययन करने के लिए एक व्यापक स्वरूप वाली समिति के गठन पर विचार करेगी और इसकी सिफारिशों एवं रचनात्मक रूप की राष्ट्रव्यापी चर्चाओं को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से, जनता के सम्मुख प्रस्तुत करेगी। इस सन्दर्भ में एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य यह होना चाहिए कि सत्ता और जिम्मेवारी को निम्नतम स्तर तक विकेन्द्रित करने के लिए प्रभावशाली साधनों को विकसित किया जाय।

६ यह बड़ी चिन्ता का विषय है कि स्वतन्त्रता के २८ साल बाद भी हमारे देश के करोड़ों लोग गरीबी की सीमा रेखा के नीचे रहते हैं और आवश्यक जीवनोपयोगी चीजें भी नहीं पा रहे हैं। अतः सरकारी एवं सार्वजनिक संस्थाओं को सम्मिलित रूप से सभी लोगों को निश्चित काम दिलाने और गरीबों के जीवन-स्तर को ऊंचा उठाने का तुरन्त प्रयत्न करना चाहिए।

'अन्त्योदय'—निम्नतम व्यक्तियों के विकास की विचारधारा को, जिसे गाँधीजी सदैव महत्त्व देते थे, हमारे राष्ट्रीय नियोजन का मूल आधार बनना चाहिये।

सम्मेलन महात्मा गाँधी द्वारा प्रतिपादित

— शेष पृष्ट ६०८ पर

एक महान् क्रान्तिकारी परिवार

शहीदे आज़म सरदार भगतसिंह के बुज़ुर्गों की मुख्तसर कहानी।

अज़ श्रीमती वीरेन्दर सिन्धू, एम०ए०—

श्रीमती वीरेन्दर सिन्धू एम०ए० सरदार भगतसिंह जी के छोटे भाई श्री कुलतार सिंह मेम्बर, यू०पी० विधान सभा की सुपुत्री हैं। आजकल लन्दन की ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन बरतानवी रेडियो टेलीविजन कारपोरेशन में काम करती हैं। क्रान्तिकारी बुज़ुर्गों के मुतालिक उनका यह लेख उस परिवार की कहानी सुनाता है जिस में हर आदमी शमे वतन का परवाना था। ---सम्पादक

सन् १८५७के अजीम इन्सलाब से अंग्रेज बहुत घबड़ा गये। उन्होंने सारे देश को निहत्था कर दिया। इस पर भी वह मुतमईन न हुए और उन्होंने जुल्म व सितम का दर्द शुरू किया। भारत की अजमत नाकाबिले तसखीर। उस नाजुक जमाने में भारत ने एक अजीम इंसान को जन्म दिया। वह थे महर्षि दयानन्द। उन्होंने सिर्फ मायूसी के अंधेरे में उम्मीद का दिया ही नहीं जलाया बल्कि खुद ऐतमादी का पैगाम भी दिया। कांग्रेस के वजूद में आते ही आर्य समाज की बुनियाद रखी गई और इस तरह नई बेदारी के दर्द का आगाज़ हुआ।

श्री अरजन सिंह ने ऋषि दयानन्द के दर्शन किये तो बहुत मसरूर व बेखुद हो गये। ऋषि दयानन्द का भाषण सुन कर नई बेदारी के समाजी लशकर में शामिल हो गये। वह आर्य समाजी बन गये। महर्षि जी ने उनको जेनेऊ पहनाया। उन्होंने मांस खाना छोड़ दिया और शराब की बोतल तोड़ दी। सरदार अरजन सिंह की जिन्दगी ही तब्दील हो गई थी। वह इन्कलाब के रास्ते पर चल पड़े। वह पहले जाट सिख थे जिन्होंने अपने बड़े और मंझले बेटे किशन सिंह और अजीत सिंह को साईं दास ऐंग्लो संस्कृत हाई स्कूल जालन्धर में तालीम हासिल करने केलिये भेज और खुद भी वहां रायज़ादा भगतराम के मुंशी हो गये। वह दीक्षा लेकर मुतमईन न हुए बल्कि उन्होंने अपने आपको इस काबिल बनाया कि वह दूसरों को दीक्षा दें सकें। वह कचहरी और आर्य समाज का काम करते हुए यूनानी तिब्ब के कामयाब हकीम बन गये थे।

जब अंग्रेजों ने बार (जंगली इलाका) को आबाद करने के लिए वहां जाने वालों को एक मुरब्बा जमीन देने का एलान किया तो वह लायलपुर जिले के बंगा गांव में जा बसे। वहां खेती बाड़ी के साथ-साथ हिकमत भी करते रहे। यह १९०० ई०की बात है।

कुछ अरसे के बाद इनका एक बेटा भरी जवानी में शहीद हो गया। दूसरे को जलावतन कर दिया गया। तीसरी उम्र भर कैद व बन्द की मुसीबत झेलता रहा। और जब इनके बड़े पोतों जगत सिंह और भगत सिंह का यज्ञोपवीत संस्कार हुआ तो इन्होंने एक को अपने बाईं बाजू और दूसरे को दायें भर कर प्रतिज्ञा की कि में इन दोनों पोतों को यज्ञवेदी पर खड़े हो कर देश की भेंट चढ़ाने के लिये दान करता हूँ। जब इनके दोनों पोतों का यज्ञोपवीत हुआ और दोनों के सिर पर बाल थे और हिन्दु रीति के मुताबिक इनका मुंडन होना था इसकी मुखालफत उनकी धर्म पत्नी जयकौर ने की और वह मान गये।

सन् १९१५ और १९१६ की बात है कि भगतसिंह को सरसाम हो गया । डाक्टर के इलाज के बाद उन्होंने अपने पोते का खुद इलाज किया मगर दवा कारगर न हुई । जगजीतसिंह का स्वर्गवास का स्वर्गवास हो गया । इनकी दवा से इनके पोते को फायदा नहीं हुआ था इसलिए उन्होंने हिकमत छोड़ दी ।

फाँसी से २०, २२ दिन पहले जब भगतसिंह से मुलाकात के लिए उनके परिवार के लोग गये तो सरदार अरजनसिंह भी साथ गये । वह वहाँ कोई बात न कर सके कुछ दूरी पर खड़े होकर आँसू बहाते रहे ।

एक दिन वह गांव की दुकान पर अखबार पढ़ रहे थे कि वहीं गिर गये । उन पर फालिज का हमला हुआ । उन्होंने दवा लेने से इन्कार कर दिया और जौलाई १९३२ में स्वर्गवाशी हो गये । इस तरह से इन्कलाब का वह चिराग बुझ गया । जिसने जिन्दगी भर अपने खून से नये-नये चिराग जलाये । उनकी हड्डियाँ चिता में अगरबत्तियां बनकर इस तरह जलीं कि वह राख हो गई पर हमेशा के लिए एक महक छोड़ गए

सरदार किशनसिंह

२६ जनवरी, १९५०, को आजाद हिन्दुका आईन लागू हुआ । उसके ठीक एक साल चार माह बाद सरदार किशनसिंह भी परलोक सिधार गये । वे तो पैदायशी बागी थे । अपने जन्म-दिन से ही वह इन्कलाबी थे और आखिरी दिन तक इन्कलाबी रहे । इनका जन्म सन् १८७८ में हुआ था । बचपन में इनका नाम गोविन्दसिंह था । गांव के बच्चे उन्हें गोविन्द कह कर बुलाते थे । लेकिन कुछ लोग कहते थे कि इससे सिक्खों के दसवें गुरु श्री गोविन्दसिंह जी का अपमान होता है । जब वह आठ वर्ष के हुए तो उन्हें आनन्दपुर साहब ले जाया गया । जहाँ उन्होंने अमृत चखा और उनका नाम बदल कर किशन सिंह रखा गया ।

जालन्धर से साईदास एंग्लो हाई स्कूल में तालीम पाने के बाद सरदार किशनसिंह की पब्लिक जिन्दगी महात्मा हंसराज जी के साथ शुरू हुई । इनकी जिन्दगी के इस हिस्से को सेवा काल कहा जा सकता है । हिन्दूस्तान भर में जहाँ भी कोई मुसीबत आई, जलजला, तूफान, कहत, भूखमरी, सैलाब से तबाह होने वाले लोगों की मदद के लिए वह हर जगह पहुंचे । दूरभ में गुजरात में अकाल पड़े तो वहाँ मदद के लिए गये । सन् १९०४ में काँगड़ा में भूचाल आया तो सरदार किशनसिंह वहाँ पहुंचे । सन् १९०५ में शहर झेलम में बाढ़ आई, श्रीनगर और वादी कश्मीर में नुकसान हुआ तो सरदार जी जनता की सेवा के लिए वहाँ पहुंचे गये ।

सियासत में

ऐसे मौकों पर इनके दिल में कई तरह के सवाल उठे । क्या मुसीबत की इन घड़ियों में सरकार का कुछ फर्ज नहीं ? अगर कोई फर्ज है तो सरकार इसे पूरा क्यों नहीं करती ? जब इन सवालात का उन्हें कुछ जवाब न मिला तो वह बहुत दुखी हुए । इस सूरत हाल ने उन्हें गुलामी का अहसास शिद्दत से कराया । आहिस्ता-आहिस्ता इनके दिमांग पर यह अहसास बोझ बनने लगा और इसी बोझ ने इन्हें सियासत की तरफ रागिब किया । आजादी ही सब बीमारियों का इलाज है । यह बात इनके मन में बैठ गई ।

क्रमशः

प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी
के
बीस सूत्रीय आर्थिक कार्य-क्रम पर संगोष्ठी

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार में ६, ९, १०, ११, फरवरी १९७६ को प्रधानमन्त्री इन्दिरा गाँधी के बीससूत्रीय आर्थिक कार्य-क्रम के क्रियान्वयन हेतु श्री बलभद्र कुमार हूजा कुलपति की अध्यक्षता में वेदमन्दिर में संगोष्ठियाँ हुई जिसमें गुरुकुल विश्वविद्यालय एवं गुरुकुल के विद्यार्थियों, कर्मचारियों, प्राध्यापकों-अध्यापकों एवं अधिकारियों के अतिरिक्त एक गोष्ठी में श्री ब्रह्मदत्त जी स्नातक, प्रसार एवं सूचना विभाग, केन्द्रीय सचिवालय तथा ग्राम प्रसार प्रशिक्षण के प्राचार्य श्री कैलाश प्रकाश गुप्त भी सम्मिलित हुए।

सर्व प्रथम श्री ब्रह्मदत्त जी ने २० सूत्रीय कार्य-क्रम को सूत्र की संज्ञा दी तथा इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्य में तेजी नहीं आई थी, योजनाओं से जो विकास एवं विस्तार हुआ था उसके मूल्यांकन से ज्ञात हुआ कि उससे समाज के विशिष्ट वर्ग को ही लाभ होरहा है। निर्धारित समय में गतिमयता लाना ही परम उद्देश्य है। क्योंकि लोकतान्त्रिक गतिमंथरता की जनता कब तक प्रतिक्षा करे? सर्वहारा वर्ग को लाभ देना, न्यूनतम क्रम एवं साधन से साध्य की पूर्ण प्राप्ति करना, पिछड़ी-निम्न जातियों को विकास पूर्ण अवसर प्रदान करना, निर्धनता निवारण, ऋण मुक्तता आदि ऐसी आवश्यकताएं थीं जिसके लिए २० सूत्री कार्य-क्रम का प्रकाश में आना एवं इसका क्रियान्वयन अत्यावश्यक हो गया।

कुलपति ने इसके कार्यन्वयन पर बल देते हुए कहा कि समाज की दिशा में गुरुकुल का बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। आज हम मोड़ पर खड़े हैं। यह महान यज्ञ है। गत २५ वर्षों में हम पूर्ण विकास नहीं कर पाये। जो हुआ भी वह बढ़ती हुई जनसंख्या को देखकर नगण्य है। शिक्षा की स्थिति डांवाडोल है। भूमि सुधार की आवश्यकता है। उद्धार केवल धन से नहीं हो सकता, जब तक आर्थिक कार्य-क्रम न बढ़ाये जाँय! अपना व्यक्तित्व निखारने का समय आगया है। क्रान्तिकारी गुरुकुल को इस दिशा में क्रान्तिकारी कदम उठाने चाहिए।

सर्व सम्मति से यह तय हुआ कि प्रधानमन्त्री इन्दिरा गाँधी के बीससूत्रीय आर्थिक कार्य-क्रम में हम पूर्ण विश्वास करते हैं तथा इसके क्रियान्वयन हेतु पूर्ण सहयोग देने का संकल्प करते हैं।

१– आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्यों में गिरावट के रुझान बनाये रखने एवं उपभोक्ता पदार्थों की उपलब्धि तथा वितरण की व्यवस्था को प्रभावशाली बनाने के लिए हम आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का संचय नही करेंगे। ऐसा करने वाले की सूचना देंगे।

२– छात्रावासों में रहने वाले छात्रों के लिए नियंत्रित मूल्य पर आवश्यत वस्तुओं की व्यवस्था करेंगे। छात्र वासों को पूर्ण सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय प्रांगण से बाहर रहने वाले छात्रों को सुविधा देने के लिए उपयुक्त आवासों की व्यवस्था करेंगे।

३– (क) शिक्षा को ग्राम विकास हेतु ग्रामोन्मुखी बनाया जाय। क्योंकि भारतवर्ष कृषि प्रधान देश है और इसकी ८०प्रतिशत जनसंख्या ग्रामवासिनी है जिसमें ७५ प्रतिशत

कृषक हैं। इसलिए देश के उत्थान को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा को विशेष रूप से गांवों से सम्बन्धित किया जाय। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थिति इसको यह सौभाग्य प्रदान करती है क्योंकि इसकी दो सीमाओं पर ग्राम स्थित हैं। इस दृष्टि से आर्थिक विकास में यह महत्वपूर्ण योगदान होगा। ऐसा निश्चय हुआ कि विश्वविद्यालय के छात्र एवं प्राध्यापक ग्रामों में जाकर कृषकों, जुलाहों, एवं कुम्हारों के कार्यों को सीखेंगे तथा उन्हें आवश्यक शिक्षा प्रदान करेंगे।

(ख) सामूहिक कार्यक्रमानुसार सड़क-निर्माण, सफाई एवं प्रौढ़-शिक्षा आदि के आर्थिक कार्य-क्रमों को क्रियान्वित करेंगे।

(ग) राष्ट्रीय छात्र सेना एवं स्वयं सेवकों का निर्माण जिससे शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर सकें।

(घ) दीमक नियंत्रण, वृक्षारोपण एवं गोबर गैस संयंत्रादि के पुरोगम चलाये जायेंगे। ये कार्य-क्रम कृषि, वनस्पति एवं रसायनशास्त्र विभागों द्वारा चलाये जायेंगे। जिसमें निकटस्थ ग्राम प्रशिक्षण प्रसार केन्द्र से सहयोग लिया जायेगा।

(ङ) खाद्यान्न उत्पादन, मिलावट विरोध, परिवार-नियोजन, दहेज निषेध, निर्धनता निवारण एवं ऋण मुक्ततादि से संबंधित शिक्षा ग्रामीणों को देकर उनकी समस्यायों का समाधान प्रस्तुत करें।

इसप्रकार ग्रामों से संबंध बनाकर आर्थिक व्यवस्था लाकर प्रधान मन्त्री इन्दिरा गांधी के बीस सूत्रीय कार्यक्रम को सफल बनायेंगे।

४– छात्रों ने दहेज न लेने का संकल्प किया।

५– गाँवों में लोगों की आवासीय भूमि मिली या नहीं ? इसकी सूचना देने हेतु अपनी सेवाएं जिलाधीश को प्रदान करने। तथा मानवता की विभदेक धारा के सेतु बनने का संकल्प लेते हैं।

रामाश्रय मिश्र
संयोजक
२० सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम संगोष्ठी
गु० कां० विश्वविद्यालय, हरिद्वार

श्री पं. भगवद्दत्त जी वेदालंकार

व्यक्तित्व एवं कृतित्व



त्याग एवं वैदिक निष्ठा की प्रतिमूर्ति
निवर्तमान सम्पादक, गुरुकुल पत्रिका
एवं अनुसंधित्सु वेद-विभाग
पं० भगवद्दत्त वेदालंकार

जन्म स्थान : उत्तर-प्रदेश के मेरठ जिला-अन्तर्गत ग्राम – नेक, पिता जी का शुभ नाम श्री रिसालेसिंह।

बाल्य काल–ग्राम्य जीवन होने के कारण खान-पान में अव्यवस्था, अनियमितता के कारण दस्त, पेचिश के बीमार तथा अन्य अनेक फोड़े-फुन्सियों से युक्त होने से शरीर की दृष्टि से अत्यन्त क्षीण। इनके पिता ने यह सोचा कि यहाँ तो इसका जीवन सुरक्षित नहीं है। गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ में दाखिल कराया। वहाँ भी अगली परीक्षा में फेल होने के कारण गुरुकुल में प्रविष्ट न हो सके। परन्तु न जाने किस की प्रेरणा से इन्हें गुरुकुल में प्रविष्ट कर लिया गया।

गुरुकुलीय जीवन — भोजन में नियतकाल तथा नियमितता का विशेष ध्यान रखने और नियमित रूप से प्रतिदिन योगासन तथा दण्ड-बैठक करने से शरीर स्वस्थ हो गया। उन दिनों आश्रम ध्यक्ष ब्राह्ममुहूर्त में उठना, शौच, दन्तधावन योगासन तथा व्यायाम आदि विद्यार्थी नियमित रूप से करते हैं कि नहीं, इसका विशेष ध्यान रखते थे। दोनों समय सुचारु रूप से संध्या-हवन सबको करना पड़ता था। कभी १५वें दिन तथा कभी मासान्त में परीक्षा होती थी। एक बार दूसरी श्रेणी में संस्कृत की परीक्षा में इनका प्रथम नम्बर आ गया। इन्हें पुरस्कार स्वरूप एक जामुनी पेंसिल तथा एक नोटबुक मिल गई। इसका इन पर ऐसा

76018

प्रभाव पड़ा कि पुरस्कार के लोभ से संस्कृत में रुचि आरम्भ हो गई और इनकी गणना अच्छे विद्यार्थियों में होने लगी। बचपन में गायत्री जाप के लिये इन्हें प्रेरणा दी गई थी, जिसका प्रभाव यह हुआ कि ये धार्मिक तथा आध्यात्मिक वृत्ति के हो गये।

क्रीड़ा—प्रारम्भ में हाकी, लाठी, गतका, कुश्ती आदि का भी शौक रहा परन्तु सबसे अधिक, इन्हें तैराकी का शौक रहा। वर्षा ऋतु में भरी गंगा इन्होंने तैर कर पार की। गुरुकुल के तैराकी मैच में यह प्रथम आते थे। गढ़मुक्तेश्वर के मेले में तैराकी मैच में गुरुकुल की ओर से ये गये थे और वहां ४ मील की तैराकी में सर्व प्रथम रहे।

कार्यक्षेत्र—सन् १९३५ में स्नातक होने के बाद आर्य प्रतिनिधि सभा पञ्जाब, लाहौर में ८ वर्ष तक कार्य किया। तत्पश्चात् ये गुरुकुल काँगड़ी में वेदानुसन्धान के लिए श्री ठाकुरदत्त अमृतधारा द्वारा प्रदत्त तीस सहस्र रुपये से स्थापित निधि में वेदानुसन्धान का कार्य किया, आयुर्वेद कालेज में कई वर्ष तक वेदाध्यापन का कार्य किया एवं कालिज में कई वर्ष तक आश्रमाध्यक्ष का कार्य, गुरुकुल पत्रिका का सम्पादन कार्य, इस प्रकार गुरुकुल में अनेक पदों पर इन्होंने कार्य किया।

साहित्य निर्माण—इनकी वेद सम्बन्धी खोजपूर्ण लगभग दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और कई अप्रकाशित भी हैं। पत्र-पत्रिकाओं में शास्त्रीय खोजपूर्ण लेख लिखते रहे हैं।

आपकी निम्न पुस्तकों पर उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं—

वैदिक स्वप्न विज्ञानम्	१०००)
विष्णु देवता	५००)
ऋषि रहस्य	५००)
पुरुषोत्तमदास मेमोरिल ट्रस्ट हैदराबाद	२२५)

,, आपकी आध्यात्मिक वृत्ति है, आत्मिक भूख के शमन के लिए दो बार पाँडिचेरी की यात्रा भी कर चुके हैं एवं कई साधु महात्माओं से भी समय-समय पर सम्पर्क करते रहे हैं। आध्यात्म और वेद की सेवा ही अब आपके जीवन का ध्येय है।

रामाश्रय मिश्र
सम्पादक

भूतपूर्व सम्पादक पं० भगवद्दत्त जी वेदालंकार के
सेवा निवृति-उपलक्ष में

कुलपति का शुभ कामना-पत्र

बलभद्र कुमार — १ अप्रैल, १९७६

परम आदरणीय भगवद्दत्त जी,

आज आप गुरुकुल की लम्बी सेवा से निवृत हो रहे हैं। आपने जिस निष्ठा और लगन से वेदाध्ययन एवं वेदप्रचार किया है वह अत्यन्त सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

आपकी सौम्य वृत्ति का प्रत्येक पर प्रभाव पड़ता है। भगवान आपको चिरायु एवं स्वस्थ बनाए रखे यही प्रार्थना है। मैं आशा करता हूं कि आप गुरुकुल से सम्बन्ध बनाये रखेंगे और आप सौ वर्ष तक जीते हुये सत्कर्मों में जुटे रहेंगे। आपकी प्रेरणा लम्बे अर्से तक गुरुकुल वासियों को मिलती रहे।

मुझे आपकी सेवा करने का मौका मिले तो मैं अपना अहोभाग्य समझूंगा। शुभ कामनाओं सहित,

आपका—
ह० (बलभद्र कुमार)

श्री भगवद्दत्त वेदालंकार
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

पृष्ट ६०१ का शेष

ट्रस्टीशिप के आदर्श के अभ्युदय एवं धनी-वर्ग के उपभोग्य स्तर को नियंत्रित करने की आवश्यकता पर बल देता है।

७ इसमें दो राय नहीं हैं कि भारत में जन-संख्या वृद्धि की तेजी से बढ़ती हुई गति को तीव्रता से रोका जाय। अन्य उपायों के अतिरिक्त देश में सर्वव्यापी जनशिक्षण के द्वारा आत्म-नियन्त्रण के वातावरण का निर्माण करने पर आचार्य विनोबाजी ने कई बार जोर दिया है।

८ आचार्य विनोबा प्रायः कहते हैं "विज्ञान में शक्ति है, गति है और क्रियाशीलता है लेकिन दिशा नहीं है। यह बिलकुल स्पष्ट है कि विज्ञान को अध्यात्म ही दिशा-दर्शन प्रदान कर सकता है।" देश को, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, संतुलित विकास की ओर ले जाने के लिए वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का समुचित समन्वय अति आवश्यक है।

९ राष्ट्र को उचित मार्ग से विकसित करने के लिए शिक्षा की वर्तमान पद्धति को जीवन-केन्द्रित बनाना चाहिए, जिससे युवा-पीढ़ी को महात्मा गांधी के विचारों के अनुसार उत्पादक और विकासशील कार्यों में प्रवृत्त किया जा सके।

व्यापक गरीबी से संबंधित व्यापक निरक्षरता को आगामी दशक में एक महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय-कार्य के रूप में खत्म करना है। हमारी शिक्षा-संस्थाओं को चाहिए कि वे नैतिक-मूल्यों तथा भारत की समृद्ध एवं सामाजिक सांस्कृतिक परम्परा को आवश्यक एवं महत्त्वपूर्ण स्थान दें।

राष्ट्र के सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार-उन्मूलन के लिए भी प्रयत्न किया जाना जरूरी है। सम्मेलन आचार्य विनोबा की इस जोरदार दलील का समर्थन करता है कि शिक्षा को सरकार के कड़े नियंत्रण एवं राजनैतिक दलों के हस्तक्षेप से सर्वथा मुक्त होना चाहिए।

१० यह सम्मेलन राष्ट्रीय सामंजस्य एवं रचनात्मक सहयोग की प्रक्रिया को गति देने के लिए किसी भी प्रकार से उपयोगी होने में अपने को गौरवान्वित समझेगा।

सम्मेलन आचार्य विनोबाजी से अनुरोध करता है कि इस निवेदन में दिये गये सुझावों को आगे बढ़ाने के लिए जैसा वे उचित समझें, पथ-दर्शन करें

—०—

गुरुकुल समाचार

—महावीर' नीर विद्यालंकार

ऋतु—रंग

नवपलाशपलाशवनं पुरः स्फुटपरागपरागतपङ्कजम् ।
मृदुलतान्तलतान्तमलोकयत् स सुरभिं सुरभिं सुमनोभरैः ।। (माघ. ।

मार्च मास का लुभावना मौसम गुरुकुल-नगरी की शोभा को द्विगुणित करने लगा । गगन-मण्डल पर मेघों की परतें जमी रही । गडगडाहट और चमचमाहट के बीच वर्षा की बौछार पड़ी । चहुँ ओर फागुनी बयार बहने लगी । वृक्ष और लतायें झूम-झूमकर प्रकृति नटी का अभिनन्दन करने लगी । युकलिपटास (तैलपर्णी) पर सफेद २ फूलों के गुच्छे लटक गये । आम्र मञ्जरियाँ फूल उठी । बौर की मादक-गंध से वातावरण महक उठा । शहतूत फूल उठे । टेसूओं का रंग बिखर गया । अमरुद, आम, जामुन, नीबू, शीशम, सभी पर नव-पत्र शोभित हो उठे । गेहूँ-बालों में यौवन का उभार स्पष्ट दिखने लगा । बांस, पलास, ढाक, सभी फूल उठे । फुलो से मरकन्द झरने लगा । मधुपों की गुंजार होने लगी । मधु कोष लटकने लगे । चिड़ियों ने घोंसले बनाने शुरु कर दिये । प्रकृति नये रंग में रंग गयी । धरा मग्न हो गयी । आबाल-वृद्ध सभी मस्ती से झूमने लगे । होली का रंगीला त्यौहार अबीर-गुलाल की फुहारें छोडता हुआ विदा हो गया । विविध रंग-बिरंगे फूल अपनी सुरभि से दिग्दिगन्त को सुवासित करने लगे । चैत-चांदनी की सुधावर्षिणी ज्योत्सना कुल पर छिटक गयी । सर्वत्र अपूर्व सौन्दर्य निखर गया । शीत की प्रधानता समाप्त हो चली । दोपहर की धूप में बैठना एकदम अप्रिय लगने लगा । कुलवासियों ने रंगबिरंगे ऊनी परिधान उतारने प्रारम्भ कर दिये । मच्छरों व मक्खियों का प्रभाव बढ़ चला। कुलवासी स्वस्थ तथा प्रसन्न है ।

विद्यालय—विभाग

विद्यालय-विभाग में आगामी वार्षिक-परिक्षाओं को दृष्टि में रखते हुए अध्ययन व अध्यापन का कार्य द्रुत गति से चल पड़ा है । नवमव दशम के ब्रह्मचारियों को परीक्षा की तैयारी के लिए अवकाश दिया गया है । व्यायाम व खेल कूद साथ-साथ चलते रहे ।

अध्यापकों की बैठक:— ९।३।७६ को समस्त अध्यापकों व अधिष्ठाताओं की विद्यालय की प्रगति-सम्बन्धी बैठक हुई ।

ध्रुवका प्रथम अंक:— पूर्व योजना के अनुसार ब्रह्मचारियों द्वारा हस्तलिखित ध्रुव' पत्रिका का अंक श्री अरविन्द कुमार जी तथा विजय कुमार जी के सम्पादकत्व में बड़ी सजधज के साथ प्रकाशित

हुआ । मान्य कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी ने विद्यार्थियों को इस पत्रिका का विमोचन किया । इस पत्रिका को मुद्रित किये जाने का भी विचार हो रहा है एतदर्थ स० मुख्याधिष्ठाता श्री प० धर्मवीर जी ने आर्थिक स्वीकृति प्रदान कर दी है । शीघ्र आगामी अंक भी निकल रहा है ।

आश्रम अधिष्ठाताओं के वेतन में वृद्धिः—संरक्षक-सभा की संस्तुति पर श्री आचार्य डा०रामनाथ जी वेदालंकार ने अधिष्ठाताओं का वेतन ९०) से १५०)कर दिया है। इसी प्रकार विद्यालय-अध्यापकों को भी २८ प्रतिशत महंगाई जनवरी से दे दी गई है ।

प० लेखराम स्मृति कबड्डी टूर्नामेंटः—६व७ मार्च को विद्यालय-विभाग में ६-७ श्रेणियों के ब्रह्मचारियों की ओर से अमर शहीद प०लेखराम जी आर्य मुसाफिर की स्मृति में एक हरिद्वारीय कबड्डी टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया । लगभग १२ टीमों ने भाग लिया । कुल के मान्य कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी ने टूर्नामेंट का उद्घाटन कर ब्रह्मचारियों के उत्साह को द्विगुणित किया । ६+७व अष्टम श्रेणी का स्फुर्तिदायक फाइनल मैच हुआ । ६×७ ने अपने साहस और कौशल से अष्टम श्रेणी को पराजित कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया । ब्र० अशोक कुमार पंजाब (६ष्ठ)ने सफलता के साथ संयोजन किया । ब्र० राजेन्द्र १०म का आंखो देखा हाल सुनाने का ढंग बड़ा आकर्षक रहा । श्री विजय कुमार जी, श्री ज्ञान चन्द्र जी (आश्रमध्यक्ष व अधिष्ठाता) तथा तिलकराज जी रणजीतसिंह जी व अरविन्द कुमारजी, 'नीर'जी आदि अध्यापकों तथा स०मुख्या० श्री धर्मवीर जी विद्यालंकार तथा आयुर्वेद-महाविद्यालय के बडे छात्रों ने छात्रों के मध्य उपस्थिति देकर उनके उत्साह को द्विगुणित कर विशेष उल्लसित व हर्षित किया । वानप्रस्थाश्रम ज्वालापुर के लोकप्रसिद्ध वैद्य श्री हरनामदास जी बी०ए० ने पुरस्कार वितरित किए तथा व्यायाम के महत्व पर सारगर्भित भाषण दिया । श्री विजय कुमारजी ने आर्यमुसाफिर पं०लेखराज जी के वीरोचित जीवन-चरित्र पर दो शब्द कहे (हर्षोल्लास के बीच टूर्नामेंट समाप्त हुआ ।

विद्यालय में होली-महोत्सवः—१६ मार्च को प्रातः ८बजे आश्रम यज्ञशाला में सामूहिक यज्ञ हुआ । कार्यवाहककुलपति श्री सुरेश चन्द्रजी त्यागी(वि०महा०)स०मुख्या०श्री पं० धर्मवीर विद्यालंकार तथा स्वामी चिदानन्द जी ने होली-त्यौहार पर अपने २विचार प्रकट किये । तदनन्तर सभी अधिकारी वर्ग, अधिष्ठातागण परस्पर गले मिले । छात्रों ने भी सभी को गुलाल आदि लगाया। आनन्द और उल्लास के बीच त्यौहार मनाया गया ।

विद्यालय-विदाई-समारोहः—विद्यालय के छोटे छात्रों ने दशम श्रेणी के बडे भाइयों को विदाई दी । विदाई समारोह की अध्यक्षता आचार्य श्री डा०रामनाथ जी वेदालंकार ने की । कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी, कुलसचिव डा०गंगा राम जी, मु०मुख्याधिष्ठाता श्री पं०धर्मवीरजी विद्यालंकार ने विदाई लेने वाले ब्रह्मचारियों को आशीर्वाद देते हुए सत्य, ईश्वर प्रेम देश-प्रेम तथा पुस्तकों से प्रेम करने की ओर प्रेरित किया । अध्यक्ष पद से आचार्य जी ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि

वे अपना मार्ग सोच समझकर चुने। ब्र. गणेश ब्र० प्रदीप९म, नरेन्द्र ९म ने विदाई गीत गाया। श्री पं० हरिवंश जी वेदालंकार, श्री विजय कुमार जी शास्त्री, श्री आनन्द कुमार जी श्री तिलक राज जी आदि ने भी छात्रों को आशीर्वचन कहे। ब्र० नरेन्द्र ९म ने विद्यालय-छात्रों की ओर से विदाई पत्र पढ़ा तथा ब्र०मनजीत १०म ने भावपूर्ण शब्दों में विदाई का प्रत्युत्तर दिया। शान्तिपाठ, चायपान एवं फोटोग्रुप के पश्चात् कार्यक्रम समाप्त हुआ।

डा० हरिप्रकाश जी स्वस्थ

परम प्रसन्नता और सौभाग्य की बात है कि गुरुकुल फार्मेसी के व्यवसायध्यक्ष भूतपूर्व मन्त्री आर्य प्र० स० पंजाब तथा गुरुकुल के वरिष्ठ स्नातक डा० हरिप्रकाशजी आयुर्वेदालंकार जो पिछले दिनों पेट की बीमारी के कारणण गम्भीर रूप से रूग्ण हो गये थे अब पुनः स्वास्थ्य लाभ करके अपने कार्य पर लोट आये हैं। हम डा०जी के पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

कविराज हरनामदास जी बी०ए०द्वारा दान व सन्देश

वर्तमान समय में आर्य वान प्रस्थाश्रम, ज्वालापुर के निवासी तथा भारत के प्रसिद्ध वैद्यराज श्री हरनाम दास जी ने गुरुकुल के ब्रह्मचारियों के खेलों से प्रसन्न होकर १०१) का प्रेम भरा दान दिया। गुरुकुल उनका अत्यन्त आभारी है। साथ ही कविराज के हृदय मे कुल के प्रति क्या भाव है तथा अधिकारियों, कार्यकर्ताओं आदि से उनको क्या आशाये हैं। इस विषय में उनके पत्र का सारांश हम नीचे दे रहे हैं-

(१) आदरणीय प्रिय कुलपति जी, श्री सेवा में एक लोकल चैक १०१) का खेलों की छोटी-मोटी आवश्यकताओं के लिए प्रेषित है।

(२) मैं उसदिन आपके स्टाफ की 'अपने क्षेत्र में कार्य-कुशलता, सूझ-बूझ और शालीनता" से बहुत प्रभावित हुआ। वे और आप बधाई के पात्र है।

(३) उसदिन पारितोषक प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों के बाल इतने लम्बे देखे कि माथा और नेत्र बहुत ढके हुए थे।

(४) एक नोट-बुक भेजता हूँ। ऐसी नोट बुक जो आपके सम्पर्क में आते हैं अथवा जिन्हें आप आदेश देते है, सभी के पास होनी चाहिए।

(५) आपके कुशल प्रशासक होने की धाक बैठी हुई है। यह महान् संस्था आपके आगमन से धन्य हो गई है।

आशा है कविराज जी कु के प्रति अपना सर्वदा प्रेम-भाव व दान-भाव बनाये रहेंगे।

गुरुकुल नगरी में वेद-मन्त्रों की गूंज

मान्य कुलपति श्री बलभद्र-कुमार जी की प्रेरणा से कुल में प्रसुप्त सात्विक भावों के पुनःजागरण के लिए एक नयी परम्परा को क्रियान्वित किया गया है। इस योजना के अनुसार 'अमृत-वाटिका' की 'यज्ञ-वेदी से प्रतिदिन 'ध्वनिप्रसारक यन्त्र' द्वारा कुल-भूमि में वेद मन्त्रों की सात्विक-स्वर-लहरी प्रसारित की जा रही है। यह एक उत्तम प्रयास है।

कार्यालय-विभाग में गतिशीलता

गुरुकुल के मुख्य कार्यालय निभाग में विगत तीन मासों से निरन्तर गति शीलता दिखलाई पड़ रही है। गुरुकुल-विभागीय कार्यालय में अनेक परिवर्तन किये गए। जिससे अनेक वर्षों से रुका हुआ महगाई भत्ता, वेतनमान, दिया जा चुका है तथा लगभग सभी विभागों को वार्षिक वेतन वृद्धियां भी उचित रूप से प्रदान कर दी गई हैं। बिलों आदि के भुगतान भी क्रमशः किए जा रहे हैं। अनेक आर्थिक आदि कठिनाईयों के होते हुए भी कार्य में सुचारुता आ रही है। इस कार्य में विशेष योग वरिष्ठ लिपिक श्री रामेश्वर जी का रहा है। सामान्य सभी कार्यकर्ता अपने कार्य को शीघ्र निपटाने में लगे है।

सुरक्षा-व्यवस्था

स० मुख्याधिष्ठाता श्री प० धर्मवीर जी के अनुसार कुल की सुरक्षा व्यवस्था (पहरेदारी) को एन०सी०सी० विभाग के आधीन कर दिया गया है। कम्पनी कमाण्डर लै०श्री वीरेन्द्रसिंहजी अरोड़ा तथा विश्वविद्यालय के प्रोक्टर श्रीओमप्रकाश जी मिश्र से यह कार्य सम्बन्धित रहेगा।

एन० सी० सी० विभाग

विश्वविद्यालय एन० सी० सी० कम्पनी कमाण्डर लै० श्री वीरेन्द्र जी अरोड़ा के अनुसार आगामी सत्र से एन० सी० सी० में घुड़सवारी तथा तीरन्दाजी के प्रशिक्षण आदि देने की योजना को क्रियान्वित किये जाने की पूर्ण सम्भावना हैं।

२० सूत्री कार्यक्रम पर विचार

कुल के सभी प्राध्यापकों तथा कुलपति जी,स० मुख्याधिष्ठाता जी, कुलसचिवजी आदि सभी ने निरन्तर त्रिदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन कर सरकार के २०सूत्री कार्यक्रम पर विचार किया।

सांस्कृतिक—कार्यक्रम

२।३।७६को वेदएवं साधारण महाविद्यालय के छात्रों ने पूर्व प्रदर्शित नाटकों एवं प्रहसनों का कार्यक्रम श्री राजेन्द्र कुमारजी जिलाधीश सहारनपुर की अध्यक्षता में बड़े कलात्मक ढ़ग से प्रस्तुत किया ।

होली का रंगीला त्यौहार

पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी कुलवासियों ने १६मार्च को हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण के बीच होली का रंगीला त्यौहार मनाया । गुलाल अबीर और रंग बिरंगे गुब्बारों, पिचकारियों की रंगीली फुहारों तथा परस्पर प्रेम-पूर्वक लगाये गये गुलाल अबीर के तिलक से स्नेह युक्त वातावरण की सृष्टि रही । श्रद्धानन्द-द्वारस्थ परिवार के मैदान में एक गल्प-गोष्ठी भी हुई ।

अमर शहीद सरदार भगतसिंह की पुण्य तिथि का आयोजन

२३।३।७६को प्रा०भा० इतिहास विभाग की ओर से सरदार भगत सिंह की पुण्य तिथि पर एक सभा का समायोजन हुआ । समारोह की अध्यक्षता कुल के आचार्य श्री डा० रामनाथ जी वेदालंकार ने की । अनेक विद्यार्थियों ने कविता-पाठ किया । प्रो० जे० एस० सेगंर तथा प्रो० जयदेव वेदालंकार ने सरदार भगत सिंह जी के कृत्यों पर प्रकाश डाला । सभा का संयोजन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा० विनोद चन्द्रजी सिन्हा ने किया ।

कुलीयभीम ब्र० देवकेतु का शक्ति प्रदर्शन

२१वर्षीय संस्कृत एम० ए० (२१वर्ष)के छात्र ब्र०देवकेतु ने कुम्भा खेड़ा हिसार की लगभग १५,२० हजार जनता को अपने बाहुबल से दो कारों को एक साथ रोककर आश्चर्य चकित एवं रोमांचित कर दिया । इसी प्रकार १७ मार्च को फजलपुर, मेरठ में एक कार रोक कर ढ़ाई सूत मोटी जंजीर तोड़कर, थाली चीरकर अपने शक्ति प्रदर्शन द्वारा जनता मोहित की किया । ब्रह्मचारीजी से गुरुकुल को बहुत आशायें हैं । आशा है अधिकारी अपने इस उभरते नवयुवक किशोर छात्र के उत्साहवर्धनार्थ विशेष वृत्ति देने की कृपा करेंगे ।

'देव मुनि' जी द्वारा सन्यास-ग्रहण

समीपस्थ 'आर्यवानप्रस्थाश्रम ज्वालापुर में १मार्च ७६के एक भव्य समारोह में कुल के पुराने सुयोग्य स्नातक, वेद भाष्यकार,आर्य जगत् के प्रसिद्ध विद्वान्सौम्यमूर्ति श्री०पं०धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड (देवमुनिजी)को वृद्ध आर्य सन्यासी श्री आनन्द स्वामी जी महाराज ने सन्यास-दीक्षा दी । अब पण्डितजी 'धर्मानन्द सरस्वती'के नाम से पुकारे जायेंगे ।

डा० राकेश जी द्वारा विद्वत् परिषद् का उद्घाटन

गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग वरिष्ठ प्राध्यापक तथा हिन्दी साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान् डा० विष्णुदत्तजी राकेश, ने 'श्री दयालु संस्कृत महाविद्यालय वाराणासी की रजत जयन्ती पर आयोजित विद्वत् परिषद का उद्घाटन करते हुए कहा कि "संस्कृत ने भारतीय-संस्कृति और भारतीय चिन्तन की उस प्रतिभा का निर्माण किया है जिसका साक्षात्कार जीव के पशुत्व को समाप्त कर शिवत्व प्रदान करता है समारोह की अध्यक्षता संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणासी के कुलपति डा० करुणापति त्रिपाठी ने की।

शिक्षा-पटल के लिए चुनाव

२३मार्च। शिक्षा पटल के लिए चुनाव हुआ। जिसमें श्री प्रो० जबरसिंह सैगर ने २३ मत, श्री प्रो० अमर नाथ द्विवेदी ने १६मत तथा श्री मती भगवती देवी (कन्या गु०देहरादून)ने ११मत प्राप्त किए। इस प्रकार प्रो० जबरसिंह जी पटल के लिए चुनेगाए।

एम० ए० (२यवर्ष) के छात्रों को विदाई

३०।३।७६ को इतिहास विभाग के एम० ए० प्रथम वर्ष के छात्रों ने २य वर्ष के छात्रों को विदाई दी। एम०ए० (प्र० वर्ष) की ओर से श्री ललित जी ने अपने सहपाठियों की ओर से उद्गार प्रकट किए। २य वर्ष की ओर से विदाई का उत्तर श्री धनपाल सिंह ने दिया। उपाध्यायों की ओर से प्रो० जबरसिंह जी तथा प्रो० विनोद चन्द्र जी सिन्हा ने आशीर्वचन कहे। मान्य कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी ने विदाई लेने वाले छात्रों को एक २ पुष्प भेंट करते हुए कहा कि तुम्हारा जीवन फूलों की तरह सर्वत्र अपने यश की सुगन्ध फैलाये। उपाध्यायों को देश और समाज के लिए कार्य करने को प्रेरित किया हम अपने जीवन में कुल के प्रति प्रेम भावना और गरिबों के प्रति सेवा भावना को उजागर करें। शान्ति पाठ के पश्चात् समारोह समाप्त हुआ।

आर्य-समाज गुरुकुल कांगडी की गतिविधियां

आर्यसमाज गुरुकुल कांगडी में इस मास प्रधान श्री पं०भगवद्दत्त जी वेदालंकार तथा मन्त्री श्री चन्द्र जी के नेतृत्व में अनेक गतिविधियां दृष्टि गत हुई--

(१) आर्य समाज में अब साप्ताहिक वृहद्-यज्ञ के अतिरिक्त प्रतिदिन ६बजे प्रातःयज्ञ का शुभारम्भ हुआ।

(२) साप्ताहिक सत्संगों में अनेक विद्वानों के भाषण आदि हुए।

(३) गुरुदत्त दिवसः--२९ मार्च सायं ६बजे आर्य समाज मन्दिर में पण्डित गुरुदत्त जी का दिवस मनाया गया। कुलपति बलभद्र कुमार जी ने अध्यक्षता की। आचार्य डा०रामनाथ जी वेदालंकार, डा० हरगोपाल सिंह जी (उपप्रधान आ०स०) श्री पं० भगवद्दत्तजी वेदालंकार (प्रधान आ० स०)

डा० वासुदेव जी, आयुर्वेदालंकार डा० गंगाराम जी कुलसचिव, श्री चैतन्य जी आदि समस्त महानुभावों ने गुरुदत्तजी के जीवन पर प्रकाश डाला।

आवश्यक सूचना

समस्त अध्यात्म प्रेमी महानुभावों को ज्ञात हो कि लगभग ४मास से प्रति सप्ताह सोमवार एवं वृहस्पतिवार को 'वेदमन्दिर' में सांय काल ६बजे से अध्यात्मिक-चिन्तन' हेतु मौन का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक महानुभाव एवं कुलवासी इसमें भाग ले सकते है। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो० जे० एस० सेगर है।

विविध खेल-कूद

(१) १मार्च से 'रोपड पंजाब' टूर्नामेंट में जाने के लिए वि० वि० हॉकी प्रशिक्षक श्री जीतसिंहजी द्वारा विशेष हॉकी प्रशिक्षण।

(२) ६।३।७६ को विद्वान् महाविद्यालय गु०कां० तथा श्रवणनाथ म०नेहरु डिग्री कालेज का क्रीकेटमैच।

(३) ६।३।७६ से विद्यालय-विभाग में कबड्डी टूर्नामेंट।

(४) आयुर्वेद छात्रावास में प्रतिदिन वाली बॉल का खेल होता रहा।

(५) विद्यालय-विभाग में उत्सव की तैयारी के लिए पी० टी० डम्बिल व लेजिम का विशेष सामूहिक-अभ्यास।

शोक—समाचार

यह समाचार देते हुए अत्यन्त हार्दिक दुःख है कि गु०कु०के वरिष्ठ प्राध्यापक डा० हरगोपाल सिंहजी के पिता जी का इस मास लम्बी बिमारी के कारण स्वर्गवास हो गया है हम शोक-समाचारसंतप्त परिवार में शामिल होते हुए प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति दे और परिवार जनों को शोक-सतांप सहने की शक्ति दे।

—०—

गुरुकुल डायरी मार्च, १९७६

१- (क) आचार्यों की बैठक- सीनेटहाल ।
(ख) सांस्कृतिक कार्य-क्रम- वेदमन्दिर

२- (क) जिलाधीश श्री राजेन्द्र कुमार के स्वागतार्थ सांस्कृतिक कार्य-क्रम- वेद मन्दिर ।
(ख) वार्षिकोत्सव सम्बन्धी बैठक ।

३- सम्पादक मंडलों की बैठक- सीनेटहाल ।

४- आचार्य लेखराम दिवस- आर्य समाज मन्दिर ।

८-१५- कुलसचिव- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शिक्षा मन्त्रालय अनुदान एवं नये वेतन मान हेतु ।

१३-१५- कुलपति- लखनऊ दीक्षान्त भाषण हेतु राज्यपाल-उत्तर-प्रदेश डा० चन्नारेड्डी को निमन्त्रित करने हेतु ।

२२- कुलपति- उदयपुर विश्वविद्यालय उदयपुर के दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित ।

२३- शहीदे आजम भगतसिंह दिवस- वेदमन्दिर ।

२७- वार्षिकोत्सव सम्बन्धी विभिन्न बैठकें- कुलपति निवास ।

२८- शिक्षा पटल की बैठक- सीनेटहाल ।

२९- (क) वार्षिकोत्सव सम्बन्धी विभिन्न बैठकें- सीनेटहाल
(ख) गुरुदत्त दिवस समारोह- आर्य समाज मन्दिर ।

रामाश्रय मिश्र
जन-सम्पर्क अधिकारी
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

—०—

गुरुकुल कांगड़ी आयुर्वेद कालेज, हरिद्वार

(हाकी टीम १९७५-७६)



बैठे हुये (बायें से दायें :—डॉ० हरपालसिंह, डॉ० जसवीरसिंह (क्रीड़ाध्यक्ष), डॉ० क्रान्तिकृष्ण (उपाचार्य एवं चीफ़ वार्डन), श्री वलभद्रकुमार (कुलपति), डॉ० अनन्तानन्द (प्राचार्य), विनोदकुमार (कप्तान), नीरजकुमार ।

प्रथम पंक्ति (बायें से दायें):—श्री सुरेशपाल, राजेन्द्रप्रसाद, ध्रुवसिंह, वीरेन्द्रपाल, कुलदीप राज, धर्मवीर मान, मदन मोहन, नरेन्द्र कुमार ।

द्वितीय पंक्ति (बायें से दायें):—श्री धर्मवीर सिंह, कृष्णपाल, ओमप्रकाश ।

हमारी कुछ स्वर्ण निर्मित व अन्य विशिष्ट औषधियां

★ **बसन्त कुसुमाकर**

मधुमेह तथा शारीरिक निर्बलता के लिए उत्तम ।

★ **बृहद् वात चिन्तामणि**

घबराहट, बेचैनी, कमजोरी में सेवन करें ।

★ **अमृत रसायन**

गर्मियों में सेवनीय उत्कृष्ट शक्तिवर्धक रसायन है ।

★ **आंवला तैल** (विशुद्ध तिल तेल से निर्मित)

बालों को मुलायम व काला रखता है । दिमाग को ताजा व ठण्डा रखता है । शक्ति को बढ़ाता है ।

प्रकाशक : डॉ० गंगाराम कुलसचिव : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

गुरुकुल-पत्रिका

आर्यभट-अंक



भारतीय वैज्ञानिकों की अपूर्व सफलता का प्रतीक

उपग्रह-आर्यभट

अप्रैल १९७६ ★ वैशाख २०३

अनुक्रमणिका

आर्य भट्ट परिवार के सदस्यों के नाम संदेश	श्री बलभद्रकुमार	
आर्य भट्ट परिवार		
१ श्रुति-सुधा		
२ जयवंश महाकाव्ये सवाई जयसिंह	रामदत्त शर्मा	६२०
३ अम्बरे विस्तृतमम्बरम्	डा० अमरनाथ पाण्डेय:	६२२
४ परम पूज्य महात्मा हंसराज:	रवि शास्त्री	६२३
५ सर्वासु-भाषासु-विभाति-संस्कृतम्	राम स्वरूप शास्त्री	६२४
सम्पादकीय		
६ कांटों से नेह लगाने वाले	महावीर 'नीर' विद्यालंकार	६२५
७ शिशु का जातकर्म संस्कार	आचार्य ब्रह्मदत्त शर्मा आयुर्वेदालंकार	६२६
८ शहीदे आज़म सरदार भगतसिंह के बुजुर्गों की मुख्तसर कहानी	श्रीमती वीरेन्दर सिन्धु	६२८
९ गुरूकुल काँगड़ी–संक्षिप्त परिचय	डा० गंगाराम	६३२
१० भारत का महाज्योतिर्विद बीजगणित का पंडित–श्री आर्य भट्ट	इन्द्रसेन आयुर्वेदालंकार	६३५
११ शिक्षा-सम्मेलन की रपट	डा० विष्णुदत्त राकेश	६३७
१२ व्रत प्रधान भारतीय शिक्षा	स्वामी समर्पणानन्द	६३९
१३ आर्य भट्ट	पदमसिंह देशवाल	६४१
१४ प्रो० सतीश धवन : व्यक्तित्व एवं कृतित्व	प्रो० रामाश्रय मिश्र	६४३
१५ गुरुकुल की यज्ञस्थली से– दीक्षान्त समारोह पर कुलपति द्वारा सम्बोधन	बलभद्र कुमार	६४६
१६ गुरुकुल समाचार	महावीर 'नीर' विद्यालंकार	६५३
१७ गुरुकुल डायरी	प्रो० रामाश्रय मिश्र	६६०

सम्पादक–– प्रो० रामाश्रय मिश्र

सह सम्पादक––डॉ० क्रान्तिकृष्ण, प्रो० भारतभूषण, डॉ० अमरनाथ द्विवेदी, प्रो० वेद प्रकाश, पं० महावीर 'नीर'।

छात्र सम्पादक––ब्र० बलवीरसिंह ब्र० सत्यवीरसिंह

आर्यभट्ट परिवार के सदस्यों के नाम संदेश

आर्यभट्ट परिवार के सदस्यों के प्रति मैं शुभकामनायें प्रस्तुत करता हूँ। जिस तरह से नवयुवक वैज्ञानिकों ने आर्य भट्ट को अन्तरिक्ष में स्थापित कर भारत को गौरवान्वित किया उसी तरह मैं आशा करता हूँ कि गुरुकुल के गुरुजन, शिष्यगण एवं कर्मचारीगण मिलकर गुरुकुल को भी ऊंचा उठाने का प्रयत्न करेंगे, ताकि गुरुकुल भी शिक्षा गगन में चमकदार सितारे की तरह चमके और अपनी पुरानी गरिमा को पुनः प्राप्त करे।

आइये, इस शुभ मास में हम यह व्रत धारण करें।

बलभद्र कुमार

आर्य भट्ट परिवार

विश्वविद्यालय-प्राध्यापक

१. डा० अभेदानन्द
२. प्रो· चन्द्रशेखर त्रिवेदी

शिक्षकेतर

३· श्री कुंवरसिंह
४. श्री सरदारसिंह

विश्वविद्यालय-छात्र

५. कृष्ण कुमार अंगिरा
६. गुरुदेव भारद्वाज
७. रंजन कुमार जोशी
८. शमशेरसिंह
९. सत्यवान यादव
१०· सागर सिंह
११. स्वामी विवेकानन्द
१२· हरिकृष्ण मनचन्दा
१३. हेमन्त कुमार
१४. विजेन्द्र सिंह

कार्यालय

१५. श्री दौलतराम

विद्यालय भण्डार

१६. श्री जीतराम

विद्यालय माध्यमिक अध्यापक

१७· श्री बलराम दत्त मिश्र-

शिक्षकेतर

१८· श्री कालीचरण

विद्यालय ब्रह्मचारी

१९· ब्र० अशोक कुमार
२०· ,, अशोक कुमार 'मंगल'
२१· ,, अश्विनीकुमार
२२· ,, टीकादत्त
२३. ,, दिनेश कुमार
२४· ,, पुरुषोत्तम
२५. ,, मनजीतसिंह
२६· ,, रवीन्द्रकुमार
२७· ,, राजेन्द्रसिंह
२८. ,, राम अवतार
२९· ,, बेदप्रकाश
३०· ,, शैलेन्द्रनाथसिंह
३१· ,, सुमेरसिंह
३२· ,, सुरेन्द्र कुमार

टिप्पणी:--जन्मतिथि को दृष्टिगत रखते हुए मासानुसार समस्त गुरुकुल एवं विश्व विद्यालय के छात्रों, अध्यापकों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के निम्न परिवार बनाये गये हैं। जनवरी लाजपत, फरवरी-दयानन्द, मार्च-भगतसिंह, अप्रैल,-आर्य भट्ट, मई-रवीन्द्र, जून- अनामिका, जुलाई-तिलक, अगस्त-अरविन्द, सितम्बर-विनोबा, अक्टूबर-गाँधी, नवम्बर-नेहरू एवं दिसम्बर-श्रद्धानन्द। परिवार के सदस्यों की सूची प्रतिमास निकलेगी जिनके नाम सूची में अभी तक नहीं आयें। कृपया दे देवें।

--सम्पादक

-:o:-

भारत-सोवियत मैत्री : आर्यभट

परिवर्तिन संसारे मृतः को वा न जायते ।
सजातो येन जातेन याति वंश समुन्नतिम् ॥

नीतिशतकम्–भर्तृहरि ।

परिवर्तनशील संसार में कौन व्यक्ति मर कर जन्म नहीं लेता है अथवा कौन ऐसा है जो मरता नहीं है और जन्म नहीं लेता है अर्थात् मरना-जीना तो साथ लगा रहता है किन्तु जिसके उत्पन्न होने से वंश उन्नति को प्राप्त होता है वही सच्चे अर्थों में उत्पन्न हुआ है अर्थात् उसी का जन्म सफल है।

भर्तृहरि जी ने ठीक ही कहा किन्तु मैं इसमें संशोधन करना चाहूंगा कि उसका जन्म लेना सफल है जिसके उत्पन्न होने से न केवल वंश अपितु राष्ट्र एवं विश्व उन्नति को प्राप्त होता है। ऐसे व्यक्तियों को ही महा पुरुष कहा जाता है जिनके जन्म दिन ही नहीं जन्म शताब्दियां मनायी जाती हैं। ऐसे ही एक महापुरुष का जन्म आज से १५०० वर्ष पूर्व पाटलिपुत्र, आजकल पटना के नाम से ज्ञात के गंगा तटवर्ती ग्राम कुसुमपुर में हुआ था। वह महापुरुष आर्यभट्ट था। जिसने २३ वर्ष की आयु में विज्ञान में अपूर्व सफलता प्राप्त की। उन्होंने गणितीय विधि से इस तथ्य को प्रमाणित कर दिया कि पृथ्वी सूर्य के चतुर्दिक घूमती है और बीजगणित एवं त्रिकोणमीति सम्बन्धी उनकी कृतियां गौरव ग्रन्थ बन गई हैं। आर्यभट्ट ने भारतीय विचारधारा के साथ-साथ यूनानी ज्योतिर्विदों के विचारों को संस्कृत भाषा में लिपिबद्ध किया था। जिसकी महत्ता को देखते हुए हमारी प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने इस पर विशेष बल दिया कि उपग्रह का नाम आर्यभट के आधार पर आर्यभट ही रखा जाय।

१९ अप्रैल, १९७५ को उपग्रह-आर्यभट का प्रक्षेपण पूर्ण सफल हुआ। यह सफलता भारत सोवियत मैत्री का ही फल है। जिस पर न केवल उक्त दो राष्ट्र ही प्रसन्न हैं अपितु विश्व आनन्दित हो उठा है। हम स्थल पर ही नहीं अपितु वायु-मण्डल एवं अन्तरिक्ष में भी इस मैत्री का प्रतिपादन कर रहे हैं। कवि के शब्दों में—

सन् १९७० में स्वर्गीय डॉ० विक्रम साराभाई ने प्रो० यू० आर० राव की अध्यक्षता में त्रिवेन्द्रम् में अन्तरिक्ष केन्द्र के अंग के रूप में उपग्रह प्रणाली प्रभाग की स्थापना की थी। १० मई १९७२ को भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन और सोवियत अकादमी ऑफ साइंसेस के बीच आर्यभट के प्रक्षेपण के समझौते पर हस्ताक्षर हुए और इसी वर्ष उपग्रह निर्माण का कार्य बंगलौर में प्रारम्भ हुआ। मूर्धन्य वैज्ञानिक प्रो० सतीश धवन एवं बी० एन० पेत्रोव तथा श्री हरिकोटा एवं कास्मोड्रोम नामक स्थानों को आज विश्व का कौन सा व्यक्ति नहीं जानता।

आर्यभट परियोजना के मुख्य उद्देश्य पर विचार करते हुए हमारे सम्मुख इसकी आधार शिला के रूप में निम्न महत्त्वाकांक्षाएं दृष्टिगोचर होती हैं—

(१) उपग्रह का डिजाइन, उसका निर्माण तथा उस पर आवश्यक वातावरणीय परिक्षण पूर्णतः भारतीय प्रयासों से किए जायें।

(२) अन्तरिक्ष में अपनी कक्षा में अपने अक्ष पर परिभ्रमण कर रहें उपग्रह की पूर्ण रूपेण जटिल जांच-पड़ताल विधि, क्रमबद्ध तरीके भारतीय वैज्ञानिकों एवं इञ्जीनियरों द्वारा विकसित किये जायें।

(३) उपग्रह से रेडियो सम्पर्क द्वारा आदान-प्रदान हेतु आवश्यक ग्राउण्ड स्टेशनों का निर्माण देश के भावी कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए अत्यन्त सतर्कता से भारतीय विशेषज्ञों द्वारा किये जायें।

(४) देश की विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उपग्रहों के निर्माण हेतु उपयुक्त गुण-तकनीकी आधारों का क्रमशः विकास किया जाये।

(५) उपग्रह निर्माण के प्रथम प्रयास में भारतीय वैज्ञानिकों को अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अनुसन्धान करने का अवसर प्रदान किया जाये।

उपर्युक्त उद्देश्यों को पूर्णरूप से कार्यान्वित किया गया। जिसके परिणामस्वरूप आर्यभट उपग्रह जो ६ मास के लिए प्रक्षेपित किया गया था वह १ वर्ष पूरा करके अब भी पूर्ण सफलता से गतिमान भारतीय वैज्ञानिकों की कार्य पटुता पर सोवियत संघ की विज्ञान अकादमी की अन्तर्ब्रह्माण्डीय परिषद के अध्यक्ष अकादमीशियन बी० एन० पेत्रोव का कथन द्रष्टव्य है "भारतीय विशेषज्ञों ने अत्यन्त संक्षिप्त अवधि में विज्ञान में भारी प्रगति की है। अपने सोवियत सहकर्मियों के सहयोग से उन्होंने उपग्रह सम्बन्धी प्रविधि में और उसके साथ ही वैज्ञानिक तथा भूमि आधारित इन्स्ट्रूमेण्टेशन के विकास में अमूल्य अनुभव हासिल किया है भारतीय वैज्ञानिकों ने विस्तृत अन्तरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम तैयार किया है। उन्होंने उपग्रह के द्वारा सूर्य, आयन मण्डल तथा एक्सकिरण विकिरण की खोज बीन करने के लिए प्रयोग करने की जो योजना तैयार की है, वे समकालिक विज्ञान की विद्यमान समस्याएं हैं।"

उपग्रह के निर्माण के दौरान कर्मियों को तैयार करने और प्रशिक्षित करने पर अत्यधिक ध्यान दिया गया। नौजवान विशेषज्ञ बहुत उत्साह और रुचि के साथ काम करते थे और विशिष्ट बात यह है कि भारतीय सहकर्मी अन्तरिक्ष अनुसन्धान के प्रति व्यापक दृष्टिकोण अपनाते है। मनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और फिल्म तैयार करने वालों की मदद हासिल की है। २० वीं सदी में अन्तरिक्ष प्रविधि के मामले में यही तरीका अपनाया जाना चाहिए। इसने विज्ञान और उद्योग की कई शाखाओं को रूपान्तरित कर दिया है।

भारत के प्रथम उपग्रह पर सैकड़ों लोगों ने काम किया है और अब यह सोवियत संघ और भारत दोनों महान् राष्ट्रों के बीच मित्रता और सहयोग का प्रतीक बन गया है। आर्यभट वह ब्रह्माण्डीय सेतु है जो भारत सोवियत संघ के विज्ञान, शोधकर्मियों और विशेषज्ञों को संयुक्त करता है।

—सम्पादक रामाश्रय मिश्र,



श्री पृथ्वीसिंह आजाद कुलाधिपति, राज्यपाल डॉ० चेन्नारेड्डी से 'वैदिक-पथ' का विमोचन करवाते हुये बीच में श्री वलभद्रकुमार जी कुलपति प्रसन्न मुद्रा में

76018

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुल कांगड़ीविश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

बैशाख : २०३२, अप्रैल १९७६, वर्षम्-२९, अङ्कः ६, पूर्णाङ्कः ३२७

श्रुति सुधा

ऋ० ९ मं०, ११३ सूक्त.

पवमान सोम

पवमान पवित्र हुआ सोम रस–(भौतिक क्षेत्र)

उपासक के हृदय में पवमान–शान्त प्रवाह रूप में सोमरूप परमात्मा (आध्यात्मिक क्षेत्र)

यत्र ब्रह्मः पवमान छन्दस्यां वाचं वदन् ।
ग्राव्णा सोमे महीयते सोमेनानन्दं जनयन्निन्द्राये .....॥६॥

(पवमान) मेरे अन्दर प्रवाहित होने वाले सोमरस परमात्मन् ! (यत्र) जहाँ (ग्राव्णा सोमे) स्तोता विद्वान् के द्वारा स्तुत तुझ सोम के होने पर (ब्रह्मा) वेद वेत्ता (छन्दस्यां वाचं वदन्) छन्दोमयी मधुर वाणी को बोलता हुआ और (सोमेन आनन्दजनयन) तुझ सोम से अपने अन्दर आनन्द पैदा करता हुआ (महीयते) महिमा को प्राप्त होता है ऐसी स्थिति में चाहता हूं ।

ग्रावा––स्तोता ग्रावा गृणातेः विद्वाँसो वै गुणाणः । शत० ३।९।३।१४

––०:०––

जयवंशमहाकाव्ये सवाई जयसिंहः

श्री रामदत्त शर्मा

जयपुर राज्यस्य ऐतिहासिक–संस्कृत–महाकाव्य परम्परासु जयवंशमहाकाव्यस्य विशिष्टं स्थानं वर्तते । काव्येस्मिन् इक्ष्वाकुवंशजकच्छवाहानृपाणां आमेर शाखाया नृपाणां,तेषां कार्यकलापानां तत्कालीनसामाजिकव्यवस्थायाश्च काव्यात्मकं वर्णनं कृतम् । महाराज सोढ़देव (१०२३) आरभ्य प्रथममाधवसिंह (१८००) पर्यन्त नृपाणां राज्यकालस्य वर्णनं काव्येस्मिन् अस्ति । इदं काव्यं एकोनविंशति सर्गेषु विभक्तं । द्वितीय जयसिंह समकालीक श्रीसीतारामपर्वणीकरमहोदयेन विरचितम् । काव्यमिदं राजस्थान-विश्वविद्यालयेन १९५२ वर्षे प्रकाशितम् ।

जयवंश महाकाव्ये सवाई जयसिंहविषयिणी बहुला सामग्री प्राप्यते । सवाई जयसिंह महाराज-विष्णुसिंहस्य ज्येष्ठः सुतः मिर्जाराजाः–रामसिंहस्य प्रपौत्र रूपेण काव्येस्मिन् वर्णितः । तस्य सर्वं प्रथमं वर्णनं महाकाव्यस्य दशमे सर्गे विद्यते । तत्र तस्य जन्मवर्णनं कर्तुकामः कविः लिखति–

'दिषदग्जालीजयजातकीर्तिः शिशुर्भयथावकृतजातकर्मा।
सिंहेन तुल्यो जयसिंहनाम चकार तातोऽस्य ततोऽर्थवेदी
जयवंशम्० १०।५१

महाराज जयसिंहस्य प्रारम्भिकं जीवनं राजगृहेषु सानन्दं व्यतीतम् । बाल्यकाले सः एकः उद्दण्डः बालकः आसीत् । तस्य अनुचितव्यवहारेण पितरौ अतीव दुःखितौ आस्ताम् । तस्य ईदृशीं दशाँ दृष्ट्वा गुरुजनाः तस्मै सद्व्यवहारस्य शिक्षां अदु । किन्तु जयसिंहस्य क्रोधो न शाम्यति अपितु वर्धते एव । तदा तस्य जननी तं ताडयति वदति च—

निवेदिता सा जननी कुमार–
मुद्घोषयामास च ताडयन्ती ।
पित्रोर्गुरोस्ताडनमर्हमेव,
त्वं मूढधीर्दग्धभनाः शिशुत्वात् ।।
तत्रैव० १०।११८

सा रात्रौ स्वपतिं प्रति जयसिंहस्य चेष्टां निवेदयति । ततः नृपः गुरुणां आज्ञया जयसिंहस्य स्वस्य साम्राज्यं विजयसिंहाय च हिण्डौननगरस्य राज्यं ददाति । राज्यकार्यस्य भारेण जयसिंहस्य स्वभावे अतीव परिवर्तनं बभूव एवं सः एकः प्रजापालकः धर्मपरायणः नृपः अभवत् ।

कविः जयसिंहस्य गुणानां वर्णनं इत्थं करोति

अथाधिपः प्राप्तगुणप्रकर्षः,
शशास लोकाञ्जयसिंहवर्मा ।
नित्यं श्रिया पूजितपादसद्मः,
समस्तभूपालनतो विनीतः ।।
तत्रैव० १२।१

अनेन प्रकारेण राजा सवाई जयसिंहः स्वस्य आगामिनि जीवने एकस्य कुशलस्य प्रशासकस्य रूपेण अस्माकं सम्मुखे उपस्थितः भवति । कविः कथयति यत् सः जनकल्याणार्थं एव जातः ।

सवाई जयसिंहस्य अन्येषां गुणवर्णनां विवरणं ईदृशं वर्तते–

धर्मपरायणता–सवाई जयसिंहः एकस्य धर्मतेन स्वस्य जीवनकाले धार्मिक स्थलानां परायणस्य नृपस्य रूपेण अस्माकं सम्मुखे आयाति । निर्माणं अकारि, तावन्न निर्माणं राजस्थानस्य अन्यस्य कस्यापि नृपस्यकाले न अभवत् । कल्कीगोपीनाथविश्वेश्वर सीतापतिगोविन्ददेवादि मन्दिराणि अद्यापि सवाई जयसिंहस्य गुणानां कीर्तिं उद्घोषयन्ति । धार्मिकेषु स्थलेषु स्नानं विप्राणां समादरोऽपि जयसिंहस्य धर्मपरायणताया प्रमाणं अस्ति । स० जयसिंहस्यकाले ब्रजनाथ शर्मा, रत्नाकरशर्मा, सीतारामपर्वणीकरश्च अभवन् एवं

तेषाँ निर्देशने तेन अनेकानि धार्मिकानि कर्माणि कृतानि दानं च दत्तम्–

'तत्रतेभ्यो द्विजातिभ्यो दक्षिणां प्रददौ नृपः ।
येन दारिद्र्यदारिद्र्यं व्रजे समभवत्समे ।।

तत्रैव० १३।४६

दिग्विजयकाले तेन मथुरावृन्दावनकाशीपुरी-हरिद्वारपुष्करादीनाँ प्रधानतीर्थानां भ्रमणं कृतम् । इदं तस्य धार्मिकताया सुदृढ़ं प्रमाणं अस्ति । चतुर्दशसर्गे दिग्विजयानंतरं तेन अश्वमेधयज्ञस्या-योजनं कृतम् । यज्ञेस्मिन् तेन बहुलाभरणा रजत-श्रृंगखुरमय्यी गावः बहुदक्षिणाश्च दत्ता–

'कपिलाः पयोभृतिवहाः स च गा,
बहुशोददौ द्विजनुषु प्रमची ?
बहुदक्षिणा रजतश्रृंगखुरीर्बहु-
मूल्यवस्त्रबहुलाभरणाः ।

तत्रैव० १४।५५

कुशलप्रशासकता–स० जयसिंहः न केवलं धर्मपरायणः नृपः अपितु कुशलप्रशासकोपि आसीत् तस्य राज्ये जनाः आनन्देन जीवनं यापयन्ति । जनानां भोजनस्य वस्त्राणां निवासस्य सुव्यवस्था आसीत् । जयपूरापणवर्णने कविना तत् धनधान्य पूर्णं वर्णितम् (द्रष्टव्यम्० तत्रैव० १२।७६–८२) गृहे गृहे माङ्गलिकं प्राभातिकं भवति । गावः दुग्धं ददति–

'गावः सवत्साः सितभा घटोध्न्यः,
पयोभिरानन्दित सर्वलोकाः ।
गृहे गृहे यत्र वसन्ति नित्यं–
प्राभातिकं मङ्गलमादधत्यः ।।

तत्रैव० १२।३६

जयपुरस्य नागरिकाः सवाई जयसिंहस्य चित्रं स्वस्य भवनेषु स्थापयन्ति (तत्रैव०१२।४६) इदं तस्य लोकप्रियताया उदाहरणं अस्ति । अत-एव सः एकः सुप्रशासकः आसीत् ।

विद्यानुरागिता-कलाप्रियता–सवाई जयसिंहः कलाया ज्ञाताऽऽसीत् । स्थापत्यकलासु तस्य अत्यन्तं रूचिरासीत् । तेन कृतं देवालय निर्माणं कविना मुक्तकंठं प्रशंसितम्–

'अन्योऽपि देवा बहवोऽध्युवात्सुः ।
स्यात्कस्य तेषां गणने तु शक्तिः ।।'

(तत्रैव० १२।५१)

सः चित्रकलायाः प्रिय आसीत् । तस्य समयो विदुषां मध्ये व्यतीतवान् । अतएव सः विद्यानुरागी आसीत् ।

इत्थं महाराजजयसिंहः सम्यक् रूपेण धर्म-परायणः, कुशलप्रशासकः, वीरः, विद्यानुरागी च आसीत् ।

विचारकाणां इतिहासकाराणां चेयं भणितुः यत् सः चतुर्दशविद्यानाँ चतुःर्षष्टि कलानां पारगः आसीत् जयपुर दिल्लीउज्जैनकाशीनां यंत्रशालाः साम्प्रतं अपि तस्य नृपस्य ज्योतिषशास्त्रवेत्वस्य प्रमाणं अस्ति । तेन निर्मापितं जयपुरं तस्य दूर-दर्शिताया प्रमाणं विद्यते । एवं राजस्थानस्य इतिहासे स० जयसिंहस्य विशिष्टं स्थानं विद्यते । संस्कृतसाहित्यस्य अमरकृतैः जयवंशस्य निर्माणं अस्यैव राज्ञः अनुगृहस्य परिणामः । अतः संस्कृत-साहित्यं सवाई जयसिंहस्य ऋणी वर्तते ।

अम्बरे विस्तृतमम्बरम्

डा० अमरनाथ पाण्डेयः—

काशीविद्यापीठे संस्कृतविभागाध्यक्षः

अम्बरे विस्तृतमम्बरम् ।

नग्नमङ्गं छातमङ्गं स्थण्डिले नित्यं लुठत् ।
अस्थिमात्रं विकृतवेशं कालकवलितमञ्चलम् ।
अश्रुधाराभिः परीतं शैलसागरगह्वरम् ॥१॥

अम्बरे .....

सेवते हर्म्ये कुलीनं क्षुत्पिपासापीडितः ।
आह्वयति करुणं सहायं शृंखलाभिः संयतः ।
किरति मोदकराशिमेकोऽमुको वाञ्छति शम्बरम् ॥२॥

अम्बरे.....

भ्रमति पान्थोऽतृप्तकामः सृतिं पृच्छति चञ्चलम् ।
आविलं ननु पिबत्यम्भश्चकितदृष्टिः सुस्थिरम् ।
क्वचिच्छ्रान्तो विषमभूमौ स्थितः पश्यतिडम्बरम् ॥३॥

अम्बरे.....

जीर्णकन्थावृतशरीरो विपणिवीथ्यां सञ्चरन् ।
प्रोल्लसत्क्षौमं च दृष्टवा भागधेयं गर्हते ।
अहं क्षामो दुर्विधोऽलं प्रार्थये रे कं वरम् ।.४॥

अम्बरे.....

कामिनी नन्वहं दिव्या न मम शाटी शोभना ।
भूषितापीयं विरूपा किं कदाचिच्छोभते ।
विधातुर्योगो विचित्रो वदति सर्वः सत्वरम् ॥५॥

अम्बरे.....



कुल-पताका आरोहण से पूर्व आगे खड़े — बांयी ओर से आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति, श्री पृथ्वीसिंह आज़ाद कुलाधिपति, श्री बलभद्रकुमार कुलपति, डॉ० गंगाराम गर्ग कुलसचिव, तथा उनके पीछे खड़े हैं— श्री धर्मवीर जी सहा० मुख्याधिष्ठाता एवं डॉ० हरगोपालसिंह उप-कुलसचिव

"परम पूज्य महात्मा हंसराजः"

रवि शास्त्री

दीनातिदीन ह्युटजे सुजाते भृशं दिदीपे निजकर्मभिर्यः ।
अनेक जन्मार्जितपुण्यराशिः सदामरोभूत्स च हंसराजः ॥१॥
त्यागेन वै वाग्मितया दृढेण, श्रमेण बुद्ध्याऽत्मबलेन यस्य ।
पञ्चाम्बुदेश समवापवृद्धिं, सद्वेदवाणी बहुभिः प्रयत्नैः ॥२॥
सत्कर्मभिः संप्रति हंसराजो, विराजते भारत प्रान्तथेषु ।
बिभिन्नकेन्द्रेषु विद्वद्वरेण्यः सदामरोभाति सहंसराजः ॥३॥
विद्यालयान्यो बहुधा चकार, विद्वद्वरान्यो वहुमानदोऽभूत् ।
सद्धर्म स्वातन्त्र्य हिताय येन, प्रसारिता साङ्गलवेदवाणी ॥४॥
अज्ञान दारिद्रय जलोर्मिमग्नान् विलोक्य बालान करुणा द्रचेतः।
स्वदेश सेवोत्सक मित्रवर्यैश्चकार विद्यालय संप्रतिष्ठाम् ॥५॥
विभिन्नकेन्द्रेषु च पुस्तकालयान् संस्थापय द्वालहिताययोऽसौ ।
नृपुण्डरीकः पुरुषो महात्मा स राजहंसो विरराज भारते ॥६॥
चतुः षष्ट्यधिकेवर्षे क्रिस्तोरष्टादशेशते
अप्रेलस्योनविंशे स बजवाड पुरेऽभूत् ॥७॥
चोनोलालः पितातस्य मुल्लकराजः सहोदरः ।
शुघढदेव्याः प्रियः पुत्रष्ठाकुरदेव्याः प्रियः पतिः ।८
प्रथभ्रष्टान् हिन्दुवालान्मिशन नाङ्गल पाठालये गतान् ।
निवारयामास चाक्षेपैर्निज गौरवं शिक्षया ।९॥
मुख्याध्यापक दासेन "ईसाई" धर्मचारिणा ।
आक्षिप्तो वैदिको धर्मः हंसो नवम कक्षगः ॥१०॥
प्रत्युत्तरं ददौतस्मै तेनासौज्वलनोपमः ।
प्रत्युत्थाय स दण्डेन हंसराजमताडयत् ॥
प्रेरितोऽनुविचारेण हंससमतोषयत् ॥११॥

सर्वासु भाषासु विभाति संस्कृतम्

ले० वैद्य–रामस्वरूप शास्त्री, सम्पादकः–बाल संस्कृतम्, बम्बई ८६

न पूर्णतामेति नरस्य जीवनं
शिक्षां विना रत्नमिवाऽपरीक्षितम् ।
शिक्षाऽप्यपूर्णा पुरुषस्य तावत्
न संस्कृतं यावदुपैति मानुषः ॥१॥

सभारतीयो न च भारतीयः
यः संस्कृतं वेत्ति न शिक्षितोऽपि ।
न साक्षरः सोऽपि च साक्षरोऽस्ति
योऽधीतविद्योऽपि न वेत्ति संस्कृतम् ॥२॥

वेदाहि विज्ञानविधौ प्रसिद्धाः
अध्यात्मवादे ज्ञानं प्रसिद्ध्यति ।
ध्वनिश्च सत्काव्यगुणेषु तेषु
देहेषु चात्मा निगदेषु संस्कृतम् ॥३॥

वन्येषु सिंहः पशुषु प्रसिद्धः
शुकश्च सर्वेषु विहङ्गमेषु ।
गावश्च गृह्येषु पयः प्रदेषु
चतरस्त्रबोधं भाषासु संस्कृतम् ॥४॥

नरेषु गान्धिर्नारीषु चेन्दिरा
मुम्बापुरी पूर्षु नदीषु गङ्गा ।
हिमालयश्चोच्चशिलोच्चयेषु
द्वीपेषु जम्बूः निगदेषु संस्कृतम् ॥५॥

देश कृतार्थः जननी च पूताः
तेषां च धन्यं खलु लोक जीवनम् ।
ते सन्ति पुण्या निपुणाजनाये
पठन्ति जानन्तिवदन्ति संस्कृतम् ॥६॥

सा भारते संस्कृत भारती नः
गिरां समासांजननी च तासाम् ।
पुष्णाति लोकव्यवहारभाषा
सर्वासु भाषासु विभाति संस्कृतम् ॥७॥

शिक्षा-सम्मेलन में पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ के भूतपूर्व कुलपति डॉ० सूरजभान जी भाषण करते हुए साथ में बैठे हुए हैं—डॉ० स्वामी प्रकाशानन्द जी भूतपूर्व अध्यक्ष–रसायन विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय

कांटों से नेह लगाने वालों.....

महावीर 'नीर' विद्यालंकार

कांटों से नेह लगाने वालों को,
नही फूलों के हार मिला करते हैं।
तूफानों से टकराने वालों को,
नहीं कूल-कगार मिला करते हैं॥
जो बने रहनुमा जग भर के साथी,
उनको तपना पड़ता है जीवन में।
दुनिया की पीर मिटाने वालों को,
नहीं सुख-आधार मिला करते है...

क्यों अधीर हो उठे आज परवानो,
कुछ तो धीरज को बाँधों।
उपवन में रंगत लाने वालों को,
कडुवे, मीठे, व्यवहार मिला करते हैं...
कब तक दासत्व तुम्हें बांधेगा,
युग करवट लेता ही रहता है।
हर दिल की पीर हटाने वालों को,
नहीं दर-२ से प्यार मिला करते हैं....

पाषाणों में गति देने वालों को,
कंकालों में ज्वाला भरने 'वालों को।
प्रतिकूल धार से लड़ने वालों को,
नहीं हर पथ आसान मिला करते हैं....
जिनको केवल निज कर्म सदा प्यारा है,
जो तुच्छ कीर्त्ति के कागज नहीं हैं पाते।
ऐसे निज अस्तित्व मिटाने वालों को,
नादान से, दुत्कार मिला करते है....

ए ! 'नीर' बगावत कैसी,
कैसा माली से झगड़ा।
दुनियां में कुछ करने वालों को,
नहीं सदा सत्कार मिला करते हैं....

गतांक से आगे–

शिशु का जातकर्म संस्कार

स्वस्थ जीवन एवं सुखी आदर्श समाजका मूलाधार

आचार्य ब्रह्मदत्त शर्मा आयुर्वेदालंकार, २८५।१३।सो–४बी, जनकपुरी, नयी दिल्ली–५८)

इस परिवर्तन का एक ही उपाय है––– 'संस्कार' अर्थात् 'गुणान्तराधान,' सम्परिवर्तन, आमूल-परिवर्तन, पुनर्नवी-करण। 'दशमुख' को 'दशरथ' बनाने तथा बनाये रखने के इस प्रयोजन से ही प्राचीन ऋषि-मुनियों ने वैदिक संस्कृति में तथा समाज में संस्कारों की प्रथा डाली थी जो आज-दिन तक भी थोड़ी-बहुत प्रचलित है हमें उसे पुनः पूर्णतया जागृत करना होगा। समाज तथा राष्ट्र को राक्षसयुगीन सर्वनाश से बचाने के लिए संस्कार ही एकमात्र शान्ति-पूर्ण उपाय है, 'नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय'। अन्यथा, -रक्तसय-क्रान्ति' होगी, 'महाभारत' मचेगा, जिसका स्वरूप हिंसा पूर्ण होगा तथा परिणाम प्रायः ध्वंसात्मक होगा, सृजनात्मक नहीं। अतः राष्ट्र-देश-समाज एवं विश्व के हित में हमें अभी समय रहते चेतना तथा नवनिर्माण प्रारम्भ करना युगोचित एवं आवश्यक है।

'जात कर्म संस्कार'—

अर्थात्, नवजातशिशुका प्रथम संस्कार। प्रसवक्रिया द्वारा जब शिशु का जन्म होता है, तो सर्वप्रथम यही किया जाता है। इसके द्वारा शिशु के जीवन में स्वास्थ्य-साद्गुण्य एवं सच्चरित्रता की आधारशिला रखी जाती है। जीवन के इन प्रारम्भिक क्षणों में जो क्रिया की जाती है उससे जहाँ स्वस्थ-सद्गुणी-सच्चरित्र व्यक्ति का निर्माण होगा वहाँ समाज एवं राष्ट्र तथा विश्व भी स्वस्थ, परस्परोपकारी एवं जीवन-स्पृहणीय बनेगा। अर्थात्, सुखी स्वस्थ व्यष्टिजीवन तथा आदर्श समाज एवं विश्व बनाने के लिए पहली मूर्त्त सीढ़ी यह 'जातकर्मसंस्कार' है।

जात कर्म संस्कार की विधि–

इस संस्कार के पूर्वविधि-उत्तरविधि ये दो अंग होते हैं। पूर्वविधि का स्थल प्रसूतिकक्ष होता है तथा उत्तरविधि गृह में सामाजिक रूप में सम्पन्न की जाती है। पूर्वविधि जन्म-परक होती है तथा उत्तरविधि जन्मोत्तरकालीन।

पूर्वविधि.––

इसका प्रारम्भ तबसे होता है जब गर्भिणी में प्रसवकालीन वास्तविक आवियाँ प्रारम्भ होती हैं। ऐसी प्रसोष्यताणा गर्भिणी में बलाधान तथा आश्वासन के लिए अभिमन्त्रित जल का अभ्यासेक (छिड़कना) किया जाता है।१ अभिम-त्रण के लिए पढ़े जाने वाले मन्त्रों से यह प्रार्थना की जाती है कि दश मासोंवाला प्रस्तुत गर्भ संलग्न जरायु (अपरा,) आवियों द्वारा विचलित होकर निर्बाध रूप में बाहर निकल आवे, निर्गमन मार्ग

---

१ 'सोष्यन्तीमद्भिरभ्युक्षति।' (पारस्करगृह्यसूत्र। का०१।क०१६)।तथा च–आश्वलायन गृह्यसूत्र (१।१४।१–३), गोभिलीयगृह्यसूत्र, प्रभृति में भी ऐसा ही विधान है।

में कोई मांस-आदि-जनित अवरोध न हो तथा जरायु भी न रुके ।२प्रसोंष्यमाणा गर्भिणी की सुरक्षा के लिए भी प्रार्थना की जाती है ।३

प्रसवद्वारा गर्भ एवं जरायु के बाहर आ जाने पर यदि उल्ब (गर्भावरण) बिना फटे साथ ही निकला हो तो नवजात के मुख-नासा-श्वासपथ-आदि को स्वच्छ करने के लिए तुरन्त इस उल्ब को फाड़कर पृथक् कर देना अत्यन्त आवश्यक होता है। एतदर्थ सैन्धवमिश्रित घृतक परिषेकार्थ तथा उष्ण जलका प्रक्षालनार्थ उपयोग किया है ।१ तालु-ओष्ट-कण्ठ-जिह्वा-कर्ण-नेत्र-आदिका भी कोष्णजल से भीगी रूई की फुरहरी (पिचु) द्वारा शोधन किया जाता है ।२ प्रसूतिक्रिया में सिर पर लगे अभिघात-दबाव-खरोंच-आदि के क्लेशनिवारणार्थ सिर एवं शिरस्तालु पर बलातैलका परिषेक किया जाता है ।३ तथा, घृताक कार्पास-पिचु रखकर तर्पण किया जाता है ।४ तदनन्तर नाभिनाल का यथाविधि कर्तन करके कुष्ठतैल लगाकर पट्टी बाँधकर तथा उसके सिरे के साथ तागा बाँधकर नवजात के गले में शिथिल रूप में अटका दिया जाता है, ताकि उलझे नहीं।५ फिर बलातैल मल कर क्षीरिवृक्षों आदि के क्वाथ में सुगन्धित द्रव्य मिलाकर उस द्रव से स्नान कराया जाता है ।६ यह सारी विधि प्रसूति-कक्ष में प्रसाविका-चिकित्सिका-दाई-आदि द्वारा की जाती है ।

उत्तरविधि—

यह जन्मोत्तरकालीन विधि है तथा इसका स्वरूप पारिवारिक एवं कर्मकाण्डपरक अधिक है।

---

२ (क) 'ओम्! एजतु दशमास्यो गर्भो जराथुणा। सह। यथायं वायुरेजति यथा समुद्र एजति। एवायं दशमास्यो अस्त्रज्जरायुणा सह।।' (यजुर्वेद ।८।२८।। पारस्कर०।१।१६।१)।

(ख) 'ओम् । अवैतु पृश्निशैवलछँ शुने जरायुवत्तवे। नैव या छँ सेन पीवरी न कस्यिंश्चना यतनमव जरयु पद्याताम् ।।' (पारस्करगृह्यसूत्र ।१।१६।२)। (चरक। शरीर ।८।२८) ।

३ 'क्षितिर्जलं वियत्तेजो वायुर्विष्णुः प्रजापतिः। सगर्भां त्वां सदा पान्तु वैशल्यं च दिशन्तु ते।।,

१ (क) जातमात्रं विशोध्योल्बाद् बालं सैन्धवसर्पिषा, '(अष्टांगहृदय । उत्तर०।१।१)।

(ख) 'अथ जातस्योल्बमपनीय, मुख च सैन्धवसर्पिषा विशोध्य. . .' (सुश्रुत ।श०।०।१०।१२)

२ 'अथास्य ताल्वोष्ठकण्ठजिह्वा प्रमार्जनमारभेतांगुल्या सुपरिलिखितनखया सुप्रक्षालितापि-धानकार्पासपिचुमत्या!' (च।२।।८.४३)

३ 'प्रसूतिक्लेशित चानु बलातैलेत सेचयेत् ।। '(अ० ह० ।उ०।१।१)

४ (क) 'प्रथमं प्रमार्जितास्यस्य चास्य शिरस्तालु कार्पासपिचुना स्नेहगर्भेण । संद्धादयेत् । '(च०।शा० ।८।४३)।

(ख) 'घृताक्तं मूर्ध्नि पिचुं दद्यात्।' (सुश्रुत । शारीर ।१०।१२)। सयगबध्नीयात् ।।' (सु०।२।।०। १०।१२)।

५ (क) 'ततो नाभिनाडीमष्टागुलमायम्य सूत्रेण बद्ध्यवा छेदयेत्, तत्सूचैकदेशं कुमारस्य ग्रीवायां।

(ख) 'नाभिं च सूत्रेण चतुरगुलात् । बद्ध्वोर्ध्वं वर्धयित्वा च ग्रीवायामवसंजयेत् ।।ह०।उ०।१।५)

(ग) 'ततः कल्पनं नाड्याः। . .छेदयेत् । तामग्रे सूत्रेणोपनिबध्य कण्ठेऽस्य शिथिलमवसृजेत् ।' (च०३।।०।८।४४)

६ 'स्नपयेदनु । या क्षीरिवृक्षायेण सर्वगन्धोदकेन वा ।। कोष्णेन' (अन्तगहृदय । उत्तर०।१।६)।

गतांक से आगे--

एक महान् क्रान्तिकारी परिवार

शहीदे आज़म सरदार भगतसिंह के बुज़ुर्गों की मुख्तसर कहानी

अज़ श्रीमती वीरेन्द्र सिन्धू एम० ए०

सियासत में इन्हें लोकमान्य तिलक का साथ मिला। तब सरदार किशन सिंह कांग्रेस में दिलचस्पी लेने लगे थे। इनके छोटे भाई सरदार अजीत सिंह भी उनके साथ ही लोकमान्य तिलक से मिलते रहते थे। लोकमान्य तिलक का इन दोनों पर बहुत असर पड़ा। इन्हीं दिनों पंजाब में इनक्लाबी तहरीक शुरू हुई। सूफी अम्बा प्रसाद, लाला हरदयाल, सरदार करतार सिंह केसर गढ़िया, लाला लालचन्द तिलक, महाशय घसीटा राम, सरदार श्रवन सिंह, महता नन्दकिशोर, लाला केदार नाथ सहगल, जियाउल हक, लाला पंडेदास वगैरह इस तहरीक में पेश थे। सरदार किशन सिंह की सदारत में एक रोजाना अखबार सहायक में निकाला गया। भारत माता सोसायटी के जलसों में अपने भाषणों से आग लगाना सरदार अजीत सिंह का काम था। सोसायटी के काम को गांव-गांव सरदार श्रवन सिंह फैलाया करते थे। तीनों भाई इन्क्लाबी तहरीक के ब्रह्मा, विष्णु और महेश थे।

नेपाल में

सन् १९०७ में सरदार अजीत सिंह को मांडले (बर्मा) में नजरबन्द किया गया। सरदार किशन सिंह नेपाल चले गये। सूफी अम्बा प्रसाद और महता नन्दकिशोर भी इनके साथ थे। नेपाल सरकार से सरदार किशन सिंह का पहले से ही तालुक था। वहां बतौर शाही मेहमान इन्हें उसी मकान में ठहराया गया जहां कभी लार्ड किचनर को ठहराया गया था। नेपाल के प्रधान मंत्री महाराज चन्द्र शमशेर जंग बहादुर राना सरदार किशन सिंह की बातों से बहुत मुतासिर हुए। राना ने अपने बेटे को सियासत की तालीम हासिल करने के लिये रोजाना इनके पास भेजना शुरू किया।

सरदार किशन सिंह ने हिन्दुस्तान में इनक्लाब लाने के लिये हुकूमत नेपाल से फौज की मदद मांगी। इन्होंने नेपाल से हथियार हासिल करने की भी बात-चीत की। जब अंग्रेज सरकार को पता चला तो उसने नेपाल सरकार से मुतालबा किया कि इन लोगों को उसके हवाले करदे। नेपाल सरकार ने ऐसा किया तो जरूर लेकिन उसने इनको पालकी में बिठाकर सरहद पर भेजा। हिन्दुस्तान पहुंचने पर अंग्रेज डी०एस०पी० मिस्टर फिलिप पर हमला करने और सरकार के खिलाफ बगावत फैलाने का मुकदमा चलाया गया। लेकिन बाद अज़ां लंदन में बरतानवी हुकूमत ने अपनी पालीसी तब्दील करदी। सरदार किशन सिंह को पचास हजार की जमानत पर रिहा कर दिया गया। सरदार अजीतसिंह को मांडले की नजरबन्दी से छोड़ दिया गया और चीफ कोर्ट ने सरदार श्रवन सिंह को बरी कर दिया। ये तीनों जिस रोज एक साथ घर पहुंचे उसी रोज सरदार भगत सिंह का जन्म हुआ।

सरदार अजीतसिंह फरार

सरदार अजीतसिंह पर सरकार की कड़ी निगाह थी। इनके घर के बाहर बीसियों सी० आई० डी० वाले तायनात थे। एक-एक मिनट की खबर सरकार को मिला करती थी। सरदार

किशन सिंह ने सरदार अजीत सिंह को देश से कहीं और चले जाने का मश्विरा दिया। लेकिन अब सवाल यह था कि सरदार अजीत सिंह घर और गांव से बाहर कैसे निकलें। लेकिन सरदार किशन सिंह ने इनके फरार होने का कामियाब मंसूबा तैयार किया। पुलिस वाले संगीनें लिये पहरे पर खड़े रहे और सरदार अजीत सिंह रूपोश हो गये। जियाउलहक और सूफी अम्बा प्रसाद को भी वह साथ ले गये। कराँची से होकर वे ईरान चले गये।

सरदार किशन सिंह ने अपने बच्चों को भी जंग आजादी के लियें तैयार किया। भगत सिंह को तैरना, लाठी चलाना, बासों पर चढ़कर दरिया पार करना, लम्बी सांस खीचना और सख्तियां झेलना सिखाया। छोटा भाई कुलबीर सिंह जेल में था। उसकी बहन अमर कौर ने उसे जेल से भगाने की स्कीम बनाई। बीमारी के बाअस कुलबीर सिंह को लाहौर हस्पताल में लाया गया। सरदार किशन सिंह इन दिनों फालिज से बीमार थे। वह नहीं चाहते थे कि पुलिस घर वालों को ज्यादा परेशान करे। छोटी बेटी सुमित्रा ने गांव जाकर फरार का यह मंसूबा नहीं बताया। वह झट से लाहौर गये। उन्होंने अमर कौर से कहा कि में बीमार हूं, हो सकता है कि पुलिस की सख्तियों के बाअस मेरे मुंह से कुछ निकल जाय। इसलिये मुझे कुलबीर के फरार के मुतालिक कुछ न बताओ। मेरे पास यह पांच सौ रुपये हैं। इसे ले जाओ और अपना काम करो।

जिस रोज भगत सिंह को फांसी हुई उस रोज लाहौर में एक बड़ा जुलूस निकला जिसके आखिर में मोरी दरवाजा के बाहर जलसा हुआ। इसमें सरदार किशन सिंह ने पुरजोर तकरीर की। जलसे में जोश फैला हुआ था। पास ही मिलाप के दफ्तर में कुलतार सिंह बैठे थे। इतने में वहां टेलीफोन आया कि भगत सिंह और उन के साथियों को फांसी घर की तरफ ले जाया जा रहा है। कुलतार सिंह दौड़ कर जलसा में पहुंचे और सरदार जी को खबर दी। सरदार किशन सिंह यह सुन कर जरा परेशान न हुए। उन्होंने कुलतार सिंह को बैठा दिया और बाकायदा तकरीर करते रहे। इतने में एक ग्वाला दौड़ता हुआ आया। वह जेल में दूध दिया करता था। उसने खबर दी फांसी लग गई है, जा कर लाश ले आवो। जलसा में जोश फैल गया। सरदार किशन सिंह ने कड़कती आवाज में कहा। मै लाश लेने जेल जा रहा हूं। सब लोग अपनी जगह बैठे रहें। कोई जेल की तरफ न जाये। ऐसा न हो कि एक भगत सिंह लेने जायें और सैकड़ों भगत सिंह ले आयें।

बच्चों के साथ इन्हें बहुत प्यार था। वह अकसर कहा करते थे–

दीन दयाल भरोसे तेरे
सब परिवार चढ़ाया बेड़े।

लोगों में खलबली मच गई। बहुत कहने पर भी बहुत से लोग उनके साथ हो लिये। जेल पर सन्नाटा था। वह दरवाजे पर पहुंचे। अन्दर से अफसरों के कहकहों की आवाज सुनाई दे रही थी। उन्हें बहुत दिनों बाद चैन की सांस मिली थी। सरदार किशन सिंह ने जोर-जोर से आवाजें दीं और बड़े आहिनी दरवाजे को बेहद खटखटाया। मगर कोई नहीं बोला। आखिर खबर मिली कि भगत सिंह और उनके साथियों की लाशों को

जलाने के लिये कहीं बाहर भेज दिया गया है। लोग उस जगह को खोज के लिये चारों तरफ बिखर गये।

माता विद्यावती जी ने किन हालात में सितम्बर १९०७ में अपने बेटे भगत सिंह को जन्म दिया। इसका अन्दाजा इससे हो सकता है कि भगत सिंह के जन्म से एक दिन पहले तक सरदार किशन सिंह एक मुकदमे में गिरफ्तार थे। सरदार स्वरन सिंह जेल काट रहे थे और सरदार जीत सिंह मान्डले (बर्मा) में जलावतन थे। और इतफाक की बात है कि जिस दिन भगत सिंह का जन्म हुआ उसी रोज सब रिहा हुए।

भगत सिंह की शादी की बात चल रही थी और एक जगह से कुछ आदमी उन्हें देखने आये। सब को डर था कि भगत सिंह मना न करद। पर उस रोज भगत सिंह पूरी मस्ती में थे। बराबर उछलते कूदते रहे, नाचते गाते रहे। माता विद्यावती से कहा 'बीबी जी, मेरी सगाई होने वाली है, जिसे जो बांटना हो बाट दे" इससे पहले कि सगाई हो। भगत सिंह अपने पिताजी की दराज से रुपये निकाल कर और उसकी जगह एक खत छोड़ कर खुद वहां से गायब हो गये। मां अपने गुमशुदा बेटे की तलाश में लाहौर के इलाके ग्वालमंडी में रहने वाले एक मशहूर जोतशी के पास गई। उसने भगत सिंह का कोई कपड़ा मांगा। भगत सिंह की पगड़ी पेश की गई। उस पर कुछ पढ़कर ज्योतिषी जी ने कहा" तुम्हारा बेटा कुछ दिन बाद वापस आ जायेगा। लेकिन फिर वापस चला जायेगा। इस लड़के का भाग्य कुछ अजीब व गरीब है। वह या तो तखत पर बैठेगा या तख्त पर झूलेगा।"

क्रान्तिकारी परिवार में रहने वाली विद्यावती तखत का तो ख्वाब भी नहीं ले सकती थी। इस परिवार की किस्मत में तो तख्ता ही था जोकि एकदम उसकी नजरों के सामने घूम गया और उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे सैकड़ों बिच्छुओं ने एक साथ डंक चला दिये हों। भगत सिंह को एक मुकदमे में बड़ी मुश्किल से ६० हजार रुपये की जमानत पर छुड़वाया गया और उन्हें कामकाज में लगाने के लिये एक डेरी फार्म बना दिया गया। भगत सिंह तांगे पर दूध रख कर लाहौर ले जाते और फिर कई-कई बार दो-दो तीन-तीन दिन वापस न आते। जब कई दिन के बाद वापस लौटते तो भगत सिंह को देखते ही मां की आंखों से आंसू टपकने लगते। भगत सिंह कुछ भी न कहते। वह रोने लगती। वह हंसते रहते, मटकते रहते या मां को छेड़ते रहते। आखिर में जीत हंसी की ही होती! मां और बेटा दोनों हंसने लगते और बेटा झट मां के आंसू पोंछ देता।

भूख हड़ताल की वजह से भगत सिंह और बटकेश्वर दत्त सूख कर कांटा हो गये थे। इन्हें स्ट्रेचर पर डाल कर अदालत में लाया जाता था। माता विद्यावती की हमराह दौया नाम की एक लड़की शहीद राम प्रसाद बिसमिल की बहन बन कर अदालत में गई।

उसने जब भगत सिंह और दत्त को इस हालत में देखा तो वह छाती पीटने लगी और चिल्लाने लगी। हमारे भाई भूखे मारे गये। इन जालिमों ने हमारे भाई भूखे मार दिये।

यह आवाज सुनकर अदालत में मौजूद दूसरे लोग भी चिल्लाने लगे। अदालत में कोहराम मचगया। अदालत बरखास्त करनी पड़ी, लेकिन

इस शोरगुल में कुछ मिनटों तक भगत सिंह को जेल भेजना ही भूल गये।

मजिस्ट्रेट ने कहा पकड़ लो इस लड़की को। तब भगत सिंह ने चिल्ला कर कहा यहां मेरी मां भी है, चाची भी है, बहन भी है, किस-किस को पकड़ेंगे आप।

एक रोज माता जी भगत सिंह से जेल में मुलाकात करने गई। भगत सिंह ने मां से कहा।

आप भी जेल में आ जाइये। यहां साथ ही रहेंगे। आपको इतनी दूर से चल कर मुलाकात के लिए आना नहीं पड़ेगा। बेटे की बात सुनकर मां बोली। आ कैसे जाऊं। पिकेटिंग करके आ जाऊं क्या। यह करना मुझे आता नहीं है। भगत सिंह बोले नहीं,, यह हमारा काम नहीं है। तो फिर मां और बेटे के बीच में जेल की सलाखें और दीवारें जैसे कुछ लमहों के लिये गायब हो गई। मां अज राहे मजाक बोली, तो किसी को पत्थर मार कर आ जाऊं" यह सुन कर भगत सिंह खिलखिलाकर हंस पड़े और मौके पर मौजूद दूसरे लोग भी अपनी हंसी न रोक सके। सन् १९३९-४० का जमाना आया। माता जी के दो बेटे कुलबीर और कुलतार जेलों में जा पहुंचे और इनके पिता सरदार किशन सिंह पर फालिज गिर गया। अब माता जी पर ही गृहस्थी की जिम्मेदारियां थीं। वह एक तरफ तो खेती-बाड़ी का काम करतीं और बीमार पति की तीमारदारी करतीं और कभी जलसों की सदारत करतीं। एक बार मोरी गेट (लाहौर) के बाहर उनकी सदारत में जलसा हुआ। इसमें सीधे-साधे अलफाज पर तकरीर करते हुए आपने कहा

"मेरे एक बेटे को तुमने फांसी पर लटकाया, मेरे छोटे देवर स्वरन सिंह को जेल में सजायें देकर तपेदिक का मरीज बना दिया और वह परलोक सिधार गया। मेरे दूसरे देवर अजीत सिंह को जलावतन होकर विदेशों में भटकना पड़ा। अब मेरे दो बेटों को मुकदमा चलाये बगैर गिरफ्तार कर लिया गया। क्या इन सब बातों से वह डर गई? नहीं मैं मिट जाऊंगी, पर सिर नहीं झुकाऊंगी। मैं बरतानवी राज को चेतावनी देती हूं और अपने दो बेटों को देश सेवा के लिये पेश करती हूं।

बकिया अमानत में खयानत न करो

एक राय से फैसला हुआ कि हम एक ऐसा हिन्दुस्तान चाहते हैं जो कुलवतन आजाद हो, जो हिन्दुस्तानियों का हिन्दुस्तान हो, हिन्दुओं, मुसलमानों, सिक्खों, या ईसाइयों का नहीं बल्कि सब का। उन लोगों का भी जो किसी मजहब को नहीं मानते हैं। तब ऐसा हिन्दुस्तान जो रिपब्लिकन हो जमहूरियत के रास्ते पर चले। फासिज़्म और डिक्टेटरशिप के रास्ते पर नहीं। किसी एक पार्टी की मलकियत बनकर नहीं और फिर ऐसा हिन्दुस्तान जो मुकम्मल तौर पर सोशलिस्ट हो, समाजवादी हो, जहां हर मेहनतकश को उसकी मेहनत का मुआवजा मिले। कोई भी बगैर मेहनत के और अपने आपको देश के लिए मुफीद बनाये बगैर दूसरों की मेहनत का फल न खा जाय।

इस साफ और सीधे आदर्श को लेकर ये लोग लड़े और एक के बाद एक अपनी जानें देते चले गये। आज मुल्क के पास जो आजादी है वह इन लोगों की देन है।

उनकी अमानत। इस अमानत को हम उसी रूप में रखते हैं जिसमें भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चन्द्र शेखर, भगवती चरण, अशफाक उल्लाह, राम प्रसाद बिसमिल, धनवन्तरी, बिशेशर, हरी कृष्ण और दूसरे लोग रखना चाहते थे या उसमें खयानत कर रहें हैं यह हमें सोचना चाहिये। मैंने उन लोगों के साथ काम किया। मुझे मालूम है कि उनके सीने में कैसी आग थी। इस लिये बहुत अदब और प्यार से मैं सिर्फ इतना चाहती हूं, अमानत में ख्यानत न कीजिये। यह बहुत बड़ा पाप है और पाप का फल अच्छा नहीं होगा।

(रनबिया

गतांक से आगे–

गुरुकुल कांगड़ी–संक्षिप्त परिचय

लेखक–डा० गंगाराम, कुलसचिव गुरूकुल कांगड़ी, हरिद्वार ।

सन् १९०६ ई तक गुरुकुल में सात श्रेणियां हो गई थीं । जिसमें मुख्यतया संस्कृत साहित्य और व्याकरण तथा सामान्यतया अंग्रेजी और कुछ अन्य प्रारंभिक विषयों की शिक्षा दी जाती थी । अब उच्च कक्षाओं के खुलने पर यह प्रश्न उपस्थित हुआ कि विज्ञान, गणित आदि आधुनिक विषयों की क्या व्यवस्था की जाय । इसी समय मा०रामदेव जी गुरुकुल में कार्य करने आये । वे एक ट्रेन्ड ग्रेजुएट थे और जालन्धर में एक स्कूल के सफल हेडमास्टर रह चुके थे । उनका विचार था कि आधुनिक युग में विज्ञान शिक्षा का आवश्यक अंग है और गुरुकुल में उसकी यथोचित व्यवस्था होनी चाहिए साथ ही वे शिक्षा सम्बन्धी नियन्त्रण के भी पक्षपाती थे । वे चाहते थे कि नियमित समय विभाग बने और सब कार्य व्यवस्थित रूप में हों । यह स्वाभाविक था, क्योंकि प्रारंभ से ही गुरुकुल को एक पुराने ढंग की पाठशाला बनाना अभिप्रेत नहीं था । गुरुकुल की प्रारम्भिक योजना में संस्कृत साहित्य और वेदांग की शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक ज्ञान–विज्ञान की शिक्षा को भी यथोचित स्थान दिया गया था ।

महाविद्यालय विभाग:–सन् १९०७ में महाविद्यालय विभाग का प्रारंभ हुआ । तीन विद्यार्थी ९ वर्ष तक तक विद्यालय विभाग में रहकर अधिकारी परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय में आये । महाविद्यालय विभाग के शुरू होने पर गुरुकुल में अनेक उच्चकोटि के विद्वान् अध्यापन के लिये नियुक्त किये गये । गुरुकुल के महाविद्यालय विभाग के इन प्रारंभिक शिक्षकों के नामों का स्मरण कर लेना यहां उचित ही होगा ।

१– महात्मा मुन्शीराम जी आचार्य

२– आचार्य रामदेव जी बी०ए०,एम०आर०ए० एस०आचार्य तथा उपाध्याय पाश्चात्य दर्शन ।

३– पं० काशीनाथ जी शास्त्री–उपाध्याय प्राच्यदर्शन ।

४– पं०शिवशंकर काव्यतीर्थ–उपाध्याय वेद ।

५– श्री बालकृष्ण राज एम०ए०–उपाध्याय–इतिहास, अर्थशास्त्र ।

६– श्री विनायक गणेश साठे–एम०ए०–उपाध्याय रसायनशास्त्र ।

७– श्री मेहशचरणसिंह एम०ए०–उपाध्याय–वनस्पतिशास्त्र ।

८–श्री घनश्यामसिंह गुप्ता बी०ए०एल०बी–उपाध्याय विज्ञान ।

९– श्री सेवाराम एम०ए०–उपाध्याय आंग्ल भाषा

१०–श्री श्लक्ष्मीनारायण बी०ए०–उपाध्याय आंग्लभाषा ।

११–श्री लक्ष्मणदास बी०ए०–उपाध्याय गणित ।

शिक्षा के क्षेत्र में इस समय गुरुकुल बड़ी तत्परता से कार्य कर रहा था । महाविद्यालय स्तर तक गुरुकुल में सब विषयों की शिक्षा मातृभाषा हिन्दी के माध्यम द्वारा दी जाती थी । विज्ञान, गणित, पाश्चात्य दर्शन- आदि विषय भी हिन्दी में पढ़ाये जाते थे । उस समय हिन्दी में

श्री राज्यपाल महोदय दीक्षान्त-यज्ञ में—दांयी ओर, डॉ० गंगाराम गर्ग कुलसचिव, श्री वीरेन्द्र जी सभामंत्री एवं डॉ० रामनाथ वेदालकार आचार्य

उच्च शिक्षा देना एक असंभव बात समझी जाती थी। गुरुकुल ने इसे कार्य रूप में परिणत करके दिखा दिया। उस समय आधुनिक विज्ञान की पुस्तकें हिन्दी में बिलकुल न थीं। गुरुकुल के उपाध्यायों ने पहिले पहल इस क्षेत्र में काम किया और गुरुकुल से अनेक उच्चकोटि के ग्रंथ प्रकाशित हुए। प्रो० महेशचरणसिंह की हिन्दी कैमिस्ट्री प्रो० साठे का विकासवाद, श्रीयुत गोवर्धन की भौतिकी और रसायन, प्रो० राम चरण दास सक्सेना का गुणात्मक विश्लेषण, प्रो० सिन्हा का वनस्पतिशास्त्र प्रो० प्राणनाथ का अर्थशास्त्र, राष्ट्रीय आय-व्यय शास्त्र और राजनीति शास्त्र प्रो० बालकृष्ण का अर्थशास्त्र और राजनीतिशास्त्र और प्रो० सुधाकर का मनोविज्ञान हिन्दी में अपने-अपने विषय के ग्रंथ हैं। हिन्दी में वैज्ञानिक ग्रंथों की रचना गुरुकुल द्वारा ही प्रारंभ हुई। इन वैज्ञानिक ग्रन्थों के अतिरिक्त अन्य बहुत उच्चकोटि के ग्रन्थ गुरुकुल ने प्रकाशित किये। प्रो० रामदेव ने भारतीय इतिहास के सम्बन्ध में मौलिक अनुसंधान कर अपना प्रसिद्ध 'भारतवर्ष का इतिहास' प्रकाशित किया। महात्म मुन्शीराम जी ने विविध धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन कर पारसी आदि अनेक धर्मों पर मौलिक ग्रन्थ लिखे। गुरुकुल की साहित्य परिषद् ने दो दर्जन से अधिक ग्रन्थ प्रकाशित किये। ये सभी ग्रन्थ किन्हीं नये विषयों पर निबन्ध के रूप में थे। साहित्य परिषद् की ओर से गुरुकुल के वार्षिकोत्सव पर सरस्वती सम्मेलन किये जाते थे, जिनमें विविध विषयों पर मौलिक निबन्ध पढ़े जाते थे। उस समय के शिक्षित समुदाय में इन निबन्धों की बड़ी धूम थी। गुरूकुल ने छोटे बालकों के लिए पाठ्य पुस्तकें तैयार करने के लिए भी बड़ा काम किया। संस्कृत की प्राथमिक रीडरें सर्वप्रथम गुरूकुल ने ही प्रकाशित की। सब श्रेणियों के लिए हिन्दी, संस्कृतविज्ञान आदि की बहुत सी पाठ्य पुस्तकें गुरुकुल में तैयार हुई। बाहर के भी अनेक शिक्षणालयों ने इनको अपनाया।

सन् १९०७ई० में वैदिक मैगजीन का पुनरूद्धार किया गया। इस पत्रिका के संस्थापक पण्डित गुरूदत्त थे। उनके देहान्त के साथ इस पत्रिका का भी अन्त हो गया था। वैदिक मैगजीन अंग्रेजी में निकलती थी। पाश्चात्य संसार को वैदिक धर्म का संदेश देने तथा आर्य समाज के दृष्टिकोण से प्राच्य विद्याओं का अनुशीलन करने के लिए ही इस पत्रिका का बड़ा योगदान था। अब उसका पुनरूज्जीवन किया गया और मा० रामदेव जी उसके संपादक बने। सन् १९०७ई० से १९३२ई० तक २५वर्ष निरन्तर यह पत्रिका गुरुकुल से प्रकाशित होती रही। देश-विदेश के शिक्षित समाज में इस पत्रिका को बड़े आदर की दृष्टि से देखा जाता था।

सद्धर्म प्रचारक पहले जालन्धर से प्रकाशित होता था। महात्मा मुन्शीराम जी का सद्धर्म प्रचारक प्रेस भी जालन्धर में ही था। सन् १९०८ ई० में उसे गुरूकुल लाया गया। तब से सद्धर्म प्रचारक नियत रूप से गुरूकुल से ही प्रकाशित होने लगा। गुरुकुल का प्रचार करने में इस पत्र से बड़ी सहायता मिली। सद्धर्म प्रचारक पत्र और सद्धर्मप्रचारक प्रेस गुरुकुल को साहित्यिक जीवन का एक महत्व पूर्ण केन्द्र बनाने में अत्यन्त सफल हुए।

फल निष्पत्ति

सन् १९१२ई० में गुरुकुल से दो ब्रह्मचारी हरिश्चन्द्र और इन्द्र अपनी शिक्षा पूर्ण कर स्नातक हुए। वार्षिकोत्सव पर बड़े समारोह के साथ इन का दीक्षान्त संस्कार हुआ। गुरुकुल का यह वार्षि-

कोत्सव आद्वितीय था। जनता के उत्साह की कोई सीमा न थी। गुरुकुल के नव स्नातकों के दीक्षान्त संस्कार का दृश्य आज भी एक अद्भुत आकर्षण रखता है।

गुरुकुल विदेशियों की दृष्टि में

गुरुकुल निरन्तर लोकप्रिय होता जा रहा था। यहां ३०० के लगभग ब्रह्मचारी अपने गुरुजनों के साथ ब्रह्मचर्य और विद्या की साधना में तत्पर थे। यहां अमीर-गरीब और ऊंच-नीच का कोई भेद न था। ऋषि दयानन्द ने शिक्षा के संबंध में जो आदर्श रखे थे वे यहां मूर्त रूप में दृष्टिगोचर होते थे यही कारण था कि गुरुकुल में एक विशेष आकर्षण था जो भी गुरुकुल में आता वह यहां के जीवन से प्रभावित हुए बिना न रहता।

केवल भारतीय जनता ही नहीं अनेक विदेशियों को भी गुरुकुल ने अपनी ओर आकृष्ट किया है। इसे देखने के लिए बहुत से विदेशी विद्वान्, गुरुकुल पधारने लगे। अमेरिका के प्रसिद्ध शिक्षा विशारद श्री युतमारयन फेल्स सन् १९२८ में गुरुकुल आये। उन्होंने कई महीने गुरूकुल में रहकर इसके प्रत्येक विभाग का सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण किया। गुरूकुल से चले जाने के बाद एक विस्तृत लेखमाला उन्होंनें इलाहाबाद के प्रसिद्ध ऐंग्लो इण्डियन पत्र पायनियर में लिखी। कुछ समय बाद श्रीयुत सी० एफ०एण्ड्रज अपने मित्र श्रीयुत पियर्सन के साथ आकर गुरूकुल में रहे। परिणाम यह हुआ कि गुरूकुल भारत से बाहर युरोप और अमेरिका में भी अधिकाधिक प्रसिद्ध होता गया। इन देशों से जो यात्री भारत आते वे गुरूकुल देखे बिना वापिस न लोटते। ब्रिटिश ट्रेड यूनियन आन्दोलन के प्रसिद्ध नेता श्रीयुत सिडनी वेब गुरूकुल आये और इस संस्था को देखकर अत्यन्त प्रभावित हुए। सन् १९१४ से लेकर पार्टी के प्रसिद्ध नेता और ग्रेट ब्रिटेन के भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री रेम्जे मेकडानल्ड गुरूकुल पधारे। उन्होंन गुरूकुल के सम्बन्ध में एक लेख में लिखा। मेकाले के बाद भारत में शिक्षा के क्षेत्र में जो सबसे महत्वपूर्ण और मौलिक प्रयत्न हुआ, वह गुरूकुल है।

सरकार ने गुरूकुल को पहले राजद्रोही संस्था समझा। सरकारी यूनिवर्सिटियों से सर्वथा सच्ची राष्ट्रीय शिक्षा के लिए किया गया वह अद्भुत प्रयत्न था। गुरूकुल राजद्रोही है, सरकार का यह विचार तब तक दूर नहीं हुआ जब तक संयुक्त प्रान्त के लेफ्टिनेण्ट गवर्नर श्रीयुत जेम्स मेस्टटन इस संस्था को अपनी आंखों से नहीं देख गये। सर जैम्स मैस्टन गुरूकुल में चार बार आये उनकी गुरूकुल यात्रा का उद्देश्य यही था कि वे स्वयं गुरूकुल का अवलोकन कर इस बात का निर्णय करें कि वह कहां तक ठीक है। ६मार्च १९१३ को जब वे पहली बार आये उन्होंने अभिनन्दन पत्र का उत्तर देते हुए अपने भाषण में कहा- न केवल संयुक्त प्रान्त अपितु सम्पूर्ण भारत में शिक्षा के क्षेत्र में जो परीक्षण किये गये हैं गुरूकुल उनमें सबसे अधिक मौलिक और महत्वपूर्ण है।

क्रमशः

भारत का महाज्योतिर्विद् तथा बीजगणित का प्रकाण्ड पण्डित

श्री आर्य भट्ट

इन्द्रसेन आयुर्वेदालंकार

वेदांगों में पाई जाने वाली ज्योतिष् के बाद हमें २०० ई०पू० में लिखा एक ग्रन्थ प्राप्त होता है जिसका नाम है सूर्य प्रजापति। यह जैन ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ के ७०० साल बाद तक हमें नहीं पता कि ज्योतिष् में क्या नई खोज हुई। ५०० ई० में हमें श्री आर्य भट्ट का लिखा ग्रन्थ उपलब्ध होता है। इस ग्रन्थ से यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि इस महान गणितज्ञ ने बीजगणित की आधार शिला रक्खी। जो ज्ञान इस ग्रन्थ में लिखा मिला है उसके सम्बन्ध में यह दावे से नहीं कह सकते कि वह सारा आर्य भट्ट की अपनी ही देन है या इससे पूर्ववर्ती गणितज्ञों को भी उसका श्रेय है। इस ग्रन्थ के अतिरिक्त उस काल के गणित और ज्योतिष् के ज्ञान को बताने वाली कोई और पुस्तक उपलब्ध ही नहीं है। इस ग्रन्थ का नाम है आर्य भट्टीय। यह ४९९ ई० में लिखा गया था। इसके बाद आर्य भट्ट का लिखा हुआ एक दूसरा ग्रन्थ भी मिलता है जिसका नाम है 'तन्त्र'। आर्य भट्ट का जन्म ४७६ ई० में हुआ अर्थात् कलियुग के संवत् ३५७७ में इनका जन्म हुआ। आर्य भट्टीय ग्रन्थ का दूसरा नाम आर्य सिद्धान्त भी है।

आर्य भट्टजी के बाद एक और आर्य भट्ट भी हुए हैं। वे भी बड़े भारी ज्योतिर्विद थे। उनका काल ९५० ई० के लगभग का है। इसलिये जब हमें आर्य भट्ट कहना हो तो प्रथम आर्यभट्ट को जो ४७६ में हुए आर्य भट्ट प्रथम कहते हैं। और दूसरे आर्य भट्ट को आर्य भट्ट द्वितीय कहते हैं। आर्य भट्ट प्रथम के सिद्धान्त को भी प्रथम आर्य सिद्धान्त कहते हैं।

आर्य भट्ट प्रथम के समय एक युग ६० वर्षों का होता था। आर्य भट्ट प्रथम ने अपने जन्म के सम्बन्ध में स्वयं लिखा है कि जब वह २३ वर्ष का हुआ तो तीन युग पाद (अर्थात् सत्ययुग, त्रेतायुग और द्वापर युग) गुजर चुके थे और इतने युग पादों के गुजर जाने के बाद ६० वर्षों वाले ६० युग भी गुजर चुके थे। अर्थात् कलियुग के ६० × ६० = ३६०० साल गुजर चुके थे। इस प्रकार ३६०० में से २३ साल घटाने पर श्री आर्य भट्ट प्रथम का जन्म वर्ष पता चल जाता है।

देखिये आर्य भट्टीय काल क्रिया का दसवाँ श्लोक क्या कहता है--

षष्ट्यब्दानां सष्टिर्यदा व्यतीतास्त्रयश्च युगपादाः।
व्यधिकाविंशतिरब्दास्तदेह मम जन्मोऽतीताः।

अर्थ--जब तीन युगपाद और ६० वर्षों के ६० युग व्यतीत हो चुके थे तो मेरे जन्म को हुए हुए तीन अधिक बीस अब्द (वर्ष) हो चुके थे।

आर्य भट्ट ज्योतिष् शास्त्र एवं बीज गणित दोनों विद्याओं के धुरन्धर विद्वान् थे। इन्होंने अपने आर्य भट्टीय नामक ग्रन्थ को कुसुमपुर में बैठकर लिखा था। कुसुमपुर आज कल हम पटना कहते हैं और यह नगर बिहार प्रदेश की राजधानी है। देखिये निम्न श्लोक जो उनका लिखा हुआ है--

ब्रह्मकुशशिबुधभृगुरवि कुज गुरु
कोणभगणान् नमस्कृत्य।
आर्य भट्टस्त्विहंनिगदति,
कुसुमपुरे अभ्यर्चितं ज्ञानम्॥
आर्य भट्टीय गणितम्॥

अर्थ--मैं आर्य भट्ट ब्रह्म, कुशशि, बुध भृगु रवि कुज गुरु कोण और भगणों को नमस्कार

करके कहता हूं कि यह ज्ञान मैंने कुसुमपुर में अभ्यर्चित किया। अर्थात् इस ग्रन्थ को मैंने कुसुमपुर में लिखा आर्य भट्ट यह भी कहता है कि मैंने अपनी बुद्धि से सद्-असद् ज्ञान के समुद्र में गोता लगाकर जो देवताओं की कृपा से प्राप्त किया उस ज्ञान को इस पुस्तक में लिखता हूं। देखिये निम्न लिखित श्लोक--

क्षिति रवि योगाद्दिनकृत् रवीन्दु योगात् प्रसाधि तश्चेन्दुः।
शशि ग्रह योगात्तथैव तारा ग्रहाः सर्वे:
सदसद्ज्ञान समुद्रात् समुद्धृतं देवता प्रसादेन
सद्ज्ञानोत्तमरत्नं मया निमग्नं स्वमतिना।

खोज द्वारा ऐसा पता लगता है कि आर्य भट्ट प्रथम ने दो माह ग्रन्थ लिखे थे। एक तो उस समय जबकि उस की आयु २३ वर्ष की थी। दूसरा तब जबकि वह अपनी परिपक्व आयु में था। पहले ग्रन्थ में युग का प्रारम्भ सूर्योदय से माना है। दूसरे में युग का प्रारम्भ मध्य रात्रि से माना गया है।

आर्य भट्टीय शिक्षा परम्परा के अन्य ग्रन्थ जो अन्य ग्रन्थकारों के लिखे हुए हैं वे 'महाभास्करीय' और लघु भास्करीय' हैं। ये ग्रन्थ आर्य भट्टीय विचारों का पोषण करते हैं।

जो युग सूर्योदय से प्रारम्भ हुआ माना जाता है उसे औदयिक कहते हैं और जो अर्द्ध रात्रि से प्रारम्भ होता है उस युग को आर्द्ध रात्रिक कहते हैं।

आर्य भट्टीय ग्रन्थ संक्षिप्त है शुद्ध है और बहुत उत्तम शैली में लिखा गया है। सन् १८७४ में डा० एच् कर्न ने इस ग्रन्थ का सम्पादन किया था। उस पर परमाधीश्वर की लिखी हुई भट्टदीपिका नामक टीका भी मिलती है।

लङ्कार्धरात्र समये दिन प्रवृत्ति जगाद चार्यभटः।
भूयः स एव सूर्योदयात् प्रभृत्याह लङ्कायाम्।

अर्थ--लंका द्वीप में आधी रात से दिन शुरु होता है। ऐसा आर्य भट्ट ने कहा। (हमारा ग्रीनविच, आर्य भट्ट ने लंका माना था)। फिर उसी आर्य भट्ट ने लंका में ही सूर्योदय से दिन का प्रारम्भ कहा। आर्य भट्टीय पर दूसरी टीका सूर्यदेव यज्वन् की है। इस टीका का नाम भट्ट प्रकाशक है, या इस केवल 'प्रकाशिका' कह कर भी सूचित करते हैं।

इन दोनों टीकाओं की हस्तलिखित प्रतियाँ दक्षिणी भारत की भाषाओं में उपलब्ध हुई थीं। भट्ट दीपिका नामक टीका मलयालम भाषा में मिली थी। इसकी लिपि मलयालम भाषा के 'ग्रन्थम्' अक्षरों मे थी। मलयालम भाषा में संस्कृत की सब ध्वनियों के सूचक अक्षर नहीं हैं। इसलिये मलयालम में कुछ और अक्षर बनाये गये हैं ताकि संस्कृत के सब अक्षरों की ध्वनियों को लिखा जा सके और बोला जा सके। इस लिपि को ग्रन्थम् लिपि कहते हैं। प्रकाशिका नामक टीका उपरोक्त दोनों टीकाओं में से अधिक पुरानी है। दीपिका के कई स्थलों पर प्रकाशिका टीका के उद्धरण दिये गये हैं।

आर्य भट्टीय के दो भाग हैं। एक गणित स्कन्ध, दूसरा--जातक स्कन्ध।

शेष ग्रन्थ पर विचार फिर कभी किया जायगा।

शिक्षा-सम्मेलन की रपट

हरिद्वार–१३ अप्रैल १९७६

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के ७६ वें वार्षिकोत्सव पर आधुनिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षा प्रणालियों पर विचार करने के लिये शिक्षा सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री भूतपूर्व कुलपति कुरुक्षेत्र तथा चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय पद्मभूषण डा० सूरजभान जी ने की। गुरुकुल विश्वविद्यालय के कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी ने मान्य अतिथि को माल्यार्पण किया तथा उनके शिक्षा-क्षेत्र में की गई सेवाओं का परिचय दिया। सम्मेलन का उद्घाटन प्रयाग विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के भूतपूर्व अध्यक्ष डा० स्वामी सत्यप्रकाशानन्द जी ने किया। प्राचीन भारत में रसायन का विकास की भारतीय परम्परा जैसी अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति की कृतियों के लेखक के रूप में स्वामी जी शिक्षा-क्षेत्र में चर्चा के विषय रहे हैं। स्वामी जी ने उद्घाटन भाषण में कहा–ब्रिटिश सरकार जब शिक्षा के माध्यम से भारत के नव–युवकों को मानसिक पराधीनता की शृंखलाओं में जकड़ रही थी तब आर्य समाज ने बिना किसी भेदभाव के शिक्षा का द्वार सबके लिये खोल देने का आह्वान किया। आज आवश्यकता है कि भारत के पुनर्निर्माण में आर्य समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक, चारित्रिक तथा शिक्षा सम्बन्धी विचारों को क्रियात्मक रूप में परिणत किया जाय।

प्रमुख वक्ता के रूप में भूतपूर्व कृषि राज्य मंत्री भारत सरकार प्रो० शेरसिंह ने विषय का विस्तार करते हुए कहा कि आर्य समाज की स्थापना नाना मतों और सम्प्रदायों के कारण फैलने वाले विद्वेष को दूर कर जीवमात्र के कल्याण की कामना के साथ हुई थी। सार्वभौम मनुष्यत्व का निर्माण कर व्यक्ति और समाज के बीच की दूरी को पाटना एवं समस्त मानव जाति की सर्वतोमुखी उन्नति का ध्येय उसका अन्तिम लक्ष्य है।

भारतीय इतिहास, राजतीतिशास्त्र, पुरातत्व और संस्कृति के प्रसिद्ध विद्वान्, मंगला प्रसाद पारितोषिक के समाहृत, गुरुकुल विश्वविद्यालय के भूतपूर्व कुलपति डा० सत्य केतु विद्यालंकार ने गुरुकुल शिक्षा को सांस्कृतिक क्रान्ति का प्रतीक बताते हुए कहा–शिक्षा का उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन तथा राष्ट्रीय वातावरण का निर्माण करना है। भारतीय परिवेश को ध्यान में रखते हुए समाज विज्ञान, विज्ञान तथा मानविकी के विषयों पर उत्कृष्ट मौलिक ग्रंथों का सृजन हिन्दी में होना चाहिए तभी शिक्षक–शिक्षार्थी उल्लेखनीय उपलब्धि पा सकते हैं। गुरुकुल ने स्वतन्त्रता से पूर्व ही इस दिशा में सक्रिय कदम उठाया था, अन्य विश्वविद्यालयों के लिए यह अनुकरण का विषय रहा है कि हिन्दी माध्यम से उक्त विषयों पर उच्चतम अध्यापन–अनुसंधान सर्वप्रथम इसी विश्वबिद्यालय में हुआ। गुरुकुल विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सुरेशचन्द्र त्यागी ने छात्र-छात्राओं तथा अध्यापकों के निरर्थक लक्ष्य का विश्लेषण करते हुए बताया कि आज वास्तविक ज्ञान की अपेक्षा हम उपाधियों के पीछे दौड़ रहे

हैं, अतः शिक्षा का मूल लक्ष्य पिछड़ गया है।

अन्त में अध्यक्षीय पद से बोलते हुए डा० सूरज भान जी ने कहा—सत्य के प्रकाश के लिए आर्य-समाज ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रान्तिकारी कार्य किया। गुरुकुलों और डी० ए० वी० कालेजों की स्थापना के साथ देश के इतिहास में एक नई चेतना आई। भारतीय संस्कृति के अध्ययन को प्रोत्साहित और प्रचारित करने के साथ अंग्रेजी साहित्य और विज्ञान के क्रियात्मक पक्ष पर भी इन संस्थाओं ने बल दिया। उत्तर भारत के शिक्षण क्षेत्र में आर्यसमाज ने इन संस्थाओं द्वारा अतुलनीय योगदान दिया। भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण में यह भारतीय सचेतना मूलभूत कारण रही है। आधुनिक शिक्षा—प्रणालियों की चर्चा करने का यहां समय नहीं है किन्तु शारीरिक, प्राणिक, मानसिक शिक्षा के साथ अनुभव प्रधान व्यावहारिक और लोकोपयोगी शिक्षा की आवश्यकता हमें दृष्टिगोचर हो रही है। नैतिक और आध्यात्मिक ज्ञान के साथ आधुनिक विषयों की शिक्षा द्वारा देश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में सहायक होना, शिक्षा का प्रमुख लक्ष्य है।

शिक्षा सम्मेलन के संयोजक डा० विष्णुदत्त राकेश ने अफ्रीकी मुक्ति संघर्ष की चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की उपलब्धियों का पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना ही नहीं है, उसके द्वारा मानवीय संवेदना का बोध तथा भागवत चेतना का जागरण भी अपेक्षित है। रंग, वर्ग, विचार का भेद समाप्त करना ही शिक्षा का लक्ष्य है और आर्य समाज ने इस दिशा में क्रान्तिकारी कदम उठाया था। वर्तमान भयावह परिस्थितियों में गुरुकुल-शिक्षा-प्रणाली अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

इस परिचर्चा में श्री सच्चिदानन्द शास्त्री, अनुसंधायक लखनऊ विश्वविद्यालय, डा० सत्यदेव प्रसाद वेदालंकार, अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, मगध विश्वविद्यालय, आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति विद्यामार्त्तण्ड, कुलाधिपति श्री पृथ्वी सिंह जी आजाद तथा सभा मंत्री श्री वीरेन्द्र जी भी उपस्थित थे। तदुपरान्त विश्वविद्यालय की क्रीड़ा प्रतियोगिता तथा संग्रहालय सप्ताह सांस्कृतिक कार्यक्रम के पुरस्कृत छात्रों को डा० सूरज भान जी ने पुरस्कार प्रदान किए। मुख्य अतिथि के आशीर्वाद के साथ सम्मेलन समाप्त हुआ।

डॉ० विष्णुदत्त राकेश
संयोजक

———

व्रत प्रधान भारतीय शिक्षा

स्वामी समर्पणानन्दजी

आज मानव समाज की अत्यन्त दुर्दशा है। प्राकृतिक वैभव अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच चुका है। किन्तु उसका फल विध्वंस ही विध्वंस दीख रहा है। इसका कारण क्या है? प्रकृति के जिन तत्वों को मानव ने खोज निकाला है, उनके सदुपयोग के लिए जो सदाचार, भ्रातृभाव तथा जितेन्द्रियता अपेक्षित है, वह आज मानव समाज में नहीं है, इससे बढ़कर दुःख की क्या बात है कि मानव समाज इसका उपाय ठीक नहीं सोच रहा है। आज समाजवादी तथा साम्यवादी लोग कहते हैं, कि यदि भोज्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उत्पन्न हो तथा उनका वितरण ठीक हो तो मानव समाज के दुःख दूर हो जायेंगे। वह बात कुछ अंश तक ठीक है। जो लोग भूख और दरिद्रता के कारण बुराइयाँ करते हैं, वह इससे दूर हो जायगी, परन्तु भूख और दरिद्रता से बढ़कर तृष्णा और भोगवाद है। उसकी चिकित्सा तो क्या करनी थी, समाजवादी और साम्यवादी दोनों उसको बढ़ाने में लगे हुए हैं।

दरिद्रता और भूख के कारण ही बहुत अंश तक यह भोगवाद है। वितरण के दोष इसी से उत्पन्न होते हैं। आज संसार में अन्न और वस्त्र की इतनी कमी नहीं, जितनी मनुष्यता की है। उसको उत्पन्न करने के साधन हैं, ईश्वर भजन, त्याग, ब्रह्मचर्य, जितेन्द्रियता, सत्संग और इन सबको एक शब्द में कहना हो तो वह हैं उत्तम-शिक्षा। उस की ओर मानव समाज का ध्यान नही जा रहा। हमारी सम्मत्ति में उत्तम-शिक्षा मानव समाज की अन्तिम शरण है।

परन्तु उत्तम शिक्षा का लक्षण भी तो कुछ होना चाहिए। यही बात आज हम इस लेख में दिखाना चाहते हैं। आज हम शिक्षाशास्त्र का परम मौलिक, परमोपयोगी, परमापेक्षित, सिद्धान्त संसार के सामने रखना चाहते परन्तु न जाने इसका शिक्षा शास्त्र में उपयोग क्यों नहीं किया जाता। वह सिद्धान्त है व्रत हम किसी सैनिक को सेना में भर्ती नहीं करते, जब तक उसको झण्डे के सामने खड़ा करके राष्ट्र की उससे शपथ नहीं ले ली जाती। इसी प्रकार राष्ट्रपति, सेनापति, राष्ट्र के मन्त्रिमण्डल, संसद के सदस्य आदि सब लोगों से शपथ ली जाती है। हमारा गृहस्थ आश्रम इसी शपथ के आधार पर खड़ा है। विवाह क्या है? स्त्री, पुरुष के एक दूसरे के सुख-दुःख में जीवन भर साथ देने की शपथ। वह शपथ हवन-कुण्ड के सामने हो, चाहे रजिस्ट्रार के दफ्तर में, इससे कुछ अन्तर नहीं पड़ता, शपथ तो शपथ है।

किन्तु मनुष्य के भविष्य जीवन के मूलाधार शिक्षणालय में कोई शपथ नहीं।

प्राचीन ऋषि मुनियों ने इसी रहस्य को समझ उपनयन संस्कार चलाया था। मानव जाति के तीन महाशत्रु है। (१) अभाव (२) अन्याय (३) अविद्या।

प्राचीन मर्यादानुसार प्रत्येक विद्यार्थी को विद्या आरम्भ से पहले इन तीन महा शत्रुओं में से एक के साथ लड़ने के लिये अपना जीवन समर्पण करना पड़ता था। इसके लिये जो दीक्षा दी जाती है वही उपनयन संस्कार था। इसलिए प्राचीन काल में विद्यार्थी को व्रती या वर्णी कहते थे। वर्णी इसलिए कि वह इन तीनों में से एक शत्रु नाश के लिए व्रत करता था। अभाव दुःख से लड़ने का व्रती वैश्य, अन्याय दुःख से लड़ने का व्रती क्षत्रिय, अविद्या दुःख से लड़ने का व्रती

ब्राहमण कहलाता था। जो अयोग्यता के कारण इन तीनों में से कुछ न बन सके, वह यदि अपनी अवस्था पर शोक करके इनमें से किसी के पास रहकर अपनी सुश्रुषा द्वारा व्रत पालन का लाभ लेता था, वह शूद्र कहलाता था। वह चुनाव करता था कि दुष्ट की सेवा नहीं करूंगा। किसी न किसी लोक सेवक की ही सेवा करूंगा, यह उसका चुनाव था। इसलिए यह भी वर्णी कहलाता था।

आज की शिक्षा में व्रत का कोई स्थान नहीं, न कोई व्रत की महिमा की ओर ध्यान देता है। अब देखिये कि यदि किसी दुर्बल पर मार पड़े, तो व्रती तो मर मिटेगा, किन्तु व्रतहीन कहेगा मुझे क्या गरज पड़ी है जो मैं इसकी मुशीबत मे भाग लूं। बस यह पराई मुसीमत में अपने आपको मिटा देने की दीक्षा ही थी जिसने प्राचीन काल में मानव जाति को इतना ऊंचा उठाया था।

ब्राह्मण कहता था यदि नगर व ग्राम में एक भी विद्याहीन हैं तो मुझे धिक्कार है। क्षत्रिय कहता था कि यदि नगर व ग्राम में एक दुर्बल पर भी बलवान अत्याचार करता है तो मुझे धिक्कार है, मेरे जीने से क्या लाभ, वैश्य कहता था कि यदि मेरे नगर व ग्राम में कोई भोजन बिना भूखा मरता है तो मुझे धिक्कार हैं। मनु ने लिखा है यदि कोई मनुष्य जिसे मजदूरी न मिले तो, जिसके घर भोजन पका हो, उससे कह कर उठा कर खालें, उसे चोरी या डाके के अपराध में नहीं पकड़ा जायेगा। बस जो कुछ आज साम्यवादी चाहते हैं वह इसमें बहुत सुन्दरता से हो जाता था, सच कहिए तो उससे अधिक होता था।

बस हमारी संस्कृति का मूल तत्व है अधिकतम मात्रा में स्वेच्छा पूर्वक श्रम और बल का न्यूनतम प्रयोग।

इस अधिकतम स्वेच्छापूर्वक श्रम की भावना जागृत करने का उपाय है शिक्षा के पहले की दीक्षा।

यह दीक्षा ही प्राचीन शिक्षा शास्त्र का वह आदर्श सिद्धान्त है, जिसके कारण हम कह सकते है कि इस दु:खी मानव समाज की शिक्षा मानवता की दीक्षा ही है।

—०—



शिक्षा-सम्मेलन का एक दृश्य—दांयी ओर से प्रो० शेरसिंह, भूतपूर्व कृषि राज्य मंत्री, श्री बलभद्रकुमार जी कुलपति, श्री वीरेन्द्र जी सभा मंत्री, आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति, डॉ० गंगाराम गर्ग कुलसचिव एवं डॉ० विष्णुदत्त राकेश संयोजक

आर्यभट्ट

श्री पदमसिंह देशवाल

१९ अप्रैल १९७५ से आर्य भट्ट का नाम बार-बार प्रकाश में आ रहा है। इस दिन भारत के वैज्ञानिकों ने एक उपग्रह छोड़कर इस देश में विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में हो रही प्रगति का परिचय दिया है। इस उपग्रह को छोड़ने के लिये यह दिन विशेष रूप से चुना गया था। इस दिन इस देश में एक महान् गणितज्ञ का जन्म हुआ था। भारत के वैज्ञानिकों ने उसका जन्म-दिवस एक उपग्रह छोड़कर मनाया था और उसे श्रद्धांजलि समर्पित की थी उस महान् गणितज्ञ के नाम पर ही इस उपग्रह का नाम आर्य भट्ट रखा गया है।

प्रसिद्ध गणितज्ञ आर्य भट्ट का जन्म १९अप्रैल४७६ को पाटलीपुत्र (जिसे आजकल पटना कहते हैं) के पास कुसुमपुरा नामक गाँव में हुआ था। भारत में उस समय गुप्तकालीन राज्य था। उस राज्य में साहित्य, ज्योतिष और गणित आदि कलाओं का विशेष विकास हुआ था। कालिदास ने अभिज्ञान शाकुन्तलम् उसी समय में लिखा था। आर्यभट्ट ने भी अपनी सर्वोत्तम उपलब्धि आर्यभाटियम् नामक पुस्तक की रचना उसी समय में की थी जो उन्होंने सन् ४९९ में लिखी थी। गणित के क्षेत्र में इस देश की देन के रूप में यह पहली पुस्तक थी जो विश्व-ख्याति को प्राप्त हुई थी। इससे पहले इस देश में गणित कोई खास विकसित नहीं समझा जाता था।

साहित्य के क्षेत्र में कालिदास के अभिज्ञान शाकुन्तलम् ने जो विश्व-ख्याति प्राप्त की है ठीक उतनी ही ख्याति आर्यभट्ट के 'आर्यभाटियम्' ने गणित के क्षेत्र में प्राप्त की है। उन्होंने अंकगणित, बीजगणित और रेखागणित सभी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आर्यभट्ट आधुनिक बीजगणित के जन्मदाता हैं। वे सबसे पहले गणितज्ञ हैं, जिन्होंने द्वितीय कोटिका समीकरण का हल निकाला है। इससे पूर्व केवल प्रथम कोटिका समीकरण तक ही हल निकाला गया था। जिस शून्य के जन्मदाता भारतीय गणितज्ञ 'रामानुजन्' हैं, आर्यभट्ट ने उस शून्य के महत्व का भली-भांति वर्णन किया है। आर्यभट्ट और दूसरे भारतीय विद्वानों ने कुछ विशेष प्रकार के अनिश्चित समीकरण को हल करने का नियम दिया है, जिससे सिद्ध होता है कि उन्हें वितत भिन्न की अच्छी जानकारी थी। रेखागणित में उन्होंने त्रिकोणमितीय फलन की परिभाषा दी है। संसार के पहले गणितज्ञ हैं जिन्होंने 'पाई' (π) जो गणित में एक विशेष अंक है, का चार दशमलव तक सही मूल्यांकन किया है। जिसका मूल्य आज के दूसरे तरीकों से जाँच करने पर सही पाया गया है। दूसरे अनेक विद्वानों ने अपने-अपने तरीकों से 'पाई' का मूल्य निकालने का प्रायस किया, परन्तु सभी के आंकड़े 'पाई' के आज के मूल्य (२२।७) से भिन्न पाये गये हैं। यह उनकी सबसे बड़ी देन रही हैं। उन्होंनें इसके लिये एक विशेष तरीका खोजा था, जिसे बाद में भारतीय और अरब के गणितज्ञों ने अपनाया है। अभी हाल में हुए अनुसंधान कार्यों से 'यह ख्याल कि आर्यभट्ट का 'पाई' का मूल्य यूनानी तरीकों पर आधारित है, निराधार सिद्ध हुआ है। खगोल विज्ञान में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने पृथ्वी का सूर्य के इर्दगिर्द चक्कर लगाने के महत्त्व

को समझकर अनेक महत्वपूर्ण परिणाम निकाले हैं। अनेक खगोलीय पिन्डों के भौतिक प्राचल ज्ञात किये हैं। उदाहरणार्थ पृथ्वी और चन्द्रमा के व्यास के माप निकाले हैं।

आर्यभट्ट की उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर ही अथक परिश्रम के बाद प्रो· एस· धवन और प्रो·यू·आर·राव के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने आर्यभट्ट नामक उपग्रह छोड़ा है और गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम को अमर कर दिया है।

सतगुर सवां न को सगा, सोधी सईं न दाति।
हरि जी सवां न को हितू, हरिजन सईं न जाति॥

× × ×

गुर सिकलीगर कीजिए, ग्यांन मसकला देइ।
सबद छोलना छोलि कै, चित दरपन करि लेइ॥

× × ×

सतगुर की महिमां अनंत, अनंत किया उपगार।
लोचन अनंत उघारिया, अनंत दिखावन हार॥

× × ×

बलिहारी गुर आपकी, द्यौहाड़ी सौ बार।
जिन मानिख तैं देवता, करत न लागी बार॥

—कबीर



प्रो० सतीश धवन
व्यक्तित्व एवं कृतित्व

प्रो० रामाश्रय मिश्र, हिन्दी विभाग
गु० कां० विश्वविद्यालय, हरिद्वार !

भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों के इतिहास में १९ अप्रैल, १९७५ का दिन स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा । उसी दिन भारतीय उपग्रह आर्यभट ने लगभग ३० हजार किलोमीटर प्रति घण्टे की गति से पृथ्वी की परिक्रमा करना प्रारम्भ किया था । इस उपग्रह का आर्यभट नाम क्यों रखा गया ? यह भी बहुत महत्वपूर्ण घटना है ।

मास्को रवाना होने के ठीक पहले प्रो· सतीश धवन प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी से मिले और उन्हें इस तथ्य से अवगत कराया कि आर्यभट उपग्रह सम्बधी परियोजना अन्तिम चरण में है । उस समय प्रधान मन्त्री ने इस बात पर विशेष बल दिया कि भारतीय विज्ञान देश के विकास और भविष्य के लिए अत्यधिक महत्व वाली एक महान् घटना की दहलीज पर है । साथ ही श्रीमती इन्दिरा गांधी ने सुझाव दिया कि उपग्रह का नाम पूर्व के महान् ज्योतिर्विद और गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम पर रखा जाये । उनका जन्म १५ शताब्दी पहले पाटलिपुत्र जिसे आजकल पटना कहते हैं के गंगा-तटवर्ती ग्राम कुसुमपुर में हुआ था । उनकी जन्मस्थली प्राचीन पाटलिपुत्र से ज्यादा दूर नहीं थी । आर्यभट्ट ने तेइस वर्ष की आयु में विज्ञान में असाधरण सफलता पायी । उन्होंने गणितीय विधि से इस बात को सिद्ध कर दिया कि पृथ्वी सूर्य के चतुर्दिक घूमती है और बीजगणित एवं त्रिकोणमिति सम्बन्धी उनकी कृतियाँ गौरव ग्रन्थ बन गयी हैं । आर्यभट्ट-पूर्व के कोपर्निकस-अपने समय से सदियों आगे थे । उनका कार्य-कलाप उन वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणा दायक रहा है जिन्होंने उपग्रह पर काम किया है । प्रसंगवश इसका उल्लेख वांछनीय होगा कि अधिकांश वैज्ञानिकों की आयु उतनी ही है जितनी आर्यभट्ट की उस समय थी जब वह अपनी अमर कृतियाँ लिख रहे थे ।

ऐसे अपूर्व वैज्ञानिक की जन्म-दिवस शताब्दी को कार्य रूप में परिणत कर जहां विश्व के सामने हमारे आधुनिक वैज्ञानिकों ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है वहीं उस दिवगंत आर्यभट्ट की जन्म शताब्दी पर आर्यभट का प्रक्षेपण कर १९ अप्रैल, १९७५ एवं आर्यभट्ट को सदा-सदा के लिए अमर कर दिया है ।

सन् १९७० में स्वर्गीय डॉ० विक्रम साराभाई ने प्रो· यू० आर० राव की अध्यक्षता में त्रिवेद्रम में अन्तरिक्ष केन्द्र के अंग के रूप में

उपग्रह प्रणाली प्रभाग की स्थापना की थी। १० मई १९७२ को भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन और सोवियत अकादमी ऑफ साइंसेस के बीच आर्यभट के प्रक्षेपण के समझौते पर हस्ताक्षर हुए। उसी वर्ष सितम्बर मास में उपग्रह निर्माण कार्य शुरू करने के लिए पीन्या बंगलोर के इन्डस्ट्रियल क्षेत्र में कुटीरों को लिया गया तथा बंगलोर में प्रथम सिस्टम का रिव्यू हुआ। इसी वर्ष प्रो· सतीश धवन भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष बने। सन् १९७३ में पहला रोहिणी राकेट छोड़ा गया और एक वर्ष बाद भारत और सोवियत संघ में मॉडल उपग्रह का परीक्षण किया गया। दो महीने बाद परीक्षण मॉडल को सोवियत संघ ले जाया गया तथा १९ अप्रैल, १९७५ को उपग्रह आर्यभट का प्रक्षेपण किया गया।

इस महान् कार्य के इतने शीघ्र सम्पन्न करने का श्रेय भारतीय अन्तरिक्ष शोध संगठन के अध्यक्ष प्रो·सतीश धवन एवं सोवियत संघ की विज्ञान अकादमी की अन्तर्ब्रह्माण्डीय परिषद के अध्यक्ष अकादमीशियन बी० एन० पेत्रोव को है।

भारत की साहसिक युवा पीढ़ी के निष्ठावान् वैज्ञानिक अत्यन्त सरल एवं आध्यात्मिक जीवन यापन करने वाले प्रो० सतीश धवन के कारण ही यह महान् उपलब्धि सम्भव हो सकी। ऐसे महान् वैज्ञानिक का जीवन परिचय लिखने की प्रबल कामना इस विशेषांक हेतु हुई। सौभाग्य या दुर्भाग्य से कुछ कह नहीं सकता, आपका जो चित्र मुझे प्राप्त हुआ उससे मैं आश्चर्य चकित ही रहा। खुला हुआ कॉलर वह भी नीली चैक्ड खिलाड़ियों की सामान्य आधी बांह की कमीज, भूरे रंग का स्वैटर, घड़ी में लगा हुआ लाल-काला आकर्षक फीता, लहराते हुए बाल मानो काती हुई चाँदी हों आदि का समन्वित दृश्य जहाँ सादा जीवन उच्च विचार की प्रतिमूर्ति बना हमारे सम्मुख खड़ा था वहीं मैं इस महान् वैज्ञानिक के चित्र को देखकर विस्मृत ही हो गया। क्योंकि मुझे तो यह आर्यभट का ही चित्र दृष्टिगोचर हो रहा था। हो भी कैसे न, आर्यभट में अस्थि पंजर का काम तो वैज्ञानिक कल-पुर्जे ही कर रहे हैं किन्तु आत्मा तो मानो प्रो० धवन की ही पृथ्वी की परिक्रमा कर रही है अन्यथा ६ मास की अवधि के लिए प्रक्षेपित आर्यभट दूना समय अर्थात् पूरा वर्ष व्यतीत करके भी गतिमान कैसे होता ?

प्रो· सतीश धवन का जन्म २५ सितम्बर, १९२० को श्रीनगर काश्मीर में हुआ। आपने राजकीय विद्यालय लुधियाना एवं लाहौर में शिक्षा ग्रहण करके सन् १९३८ में गणित एवं भौतिकी विषय लेकर बी·ए·की उपाधि प्राप्त की। स्नातकोत्तर अध्ययन पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ में किया। जहाँ से सन् १९४१ में अंग्रेजी साहित्य में एम०ए० की उपाधि प्राप्त की। सन् १९४४ में मैकेनिकल इञ्जीनियरिंग लेकर बी०एस– सी० आनर्स की उपाधि प्रथम श्रेणी एवं प्रथम स्थान में प्राप्त की।

कुछ समय हिन्दुस्तान एयर क्राफ्ट लि० के के हेवी बॉम्बर्स डिवीजन में कार्य किया। तत्पश्चात् वैमानकीय अभियांत्रिक (एयरोनाटिकल इञ्जीनियरिंग) की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भारत-सरकार से छात्रवृति लेकर अमेरिका चले गये। इन्होंने सन् १९४६-४७ तक 'मिनेसोटा' विश्वविद्यालय में अध्ययन किया एवं एम०ए० की उपाधि प्राप्त की। सन् १९४७–५१, तक कैलीफोर्निया औद्योगिकी संस्थान (इन्स्टीटयूट ऑफ टेक्नालॉजी) में सहायक स्नातक अनुसंधित्सु (ग्रेजुएट रिसर्च असिस्टेण्ट) के रूप में

कार्य किया। जहाँ आपने सन् १९४९ में वायु-गतिकी (एयरो डायनेमिक्स) का विशेष अध्ययन करके वैमानिकीय अभियांत्रिक (एयरोनाटिकल इञ्जीनियर्स) की उपाधि प्राप्त की। सन् १९५१ में वैमानिकी (एयरोनाटिक्स) एवं गणित में पी-एच०डी० की उपाधि प्राप्त की।

सन् १९५१ में अमेरिका से भारत लौटे तथा भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलोर के वैमानकीय अभियांत्रिक विभाग में कार्य प्रारम्भ किया। जिससे आज तक आपका सम्बन्ध बना है। जहाँ आपने सन् १९५१–५२ तक वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, सन् १९५२–५५ तक सहायक आचार्य (असिस्टैण्ट प्रोफेसर), सन् १९५५–६२ तक आचार्य एवं अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। सन् १९६३ से आप भारतीय विज्ञान संस्थान के निदेशक के रूप में कार्यभार संभाले हुए हैं। साथ ही वैमानकीय अभियांत्रिक विभाग के आचार्य पद पर भी कार्य कर रहे हैं। सन् १९७१–७२ में कैलीफोर्निया के औद्योगिकीय संस्थान (इन्स्टीटयूट ऑफ टैक्नालॉजी) में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। उसके पश्चात् आप पुनः भारत आ गये और उपग्रह आर्यभट के प्रक्षेपण कार्य में दत्तचित्त हो गये। जिसका उल्लेख हम ऊपर कर आये हैं।

गत दशक से भारतवर्ष में वैमानिकी के विकास में आप लगे हुए हैं। आप ने अनेक शोध-निबन्ध (रिसर्च पेपर्स) लिखे हैं तथा तरल पदार्थ की यांत्रिकी और वैमानिकी विशेषकर तीव्र गति-वाली समस्याओं, सीमा सतह, ट्रान्सोनिक तथा सुपर सोनिक सुरंगों, क्षुब्धता, संक्रमण प्रपंच आदि की जानकारी से अवगत कराया है। आप रॉयल एरोनाटिकल सोसायटी एवं भारतीय विज्ञान अकादमी के फेलो तथा भारतीय वैमानकीय सोसायटी के सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी मैनेजमेंट कौंसिल, इण्डियन नेशनल कमेटी फॉर स्पेस रिसर्च, दी एटामिक एनर्जी कमीशन, दी बोर्ड ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट इञ्जीनियरिंग एण्ड रिसर्च ऑफ ऑल इण्डिया कौंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन तथा इण्डो-सोवियत ज्वाइण्ट कमेटी फॉर साइंटीफिक क्वापरेशन के सदस्य भी हैं। सन् १९६८ में 'एक्सप्लोरेशन एण्ड पीस फुल यूज़ेज़ ऑफ आउटर स्पेस' पर होने वाली यूनाइटेड नेशन की कान्फ्रेंस में भारतीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य थे।

भारत के राष्ट्रपति ने सन् १९६६ में पद्म-श्री एवं १९७१ में पद्म-भूषण की उपाधि देकर आपको ही नहीं अपितु भारत को गौरान्वित किया। इस महान् वैज्ञानिक की रुचि भी अनोखी है। जिसमें बच्चों के लिए खिलौने बनाना आपका मुख्य शौक है। इस प्रकार आपके व्यक्तित्व में साहित्य, विज्ञान एवं कला आदि का अपूर्व समन्वय दृष्टिगोचर होता है। भारत सरकार ने परिवार-नियोजन पर कुछ दिनों से विशेष बल दिया है किन्तु आपन अपने परिवार को बहुत पहले से ही सुनियोजित कर रखा है अर्थात् आपके दो पुत्रियाँ एवं एक पुत्र है। भारत के ही नहीं, विश्व के इस महान् वैज्ञानिक को मेरा शत-शत नमन है॥ अस्तु॥

गुरुकुल की यज्ञस्थली से—

दीक्षान्त समारोह पर कुलपति द्वारा सम्बोधन

बलभद्र कुमार

परम सम्मानीय महामहिम राज्यपाल महोदय ! माननीय कुलाधिपति जी ! विश्वविद्यालय शिक्षा एवं प्रबन्ध में सहभागी समस्त बन्धुजन ! संरक्षकगण ! देवियो ! सज्जनों ! छात्रजन ! एवं नवउपाधिप्राप्तकर्त्ता स्नातकवर्ग !

आज अपने बीच में महामहिम राज्यपाल महोदय को पाकर हम सब कुलवासी अत्यन्त उल्लास का अनुभव कर रहे हैं। हमारा निमन्त्रण पाकर, शासकीय कार्यों में अत्यन्त व्यस्त होते हुये भी आपने दीक्षान्त संस्कार में सम्मिलित होना तथा नव स्नातकों को आशीर्वाद देना स्वीकार किया, एतदर्थ विश्वविद्यालय के कुलपति होने के नाते मैं उनका अत्यन्त कृतज्ञ हूं।

इससे पूर्व कि मैं महामहिम राज्यपाल जी से दीक्षान्त भाषण के लिये प्रार्थना करूं संक्षेप में इस संस्था का परिचय एवं गत वर्ष की रिपोर्ट आपके सम्मुख प्रस्तुत करना चाहता हूं।

जब-जब देश का कोई भाग दुर्भिक्ष, जल विप्लव, महामारी या विदेशी आक्रमण आदि से आक्रान्त हुआ, तब-तब इस संस्था ने तन-मन-धन से अपना सहयोग अर्पित किया। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में भी गुरुकुल की भूमिका उल्लेखनीय है। जब-जब देश की पुकार हुई तब-तब यहाँ के अधिकारियों, स्नातकों कर्मचारियों तथा छात्रों ने तत्संबंधी कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लिया।

गुरुकुल काँगड़ी के शैक्षणिक स्तर को देखते हुए जून, १९६२ में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इसे विश्वविद्यालय की मान्यता प्रदान की। गुरुकुल की विद्यालंकार, वेदालंकार, सिद्धान्तालंकार, आयुर्वेदालंकार, वेदवाचस्पति तथा विद्यावाचस्पति उपाधियां पहले से ही विश्व विश्रुत थीं। इनके अतिरिक्त अब हिन्दी, अंग्रेजी वेद, संस्कृत, दर्शन, मनोविज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास और गणित जैसे प्रमुख विषय स्नातकोतर स्तर पर खोले गए और भौतिक विज्ञान, रसायन-शास्त्र, जीवविज्ञान, वनस्पतिशास्त्र तथा गणित को लेकर बी० एस-सी० कक्षाएं प्रारंभ की गई। शोध-कार्य को भी प्रोत्साहन दिया गया। वेद संस्कृत, हिन्दी और प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व में उच्च स्तरीय मौलिक अनुसंधान करके अनेक छात्र पी-एच० डी० उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। वेद महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय, आयुर्वेद महाविद्यालय, द्रव्य विज्ञान संग्रहालय तथा पुस्तकालय अपनी महत्तम उप-लब्धियों एवं उल्लेखनीय कृतियों के कारण इस जनपद में अग्रगण्य है।

गुरुकुल शिक्षा पद्धति में जो प्रधान मूलभावना निहित है वह गुरु-शिष्य का अन्तरंग सम्बन्ध है। ऋषियों की मर्यादा के अनुसार जब बालक गुरुकुल में प्रवेश करता है तब उसका उपनयन संस्कार किया जाता है। उपनयन का अर्थ ही है-समीप लाना। अथर्ववेद के अनुसार आचार्य शिष्य का उपनयन संस्कार करके उसे इतना अधिक अपने निकट ले जाता है, मानो माता-पिता के समान उसे अपने गर्भ में ही स्थापित कर लेता है। इसके अतिरिक्त विविध विद्याओं का शिक्षण, ब्रह्मचर्य,

सादा जीवन और उच्च विचार, तपस्या, धनी-गरीब सबके साथ समान व्यवहार, जाति-पांति का भेद न होना, प्राचीन और नवीन विद्याओं का गुरुकुल शिक्षण–प्रणाली के आधार–भूत अंग हैं। इन्हीं आदर्शों पर यह गुरुकुल विश्वविद्यालय चलने का यत्न कर रहा है। कभी हम लड़खड़ाते भी हैं, गिरते-पड़ते हैं, तो भी हमारी आगे बढ़ने की दिशा उन्हीं आदर्शों के अनुसार निर्धारित है और उन्हीं आदर्शों की पूर्ति के लिए हम प्रभु का, देश के कर्णधारों का और जनता-जनार्दन का आशीर्वाद चाहते हैं।

इस विश्वविद्यालय की नींव है हमारा विद्यालय विभाग। इसमें हम छः वर्ष से दस वर्ष की आयु के बालकों को प्रविष्ट करते हैं। तथा सभी प्रान्तों से और कभी-कभी विदेशों से भी बालक आश्रम जीवन यापन तथा शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते है। शारीरिक व्यायाम, खेलकूद स्काउटिंग आदि की शिक्षा ग्रहण करते हैं।

यहां का वेद महाविद्यालय भी अपनी एक पृथक् विशिष्टता रखता है। इस महाविद्यालय में वेदालंकार परीक्षा में वेद,–वेदांग, संस्कृत साहित्य तथा भारतीत दर्शनशास्त्र की अनिवार्य उच्च शिक्षा के साथ–साथ अंग्रेजी भाषा, हिन्दी साहित्य, मनोविज्ञान, इतिहास आदि के शिक्षण का प्रबन्ध है। इस प्रकार प्राचीन और नवीन का सुन्दर समन्वय है। इसके अतिरिक्त इस महाविद्यालय में वेद तथा संस्कृत विषयों में एम० ए० तथा पी-एच०डी० का भी प्रबन्ध है।

कला महाविद्यालय में विद्यालंकार परीक्षा में संस्कृत तथा प्राचीन भारतीय संस्कृति का सामान्य ज्ञान अनिवार्य रूप से कराया जाता है। इसके अतिरिक्त छात्र कोई तीन विषय अपनी इच्छानुसार चुनते हैं। आगे विभिन्न विषयों में एम० ए० तथा पी-एच० डी० की भी व्यवस्था है। विज्ञान का क्रियात्मक शिक्षण देने के लिए हमारे पास सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित प्रयोगशालाएं विद्यमान हैं।

आयुर्वेद महाविद्यालय में पांच वर्ष का पाठ्यक्रम है, जिसमें आयुर्वैदिक तथा एलोपैथिक दोनों चिकित्सा प्रणालियों का ज्ञान कराया जाता है। छात्रों को चिकित्सा का क्रियात्मक ज्ञान कराने के लिए तथा समीपस्थ ग्रामवासियों की सेवा के लिए रोगी, सुश्रुषा–गृह भी विद्यमान है। जिनमें लगभग १०० रोगियों के लिए शैयाएं है। यहाँ एक प्राचीन संग्रहालय भी है जिसकी स्थापना १९५० ई० में की गई थी। इस संग्रहालय में प्राचीनतम सोने, चाँदी, तांबे, अष्टधातु आदि के सिक्के, पाण्डुलिपियाँ, मूर्तियां, मृणमूर्तियाँ, पुरातन चित्रकला आदि के नमूने विद्यमान हैं।

इस संस्था में एक विशाल पुस्तकालय है जिसमें विभिन्न विषयों की लगभग ९२,००० पुस्तकें हैं। पुस्तकालय में इस विश्वविद्यालय के छात्रों के अतिरिक्त बाहर से भी शोधार्थी आते हैं जो यहां के संदर्भ ग्रंथों का लाभ उठाते हैं। मैं इस बात का भी उल्लेख करना चाहूंगा कि गुरुकुल पुस्तकालय में हम आर्य समाज के सम्पूर्ण साहित्य का संग्रह करने जा रहे हैं, ताकि भविष्य में यह सामग्री शोधार्थियों को आसानी से सुलभ हो सके।

इसके अतिरिक्त हमारे पुस्तकालयध्यक्ष श्री जबरसिंह सेंगर के नेतृत्व में गुरुकुल के समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्र में गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय पुस्तकालय की १० शाखाएं खोलने का भी

निर्णय लिया गया है, ताकि ग्रामीण जनता को उनके लिए उपयोगी साहित्य उपलब्ध कराया जा सके। यह योजना राजा राममोहन राय फाउण्डेशन के सहयोग से आरंभ की जा रही है।

उन्हीं ग्रामों में मेरे सहयोगी डा० अनन्तानंद के नेतृत्व में आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की भी योजना है-।

श्रीमन् !

अब मैं आपके समक्ष इस संस्था ने गतवर्ष जो कार्य किया है उसका संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत करना चाहूंगा। सबसे पहले मैं श्रद्धानन्द शोध संस्थान का जिक्र करूंगा। आर्ष साहित्य में शोध की आवश्यकता को दृष्टिगोचर रखते हुए इस संस्थान की स्थापना की गई है। इसके निर्देशक मेरे सुयोग्य अग्रज डा० सत्यकेतु विद्यालंकार हैं।

जैसा कि विद्वद्जनों को विदित ही है कि प्रो० गुरुदत्त ने पिछली शताब्दी में वैदिक मैगजीन का का प्रकाशन प्रारम्भ किया था। उनके देहान्त के बाद यह बन्द हो गया था। पुनः प्रो० रामदेव ने इसका प्रकाशन गुरुकुल से १९०७ ई० में प्रारंभ किया। एवं यह पत्रिका १९३६ ई० तक सफलता पूर्वक प्रकाशित होती रही। इस पत्रिका के माध्यम से टालस्टाय एवं रोमियाँ रोलां का राम देव जी से पत्र व्यवहार हुआ। अब हमने वैदिक पाथ, के नाम से, वैदिक मैगजीन को पुनर्जीवित किया है। यह पत्रिका अंग्रेजो में है और इसके माध्यम से भारत के अहिन्दी भाषी प्रदेशों एवं अंग्रेजी भाषा-भाषी जगत् में भारतीय संस्कृति के प्रसार को बढ़ावा मिलेगा। इसके संपादन का भार भी डा० सत्यकेतु ने संभाला है। हम उनके बहुत आभारी हैं।

इसी प्रकार इन्हीं दिनों, शोध भारती, के नये इस्यू का भी प्रकाशन होने जा रहा है। इनके अतिरिक्त यहाँ से गुरुकुल पत्रिका, प्रकाशित होती है। वैसे तो यह पुरानी पत्रिका है पर कई कारणों से उसका नियम पूर्वक प्रकाशन नहीं हो पा रहा था अब ऐसी व्यवस्था कर दी गई है कि उसका नियम पूर्वक प्रकाशन हो। इसके मुख्य संपादक पहले पं० भगवद्दत्त थे। उनके अवकाश ग्रहण के बाद अब श्री रामाश्रय ने यह भार संभाला है। इसी प्रकार यहाँ के अध्यापक गण की देख-रेख में विद्यालय के बच्चों ने ध्रुव, और विश्व-विद्यालय के छात्रों ने प्रह्लाद पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ करने का निश्चय किया है। प्रह्लाद पत्रिका में इस प्रकार की जानकारी उपलब्ध की जायगी जिससे कि छात्रों को रोजगार ढूढने में सुविधा हो, बच्चों के ये दोनों प्रोजेक्ट श्लाघनीय हैं।

जैसा कि मैं ऊपर कह चुका हूं गुरुकुल शब्द ही एक पारिवारिक भावना का प्रतीक है। इस भावना को सुदृढ़ करने हेतु हमने यहाँ बारह परिवार बनाये हैं। वर्ष में बारह मास होते हैं। अतः जन्म के मास के अनुसार हमने छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बारह परिवारों में संगठित किया है। एवं इन परिवारों के नाम आधुनिक भारत के निर्माता – नेताओं के नामों से जोड़ दिए हैं। जैसे– नेहरू परिवार, श्रद्धानन्द परिवार, लाजपत परिवार, दयानन्द परिवार, भगतसिंह परिवार, आदि। उसी के अनुसार यह निश्चय किया है कि गुरुकुल पत्रिका के भी उन्हीं नायकों के नाम पर बारह अंक निकाले जायें अभी तक नेहरू अंक (नवम्बर १९७५) श्रद्धानन्द अंक (दिसम्बर १९७५), लाजपतराय अंक (जनवरी १९७६), दयानन्द अंक (फरवरी

१९७६), एवं भगतसिंह अंक (मार्च १९७६) निकल चुके हैं। इसके बाद आर्य भट्ट अंक (अप्रैल), रवीन्द्र अंक (मई), तिलक अंक (जुलाई) अरबिन्द अंक (अगस्त), विनोबा अंक (सितम्बर) गाँधी अंक (अक्टूबर) निकालने की योजना है। तात्पर्य यह है कि प्रत्येक कुलवासी इन महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा प्राप्त करता हुआ अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर हो।

श्रीमती इन्दिरा गाँधी के २० सूत्रीय कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के सम्बन्ध में यहाँ के आचार्यों ने फरवरी में एक गोष्ठी की। उसकी रिपोर्ट गुरुकुल पत्रिका में छप गई है। इस प्रोग्राम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में बुक बैंक की व्यवस्था की जा रही है, ताकि छात्रों को पाठ्य पुस्तकें आसानी से सुलभ हो सकें।

छात्रों के आश्रमों अर्थात् होस्टलों में निवास एवं भोजनादि की व्यवस्था के लिये हमने आश्रमाध्यक्षों को नियुक्त किया है। उनसे अपेक्षित है कि वे आश्रम में ही रहे और छात्रों की आवश्यकताओं, दिनचर्या आदि की समुचित देखरेख करें। श्री क्रान्ति कृष्ण मुख्य आश्रमाध्यक्ष है।

छात्रों के स्वास्थ को बढ़ावा देने हेतु हम यहां एक शारीरिक प्रशिक्षण विभाग एवं योग संस्थान स्थापित करना चाहते हैं। विश्वविद्यालय में घुड़सवारी और संगीत की कक्षाएं प्रारम्भ करने की भी योजना है। इसके साथ-साथ यहाँ स्टेडियम, बोट क्लब आदि खोलने का भी प्रस्ताव है लेकिन ये सभी योजनायें धनाभाव के कारण रुकी हुई हैं।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि हमारे एक छात्र ब्र० देवकेतु ने कार रोकने का अभ्यास किया है तथा अन्य छात्रों ने यौगिक आसनों में दिलचस्पी दिखलाई है। इनके चित्र आपने गुरुकुल पत्रिका के दयानन्द अंक में देखे होगें। ब्र० देवकेतु को १९७६ के 'अभिमन्यु श्री' सम्मान से सुशोभित किया गया है। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत राजेन्द्र कुमार को उत्तरकाशी में हो रहे पर्वतारोहण शिविर में भेजा है। आशा है कि वह वापसी पर यहां के छात्रों को इस दिशा में प्रेरणा दे पायेगें।

गुरुकुल की एन० सी० सी० यूनिट ने प्रो० वीरेन्द्र के नेतृत्व में सराहनीय सफलता प्राप्त की है। आर्य समाज शताब्दी जलूस में उनके प्रदर्शन की सब ओर से सराहना की गई थी।

गुरुकुल के भावी विकास के लिये तथा वर्तमान दशा को सुधारने के लिये माननीय कुलाधिपति महोदय ने पिछले मास एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इसके अध्यक्ष पंजाब विश्वविद्यालय के भूतपूर्व कुलपति पद्मभूषण डा० सूरजभान हैं। इनके अन्य सदस्य श्री सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार, भूतपूर्व कुलपति गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, पं० अमरनाथ विद्यालंकार, संसद सदस्य, श्री भक्तदर्शन जी, कुलपति, कानपुर विश्वविद्यालय, श्री मसूद हुसैन खां, कुलपति, जामियां मिलिया डा० हरवंशलाल शर्मा, निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, श्री अनिल बोर्डिया सह-सचिव शिक्षा मंत्रालय, श्री आर० के० छाबड़ा, सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग हैं। इसकी पहली मीटिंग ६ अप्रैल, ७६ को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कक्ष में हुई।

जनरल बहस के बाद कमेटी ने निम्नलिखित

तीन सब कमेटियां नियुक्त की हैं । वह अपने-अपने विषयों पर गहराई से विचार करके अपनी रिपोर्ट बड़ी कमेटी के सम्मुख विचारार्थ प्रस्तुत करेंगी ।

१–विधान उप-समिति
२–शिक्षा उप-समिति
३–वित्तीय उप-समिति

इनके अध्यक्ष क्रमशः डा० सूरजभान, पं० सत्यव्रत तथा पं० अमरनाथ हैं । इनको अन्य सदस्य सहवरण करने के अधिकार दे दिये गये हैं ।

मैं अपनी और गुरुकुल की ओर से इन महानुभावों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ कि उन्होंने गुरुकुल के हित में अपना अमूल्य समय देना स्वीकार किया है ।

पिछले दिनों मुझे आचार्य विनोबा भावे द्वारा बुलाये गये आचार्य सम्मेलन में भाग लेने का अवसर मिला । मेरी प्रार्थना पर हमारी संस्था के आचार्य गण एवं विद्यार्थी गण के नाम आचार्य ने जो संदेश दिया है वह गुरुकुल पत्रिका के दयानन्द अंक में प्रकाशित हुआ है । वह है–

शान्तं, शिवं, अद्वैतम् ।

मैं इसकी यहाँ व्याख्या करके आपका अमूल्य समय नहीं लेना चाहता । इतना जरूर कहूँगा कि हमें इस भावना को कार्य रूप में लाना है । इसी उद्देश्य से हमने गत बसन्त पंचमी को अपने यहाँ भी आचार्य कुल की स्थापना की है । यह समारोह गुरुकुल की पुण्य भूमि स्वामी धर्मानन्द सरस्वती के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ । सत्रह अध्यापकों ने आचार्य कुल के संकल्प लिये । श्री हरगोपाल सिंह इसके संयोजक हैं ।

गत जनवरी में जो कुलपति सम्मेलन हुआ था उसमें शिक्षा के क्षेत्र में दो सुधार विशेषकर उभर कर सामने आये । एक था दस+दो+तीन की शिक्षा योजना को अपनाने के बारे में दूसरा था परीक्षाफल में लेटर ग्रेडिंग सिस्टम लागू करने के बारे में । इन सुझावों को गुरुकुल में कब कैसे अपनाया जाय इसके बारे में हमारी शिक्षा पटल की पिछली बैठक में चर्चा हुई थी । निर्णय यह हुआ था हम अपने अध्यापकों की टीमें इन सुधारों की क्रिया पद्धति को समझने के लिए पिलानी, रुड़की तथा अन्य विश्वविद्यालयों में भेजें । साथ में जैसा कि श्रीमन् आप द्वारा बुलाये गये उत्तर प्रदेश के कुलपतियों के सम्मेलन में वर्कशाप होल्ड करने का निर्णय हुआ उसमें भी हम अपने अध्यापकों को भेजने का इरादा रखते हैं ।

बिला शक आज सभी स्वीकार करते हैं कि सामान्य शिक्षा को जीवनोन्मुख बनाये बिना देश का कल्याण नहीं है । साथ में शिक्षा के क्षेत्र को व्यापक करने के बारे में भी अब दो राय नहीं है। हर सम्मेलन में इंटर डिसीप्लिनैरी शिक्षा पद्धति की चर्चा होती है । यह बात शायद कइयों के लिए नई होगी कि स्वामी दयानन्द ने तो आज से १०० वर्ष पहले इन्टर डिसिप्लिनैरी शिक्षा पद्धति लागू करने पर जोर दिया था । सत्यार्थ-प्रकाश में शिक्षा के जिस पाठ्यक्रम का जिक्र किया गया है उसके अनुसार एक शिक्षित युवक के लिए जहाँ यम-नियम के पालन एवं वेदाध्ययन का प्रावधान है, वहाँ ४ वर्ष तक आयुर्वेद तथा दो वर्ष तक धनुर्वेद अर्थात्- कवायद, आदि सीखने का भी आदेश है । इसके बाद गान विद्या सीखने का कार्यक्रम है । साथ ही दो वर्ष तक ज्योतिष शास्त्र, सूर्य सिद्धान्त बीजगणित, अंक, भूगोल, खगोल, आदि विद्याओं को सीखने का प्रावधान है।

तत्पाश्चात् हस्तक्रिया, यन्त्रकला भी सिखलावें। स्वामी जी कहते हैं कि ऐसा प्रयत्न पढ़ने और पढ़ाने वाले करें जिससे बीस व इक्कीस वर्ष के भीतर समग्र विद्या प्राप्त कर, मनुष्य कृत-कृत्य हो, एवं सदा आनन्दमय रहे।

कई हलकों में आरोप लगाया जाता है कि आर्यसमाज एक रूढ़िवादी एवं ज्ञान-विज्ञान विरोधी संस्था है। पर यदि कोई भी निष्पक्ष व्यक्ति आर्य समाज के नियमों पर दृष्टिपात करे तो उसे मानना होगा कि आर्य समाज एक प्रगतिशील एवं क्रान्तिकारी संस्था है। जो प्रत्येक नागरिक की अध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक उन्नति चाहती है। आर्य समाज का लक्ष्य धर्म, जाति, देश से उठकर समानता पर आधारित शोषण रहित विश्व समाज का निर्माण करना है। आर्य समाज के पिछले १०० वर्षों के इतिहास पर किसको गर्व न होगा? गुरुकुल की स्थापना भी इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए काम करने वाले व्रतधारी ब्रह्मचारी पैदा करने हेतु की गई थी। जैसा कि मैं ऊपर कह चुका हूं गुरुकुल से निकले हुए ब्रह्मचारियों ने देश की विभिन्न प्रगतिशील प्रवृत्तियों में भाग लेकर जहां देश की प्रगति एवं कल्याण में अपना योगदान दिया है वहां गुरुकुल का नाम भी उज्ज्वल किया है। आज के सुअवसर पर हम अपने उन लब्धप्रतिष्ठ अग्रजों को पुनः याद करते हैं और उनके चरणचिह्नों पर निर्भय होकर चलने का संकल्प लेते हैं।

जवाहरलाल नेहरू के शब्दो में—

"विश्वविद्यालय का उद्देश्य मानवता, सहिष्णुता, विवेक, नये—नये विचार और सत्य की खोज एवं मानव जाति को उच्चतर लक्ष्य की और अग्रसर करना है। जिस राष्ट्र के विश्वविद्यालय अपने कर्त्तव्य का सही अर्थ में पालन करते है वह राष्ट्र धन्य है और उसकी प्रजा का कल्याण सुनिश्चित है। परन्तु यदि विद्या के ये मन्दिर संकीर्णता और तुच्छ लक्ष्यों के गढ़ बन जायें तो ऐसे राष्ट्र और जनपद उन्नति और विकास की ओर अग्रसर नहीं हो सकते।"

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि गुरुकुल के गुरूजन इन लक्ष्यों को सामने रखकर उन्नति के पथ पर अग्रसर होंगे। क्योंकि अन्ततोगत्वा किसी भी विश्वविद्यालय का स्तर उसके अध्यापक वर्ग के स्तर से ऊंचा नहीं उठ सकता।

श्रीमन्।

मैं एक बार फिर यहां उपस्थित विद्वजनों का अभिनन्दन करता हूं। मैं विद्वान गुरुजनों को प्रणाम करता हूं। मैं प्रशासकों के कार्य—कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करता हूं, शोधार्थियों एवं उनके विद्वान निर्देशकों की सत्यानुसंधान के लिए किये गये सतत् परिश्रम की सराहना करता हूं एवं संरक्षक—सभा के पदधिकारियों का भी कृतज्ञ हूं जिन्होंने समय समय पर सुझाव देकर हमारा मार्ग-दर्शन किया है, और प्रार्थना करता हूं कि भगवान हमको सद्बुद्धि दे ताकि हम स्वामी श्रद्धानन्द की वसीयत के अनुसार गुरुकुल की रक्षा करने में सफल हों।

श्रीमन्,

राष्ट्रीय विचारधारा से ओतप्रोत इस विश्वविद्यालय को विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर, पं० मदन मोहन मालवीय, महात्मा गांधी, मोतीलाल नेहरू, बाबू राजेन्द्र प्रसाद, सरदार पटेल, डा० राधाकृष्णन, जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इन्दिरा

गांधी का आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है। इसी शृंखला में आज आपने इस तपोभूमि में पदार्पण कर हमारा उत्साह बढ़ाया है। इसके लिये हम आपके अत्यन्त आभारी हैं तथा इस संस्था के उपर्युक्त संक्षिप्त परिचय के साथ इस श्रद्धानन्द नगरी में हम आपका हार्दिक स्वागत करते हैं। आप का सारा जीवन देश सेवा में व्यतीत हुआ है तथा इस समय आपने हमारे उत्तर-प्रदेश का नेतृत्व संभाला हुआ है और इसे सब सुख-सुविधाओं से समन्वित एवं उन्नत करने के लिये आज सर्वान्तःमना प्रयत्नशील हैं। अब मेरी आपसे प्रार्थना है कि नव स्नातकों को आशीष प्रदान करें और हमारा मार्ग-निर्देशन करें।

टिप्पणी:—"दीक्षान्त समारोह पर कुलपति द्वारा सम्बोधन—बलभद्र कुमार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार—१४ अप्रैल, १९७६" भाषण के पृष्ठ ९ पंक्ति २४ पर छपे 'अंग्रेजों' को 'अग्रजों पढ़ें।

—सम्पादक

हमारे गुर बड़े भ्रिंगी।
आंनि कीटक करत भ्रिग सो आपतैं रंगी॥
पाइं औरै पंख औरै और रंग रंगी।
जाति पांति न लखै कोई भगत भौ भंगी॥१॥
नदी नाला मिले गंगा कहावै गंगी।
समांनीं दरियाव दरिया पार ना लंघी॥२॥
चलत मनसा अचल कीन्हीं मांहिं मन पंगी।
तत्त में निहतत्त दरसा संग मैं संगी॥३॥
बंध तैं निर्बंध कीया तोरि सब तंगी।
कहै कलीर अगम किया गम रांम रंग रंगी॥४॥

कबीर

गुरुकुल समाचार

श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार

ऋतु-रंग

अप्रैल मास के मध्य तक का ऋतु-चक्र इस प्रकार रहा। दिन के तापमान में उष्णता बढ़ चली। प्रातः और सायं की हल्की सी ठण्ड रह गई। हवा के झोंकों से वृक्षों की डालियां झूमने लगी। नये पत्तों का उद्भव एवं पके पत्तों का पतन साथ-साथ चलता रहा। आंधी व तूफान का भय बना रहा। शीतलपेय की लालसा बढ़ चली। विद्युत्त पंखे घूमने लगे। ब्रह्मचारियों ने नहर-स्नान का आनन्द उठाना प्रारम्भ कर दिया। शहतूत पक गए। कटहल वृक्ष फूल उठे। नन्ही-नन्ही अम्बियों का अभाव रहा। परीक्षा की तैयारी में लगे छात्रों के झुण्ड इतस्ततः दिखाई देने लगे। मच्छरों व मक्खियों का प्रभाव बढ़ चला।

विद्यालय-विभाग

विद्यालय-विभाग में आश्रम की सुव्यवस्था एवं अध्ययन व अध्यापन का कार्य सुचारु रुपेण चलता रहा।

मुख्याध्यापक-की नियुक्ति—'विद्यालय-विभाग में १२ अप्रैल से श्री ओमप्रकाश जी राजपाल ने मुख्याध्यापक पद का कार्यभार सम्भाल लिया है। आप पहले भी कई बार गुरुकुल आ चुके हैं। प्रथम बार १९३१ तथा १९३३ में एवं तृतीय बार १९४२ में एक आर्य युवक के रूप में गुरुकुल आये थे। आपको शिक्षा क्षेत्र का लगभग २२ वर्ष का अनुभव है। आप अभी पिछले दिनों सेना से सेवा मुक्त हुए हैं। आप एक सहृदय, सुयोग्य तथा अनुशासन प्रिय व्यक्ति है।" आशा है हमारे नये मुख्याध्यापक जी गुरुकुलीय परम्पराओं की आधार शिला पर विद्यालय को उन्नति, अनुशासन और गतिशीलता की को ओर ले जाने का प्रयास करेंगे। सहयोगी अध्यापकों एवं अधिष्ठाताओं की शुभ कामनाएं एवं पूर्ण सहयोग आपके साथ हैं।

टेकचन्द नागिया आश्रम में गति शीलता

डा० जसवीरसिंह जी (आश्रम अधि०) के अनुसार आयुर्वेदिक टी० एन० छात्रावास का वातावरण शाँत और सौम्य है। सारे आश्रम में सफेदी कर दी गई है। समस्त आश्रमवासी छात्र नियमित रूप से संध्या-हवन में भाग लेते हैं। सभी छात्र अपने अध्ययन में लगे हैं। ज्ञात हुआ है कि आयुर्वेद महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षाएं निकट भविष्य में प्रारम्भ होने वाली हैं।

श्री पं० भगवद्दत्त जी का अभिनन्दन

परमादरणीय पं० भगवद्दत्त जी वेदालंकार का आर्य समाज गुरुकुल काँगड़ी के प्रधान पद से निवर्तमान होने पर आर्यसमाज के समस्त सदस्यों ने ३।४।७६ के एक भव्य-समारोह में आर्य समाज मन्दिर में अत्यन्त शालीनता पूर्ण एवं सहृदयतापूर्ण अभिनन्दन किया। समारोह की अध्यक्षता मान्य कुलपति श्रीबलभद्रकुमार जी ने की। समारोह का प्रारम्भ ब्र०गणेशप्रसाद विद्यालंकार के ईश्वर-स्तुति परक भजन से हुआ। आर्यसमाज के मन्त्री श्री श्रीचन्द जी तथा कार्यालय के श्री वाचस्पति जी ने पण्डित जी को माला पहना कर सम्मान दिया। तदनन्तर पं० जी की सेवाओं के लिए उन्हें एक प्रशास्ति-पत्र भेंट किया गया। डा० वासुदेव जी चैतन्य, डा० निगम जी, प्रो. भारत भूषण जी, श्री शिवचरण जी ने समान रूप से पण्डित जी के जीवन के विभिन्न कार्यों की सराहना की: श्री सुरेशचन्द्र जी (प्रिन्सिपल वि० महा०) ने आपको अजात शत्रु बताया। डा० अनन्तानन्द जी आयुर्वेदालंकार (प्रिन्सि० आयुर्वेद महा०) ने पं० जी को वेदों का गहन अध्येता, तथा गुरुकुल की विशेष विभूति बतायी। डा० गंगाराम जी (कुलसचिव) ने कहा कि—आपकी 'स्वप्न विज्ञान' एक मौलिक कृति है। जिसका अंग्रेजी अनुवाद हो तो, पश्चात्य विद्वानों में इसका सम्मान होगा। आचार्य डा० रामनाथ जी वेदालंकार ने कहा कि—पंण्डित जी जैसी विभूति पर गुरुकुल गर्व कर सकता है। वैदिक-संस्कृत में गति होने के साथ आपकी लौकिक संस्कृत में अबाध गति है। मान्य कुलपति जी ने कहा——मेरी पण्डित जी के प्रति हार्दिक स्नेह और श्रद्धा है। मैं कभी यह नहीं सोच सकता कि पण्डित जी कभी गुरुकुल से अलग हो सकते हैं।

अन्त में अभिनन्दन के प्रत्युत्तर में पण्डित जी ने सबका हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरे जीवन में त्रुटियाँ भी है। परमात्मा ने मुझे वेद पढ़ने की ओर प्रेरित किया है। अध्यात्म में मेरी सदा रुचि रही है। कुल माता सदा मेरे साथ है।" शान्ति पाठ और मिष्ठान वितरण के पश्चात् समारोह समाप्त हुआ।

कुलपति जी का मौन-यज्ञ

पिछले दिनों अकस्मात् गुरुकुलीय सागर में विक्षोभ सा आ गया। कुलपति जी ने उस विक्षुब्ध सागर में शांति-यान चला कर कुछ स्थैर्य लाने की कोशिश की। लगभग ४ दिन के मौन एवं अनशन यज्ञ के द्वारा मान्य कुलपति श्री बलभद्रकुमार जी ने, गुरुकुल से हिंसा, प्रमाद, अनुशासन हीनता तथा भय इन चार दुष्प्रवृत्तियों को दूर करने के लिए अपनी अन्तर्मुखी सात्विक आहुतियां डाली। जिससे परस्पर के मनोमालिन्य में स्नेह और सहयोग के अंकुरों का प्रस्फुटन दृष्टिगत हुआ।

गुरुकुल के ७६ वें वार्षिकोत्सव की कुछ झांकियां

गुरुकुल का ७६ वां वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण के साथ समाप्त हो गया। दूर-दूर से ज्ञान-पिपासु अपनी श्रद्धा-भक्ति का भाव लेकर गुरुकुल पधारे तथा यहां ४ दिन ज्ञान

गंगा में स्नानकर अपने-अपने घरों को लौट गये । गुरुकुल उन सभी महानुभावों का धन्यवाद करता है तथा सदा ही प्रेम भाव की आशा करता है। यदि किसी को भोजन व निवास आदि का कोई कष्ट हुआ हो तो वह उसकी क्षमा चाहता हुआ भविष्य में आपके सहयोग की पुनीत एवं पूर्ण आशा करता है । समस्त जनता के सहयोग से उत्सव का जो कार्यक्रम-चला उसकी संक्षिप्त झालक हम यहाँ दे रहे हैं--

११ अप्रैल:--प्रातः संध्या, प्रार्थना तथा यज्ञ आदि के पश्चात् स्वामी सर्वानन्द जी महाराज ने कुलपता का आरोहण किया । तदन्तर खेमचन्द जी और श्यामसिंह हितकर के मनोहर भजन हुए । स्वामी सर्वानन्द जी महाराज का वेद-विषय को लेकर सदुपदेश हुआ । उन्हों ने कहा कि-"वेदों में जो धर्म है वह सब मतों से उत्तम है। स्वामी धर्मानन्द जी सरस्वती (पं० धर्मदेव जी) ने कहा कि अब आर्यसमाज के नेताओं को प्रचार की अपेक्षा आचार पर बल देना चाहिए ।

आयुर्वेद सम्मेलन:--मध्याह्न में आयुर्वेद सम्मेलन हुआ। अध्यक्षता भूतपूर्व कृषि राज्य मन्त्री प्रो० शेरसिंह जी ने की । श्री ओमानन्द जी महाराज ने उद्घाटन भाषण में आयुर्वेदिक औषधियों के महत्त्व को प्रदर्शित करते हुए अनेक अनुभूत योग भी बताये । स्वामी सर्वानन्द जी, श्री योगेन्द्रपाल जी शास्त्री, कु० ज्योत्स्ना एम० ए०, डा० अनन्तानन्द जी आदि अनेक वक्ताओं ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के गुणों का बखान किया । सम्मेलन का संचालन पंचपुरी के प्रसिद्ध वैद्य एवं गुरुकुल आयुर्वेद के उपाध्याय, रामनाथ जी ने बड़ी कुशलता पूर्वक किया ।

रात्रि में स्वामी ओमानन्द जी महाराज का ओजस्वी व्याख्यान हुआ । तदन्तर सार्वदेशिक सभा के महामन्त्री श्री ओमप्रकाश जी पुरुषार्थी ने वैदिक समाजवादी विचारधारा का सुन्दर निरूपण किया ।

१२ अप्रैल-दूसरे दिन प्रातः संध्या, प्रार्थना तथा यज्ञ के पश्चात् श्री वीरेन्द्र जी 'वीर' भजन मण्डली के भजनोपदेश हुये । स्वामी रामेश्वरानन्द जी का धार्मिक प्रवचन हुआ । तदन्तर चित्तौड़गढ़ गुरूकुल के आचार्य तथा गु० कां० के स्नातक स्वामी व्रतानन्द जी महाराज का 'ओ३म्' पर सारगर्भित और आनन्दायी प्रवचन आ ।

आर्य सम्मेलन:--मध्यान्ह में वीरेन्द्र जी 'वीर' शोभाराम जी प्रेमी, खेमसिंह आदि के मनोहर भजनों के पश्चात् आर्य सम्मेलन का कार्यक्रम चला । अध्यक्षता आचार्य पृथ्वीसिंह जी आजाद ने की । सम्मेलन का उद्घाटन-लाला रामगोपाल शालवाले ने किया । संचालन श्री जयदेव वेदालंकार ने किया । श्री सच्चिदानन्द जी शास्त्री, आचार्य प्रियव्रत जी विद्यामार्तण्ड, श्री वीरेन्द्र जी (मन्त्री आ० प्र० स० प०) श्रीमती ईश्वरी देवी आदि वक्ताओं ने महत्त्वपूर्ण विचार प्रकट किए ।

रात्रि में-पन्नालाल जी पीयूष के संगीत के पश्चात् श्री ओमानन्द जी महाराज एवं पं० क्षितीश जी वेदालंकार के विचारोत्तेजक भाषण हुए । स्वामी ओमानन्द जी ने जहाँ आर्यसमाज की गतिविधियों पर मार्मिक उद्गार प्रकट किए, वहां श्री क्षितीश जी ने अपने विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान में वाल्मीकीय रामायण के उद्धरण देकर पुष्ट किया कि 'राम' कपोल कल्पित पात्र नहीं है, अपितु

वह एक ऐतिहासिक पुरुष-रत्न है। भारतीय संस्कृति की जड़ों को कुरेदने वाले व्यक्तियों को उन्होंने पूर्ण रूप से चुनौति दी।

१३ **अप्रैल**--तीसरे दिन संध्याप्रार्थना व यज्ञ के पश्चात् वीरेन्द्र जी वीर मण्डली के भजन हुए तदनन्तर आचार्य डा० रामनाथ जी वेदालंकार की अध्यक्षता में नवीन ब्रह्मचारियों का वेदारम्भ संस्कार हुआ। स्वामी व्रतानन्द जी महाराज ने धर्मोपदेश किया।

शिक्षा सम्मेलन--मध्यान्ह में बलबीर सिंह जी बेधड़क के भजनोपदेश के पश्चात् शिक्षा सम्मेलन की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। गुरुकुल के वरिष्ठ हिन्दी प्राध्यापक डा० विष्णुदत्त जी राकेश ने सम्मेलन का संचालन किया अध्यक्षता-भारतीय शिक्षा शास्त्री डा० सूरजभानसिंह जी ने की। उद्घाटन भाषण प्रसिद्ध वैज्ञानिक विद्वान् स्वामी सत्यप्रकाशानन्द जी महाराज ने किया। सर्व श्री डा० सत्यकेतु जी विद्यालंकार, सुरेशचन्द्रजी (प्रिन्सिपल वि० विद्यालय), पं० कपिलदेव जी शास्त्री आदि प्रमुखवक्ताओं ने शिक्षा सम्बन्धी विविध परिचर्यायें प्रस्तुत करते हुए आधुनिक परीक्षा प्रणाली का भी विवेचन किया। अध्यक्ष पद से डा० सूरजभान जी ने कहा--"आवश्यकता इस बात की है कि "विद्यार्थी विद्याध्यन करें तथा अध्यापक दत्तचित्त हो विद्या-दान करें।

रात्रि में श्री वीरेन्द्रजी 'वीर' तथा खेमसिंह जी के भजनोपरान्त आचार्य प्रियव्रत जी ने गुरुकुल शिक्षा-पद्धति की उत्कृष्टता बताते हुए समस्त गुरुकुल प्रेमी जनता से दान की अपील की। तदन्तर गुरुकुल के विद्वान स्नातक पं० क्षितीश जी वेदालंकार ने 'महाभारत' की ऐतिहासिकता पर खोजपूर्ण व्याख्यान दिया। समस्त जनता रात के १२ बजे तक उनके व्याख्यान को दत्तचित्त हो सुनती रही। उन्होंने कहा कि "आर्यसमाज ने वेदों की रक्षा के लिए जो महान् कार्य किया है वैसा ही अब हिन्दुओं के राम और कृष्ण को बचाने के लिए करना पड़ेगा।"

दीक्षान्त-समारोह

१४ **अप्रैल**:--प्रातः विश्व विद्यालय के कुलसचिव डा० गंगाराम जी के नेतृत्व में दीक्षान्त समारोह की कार्यवाही का संचालन हुआ। सबसे प्रथम झण्डा चौक से सन्यासी गण, नव स्नातक, मान्य प्रतिथि, उपाध्याय, छात्रगण, कर्मचारी अन्यअभ्यागत महोदय एक जुलूस के द्वारा मुख्य पण्डाल में प्रविष्ट हुए। शंख ध्वनि की गई। कुलगीत हुआ। पाण्डाल की शोभा द्विगुणित हो उठी। यज्ञ-वेदी से होम का पवित्र धूम स्वर्ग-सोपान बनाता हुआ, मन्त्रों की सात्विक स्वर लहरी के साथ आकाश की ओर लुप्त हो चला।

अब समय आया, दीक्षान्त की मुख्य कार्यवाही का। कुलसचिव जी ने कुलाधिपति की आज्ञा से दीक्षान्त समारोह के प्रारम्भ की घोषणा की। मान्य कुलपति श्री बलभद्रकुमार जी ने वेद एवं हिन्दी साहित्य के कुछ अधिकारी विद्वानों सर्व श्री पं० भगवदत्त जी वेदालंकार, पं. विष्णुमित्र जी, हिन्दी सेवी जैनेन्द्र कुमार जी जैन, पं हरिदत्त जी वेदालंकार आदि को गुरुकुल की सर्वोच्च उपाधि 'विद्या मार्तण्ड से विभूषित किया।



गुरुकुल-पत्रिका के सम्पादक प्रो० रामाश्रय मिश्र डॉ० चेन्नारेड्डी से 'शोध-भारती', 'गुरुकुल-पत्रिका' एवं 'वैदिक-पथ' पर हस्ताक्षर करवाते हुए साथ, प्रसन्न मुद्रा में कुलपति श्री बलभद्रकुमार जी

तदनन्तर कुल के आचार्य डा॰ रामनाथ जी वेदालंकार ने नवस्नातकों को प्राचीन ऋषि-मुनियों व आचार्यों द्वारा दिया जाने वाला गरिमामय उपदेश देते हुए सभी नव स्नातकों को पी-एच॰ डी॰, एम॰ए. एम-एस-सी॰, विद्यालंकार, वेदालंकार तथा बी॰ एस॰ सी॰ की उपाधियां बितीर्ण की।

दीक्षान्त के तीसरे चरण में मान्य कुलपति जी ने गुरुकुल का प्रगति सम्बन्धी परिचय-पत्र समस्त जनता के सामने प्रस्तुत किया तथा गुरुकुल के समस्त विभागों के उत्तम कार्य कर्त्ताओं को विशेष पुरस्कृत किया। (जिनकी नामावली अगले अंक में दी जाएगी)।

महामान्य राज्यपाल डा० चेन्नारेड्डी के उद्गार

दीक्षान्त-समारोह के अन्तिम चरण में नव स्नातकों को आशीर्वाद देते हुए समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के महामहीम राज्यपाल डा॰ चेन्नारेड्डी ने अपने स्पष्ट एवं ओजस्वी तथा विचारोत्तेजक भाषण में गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली का आलोचनात्मक विश्लेषण किया। अपने भाषण में राज्यपाल महोदय ने कहा कि—"गुरूकुल हमारे देश की आदर्श शिक्षा प्रणाली का आधार बना हुआ था। हम विश्वविद्यालय-स्तर पर बच्चों को सुधारने की कोशिश करते हैं किन्तु कामयाब नहीं हो पाते। परेशान हैं अतः गुरूकुल शिक्षा एक आधार है। बुनियाद को छोड़कर हम कभी मजबूत नहीं हो सकते एमरजेंसी ने कुछ सुधार किया है किन्तु हमें तो आगामी बातों पर विचार करना है। मुझे १७ विश्वविद्यालयों का वाइसचांसलर होने का कठोर अनुभव है। मैं यहाँ इसलिए आया कि वर्तमान में फैली व्यापक समस्याओं का समाधान आपके पास मिलेगा। हमें चाहिए कि हम गुरूकुल की जो बातें हैं उन्हें लाये। हम अंग्रेजों की तरह सोचते है। अपनी महत्त्वपूर्ण बातों को छोड़ बैठते हैं। आपके यहां जितने विभाग हैं, उन्हें और विस्तार देना होगा। आयुर्वेद जीवन विज्ञान है। आयुर्वेद के विद्वान् अपने अनुभूत योगों को मरते दम तक छिपाते हैं। यही कारण है कि दूसरे लोग हम पर हावी होते जा रहे हैं।" उन्होंने कहा—

"हमारी गुरूकुल परम्परा गुरू को महान् पद देती है। प्रध्यापक पद संकीर्ण है। मैं गुरू शब्द को महत्त्व देता हूं। गुरू के कुल में गन्दगी कैसी? हम बच्चों में लीन हो जाएं। वस्तुतः शिक्षक और पत्रकार वर्तमान और भविष्य के बनाने वाले होते हैं। मैं तो इस गुरूकुल में आदर्श देखना चाहता हूं। हम यहां के वातावरण को स्वच्छ और आदर्श बनायें। यह गुरूकुल यहाँ बैठी समस्त जनता की धरोहर है। इसकी हमें पूर्ण रूप से रक्षा करनी ही होगी। हर गिरावट ऊपर उठने का संकेत देती है। मुझे प्रसन्नता है कि—यहां शरीक होने का योग मिला। नव स्नातकों का स्वागत करता हूं। मुझे खुशी है कि आपके विश्व विद्यालय ने कुछ विद्वानों को बिशिष्ट उपाधियाँ दी। मैं विश्वविद्यालय को बधाई देता हूं। कुलाधिपति, कुलपति को बधाई देता हूं। और आशा करता हूं। कि गुरूकुल अपने आदर्शों को अपनाता हुआ आगे गढ़ेगा।"

तदन्तर पुराने स्नातकों द्वारा नब स्नातको का स्वागत श्री पं० पूर्णचन्द जी विद्यालंकार ने किया। नव स्नातकों की ओर से ब्र० वीरदेव जी ने प्रत्युत्तर दिया।

कुल सचिव डा० गंगाराम जी ने दीक्षान्त-समारोह की समाप्ति की घोषणा की। शान्ति-पाठ के पश्चात् समारोह समाप्त हुआ।

वेद सम्मेलन

मध्यान्ह भजनोपरान्त वेद सम्मेलन का कार्य क्रम चला। अध्यक्षता-स्वामी सत्यप्रकाशानन्द जी ने की। उद्घाटन श्री पं० प्रियव्रत जी विद्यामार्तण्ड ने किया। संयोजन प्रो० रामप्रसाद जी वेदालंकार ने किया। वैदिक-समाजवाद विषय पर प्रमुखवक्ताओं–सर्व श्री ब्र० अशोक कुमार जी ब्र० विक्रमकुमार जी, ब्र० हरिदेव जी, डा० सत्यकेतु जी, डा० विष्णुदत्त जी राकेश स्वामी धर्मानन्द जी सरस्वती ने ने विचार प्रस्तुत किए।

आचार्य डा० रामनाथ जी का अभिनन्दन–इसी सम्मेलन में डा० रामनाथ जी का उनके विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थ 'वेदों की वर्णन शैलियां' का विमोचन डा० सत्यप्रकाशानन्द जी ने किया। गुरुकुलीय विद्वानों ने माल्यार्पण द्वारा आचार्य जी का सम्मान किया। आचार्य जी ने सभी का धन्यवाद करते हुए विशेष रूप से गुरूकुल प्रेस के कार्यकर्त्ताओं तथा डा० हरिप्रकाश जी आदि का अत्यधिक हार्दिक आभार प्रकट किया।

व्यायाम-सम्मेलन

ब्र० देवकेतु द्वारा बल प्रदर्शन:–१४ अप्रैल को व्यायाम सम्मेलन के प्रथम चरण में कुल के उदीयमान छात्र अभिमन्यु और कुलीय भीम की प्रशस्ति से विभूषित ब्र० देवकेतु ने विपरीत दिशा में जाती हुई दो कारों को रोक कर, थाली चीर कर, समस्त जन समुदाय को आश्चर्य चकित कर दिया। कुलपति जी ने अपने स्नेह की बौछार से वातावरण को स्निग्ध कर दिया। समस्त जन समूह ने छात्र के शारीरिक बल प्रदर्शन से प्रभावित होकर दान भी दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता वैद्य हरनाम दास जी ने की।

व्यायाम सम्मेलन के दूसरे चरण में रात्रि में विद्यालय के ब्रह्मचारियों ने पी० टी०, डम्बिल्स, लेजिम स्तूप निर्माण, योगासनों आदि का स्फूर्तिदायक सुन्दर प्रदर्शन किया। इसके लिए विद्यालय के व्यायाम शिक्षक श्री रणजीत सिंह जी बधाई के पात्र हैं। ब्रह्मचारियों के इन उत्साह वर्धक खेलों के हर्षोल्लासमय वातावरण के मध्य वार्षिकोत्सव के क्रिया-कलापों का नव-संकल्प व नयी योजनाओं के साथ पटाक्षेप हुआ।

सेवा और त्याग की मूर्ति

स्वर्गीय श्री लक्ष्मणसिंह जी 'यती'

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पुस्तकालय की ऊपरी मंजिल पर एक कक्ष में बैठे दो सधे हुए हाथ फटी-पुरानी पुस्तकों को नया रूप देने में लगे हैं। वृद्ध-कलाकार अपनी साधना में जुटा है। उसकी साधना एक दो वर्ष की नहीं वर्षों की है। ९० वर्ष का वह वृद्ध-युवक उसी लय और तान में अपनी साधना को गति देता रहा। गुरुकुल के प्रति सच्ची सेवा-भावना क्योंकि उसके तन-मन में रच-बस गयो थो। अगर यह कलाकार चाहता तो किसी भी नगर अथवा कस्बे में जिल्दसाजी का कारोबार कर सकता था। प्रसिद्धि प्राप्त कर सकता था। किन्तु स्वामी श्रद्धानन्द जी के अनन्य भक्त, कांगड़ी ग्राम में जन्मे एवं संगीत के प्रेमी श्री लक्ष्मणसिंह जी यती ने कभी भी इस प्रकार के विचारों को मन में स्थान नहीं दिया। प्रतिदिन कांगड़ी गांव से गुरुकुल आने और जाने के लिए गंगा के तीव्रतम प्रवाह और तूफान को भी कुछ नहीं समझा। आपने वर्षों से पुण्य-भूमि में तथा गुरुकुल प्रेस में कार्य किया तदनन्तर श्री राम रखामल जी आपको पुस्तकालय में लाये। कलाकार के जीवन का ध्येय होता है कला की साधना, कर्तव्य के प्रति निष्ठा। यही आपके जीवन के अंग थे। मृदुता और सरलता, निष्कपटता आपके स्वभाव की धरोहर थी। इसी लिए तो आपके असली नाम लक्ष्मणसिंह को न जानकर लोग आपको 'यती' जी के नाम से ही जानते थे। गुरुकुल के नगण्य कार्यकर्ता होते हुए भी आपकी स्मृति अमर है। आपका निधन ९ अप्रैल १९७३ को सायं ७ बजे कांगड़ी में हुआ। स्वामी श्रद्धानन्द जी के तथा पुराने गुरुकुल के न जाने कितने संस्मरण आपके साथ ही लुप्त हो गये। ऐसे पुण्यात्मा के प्रति हम सब कुलवासी शोक श्रद्धाञ्जली अर्पित कर प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को सद्गति प्रदान करें। परिवार जनों के प्रति हमारा हृदय द्रविभूत है।

गुरुकुल की डायरी १५ अप्रैल ७६ तक

२. सायं ५ बजे कुलपति जी का उपवास समाप्त एवं वेद मन्दिर में यज्ञ ।

४. (क) कुलपति निवास पर स्थानीय न्यायाधीश एवं पुलिस अधीक्षक की बैठक ।

(ख) अंग्रेजी द्वितीय वर्ष के छात्रों की विदाई ।

६. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भवन में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की उच्च-स्तरीय समिति की बैठक ।

६. (क) वेद महाविद्यालय, कला महाविद्यालय एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापकों की श्री पृथ्वीसिंह आजाद, कुलाधिपति की अध्यक्षता में बैठक ।

(ख) विज्ञान महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र के छात्रों की विदाई ।

(ग) आर्य समाज में रामनवमी महोत्सव ।

. सिण्डीकेट की बैठक ।

८ (क) प्रधान मंत्री इन्दिरा गाँधी द्वारा आमंत्रित अखिल भारतीय शिक्षा विदों के सम्मेलन में कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी सम्मिलित ।

(ग) सायंकाल वेद मन्दिर में विद्या सभा की बैठक ।

(छ) पंडाल में आयुर्वेद सम्मेलन ।

१२. (क) वेद मन्दिर में विद्या सभा की बैठक ।

(ख) पंडाल में आर्य सम्मेलन ।

(ग) पुस्तकालय में सीनेट की बैठक ।

(छ) विद्यालय के प्रार्थना भवन में स्नातक मंडल की बैठक ।

१३. (क) वेदारंभ संस्कार पंडाल में ।

(ख) डा० सूरजभान की अध्यक्षता में पंडाल में शिक्षा सम्मेलन ।

१४. (क) दीक्षांत समारोह ।

(ख) पंडाल में वेद सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण ।

(ग) व्यायाम सम्मेलन सायंकाल एवं रात्रि ।

रामाश्रय मिश्र
जन-सम्पर्क अधिकारी
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ।



उत्तर-प्रदेश के महामहिम राज्यपाल डॉ० चेन्नारेड्डी दीक्षान्त-भाषण करते हुए

--गुरुकुल पत्रिका का मूल्य--

	देश	विदेश
वार्षिक	१२ रुपये	२० रुपये
एक प्रति	१ रुपया २५ पैसे	१ रुपया ७५ पैसे

हमारी कुछ स्वर्ण निर्मित व अन्य विशिष्ट औषधियां

★ **बसन्त कुसुमाकर**

मधुमेह तथा शारीरिक निर्बलता के लिए उत्तम ।

★ **बृहद् वात चिन्तामणि**

घबराहट, बेचैनी, कमजोरी में सेवन करें ।

★ **अमृत रसायन**

गर्मियों में सेवनीय उत्कृष्ट शक्तिवर्धक रसायन है ।

★ **आंवला तैल** (विशुद्ध तिल तेल से निर्मित)

बालों को मुलायम व काला रखता है । दिमाग को ताजा व ठण्डा रखता है । शक्ति को बढ़ाता है ।

प्रकाशक : डॉ० गंगाराम कुलसचिव : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
[illegible] मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिंटिंग प्रेस, हरिद्वार ।

गुरुकुल-पत्रिका

कवीन्द्र रवीन्द्र-अंक

8/11/76



एशिया के प्रथम नोवल पुरस्कार विजेता—भारत के गौरव

कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ टगोर

मई १९७६ ★ ज्येष्ठ २०३

अनुक्रमणिका

	सन्देश	श्री बलभद्रकुमार	
	रवीन्द्र परिवार		
१	श्रुति-सुधा		४५
२	महाकविर्माघः	डा० अमरनाथ पाण्डेयः	४६
३	श्रद्धापुष्पाञ्जलिः	श्री हजारीलाल शास्त्री विद्यालंकारः	४७
४	बङ्ग प्रान्त विजये भारत मातृ वन्दनम्	श्री कामताप्रसाद सक्सैना	४८
५	शठेशाठ्यं समाचरेत्	श्री प्रशस्य मित्र	४९
६	सम्प्रतिकेभारतेविद्यार्थिनामध्यापकानाम् च कर्त्तव्यम्	श्री विद्याधर गुलेरी	५२
७	तज्जीवनं यत्र हि संस्कृतं स्यात्	श्री वैद्य रामस्वरूप शास्त्री	५३
८	२१ मई मासः	श्री जगन्नाथ रिव्यू शास्त्री	५४
९	संस्कृतस्य प्रचारो अचिरात् कथं भवेत् ?	श्री नवलकिशोर	५५
१०	सम्पादकीय	रामाश्रय मिश्र	५६
११	कवीन्द्र रवीन्द्र	डा० अमरनाथ द्विवेदी	५८
१२	कुल की कहानी	पं० ईश्वरदत्त विद्यालंकार	६०
१३	शरीर को स्वस्थ कैसे बनाएं ?	श्री वैद्य धर्मदत्त आयुर्वेदमार्तण्ड	६३
१४	चलता हूँ	श्री रामाश्रय मिश्र	६४
१५	गुरुकुल की यज्ञस्थली से– परीक्षाओं में नकल क्यों ?	श्री बलभद्रकुमार	६५
१६	कवीन्द्र रवीन्द्र की याचना	अनु० ”	६७
१७	स्मृति चिन्तन	श्री दिनेश्वरनाथ त्रिपाठी	६८
१८	गुरूकुल काँगड़ी संक्षिप्त परिचय	डा० गंगाराम	६९
१९	आर्य भट्ट को अर्घ्यः गुरूकुल की वैज्ञानिक पुस्तकें	श्री प्रो० हरिदत्त वेदालंकार	७३
२०	नया कुछ भी नहीं	श्री नरेश मिश्र	७८
२१	ठा० रवीन्द्रनाथ	श्री सतीशचन्द्र विद्यालंकार	७९
२२	राष्ट्रीय गान	श्री डा० इन्द्रसेन आयुर्वेदालंकार	८१
२३	सुप्रसिद्ध विद्वज्जन सम्मानित		८८
२४	गुरुकुल समाचार	महावीर 'नीर' विद्यालंकार	९१
२५	गुरुकुल डायरी	प्रो० रामाश्रय मिश्र	९६

सम्पादक-- प्रो० रामाश्रय मिश्र

सह सम्पादक--डॉ० क्रान्तिकृष्ण, प्रो० भारतभूषण, डॉ० अमरनाथ द्विवेदी, प्रो० वेद प्रकाश. पं० महावीर 'नीर' ।

सम्पादक--ब्र० बलवीरसिंह ब्र० सत्यवीरसिंह

संदेश

मई मास में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म हुआ था। मई में जन्म लेने वाले गुरुजन, शिष्यगण एवं कर्मचारीगण को इस नाते कवीन्द्र रवीन्द्र से सम्बन्धित होने का गौरव प्राप्त है। मेरी ओर से उन सबके प्रति मंगल कामनाएँ हैं।

कवीन्द्र रवीन्द्र ने नोबेल पुरस्कार प्राप्त करके देश-विदेश में ख्याति प्राप्त की एवं मां भारती का नाम उज्ज्वल किया।

आइये, उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें एवं उनके चरण-चिन्हों पर चलने का व्रत लें।

१ मई, १९७६ बलभद्र कुमार

रवीन्द्र परिवार

विश्वविद्यालय

शिक्षकेतर–१. श्री जगदीशप्रसाद, २. श्री सत्यसिंह

छात्र–३. आदित्यकुमार जोशी, ४. गोपालकृष्ण, ५. गोविन्दचन्द पाण्डेय, ६. बलवीर ७. मृत्युञ्जय पाण्डेय, ८. राकेशकुमार रौले, ९. राजेन्द्रप्रसाद, १०. ललित पाण्डेय, ११. शिवकुमार पालीवाल, १२. श्यामसुन्दर यति ।

गुरुकुल

शिक्षकेतर–१३. श्री रामेश्वर ।

आयुर्वेद कर्मचारी–१४. डॉ० दीपनारायण सिंह, १५. डॉ० देवेन्द्रकुमार, १६. श्री रामकिशन १७ डॉ० वासुदेव चैतन्य ।

आयु० छात्र– १८. कमलकुमार, १९. नवीनचन्द्र, २०. शशिकुमार ।

इण्टर कालेज प्राध्यापक–२१. श्री प्रेमचन्द मित्तल ।

छात्र– २२. अजयकुमार अग्रवाल, २३. अनुपम वर्मन, २४. इन्द्रजीत मेहता, २५. कुलदीप कुमार मेहता, २६. नरेन्द्रसिंह, २७. विजयकुमार, २८. श्यामलाल शर्मा ।

विद्यालय ब्रह्मचारी– २९. ब्र० अजयकुमार, ३०. ब्र० अजीतकुमार, ३१. ब्र० अमरेन्द्रकुमार ३२. ब्र० आर्यकुमार, ३३. ब्र० कुलदीपसिंह, ३४. ब्र० कृष्णकुमार, ३५. ब्र० जयपालसिंह, ३६. ब्र० दिनेशकुमार, ३७. ब्र० देवेन्द्रकुमार, ३८. ब्र० नरेशकुमार, ३९. ब्र० प्रेमकुमार, ४०. ब्र० रवीन्द्रकुमार, ४१. ब्र० संजयकुमार, ४२. ब्र० संजय बाबू, ४३. ब्र० सत्यवीरसिंह ४४. ब्र० सुनीलकुमार, ४५. ब्र० हरीश ।

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुल कांगड़ीविश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

ज्येष्ठ : २०३३ मई १९७६ वर्षम्-२९ अङ्कः ७ पूर्णाङ्कः ३२८

श्रुति सुधा

प्रभूत अन्न प्रदान करने वाली पृथिवी–

यस्याश्चतस्रः प्रदिशः पृथिव्या यस्यामन्नं कृष्टयः संबभूवुः ।
या बिभर्ति बहुधा प्राणदेजत्सा नो भूमिर्गोष्वप्यन्ने दधातु ॥

अथर्व॰ १२.१.४

(यस्याः) जिस (पृथिव्याः) पृथिवी की (चतस्रः प्रदिशः) चारों दिशाओं में (कृष्टयः) कृषकों प्रजाओं के प्रयत्न से (अन्नं संबभूवुः) प्रभूत अन्न उत्पन्न होता है (या प्राणदेजत् बहुधा बिभर्ति) जो प्राणवान् एवं गतिशील पदार्थों को नाना प्रकार से भरण–पोषण करती है (सा नो भूमिः गोषु अपि अन्ने दधातु) उस मातृभूमि की कृपा से हमें गौआदि पशु एवं उनसे प्राप्त होने वाली पुष्टि तथा धन-धान्य सदा प्राप्त होते रहें।

हमारा राष्ट्र सभी ओर प्रभूत अन्नों से भरपूर रहे। यह भूमि विश्वंभरा बन सके। यही किसी भी राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि की प्रथम चेतना का प्रतीक है।

—०:०—

महाकविर्माघः

श्री डॉ० अमरनाथ पाण्डेयः

आकल्पैश्च परिष्कारैर्भूषितः सुन्दरः कविः ।
दानशौण्डो ददावर्थमर्थिभ्यो विपुलं सदा ॥१॥
वैयाकरणमूर्धन्यः प्रसितः सुपथि व्रती ।
शब्दवारानिधेः पारं गतो दत्तकनन्दनः ॥२॥
शिशुपालवधे काव्ये विंशतिसर्गमण्डिते ।
माघस्य कविता कान्ता विललास समुत्सुका ॥३॥
कविर्माघः समृद्धार्थं सम्भूषार्चितविग्रहम् ।
ललितं रचयामास काव्यं शौरिपराक्रमैः ॥४॥
कृष्णस्य चरितं चारू काव्यपृष्ठे प्रतिष्ठितम् ।
कवीनां प्रेरकं जातं कुतूहलमनल्पकम् ॥५॥
सदलङ्कारशोभाढ्या सदर्थावृतवृत्तका ।
सदाचारसमीड्या च वाणी माघकवेः परा ॥६॥
महाकाव्यस्य वैशिष्ट्यं शास्त्रकारैरुदीरितम् ।
तदाश्रित्यकृतं काव्यं रसालङ्कारमण्डितम् ॥७॥
श्लिष्टेषु पदबन्धेषु गाढत्वं ननु राजते ।
चित्रबन्धे चमत्कारोऽपूर्वः कश्चिद् वितन्यते ॥८॥
चातुर्यं पदविन्यासे शास्त्रेऽप्रतिहता गतिः ।
वर्णने विविधत्वं च प्रसाधितमनेकशः ॥९॥
माघे शब्दप्रधानत्वं न त्वर्थस्येति निश्चयः ।
तस्मात् स्वाभाविकं मार्गं स्थाने स्थाने जहात्ययम् ॥१०॥
प्रतिघाताश्च जायते तत्त्वार्थाधिगमे क्वचित् ।
व्याप्नुयान्मम पाण्डित्यं सर्वमासीत् कवेर्मतिः ॥११॥
उद्भावितानि वृत्तानि चारू तेन महात्मना ।
कथायां शोभनं तेषां विन्यासं विबुधा जगुः ॥१२॥
अनुकूलानि वृत्तानि प्रयुक्तानि मनीषिणा ।
गतिराविष्कृता तेन गीतिश्च मधुरा द्रुता ॥१३॥
प्रयोगैः कमनीयैश्च विविधैः प्रथयत्ययम् ।
पाणिनीयस्य शास्त्रस्य पाण्डित्यं विपुलं स्वकम् ॥१४॥
प्रौढिं शास्त्रार्थजुष्टां कविसदसि सदा गीयमानाँ समुत्कै-
रूद्बेल्लद्भावभारानतमुदितकथाकाव्यवल्लीमलोलाम् ।
अञ्चद्भिर्विक्रमैश्च प्रथितरणनयैर्भासितां पद्धतिं तां,
प्रोल्लास्य प्रोद्धुरोऽयं जयति कविवरो माघनामा बुधेन्द्रः ॥१५॥

श्रद्धापुष्पाञ्जलिः

श्री हजारीलाल शास्त्री "विद्यालंकारः"
प्रधानाचार्यः--
श्री लज्जाराम सं० म० विद्यालय पाण्डुपिण्डारा जीन्द
(हरियाणा)

(१)

श्रुत्वा श्रीयुत कृष्णबोधनिधनं सर्वा प्रजा भारते-
हा ! हा ऽ श्रूणि विमुच्य हन्त ! नितरां शान्ति न धत्ते क्वचित्।
स्मृत्वा ज्ञाननिधे ! त्वदीय विरहं सह्य भवद् हा कथं-
हा ! हा ! हन्त ! नितान्तमद्य हृदयं तातप्यते सन्ततम् ॥

(२)

हा ! नष्टो ज्ञान सिन्धः सकल गुणनिधिः स्वर्णमेरूर्विनष्टो
हा ! चास्तो भक्तिसूर्यो भव तिमिर हरश्चन्द्रमाश्चापि लुप्तः।
शान्ति क्षान्ति प्रदाताऽमृतमयवचनैः शान्तमूर्तिर्महात्मा
द्यां यातः कृष्णबोधो निज जन मधुना हा ! विहायाप्त दण्डी ॥

(३)

हा ! हा ! रोदिति रूद्ध कण्ठ हृदया हा ! भारते भारती
उच्चैश्चाद्य सरस्वती हतसुता दैनन्दिनं क्रन्दति ।
पङ्के गौरिव संस्कृतिस्तु नितरां दोदूयते नोऽधुना
याते हन्तः ! दिवं पुराणपुरुषे श्री कृष्णबोधाश्रमे ॥

(४)

जाते हा ! भुवि कृष्णबोधनिधने सौख्यं तु सन्ध्यायते
भक्तिश्चाद्य कमाश्रये दहरहो ! ज्ञानं तु निद्रायते।
सत्संगेन विना विरक्ति रधुनां नित्यं खपुष्पायते
किं कर्तव्यविमूढतामधिगता बुद्धिश्च खेदायते ॥

(५)

श्री मच्चारुचरित्रचित्रमधुना सर्वत्र संचित्रितं
भक्तिभावविभावितं प्रतिजनं देदीप्यते हृत्परे ।
किं दत्वा वयमद्य ते त्वनृणि नो भूयास्म हा हा ! कथं
शान्तात्मन्नभिवादयेऽन्तिममिदं साष्टाङ्गमभ्यर्थनम् ॥

बंग प्रान्त विजये भारत मातृ वन्दनम्

श्री कामताप्रसाद सक्सेना

विराजते ते मुकुटे हिमाद्रिः स्तनद्वयं विन्ध्य सुवर्ण संज्ञौ ।
आसाम कश्मीर करद्वयं च सुधा स्रवन्ती यमुनादिभिस्त्वम् ।। १
पादौ तव क्षालयतीह सिन्धुः सुधा सुधांशोर्मुखपद्मशोभाम् ।
अहर्निशं गन्धवहः स्वसेवां स्वमातपत्रं च करोति मेघः ।।२
कृषि प्रधाना जलजैः सुशोभिता महर्षिवर्यैर्बहुभिश्च संमता ।
कवीन्द्रवर्यैनत मस्तकैः सदा स्तुता च सा भारतमातृनामभिः ।।३
सुधाधारासारैरपरिमित मेघैः प्रतिदिनं
हिमाद्रेः संजातैरमृत सदृशैरोषधिरसैः ।
जलैः पूतैर्गंगादिनमणितनूजादिभिरथ
सुसिक्तात्वं मातर्भरत भवने भारति मुहुः ।।४
शरज्जोत्स्नाह्लादैर्जनमनसितापं हरसि नु
स्रवत्स्रोतो गंगा नद तरणिजा सिन्धु पयसा ।
बुधास्वादैरन्नैस्तृणफलरसैश्च भरति वै
महामातरेवं सकलजननी सा भवसि च ।।५
वङ्गप्रान्तजयेनाद्य प्रथिता राष्ट्रमंडले ।
वीरभूवीरमाता च पुण्याभारतमेदिनी ।।६
भारतीय महावीरैः पालिता सर्व मंगला ।
यमुनासिन्धुगंगाभिः सिञ्चिता विश्वसुन्दरी ।।७
वसुन्धरा च सा नोऽद्य वसुदास्तु दिने दिने ।
जयमैत्री करूणानां धारात्रय प्रवाहिणी ।।८
मातर्धरे धृतासि त्वं क्षीरसागरशायिन ।
त्वया राष्ट्राधृतां सर्वे धारणात्त्वं धरा स्मृता ।।९
त्वत्तः प्रादुरभूत्सीता रावणकुलनाशिनी ।
पालितासि महावीरै रामलक्ष्मणभ्रातृभिः ।।१०
रासमण्डलप्रोल्लासस्त्वयि जातो वसुन्धरे ।
मेदिनी त्वं धरे प्रोक्तांवृत्रा सुरस्य मेदसा ।।११
देव गन्धर्व मुनिभिः सिद्धचारण सा द्युभिः ।
सर्वैः कृतनिवासासि हिमालयस्य प्राङ्गणे ।।१२
बुधदेवावतारोऽभूत्त्वयि भारत सुन्दरि ।
गुरोर्नानकदेवस्य जन्मना सुभगा च त्वम् ।।१३
गुरुर्गोविन्दसिंहेण पुत्राणां बलिरर्पिता ।
भारति तव रक्षायै कृतार्थासि वसुन्धरे ।।१४

शठेशाठ्यं समाचरेत्

श्री–प्रशस्यमित्र

वचांसि विप्रस्य ह्यनुस्मरन्तौ,
सुसावधानेन च संस्थितौ तौ ।
विश्रूयमाणेऽपिकुमार देवौ,
वणिग्गिरः नोत्तरमू चतुर्वै ॥७३ ॥

विप्रोऽपि कृत्वा भ्रमणत्तदानीम्,
समागतस्तत्र च दैवयोगात् ।
ततो नमस्कृत्य खलु प्रविष्टः,
वणिक्सहैवाथ गृहप्रधाणे ॥७४॥

विप्रोक्तिः—

कथन्त्वया दर्शनमद्य दत्तवान्,
कथञ्च सत्यव्रत आगतोऽसित्वम् ।
किमर्थमुद्विग्नमनोहि दृश्यसे,
ब्रवीहि किं कारणमस्त्यशंकितः ॥७५॥

वणिगुक्तिः-

प्रियो हि पुत्रो मम नैव दृश्यते,
अहर्मुखादेव न चागतः गृहे ।
इतस्ततः मित्रगृहेषु मार्गयन्,
अन्वेषणार्थी तमिहाप्युपागतः ॥७६॥

प्रबोधसि त्वं यदि तस्य संस्थितिम्,
क्वचास्तिः सः किञ्च करोति बुद्धिमन् ! ।

ब्रवीहि मान्तद्विषयं यथाऽगतम्,
भवेत्समाचारमसाधु, साधु वा ।
मनस्तुमेऽनिष्ट प्रसंग शङ्कया,
सदा प्रभूतेन भयेन बाध्यते ॥७७॥

ब्राह्मणोक्तिः—

तवानुरोधेन तथाऽऽग्रहेण,
यदस्ति वृतं तव पुत्रकस्य ।
ब्रवीमि तत्सर्वमशेषतस्त्वाम्,
शृणुष्व तं ह्येकमनोऽभिभूय ॥७८॥

नद्यास्तटे ह्यद्य तवैकसूनुः,
स्नातुं यदायातः मयाहिसार्धम् ।
रक्ताभनेत्रः पललेच्छुश्येनः
तदैव तत्रागतदीर्घ कायः ॥७९॥

अन्वेषमाणश्श्वमेव तत्र,
परिभ्रमन्तिष्ठति सोऽन्तरिक्षे ।
तटेस्थितं तञ्चविलोक्य बालम्,
अस्मद्विचारे शवमेवमेने ॥८०॥

कृतञ्च पुत्रोपरि ते प्रहारम्,
मत्वा तु निर्जीव ममुं हिचञ्चवा ।
बुभुक्षया तस्य मतिर्ह्यशक्या,
जीवञ्च निर्णेतुमजीवितं वा ॥८१॥

पूर्वञ्चावादाथ असौ हि तस्य,
निस्सर्य नेत्रे शवभक्षिपक्षी ।
जिघृक्षतीहाथमयि स्फुरन्तीम्,
नीत्वा च कायामडयिष्ट शीघ्रम् ॥८२॥

श्रुत्वा च सत्यव्रत शोकवर्धम्,
वृत्तान्तमेतत्परि संमुमोह ।
दुःखाभि तप्तोहिभृश रूरोद,
कृत्वा तदादारूण क्रन्दनं सः ॥८३॥

चीत्कार माकर्ण विनिस्सरन्ति,
जनास्समीपस्थ गृहान्तरस्थाः ।
गच्छन्ति शीघ्रम वणिजो हि पार्श्वे,
पृच्छन्ति विप्रन्तु कथां हिसर्वाम् ॥८४॥

श्रुत्वा तदाबालवधं हि पक्षिणा,
मुखेन विप्रस्य च सत्य वादिनः ।
शशङ्कुरे वास्य वचांस्यमी जनाः,
उवाच सत्यव्रतराश्विदन्तदा ॥८५॥

वणिगुक्तिः--

कदापि चेद्बालकमेव भोः ! जनाः !
नशक्यते हन्तुमहो ! पतत्रिणा,
न दृश्यते नापि च श्रूयते खगः।
ममार बालं किल भक्षणाय चेत् ॥८६॥

प्रवक्ति मिथ्यात्वमद्य ब्राह्मणः,
कथन्न जानेऽस्य मतिर्क्व निर्गता।
यथा यथा गच्छति काल वेश्मनि,
तथा तथा ह्यस्य मतिर्प्रणश्यति ॥८७।

ब्राह्मणोक्तिः-

इदन्तु मन्ये ह्यहमप्यशंकया,
गिरान्तवैतां हियथार्थव दिनीम्।
श्रुतन्नचेत्थन्तु मयाऽपि कुत्रचित्।
हतोह्यसौबाल विहंगमेन वै ॥८८॥

तथापि दृष्टं प्रथमं हि श्येनम्,
इहैव देशे किलबालकघ्नम्।
न निर्गता मे मतिरत्रयच्च,
ब्रवीमि तत्सर्वं मतीव सत्यम् ॥८९॥

अपरंकथयति-

निहत्य बालंहि चखाद श्येनकः,
अमुत्रदेशे च अमुंहि बालकम्।
कदापि चैवं न श्रुतन्त्वयापुरा,
तदा शृणुष्वाद्यइहैव देशे ॥९०॥

वणिगुक्तिः--

न खादितः नैव, हतः ममात्मजः,
खगेन केनापि इदं सुनिश्चितम्।
कृतन्त्वयैवाच शठं ममात्मनि,
विभाति चैतद् ध्रुवमेव ज्ञायताम् ॥९१॥

नूनं हि बालस्य ह्यदर्शनस्य,
त्वमेव हेतुश्च त्वमेव मूलम्।
पुनश्च वच्म्येतदिहैव चाहम्,
शृणुष्व भो ! विप्र दुराग्रहिन् ! रे ॥९२॥

महाखगस्स्यादथवा च श्येनः,
बुभुक्षया जीवितमत्तमेव।
बालं न शक्नोति कदापि हन्तुम्,
देशे हि कस्मिन्नपि चाथवास्मिन् ॥९३॥

ब्राह्मणोक्तिः--

शक्नोत्यपश्यन्न दुराग्रहो मे,
यतोहि यस्मिन् मथुराप्रदेशे।
छुछुन्दरी खादति लौहदण्डम्,
कथन्न श्येनेन हतः कुमारः ॥९४॥

श्रुत्वा तदा विप्रमुखादुदीरितम्,
इदम्वचस्तत्र[1] जना उपस्थिताः।
व्रतस्य[2] वाक्चक्र प्रभाविता अमी,
गताः परं विस्मयमेव सर्वे के ॥९५॥

कथं चखादाथ च कस्य दण्डम्,
दृढं च लौहस्य कदा छुछुन्दरी।
प्रश्नानि चैवं विधमा हरन्ति वै,
विप्रेण जातूत्तरकांक्षिणस्ते ॥९६॥

विप्रस्त्वदत्तस्य सकाञ्चनस्य,
दण्डादनस्याथ छुछुन्दरीभिः।
अचीकथताँञ्च कथां हि सर्वाम्,
वणिग्गृहे याहि पुरा बभूव ॥९७॥

जनास्त या कर्ण्य कथां हि सर्वाम्,
वस्तुस्थितिञ्चापि यथार्थमेव।
ज्ञात्वा, तु तस्याथमहाद्विजस्य,
कौटिल्य नीतिम्प्रखराञ्च मेधाम्।
शशंसुस्सर्वे हृदयान्तरे तदा ॥९८॥

स्वपुत्र लुप्ताद्भय व्याकुलेक्षणम्,
कुकर्मसन्तापविदग्धमानसम्।
तदैव सत्यव्रतमुन्मुखी भवन्,
उवाच विप्रस्त्वरितन्त्विदं वचः ॥९९॥

१- इदम्=अर्थात् ९४ श्लोकम् ॥
२- व्रतस्य=सत्यव्रस्य इति भावः ॥

विप्रोक्तिः--

छुछुन्दरी वै यदिदातुमर्हति,
सकाञ्चनं दण्डमहोऽधुनाऽपि मे ।
मन्ये कथञ्चित्सविहङ्गमोऽपि ते.
कृत्वादयाम्पुत्रमिहैव दद्यात् ।।१००।।

श्रुत्वा च विप्रस्य इयन्तदावाक्,
दिदृक्षुः पुत्रंच लिलम्भिषुस्सः ।
अतिह्रियाऽधश्शिरः भूयमानः ।
यशस्विविप्रस्य सुवर्णपूरितम् ।।
ययौ गृहन्दण्डमथानयेतुम् ।।१०१।।

सदाप्रशंसन्त द्विजस्य नीतिम्,
उपस्थितास्तेऽपि जनास्तदैव ।
विप्रगृहात्तस्य ध्रिया प्रभाविताः,
निस्सृत्य सर्वेह्यगमन्स्वगेहे ।।१०२।।

सदण्डमायान्तमवेक्ष्य वाणिजम्,
स्वगेह पृष्ठादति गुप्त गह्वरात् ।
द्विजोऽपि निस्सार्य तदा तदात्मजम्,
बहिर्गृहात्तेन सहैव चागतः ।।१०३।।

आयाति सत्यव्रतयेष धीमान्,
प्रदीय बालञ्च, सुवर्णयुक्तम् ।
नीत्वा च स्वदण्ड मिदं वभाषे,
वचस्तदा धर्मयुतं हि तम्वै ।।१०४।।

न मित्र ! एतत्खलु तेऽस्ति शोभनम्,
कदापि कृत्यं यशसा परिच्युतम् ।
कुरु त्वमात्मानमपाप कर्मभिः,
विशुद्ध शुद्धङ्किल पुण्य शालिनम् ।।१०५।।

न विश्वासः केषाञ्चिदपि खलु हन्तव्य अपरम् ।
असत्योद्यन्न स्यात् जगति च कदापि परधने ।
न लोभः कर्त्तव्यो महति व्यसनेऽपि समुदिते,
विधातव्यो धर्मः परहितगतं कर्म त्वयका ।।१०६।।

—:०:—

साम्प्रतिकेभारतेविद्यार्थिनामध्यापकानाम् च कर्त्तव्यम्

श्री विद्याधर गुलेरी एम० ए०, बी० एड्०

सप्तचत्वारिंशदुत्तरैकोनविंशतितमे ईस्वीयसम्वत्सरे अगस्तमासस्यपञ्चदश्याम् तारिकायाम् भारतः सुदीर्घकालानन्तरम् स्वायत्ततामलभत । महात्मागाधीसदृशानाम् भूयसाँ नेतृणाँ प्रयासैः बलिदानैश्च अस्माभिः स्वतन्त्रताधिगता । स्वाधीनतालाभात् प्राक् अस्माकं कीदृशी दशासीदिति न तिरोहितं कस्यापि भारतवासिनः । तदानीम् मनुष्यत्वपदलाभाधिकारिणोऽपि नाभवाम । वैदेशिकाः अस्मान् "भारिका" इत्याचक्षते स्म । स्वतंत्रतायाः प्राक् नो दशा नितराँ शोचनीयाजायत । अस्माकं पावनी प्राक्तनी सभ्यता संस्कृतिश्चनिबिडे तमसि निलीनासीत् । संसृतेः सभ्यमानवेषु अस्माकं गणना नाभूत् ।

स्वतंत्रताप्राप्त्यनन्तरमेवास्माभिः परमार्थतः नरत्वं प्रापि । अस्माभिः मानव सम्बन्धिनोऽधिकाराः प्राप्ताः । तथा चेतरस्वतन्त्रदेशस्थानां नागरिकाणामिव शिरं उन्नम्य वयमपि गर्वशीलाः जाताः । स्वतन्त्रता हि मनुजस्य जन्मसिद्धः अधिकारः इतिविषये न कस्यापि विरोधः । परं एतेन साकमेव एतदपि विचारणीयं यत् स्वतन्त्रतया अस्माभिः किं दीयते । स्वतन्त्रता हि अस्मभ्यं सौभाग्याभ्युदय–लाभायावसरंप्रददाति । एतदतिरिक्तं स्वतन्त्रतया किमपि न दीयते । स्वतंत्रतामुपेत्य स्वयं उन्नतिप्राप्तये सर्वाङ्गीणविकासायात्म निर्भरत्वाय च अस्माभिः अवसरः प्राप्तः । पराधीनतायामीदृशोऽवसरः दुर्लभः, स्वतंत्रता हि एका जातुविद्यालकुटी वर्तते यल्लाभे समस्तमपीच्छानुसारमस्माभिः लप्स्यत इतिचिन्तनमपि नितान्तभ्रमोत्पादकम् भ्रमभूलम् ।

सम्प्रति पञ्चनदप्रान्ते अध्यापकानां आन्दोलनानि दरीदृश्यन्ते । प्रतिदिनं लाठीचार्जस्य अश्रुगैसविमोचनस्य घटनानिश्रूयन्ते पठ्यन्ते च । अस्माकं देशः गणतन्त्रराज्यम् । यत्र समाजोद्धारायाध्यापकस्य विद्यार्थिनः चातितमांमहत्वपूर्णं योगदानम् । परमार्थतः अध्यापका एव संसारस्यनिर्मातारोभवन्ति ।

तेषां च छात्रेषु प्रभावो जायते । अध्यापकस्य व्यक्तित्वं शीलं च छात्रान् झटिति प्रभावयति । अद्यतनीनाः छात्राः भाविनो भारतस्य निर्मातारः प्रसिद्धमेव इदं भणकम् । तेभ्यः एव गांधीनेहरूश्रद्धानन्दसदृशाः महान्तो नेतारः समप्स्यन्ते अतः परमावश्यकमिदं यत् शिक्षकाः छात्राणाँ बौद्धिकमानसिकशारीरिकचारित्रिकविकासविषये विशेषतोऽवधानं ददानाः तेषु राष्ट्रप्रेम्णः भावनाः उद्भावयेयुः । राष्ट्रसम्पदां नष्टीकरणक्रियायाः अमृतसरमेडिकलमहाविद्यालयस्य शिक्षिकावत् अध्यापकैः विरोधः कर्त्तव्यः । शिक्षिकाः तांश्च मनसा देशोपासनार्थं प्रेरयेयुः देशस्य स्वातन्त्र्यं चाव्याहतं विधातुं शिक्षयेयुः । यथा चैवं यतनीयं यथा छात्राः देशस्य समस्याः अवगन्तुं, ताश्चशान्तिपूर्णेन विधिना विचारयितुं मिथो मन्त्रणेन च साधयितुं क्षमा भवेयुः । अध्यापकाः स्वयं निदर्शननमुपस्थाप्यछात्रेषु निःस्वार्थभावेन देशसेवनस्य भावना जनयितुमलम् ।

अपरपक्षे छात्राणामपीदं कर्त्तव्यं यत् तेऽपि स्वगुरुन् गुरुनिति मत्वा तदादेशानुपालनं कुर्यः । मनसा वाचाकर्मणा च तेषामादरं कुर्वन्तु । स्वमतभेदांश्च तैः सह विमृश्यापनेयुः । सर्वथानुचितमिदं यत् छात्राः विषमाः स्वसमस्याः साधयितुं अतिहिंसात्मकं पन्थानंनानुसरेयुः । स्वमनोरथान् पूरयितुं शिक्षासंस्थानी भवनादिरूपायाः सम्पत्तेः, सार्वजनिकसम्पत्ते, प्रयोज्यवस्तूनां च विध्वंसनं सर्व-

थानुचितंवर्त्म । शान्तिस्थापनायैव तैः बद्धपरिकरैः भाव्यम् । इत्थमेव वास्तविकी श्रेष्ठा च पद्धतिः । अवसाने चेदमपि वक्तुमुचितमन्ये यत् अध्यापकाः छात्राः च स्वकर्त्तव्यं सुविचार्य पालयेयुः देशस्य वातावरणं च शमप्रधानं कुर्यः । यतो हि अध्यापका छात्राः च समाजस्य महत्त्वपूर्णाङ्गभूताः विद्यन्ते । तैः स्वयं संहतैः भाव्यं, तथैव च समाजोऽपि प्रेरणीयः । एवं कृते एवं भारतं भविष्यति सम्पन्नं समृद्धं च शिक्षाविषयेष्वपि स्यादिति ।

तज्जीवनं यत्र हि संस्कृतं स्यात्

श्री वैद्य रामस्वरूप शास्त्री

तज्जीवनं कर्म परायणं यत् तज्जीवनं धर्मपरायणं यत् ।
तज्जीवनं यत्र च यत्नपूजा तज्जीवनं यत्र विधिः प्रवृत्तेः ।१।
तज्जीवनं यद् विद्याधिपाठं तज्जीवनं शास्त्रविचारभूयम् ।
तज्जीवनं यत्र गुण प्रशंसा तज्जीवनं यद्धरिभक्ति युक्तम् ।२।
तज्जीवनं यच्च सुबुद्धियोग तज्जीवनं यत्र धनं पुरःसरम् ।
तज्जीवनं यत्र फल कृतस्य तज्जीवनं यत्र च भाः श्रुतस्य ।३।
तज्जीवनं यद्विनयेन भूषितं तज्जीवनं यच्छीलेन शोभितम् ।
तज्जीवनं यद् व्यवहारविज्ञं तज्जीवनं यद्धयनुशासितं स्यात् ।४।
तज्जीवनं यत्र विशेषताऽस्ति तज्जीवनं यत्र नवीनताऽस्ति ।
तज्जीवनं यत्पुण्यं क्रियासु तज्जीवनं यत्र मनः प्रसन्नता ।५।
तज्जीवनं यत्र च सत्यताऽस्ति तज्जीवनं यत्र च मित्रताऽस्ति ।
तज्जीवनं यत्र मनस्विताऽस्ति तज्जीवनं यत्र जयः परेषु ।६।
तज्जीवनं यत्र हि देवपूजा तज्जीवनं यत्र गुरो समर्चा ।
तज्जीवनं यत्र गवां सुरक्षा तज्जीवनं यद्भूदेवपूजितम् ।७।
तज्जीवनं यत्र रतिः स्वधर्मे तज्जीवनं यत्र च देशनीतिः ।
तज्जीवनं यत्र मिथ प्रतीति तज्जीवनं यस्य गतिर्जगत्याम् ।८।
तज्जीवनं यत्र पितुः प्रसादः तज्जीवनं यन्मातुः शुभाशम् ।
तज्जीवनं यत्र गुरोः शुभाशिषः तज्जीवनं यत्र हरे कृपाऽस्ति ।९।
तज्जीवनं यज्ज्ञानेन सुन्दरं तज्जीवनं यद्विज्ञानचर्चितम् ।
तज्जीवनं यच्च सुसंस्कृतंस्यात् तज्जीवनं यत्र हि संस्कृतं स्यात् ।१०।

२७ मई मास

जगन्नाथ रिवू शास्त्री

१. विश्वस्य नेता भय दैन्यहर्ता
यो भारतस्य प्रथम–प्रधानः ।
वक्षस्थले येन धृतं सुपुष्पं ।
स राजते शान्तिवने महात्मा ॥

२. सुरूपा मौक्तिकेहारे जुगोफ कौस्तुभद्युतिभू ।
कमला हृदये सम्यक् दधार भारतं मणिभूं ।

३. मधुराप्रकृतिर्यस्य सरलंप्रियभाषितम् ।
मनुराभावना यस्य वनेशान्ते स राजते ॥

४. अहो सुमहदाश्चर्यं दृष्टं यद्धरणीतले ।
शात्रवो यं प्रशंसन्ति वनेशान्ते स राजते ।

५. धारणाद्धपणी प्रोक्ता पालना प्रोच्यते पिता ।
उपयोः संगमोयत्र वनेशान्ते ० ॥

६. भारतीयाजना येन बहुश्लाध्यपदं गतः ।
यस्यकीर्त्या जगत्व्याप्तं वनेशान्ते० ॥

७. नदीनां सेतुबधंयो वोकारो यन्त्रयोजनाम् ।
विद्युतीकरणं तस्य वनेशा० ॥

८. सत्याहिंसादिभि-शास्त्रैभीरताच्छक्ति शालिना ।
निर्वासिताङ्गला येन वने शा० ॥

९. अण्वस्त्रभयभीतानां जहारायतितं भयम् ।
निरस्त्रीकरण नीत्या वनेशान्ते स राजते ॥

१०. घृणाद्वेषवियुक्तो यस्त्रिमूर्तिभवने स्थितः ।
चकार मंत्रिभिर्मन्त्रं वनेशा० ॥

११. योचिता येनजालमेभ्यो देश देशान्तरे स्थिताः ।
जना – संसेव्यते तैर्यो वने० ॥

१२. भारतस्याभिनेतायो दक्षः शिल्पी प्रगल्भवाक् ।
निर्माता चार्थशास्त्रस्य चाणक्य इव चायरः ।

१३. बभूव स जवाहीरा नयशास्त्र विशारदः ।
जयमैत्री करुणानां धारात्रय प्रवर्तकः ॥

१४. अफ्रीकाजम्बुद्वीपस्थैः राष्ट्रै-सहतटस्थता ।
विश्वप्रेमसामृद्धयर्थं कृता येन महात्मना ॥

१५. कपोताय यलार्घं स्वं मांसं श्येनाय दत्तवान् ।
शिवि–सर्वजवाहीरो ददौ लोक सुखाय सः ॥

१६. न सा विद्यानतद्धर्मं नतद्दानं न सा क्रिया ।
यैर्जना नाद्यिगच्छन्ति संसारे परमं मुदम् ॥

१७. वहतियवनोयावद्मेद्ये ज्वलति दामिनी ।
यावद्धिमगिरे गंगा वहति भारते तले ॥

१८. प्रजातन्त्रस्य मर्यादा यावद्भारत मण्डले ।
तावच्छान्त वने ज्योतिर्ज्वलति शान्तिदायिनी ॥

१९. शून्या धारित्री विरहातुरा च
शोभा विहीनाश्च सरित्समुद्राः
नदाश्च पुष्पै–कमलैर्विहीनाः
वनं जवाहीर मणौ प्रयाते ॥

२०. चतुषषृयधिके वर्षे क्रिस्तोरेकोन विशंके ।
सप्तविंशे मईमासे सार्द्धद्वितयवादने ॥

२१. भारतस्य महारत्नं गांधिशिष्यो वनं गतः ।
अकाण्डेऽस्तं रविर्यातो मध्याह्ने भारते तले ।

२२. भ्रातेति पौरैः शिशुभिः पितृव्यो
नेतेत्यमात्यैर्ललितेश्चबन्धुः
प्रोक्त–समस्तैर्नहरूः सुनाम्ना ।
विराजते शान्तिवने महात्मा ।

संस्कृतस्य प्रचारो अचिरात् कथं भवेत् ?

श्री नवलकिशोर

आंग्लाः गमिष्यंति भविष्यति सुस्वराज्यं ।
भाग्यं उदेष्यति प्रसरिष्यति संस्कृत-ज्ञानराशिः ॥
इत्थं हि भावयति देशगते प्रचारके ।
हा हन्त राष्ट्रश्रियं विज्ञानमपससार ।१।
भोः गैर्वाणी-प्रचारकाः गन्तव्यमुद्यमे ।
यत्र वसति मिलति च 'धनराज' ॥
वस्तु– विक्रये संस्कृत – प्रचारादिकं ।
एकस्मिन्नेव पथि बहुकार्यसिद्धिः ।२।
तावन्न प्रवेशः स्यात् संस्कृतस्य जनमनः सु ।
यावन्न तन्मयोत्पादाः विक्रीयन्ते प्रचारकैः ।३।
तावन्न प्रतिष्ठा स्यात् संस्कृतस्य भारते अपि ।
यावन्न 'संस्कृतज्ञाः हि सेवकाः' इति आह्वयंति उद्यमाः ।४।
तदैव प्रतिष्ठा भव्या भारतस्य महीतले ।
यदैव संस्कृतभयोत्पादाः निर्यात्यन्ते हि भारतैः ।५।
अर्थस्य पुरुषोदासः, दासोऽर्थो उद्यमस्य तु ।
सहवीर्यमुद्यमूलं हि, तस्मात्सहकारोऽत्र कारणं ।६।
भर्जनं दारिद्र्यदुःखानाँ, अर्जनं सम्मानसंपदाम् ।
तर्जनं अनुदानयाञ्चानां, उद्यमशास्त्रे ति गर्जनम् ।७।
संस्कृतस्यौद्योगीकरणं, उद्योगानां संस्कृतीकरणं तथा ।
एषैव मार्गः संस्कृतजीवनार्थे, नान्यः पन्था विद्यते प्रसारार्थे ।८।
सर्वेऽत्र सुसंस्कृताः संतु, सर्वे संतु उद्यमशालिनः ।
सर्वे संस्कृतं सुजानंतु, मा कश्चिदसंस्कारवान् भवेत् ।९।
प्राप्त्वां यथोक्तं नरजन्मं सुरदुर्लभम् ।
शरीरं पुनर्भारत-धूल्यलंकृतम् ॥
नाधीतवान्यः कदापीह संस्कृतम् ।
वृथा यापितं तेन स्वकीय–जीवनं ।१०।
क्लिष्टं, मृतं, निरुपयोगीति निंदंतु संस्कृतं विरोधकाः बहवः ।
संस्कृत प्रचारकास्तु 'ऋणंकृत्वाऽपि' स्थापयंतु उद्यमाः विविधाः ११
बहुधा हि दोषाः 'धन'-सन्निपाते,
गुणायंति चंद्राभायां शशत्वं यथांऽकाः ।
काश्चित्तु विसंगतयः 'सेवाप्रद',
निकषे विगलिष्यंति आंग्ल्याः 'बट्-पुट्' आदि त्रुटयो यथा।१२।

सम्पादकीय

खेतो-खलिहानों में

भारतवर्ष के प्रथम प्रधान मन्त्री स्वर्गीय पं० जवाहरलाल नेहरू ने "अधिक अन्न उपजाओ" का नारा लगाया था ! जिसके परिणामस्वरूप स्वतन्त्र भारत में हरित-क्रान्ति आई । स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने जहां पाकिस्तान से युद्ध में अपूर्व सफलता प्राप्त कर "जय जवान' का नारा लगाया वहीं भारत भूमि को शस्य श्यामला बनाने के लिए 'जय जवान' के साथ 'जय किसान' का नारा भी बुलन्द किया । भारत की खाद्यान्न समस्या में पर्याप्त सुधार हुआ ।

भारत की वर्तमान प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने राष्ट्र का विकास एवं उत्थान करने के लिए २० सूत्री कार्यक्रम बनाया जिसमें प्रथम सूत्र खाद्यान्न से संबंधित है । प्रधान मन्त्री इन्दिरा गांधी के २० सूत्री कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार में त्रिदिवसीय संगोष्ठी ही नहीं हुई अपितु शिक्षा सत्र में छात्र-प्राध्यापक ,अध्ययन-अध्यापन में व्यस्त रहे । सत्र की समाप्ति पर छात्रपरीक्षा में लग गये । ऐसे समय में गुरुकुल के प्राध्यापकों एवं अधिकारियों ने अभूतपूर्व कार्य किया । कक्षाओं एवं निवासों को छोड़कर चिलचिलाती धूप एवं ऊष्ण वायु की चिन्ता न करके खेतों-खलिहानों में अत्यन्त उत्साह से उतर पड़े । उस समय की छटा दर्शनीय थी जब कोई कटाई में व्यस्त है कोई टैक्टर पर गेहूं की कटी फसल ढो रहा है, कोई ट्राली को धक्का लगा रहा है तो कोई थ्रेशर पर लगा हुआ मड़ाई का कार्यकर रहा है । जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष गुरुकुल भूमि से ५०२ कुन्तल गेहूं प्राप्त हुआ । इस सब का श्रेय माननीय कुलपति बलभद्रकुमार, आचार्य रामनाथ वेदालंकार स० मुख्याधिष्ठाता पं० धर्मवीर, प्रो० जबरसिंह सेंगर प्रो० सदाशिव भगत, डॉ० हरगोपाल एवं फार्म निरीक्षक श्री हरपालसिंह एवं कृषि कर्मचारियों को है । प्रेरणा स्रोत कुलपति जी हैं ।

कवीन्द्र रवीन्द्र

बंगाल ने जहां नेता सुभाषचन्द्र बोस जैसा क्रान्तिकारी, विवेकानन्द, अरविन्द एवं रामकृष्ण परमहंस जैसे दार्शनिक, आचार्य जगदीशचन्द्र बोस जैसे वैज्ञानिक उत्पन्न किये वहीं कवीन्द्र रवीन्द्र जैसा महान् साहित्यकार भी हमें दिया ।

रवीन्द्रनाथ टैगौर मुख्यतः बंगला कवि थे किन्तु आंगल भाषा पर भी आपका अप्रतिम अधिकार था गीताञ्जलि मूलतः बंगला में लिखी थी जिसका अनुवाद टैगौर ने स्वयं अंग्रेजी में किया । जिस पर उन्हें नोबल पुरस्कार मिला । ये प्रथम एशियायी साहित्यकार एवं कवि हैं जिन्हें नोबल पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ।

टैगौर मूलतः कवि थे । इन्होंने १२ वर्ष की आयु से काव्य-सृजन प्रारम्भ कर दिया । कवि होने के साथ ही आप सफल उपन्यासकार, कथाकार, नाटककार, चित्रकार शिक्षाशास्त्री, दार्शनिक, राजनीतिक, आदर्शवादी एवं भविष्यद्रष्टा भी थे । आपकी प्रतिभा सर्वतोमुखी थी । आपके साहित्य ने आबाल-वृद्ध सबको आह्लादित कर दिया । जिसका श्रेय आपकी विलक्षण प्रतिभा को है ।

यह महान् साहित्यकार दानी, प्रेम और मानवता का सच्चा पुजारी एवं हिन्दु-मुस्लिम एकता

का कट्टर समर्थक था। पुरस्कार में प्राप्त समस्त धनराशि एवं अपनी अन्य कमाई शान्ति-निकेतन को दान कर दी। यह विश्व की अपूर्व शिक्षा-संस्था है जो विश्वविद्यालय नाम को चरितार्थ करती है। विश्वविद्यालय का अर्थ प्रायः लोग यही लेते हैं—वह विद्यालय जहाँ विश्व के कोने-कोने से विद्यार्थी अध्ययनार्थ आयें। किन्तु विश्वविद्यालय का यह अर्थ अधूरा है। विश्वविद्यालय का वास्तविक अर्थ विश्व विद्याओं का आलय है। अर्थात सरस्वती का वह सदन जहां विश्व की समस्त विद्याओं का अध्ययन-अध्यापन होता है। शान्ति निकेतन में न केवल विश्व के कोने-कोने से छात्र-छात्राएं अध्ययनार्थ आते हैं अपितु विश्व की प्रायः समस्त विद्याओं का अध्ययन-अध्यापन शान्ति निकेतन होता में है जिसका एक मात्र श्रेय कवीन्द्र रवीन्द्र को है। हमारी वर्तमान प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने भी यहां शिक्षा पाई है। सम्प्रति आप शान्ति निकेतन की कुलाधिपति भी हैं तथा इसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय का स्तर प्राप्त है।

"विद्या ददाति विनयम्।" रवीन्द्र में अतीव विनम्रता थी अन्यथा—आमार माथा नत करेदाओ—मेरा मस्तक अपनी चरण-धूलि तक झुका दे। प्रभु! मेरे समस्त अहंकार को आंखों के पानी में डुबा दे। अपने झूठे महत्त्व की रक्षा करते हुए मैं केवल अपनी लघुता का प्रदर्शन करता हूं। मैं अपने सांसारिक कार्यों में अपने को व्यक्त नहीं कर पाता। प्रभु! मेरे जीवन-कार्यों में तू अपनी ही इच्छा पूरी कर। मैं तुझसे चरम शान्ति की भीख मांगने आया हूं। मेरे हृदय-कमल की ओट में तू खड़ा रह।

महा विनयी कवि अति संकल्पी एवं दृढ़व्रती था। उसका कहना है कि प्राणों के प्राण! मैं अपनी देह को निर्मल रखूंगा, क्योंकि मेरे अंग-अंग पर तेरा स्पर्श है। अपने विचारों को असत्य से धूमिल न होने दूंगा, क्योंकि तूने सत्य के दीपक से मेरे विवेक को प्रकाशित किया है। मैं अपने हृदय में पापों का प्रवेश न होने दूंगा। क्योंकि वहां तेरी मूर्ति प्रतिष्ठापित है। मेरे सब कार्यों में तेरी ही अभिव्यक्ति होगी, तेरी ही प्रेरणा होगी।

इस पुनीत-पावन अवसर पर आओ हम कवीन्द्र रवीन्द्र को श्रद्धांजलि अर्पित करें तथा उन्हीं के स्वर में स्वर मिलाते हुए परम परमात्मा से वन्दना करें एवं निर्मलता, सत्य और पुण्य का संकल्प लें। अस्तु!

—रामाश्रय मिश्र

कवीन्द्र रवीन्द्र

डॉ० अमरनाथ द्विवेदी

आज से कोई ११५ वर्ष पूर्व भारत के साहित्य-क्षितिज पर एक ऐसे देदीप्यमान सूर्य का उदय हुआ जिसकी काव्य-किरणें हम सबके मन मानस-तिमिर को दूरकर आज भी आलोकित कर रही हैं। वह सूर्य है रवीन्द्रनाथ। यों तो अनेकानेक कवियों ने भारत माँ के भाल को अपनी भव्य कृतियों द्वारा उच्च किया और कर रहे हैं, तथापि टैगोर ही एक मात्र ऐसे भारतीय कवि हैं जिन्हें अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति व मान्यता प्राप्त हुई।

टैगोर मुख्यतः बंगाली कवि थे, पर अंग्रेज़ी भाषा पर भी उनका अधिकार था। वह एक उपन्यासकार, नाटककार, गायक तथा चित्रकार थे। साथ ही, वह एक शिक्षाशास्त्री, एक आदर्शवादी, एक दार्शनिक, एक द्रष्टा भी थे। यदाकदा वे भारतीय राजनीति में भी सक्रिय भाग लेते रहे पर अधिकतर वे इसे एक नयी स्फूर्ति व एक नयी दिशा देते रहे। महात्मा गांधी उन्हें आदर की दृष्टि से देखते थे और गुरुदेव' कहकर पुकारते थे।

टैगोर का काव्य-जीवन ६५ वर्ष से अधिक रहा। इस बीच में उन्होंने असंख्य गीतों का सृजन किया। यह स्मरणीय बात है कि टैगोर की कविता गाने योग्य है और 'स्वान्तः सुखाय' की भावना से ओत-प्रोत है।

जब टैगोर १५ वर्ष के थे, तब उन्होंने देश-भक्ति का गान गाकर 'हिन्दू मेला' में सबके मन को मुग्ध कर दिया। वैष्णव कवियों को आधार मानकर, उन्होंने 'भानुसिंह पदावली' लिखा 'वनफूल' नामक एक लम्बी काव्य-कहानी का भी सृजन किया।

अध्ययन के लिये टैगोर इंगलैण्ड भेजे गये। उस समय उनकी उम्र कुल १७ वर्ष थी। वहां से बैरिस्टर या बड़ा अधिकारी बनकर स्वदेश वापस नहीं आये। वहां उन्हें मानव-जीवन को एक दूसरे दृष्टिकोण से देखने का अवसर मिला, जो कि एक उदीयमान कवि की कल्पना की पूर्ति के हेतु आवश्यक था। सन् १८८० ई० में भारत वापस आकर, उन्होंने आदि कवि बाल्मीकि की जीवनी पर आधारित 'बाल्मीकि प्रतिभा' नामक नाटक की रचना की।

इसके पश्चात्, टैगोर ने 'संध्या-संगीत' और 'प्रभात-संगीत' नामक सुरुचिपूर्ण काव्य-रचनाएं करके अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा का परिचय दिया।

बच्चों के प्रति टैगोर का सहज प्रेम था। उनकी बच्चों के लिये लिखी गयी प्रथम कविता थी—'विष्टी पड़े टपर टुपर'। बाद में उनके लिये अन्य अनेक पुस्तकें भी लिखीं जिनमें 'शिशु, शिशु भोलानाथ' उल्लेखनीय है। 'राजर्षि' तथा 'विसर्जन' ने उन्हें इस क्षेत्र में प्रतिष्ठा दिलायी। टैगोर की पुस्तक, 'दि क्रेसेण्ट मून' वस्तुतः बच्चों को आह्लादित करने वाली एक पुस्तक है।

सन् १९०३ से १९०७ का समय कवि के लिये कष्टकारी था। एक के बाद एक, उनकी पुत्री रेणुका, पूज्य पिता, एवं छोटे पुत्र शामी का इन्हीं दिनों देहावसान हो गया। पर 'वियोगी होगा पहला कवि' वाली उक्ति को चरितार्थ करते हुये, उन्होंने इन दिनों सुन्दर व मनमोहक काव्यों का निर्माण किया। 'गीताँजलि' में पाये जाने वाले रहस्यवाद की नींव इन्हीं दिनों पड़ी।

'गीतांजलि' की उत्कृष्टा के बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है। इस ग्रंथ को लिखकर तथा अंग्रेजी भाषा में स्वयं अनूदित कर, टैगोर ने देश को सुयश की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया। अनुवाद पर ही उनको नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह अनुवाद १९१२ ई० में इंगलैण्ड में प्रथम बार प्रकाशित हुआ था। इसके परिचय-लेख में अंग्रेजी के महान् कवि डब्लू०बी०ने निम्न प्रकार से अपनी सम्मति प्रकट की थी। 'ए होल पीपल, ए होल सिविलीजेशन, इममीजरेविली स्ट्रैगिल टू अस, सीम्स टू हैव बीन टेकेन अप इन टू दिस इमीजिनेशन'। इस काव्य की प्रशंसा में एक अन्य अंग्रेजी कवि, एज़रा पाउण्ड ने एक समीक्षात्मक लेख प्रस्तुत किया। फिर क्या था—टैगोर देश-विदेश के माने-जाने कुछ कवियों में से एक हो गये।

तत्पश्चात अंग्रेजी में अपने कुछ अन्य काव्यों का श्री टैगोर ने अनुवाद प्रस्तुत किया। 'दि गार्डनर फ्रूट', 'गैशरिंग, लवर्स गिफ्ट,' आदि ऐसी ही अनूदित उपलब्धियां हैं।

उपन्यासों में टैगोर का 'गोरा' सर्वाधिक लोकप्रिय हुआ। 'मशी' तथा कुछ अन्य उपन्यासों का भी टैगोर ने सृजन किया। उन्होंने अनेक लघु-कथायें भी लिखीं। वस्तुतः टैगोर सर्वमुखी प्रतिभा के लेखक थे।

आज भी शान्तिनिकेतन, जो कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय का स्तर प्राप्त कर चुका है, श्री टैगोर के अलौकिक व्यक्तित्व, अप्रतिम चिन्तन-शक्ति, एवं अजस्र काव्य-स्रोत का प्रतीक बना हुआ है। आज भी श्रद्धालु तथा तत्त्वान्वेषक वहाँ ठाकुर जी की समाधि पर पुष्प-मालायें अर्पित करने जाते हैं। आइये, दूर रहकर भी हम अपनी पुष्पाञ्जलि ठाकुर जी को अर्पित करें।

———

हमारे गुर दीन्हीं अजब जरी।
कहा कहौं कछु कहत न आवै, अंम्रित रसन भरी॥
याही तैं मोहिं प्यारी लागी, लैके गुपुत धरी।
पांचों नाग पचीसौं नागिन, सूंघत तुरत मरी॥
डायन एक सकल जग खायौ, सो भी देखि डरी।
कहै कबीर भया घट निरमल, सकल वियाधि टरी॥

—कबीर

कुल की कहानी

पं० ईश्वरदत्त विद्यालंकार

सुनाने लगा एक हूँ मै कहानी ।
जो औरो से अब तक सुनी थी ज़बानी ।
नहीं' इस मै शक है कि वह है पुरानी ।
मगर साथ ही है रहस्यों की खानी ।
ज़रा इस लिये ध्यान से इस को सुनिये ।
औ' जो कोई उत्तम हो गुण उसको चुनिये ।। १

हिमाचल की बगली में एक वन खड़ा था ।
जो अज्ञात सदियों से अब तक पड़ा था ।
व' झंखाड़ झाड़ी से गुम्फित पड़ा था ।
जु काँटे कटेड़ी से बिलकुल मढ़ा था ।
कि चिंघाड़ चीते जहाँ मारते थे ।
कि दर्रे पहाड़ों के जो फाड़ते थे ।। २।।

पहलवाँ भी इक बार थे ख़ौफ़ खाते ।
वे जा-जा के फिर बीच से लौट आते ।
अँधेरा था इतना कि दिल काँप जाते ।
रवी देवता भी न थे पार पाते ।
व' झाड़ी ही झाड़ी भरी हर जगह थी ।
खड़े होने तक को न तिल भर सतह थी ।।३।।

व' मस्ते मतंगों से खोदा पड़ा था ।
य' आरण्य महिषों से रौंधा पड़ा था ।
वराहों की दाढ़ों से दौंधा पड़ा था ।
औ' खूंखार पशुओं से अब तक भरा था ।
यहाँ पर जहाँ आज है शामियाना
था पड़ता दिवस में भी दीपक जलाना ।।४।।

सुना हमने सब कुछ मगर ये सुनाओ ।
ये सारा हुवा कैसे यह तो बताओ ।
असम्भव से सम्भव य' कैसे सुझाओ ।
औ' विश्वास जल्दी से हमको दिलाओ ।
कि कोयले से हीरे का यह मूल कैसे ?
सड़े कीच से ये कमल फूल कैसे ? ५।।

थे ये कष्ट सारे ही किसने उठाये ?
कँटीले ये जंगल थे कैसे गिराये ?
गरजते वे मृगराज कैसे भगायें ?
औ' कैसे व' भागीरथी तीर आये ?
अहो' यज्ञशाला यह क्यों कर रचाई ?
औ' क्यों कर य' सुन्दर सुगन्धी फैलाई ?६।।

मैं" विशंत् सहस्र इकट्टे करूँगा ।
मैं घर-घर में दर-दर भी फिरता रहूँगा ।
मगर इतना जब तक न मैं कर सकूँगा ।
नहीं तब तलक पैर घर में धरूँगा ।
सुदारुण प्रतिज्ञा यह किसने थी धारी ?
कि आखिर तलक थी न धुन जिसने टारी ।।७।।

न देता था कोई भी जन यूँ सहारा ।
ये आशा सहित हाथ किसने पसारा ?
निजैश्वर्य राशी को किसने बिसारा ?
न आँधी अँधेरे को कुछ भी विचारा ।
करी आहुती तन औ मन धन की अपने
औ'आखिर को ऐसे दिखाये हैं सपने ।।८।।

मैं आचार्य आदेश कैसे फैलाऊँ ।
औ' मैं ब्रह्मचारी कहाँ से बुलाऊँ ।
मैं कुल को कहाँ और कैसे चलाऊँ ।
सहयोगियों को कहाँ पर मैं पाऊँ ।
यही एक चिन्ता यही एक लक्ष्य,
भले दु:ख आवें करूँगा अवश्य ।।९।।

ये प्रस्थान आखिर को कर ही दिया था ।
औ पच्चीस पुत्रों को सँग ले लिया था ।
उतर रेल से रुख इधर ही किया था ।
बस इक ओम का हाथ झण्डा लिया था ।
सुनो अन्त को सब यहीं पर थे आये ।
तथा आ के डेरे सभी ने लगाये ।।१०।।

ये जंगल में मंगल, ये ऐसे हुवा था ।
प्रयत्नों से पौदा लगाया गया था ।
पसीना जो इस देह का तब बहा था ।
तथा चूँकि उससे ये सिञ्चित हुवा था ।
इसी ही लिये ये फला फूला इतना ।
औ फूले फलेगा न जाने ये कितना ।।११।।

ये पुत्रों की अन्तिम मगर याचना है ।
या केवल यही एक अभ्यर्थना है ।
या अवशिष्ट केवल यही कामना है ।
बस अन्तिम से अन्तिम यही प्रार्थना है ।
कि ओझल न हो हम से ज्योति पिता जी
कभी भी किसी भी तरह से पिता जी ।।१२

शरीर को स्वस्थ कैसे बनाएं

शरीर को कैसे स्वस्थ रखा जाये इस प्रश्न का उत्तर आयुर्वेद में यह है कि शरीर के जो दो प्रधान मूलतत्त्व अग्नि और वायु है इनको स्वस्थ रखा जाये तो शरीर स्वस्थ रहता है ।

इनमें से प्रथम जो 'देहाग्नि' है वह मांसादि धातुओं को बनाने वाले 'सैलों' के अन्दर विद्यमान सैकड़ों पाचक रसों का प्रवर्तक कारण है। शरीर तभी तक स्वस्थ रहता है जब तक ये पाचक रस ठीक रहते हैं, और ये तभी ठीक प्रवृत्त होते हैं जब देहाग्नि ठीक रहती है। अतः शरीर को स्वस्थ रखने के लिये देहाग्नि को ठीक रखना आवश्यक है ।

देहाग्नि का बहुत महत्त्व है । चरक ने कहा है शान्तेग्नैम्रियते, चिरंजीवत्यनामय–(चि० १५) अर्थात् देहाग्नि के मन्द पड़ जाने से रोग होते हैं और इसके शान्त हो जाने से मृत्यु होती है। देहाग्नि ठीक रहे तो आदमी चिरायु होता है । भगवान् ने गीता में कहा है 'अषुँवैश्वानरो भूत्वा प्राणिनांदेहमाश्रित–(अ. १५) अर्थात् शरीर के अन्दर जो अग्नि है वह मैं ही हूं । अभिप्राय यह कि इस देहाग्नि की ऐसे रक्षा करनी चहिये जैसे भगवान् की मूर्ति की मन्दिर में की जाती है । चरक ने फिर कहा है बलमारोग्य मायुश्च प्राणाश्चाग्नौ प्रतिष्ठिताः (सू. २६) अर्थात् शरीर का आरोग्य, आयु, बल और प्राण देहाग्नि के ऊपर आश्रित हैं।

इस देहाग्नि की रक्षा के लिये आवश्यक है कि आदमी दिन में जो चार–पांच बार आहार लेता है वे सब छोटे-छोटे हों दिन में एक-दो बार करके बड़े–बड़े आहार लेना ठीक नहीं । सब आहार जलपान या ब्रेकफास्ट की तरह मात्रा में छोटे होने चाहिये उनमें अति शीतल आहार कोई नहीं होना चाहिये, साथ ही उनमें से किसी में खाण्ड और चिकनाई की मात्रा अधिक नहीं होनी चाहिये। दो खानों के बीच का अन्तर लगभग तीन घण्टो का होना चाहिये। इस अन्तर में कोई आहार नहीं लेना चाहिये । दिन का अन्तिम खाना सोने से दो घण्टे पहले लेना चाहिये । आहार के अतिरिक्त अग्नि को ठीक रखने के लिये सुबह-शाम दो बार कुछ शारीरिक श्रम या मृदु व्यायाम अवश्य करना चाहिये। यदि क्रोध, मोह, चिन्ता आदि मानसिक आवेशों से बचाया जाये तो भी देहाग्नि ठीक रहती है। देहाग्नि के ठीक रहने से स्वास्थ्य भी ठीक रहता है ।

शरीर का दूसरा प्रधान मूलतत्त्व वायु है। इसे शरीररूपी यन्त्र को चलाने वाला विद्युततत्व कहा है जैसे चरक ने कहा है 'वायुस्तन्त्र यन्त्र धर–(सू. १२) शरीर की जो शक्ति है उसे वायु कहा है । चरक ने कहा है "वायुरायुर्बले वायु" (चि. २८) इस वायु को शरीर के जीवन का कारण कहा है जैसे चरक ने कहा है 'स प्राणः प्राणिनां स्मृतः" (सू. १७) शरीर में जो शारीरिक मानसिक आघातों को सहने की शक्ति है, शरीर में जो रोगों के प्रति, जीवाणुओं के प्रति, प्रतिरोधक शक्ति है, शीत-उष्ण आदि, द्वन्द्वों के दुष्प्रभाव से बचने की शक्ति है, तथा उसमें बाह्य विक्षोभों में भी अचल रहने की जो सामर्थ्य है उन सबका कारण यह वायु-तत्व है ।

शरीर के इस वायुतत्व की रक्षा कैसे की जाये इसका उत्तर यह है कि रात को छः सात घण्टे पूर्ण विश्राम लिया जाये, क्रोध, व्याकुलता, व्यग्रता आदि उद्वेगों और आवेशों से बचते हुए मन की शान्त रखने का यत्न किया जाये, चित्त को प्रसन्न रखने का ध्यान रखा जाये

मद्य तमाखू आदि मादक द्रव्यों के सेवन से बचायें मधुमेह, ब्लडप्रेशर आदि चिर रोगों को ठीक-ठीक रखने का उपाय किया जाये, शरीर पर नित्य तेल की मालिश की जाये, घृत तैल आदि का नस्य लिया जाये, अत्यधिक मानसिक या शारीरिक श्रम से बचा जाये, हर प्रकार के तनाव से बचा जाये तो शरीर का वायुतत्व ठीक रहता है।

इसका प्रकार देह के दो मूलतत्वों अग्नि और वायु की ठीक रक्षा की जाये तो शरीर स्वस्थ रहता है।

चलता हूँ

श्री रामाश्रयमिश्र

मैं चलता हूं,
मैं राही—भूत-भविष्य वर्तमान जगत का,
कजले-उजले बादल छाये आसमान पर,
नीचे सर्पाकार नदी बहती है,
सांय-सांय कर घोर निराशा के अंधड़ चलते रहते हैं,
मैं पथ पर बढ़ता जाता हूं।
पता नहीं कुछ,
पग बढ़ते अज्ञात दिशा में।
पीछे मुझको कई स्वरों ने बहुत पुकारा।
बीते दिन की याद मनोरम झांकी है,
रुक जाने का मोह अभी भी बाकी है,
आगे मेरी मंजिल से आवाजें आईं;
मंजिल मेरी, प्यारी बाला साकी है।
आगे बढ़ूं,
रुकूं,
या लौटूं ?
उन राहों पर जिनको पीछे छोड़ चला हूं,
जो अब नजरों से ओझल हैं,
उन मोड़ों पर।
जो बड़े लुभाने लगते हैं।
रुकने की विनती करते हैं,
उस मंजिल को,
जो दूर दिखाई पड़ती है।
रह-रहकर पास बुलाती है।
रुक जाने पर-अंधकार अट्टहास,
कह कहे जगत के,
चलने का नाम ही जीवन है,
आतम गति यह बनी रहे,
इसीलिए मैं—
आंख मूंदकर,
निरुद्देश्य ही सही, मगर चलता रहता हूं।

गुरुकुल की यज्ञस्थली से—

परीक्षाओं में नकल क्यों ?

श्री बलभद्र कुमार

परीक्षाओं में नकल की बात बहुधा चलती है। अध्यापकगण बालकों पर दोषारोपण करते हैं। इसके प्रत्युत्तर में बालक अध्यापकों पर दोषारोपण करते हैं और कहते हैं इन्होंने कोर्स तो पूरा पढ़ाया नहीं और अब हमें इस बात का डर है कि कहीं हमारा एक वर्ष जाया न हो जाय सत्य इन दोनों परस्पर विरोधी कथनों के बीच में कहीं झूलता है।

ऋषि दयानन्द ने जहाँ जीवन के अन्य विषयों पर विचार किया है वहां शिक्षा-क्षेत्र में भी गम्भीरता से विचार किया है। आइये देखें वे इस सम्बन्ध में क्या कहते हैं।

स्वामी जी कहते हैं कि माता, पिता, आचार्य अपने सन्तानों और शिष्यों को सदा सत्य उपदेश करें और यह भी कहें कि जो हमारे धर्मयुक्त कर्म है उनका ग्रहण करो और जो दुष्टकर्म हैं उनका त्याग करो।

आगे चलकर स्वामी जी कहते हैं कि आचार्य अन्तेवासी अर्थात् अपने शिष्य और शिष्याओं को इस प्रकार उपदेश करें कि तू सदा सत्य बोल, धर्माचरण कर, प्रमाद रहित होकर पढ़ जो हमारे सुचरित्र अर्थात् धर्मयुक्त कर्म हों उनका ग्रहण कर और जो पापाचरण हों उनको कभी मत कर। जब कभी तुझको कर्म व शील तथा उपासना ज्ञान में किसी प्रकार का संशय हो तो जो वे समदर्शी पक्षपात रहित योगी आर्द्र-चित्त धर्म की कामना करने वाले धर्मात्मा जन हों जैसे वे धर्म-मार्ग में वर्तें वैसे ही तू भी उनमें वर्ता कर। जो वेद का स्वर और पाठ मात्र पढ़कर अर्थ नहीं जानता वह जैसे वृक्ष, डाली, पत्ते, फूल और पशु धान्य का भार उठाता है वैसे भारवाह अर्थात् भार उठाने वाला है। जो वेद पढ़ाता है और उसका यथावत् अर्थ जानता है वही सम्पूर्ण आनन्द को प्राप्त होकर देहान्त के पश्चात् ज्ञान से पापों को छोड़ पवित्र धर्माचरण के प्रताप से सर्वानन्द को प्राप्त होता है।

इसके आगे चलकर स्वामी जी कहते हैं कि वे ही धन्यवादाई हैं जो सन्तानों के ब्रह्मचर्य, उत्तम शिक्षा तथा शरीर और आत्मा के पूर्ण बल को बढ़ावें। दूसरे शब्दों में जो अपने सन्तानों को ब्रह्मचर्य, उत्तम शिक्षा तथा शरीर और आत्मा के पूर्ण बल को नहीं बढ़ाते एवं ऐसी शिक्षा नहीं देते जिससे वे मातृ-पितृ, सासु-ससुर, राजा-प्रजा, पड़ोसी, इष्ट-मित्र और सन्तानादि से यथायोग्य धर्म वर्तें वे अपने कर्त्तव्य पथ से विचलित हो जाते हैं और धन्यवादाई नहीं है। आइये, अब इस पृष्ठभूमि में आजकल की शिक्षा प्रणाली का अध्ययन करें।

प्रश्न यह है कि बच्चे नकल क्यों करते हैं? परीक्षा में गलत साधनों का प्रयोग क्यों करते हैं? यदि बच्चे पूर्णतया परीक्षा के लिये तैयार हों तो कदापि नकल न करें। बच्चे तैयार न होने के कारण ही परीक्षा से भयभीत होते हैं और डरते हैं कि कहीं उनका एक साल जाया न हो जाय। इसलिए वे जैसे-तैसे अंक प्राप्त करने की कोशिस करते हैं और इस प्रकार "पवित्र धर्माचरण" से पतित होते हैं।

चूंकि परीक्षार्थी परीक्षा के लिए समुचित रूप से तैयार न होने के कारण भयभीत हैं कि उनका साल जाया हो जायेगा, इसीलिए विद्यालयों में हर प्रकार के काण्ड होते हैं। नकल, सिफारिश, परचों की चोरी, इन्विजिलेटरों को धमकियां, नर्वस, डिप्रेशन इत्यादि। यदि परीक्षार्थी को यह मालूम हो जाये कि वह जिस विषय में जैसी योग्यता प्रदर्शन करेंगे उसके अनुसार उनका अंकन किया जायेगा और सनद दी जायेगी और यदि वे अगले सेमेस्टर में अर्थात् ३ या ६ मास बाद किसी भी विषय में अपनी योग्यता बढ़ाकर अपना दोबारा, तिबारा अथवा चौबारा मूल्यांकन करवाना चाहें तो उसमें भी कोई रुकावट नहीं होगी तो अधिकाँश विद्यार्थी स्थिर मन से परीक्षा देंगे और साल जाया होने की घबराहट के अधीन हो जो काण्ड करते हैं उनसे शायद बाज़ आ जायेगें।

प्रस्ताव सीधा सादा है। किसी भी परीक्षा को लीजिये। मान लीजिये उसमें ६ विषय हैं। जब हर विषय का जुदा-जुदा मूल्याँकन होगा तो किसी में परीक्षार्थी 'क', ग्रेड लेगा किसी में 'ख', किसी में 'ग' अथवा 'घ'। हर विषय में उसकी जुदा-जुदा ग्रेडिंग हो जायेगी। ओवराल ग्रेडिंग देने की आवश्यकता नहीं है। जिन विषयों में उसका क' ग्रेड नहीं आया उनमें यदि वह चाहे तो जब भी अपनी तैयारी मुकम्मल समझे दोबारा परीक्षा देकर अपना ग्रेड इम्प्रूव कर सकता है। एम्प्लायर चाहे तो वह भर्ती के समय प्रार्थियों की अपनी ओर से परीक्षा ले ले, चाहे तो वह उनके विश्वविद्यालय से प्राप्त ग्रेडों को स्वीकार करके उसे जिस योग्यता के व्यक्ति चाहिये उनकी भर्ती कर ले।

डिग्रियों और शिक्षा के पाठ्यक्रम के बारे में मुझे श्री वी० वी० जॉन की अध्यक्षता में चल रहे वोकेशनल कॉलेज का सिलेब्स बहुत पसंद आया। उन्होंने बी० ए० की ही डिग्रियों में टूरिज्म अथवा बिजनेस मैनेजमेंट के कोर्स का भी समावेश कर दिया है। करते वह भी साधारण बी० ए० की शिक्षा का प्रबन्ध ही हैं परन्तु यह विशेष विषय भी उनके सिलेबस में हैं और वहां से निकले हुये विद्यार्थी कतिपय व्यावहारिक विषयों में भी पर्याप्त ज्ञान रखते हैं, जिससे कि उनकी एम्प्लायबिलिटी बढ़ जाती है और आज के प्रतियोगिता के युग में वे बेपैंदे के लट्टू की तरह लौटते-डोलते नहीं रहते।

इस दिशा में एक और जरूरी कदम भी उठाना होगा। वह है नौकरियों को डिग्रियों से डि-लिंक करना। जब तक नौकरियां डिग्रियों से जुड़ी रहती है तब तक डिग्रियां प्राप्त करने की आकांक्षा स्वभावतः बनी रहेगी और डिग्रियां प्राप्त करने के लिये नौकरियाँ चाहने वाले हर प्रकार के प्रयत्न करेंगे। कई नौकरियां ऐसी है जिनके लिए डिग्रियां प्राप्त करना इतना आवश्यक नहीं जितना कि विशेष गुण अथवा स्किल प्राप्त करना। इसलिए जब ऐसी नौकरियों का सम्बन्ध डिग्रियों से टूट जाता है तो येन-केन प्रकारेण डिग्रियां प्राप्त करने का प्रयास ही समाप्त हो जाता है और इससे भी नवयुवकों के आचरण पर अच्छा ही प्रभाव पड़ता है।

अन्ततोगत्वा हमें यह भी भली प्रकार समझना चाहिये कि हम बड़े लोग बच्चों को जिस प्रकार का नेतृत्व प्रदान करेंगे उसी प्रकार के गुण वे ग्रहण करेंगे। स्वामी दयानन्द की राय तो इस विषय में स्पष्ट थी। उन्होंने बार-बार कहा कि

बच्चों की आदतें अच्छी हों, उनका आचरण अच्छा हो यह सबसे जरूरी है। आचरण पहिले और फिर ज्ञान। यदि ज्ञानवान् पुरुष का आचरण ठीक नहीं है तो उस ज्ञान से किसी को क्या लाभ? समाज को क्या लाभ ? अतः हम बड़ों को बच्चों के सामने ठीक उदाहरण प्रस्तुत करने होंगे बच्चे स्वभावतः नकलची होते हैं। यदि हम उद्यम करेंगे, परिश्रम करेंगे तो वे भी उद्यमी और परिश्रमी होंगे। यदि हम पुरुषार्थ से घबरायेंगे तो वे भी कायर होंगे। इसमें क्या कोई संदेह है कि कार्य उद्यम से ही सिद्ध होते हैं मनोरथ से नहीं ? सोये हुये शेर के मुख में मृग स्वतः प्रवेश नहीं कर जाते। सिंह को भी भागना, दौड़ना, झपटना पड़ता है तब कहीं जाकर भोजन प्राप्त होता है।

हां, यह आवश्यक है कि उद्यम की दिशा तामसी नहीं होनी चाहिये, सात्विक होनी चाहिये। ऋषि दयानन्द का कथन स्पष्ट है कि सर्वानन्द धर्माचरण के प्रताप से ही प्राप्त होता है।

कवीन्द्र रवीन्द्र की याचना

अनु० श्री बलभद्र कुमार 'भारती'

हे पिता, मेरा देश स्वतंत्रता के ऐसे स्वर्ग में जाग उठे।

जहां, चित्त भय शून्य हो,
जहां सिर ऊंचा रहे,
जहां, ज्ञान मुक्त हो,
जहां, वसुन्धरा तंग घरेलू दीवारों से
खण्डित न हुई हो,
जहां, वाक्य
हृदय की गहराई से निकलें,
जहां अथक प्रयास
देश विदेश एवं हर दिशा में
कर्मधारा को लेकर चरितार्थ हों,
जहां, विचारों की निर्मल सरिता
तुच्छ आचारों की मरुस्थली की
शुष्क बालू में राह न खो जाये,
जहा पौरुष का विनाश नहीं हुआ
ऐसे स्वर्ग में, हे पिता,
भारत को जागृत कर।

स्मृति-चिन्तन

दिनेश्वरनाथ त्रिपाठी, साहित्यालंकार, एम. ए.

आज वसन्ती मधुवेला में।
किसकी याद सताती।
किसे याद कर उत्फुल्लित है,
आज देश की छाती ॥१॥

किसकी पावन त्याग तपस्या
से यह देश हरा है।
किसका यह उत्सर्ग देश की,
धरती पर बिखरा है ॥२॥

मस्त पवन किसकी गाथा का,
गाता गीत प्रबल है।
किसकी मधुर प्रेरणा से,
जागृत जीवन शतदल है ॥३॥

नही मात्र वह रावी का सुत,
जीवन का अभिमानी।
भारत माँ का पुत्र अलौकिक,
था सर्वस वलिदानी ॥४॥

सिंह, शेरनी का शावक था,
भगत, भाव का पूरा।
निश्चय का दृढ़व्रती, न छोड़ा-
कोई काम अधूरा ॥५॥

किया प्राण का दान, दिया-शुचि
मान राष्ट्र जीवन में।
यशः काम से युग-युग चित्रित-
है मानव के मन में ॥६॥

महातपस्वी, युग स्रष्टा को,
अर्पित स्नेह - सुमन है।
भाव प्रवण इस सरस हृदय का
बार-बार प्रणमन है ॥७॥

गतांक से आगे–

गुरुकुल कांगड़ी–संक्षिप्त परिचय

श्री डॉ० गंगाराम, कुलसचिव गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार ।

दो वर्ष के बाद भारत के वायसराय तथा गवर्नर जनरल लार्ड चेम्सफोर्ड भी गुरुकुल पधारे और इस अद्वितीय संस्था का अवलोकन कर अत्यन्त प्रभावित हुए। ब्रह्मचारियों के स्वास्थ्य और सुदृढ़ शरीर की वायसराय महोदय ने बहुत प्रशंसा की और इस संस्था के सम्बन्ध में अपनी हितैषिता प्रकट की ।

गुरुकुल द्वारा सहायता कार्य

जब कभी धर्म, जाति व देश के लिए किसी सेवा अथवा त्याग की आवश्यकता हुई, गुरुकुल सबसे आगे रहा । सन् १९०७ के व्यापक दुर्भिक्ष सन् १९०८ के दक्षिण हैदराबाद के जल-विप्लव और सन् १९११ के गुजरात दुर्भिक्ष के अवसर पर गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने अपने भोजन में कमी करके पीड़ितों की सहायता के लिए दान दिया । दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के साथ दासों का सा व्यवहार होता था, जिसके विरूद्ध महात्मा गांधी जी ने सत्याग्रह-संग्राम के लिए सहायता की अपील की । तब भी गुरुकुल के विद्यार्थियों ने अपना घी-दूध छोड़ कर और मजदूरी करके इस फण्ड में सहायता दी । उन दिनों हरिद्वार के ऊपर गंगा का एक बड़ा बांध बनाया जा रहा था, जो दूधिया बाँध के नाम से प्रसिद्ध है । गुरुकुल के विद्यार्थी वहां साधारण मजदूरों की तरह टोकरी ढोकर मजदूरी प्राप्त करते थे, और उसे दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रहियों के लिए भेजते थे । महात्मा गांधी गुरुकुल के ब्रह्मचारियों की इस भावना और त्याग से बड़े प्रभावित हुए । यही कारण था कि जब वे अपने सत्याग्रही आश्रम के विद्यार्थियों के साथ भारत आये तो अहमदाबाद में पृथक आश्रम खुलवाने तक अपने विद्यार्थियों के लिए सर्वोत्तम स्थान उहोंने गुरुकुल को ही समझा और उनके विद्यार्थी कई मास तक गुरुकुल में रहे । गुरुकुल के विद्यार्थी राष्ट्रीय पुनरूज्जीवन और सेवा के जिस वातावरण में रहते थे, उसमें इस भावना का उत्पन्न होना स्वाभाविक ही था ।

विश्वविद्यालय की स्थापना

गुरुकुल के इतिहास में सन् १९२१ का बड़ा महत्व है । शिक्षा सम्बन्धी क्षमता को बढ़ाने के लिए यह आवश्यक समझा गया कि वर्तमान गुरुकुल को ऐसे विश्वविद्यालय के रूप में परिणित किया जाय, जिससे भिन्न विषयों में उच्च शिक्षा दी जा सके। निश्चय हुआ कि इस विश्वविद्यालय के साथ निम्नलिखित महाविद्यालय संबंधित हों–

(क।) वेद महाविद्यालय
(ख) कला महाविद्यालय
(ग) आयुर्वेद महाविद्यालय
(घ) कृषि महाविद्यालय

इनमें प्रथम तीन महाविद्यालय तो सुचारु रूप से अब भी चल रहे हैं पर कृषि महाविद्यालय की स्थापना न होकर सन् १९५५ में कृषि विद्यालय की स्थापना हुई । यह विद्यालय १९७१ तक चलता रहा पर प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण यह आगे नहीं चल सका । अब पुनः चालू करने पर वर्तमान सभा विचार कर रही है । आर्य प्रतिनिधि सभा का यह भी विचार था कि एक शिल्प महाविद्यालय खोला जाये । पर यह स्वप्न अभी तक साकार नहीं हो सका ।

सन् १९२१ ई० में स्वामी श्रद्धानन्द जी के गुरुकुल छोड़कर चले जाने पर पं० विश्वम्भरनाथ जी गुरुकुल के मुख्याधिष्ठाता नियुक्त हुए। पं० जी आर्य समाज के पुराने कार्यकर्त्ता थे। आर्य समाज के वीतराग संन्यासी स्वामी सत्यानन्द जी आचार्य नियुक्त हुए और शिक्षा संबंधी कार्य उपाचार्य के रूप में प्रो० रामदेव जी के हाथ में रहा। सन् १९२४ में स्वामी सत्यानन्द जी के त्याग पत्र दे देने पर प्रो० रामदेव जी आचार्य बने और उपाचार्य का कार्य पं० विश्वनाथ जी विद्यालंकार के हाथ में आया।

कन्या गुरुकुल व अन्य शाखा नई गुरुकुल

इस काल में गुरुकुल की अनेक नयी शखाएं खुलीं। सन् १९२३ में दीपावली के दिन देहली नगर के दरियागंज मुहल्ले में एक बड़ी सी कोठी किराये पर लेकर कन्या गुरुकुल की स्थापना की गई। सन् १९२१ में स्वामी श्रद्धानन्द जी ने गुरुकुल कांगड़ी के वार्षिकोत्सव के अवसर यह घोषणा की थी, कि दिल्ली निवासी सेठ रघुमल जी कन्या गुरुकुल के लिए एक लाख रुपया दान देने को उद्यत हैं। इससे पूर्व सन् १९१२ में सेठ रघुमल जी गुरुकुल की शाखा खोलने के लिए एक लाख का दान दें चुके थे और इस दान से देहली के समीप गुरुकुल की एक शाखा खोली जा चुकी थी। अब उन्होंने ही कन्या गुरुकुल की स्थापना के लिए आर्य प्रतिनिधि सभा को प्रोत्साहित किया। गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना के समय से ही कन्याओं के लिए पृथक गुरुकुल खोलने का विचार आता था। महात्मा मुन्शीराम जी देर से इसके लिए आन्दोलन कर रहे थे।

दिल्ली नगर में कन्या गुरुकुल के लिए स्थान उपयुक्त नहीं था। अतः सन् १९२० में देहरादून में राजपुर रोड पर दो बड़ी कोठियां कन्या गुरुकुल के लिए क्रय की गईं। इन कोठियों के साथ पर्याप्त जमीन थी। धीर-धीरे इनमें नई ईमारत बनाई गई। इस समय देहरादून में कन्या गुरुकुल की भूसम्पत्ति कईलाख कीमत की है, और यह संस्था बहुत उन्नति कर रही है।

गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब द्वारा हुई थी। देश के अन्य प्रान्तों, संयुक्तप्रांत, बिहार' बंगाल आदि में भी आर्य प्रतिनिधि सभाएं विद्यमान थीं। इन सभाओं ने भी गुरुकुल खोलना आरम्भ किया। गुजरात प्रान्त-निवासियों की चिरकाल से इच्छा थी, कि गुरुकुल कांगड़ी की एक शाखा उनके प्रान्त में भी खोली जावे। श्री ईश्वरदत्त विद्यालंकार, श्री दयाल जी लल्लू भाई और झीणा भाई देवा भाई के अथक परिश्रम से सन् १९२३ में गुरुकुल के लिए २५ हजार रूपये नकद जमा हुए और गुजरात में गुरुकुल सभा का निर्माण हुआ। सूरत जिले की बादौली तहसील में पूर्णा नदी के सुरम्य तट पर १८ फरवरी सन् १९२४ को गुरुकुल की एक शाखा स्थापित की गई। सूपा ग्राम के निकट होने के कारण इसका नाम गुरूकुल सूपा रखा गया। गुरूकुल की आधारशिला श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज के कर कमलों द्वारा रखी गई थी। गुरूकुल सूपा की उन्नति बड़ी तेजी से हुई।

सन् १९२४ में हरियाणा प्रान्त में झज्जर नामक स्थान पर गुरूकुल की स्थापना हुई। इसकी स्थापना में महाशय विश्वम्भरनाथ जी, स्वामी परमानन्द जी और स्वामी ब्रह्मानन्द जी ने बड़ा पुरुषार्थ किया।

सन् १९२४ में गुरूकुल कांगड़ी की एक शाखा भंटिडा में खुली। इसकी आधार शिला

स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा रखी गई । संयुक्त-प्रान्त में गुरुकुल की वृन्दावन, बंगाल, और बिहार की प्रतिनिधि सभाओं ने गुरुकुल वैद्यनाथ धाम, मध्यप्रदेश में होशंगाबाद बम्बई में शान्ताक्रुज आदि स्थानों पर नये गुरुकुल खुले । इस प्रकार गुरुकुल की नयी शाखा सन् १९२३-२४ में स्थापित हुई । गुरुकुल के विस्तार की दृष्टि से ये वर्ष बड़े महत्व के हैं ।

गंगा की बाढ़ तथा गुरूकुल का पुर्ननिमाण

सन् १९२४ में जहां गुरुकुल का इतना विस्तार हुआ- वहां गुरूकुल पर सबसे बड़ी विपत्ति भी आई । गुरूकुल गंगा के तट पर स्थित था। सितम्बर १९२४ में असाधारण वर्षा के कारण गंगा में भयंकर बाढ़ आई और गुरूकुल की बहुत सी इमारतें नष्ट हो गयीं । इस भयंकर बाढ़ के कारण गुरुकुल के स्थान परिवर्तन का प्रश्न बहुत आवश्यक हो गया और गंगा की नहर के साथ गुरकुल के लिए नयी भूमि खरीदी गई । अब इस भूमि और इन पर बने भवनों की लागत ३ करोड़ के लगभग है ।

रजत जयंती

गुरुकुल को स्थापित हुए २५ वर्ष हो गये थे । अतः इस वर्ष का वार्षिकोत्सव रजतजयन्ती (सिलवर जुबली) के रूप में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया । इसमें ५० हजार से अधिक यात्री विविध प्रान्तो से सम्मिलित हुए। इनमें महात्मा गांधी, पं० मदन मोहन मालवीय, श्री निवास आयंगर, बाबू राजेन्द्र प्रसाद जी, सेठ जमना लाल बजाज, डा० मुन्जे और श्री शंकर-बैंकर के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं । इनके अतिरिक्त प्रिंसिपल ध्रुव साधुवर वास्वानी, डा० अविनाशचन्द्र दास, श्री पीयूष कान्ति घोष आदि अनेक प्रसिद्ध लेखक भी जयन्ती महोत्सव में पधारे थे । आर्य समाज के तो प्रायः सभी नेता, वीतराग सन्यासी और विद्वान् इस अवसर परउपस्थित थे । गुरुकुल के २५ सालों के उत्सव में यह पहला ही उत्सव था, जब इस संस्था के संस्थापक श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज उपस्थित नहीं थे । जयन्ती महोत्सव के लगभग ३ मास पूर्व २३ दिसम्बर १९२५ को दिल्ली में उनका बलिदान हो चुका था । इस बलिदान के कारण जयन्ती समारोह के आनन्द पूर्ण समारोह में एक गंभीर वेदना सी मिली हुई थी । जयन्ती महोत्सव बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ । इस अवसर पर १५३०००रू० नकद प्राप्त हुए और १३०००रू० के दान की प्रतिज्ञा हुई । इन प्रतिज्ञाओं का प्रायः सारा धन पीछे प्राप्त हो गया था ।

सत्याग्रह आन्दोलन और गुरुकुल

सन् १९३० में महात्मा गांधी के नेतृत्व में सत्याग्रह संग्राम का प्रारम्भ हुआ । सारे भारत में एक आग सी धधक उठी । हजारों की संख्या में देशभक्त लोग सत्याग्रह आन्दोलन में कैद होने लगे । गुरुकुल के विद्यार्थी भी ऐसे समय में शान्त नहीं रह सकते थे । अनेक विद्यार्थी, उपाध्याय, तथा स्नातक सत्याग्रह संग्राम में कूद पड़े तथा जेलों में गये । इसी प्रसंग में ब्र० सर्वमित्र १ तथा उनके साथी श्री ब्र० सत्य भूषण देहातों में काम करते हुए रोगी हुए और स्वर्ग सिधार गए । विपत्तियों और प्रचण्ड महामारी की परवाह न कर जिस ढंग से इन ब्रह्मचारियों ने अपने प्राणों को मातृभूमि के लिए उत्सर्ग कर दिया- उसे हम बलिदान कहें तो अनुचित न होगा । सन् १९३२ में आचार्य रामदेव जी भी सत्याग्रह करते हुए कारागार में बन्द हो गये ।

ब्र· सर्वमित्र की स्मृति मे टी० एन० छात्रावास के एक कमरे में उनके नाम का पत्थर भी लगा है ।

सम्पादक

गुरुकुल–सन् १९३४ से १९४१ ई० तक

प्रबन्ध के लिए जो उप-समिति बनी थी वह पूरा एक वर्ष भी कार्य न कर सकी और सन् १९३४ के अन्तिम दिनों में गुरुकुल का संचालन श्री पं० चमूपति जी के हाथों में आया। वे आर्य समाज के प्रसिद्ध विद्वान् और प्रचारक थे। पहले वे गुरुकुल में आर्य सिद्धान्त के उपाध्याय नियुक्त होकर आये थे और वैदिक मैगजीन के सम्पादन में भी आचार्य रामदेव जी की सहायता करते थे। आचार्य रामदेव जी के चले जाने पर गुरुकुल के संचालन का कार्य उनके सुपुर्द किया गया और उन्होंने बड़ी योग्यता से इस कार्य को निभाया।

इन वर्षों में भी गुरुकुल ने खूब उन्नति की। हिन्दी विश्वविद्यालय काशी में प्रति वर्ष हिन्दी और संस्कृत में वाद–विवाद होते थे। सन् १९३१ से १९३४ ई० तक गुरुकुल के विद्यार्थी इन अन्तरविश्वविद्यालीय वाद-विवादों में निरन्तर विजयी होते रहे। केवल बनारस में ही नहीं अपितु मेरठ, इलाहाबाद दिल्ली आदि कई शिक्षा-केन्द्रों में भी इस प्रकार के वाद-विवादों में गुरुकुल के विद्यार्थी विजयोपहार जीतकर लाते रहे।

सन् १५३५ की प्रतिनिधि सभा के अधिवेशन में गुरुकुल के लिए प्रथम विद्यासभा स्थाप्ति कर ली गई। गुरुकुल के इतिहास में यह बात बहुत महत्व की हुई। सन् १९३५ के अप्रैल मास में पं० चमूपति जी के गुरुकुल से त्यागपत्र देकर चले जाने पर नव-निर्मित विद्यासभा ने उनके स्थान पर पं० सत्यव्रत जी सिद्धान्तलंकार को मुख्याधिष्ठाता और पं० देवशर्मा विद्यालंकार को आचार्य पद पर नियुक्त किया। पं०सत्यव्रत जी गुरुकुल के सुयोग्य स्नातक हैं और सन् १९०३ में गुरुकुल में कार्य कर रहे थे। अनेक वर्षों तक वे गुरुकुल के प्रस्तोता (रजिस्ट्रार) रह चुके थे। अतः शिक्षा विषयक प्रबन्ध में प्रारम्भ से उनका हाथ था। अच्छे वक्ता और लेखक होने के कारण न केवल आर्य समाज-क्षेत्र में अपितु बाहर भी ख्याति थी। पं देवशर्मा जी गुरुकुल के स्नातक थे और वैदिक विद्वत्ता, त्याग, तपस्या, देश सेवा, योग-साधना आदि गुणों के कारण उनकी सर्वत्र प्रसिद्धि थी।

पं० सत्यव्रत जी ने गुरुकुल की उन्नति के लिए विशेष उद्योग किया। वे इस प्रयत्न में थे कि आर्थिक दृष्टि से गुरुकुल को स्वावलम्बी बनाया जाय और खर्च चलाने के लिए केवल चन्दे पर आश्रित रहने की आवश्यकता न रहे। गुरुकुल में आयुर्वेदिक फार्मेसी कई सालों से स्थापित थी। साथ ही पुस्तक प्रकाशन विभाग और प्रेस भी विद्यमान थे। रसायन-विभाग के प्राध्यापक श्री फकीरचन्द्र जी त्रेहन को व्यावसायिक-रसायन का क्रियात्मक अनुभाव था और वे स्याही, फिनाइल, साबुन आदि तैयार करने के लिए सदा उपयुक्त रहते थे। पं० सत्यव्रत जी ने यह अनुभव किया कि यदि इन विभागों पर भलीभांति ध्यान देकर उन्हें उन्नत किया जाये तो गुरुकुल आर्थिक चिन्ताओं से मुक्त हो सकता है। इसलिए उन्होंने व्यवसाय पटल का गठन किया और आयुर्वेदिक फार्मेसी आदि के विकास में विशेष दिलचस्पी लेनी शुरू की। परिणाम यह हुआ कि गुरुकुल के इस विभाग ने बहुत उन्नति की और कुछ ही समय में गुरुकुल को अच्छी धन राशि प्राप्त होने लगी।

प्रेस की उन्नति और पुस्तकों के प्रकाशन पर भी इस समय विशेष ध्यान दिया गया।

(क्रमशः)

आर्यभट को अर्घ्यः

गुरुकुल की वैज्ञानिक पाठ्य पुस्तकें

प्रो० हरिदत्त जी विद्यालंकार

४९९ ई० में अपना सुप्रसिद्ध ज्योतिष विषयक ग्रन्थ 'आर्यभटीयम्' लिखने वाले आर्यभट की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने अपने से पहले के न केवल समस्त भारतीय ज्ञान को, अपितु यूनानियों (यवनों) के ज्योतिष के ज्ञान समुद्र का मन्थन करके, उनके सत्य एवं उत्कृष्ट अंशों को लेते हुए अपनी कृति का निर्माण किया। इसीलिए डॉ० आ० स० अल्तेकर ने उन्हें "प्राचीन भारत का पहला ज्ञात ऐतिहासिक ज्योतिषी" बताया है। उनकी रचना प्राचीन भारत में बड़ी लोकप्रिय हुई। इसकी बड़ी खूबी उस समय के ज्योतिष विषयक विज्ञान को सरल, प्रवाहमय एवं सरस संस्कृत भाषा में प्रस्तुत करना था। इसी प्रकार का एक अतीव महत्वपूर्ण कार्य इस शताब्दी के आरम्भ में गुरुकुल काँगड़ी द्वारा हिन्दी में पहली वैज्ञानिक पाठ्य पुस्तकों का निर्माण तथा प्रकाशन था। इस कार्य का श्रीगणेश अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी की प्रबल प्रेरणा से हुआ और गुरुकुल में श्री गोवर्धन जी ने भौतिकी और रसायन शास्त्र पर पहली शालोपयोगी पाठ्य पुस्तकें लिखीं; ये क्रमश सन् १९०९ और १० में प्रकाशित हुईं। इन पुस्तकों का महत्व उस समय भारत में वैज्ञानिक लेखन के प्रयत्नों की पृष्ठभूमि में भली-भांति समझा जा सकता है।

१९वीं शताब्दी में भारत में ब्रिटिश शासन स्थापित होने और पश्चिमी जगत के साथ सम्पर्क में आने पर दूरदर्शी तथा समझदार भारतीयों ने वैज्ञानिक शिक्षा के महत्व का अनुभव किया और



वर्तमान कुलपति के पूज्य पिता एवं गुरुकुल की प्रथम वैज्ञानिक पुस्तक के अनुवादक श्री पं० गोवर्धन जी

इस बात को अच्छी तरह से समझ लिया कि जब तक पश्चिम के वैज्ञानिक साहित्य को भारतीय भाषाओं में प्रस्तुत नहीं किया जायगा, तब तक भारत वैज्ञानिक क्षेत्र में पिछड़ा रहेगा। बंगाल में ब्रिटिश शासन सर्वप्रथम स्थापित होने के कारण यह कार्य सबसे पहले बंगाल म शुरू हुआ। १८०० ईस्वी में ईसाइयों द्वारा सिरामपुर मिशन के मिशन प्रेस की स्थापना के साथ अंग्रेजी, बंगाली हिन्दी में पाठ्य पुस्तकों की छपाई के नवयुग का सूत्रपात हुआ। उस समय इसाईयों ने अपने प्रचार के लिए भारतीय भाषाओं में प्रवीणता पाकर पुस्तकों का निर्माण आरम्भ किया। वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद का कार्य एग्लोइण्डियन शिक्षा-शास्त्रियों द्वारा शुरू किया गया। एक हिन्दुस्तानी

मेडिकल स्कूल के प्रधानाध्यापक डा० टिटलर ने सर्वप्रथम इस बात की ओर विद्वानों का ध्यान आकृष्ट किया कि यूरोप की वैज्ञानिक परिभाषाओं का जब तक हिन्दुस्तानी में अनुवाद नहीं होगा तब तक भारतीय भाषाओं में पुस्तकें नहीं लिखी जा सकतीं हैं, चूँकि यूरोप की वैज्ञानिक परिभाषाओं का हिन्दुस्तानी में अनुवाद सम्भव नहीं है; अतः मूल लेटिन शब्दों को भारतीय भाषाओं में ज्यों का त्यों ले लिया जाए। किन्तु एक अन्य विद्वान फेलिक्स रे ने अपनी छोटी सी पुस्तिका में यह सिद्ध किया कि लैटिन की परिभाषाओं का बंगाली आदि भारतीय भाषाओं में आसानी से अनुवाद किया जा सकता है। इस समय पं० मधुसूदन गुप्त ने हूपर की डाक्टरों की सहायक पुस्तिका वेडिमीकम् नामक कृति में लैटिन की परिभाषाओं के स्थान पर संस्कृत के समानार्थी शब्दों का प्रयोग किया। सन् १८३३ में उर्दू की पाठ्य पुस्तकों के लिए वैज्ञानिक शब्द तैयार करने का पहला प्रयत्न दिल्ली कॉलेज के डॉ० स्प्रिंगर और श्री वाउट्स ने किया। इन्होंने भी अंग्रेजी की वैज्ञानिक शब्दावली को अपनी पुस्तकों में ज्यों का त्यों ले लिया। किन्तु इसके १० वर्ष बाद वाराणसी में संस्कृत कालेज के प्रिंसिपल डा० वेलेन्टाइन ने भारतीय वैज्ञानिक शब्दावली पर गम्भीर चिन्तन किया और रसायन शास्त्र के एक ग्रन्थ की लगभग पूरी अंग्रेजी पारिभाषिक शब्दावली के स्थान पर संस्कृत की शब्दावली बनायी। हिन्दी में सन् १८४७ में **रसायन प्रकाश** प्रश्नोत्तर, सन् १८७५ में **कुंज बिहारीलाल** रचित **सु भ बीजगणित** सन् १८८५ में श्री लक्ष्मीशंकर मिश्र की **गतिविज्ञान** (डायनमिक्स) तथा सन् १८९३ में श्री विशम्भरनाथ शर्मा का **रसायन संग्रह** प्रकाशित हुआ। सन् १८६२ में अलीगढ़ में सर सैय्यद अहमद ने साइंटिफिक सोसाइटी के नाम से एक वैज्ञानिक समिति बनायी, इसमें यूरोप के वैज्ञानिक साहित्य का अनुवाद करने के लिए १८ पुस्तकों को चुना और इनमें प्रचलित शब्दों के प्रयोग पर बल दिया गया।

बंगाल में सन् १८७१ में डा० राजेन्द्रलाल मित्र ने यूरोप की वैज्ञानिक शब्दावली को अनूदित करने के लिए एक योजना बनाई और इस बात पर बल दिया कि वैज्ञानिक शब्दावली का जब तक भारतीय भाषाओं में निर्माण नहीं होगा, तब तक राष्ट्र विज्ञान के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकेगा। पारिभाषिक शब्दों के निर्माण में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह शब्दशः अनुवाद न हो, जैसे कैलोमल के लिए सौन्दर्यमय मधु का अनुवाद गलत होगा, उन्होंने स्वयं अणुवीक्षण, दूरवीक्षण जैसे अनेक पारिभाषिक शब्दों का निर्माण किया। इसके बाद सन् १८९६ में श्री रामेन्दर सुन्दर त्रिवेदी तथा बंगीय साहित्य परिषद् ने वैज्ञानिक शब्दावली की ओर ध्यान दिया और आचार्य प्रफुल्लचन्द्र राय के नेतृत्व में बंगला में सन् १९०९ तक रसायन शास्त्र की शब्दावली का निर्माण किया गया। इसी समय गुजराती और हिन्दी में भी शब्द निर्माणके कई सराहनीय प्रयास किए गये। बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ अतीव दूरदर्शी एवं प्रबुद्ध शासक थे। सन् १८८८ ई० में उन्होंने गुजराती में विज्ञान के साहित्य को प्रकाशित करने करने का संकल्प किया, यह कार्य प्रोफेसर त्रिभुवन कल्याण दास गज्जर को सौंपा तथा विज्ञान एवं एवं तकनीकी विषयों में भारतीय भाषाओं में साहित्य लिखने के लिए पचास हजार रुपये की स्वीकृति दी। इस योजना को क्रियान्वित करते हुए वैज्ञानिक साहित्य को भारतीय भाषाओं में लिखने की वास्तविक कठिनाई सामने आई। अब तक

भारतीय भाषाओंमें जोपुस्तकें लिखी गई थीं, वे बहुत ही साधारण विषयों का प्रतिपादन करती थीं, अतः इनमें वैज्ञानिक शब्दावली की समस्या गम्भीर रूप से उत्पन्न नहीं हुई थी। किन्तु अब उपर्युक्त योजना के अनुसार गम्भीर वैज्ञानिक ग्रन्थों के लेखन में वैज्ञानिक शब्दों के अभाव की कठिनाई सामने आई। प्रोफेसर गज्जर ने लिखा कि "यूरोप के ज्ञान को अपने देश की भाषा में लाने के लिए ऐसे उपर्युक्त शब्दों के निर्माण और खोज की की आवश्यकता है, जो यूरोप के सभी प्रकार के विचारों को व्यक्त करने की क्षमता रखते हों। "पुस्तक निर्माण की प्रगति के सम्बन्ध में उन्होंने लिखा–'कुछ प्रसिद्ध विशेषज्ञ जिनमें से कई संस्कृत के प्रख्यात पंडित थे, पारिभाषिक शब्दों के अभाव में समय पर कोई पुस्तक लिखकर नहीं भेज सके और कुछ तो लिखना तक शुरु न कर सके।" इसलिए प्रोफेसर गज्जर ने वैज्ञानिक शब्दों के संग्रह और संकलन का कार्य आरम्भ किया, सन् १८९० के आस–पास की उनकी लिखी पुस्तकें गुजराती शब्दावली के संग्रह और निर्माण के बाद सन् १९२१ में ही प्रकाशित हो सकीं।

हिन्दी में वैज्ञानिक शब्दावली के निर्माण का कार्य काशी नागरी प्रचारणी सभा ने सन् १८९८ ई० में प्रारम्भ किया और इसका कारण स्पष्ट करते हुए उस समय बाबू श्याम सुन्दर दास ने लिखा था–१"पतंजलि अपने महा भाष्य में कहते हैं कि कोई व्यक्ति व्याकरणाचार्य के घर जाकर यह नहीं कहता कि आप शब्द बनाइयें, मैं उन्हें इस्तेमाल करूँगा। लेकिन भारत में आज इस क्षेत्र में ऐसी आवश्यकताएं पैदा हो गई हैं जो पतंजलि ऋषि के इस कथन को असत्य सिद्ध करने को मजबूर कर रहीं हैं। पढ़े-लिखे-लोग नागरी प्रचारणी सभा में आते हैं और कहते हैं कि शब्द बनाइये, हम उनका उपयोग करके भाषा और साहित्य को समृद्ध बनायेंगे और हम उसके भण्डार को प्रगतिशील पाश्चात्य राष्ट्रों के विचार और साहित्य से भरेंगे।" ८ वर्ष के परिश्रम के बाद काशी-नागरी प्रचारिणी सभा ने भूगोल, गणित, अर्थशास्त्र, भौतिक विज्ञान, रसायन, दर्शनशास्त्र के परिभाषिक शब्दों का कोश प्रकाशित किया। इसमें उस समय तक गुजराती, मराठी, बंगला में पारिभाषिक शब्दों के निर्माण के प्रयासों का पूरा लाभ उठाया गया था। इस कोश के प्रकाशित हो जाने से वैज्ञानिक विषयों पर पुस्तकें लिखने का कार्य आसान हो गया। इसका लाभ उठाते हुए सर्वप्रथम गुरुकुल काँगड़ी की ओर से हिन्दी में पहली वैज्ञानिक पाठ्य पुस्तकें तैयार की गईं।

स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा सन् १९०० में हरिद्वार के निकट गुरुकुल काँगड़ी की स्थापना राष्ट्रीय भावना से प्रेरित होकर की गई थी। इस संस्था का प्रधान उद्देश्य हिन्दी माध्यम से पौरस्थ एवं पाश्चात्य ज्ञान-विज्ञान की शिक्षा प्रदान करना था। इसके संस्थापक तत्कालीन महात्मा मुंशीराम जी ने अपनी दूर दृष्टि से यह अनुभव कर लिया था कि हिन्दी में शिक्षा देने के लिए, विशेष रूप से वैज्ञानिक विषयों के अध्यापन की सफलता के लिए पाठ्य पुस्तकों का निर्माण अतीव आवश्यक है। उन्होंने यह कार्य गुरुकुल में विभिन्न विषयों का अध्यापन करने वाले अपने सहयोगियों को

१–पंतजलि ने अपने महाभाष्य में लिखा कि कोई व्यक्ति व्याकरणाचार्य के घर जाकर यह नहीं कहता कि आप शब्द बनायें। मैं उन्हें इस्तेमाल करूंगा। अभिव्यक्ति से पूर्ण भाषा या शब्दावली का कोई आस्तित्व नहीं होता। भाषा या शब्दावली अभिव्यक्ति का अनुशरण करती है। अभिव्यक्ति हेतु ही भाषा की उत्पत्ति होती है।
--संपादक

सौंपा । सन् १९०९-१० तक इस शिक्षा-संस्था में माध्यमिक कक्षाओं में विज्ञान की शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तकों की आवश्यकता बड़ी तीव्रता से अनुभव की गई । इसकी पूर्ति के लिए उस समय विज्ञान की शिक्षा देने के लिये अध्यापक श्री गोवर्धन जी ने भौतिकी और रसायन नामक दो पुस्तकें सुप्रसिद्ध अंग्रेजी पुस्तकों के आधार पर लिखीं ।

पहली पुस्तक विज्ञान प्रवेशिका भौतिकी थी । यह वाल्फोर स्टुअर्ट की सुप्रसिद्ध कृति अंग्रेजी की फिजिक्स प्राइमर का आर्य भाषा में अनुवाद था "जो गुरुकुल के मुख्य-अधिष्ठाता श्री मुन्शीराम जी की आज्ञानुसार गुरुकुल के अध्यापक पं० गोवर्धन जी बी· ए· ने किया था । "इसका मुद्रण काँगड़ी गुरुकुलस्थ सद्धर्म प्रचारक यन्त्रालय में सन् १९१० में किया गया था । इसका मूल्य केवल आठ आने रखा गया था । इस पुस्तक की भूमिका में लेखक ने यह लिखा था कि "यह छोटी सी पुस्तक उन विद्यालयों तथा पाठशालाओं में जिनका उद्देश्य आर्य भाषा का प्रचार करना है, १० से १३ वर्ष की आयु के बालक-बालिकाओं के लिए बहुत उपयोगी होगी ।" इसके लिखने में लेखक को पारिभाषिक शब्दों के सम्बन्ध में नागरी प्रचारणी सभा से प्रकाशित कोश से जो सहायता मिली थी उसका उल्लेख करते हुए लेखक ने लिखा था-- काशी नागरी प्रचारणी सभा की ओर से जो हिन्दी वैज्ञानिक कोश बाबू श्याम सुन्दर दास जी बी. ए· के सम्पादकत्व में छपा हुआ हैं, उससे संज्ञाओं तथा पारिभाषिक शब्दों के गढ़ने में अनुवादक को अच्छी सहायता मिली है ।" हिन्दी में अपने विषय का पहला प्रयास होने के कारण लेखक ने यह उचित समझा कि इस पुस्तक को हिन्दी के प्रख्यात भाषाविदों को भी दिखा दिया जाय । अतएव उसने इसकी भाषा का परिमार्जन करने की दृष्टि से उस समय हिन्दी के सुप्रसिद्ध लेखक आचार्य बाबू श्याम सुन्दर दास जी को यह पुस्तक दिखाई थी तथा बाबू भवानी प्रसाद गुप्त रईस हलदौर से भी इसके पहले पचास-साठ पृष्ठों का संशोधन कराया गया ।

इस पुस्तक में १९५ पृष्ठ हैं और प्रारम्भिक प्रस्तावना के बाद सृष्टि के मुख्य बल, गुरुता बल, प्रकृति की तीन अवस्थाओं-ठोस, द्रव, गैसों के गुण, गतियुक्तपिण्ड, वेपमानपिण्ड, तप्तपिण्ड, अलक्तरस्त विष्ट पिण्डों का विवेचन किया गया है । अन्त में स्मरणीय बातें, उपकरण विषयक निर्देश तथा प्रश्नमाला दी गई है ।

यदि हम इस पुस्तक की वर्तमान वैज्ञानिक पाठ्य पुस्तकों से तुलना करें तो इसकी अनेक विशेषताएँ दृष्टिगोचर होती हैं । पहली विशेषता पुस्तक की अतीव सरल और रोचक भाषा है । इसे पढ़ते हुए कहीं भी क्षण मात्र के लिए ऐसा अनुभव नहीं होता है कि हम किसी अनूदित पुस्तक को पढ़ रहे हैं । इसके पढ़ने से भौतिक ग्रन्थ जैसा आनन्द आता है । इसकी प्रसाद शैली का एक उदाहरण देना यहाँ पर्याप्त होगा । पुस्तक की प्रस्तावना में भौतिकी का लक्षण करते हुए लिखा गया है—बच्चों ! "संसार के दृश्य सदा एक से नहीं रहते, जैसे तुम्हारा मुख कभी तो आनन्द से प्रफुल्लित रहता है और कभी शोक के मारे मलिन हो जाता है, कभी वह क्रोध से लाल और कभी भय से पीला पड़ जाता है, कभी उत्साह से आनन्दित और कभी अनुत्साह मे उदासीन बन जाता है; ऐसे ही चराचर जगत की दशा जानो । आज यदि आकाश स्वच्छ और निर्मल है; तो कल आकाश मलिन हो जाता है, आँधी चल पड़ती है, मेघ चारों ओर से गरजते हुए मानो भूमण्डल

पर चढ़ाई कर देते हैं, सूर्य मेघाच्छन्न हो जाता है, घनघोर घटा छा जाती है, क्षण में बिजली चमकने से आंखें चकाचौंध हो जाती है सारा संसार भयानक रूप धारण कर लेता है, और वर्षा आरम्भ हो जाती है।"

इस पुस्तक की दूसरी विशेषता इसके चित्र हैं। विभिन्न परीक्षणों और विषयों को स्पष्ट करने के लिए इसमें ४८ रेखाचित्र दिए गए हैं जिनसे छात्रों के लिए विषय का समझना अत्यन्त सरल हो गया है। तीसरी विशेषता विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सारांश और प्रश्नों का देना है जिससे छात्रों के लिए भौतिकी जैसे दुरूह विषय का हृदयंगम करना सुगम हो गया है। चौथी विशेषता पुस्तक का मूल्य बहुत कम रखा जाना है। आज कल इतने चित्रों और पृष्ठों वाली पुस्तक का मूल्य कोई भी प्रकाशक १५ रु० से कम नहीं रखेगा। इसका एक बड़ा कारण कागज आदि के मूल्य में असाधारण वृद्धि है। किन्तु यदि इस पुस्तक के मूल्य की तुलना हम उस समय प्रकाशित होने वाली अन्य वैज्ञानिक पुस्तकों के मूल्य से करें तो भी यह पुस्तक उस समय के मूल्यों को देखते हुए बहुत सस्ती थी। सन् १९०९ में इण्डियन प्रेस प्रयाग ने श्री महेश चरणसिंह प्रिंसिपल प्रेम महाविद्यालय की हिन्दी कैमिस्ट्री नामक रसायन शास्त्र की एक पुस्तक छापी थी, उसकी पृष्ठ संख्या ४३२ और मूल्य साढ़े तीन रूपये थे। इस पुस्तक की दृष्टि से उस का मूल्य सवा रुपये से कुछ कम होना चाहिए था।

श्री गोवर्धन जी द्वारा लिखित दूसरी पुस्तक विज्ञान प्रवेशिका रसायन थी। यह विलियम एस० फर्नो की सुप्रसिद्ध अंग्रेजी पुस्तक कैमिस्ट्री का आर्य भाषा में अनुवाद था, जो गुरुकुल कांगड़ी के मुख्य अधिष्ठाता श्री मुंशीराम जी के आदेशानुसार पं० गोवर्धन जी बी·ए· ने कियाथा। यह पुस्तक भी सद्धर्म प्रचारक यन्त्रालय गुरुकुल काँगड़ी मे सन् १९१० ई० में मुद्रित हुई थी और इसका मूल्य १२ आने था।

यह चौदह-पन्द्रह वर्ष की आयु के छात्र-छात्राओं के लिए लिखी गई थी। इसके पारिभाषिक शब्दों के लिए भी लेखक ने नागरी प्रचारणी सभा के विज्ञान कोश से सहायता ली थी, किन्तु लवणों के नामों में प्रत्ययों का प्रयोग करते हुए कुछ परिवर्तन किये थे। इससे पहले आचार्य प्रभुल्लचन्द्र राय की हिन्दी कैमिस्ट्री, गौंडल के ठाकुर की 'दी हिस्टरी आफ् दी आर्यन मेडिकल साइंस, और प्रो० महेश चरणसिंह की 'हिन्दी कैमिस्ट्री', छप चुकी थी। अतः इसमें इन सभी पुस्तकों में वर्णित परिभाषाओं का उपयोग किया गया था और इनसे भी सहायता ली गई थी। इस पुस्तक के २८७ पृष्ठों में संपूर्ण विषय का संक्षिप्त रूप में प्रतिपादन किया गया है। प्रथम भाग के पहले २६ पाठों में अनैन्द्रियिक (इन अकार्बनिक) रसायन तथा दूसरे भाग के ८ पाठों में कार्बनिक रसायन का वर्णन किया गया है। अन्त में सारांश और प्रश्न देने के बाद विभिन्न तत्वों के आणविक तोल, समासों के सूत्र, अंग्रेजी में समस्त परिभाषाएं आवश्यक रासायनिक द्रव्यों और उपकरणों के हिन्दी अंग्रेजी नाम दिये गये हैं। इस पुस्तक की भाषा और शैली पहली पुस्तक की भाँति बड़ी सुगम तथा सरल है। विषय को स्पष्ट करने के लिए पुस्तक में ६५ चित्र दिए गए हैं।

ये दोनों पुस्तकें माध्यमिक कक्षाओं में लगभग ३०-३५ बर्ष तक पढ़ाई जाती रहीं और अत्यन्त लोकप्रिय सिद्ध हुईं; उस समय तक हिन्दी में लिखी गई विज्ञान की सर्वोत्तम पुस्तकें समझी गयीं। विज्ञान परिषद् द्वारा भौतिकी और रसायन पर लिखी गई पुस्तकें इनके काफी समय बाद

प्रकाशित हुईं । हिन्दी में भौतिकी और रसायन की शिक्षा को सुबोध भाषा में देने का यह पहला प्रयत्न उस समय की दृष्टि से अतीव महत्व-पूर्ण था, और बाद में हिन्दी में इनके आधार पर ही अन्य पुस्तकें लिखी गईं । अतः हिन्दी जगत् राष्ट्र भाषा में इन विषयों पर पहली पाठ्य पुस्तकें तैयार करने के लिए पं० गोवर्धन जी तथा गुरुकुल का सदैव अभारी रहेगा । श्री गोवर्धन जी का कार्य कुछ अंशों में आर्यभट के कार्य के समान था । आर्य भट ने यूनानी ज्योतिषियों के विचारों को संस्कृत भाषा में लिपि बद्ध किया था; श्रीगोवर्धन जी ने अंग्रेजी भाषा में विद्यमान भौतिकी और रसायन के ज्ञान को छात्रों के लिए हिन्दी में सरल भाषा में उपलब्ध कराने का सराहनीय प्रयास किया जो हिन्दी के वैज्ञानिक साहित्य के इतिहास में सदैव चिरस्मरणीय बना रहेगा ।

--०--

नया कुछ भी नहीं है

नरेश मिश्र

कृषक है जो–
बढ़ रहा है,
गाँव के लम्बे डगर पर खेत तक
आज जो सूना पड़ा है,
झुलसती जलती धरा पर,
कौन है साथ उसके
बैल उसके,
मन उसका,
और झुलसता तन उसका;
और
और कोई नहीं
मर्मभेदी आज का जीवन है कैसा ?
कोई नहीं सुनता,
क्या है नया, क्या है पुराना,
पता कुछ भी नहीं है,
नया कुछ भी नहीं ।

——

ठाकुर रवीन्द्रनाथ

श्री सतीशचन्द्र विद्यालंकार एम० ए० हिन्दी (प्रथमवर्ष)

उन्हीं राष्ट्रों की समृद्धि होती है जो अपने जीवन की पूर्णता और स्थायी सुरक्षा के लिए अपने में उस आध्यात्मिक औदार्य-वृत्ति का विकास करने को तैयार होते हैं जो सभी जातियों के के हृदय में मनुष्य की आत्मा का साक्षात्कार कराती हैं तथा एक सूत्रता के पावन साम-संगीत सुनाती हैं। ऐसे ही राष्ट्र की समृद्धि के लिए, जीवन की पूर्णता के लिए, सभी 'जन गण मन अधिनायक' की जय लिए भारतीय गौरव ही नहीं अपितु विश्व में अपना प्रमुख स्थान रखने वाले महान् आत्मा के स्वामी ठाकुर रवीन्द्र नाथ हुए। जिन्होंने अपनी मातृ भाषा में सर्वश्रेष्ठ साहित्य का सृजन तो किया ही साथ ही साथ देशवासियों के लिए अमूल्य ख्याति छोड़ गये।

ठाकुर रवीन्द्र के माता-पिता

जिस ठाकुर परिवार में रवीन्द्रनाथ ने जन्म लिया वह उस समय बंगाल का बहुत धनाढ्य और प्रतिष्ठित परिवार माना जाता था। इनके पिता श्री द्वारिकानाथ जी बड़े ही उदार वृति के थे। वे दान देना और दूसरों की सहायता करना खूब जानते थे इनकी माता शारदा देवी भी कम नहीं थी। वे त्याग और ममता की साक्षात् मूर्ति थीं। वे सभी से प्रेम और स्नेह का व्यवहार करती थीं। रवीन्द्रनाथ के माता-पिता धार्मिक विचार धाराओं के थे अतः उनका अधिक समय पूजापाठ में ही व्यतीत होता था।

जन्म, बाल्यकाल एवं शिक्षा

ठाकुर रवीन्द्रनाथ का जन्म कलकत्ता के जोड़ासांकी मोहल्ले में ७ मई सन् १८६१ को हुआ था। रवीन्द्रनाथ अपने माता-पिता के चौदहवीं सन्तान थे। उनका बचपन हंसते खेलते ही बीता। आठ वर्ष की आयु मे इनको स्कूल पढ़ने के गये लिए भेजा गया। रवीन्द्रनाथ बचपन से ही गम्भीर एवं शान्त स्वभाव के थे। वे स्कूल को जेलखाना मानते थे। इसी कारण वे स्कूल की पढ़ाई में बहुधा पीछे रहे। तेरह वर्ष की आयु में ही इनकी माता का स्वर्गवास हो गया। इन्होंने स्कूल जाना बन्द कर दिया। अतः घर पर ही पढ़ाई का प्रबन्ध किया गया। १७ वर्ष की आयु में ये अपने बडे भाई सत्येन्द्र नाथ के साथ विदेश गये वहाँ से लौटने के कुछ समय बाद ८ दिसम्बर १८८३ में इनका विवाह मृणालिनी देवी नाम की एक कुलीन कन्या के साथ हुआ।

विलक्षण प्रतिभा

छोटी ही आयु में ठाकुर रवीन्द्रनाथ कविता लिखने लग गये थे। अपनी पढ़ाई के साथ-साथ वे कविता लिखते—बड़े मीठे स्वर से संगीत का आनन्द लूटते। इन्होने ११ वर्ष की आयु में ही शेक्सपियर के नाटक "मैकबेथ" का अनुवाद कर डाला था।

महान् साहित्यकार के रूप में

ठाकुर रवीन्द्रनाथ ने जितना लिखा है परिमाण में उतना लिखना बहुत कम लेखकों के बस की बात है। वे बंगला भाषा-के ही नहीं अपितु इस युग के, सारे भारत के सर्वोत्कृष्ट साहित्यकार थे। क्या कविता, क्या नाटक, क्या उपान्यास और क्या कहानी सभी क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा अद्भुत थी। सन् १९१३ मे उन्हें विश्व का सर्वश्रेष्ठ 'नोबुल पुरस्कार उनकी अमर रचना 'गीताजंलि' पर मिला। वे प्रथम एशियायी व्यक्ति थे जिन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ।

चित्रकार के रूप में

ठाकुर रवीन्द्रनाथ चित्रकला में भी बड़े निपुण थे। सन् १९३० में ठाकुर रवीन्द्रनाथ पेरिस पधारे। यहाँ उनके चित्रों की प्रदर्शनी हुई। बड़े-बड़े चित्रकारों ने उनकी योग्यता की सराहना की। इसके बाद रूसी सरकार के निमंत्रण पर ये रूस पहुँचे। इसके बाद वर्लिन, बोस्टन और न्यूयार्क में भी इनके चित्रों की प्रदर्शनी हुई। सभी स्थानों पर इनकी चित्रकला की भूरि-भूरि प्रशंसा हुई।

दानी हृदय

ठाकुर रवीन्द्रनाथ दानी हृदय के स्वामी थे। उन्होंने अपने नोबुल पुरस्कार का साठ हजार पौंड जो लगभग एक लाख बीस हजार रुपये के बराबर होता है शान्ति निकेतन को दे दिया। रवीन्द्रनाथ ने अपने सम्पूर्ण जीवन में लगभग बाइस लखा रुपये दान दे दिये। वे प्रारम्भ से ही दान वीर रहे। उनके यहाँ से कोई खाली हाथ नहीं लौटता था।

प्रेम और मानवता के सच्चे पुजारी

वे प्रेम और मानवता के सच्चे पुजारी थे। वे सभी मनुष्यों को प्रेम भरी दृष्टि से देखते थे। कितने भी बुरा स्वभाव वाला मनुष्य हो उनके संसर्ग में आकर वह पवित्र-मन हो जाता था। वे हमेशा मनुष्यों को यही सन्देश देते थे कि "प्रेम के अन्दर एक ऐसा अद्भुत रहस्य है जहाँ एक ओर यदि कुछ भी न जानें तो वहाँ दूसरी ओर से सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त हो जाता है। "रवीन्द्र-नाथ सभी को अपना समझते थे उनकी धारणा थी कि '-संसार में अपना-पराया कोई भी नहीं। जो किसी को अपना समझता है वही अपना है और जो पराया समझता है वह अपना होने पर भी पराया है।"

हिन्दू-मुस्लिम एकता के समर्थक

वे हिन्दू-मुस्लिम एकता के समर्थक थे। एक बार कलकत्ता में साम्प्रदायिक तनाव फैला हुआ था। जगह-जगह दंगे हो रहे थे। इन्हीं दिनों रक्षा-बन्धन का पर्व आ गया। ठाकुर रवीन्द्रनाथ अपने साथियों के साथ गंगा स्नान के लिए गये हुए थे। लौटते हुए वे सबको राखी बांधते हुए आने लगे। रास्ते में उन्होंने कुछ मुसलमान सईसों को देखा। वे उनके निकट गये और उन्हें भी राखी बांध दी। इनके इस कार्य से सईस बिगड़ने के बजाय उनके गले लग गये। इस प्रकार वे हिन्दू-मुस्लिम दोनों को एक समझते थे।

ऐसे महान् दिव्य पुरुष का जिन्हें महात्मा गांधी भी आदर से 'गुरुदेव' कहते थे और विश्व जिन्हें आदर की दृष्टि से देखता था स्वास्थ्य कुछ दिनों से अधिक बिगड़ गया था। डॉक्टरों ने आपरेशन की सलाह दी। तीस जुलाई सन् १९४६ को इनका आपरेशन किया गया लेकिन कोई सफलता प्राप्त नहीं हुई। सात अगस्त सन् १९४१ को बारह बजकर सात मिनट पर इनका स्वर्गवास हो गया।

इस प्रकार महान् कवि ने अमरत्व को प्राप्त कर लिया। इन्होंने जहाँ कविता, नाटक और चित्रों के द्वारा संसार को सच्चाई का अमर सन्देश दिया वहाँ संसार के कोने-कोने में शान्ति निकेतन के रूप में अपूर्व विश्वविद्यालय की स्थापना कर भारत भूमि के यश को फैलाया। जहाँ अब भी छात्र-छात्राएं विश्व के कोने-कोने से आकर न केवल नंगे पैर चलते हैं अपितु वृक्षों के नीचे उच्च से उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं। भारत की वर्तमान प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने भी शान्ति निकेतन में शिक्षा पायी है वे वर्तमान में इस विश्वविद्यालय की कुलाधिपति हैं। संसार में यह अमर ज्योति तब तक जलती रहेगी जब तक चाँद और सूरज रहेगे। मनुष्यों के हृदयों में इनके दिव्य सन्देश हमेशा गूँजते रहेगे।

राष्ट्रीय गान

डॉ० इन्द्रसेन आयुर्वेदालंकार

यह गान कवीन्द्र रवीन्द्र जी ने बनाया था। किसी गीत का मूल्यांकन करने के लिए हमें उसके दो पक्षों पर विचार करना अभीष्ठ होता है।

(१) कला पक्ष, (२) भाव पक्ष

मैं इस छोटे से लेख में इस गान पर पूरा विचार नहीं कर सकता हूं यद्यपि इसका भाव पक्ष, बहुत उन्नत और प्रबल है और रस-निष्पत्ति में इसी की मुख्यता है तो भी विस्तार भय से मैं इसे नही छूऊंगा।

मैं इसके केवल कला पक्ष पर ही अपना ध्यान केन्द्रित करूंगा। इस पक्ष के भी तीन पहलू हैं। (१) संगीतमयता, (२) काव्य के अलंकार तथा (३) छन्द और छन्द-अलंकार। इन तीनों में से यहाँ केवल इस गान के छन्द और उसके अलंकार। इन तीनों में से यहाँ केवल इस गान के छन्द और उसके अलंकारों का ही वर्णन किया जायगा। जब हम किसी भवन को देखते है तो उसकी स्थापत्य कला की आलोचना करते है इसी प्रकार इस गान के रचना चातुर्य पर ही विचार किया जायगा।

यह गान हिन्दी के तीन छन्दों का सम्मिलन हैं। छन्दों के विकास का इतिहास बहुत पुराना है और छन्द शास्त्र भी बहुत पुराना है। छन्द शास्त्र वेदाँग है और वेदों को समझने के लिये भी इसका ज्ञान आवश्यक है। वेदों के जमाने के छन्द बदल गये, फिर संस्कृत के भी बदल कर ब्रज और अवधी के आ गये। अब आधुनिक काल में ये भी बदल रहे है।

हमारा राष्ट्र गान उस समय के छन्दों की देन है जिस समय रवीन्द्र जी ने इसे बनाया था। इसका प्रारम्भ सार छन्द से होता है और अन्त हंसमराल पर होता है।

सारे गान की एक टेक और पांच कड़ियाँ है इससे पहिले कि इस पर विचार आगे बढ़े इस गीत को यहां उद्धृत किया जाता है। कई पाठकों को इस गीत की केवल एक कड़ी का ही पता होगा, सारे का नहीं, इसलिये भी यह सारा का सारा लिख देना उपयुक्त है।

जन गण मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता।

यह इस गान की टेक है। इसके भी तीन खण्ड हैं। इसके बाद अन्तरा प्रारम्भ होती है। सारे गीत की पांच कड़ियाँ हैं। इन्हें कोई किसी तरह लिखता है और कोई किसी तरह। पर हर एक गीत को उस तरह लिखना ठीक होता है जैसा कि उसके गान का तरीका हो, और जैसा कि चरण के अन्त्यानुप्रास सूचित करते हैं। यही कवि के हृदय और उसके आशय के द्योतक होते हैं। इस तरह इस गान की हर एक कड़ी के बारह चरण बनते हैं। गाते हुए चरणों का निर्णय गान में आये हुये छोटे-बड़े विराम ही करते हैं। इस गान की प्रत्येक कड़ी के निम्न बारह चरण बनते हैं। पहली कड़ी–

(१) पंजाब सिन्ध गुजरात मराठा,
(२) द्राविड़ उत्कल बंगा।
(३) विन्ध्य हिमाचल यमुना गंगा,
(४) उच्छल जलधि तरंगा।

(५) तव शुभ नामे जागे,
(६) तब शुभ आशिष् माँगे ।
(७) गाये तब जय गाथा,
(८) जन गन मङ्गल-दायक !
(९) जय हे ।
(१०) भारत भाग्य विधाता ।
(११) जय हे, जय हे, जय हे ।
(१२) जय जय जय जय हे ।

पाठक स्वयं निर्णय कर सकते है कि जहां-जहां विराम आया है वहाँ तक चरण एक पंक्ति में लिखा गया है और चरण का चरणान्त अनुप्रास भी चरण का निर्णय करने में सहायक है। इससे पूर्व कि मैं इस छन्द की और चार कड़ियाँ यहाँ दूं। छन्द का निर्णय कर लेते है।

छन्द का निर्णय करते हुए प्रायः गीत की एक कड़ी पर ध्यान देने से उसका पता लग जाता है। पर कई बार ऐसा नहीं भी होता। इसका कारण यह है कि कवि किसी एक कड़ी के किसी एक चरण में छन्द का कोई अलंकार डाल देता है और उससे उस एक चरण की मात्रायें घट या बढ़ जाती है। ऐसी अवस्था में गीत की बाकी कड़ियों का अवलोकन करके मात्रा निर्णय किया जा सकता है। यहाँ पर भी ऐसा ही किया जायगा।

पहिले चार चरण सार छन्द का गीतात्मक रूप हैं। सार छन्द के एक चरण में २८ मात्रायें होती हैं। यति १६ और १२ मात्राओं पर आती है। चाल समकल होती है। जब यह तीन शर्तें पूरी हो जायें तो वह छन्द सार-छन्द होता है।

उदाहरण—

पं० बुद्ध देव जी कृत 'उसकी राह पर' से—

(१) देखन चाहत उन रस निधि को, १६ मात्रा
निशि दिन रहत उदासी। १२ मात्रा
(२) पात पात में जिनकी लीला, १६ मात्रा
भक्त हृदय के वासी। १२ मात्रा
(३) जिनके प्रेम फन्द में फँसकर, १६ मात्रा
छूट जाय सब फांसी। १२ मात्रा
(टेक)
(४) अखियां, उन दरशन की प्यासी १६ मात्रा

अब हमारे राष्ट्रगान में देखिये—

पञ्जाब सिन्ध गुजरात मराठा १८ मात्रा
द्राविड़ उत्कल बंगा १२ मात्रा
विन्ध्य हिमाचल यमुना गंगा १६ मात्रा
उच्छल जलधि तरंगा। १२ मात्रा

यदि पहिले चरण में १६ मात्रायें होतीं तो फिर शंका हो ही नहीं सकती थी। पर कवि ने २ मात्रायें अधिक डाल दीं। जान कर डाल दीं। सो हमें इसलिए छन्द निर्णयार्थ इस गीत की अन्य कड़ियों का निरीक्षण करना पड़ेगा। अब लीजिए दूसरी कड़ी के पहिले चार चरण।

अहरह तब आह्वान प्रचारित १६ मात्रा
सुन तव उदार वाणी। १२ मात्रा
हिन्दु बौद्ध सिख जैन पारसिक १६ मात्रा
मुसलमान क्रिस्तानी। १२ मात्रा

तीसरी कड़ी को भी परख लीजिये इसके भी पहिले चार चरण लीजिये—

पतन अभ्युदय बंधुर पंथा १६ मात्रा
युग युग धावित यात्री। १२ मात्रा
हे चिर सारथि तब रथ चक्रे, १६ मात्रा
मुखरित पथ दिन रात्री। १२ मात्रा

इसी तरह अन्य कड़ियों में भी ऐसा ही है सो इस बात का तो निर्णय हो गया कि कवि ने सार छन्द को गीतात्मरूप दिया है। जब सार छन्द गीतात्मक रूप में परिवर्तित होता है तो इसका मात्री चरण फाड़ कर १६ और १२ के दो चरणों में बाँट दिया जाता है।

यहां पर समकल चाल बताना भी आवश्यक है। हिन्दी के सब पदों वाले छन्द इसी समकल चाल पर चलते है। चौपाई भी समकल चाल पर चलती है। यह समकल चाल भी दो प्रकार की होती है। एक शुद्ध समकल और दूसरी समतुलित समकल। समकल चाल तब बनती है जब किसी चरण को दो-दो मात्राओं के खण्डों में बांटा जा सकता हो। उदाहरण देखिए –मुख। रित। पथ। दिन। रा। त्री।

इस चरण को दो-दो मात्राओं के खण्डों में बाँट दिया गया। चाल कहीं नहीं टूटी। सो यह शुद्ध समकल चाल है। इस गीत में सर्वत्र शुद्ध समकल चाल है जो पाठक स्वयं जाँच विचार सकते हैं कि कवि के लिये कितना भारी प्रतिबंध है।

समतुलित समकल चाल वह होती है कि दो-दो मात्रा खण्ड करते हुए हम ऐसा न कर सकें। मार्ग में एक त्रिकल (तीन मात्री) आ जाय। इस त्रिमात्री के तुरन्त बाद ही अगर एक और त्रिमात्री आकर मात्राओं को समतुलित कर दे तब भी वह चाल समकल होती है। ऐसी समकल को हम समतुलित समकल कहते हैं

उदाहरण–

पा। त पा। त में। जिन। की। लीला

पा के बाद दो मात्राओं का खण्ड नहीं है। त्रिकल है पर उस (त पा) के तुरन्त बाद दूसरा (त में) का त्रिकल है इसलिये चाल शुद्ध समकल तो नहीं पर समतुलित समकल अवश्य है।

सार छन्द के लक्षण पूरे घट जाने से इस गीत में सार छन्द है। इस छन्द के बाद दूसरा छन्द १२ मात्री है। यह भी समकल चाल पर आधारित है। इसका नाम हिन्दी में सारक है। (५) (६) (७) और (८) चरण इसी छन्द में हैं। इन्हें यहाँ फिर लिख दिया जाता है।

(५) तव शुभ नामे जागे
(६) तव शुभ आशीष मांगे
(७) गाहे तव जय गाथा।
(८) जन गण मंगल-दायक जय हे।

(टेक का पुनरावर्तन)

जिस प्रकार कुण्डलियों और छप्पयों में दो दो छन्द मिलाये जाते हैं उसी प्रकार यहां भी ये दो छन्द मिला दिये गये है। कुण्डलियों में दोहे को रोला छन्द के साथ मिला दते है। दोहे का चौथा चरण ११ मात्री होता है और काव्य रोले के चरण का पूर्व-खण्ड ११ मात्री होता है। छप्पयों में रोला और उल्लाला को मिला देते है। रोला के चरण का उत्तर खण्ड १३ मात्री होता है। यहाँ गीतात्मक सार का चौथा चरण १२ मात्री है और इस १२ मात्री छन्द का उस १२ मात्री के साथ मेल किया गया है कि जिसका प्रत्येक चरण १२ मात्री है। सार को १२ मात्राओं वाले चरण पर समाप्त करते ही नया १२ मात्राओं वाले सारक छन्द का चरण प्रारम्भ हो जाता है।

तीसरा छन्द इसमें मानस मराल है अर्थात् गीतात्मक मानस मराल है इसमें १२ और १० मात्राओं के चरण होते हैं जैसा कि हमारी प्रसिद्ध आरती में हैं। चाल समकल होती है।

उदाहरण देखिये–

जो ध्यावै फल पावै	१२ मात्रा
दुख बिनशे मन का।	१० मात्रा
सुख सम्पत्ति घर आवै	१२ मात्रा
कष्ट मिटै तन का।	१० मात्रा

चाल समकल है। शुद्ध समकल है। देखिये–

जो। ध्या। वै। फल। पा। वै।
दुख। बिन। शे। मन। का।
सुख। सम्। पति। घर। आ। वै।
कष्। ट मि। टै। तन। का।

राष्ट्रगीत के पिछले दो चरण इसी छन्द में हैं। देखिये–

जय। हे। जय। हे। जय। हे।	१२ मात्रा
जय जय जय जय हे।	१० मात्रा

चाल समकल है

इससे पहिले कि मैं इस गीत की अन्य कड़ियाँ लिखूं जरा छन्दक या टेक पर भी विचार कर लेना आवश्यक है। इस गीत की टेक के तीन भाग हैं।

जन गण मन अधिनायक।	१२ मात्रा
जय हे।	४ मात्रा
भारत भाग्य विधाता।	१२ मात्रा

ये तीनों भाग मिलानों का रूप लेते हैं। मिलान वह होती है जिसे टेक के अन्त्यानुप्रास के साथ मिलाया जाता है। मिलानों के चरणों में भी प्रायः टेक वाले चरण के समान ही मात्रायें होती हैं।

पहिली कड़ी का आठवाँ चरण देखें। यह है जन गण मंगल दायक। यह एक मिलान है। टेक के जन गण मन के साथ इसकी मिलान होती है। मात्रायें और अन्त्यानुप्रास दोनों में एक से हैं।

इसी पहिली कड़ी का सातवाँ चरण देखिये। यह है, 'गाहे तव जय गाथा'। यह भी एक मिलान है। इसकी मिलान टेक के 'भारत भाग्य विधाता' चरण के साथ होती है।

इसी पहिली कड़ी का नौ वाँ चरण देखें। यह है। 'जय हे'। जब टेक वाले 'चरण' या 'अन्य गीत के चरण' कड़ियों में अपने रूप को बिना बदले आते हैं तो वे 'सहगान की तानें' कहलाते हैं। 'जय हे' तान है। जो कि टेक का चतुर्मात्री चरण है, और प्रत्येक कड़ी का भी नौवाँ चरण है।

इस कड़ी का ग्यारह वां और बारह वाँ चरण अर्थात् जय हे, जय हे, जय हे (ग्यारह वां चरण) जय जय जय जय हे (बारह वाँ चरण) सहगानी तानें है। टेक में तो नहीं आती हैं पर हर कड़ी के बाद बिना बदले आती हैं। जब टेक का कोई हिस्सा हर कड़ी के बाद वैसे का वैसा जैसा कि टेक में होता है बोला जाता है तो उसे टेक की धुन कहना चाहिये। कई बार इसमें आर्थिक चमत्कार भी होता है। इस आर्थिक चमत्कार का वर्णन यहाँ नहीं किया जायगा। चूंकि इस गीत में वह नहीं है।

संक्षेप से आप कवि की छन्द कला देखिये– कवि में तीन छन्दों का समन्वय करके गीत बनाने की शक्ति है। छन्दक में तीन मिलाने डाल दी हैं और सर्वत्र लय शुद्ध समकल रखी है। चरणान्त-अनुप्रास प्रत्येक कड़ी में जो १२ चरणों

की है १० चरणों में पाया जाता है। स्वतन्त्र अन्त वाले चरण केवल दो ही हैं और उनमें भी कहीं-कहीं स्वर का अन्त्यानुप्रास भी है और एक जगह तो व्यञ्जन का अनुप्रास भी है।

सार छन्द के छन्दक प्रायः १६ मात्राओं के बनाये जाते हैं जैसे कि ऊपर एक चरण में दिखाया गया है। वह चरण है–

अँखिया, उन दरशन की प्यासी'। सार की यह एक टेक या छन्दक है। इसमें चार मात्राओं के बाद यति डालकर और फिर १२ मात्रायें जोड़ कर १६ मात्री छन्दक बनाया गया है। राष्ट्रीय गान में 'जय हे' जब 'भारत भाग्य विधाता' के साथ आता है तो (४ और १२) मात्राओं का मेल करके टेक को १६ मात्री बना देता है जो सार के १६ मात्री चरण के बराबर की मात्रा वाला हो जाता है। इस तरह परम्परा की पूर्ति भी हो जाती है। गीत की बाकी चार कड़ियां इस प्रकार है–

दूसरी कड़ी–

१ अहरह तव आह्वान प्रचारित
२ सुन तव उदार वाणी
३ हिन्दु बौद्ध सिक्ख जैन पारसिक
४ मुसलमान क्रिस्तानी
५ पूरब पच्छिम आशे
६ तब सिंहासन पाशे
७ प्रेम–हार ह्वय् गाथा ?
८ जन गण ऐक्य विधायक !
९　　जय हे।
१० भारत भाग्य विधाता।
११ जय हे। जय हे। जय हे।
१२ जय जय जय जय हे।

तीसरी कड़ी–

१ पतन अभ्युदय बंधुर पंथा,
२ युग-युग धावित यात्री
३ हे चिर–सारथि तव रथ चक्रे
४ मुखरित पथ दिन रात्री
५ दारुण विप्लव माझे
६ तव शंख ध्वनि बाजे
७ संकट दुःख त्राता।
८ जन गण पथ परिचायक
९　　जय हे।
१० भारत भाग्य–विधाता।
११ जय हे। जय हे। जय हे।
१२ जय, जय, जय, जय हे।

चौथी कड़ी–

१ घोर तिमिर घन निबिड़ निशीथे।
२ पीड़ित मूर्च्छित देशे–
३ जागृत छिल तव अविचल मंगल
४ नत नयने अनिमेषे
५ दुःस्वप्ने आतंके
६ रक्षा करिले अंके
७ स्नेहमयी तुमि माता,
८ जन गण दुःख त्रायक
९　　जय हे।
१० भारत भाग्य विधाता।
११ जय हे। जय हे। जय हे।
१२ जय जय जय जय हे।

पांचवीं कड़ी–

१ रात्रि प्रभातिल उदिल रविच्छवि
२ पूर्व उदयगिरि भाले
३ गाहे विहंगम पुण्य समीरण
४ नव जीवन रस ढाले
५ तब करुणारुण रागे

६ निद्रित भारत जागे
७ तब चरणे नत माथा
८ जय जय जय राजेश्वर
९ जय हे।
१० भारत भाग्य विधाता।
११ जय हे जय हे जय हे।
१२ जय जय जय जय हे ॥

पाठक स्वयं जाँच कर सकते हैं कि जो विशेषतायें पहिली कड़ी के सम्बन्ध में बताई गई हैं वही अन्य कड़ियों पर घटित होती है या नहीं? इस गीत की छन्द सम्बन्धी कुछ विशेषतायें साराँशतः निम्न है।

छन्दक में– (१) तीन चरण हैं। जो

(२) तीनों टेक बन जाती है, अर्थात् तीनों की मिलाने सारी कड़ियों में हैं।

जन गण मन अधिनायक की मिलानें कड़ियों के आठवें चरणों में है। जय हे की मिलानें नौवें चरण हैं जो सहगान की मिलाने सातवें चरण में है।

(३) सार छन्द वाला ४+१२ का मेल भी (जय हे) को (भारत भाग्य विधाता) के साथ मिलाकर किया गया है।

गीत में–(१) सर्वत्र समकल ही नहीं बल्कि शुद्ध समकल चाल का निर्वाह किया गया है।

(२) तीन छन्दों का सम्मिलन अत्यन्त कलात्मक ढंग से किया गया है। पहिला सार, दूसरा १२ मात्री और तीसरा हंसमराल। तीनों को गीतात्मकता का चोला पहनाया गया है। १६+१२ (सार) १२, १२, १२, १२ के साथ और इसका १२+१० के (मानस मराल के साथ) छन्द का चरण क्रमशः १६ मात्रा से उतर कर १० मात्रा तक उतर जाता है। १२ मात्रायें तीनों छन्दों की संयोजकी तालिकायें हैं।

(३) चरणान्त के अनुप्रासों का निर्वाह जो इन छन्दों के मेल में बड़ा ही कठिन था, पूर्ण कलात्मकता के साथ किया है। केवल एक जगह स्खलन प्रतीत होता है, पांचवीं कड़ी के 'राजेश्वर' में। पर संभवतः कवि ने यह जान बूझकर काव्य की उत्कृष्टता के लिये किया है।

(४) मात्राओं की संख्या का गणना की दृष्टि से सब चरणों में कहीं भी स्खलन नहीं है। एक पहिली कड़ी के पहिले चरण में १६ मात्राओं की जगह १७ मात्रायें हैं। यह स्पष्ट रूपेण संगीत की उत्कृष्टता के लिये है चूंकि इससे गीत में स्फूर्ति आती है न कि भंगिमा। ऐसी अवस्था में यह परम्परागत रूढ़ि से विचलन छन्द का अलंकार कहलाता है। यद्यपि इसका अभी तक कोई नाम नहीं है। पर इसे आप छन्द की 'गिरस' कह लें। इस गिरस से टयून की मोनोटोनी टूटती है और सरसता बढ़ती है। पञ्जाब के (पं) अक्षर को अधिक किया गया है।

छन्द के अलंकार (१) इसमें सम्बोधनालंकार को और जयकारों को विशेष रूप से प्रयुक्त किया गया है।

(पाठकों! स्मरण रखिये कि मैं छन्द के अलंकारों का वर्णन कर रहा हूँ, साहित्य के अलंकारों का नहीं। साहित्य-अलंकार तो कितने ही हैं जो काव्यालोचक या साहित्यालोचक के लिये मैंने छोड़ दिये है।)

(२) इसमें सहतानी तानें भी तीन हैं। ये प्रत्येक कड़ी की नौवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कड़ियों में हैं।

(३) मिलानों और टेक का पुनरावर्तन सब कड़ियों में हैं। इसके लिये देखें सातवीं, आठवीं और दसवीं चरण पंक्तियाँ।

कई कवियों के अनुसार कड़ियों की संख्या विषम होनी चाहिये और वह भी न अधिक और न कम। यहां पाँच हैं जो उस विचार के सर्वथानुकूल हैं।

जग विख्यात कवीन्द्र की छन्दकला की प्रशंसा करना सूर्य को दीपक दिखाना है। पर यदि हम अपने महान् कवि के छन्द शिल्प को नहीं समझेंगे तो सचमुच हम उसकी कविता के उत्तराधिकारी होने के योग्य नहीं होंगे। और फिर 'उस गान की निर्माण कला' कि जिसने राष्ट्रीय गीत की पदवी पा ली है। हमारे लिये नितान्त आवश्यक है कि इस कला को हम समझें।

इसकी संगीतमयता को कोई संगीतज्ञ ही लिखेगा। पर जन साधारण के लिये मैं यह लिख देता हूं कि इसका सरेगम राम अवतार 'वीर' जी ने भी लिखा है और श्री चिन्तामणि जी एम० ए० ने लिखा है। चिन्तामणि का बैन्जो मास्टर जिसमें यह सुरलिपि है संगीत कार्यालय हाथरस द्वारा प्रकाशित है और श्री रामावतार जी की सुरलिपि जिस प्रकाशन में है वह देहाती पुस्तक भण्डार, चावड़ी बाजार, दिल्ली ६ से मिल सकती है। पुस्तक का सही नाम मुझे याद नहीं संभवतः वह राष्ट्रीय हारमोनियम गाइड है।

काव्य दृष्टि से इस गीत की आलोचना जैसी मुझसे हो सकती है सो मैं भी कर सकता हूं पर मैंने जानकर डी०लिट्० या पी-एच० डी० हिन्दी वालों के लिये छोड़ दी है।

गुर बिन दाता कोइ नहीं जग मांगन हारा।
तीनि लोक ब्रह्माण्ड मैं सब के भरतारा॥
अपराधी तीरथ चले, तीरथ कहा तारै।
कांम क्रोध मल मरि रहे, कहा देह परवारै॥
कागद की नौका बनी, बिचि लोहा भरा।
सबद भेद बूझ बिना, बूड़े मंझ धारा॥
कहै कबीर भूलौ कहा, कहं ढूंढ़त डोलै।
बिन सत गुर नहिं पाइए, घट ही मैं बोले॥

—कबीर

सुप्रसिद्ध विद्वज्जन सम्मानित

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के ७६वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्वानों को कुलपति श्री बलभद्रकुमार जी द्वारा दी गयी "वेदमार्तण्ड" एवं विद्यामर्तण्ड" की पूजोपाधि के पोद्धरण

आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति "वेदमार्तण्ड" की पूजोपाधि से अलंकृत

कुलाधिपति महोदय,

मैं आपके समक्ष आचार्य प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति को प्रस्तुत करता हूं। आपका जन्म पानीपत के एक आर्यसमाजी परिवार में हुआ। आपने प्रारम्भ से वेदवाचस्पति तक समस्त शिक्षा इसी विश्वविद्यालय में ग्रहण की। आपका प्रिय विषय वैदिक साहित्य रहा जिसमें आपने उच्च कोटि की ४ पुस्तकें लिखी हैं। इन पुस्तकों की विद्वज्जनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है और इन पर कई मूल्यवान पुरस्कार भी दिये गये हैं। सम्प्रति आप वेदों के राजनीतिक सिद्धान्त पर एक विशाल ग्रन्थ की रचना में संलग्न हैं।

गुरुकुल काँगड़ी के संचालन एवं संवर्धन में आपका योगदान दीर्घकालीन रहा है। सन् १९४३ से १९७३ तक आप विश्वविद्यालय में वैदिक साहित्य के उपाध्याय व आचार्य तथा १९६८–७१ तक से कुलपति के रूप में कार्य करते रहे।

आपने अपना सारा जीवन वैदिक साहित्य, आर्य संस्कृति तथा उच्च शिक्षा के प्रचार-प्रसार में लगाया है। यह विश्वविद्यालय आप जैसे सरल चित्त, मृदुभाषी विद्वान् का सम्मान करते हुए स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करता है।

श्री जैनेन्द्र कुमार जैन "विद्यामार्तण्ड" की पूजोपाधि से अलंकृत

कुलाधिपति महोदय,

मैं आपके समक्ष हिन्दी साहित्य के गांधीवादी विचारधारा के वयोवृद्ध किन्तु सशक्त कलाकार श्री जैनेन्द्र कुमार जैन को प्रस्तुत कर रहा हूं जिनका जन्म सन् १९०५ में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के कौड़ियागंज नामक ग्राम में हुआ था। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा गुरुकुल हस्तिनापुर में हुई। जब आपने बनारस विश्वविद्यालय में इन्टर की परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु प्रवेश लिया तभी आप राष्ट्रीय आन्दोलन में कूद पड़े। परिणामतः अनेक बार आपको कारावास का दण्ड भुगतना पड़ा। आपके सम्पूर्ण व्यक्तित्व पर इसी राष्ट्रीय विचार धारा की अमिट छाप विद्यमान है।

आपने अपना साहित्यिक जीवन सन् १९२९ में 'परख' नामक उपन्यास से प्रारम्भ किया। तब से अब तक आप कथा के क्षेत्र में मां भारती को अनेक प्रौढ़ एवं उत्कृष्ट कोटि की रचनाएं समर्पित कर चुके हैं। सुनीता, त्यागपत्र, सुखदा, विवर्त, व्यतीत एवं जयवर्द्धन इस दृष्टि से आपकी उल्लेखनीय रचनाएं हैं। आपका सम्पूर्ण कथा साहित्य मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि पर प्रतिष्ठित है।

वैचारिक धरातल पर भी आपने अपनी अमर लेखनी से जो रचनाएं हिन्दी साहित्य को समर्पित की हैं वैचारिक उत्कृष्टता के कारण वे भी हिन्दी साहित्य की अमूल्य निधि हैं। 'श्रेय और प्रेय' इस दृष्टि से आपका उल्लेखनीय ग्रन्थ है।

आप ७१ वर्ष की अवस्था में भी साहित्य साधना में रत हैं।

हिन्दी के तपोपूत व्यक्तित्व को पूजोपाधि देकर विश्वविद्यालय अपने को गौरवान्वित कर रहा है।❀

प्रो० हरिदत्त वेदालंकार "विद्यामर्तण्ड" की पूजोपाधि से अलंकृत

कुलाधिपति महोदय,

मैं आपके समक्ष प्रो० हरिदत्त वेदालंकार को प्रस्तुत कर रहा हूं। आपने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में लगभग ३० वर्ष तक इतिहास व राजनीति शास्त्र के अध्यापन का कार्य किया तथा पुरातत्व संग्राहलय की स्थापना की।

आप इतिहास, राजनीति शास्त्र तथा संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वान् और हिन्दी के लब्धप्रतिष्ठित लेखक हैं। आपने इतिहास, राजनीति शास्त्र और समाज सास्त्र पर एक दर्जन से अधिक मौलिक पुस्तकों का लेखन किया है। आपकी अनेक कृतियाँ मध्यप्रदेश शासन, हिन्दुस्तानी अकादमी, उत्तर प्रदेश शासन आदि से पुरस्कृत हो चुकी हैं। आपको 'अन्तर्राष्ट्रीय कानून' नामक पुस्तक पर भारत सरकार के विधि मंत्रालय द्वारा दस हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया है। आपकी प्रसिद्ध कृति कालीदास के पक्षी' की विद्वानों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

आजकल आप गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व–विद्यालय, पंतनगर के अनुवाद एवं प्रकाशन निदेशक हैं। आपके निदेशन में विश्वविद्यालय स्तर की लगभग १०० से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन हुआ है।

ऐसे विद्वान् को सम्मानित करके यह विश्वविद्यालय स्वयं को ही गौरवान्वित कर रहा है।❀

आचार्य विष्णुमित्र "विद्यामार्तण्ड" की पूजोपाधि से अलंकृत

कुलाधिपति महोदय,

मैं आपके समक्ष आचार्य विष्णुमित्र को उपस्थित करता हूं। गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के प्रसार प्रचार में आपका योगदान अभूतपूर्व रहा है। करनाल जिले के बुवाना ग्राम में निरंतर १३ वर्ष तक गुरुकुल भैंसवाल में अध्ययन करते हुए अपनी शिक्षा पूर्ण की। इसके बाद आप अध्ययन, अध्यापन तथा आर्य शिक्षण संस्थाओं के संचालन के कार्य में तन-मन-धन से रत हो गये। सम्प्रति आप गुरुकल भैंसवाल तथा कन्या गुरुकुल खानपुर कलां के उप-कुलपति हैं। इनकी सेवाओं से प्रभावित होकर भारत सरकार और हरियाणा सरकार ने इन्हें एवार्ड तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। आचार्य जी

ने हिन्दी तथा संस्कृत में अनेक पुस्तकें लिखी हैं। हरियाणा के आर्य जगत में आचार्य जी का ऊंचा स्थान है और वे सभी व्यक्तियों का प्रेम तथा आदर प्राप्त करते हैं। अपने यहां आर्य समाज के प्रचार तथा गुरुकुल के संचालन में समस्त आर्य जनता का सक्रिय सहयोग आपको मिलता है।

आचार्य अत्यन्त सरल चित तथा सादगी का जीवन बिताते हैं। ऐसे महापुरुष को सम्मानित कर यह विश्वविद्यालय स्वयं को ही गौरवान्वित कर रहा है।❀

पंडित भगवद्दत्त वेदालंकार "विद्यामार्तण्ड" की पूजोपाधि से अलंकृत

कुलाधिपति महोदय,

मैं आपके समक्ष पं० भगवद्दत्त वेदालंकार को प्रस्तुत कर रहा हूं।

आपका जन्म मेरठ जिले के एक कृषक परिवार में हुआ। आपने प्रारम्भ से वेदालंकार तक की शिक्षा इसी विश्वविद्यालय में प्राप्त की और अपने शिक्षाकाल में ही कुलमाता की आजीवन सेवा करने का कठोर व्रत लिया। सन् १९३५ में वेदालंकार उपाधि प्राप्त करने के बाद से आज तक इन्होंने अपना सारा समय वैदिक साहित्य के गम्भीर अध्ययन तथा शोध कार्य के लिये समर्पित कर दिया। वैदिक पयोधि का मन्थन करके आपने १० अमूल्य रत्न आर्य जगत को दिए हैं और ७-८ पुस्तकें अभी अप्रकाशित हैं। आपकी पुस्तकों का स्तर बहुत ऊंचा है और उसमें वैदिक साहित्य की जटिल एवं दुरूह कल्पना को सुगम रूप से प्रस्तुत करने का गुण पाया जाता है। आपकी पुस्तकों पर कई बड़े-बड़े पुरस्कार दिये गये हैं।

पुस्तकों के अतिरिक्त आपने विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में जो उच्चकोटि के लेख प्रकाशित किये हैं उनकी संख्या भी कम नहीं है। शोध-कार्य के साथ-साथ आपने गुरुकुल पत्रिका के सम्पादन के कार्य को अत्यन्त कुशलता पूर्वक गत १४ वर्षों से निभाया है।

पंडित जी अपने मधुर स्वभाव के कारण अजातशत्रु के रूप में जाने जाते हैं। कुलमाता की निःस्वार्थ सेवा में आपने कभी धनोपार्जन को महत्व नहीं दिया। ऐसे त्यागी, तपस्वी महापुरुष को सम्मानित करते हुए कुलमाता एक प्रकार से स्वयं को ही गौरवान्वित कर रही है।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के ७६वें वार्षिकोत्सव में दीक्षान्त समारोह के अवसर पर
प्रथम तीन वेदमार्तंड, विद्यामार्तंड की पूजोपाधि, अन्तिम चार पी.एच-डी. एवं अन्य उपाधि प्राप्त कर्त्ताओं का सामूहिक चित्र

कुर्सी पर बैठे हुए बांये से दांये—आचार्य विष्णुमित्र, आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति, पं० भगवद्दत्त वेदालंकार, डॉ० रामनाथ वेदालंकार आचार्य एवं उपकुलपति, श्री बलभद्रकुमार कुलपति, डॉ० चेन्नारेड्डी राज्यपाल उत्तर-प्रदेश, श्री पृथ्वीसिंह आज़ाद कुलाधिपति, डॉ० गंगाराम गर्ग कुलसचिव, डॉ० रामजीदत्त शैली डॉ० पृथ्वीसिंह 'विकसित', डॉ० रामवीर शास्त्री एवं पहली पंक्ति में खडे हुये चौथे डॉ० केहरसिंह



'विद्यामार्तण्ड' की पूजोपाधि से अलकृत हिन्दी-साहित्य के गांधीवादी विचारधारा के वयोवृद्ध सशक्त कलाकार श्री जैनेन्द्रकुमार जैन साथ में गुरुकुल-पत्रिका के सम्पादक रामाश्रय मिश्र

गुरुकुल समाचार

श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार

ऋतु–रंग

अप्रैल मास के मध्य से लेकर अन्त तक का ऋतु-चक्र इस प्रकार रहा। वातावरण में उष्णता बढ़ चली। हवा के गरम-गरम झोंके आगामी लूओं का आभास कराने लगे। गेहूं की पकी फसल काट दी गयी। कोयल की कूक स्पष्ट सुनाई देती रही। टिटहरी की टीं-टीं का उच्च स्वर रजनी की स्तब्धता को टोकता रहा। जड़ और चेतन जगत् में मुखरता झलक उठी। अम्बियों का पूर्ण रूपेण अभाव रहा। अमलतास पर काली-काली लम्बी फलियां सुशोभित हो उठीं। पापड़ी के वृक्षों की पत्तियां दूर-दूर तक छितरा गयीं। नीम पर नूतन पत्तों का उद्भव और बौर का आगमन हो उठा। मधूक (महुआ) भी महक उठा। कचनार की फलियाँ चटकने लगी। जामुनों पर भी बौर आ गया। तैलपर्णी के वृक्ष भी पुरानी छाल उतार कर नूतन कलेवर-युक्त हो गये। माजूफल के वृक्ष हरे-भरे हो गये। कटहल के पेड़ों से गिरने वाले गोल-गोल फलों की पट-पट शब्दावली आकृष्ट करती रही। शहतूतों की खूब बहार रही। प्रातः सायं का मौसम बड़ा लुभावना व सुहावना प्रतीत होता रहा। २४–२५ में हल्की बूंदा-बांदी भी हुई। हवा की तीव्रता से गुरुकुलीय मैदान पत्तों से ढक गये। आंधी व तूफान का भय बना ही रहा। २९ ता० को सूर्य-ग्रहण का तामसिक क्षण बीत गया। छात्रों एवं कुलवासियों ने गंगा स्नान का आनन्द लेना प्रारम्भ कर दिया। दर्शकों का आवागमन लगा रहा। मच्छरों और मक्खियों से वातावरण अत्यधिक प्रभावित रहा।

विद्यालय–विभाग

अध्यापकों की बैठक:––विद्यालय-विभाग में नये मुख्याध्यापक श्री ओमप्रकाश जी राजपाल की अध्यक्षता में १७-४-७६ को विद्यालय-सम्बन्धी विविध समस्याओं पर विचार-गोष्ठी हुई। सफाई, अध्ययन, फर्नीचर, परीक्षा, नियमित्तता आदि पर विचार हुआ। साथ ही सभी अध्यापकों व अधिष्ठाताओं की ओर से मुख्याध्यापक जी का श्री जनेश्वर पाल जी व श्री अतरसिंह जी ने माल्यार्पण द्वारा स्वागत सत्कार किया।

वार्षिक परीक्षायें:––विद्यालय-विभाग की नवम व दशम श्रेणियों (विद्याधिकारी) की परीक्षायें २१ अप्रैल से प्रारम्भ हो चुकी है तथा अष्टम से प्रथम श्रेणी तक के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षायें २६ अप्रैल से प्रारम्भ है। जो १० मई को समाप्त हुई। १५ मई से ग्रीष्मावकाश हुआ।

डा० राजेन्द्रप्रसाद छात्रावास में काव्य-गोष्ठी

१५ अप्रैल को राजेन्द्र-छात्रावास में आचार्य डॉ० रामनाथ जी वेदालंकार की अध्यक्षता में एवं डॉ० क्रान्तिकृष्ण जी आयुर्वेदालंकार, एम० ए० के संरक्षण में एक साहित्यिक- संगोष्ठी का समायोजन हुआ। ब्र० धर्मचन्द्र प्रचारी तेरह वीं श्रेणी ने गोष्ठी का संयोजन किया। संगोष्ठी का प्रारम्भ ब्र० गणेश विद्यालंकार की सरस्वती वंदना से हुआ। गोष्ठी उस समय और मुखरित हो उठी जब मूर्धन्य साहित्यकार डा० सत्यकाम जी विद्यालंकार तथा तथा विद्यासागर जी विद्यालंकार ने अपने साहित्यिक विचार प्रस्तुत किए। गुरुकुल के पुराने स्नातकों ने नव-स्नातकों को साहित्य में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। लगभग दो घंटे तक गोष्ठी चली। उत्साह एवं उल्लास के मध्य गोष्ठी [illegible]पन सभापति जी के धन्यवाद भाषण से हुआ।

कार्यालय में नयी प्रशासनिक गतिविधियां

[illegible] जी ने विश्वविद्यालय के कार्य में सुचारुता एवं गति शीलता लाने हेतु दो [illegible]ों—"श्री डा० हरगोपालसिंह जी मनोविज्ञान विभाग को शिक्षा परीक्षा विभाग के [illegible] उप कुल सचिव नियुक्त किया है। डा० हरगोपाल जी लगभग २२ वर्ष से उपाध्याय पद पर कार्य कर रहे हैं। आप सृजनात्मक वृत्ति के हैं तथा गुरुकुल में एन० सी० सी० विभाग तथा मनो विज्ञान विभाग के खुलवाने में आपका पूर्ण हाथ रहा है।"

"दूसरे श्री हरिश्चन्द्र जी ग्रोवर फिजिक्स विभाग में उपाध्याय हैं। आपको वित्त एवं लेखा विभाग में उपकुलसचिव नियुक्त किया गया है।

आशा है कि उक्त महानुभावों से विश्वविद्यालय के कार्यों में गतिशीलता आ सकेगी।

इसी प्रकार गुरुकुल-विभाग में सहायक मुख्याधिष्ठाता श्री पं० धर्मवीर जी विद्यालंकार ने वरिष्ठ लिपिक श्री रामेश्वर जी को किसी अन्य महानुभाव की नियुक्ति तक गुरुकुल-कार्यालयाध्यक्ष बनाया है।

विश्वविद्यालय-विभाग में वार्षिक परीक्षायें

विश्व विद्यालय-विभाग के अन्तर्गत वर्ष १९७६ की एम० ए०, विद्यालंकार, वेदालंकार, बी० एस-सी० आदि की वार्षिक परीक्षायें २० अप्रैल से प्रारम्भ हुईं। जिसके अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी मिश्र (अध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग) तथा श्री प्रो० जबरसिंह सेंगर रहे। विज्ञान महाविद्यालय में बी० एस-सी० के छात्रों की परीक्षायें हुईं। जिसके अध्यक्ष प्रिंसिपल श्री सुरेशचन्द्र जी त्यागी रहे। परीक्षा का कार्य-क्रम शांत वातावरण में हुआ। परीक्षा प्रणाली में सुचारुता और स्थिरता लाने के लिए परीक्षा-स्थलों को तीन स्थानों में बांट दिया गया। वेद मन्दिर में विद्याधिकारी-छात्रों की परीक्षायें हुईं। जिसके अध्यक्ष विद्यालय-विभाग के मुख्याध्यापक श्री ओमप्रकाश जी तथा उपाध्यक्ष प्रो० रामाश्रय मिश्र

रहे। विश्व-विद्यालय-भवन में एम· ए·, विद्यालंकार, वेदालंकार व विद्याविनोद के छात्रों की परीक्षायें नियमित चल रही है।

वार्षिकोत्सव पर पुरस्कृतों की नामावली

गुरुकुल के वार्षिकोत्सव पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, अध्यापकों और छात्रों को श्री कुलपति जी ने पुरस्कृत किया। जिनके नाम है–सर्व श्री डॉ० विष्णुदत्त जी राकेश (हिन्दी विभाग), प्रो० जबरसिंह जी सेंगर (इति० विभा०) ब्र० देवकेतु एम० ए० द्वितीय वर्ष (अभिमन्यु की उपाधि दी गई), ननकू (माली), बलबीरसिंह (सेवक), डॉ० वासुदेव जी चैतन्य (वि० आयुर्वेद), सत्यप्रकाश (आयुर्वेद पंचम वर्ष, पं० हरिवंश जी वेदालंकार (विद्यालय), पं० अतरसिंह जी (अधिष्ठाता विद्यालय), ब्र· लोकेश कुमार (दशम श्रेणी), ब्र० सुरेन्द्रपाल पंचम श्रेणी, मुकन्दा (कर्मचारी), ब्र· विनय कुमार (विज्ञान-महा०) रामदिया (सेवक, विज्ञान महा०), प्रतापसिंह जी (कुलसचिव-कार्यालय) सत्यसिंह जी (कुलसचिव कार्या·) पं० रामेश्वर जी (गुरुकुल कार्यालयाध्यक्ष), वाचस्पति जी (गुरुकुल कार्यालय वरिष्ठ लिपिक), श्यामसिंह जी (कार्यालय जमादार), जयसिंह जी (शिक्षा कार्यालय)।

गुरुकुल से अनेक पत्रिकाओं का नियमित प्रकाशन

१–गुरूकुल–पत्रिका:––समस्त पत्रिका प्रेमियों को प्रसन्नता होगी कि कुल के मान्य कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी की प्रेरणा से गुरुकुल की मुख्य मासिक पत्रिका 'गुरुकुल पत्रिका के नियमित रूप से नेहरू, श्रद्धानन्द, दयानन्द, लाजपतराय, भगतसिंह एवं आर्यभट अंक आपके हाथों में पहुंच चुके हैं। आगामी अंक भी नियमित रूप से आपको प्राप्त होंगे। वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका को नियमित्तता में लाने के लिए पत्रिका से सम्बन्धित सभी महानुभाव धन्यवाद के पात्र हैं। विशेष रूप से गुरुकुल प्रेस के कार्य-कर्त्ता।

२––शोध भारती–विश्वविद्यालय-स्तर पर शोध-सम्बन्धी पत्रिका का अभाव प्रायः खटकने का विषय रहा ही है किन्तु अब इस समस्या का समाधान कर दिया गया है। अप्रैल मास से शोध भारती पुनः त्रैमासिक रूप में प्रकाश में आ चुकी है। एक प्रति का मूल्य ५) है। सम्पादक मण्डल निम्न है––प्रधान सम्पादक श्री डॉ० रामनाथ जी वेदालंकार। सम्पादक––डा० विष्णुदत्त जी राकेश, प्रबन्ध सम्पादक प्रो० जबरसिंह सेंगर, परामर्श मण्डल – डॉ० निगम, डॉ० अम्बिका प्रसाद, डा० विनोदचन्द्र डॉ० हरगोपाल, डॉ० नारायण शर्मा, प्रो० भारत भूषण।

३–वैदिक पथ–प्रसिद्ध इतिहास वेत्ता एवं गुरूकुल के भूतपूर्व कुलपति डा० सत्यकेतु जी विद्यालंकार के अथक प्रयास से श्रद्धानन्द शोध संस्थान की ओर से वैदिक-मैगज़ीन' की भांति ही त्रैमासिक अंग्रेजी 'वैदिक-पथ' का प्रकाशन अप्रैल मास से हो चुका है। प्रधान संपादक–डॉ० सत्यकेतु विद्यालंकार,

आवासीय संपादक–प्रो० बुद्धदेव शर्मा, सम्पादक मण्डल––डॉ० रामनाथ वेदालंकार, प्रो० सदाशिव भगत, डॉ० हरगोपालसिंह, डॉ· राधेलाल वार्ष्णेय ।

४–ध्रुव पत्रिका, विद्यालय विभाग के छात्रों में साहित्यिक अभिरुचि पैदा करने के लिए छात्रों की ही मासिक 'ध्रुव पत्रिका' का प्रकाशन हो चुका है। सम्पादक-मंडल–श्री अरविन्द कुमार जी (वि· अध्यापक) तथा श्री विजय कुमार जी शास्त्री, । छात्र सम्पादक ब्र· अनिल, ब्र· लोकेश, ब्र· नरेन्द्र, ब्र० गणेश ।

५–प्रहलाद पत्रिका–विद्या विनोद तथा इन्टर आदि के छात्रों में नवीन स्फुरण एवं साहित्यिक अभिरूचि विकसित करने के लिए कुलपति जी की प्रेरणा से इसी मास से प्रह्लाद–पत्रिका का प्रकाशन भी हो चुका है। सम्पादक-मण्डल इस प्रकार है–सर्व श्री प्रो०श्याम नारायण सिंह जी (इति· वि·), प्रो· ओमप्रकाश जी मिश्र, छात्रसम्पादक–ब्र· अशोक विद्यालंकार।

स्नातक-मण्डल के क्रिया-कलाप

वार्षिकोत्सव पर नये पुराने सभी स्नातकों की व्यवसायाध्यक्ष डा० हरि प्रकाश जी आयुर्वेदालंकार की अध्यक्षता में सभा हुई। डा० निरूपण जी विद्यालंकार (उपमन्त्री) ने अनेक विषय प्रस्तुत किए। सभा में सर्वसम्मति से विचार हुआ कि स्नातकों का एक परिचयात्मक ग्रन्थ तैयार किया जाए। इसके अतिरिक्त १९७६ के दिसम्बर मास में श्रद्धेय स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज की बलिदान अर्द्धशताब्दी का समायोजन दिल्ली में होने जा रहा है, उसमें गुरुकुल के स्नातक अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का कष्ट करें।

डा० मेधार्थी जी का अनुपम कार्य

उत्सव पर ही एक स्नातक बंधु से ज्ञात हुआ कि गुरुकुल के स्नातक डॉ० मेधार्थी जी आयुर्वेदालंकार लगभग २६ हजार आंखों के सफल आपरेशन कर चुके हैं। वर्तमाम समय में वे बड़ौदा (गुजरात) में कार्यरत हैं। गुरुकुल की ओर से स्नातक जी को बधाई है। इस विषय में विशेष जानकारी श्री मुन्नालाल जी वानप्रस्थाश्रम ज्वालापुर से ली जा सकती है।

दीक्षान्त समारोह पर वितरित विभिन्न उपाधियों का विवरण

विद्यालंकार–१३। वेदालंकार–३। पी-एच· डी·–७। एम· ए·:–हिन्दी ९। प्रा.भा·इति.–६। अंग्रेजी–५। गणित १५। मनोविज्ञान–४। दर्शन–२। संस्कृत–७। वेद–२। बी· एस. सी.–४५।

दानात् प्रतिष्ठा लोकेऽस्मिन्.....

इस मास दानवीर सेठ श्री कृष्ण कुमार जी विरला ने गुरुकुल के लिए २५००) का सात्विक दान प्रदान किया। गुरूकुल सेठ जी का हृदय से आभारी हैं। आशा है उनका प्रेम भाव और दान-भाव यथापूर्व बना रहेगा।

अनुदान––विद्यालय-विभाग के लिए सरकार से ५०००) का अनुदान प्राप्त हुआ । अनुदान के लिए धन्यवाद ।

पर्वतारोहण–क्लब समाचार

पर्वतारोहण-क्लब गुरुकुल कांगड़ी के मन्त्री श्री राजेन्द्र प्रसाद सैनी ने २७ मार्च से २५ अप्रैल तक नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी द्वारा चलाये गये ५० वें बेसिक कोर्स में भाग लेकर पर्वतारोहण के बारे में ज्ञान प्राप्त किया । इस प्रशिक्षण के द्वारा रॉक क्लाइविंग, स्नो क्राफ्ट व ऑइस क्राफ्ट का ज्ञान प्राप्त किया । २२ दिन बर्फ में रह कर १८००० फीट ऊंचे तक चढ़ाई की तथा २५ अप्रेल को समाप्त हुए प्रशिक्षण में ए–ग्रेड सफलता प्राप्त की ।

शोक समाचार

असीम दुःख और शोक के साथ यह समाचार दिया जाता है कि गुरुकुल कार्यालय विभाग के पुराने अनुभवी, कर्मठ और सरल वृत्ति वाले कार्यकर्ता कोषाध्यक्ष श्री वैद्य भगवानदास जी का ४।५।७६ को असामयिक निधन हो गया । शोक में समस्त कार्यालय बन्द रहे । प्रभु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे ।

हमें यह समाचार देते हुए अत्यन्त हार्दिक दुःख है कि कुल सचिव कार्यालय के कार्यकर्ता श्री बाबूराम जी की धर्मपत्नी का असमय ही स्वर्गवास हो गया । समाचार पाकर सभी कार्यालय के कर्मचारियों ने दुःखी परिवार के लिए शोक सम्वेदना प्रकट की । डॉ० गंगाराम जी ने क्रिया-क्रम के लिए ५०) दिए । प्रभु से प्रार्थना है कि वह स्वर्गवासी की आत्मा को शांति प्रदान कर, श्री बाबूराम जी को इस असह्य दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे ।

गुरुकुल की डायरी १५ से ३० अप्रैल ७६ तक

१५· डा० रामनाथ जी वेदालंकार की अध्यक्षता में डा० राजेन्द्रप्रसाद छात्रावास में काव्य गोष्ठी ।

१७. श्री ओमप्रकाश, मुख्याध्यापक की अध्यक्षता में विद्यालय अध्यापकों की बैठक ।

२०. (क) विश्वविद्यालय भवन में एम ए , वेदालंकार, विद्यालंकार, विद्याविनोद आदि कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ ।

(ख) विज्ञान महाविद्यालय में बी० एस० सी० की वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ हुई ।

२१· वेद मन्दिर में विद्यालय की विद्याधिकारी की वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ ।

२६. विद्यालय में प्रथम से अष्टम कक्षा तक की वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ ।

२७· डा० राजेन्द्र प्रसाद छात्रावास के आश्रमाध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद सैनी, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी से प्रारम्भिक प्रशिक्षण में 'अ ग्रेड' लेकर वापस ।

रामाश्रय मिश्र
जन-सम्पर्क अधिकारी
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ।

प्रो० वागीश्वर विद्यालंकार

अब हमारे बीच नहीं रहे

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि गुरुकुल विश्वविद्यालय के लब्ध प्रतिष्ठ स्नातक प्रो० वागीश्वर विद्यालंकार का ३० मई को सायंकाल दिल्ली में देहावसान हो गया। आपके जीवन के अधिकांश वर्ष गुरुकुल की सेवा और साहित्य साधना में व्यतीत हुए। आप अगाध पाण्डित्य से परिपूर्ण होते हुए भी स्वभाव से अत्यन्त सरल और मधुर थे। गुरुकुल में अनेक वर्षों तक आप संस्कृत विभाग के अध्यक्ष रहे और कुछ समय तो ऐसा भी आया कि संस्कृत तथा हिन्दी दोनों विभागों को संभालते रहे। इसके साथ-साथ प्रस्तोता और पुस्तकालयाध्यक्ष का कार्य भी करते रहे। गुरुकुल की उन्नति में और इसे विश्वविद्यालय के स्तर पर लाने में आपका बहुत बड़ा योगदान रहा। आपकी विद्वत्ता और चहुँमुखी सेवा का आदर करते हुए गुरुकुल ने आपको 'विद्यामार्तण्ड' पूजोपाधि से विभूषित किया था।

आप उच्चकोटि के लेखक और हिन्दी तथा संस्कृत दोनों भाषाओं के दक्ष कवि थे। आपका 'नीराजना' नाम से एक कविता संग्रह प्रकाशित हो चुका है। 'कुन्दमाला' और 'अभिज्ञानशाकुन्तल' के हिन्दी अनुवाद भी प्रकाशित हुए हैं, जिनकी एक विशेषता यह है कि गद्य का अनुवाद गद्य में तथा पद्य का पद्य में किया गया है। कालिदास के 'मालविकाग्निमित्र' और 'विक्रमोर्वशीय' नाटकों का भी अनुवाद आप कर चुके हैं, जो अभी अप्रकाशित है। आपकी 'कालिदास की काव्यकला' ने विद्वजगत् में अच्छी ख्याति प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त अभी गत दो वर्षों से आप 'वैदिक साहित्यसौदामिनी' नाम से संस्कृत में वैदिक अलंकार-शास्त्र का एक अद्भुत ग्रन्थ लिख रहे थे, जिसके पांच अध्याय पूर्ण हो चुके हैं, जो क्रमशः 'गुरुकुल-पत्रिका' में प्रकाशित होते रहे हैं। अन्य कई ग्रन्थों के लिखने की भी आपकी योजना थी। इस समय आपकी आयु ८० वर्ष की थी।

आपके महाप्रयाण से साहित्य जगत् की एक अपूरणीय क्षति हुई। हम पत्रिका-परिवार की ओर से आपके समस्त आत्मीय जनों के प्रति संवेदना प्रकाशित करते हैं तथा दिवंगत आत्मा के प्रति प्रभु से शान्ति एवं सद्गति की प्रार्थना करते हैं।

—सम्पादक

हमारी कुछ स्वर्ण निर्मित व अन्य विशिष्ट औषधियां

★ **बसन्त कुसुमाकर**

मधुमेह तथा शारीरिक निर्बलता के लिए उत्तम ।

★ **बृहद् वात चिन्तामणि**

घबराहट, बेचैनी, कमजोरी में सेवन करें ।

★ **अमृत रसायन**

गर्मियों में सेवनीय उत्कृष्ट शक्तिवर्धक रसायन है ।

★ **आंवला तैल** (विशुद्ध तिल तेल से निर्मित)

बालों को मुलायम व काला रखता है । दिमाग को ताजा व ठण्डा रखता है । शक्ति को बढ़ाता है ।



प्रकाशक : डॉ० गंगाराम कुलसचिव : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

76018

Library